वैदिक-काल में यज्ञ की प्रधानता होने के कारण विशेषकर धार्मिक कृत्यों के लिए नक्षत्रों का ज्ञान परमावश्यक था, क्योंकि नक्षत्रों से युक्त काल ही यागिक क्रियाओं के लिए उत्तम माना जाता है। ब्राह्मण-काल में वर्तमान समय की तरह ही प्रत्येक व्यक्ति यश, पुत्र-पौत्रों सहित दीर्घायु, अन्न, ऐश्वर्य, बल, धर्म, श्री, ज्ञान, सौभाग्य, पशु, भयरहित-रोगरहित सुखी जीवन तथा प्रिय वस्तुओं की प्राप्ति की इच्छा रखता था। इसी कारण तत्कालीन समाज में अग्न्याधान हेतु ऐसे विशेष फलदायक नक्षत्रों का चयन किया जाता था, जिससे निश्चित ही मनवांछित अथवा काम्य फल प्राप्त किया जा सके।

उपर्युक्त तथ्यों की विस्तारपूर्वक चर्चा शोध-पत्र में की जाएगी। निष्कर्षतः कह सकते हैं कि जीवन को सुखमय एवं समृद्धशाली बनाने के लिए यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में वर्णित कर्मकाण्ड के सन्दर्भ में नक्षत्र विषयक चर्चा अपरिहार्य है।

■ ■ ■

V - 35

यजुर्वेद में पर्यावरण चिन्तन

डॉ. शमा मिश्रा

"वेदोऽखिलोधर्ममूलम्" वेद समस्त चेतन अचेतन प्राणिमात्र का मूल ज्ञान राशि है तथा समस्त धर्मों का मूल है। यह हमें कर्म से ज्ञान तक जाने का मार्ग प्रशस्त करता है। वेदों में यजुर्वेद को अभ्यर्हित बताया गया है। वेदों के अधिकाधिक ऋचाओं का प्रयोग याज्ञिक दृष्टि से हुआ है। अतः यजुर्वेद यज्ञ प्रधान होने से चारों वेदों में भित्तिस्थानीय है।

पर्यावरण शब्द परि+आ उपसर्ग पूर्वक वृ आवरणे धातु से ल्युट् प्रत्यय लगाकर निष्पन्न होता है जिसका अर्थ है चारों तरफ का आवरण, यह शब्द वैदिक वांगमय में उपलब्ध नहीं होता, यह मूलतः अंग्रेजी के Environment शब्द का हिंदी रूपान्तर है। अतएव ज्ञात होता है कि प्राणी के चारों ओर जो कुछ भी भौतिक पदार्थ है वे उसका पर्यावरण हैं।

यजुर्वेद में पर्यावरण चिन्तन के अनेक दृष्टांत प्राप्त होते हैं। यजुर्वेद के एक मंत्र में कहा गया है कि देव तत्त्व हमसे अपेक्षा करते हैं कि 'तुम हमें हविष्यान्न दो तो, हम तुम्हें विहित वर्षा देगें।' इस प्रकार पर्यावरण देवतत्त्व तथा प्राणी 'परस्परं भावयन्तः श्रेयं परमवाप्स्यथ" परस्पर आदान-प्रदान रूपी सहयोग से प्रकृति की गुण धर्मिता के साथ परम श्रेय मार्ग को हम सब प्राप्त करते हैं। यजुर्वेद में वृक्षों को अत्यधिक महत्त्व प्रदान किया गया है। यज्ञों में समिधा हेतु जिन शुष्क वृक्षों को काटा जाता था वहां सैकड़ों वृक्षों को लगाने की बात कही गई है। वृक्षों का पर्यावरण सन्तुलन में महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान पर्यावरण असन्तुलन की स्थिति का प्रमुख कारण वृक्षों को नष्ट करना है।

पर्यावरण के प्रमुख घटक पंचमहाभूत हैं। इनके प्रति चेतनभाव रखना, इन्हें दूषित न करना, इनका संवर्धन करना यजुर्वेद में अनेक रूपों में वर्णित है। पंचमहाभूत में प्रमुख आकाश या अन्तरिक्ष है जिसे प्रदूषित नहीं करने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार वायु, जल, अग्नि एवं पृथ्वी के सम्बन्ध में भी इन्हें दूषित न करने को कहा गया है। प्रकृति के पारिस्थितिकी चक्र के सन्तुलन में यज्ञों का महत्व है जो कि यजुर्वेद में प्रमुख रूप से वर्णित है। प्रकृति तो सदैव ही अपना सर्वस्व हमें निःस्वार्थ भाव से प्रदान करती है। अतएव हमारा दायित्व है कि हम उसका संरक्षण करें। यजुर्वेद के इस चिन्तन को वर्तमान समय में सर्वत्र प्रसारित करने की आवश्यकता है जिससे प्रकृति एवं पर्यावरण के मध्य साम्यावस्था बनी रहे।

■ ■ ■

V - 36

योग एवं वैदिक साहित्य में 'अपरिग्रह'

डॉ. राम हरीश मौर्य

परि उपसर्गपूर्वक ग्रह-उपादाने धातु से निष्पन्न परिग्रह शब्द का अर्थ हुआ परितो ग्रहः परिग्रहः। न परिग्रहः-अपरिग्रहः। आवश्यकता से अधिक वस्तुओं का संग्रह करना परिग्रह तथा ऐसा न करना अपरिग्रह कहलाता है। अपरिग्रह योगदर्शन का पांचवां यम है। श्रीमद्भागवत में अपरिग्रह के समान ही 'असंचय' नामक छठवा यम बताया गया है। भोग साधनों को स्वीकार न करना अपरिग्रह है। इसी प्रकार अन्य विद्वानों ने भी अपरिग्रह का स्वरूप स्पष्ट किया है यथा-व्यासभाष्य, हरिहरानन्दारण्य, वाचस्पतिमिश्र, भावगणेश, सदाशिवेन्द्र सरस्वती आदि।

वेद में मंत्र द्रष्टा ऋषियों द्वारा इन्द्रियों के विषयों में न जाने की प्रार्थना की गई है, जिससे अपरिग्रह का प्रमुख रूप परिलक्षित होता है। हे प्रभु! विषयों का आहरण करने वाली मेरी इन्द्रियाँ विषय रूप शत्रुओं की विनाशक हों। वैदिक साहित्य में साक्षात् अपरिग्रह नाम से तो कुछ नहीं कहा गया है। अपितु वैदिक साहित्य की शिक्षा अवश्य ही अपरिग्रह वृत्ति को दृढ़ करती है। यमाचार्य नचिकेता के समक्ष संसार के सभी प्रकार के ऐश्वर्य का प्रलोभन उपस्थित करते हैं किन्तु नचिकेता उनका तिरस्कार कर देता है। मैत्रेयी याज्ञवल्क्य से पूछती है, "क्या मैं समस्त पृथ्वी के धन से अमरपद को प्राप्त कर सकूंगी? याज्ञवल्क्य उत्तर देते हैं कि धन-सम्पत्ति से अमृत तत्त्वा प्राप्ति की बात तो दूर उसकी आशा भी नहीं की जा सकती। विषयों को प्राप्त करने में शारीरिक, वाचिक अथवा बौद्धिक किसी न किसी रूप में प्राणी हिंसा भी हो जाती है। इस प्रकार वैदिक अपरिग्रह को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है, जिसका विस्तार से वर्णन शोध पत्र में किया जाएगा।

अपरिग्रह नामक यम बहुत ही महत्वपूर्ण है। समाज में अपरिग्रह का पालन करना सभी के लिए आवश्यक है। इसका समुचित रूप से पालन न होने से समाज में असमानता दिखाई देती है। यदि समाज के सभी व्यक्ति अपनी आवश्यकता से अधिक धन-साधन अपने पास न रखें तो उससे अनेक अभाव ग्रस्तों की पूर्ति हो सकती है, सम्पूर्ण समाज सुखी और समुन्नत बन सकता है। अतः अपरिग्रह को तत्कालीन समाज में पालन करने की महती आवश्यकता है।

■ ■ ■

V - 37

वेदों में पशुधन वर्णन

प्रोफेसर प्रभात सिंह ठाकुर

मानव का पशुओं के साथ गहरा तथा अटूट सम्बन्ध है। इनके बिना मनुष्यों का अस्तित्व ही नहीं रह सकता। पशुओं के साथ मनुष्य का आदर तथा स्नेह का भाव था। पालतू पशुओं को तो मनुष्य अपनी सन्तान के समान समझता था। पशुओं से भारतीयों की धार्मिक आस्थाएं जुड़ी हैं। पशुओं को देवता के रूप में माना गया है। विष्णु के अनेक अवतार जन्तुओं के रूप में ही हुए हैं। कई पशुओं की तो देवता के वाहन के रूप में पूजा होती है। नन्दी (बैल) को शिव का, सिंह को दुर्गा का, अश्व को इन्द्र तथा सूर्य का, महिष को यम का तथा कुत्ते को भैरव का वाहन बतलाया गया है।

वेदों में पशुओं के नामों, वर्गीकरण, पशुओं के गुण, कर्म, स्वभाव तथा उनकी उपयोगिता आदि का वर्णन मिलता है। वेदों में सबसे अधिक वर्णन गाय का हुआ है तथा उसे पूजनीय माना गया है। गाय के अतिरिक्त अश्व , वृक, सिंह, बाघ, हाथी, गधा, खच्चर, कुत्ता, भैंस, ऊँट, बकरी, भेड़, सूअर, मृग तथा बन्दर आदि का उल्लेख प्रचुर मात्रा में मिलता है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में पशु पालन तथा पशु–संवर्धन के बहुत मन्त्र मिलते हैं। ऋग्वेद में कहा गया है कि पशु–संवर्धन के लिए 'ब्रज' बनाओ। ब्रज गौशाला के लिए प्रयुक्त हुआ है, जिसको आजकल Dairy form कहा जाता है। वेदों के कई मन्त्रों में पशु हत्या का विरोध किया गया है। पशु अन्न समृद्धि के साधन हैं। पशुधन सारी कामनाओं को पूर्ण करता है। पशुओं का मानव जीवन में बहुत ही अधिक उपयोग है। ये हमारे कई कार्यों को सिद्ध करने में सहायक होते हैं। इनसे हम कृषि, भोजन, वस्त्र, वाहन, सेना तथा आभूषण का कार्य लेते हैं।

■ ■ ■

V - 38

प्रातिशाख्यों का स्वरूप, महत्त्व एवं साहित्यिक सीमांकन

डॉ. रामबहादुर शुक्ल

प्रातिशाख्य ग्रंथों का समाकलन वैदिक साहित्य में ही किया जाता है। वैदिक मंत्रों के उच्चारण में बाह्यविकार को रोकने के लिए एवं उच्चारण सम्बन्धी नियमों का निर्धारण करने के लिए प्राचीनकाल में

परिषदों का गठन किया जाता था। उन परिषदों में ध्वनि सम्बन्धी विमर्श किये जाते थे। उन्हीं से उद्भूत नियमों के समुच्चय के रूप में प्रातिशाख्यों का निर्माण हुआ। परिषदों के माध्यम से उद्भूत होने के कारण प्रातिशाख्य ग्रंथों को आविर्भूत पार्षद ग्रंथ भी कहा गया। वाजसनेयि प्रातिशाख्य के भाष्यकार श्री अनन्तभट्ट ने "प्रातिशाख्य" शब्द की व्याख्या करते हुए कहा-शाखायां शाखायां प्रति प्रतिशाखम्-प्रतिशाखभवम् इति प्रातिशाख्यम्। वास्तव में वेद की एक-एक शाखा से सम्बन्धि होने के कारण ही इन ग्रंथों को प्रातिशाख्य की संज्ञा दी गयी। तैत्तरीय प्रातिशाख्य के अनुसार प्रातिशाख्यों में किसी एक शाखा से नहीं अपितु एक से अधिक शाखाओं से सम्बन्धित ध्वनि नियमों का निरूपण किया गया है, क्योंकि वैदिक मंत्रों को विकृतियों से बचाना ही प्रातिशाख्य ग्रंथों का मुख्य प्रयोजन है। साथ ही मंत्रों के बाह्य स्वरूप का बोधपूर्वक अर्थज्ञान कराना इन ग्रंथों का प्रयोजन है। ऋग्प्रातिशाख्य में कहा गया है कि ध्वनि सम्बन्धी नियमों का सम्यक् ज्ञान कर लेने वाला आचार्य पदवी से अलंकृत होता है। यथा-

पदक्रमविभागज्ञो वर्णक्रमविचक्षणः।
स्वरमात्राविशेषज्ञो गच्छेदाचार्यसम्पदम्॥

महाभाष्य में छन्दपद से प्रातिशाख्य को व्यवहृत किया गया है। प्रत्येक प्रातिशाख्य अपने वेदों के चरणों के साथ सम्बद्ध है। संस्कृत वाङ्मय में साठ प्रातिशाख्याचार्यों के नाम मिलते हैं, परन्तु उनमें अधिकांश कालकवलित हो गये। उपलब्ध प्रातिशाख्यों में - ऋग्वेद प्रातिशाख्य, तैत्तरीय प्रातिशाख्य, वाजसनेयि (शुक्ल यजुर्वेदीय) प्रातिशाख्य, अथर्ववेद प्रातिशाख्य, मैत्रायणी प्रातिशाख्य, साम प्रातिशाख्य एवं अन्य प्रातिशाख्यों में चतुरध्यायिका, ऋक्तन्त्र के अतिरिक्त वाषकल प्रातिशाख्य शंखायन प्रातिशाख्य, चारायणीय प्रातिशाख्य, सामवेद से ऋक्तन्त्र के अतिरिक्त सामतन्त्र, अक्षरतन्त्र, पुष्पसूत्र, मैत्रायणी, आश्वलायन, सात्यमुग्रि, गौतम प्रातिशाख्य के साथ-साथ लघु ऋक्तन्त्र, निदानसूत्र, पंचविज्ञान सूत्र, प्रतिज्ञासूत्र एवं भाषिक सूत्र को भी प्रातिशाख्यों के अन्तर्गत माना गया है। प्रातिशाख्यों के नाम, स्वरूप एवं विषयवस्तु को प्रकाश में लाना प्रस्तुत शोध का प्रमुख प्रयोजन है।

■ ■ ■

V - 39

वेदों में सरस्वती का स्वरूप

डॉ. नीलिमा

देववाणी संस्कृत में मानव संस्कृति का इतिहास समाहित है। संस्कृत साहित्य में वेदों का स्थान सर्वोपरि है। वेदों में अनेकों देवी-देवताओं की स्तुति की गयी है, जिनमें कुछ पुरुष देवता एवं कुछ स्त्री

देवता हैं। स्त्री देवताओं की श्रृंखला में सरस्वती का स्थान अति महत्वपूर्ण है। वेदों में सरस्वती के दो रूपों का अवलोकन होता है-एक नदी रूपा सरस्वती और दूसरा देवीरूपा सरस्वती। ऋग्वेद में सरस्वती को नदियों में श्रेष्ठ, देवियों में अग्रगण्या एवं माताओं में सबसे महीयसी बताया गया है। वेदों में जिन नदियों के बारे में उल्लेख किया गया है उनमें सरस्वती का वर्णन सर्वाधिक है। इनका उल्लेख गंगा यमुना के साथ किया गया है। सरस्वती से सम्पूर्ण पृथ्वी को अपने जल के द्वारा धन धान्यादि से परिपूर्ण करने की प्रार्थना की गयी है। देवी रूप में सरस्वती का वाग्देवी के रूप में वर्णन है। सरस्वती को पवित्र करने वाली, कामना की जाने योग्य देवी के रूप में वर्णित किया गया है। इस प्रकार वेदों में सरस्वती के दोनों रूपों का उल्लेख मिलता है। वैदिक साहित्य में सरस्वती की वाग्देवी रूप प्रतिष्ठा का पुराण एवं काव्य साहित्य में पूर्ण विस्तार प्राप्त हुआ है।

■ ■ ■

V - 40

वैदिक मंत्रों में मैत्री-भाव एवं लोक मांगल्य

डॉ. छाया रानी

वैदिक ऋषियों की मर्मस्पर्शी आध्यात्मिक दृष्टि विश्व की विषमता तथा विपुलता का बाह्य आवरण भंग कर उसके अंतस् में प्रविष्ट होकर यह बतलाने का प्रयास करती है कि इसके भीतर सुव्यवस्था का अखण्ड साम्राज्य विद्यमान है, जो एक सूत्रबद्ध हो जगत् के प्राणियों की मदद कर सकती है, किन्तु बाह्य व्यवस्था तो विविधरूपा है जिसके दर्शन से अनेक प्रकार की अनुभूति हो सकती है। ऋग्वेद में-

आ यद् रुहाव नावं प्रयत् समुद्रमीरयाव मध्यम्।
अधियदपां स्नुभिश्चराव प्र प्रेङ्ख इङ्खेयावहै शुभेकम्।।

अर्थात विशाल समुद्र के वक्षस्थल पर एक ही नाव में बैठकर झूले में झूलते हँए वरुण तथा वशिष्ठ का मानस साक्षात्कार किस व्यक्ति के हृदय में आध्यात्मिकता की भव्य एवं विशाल झांकी नहीं प्रस्तुत करता। वैदिक आनन्त्य एवं गाम्भीर्य विद्वानों के लिए सदैव प्रेरक एवं स्फूर्तिदायक रहे हैं। वैदिक युगीन महर्षियों, मनीषियों तथा लोकातीत आर्षचक्षुमण्डित द्रष्टाओं की वाणी में सार्वदेशिक तथा सार्वकालिक नैतिकता एवं धार्मिक मूल प्रेरणाओं का स्फुरण ही अद्यतन वैश्विक मानवों को सन्मार्गगामी बनाने में सक्षम तथा उपयोगी प्रतीत होता है।

वेद इस विशाल ब्रह्माण्ड में अनेकशः जागरूक तथा नाना अभिव्यक्तियों में प्रकाशशील एक अचिन्त्य का शाब्दिक उन्मेष है-वर्णमय विग्रह है। यह तर्क की कर्कश पद्धति पर व्याख्यायित सिद्धान्तों

का समुच्चय नहीं अतितु प्रातिभ चक्षु से साक्षात्कृत तथ्यों का प्रकाशनीय पुंज है। यह अध्यात्म के साथ व्यवहार का और परलोक के साथ इहलोक का मंजुल समन्वय अपने भव्य उपदेशों को प्रस्तुत करते हुए मनुष्य को कर्मठ देशभक्त, परोपकारी, मानव को मानव के प्रति मैत्री सूत्र में आबद्ध करने की शिक्षा देता है। देवों की मैत्री भी बिना परिश्रम के नहीं प्राप्त होती। ऋग्वेद में सम्पत्ति को परस्पर विभाजित कर उपयोग करने की शिक्षा वर्णित है। अथर्ववेद कहता है- 'शत हस्तः समाहर सहस्र हस्तः संकिर' अर्थात् सैकड़ों हाथों से एकत्रित कर हजारों हाथों से बांटो।

अथर्ववेद के संज्ञानसूक्त में मानव के परस्पर सौहार्द्र, सहानुभूति तथा मैत्रीभाव को मानव जीवन के आदर्शीकरण हेतु नितांत श्लाघनीय मंत्र वर्णित है, जिनके भाव सांसारिक प्राणियों के लिए मंगलपरक हैं।

■ ■ ■

V - 41

वैदिक वाङ्मय और अथर्ववेद

डॉ. नीलम पाण्डेय

भारतीय जीवन के अंतःस्थल में निरन्तर प्रवाहशील अजस्र स्रोत के रूप में वेदों का मानव जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। वेद अध्ययन और चिन्तन के ही नहीं अपितु मानव जीवन के भी आधार हैं। भारतीय परम्परा के अनुसार वेद अपौरुषेय है। वे शताब्दियों से मानव के जीवन के कल्याण के साधन बनकर उन्हें अनुप्राणित करते आये हैं।

वेद शब्द विद् धातु से धञ् प्रत्यय लगने पर निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है पवित्र ज्ञान स्वर की दृष्टि से आद्युदात्त और अन्तोदात्त दोनों रूपों में प्राप्त होता है। मनु ने वेद को सब धर्मों का मूल बताया है- वेदोऽखिलो धर्ममूलम्। वेदों में अध्यात्म दर्शन का उत्कृष्ट भण्डागार भरा हुआ है किन्तु उनके प्रतिपादन की दिशा अर्वाचीन प्रतिपादित शैली से सर्वथा भिन्न किन्तु वेदाध्ययन को परमपुरुषार्थ अंगीकार करते हुए ब्रह्म प्रास्ति का उपाय बताया गया है।

वेद शास्त्रार्थ-तत्वज्ञो यत्र तत्राश्रमे वसन्।
इहैव लोके तिष्ठन् ब्रहम भूयाय कल्पते।।

अथर्ववेद एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक वाङ्मय के ज्ञापक वेद शब्द का उन्मुक्त प्रयोग है।

■ ■ ■

V - 42

संहिताओं में पशु विमर्श

डॉ. लक्ष्मी मिश्रा

संहिताओं में वैदिक देवताओं के उद्भव एवं विकास में महत्त्वपूर्ण तीन पक्ष दिखाई देते हैं। प्रथमतः वे प्राकृतिक स्रोत, जिसकी विग्रहवत्ता ये देवतत्त्व होते हैं। द्वितीय देवताओं का मानवीकरण। कवि की उच्चकोटि की कल्पनाशीलता एवं श्रद्धा का चरमोत्कर्ष, जिसके कारण वैदिक देवताओं से ऋषियों का सहज ही तादात्म्य स्थापित हो जाता है। परिणामस्वरूप वैदिक देव मानवीय आकृति, वेश-भूषा एवं क्रियाकलाप वाले प्रतीत होते हैं। इन्द्र एवं वरुण जैसे प्रथम श्रेणी के देवताओं का ऐसा मानवीकरण है। तृतीय पक्ष के अन्तर्गत पशुओं का प्रभाव भी वैदिक देवताओं की स्तुतियों में दिखाई पड़ता है। वैदिक ऋषियों के सामाजिक एवं आध्यात्मिक जीवन पृथक् न होकर अन्योन्याश्रित थे। वैदिक युग में कृषि के साथ-साथ पशुओं का भी महत्वपूर्ण स्थान था तथा इनके योगदान का संहिताओं में भी वर्णन है। गाय, अश्व, अनड्वाड एवं वृषभ दूसरे पशुओं की अपेक्षा अधिक सम्माननीय थे।

वैदिक ऋषि गौ को 'अघ्न्या' मानते थे। युद्ध में उपयोगिता के कारण अश्व भी स्तुत्य हैं। अधिकांश देवों के रथ को अश्व ही खींचते हैं। अनेक स्थलों पर देवताओं की शक्ति एवं आक्रामकता के वर्णन के लिए वृषभ की उपमा दी गई है। प्रस्तुत शोधपत्र संहिताओं में उल्लिखित पशुचर्चा पर आधारित एवं निम्न बिंदुओं पर केंद्रित है- वैदिक परिवेश में पशुओं की स्थिति। वैदिक देवताओं की विग्रहवत्ता, सहयोगी एवं वाहन के रूप में पशुओं की भूमिका। उपमा एवं प्रतीकों के रूप में पशुओं का उपयोग और कुछ विशेष पशुओं का दैवीकरण।

तैत्तिरीय संहिता में सिंह, मयु, गौर, गवय, उष्ट्र तथा शरभ का उल्लेख मिलता है। पशुओं का उभयदन्त एवं अंत्योदन्त के रूप में भी वर्गीकरण मिलता है। गौ अन्त्योदन्त श्रेणी की प्रमुख पशु है। अथर्ववेद में गर्दभ एवं मेष को उभयदन्त कहा गया है। कुछ पशुओं को एकशफ एवं कुछ को क्षुद्ररूप भी कहा गया है। अश्व एवं गर्दभ एकशफ हैं। गौ, मेष, अजा क्षुद्र हैं। तैत्तिरीय संहिता में हस्तादान एवं मुखादान के रूप में भी वर्गीकरण किया गया है। संहिताओं में गौ, अश्व अजा, गर्दभ, मेष के अतिरिक्त उष्ट्र, महिषी, अश्वतर, अश्वतरी, श्वान, हस्ती आदि का भी उल्लेख मिलता है।

■ ■ ■

V - 43

वैदिक वाड्मय में पर्यावरण विज्ञान

डॉ. उमा कुमारी

स्थूल शरीर में पांच ज्ञानेन्द्रियाँ–कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा तथा नासिका होती है। ये पंचतत्त्व अपने–अपने गुण के अनुसार स्थूल शरीर के पांच ज्ञानेन्द्रियों से संबंधित हैं। आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी क्रमशः शब्द स्पर्श रूप रस एवं गन्ध से सम्बन्धित है। ये पांचों तत्त्व हमारे पर्यावरण के पर्याय एवं प्रतीक हैं।

पर्यावरण विज्ञान का तात्पर्य है इन्हीं पंचतत्त्वों को शुद्ध एवं नैसर्गिक अवस्था में रखना। पंचतत्त्वों से निर्मित जड़ एवं चेतन पदार्थ–वनस्पति और प्राणी हमारे पर्यावरण के अभिन्न अंग हैं। किसी भी एक तत्त्व के दूषित होने पर पूरा पर्यावरण असंतुलित हो जाता है एवं प्राणिमात्र पर कुप्रभाव पड़ता है।

वैदिक वाड्मय में पर्यावरण विज्ञान को निम्नांकित वर्गों में बांटा जा सकता है– वायु : वायु की शुद्धि जीवन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। इस तत्त्व को यजुर्वेद में इस प्रकार स्पष्ट किया गया है – तनूनपादसुरो विष्ववेदा देवो देवेषु देवः। पथो अनक्तु मध्वा धृतेन।।

जल :– वैदिक वाड्मय में जल प्रदूषण की समस्या पर विस्तृत वर्णन प्राप्त होता है। अथर्ववेद में बताया गया है किं मकान के पास ही शुद्ध जल से भरा हुआ जलाशय होना चाहिए।

आकाश :– अथर्ववेद में कहा गया है कि हमें स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक तीखी ध्वनि से बचना चाहिए। आपस में वार्ता करते समय धीमा एवं मधुर बोलना चाहिए।

अग्नि :– अग्निहोत्र मुख्यतः प्राणियों को स्वस्थ करने का एक सशक्त साधन है। यज्ञ के धूम्र में इलेक्ट्रान के संघटकों के द्वारा पर्यावरण का शुद्धिकरण एक प्रत्यक्ष तरीका है।

भूमि :– अथर्ववेद में भूमि के महत्त्व को प्रदर्शित करते हुए कहा गया है कि सभी प्राणी पृथ्वी के पुत्र हैं – माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः।

अतः पर्यावरण जीवधारियों के अस्तित्व की रक्षा, विकास और उन्नति के लिए आवश्यक है। पर्यावरण ने आज मनुष्य को इस प्रगति पथ पा ला खड़ा किया है। भविष्य की प्रगति भी पर्यावरण पर ही निर्भर करती है। अभी तक सीमित जनसंख्या, सीमित आवश्यकताओं तथा तकनीकी ज्ञान के कारण मनुष्य और पर्यावरण के बीच में एक सामंजस्य था, किन्तु गत वर्षो से जनसंख्या विस्फोट के साथ ही तीव्र औद्योगिक एवं तकनीकी प्रगति के कारण पर्यावरण में मानव का हस्तक्षेप बहुत बढ़ गया है, जिसके कुप्रभाव भी दृष्टिगोचर होने लगे हैं। पर्यावरण प्रदूषण से जानलेवा बीमारियाँ उत्पन्न हो रही हैं। वनों के विनाश से पशु–पक्षियों एवं पेड़ –पौधों की अनेक जातियाँ विलुप्त हो रही हैं, वायुमण्डल में प्राण वायु आक्सीजन की कमी होती जा रही है। अतः सुखद जीवन के लिए पर्यावरण में संतुलन बनाए रखना अनिवार्य है।

■ ■ ■

V - 44

चातुर्मास्य

डॉ. सुमन दुबे

वैदिक कल्प के अनुसार उस उत्सव को चातुर्मास्य कहा जाता है, जो वैदिक वर्ष के चार मास के तीन-तीन प्रमुख ऋतुओं के आरम्भ में मनाया जाता था। यह यज्ञ हर चार महीने के पश्चात् अनुष्ठेय था अर्थात् कार्तिक, फाल्गुन और आषाढ़ के आरम्भ में होता था। 'चातुर्मास्य' का अर्थ है 'चार महीने पर होने वाला'। चातुर्मास्य चार-चार महीनों में किये जाते थे और चार होते थे। इनके नाम हैं-वैश्वदेव, वरुणप्रधास, साक और शुनासीरीय। फाल्गुनी पूर्णिमा, आषाढ़ी पूर्णिमा, कार्तिकी पूर्णिमा एवं फाल्गुनी शुक्ला प्रतिपदा को ये चार पर्व क्रमशः अनुष्ठित किए जाते थे।

भारतवर्ष में ऋषि-मुनियों का समाज के प्रति महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। वे अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ सम्वत्सर के प्रत्येक ऋतुओं के प्रारम्भ में अनेक यज्ञ किया करते थे, जिससे एक स्वस्थ, सुन्दर, ऊर्जावान और उल्लासपूर्ण समाज का निर्माण हो सके। ऋतु-परिवर्तन का स्वागत चातुर्मास्य यज्ञों के रूप में किया जाता था, जिससे प्रत्येक ऋतु मनुष्य के जीवन में अच्छी तरह से रच-बस जाए। वैदिक परम्परा से प्राप्त ये चातुर्मास्य यज्ञ आधुनिक युग में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपयोगी हैं।

■ ■ ■

V - 45

वेद के उन्नयन में पाश्चात्य विद्वानों की भूमिका

प्रो. मुरलीमनोहर पाठक

वैदिक वाङ्मय के संरक्षण के लिए प्राचीनकाल से ही अनेकविध यत्न किये जाते रहे हैं। इसमें भारतीय एवं पाश्चात्य दोनों ही विद्वानों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। इस दिशा में पाश्चात्य समीक्षकों का ध्यान अट्ठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आकृष्ट हुआ। इसका श्रेय सर विलियम जोन्स नामक अंग्रेज विद्वान् को है, जिन्होंने 'रायल एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल' की स्थापना १७८४ ई. में की। वे संस्कृत, अरबी, फारसी आदि के विद्वान् थे। इसके पश्चात् १८०५ ई. में एच.टी. कोलब्रूक (H.T. colebrooke) ने 'एशियाटिक रिसर्चेज' नामक पत्रिका में वेदविषयक लेख लिखकर वैदिक ग्रन्थों के विवरण के साथ ही साथ उनके महत्त्व का भी उल्लेख किया है। कई विद्वानों ने अपना सम्पूर्ण जीवन ही इसमें लगा दिया। इन्होंने वेद के सभी अंगों पर ठोस कार्य किया है। वेदार्थ के अनुशीलन के लिए

पाश्चात्य विद्वानों ने तुलनात्मक भाषाशास्त्र और इतिहास की आवश्यकता पर बल दिया है। इस पद्धति को ऐतिहासिक पद्धति के रूप में जाना जाता है। इसके उद्भावक रुडाल्फ रॉथ हैं, जिन्होंने वेदार्थ को समझने के लिए सायण आदि भारतीय भाष्यकारों की व्याख्या को एकदम अग्राह्य ठहरा कर पश्चिमी भाषा विज्ञान तथा तुलनात्मक धर्म को ही प्रधान सहायक माना। इसके मूल में यह भावना निहित है कि भारतीय भाषा-परिवार एक है। इस परिवार के व्यक्ति भी प्रारम्भ में एक ही स्थान पर रहते थे। अतः उनके कर्मकाण्ड, धार्मिक मान्यताओं एवं संस्कृतियों में मूलरूप से एकता है। इसी एकत्व को आधार मानकर देवशास्त्र, कर्मकाण्ड आदि की तुलनात्मक व्याख्या की जा सकती है।

वस्तुतः समग्र वैदिक वाङ्मय को वर्तमान समय में सामने लाने का श्रेय पाश्चात्य विद्वानों को ही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारतीय परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए पाश्चात्य समीक्षा के मानकों के आलोक में वेद को समझने का प्रयास किया जाए। सम्भव है इस प्रयास से वेद में निहित उन रहस्यों को भी सुलझाया जा सके, जिन्हें न तो सायणादि भाष्यकार सुलझा पाए हैं और न पाश्चात्य चिन्तक ही।

■ ■ ■

V - 46

वेदों में स्त्रियों के आर्थिक अधिकार

डॉ. बबिता सिंह

किसी राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण तथा विकास में नारी का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। स्त्री दशा किसी देश की संस्कृति का मानदण्ड मानी जाती है। इस दृष्टि से भारतीय समाज में स्त्रियों को प्रारम्भ से ही गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त था और इस सन्दर्भ में मनु लिखते हैं-जहाँ नारी की उपासना होती है। वहां देवता निवास करते हैं। ''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः''।

भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही स्त्री को माता, पत्नी और पुत्री इन सभी रूपों में अत्यन्त उच्च सम्माननीय स्थान प्राप्त था। ''गृहिणी गृहमुच्यते'' अर्थात् गृह का अस्तित्त्व स्त्री के अस्तित्त्व में ही निहित माना जाता था। नारी के आर्थिक अधिकारों की विवेचना मुख्य रूप से तीन चरणों में की जा सकती है-पुत्री के रूप में सम्पत्ति का अधिकार, पत्नी के रूप में सम्पत्ति का अधिकार, विधवा स्त्री का सम्पत्ति अधिकार। मनु ने पैतृक सम्पत्ति में पुत्री को कतिपय सुविधायें एवं अंश की बात कही है, परन्तु उसे दाय का अधिकार प्रदान नहीं किया। परवर्ती स्मृतिकारों में याज्ञवल्क्य अभ्रातृ की स्थिति में कन्या को पिता की सम्पत्ति का उत्तराधिकारी मानते हैं। उनके अनुसार व्यक्ति की मृत्यु के पश्चात् पुत्रभाव में उसकी पत्नी एवं पुत्रियाँ उस धन की अधिकारी होंगी।

वे माता के धन पर प्रथम अधिकार पुत्री को प्रदान करते हैं, तत्पश्चात् पुत्र को। आचार्य बृहस्पति पिता

की मृत्यु के पश्चात् माता का भी अभाव होने पर पुत्री को रिक्थाधिकारी घोषित करते हैं। पुत्रियों को भी शुरू में सम्पत्ति सम्बन्धी कोई अधिकार प्राप्त नहीं था। ऋग्वेद के अनुसार पिता की सम्पत्ति की अधिकारी वही कन्या होती थी, जिसका कोई भाई नहीं होता था। वैदिक साहित्य में कन्या के सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकारों का कोई भी वर्णन नहीं मिलता है। लेकिन यदि कन्या अविवाहित रहती थी तो पिता की सम्पत्ति के कुछ भाग को प्राप्त करने की अधिकारी मानी जाती थी।

प्राचीन हिन्दू समाज में स्त्रियों को एक परिधि में सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकार प्राप्त थे। वैदिक युग में स्त्रियों को सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकार प्राप्त था अथवा नहीं, यह वैदिक संहिताओं में स्पष्ट नहीं होता, पर ऋग्वेद के एक मंत्र में यह संकेत अवश्य विद्यमान है कि सन्तान न होने पर पति के पश्चात् पत्नी को ही सम्पत्ति की स्वामिनी माना जाता था।

उस समय स्त्रियों को विवाह एवं अन्य अवसरों पर माता-पिता, भाई, पति व अन्य सम्बन्धियों से काफी मात्रा में धन, वस्त्र, आभूषण आदि के रूप में प्राप्त हो जाता था। जिस पर स्त्री का पूर्ण अधिकार होता था। इस धन को प्रयोग में लाने के लिए उन्हें अपने पति या अन्य सम्बन्धियों से कोई सहमति नहीं लेनी पड़ती थी, बल्कि वे इच्छानुसार इस धन का उपयोग करने के लिए एकदम स्वतन्त्र थीं। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्थानुसार स्त्रियों को जो स्त्रीधन सम्बन्धी अधिकार प्रदान किया गया था, इसी कारण धर्मशास्त्रकारों द्वारों स्त्रियों को पुरुषों की सम्पत्ति का उत्तराधिकारी बनाने की कोई आवश्यकता ही नहीं समझी, क्योंकि स्त्रीधन को ही स्त्री का अपना व्यक्तिगत धन समझा गया। इस धन के स्वतन्त्र रूप से प्रयोग करने के अधिकार को ही स्त्रियों का आर्थिक अधिकार समझ लिया गया।

■ ■ ■

V - 47

वैदिक युगीन नारी शिक्षा तथा वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता

डॉ. स्नेहलता यादव

वैदिक युगीन संहिताओं में नारी को उच्च स्थान दिया गया है। नारी के बिना वास्तविक कल्याण की कल्पना भी व्यर्थ है। वेदों में नारी शिक्षा और उसकी उपादेयता भी दृष्टिगोचर होती है।

प्राचीन भारतीय नारी की भूमिका इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि वो आज की नारी शिक्षा के लिए प्रेरक स्रोत के रूप में उपयोगी सिद्ध हो। साथ ही ऐसे भी प्रमाण मिलते हैं जिनसे ज्ञात होता है कि प्राचीन भारतीय नारी ने शक्ति शासन संचालन में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इस प्रकार प्राचीन नारी शिक्षा समन्वित विदुषी केवल विदुषी के रूप में ही प्राचीन भारतीय इतिहास के स्वर्ण पृष्ठों पर प्रकट नहीं हुई अपितु जीवन और समाज निर्माण में बहुविध प्रक्रियाओं में उनकी श्रेष्ठता प्रमाणित हुई है।

वेदों में वर्णित वाणी युग–युग की वाणी है, जो काल व सीमाओं से परे है एवं इसे कभी एक खास युग की वाणी गलत साबित नहीं कर सकती है। यह बात अलग है कि वैदिक युग व वर्तमान युग की परिस्थितियों में काफी अंतर है, फिर भी वेदों में वर्णित विचारधाराएं वर्तमान युग में भी बहुत हद तक प्रासंगिक हैं।

शिक्षा की दृष्टि से वैदिक काल आधार और महत्त्व का काल माना जाता है। शिक्षा के विकास के इतिहास का वह आदिकाल है। शिक्षा की वर्तमान स्थिति, उसके विकास तथा विकास की विधि प्रवृत्तियों की दष्टि से यह काल शोध की संभावनाओं का काल कहा जा सकता है।

प्राचीन वैदिक शिक्षा के संदर्भ में यदि वर्तमान शिक्षा और शिक्षण पद्धति को सुसंगठित करने का प्रयास किया गया तो भारतीय मानचित्र पर शिक्षा का जो दुर्बल स्वरूप आज प्रकट है वह कई दृष्टियों से सुदृढ़ता को प्राप्त होगा और शिक्षा के सांस्कृतिक आलोक से सम्पूर्ण शिक्षा पद्धति आलोकित होगी, नया मानव उदित होगा और नए समाज के निर्माण का प्राचीन गौरव पर आधारित परन्तु वैज्ञानिक खोजों के संदर्भ में निर्मित सपना पूरा होगा।

जहाँ तक वेद की प्रासंगिकता का प्रश्न है तो इस सम्बन्ध में मैं इतना ही कहना चाहूँगी कि इसकी प्रासंगिकता का प्रश्न करना ही अपने आप में अप्रासंगिक है, क्योंकि वेद का अर्थ है ज्ञान और जीवन का अर्थ है गति। यह गति हमें ज्ञान के द्वारा प्राप्त होती है। इसलिए यह प्रासंगिक था, है और रहेगा।

■ ■ ■

V - 48

वैदिक काल में भौगोलिक लेखन–एक साहित्यिक शोध

डॉ. नीरज कुमार

भूगोल इतिहास की छाया से अभिभूत रहता है। ऐतिहासिक घटनाएं, समाज और पुरातन कृत्य भौगोलिक विचारों को भी जन्म प्रदान करते हैं, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक एवं पौराणिक भौगोलिक संकल्पनाओं को जन्म देते हैं। इसी विचार ने प्राचीन कालीन कांस्य युग से लौह युग के मध्य फली-फूली वैदिक सभ्यता के दौरान घटित हुए भौगोलिक अध्ययनों की ओर प्रेरित किया। वैदिक सभ्यता जो हिन्दुओं से सम्बन्धित मानी जाती है, उत्तर एवं पश्चिम भारत से लेकर यूरोप, एशिया एवं अफ्रीका के कुछ भागों को समाहित किए हुए थी। इसके कालानुक्रम को लेकर मतैक्य हैं, जो हड़प्पाकालीन, महाजनपदीय एवं वैदिक युग इत्यादि मतों में विभक्त है। वैदिक भूगोल को व्याख्यायित करते समय हम देखते हैं कि वेदों में भौतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक परम्परागत, चिकित्सा, व्यावहारिक, धार्मिक विश्वास इत्यादि से जुड़े विभिन्न विचार भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में दृष्टिगोचर होते हैं। वैदिक सभ्यता

का उदय एवं विकास नदी किनारों पर हुआ, जिन्हें सप्त सैंधव प्रदेश, नदियों के उद्‌गम, नदी अपरदन, नदी जीवन चक्र इत्यादि का विस्तृत ज्ञान था। वैदिक लेखों में भूकम्प एवं ज्वालामुखी का विस्तृत ज्ञान मिलता है जो धर्म एवं देवताओं से जुड़ा हुआ माना गया है। वेदों में अक्षांश एवं देशान्तर, ग्रहण, पृथ्वी की उत्पत्ति एवं आकार महाद्वीप एवं द्वीप इत्यादि का विस्तृत अध्ययन मिलता है। वेद वास्तव में भौगोलिक ज्ञान के भण्डार हैं, जिनमें प्रादेशिक भूगोल, भौतिक भूगोल, जलवायु एवं मौसम विज्ञान, समुद्र विज्ञान एवं खगोल विज्ञान का गहन वर्णन मिलता है। वेदों में कृषि, बीज, वनस्पतियों, जन्तुओं इत्यादि का वर्णन विस्तृत रूप से मिलता है। वेद मानव-पशु सम्बन्ध, मानव-प्रकृति सम्बन्ध इत्यादि विषयों पर धार्मिक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रकाश डालते हैं। उपनिषद् वेदों का निष्कर्ष हमारे सम्मुख प्रस्तुत करते हैं वहीं आरण्यक हमें जंगलों की सुरक्षा एवं पारिस्थितिकी को मजबूत करने हेतु प्रेरित करते हैं। आरण्यकों से हमें ध्यान, योग एवं जीवन दर्शन की प्रेरणा एवं शिक्षा मिलती है। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य यही है कि वेदों में निहित वैज्ञानिक, दार्शनिक एवं सामाजिक विचारों को आत्मसात् करके वर्तमान एवं भविष्य के भारत को विकसित करने हेतु प्रेरित किया जा सके।

■ ■ ■

V - 49

वेदों में अर्थशास्त्र और वाणिज्य विद्या

डॉ. सुनीता जायसवाल

वेद आर्य जाति के प्राण हैं। ये मानवमात्र के लिए प्रकाशस्तम्भ हैं। विश्व को संस्कृति और सभ्यता का ज्ञान देने का श्रेय वेदों को है। वेदों से ही आर्य संस्कृति का विकास हुआ है जो विश्व को धर्म, ज्ञान, विज्ञान, आचार-विचार और सुख-शान्ति की शिक्षा देकर उसकी समुन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। वेदों में अर्थशास्त्र और वाणिज्य विद्या के सूत्र प्रचुर मात्रा में प्राप्त होते हैं।

वैदिक अर्थव्यवस्था कृषि, पशुपालन और सम्पदा पर आधारित थी। वैदिक अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार कृषि था। कृषि से उत्पन्न अन्न आजीविका का साधन था। अतएव वैदिक काल में कृषि की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया था।

कृषि कर्म एवं विविध उद्योगों से उत्पन्न सामग्री के क्रय-विक्रय के लिए व्यापार ही एकमात्र साधन है। वेदों में क्रय-विक्रय के दो रूपों का उल्लेख मिलता है-वस्तु विनिमय तथा मूल्य से खरीदना और बेचना। इस प्रकार वेदों से उद्धृत लगभग ७० मन्त्रों का गहनानुशीलन और विश्लेषण करने के पश्चात् यह निष्कर्ष निकलता है कि धन की महिमा अपार है। जीवन की सभी सुख-सुविधाएं धन पर निर्भर हैं। यदि धन है तो सभी साधन-सम्पन्नता है अन्यथा व्यक्ति विपन्नताग्रस्त रहता है। दीनता-हीनता, भूखा-

प्यासा रहना आदि स्थितियों का मूल कारण अर्थाभाव है, अतः वेदों में सर्वत्र पवित्र साधन द्वारा धन प्राप्ति की कामना की गयी है। वेद अन्यायोपार्जित धन को हेय और गर्हित समझता है।

वेदों में प्रतिपादित अर्थशास्त्र सम्बन्धी सिद्धान्तों तथा व्यापार में मूलभूत तत्वों एवं रहस्यों को आज के आधुनिक सन्दर्भों में जानने-समझने और व्यावहारिक जीवन में उतारने तथा आत्मसात् करने की महती आवश्यकता है, क्योंकि वैदिक अर्थशास्त्रीय नियम, सिद्धान्त, अवधारणाएं तथा वाणिज्य व व्यापार की सफलता के गूढ़ रहस्यों की उपादेयता आवश्यकता एवं महत्ता सार्वकालिक सार्वदेशिक एवं सार्वभौमिक है।

■ ■ ■

V - 50

भारतीय पौर्वात्य ग्रन्थों में पर्यावरणीय-शिक्षा तथा इसकी समकालीन प्रासंगिकता

डॉ. खेमराज शास्त्री

यह सत्य है जीव-जगत् की समस्त प्रतिकूलताओं के निराकरण के लिए भारतीय पौर्वात्य ग्रन्थों की महती प्रासंगिकता है। समग्र पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में, मानवीय जीवन के समग्र स्वास्थ्य के संदर्भ में वैदिक-शिक्षाओं के उन वैज्ञानिक पक्षों को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारना समय की मांग है। अनुशासनहीनता, असंयमित जीवनशैली, गलत खान-पान, प्राकृतिक संसाधनों की अनदेखी, जंगलों की कमी तथा दिन व दिन बढ़ती जनसंख्या ने प्रकृति में विकृति पैदा कर दी है। परिणामतः विश्व पर्यावरणीय संकटों से घिरता नजर आ रहा है।

जीव-जगत् का अस्तित्व धरती पर बना रहे, एतदर्थ मेरे राष्ट्र के समस्त प्राणियों, शिशुओं और युवा वर्ग को भारतीय पौर्वात्य ग्रन्थों में निहित उन विज्ञान सम्मत पर्यावरणीय-शिक्षाओं को समझने, प्रकृति के सभी घटकों से अपना निकटस्थ तारतम्य बनाए रखने तथा व्यक्तित्व के समग्रोत्थान के लिए वैदिक-पर्यावरणीय शिक्षाओं के प्रति सब को सचेत होना अति आवश्यक है।

पर्यावरण शिक्षा के संदर्भ में वेद का सीधा सा संकेत है-"मनुर्भव" माऽभोऔषधिःहिंसी, 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' अर्थात् इन्सान वनो, वृक्षों को मत काटो, क्योंकि धरती हमारी माँ है और हम सब इसके पुत्र। ऐसी शिक्षाएं निःसंदेह प्रकृति के प्रति प्रेम, प्यार, परोपकार, आदर और देवत्व का पाठ पढ़ाती हैं। अतः वैदिक-शिक्षाओं में यथार्थ, परमार्थ, तप, त्याग, संयम, अनुशासन परोपकार आदि महान कर्मों में लगा देने वाली चेतनाएँ विद्यमान हैं जो मनुष्य को प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति संदेश देती हैं। इसका विस्तृत विवेचन तथा उनकी समकालीन प्रासंगिकता को उद्घाटित करना ही मेरे शोध-पत्र का औचित्य है।

■ ■ ■

V - 51

वेदकालीन भारत : भौगोलिक दृष्टि

डॉ. अलका आर. त्रिवेदी

वेदों और वैदिक साहित्य में आर्य युग के भारत की भौगोलिक स्थिति के सम्बन्ध में पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। इस सामग्री के अनुशीलन से विदित होता है कि वैदिक ऋषियों ने अन्य विषयों के साथ-साथ भारत की भौगोलिक स्थिति पर भी विचार किया है।

भारत में आर्यों का आगमन कई समयों में अनेक समूहों के रूप में हुआ। इनमें अनेक प्रकार के सांस्कृतिक एवं आर्थिक आदान-प्रदान होते रहे, फलतः भारतीय संस्कृति का व्यापक प्रसार हो गया। सिन्धु-सरस्वती कांठे से प्राप्त अवशेषों का अध्ययन ऋग्वेद के अनेक सूक्तों के साथ करते हैं तब दोनों में आश्चर्यजनक साम्यता के दर्शन होते हैं।

प्रस्तुत शोधपत्र में वेद कालीन अर्थात् आर्यों के आगमन के पश्चात् भारत का भौगोलिक दृष्टि से अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

V - 52

वेदों में प्राणायाम

डॉ. सत्येन्द्र शास्त्री

भगवान की सर्वोत्कृष्ट रचना मानव का शरीर है। प्रभु प्राप्ति का साधन वेद है। वेदों में प्राण विज्ञान चिकित्सा का वर्णन किया गया है। जब मनुष्य प्राणायाम करता है तब प्रतिक्षण अशुद्धि का नाश और ज्ञान का प्रकाश होता जाता है। जैसे अत्यन्त वेग से वमन होकर जल, अन्न बाहर निकल जाता है वैसे ही प्राण को बल से बाहर फेंक कर बाहर ही यथाशक्ति रोकना चाहिए। श्वासों को अन्दर-बाहर फेंकना ही प्राणायाम है।

तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गति विच्छेदः प्राणायामः।

प्राणायाम तीन प्रकार के बताएं गए हैं, जैसे बाह्य, आभ्यान्तरवृत्ति और स्तम्भवृत्ति।

बाह्याभ्यन्तर विषयाक्षेपी चतुर्थः प्राणायामः।

अर्थात् चौथा प्राणायाम बाह्य और आभ्यन्तर विषयक प्राण के आक्षेप अर्थात् आलोचना स्वरूप वाला होता है।

मनुष्य की नासिका से पैदा हुए प्राण और अपान हैं। ये प्राण और अपान देवों के चिकित्सक हैं। प्राण और अपान को वेदों में नासत्यों और अश्विनी नाम से सम्बोधित किया है। यह पूर्ण आयु का खजाना है। हमारे शरीर में प्राण ही जीवन है।

प्राणो वै भूतानां आयुः।

प्रत्येक प्राणी की आयु श्वासों पर है।

आवात वाहि भेषजं विवात वाहि मद्रपः। त्वं हि विवश्व भेषजो देवानां दूत ईयसे।

इस मन्त्र में वायु को दवाई बताया गया है। अगर मनुष्य प्रतिदिन सौ-पचास प्राणायाम विविधपूर्वक करता जायेगा तो उसके पास रोग भी नहीं होगा।

उपर्युक्त विवेचन से सिद्ध है कि वेदों में प्राणायाम की महिमा यत्र-तत्र सर्वत्र है।

■ ■ ■

V - 53

अथर्ववेद में वर्णित मृत्यु, मरणोत्तर गति एवं पुनर्जन्म की अवधारणा

डॉ. कैलाश नाथ तिवारी

मृत्यु सृष्टि का शाश्वत सत्य है। प्रत्येक प्राणी जन्म से ही मृत्यु के पाश में बंधा हुआ है। सामान्य रूप से मृत्यु दो प्रकार की होती है। (१) अपमृत्यु Immarure death (२) पूर्णमृत्यु (जरामृत्यु) Mature death। अपमृत्यु सौ प्रकार की बताई गई है जिसे पुरुषार्थ से टाला जा सकता है। पूर्ण आयु भोग कर होने वाली मृत्यु पूर्णमृत्यु या जरामृत्यु होती है। इसे ही श्रेयस्कर माना गया है।

आधिदैविक स्वरूप में यम मृत्यु का अधिपति देवता है जो आयु पूर्ण होने पर प्राणियों से उनके देह को छीन लेता है। इस रूप में मृत्यु को अत्यन्त भयानक, कष्टदायक, अंधकार पूर्ण कहा गया है। मृत्यु ही मृतक के प्राणों को पितरों के पास ले जाता है।

दार्शनिक स्वरूप में मृत्यु जीवन का अन्त नहीं अपितु षाट्कौशिक स्थूल शरीर का परिवर्तन है। गतदेह के कर्मफलों के साथ नाना योनियों में घूमता हुआ जीवात्मा स्वयं अमर होता हुआ भी इस मरणधर्मा देह के साथ संयुक्त होकर जन्म लेता तथा मरता हुआ सा प्रतीत होता है। विविध देवताओं के अंशों से इस शरीर का जन्म (निर्माण) होता है तथा मृत्यु (स्थूलशरीर के नष्ट) होने पर विविध देवताओं के अंश अपने-अपने मूल स्वरूप में मिल जाते हैं।

यह जीवात्मा स्थूल शरीर को त्याग कर (अदृश्य-सूक्ष्म) लिंग शरीर से अपने शुभाशुभ कर्मानुसार देवयान अथवा पितृयान मार्गों से गमन करता हुआ स्वर्गादि ऊर्ध्वलोकों या नरकादि अधोलोकों अथवा इस मर्त्यलोक में ही बार-बार जायस्व म्रियस्व की गति को प्राप्त होता है। स्वर्ग नरक अथवा पितरादि लोकों को भोगने के बाद मर्त्यलोक में पुनः शरीर ग्रहण कर जन्म लेता है। अथर्ववेद में जीव के परलोक गमन एवं परलोक से लौटकर आने व पुनः शरीर/जन्मग्रहण की प्रक्रिया का भी संकेत मिलता है।

अथर्ववेद के १८वें काण्ड में पितर, यम, मृत्यु, यमदूत, यम के पाश, यम के दो कुत्तों, यमलोक के मार्ग तथा अश्वावती नदी (जिसे पुराणों में वैतरणी कहा गया है) का वर्णन मिलता है। इसके आधार पर ही पुराणादि में मृत्यु के अन्तर जीवात्मा के ऊर्ध्वादि लोकों में गमन, परलोक में कर्मफल भोग तथा पुनर्जन्म की गति तथा यमलोक आदि का विस्तार से वर्णन हुआ है।

■ ■ ■

V - 54

यज्ञ क्या है? क्यों ? कैसे?

श्रीमती नीता शास्त्री

यज्ञ आयोजनों के पीछे संसार की लौकिक सुख-समृद्धि को बढ़ाने की विज्ञान सम्मत परम्परा सन्निहित है। हम यज्ञ आयोजनों में लगे परमार्थ परायण बनें और जीवन को यज्ञ परम्परा में ढालें। हमारा जीवन यज्ञ के समान पवित्र, प्रखर और प्रकाशवान हो। गंगा स्नान से जिस प्रकार पवित्रता, शान्ति, शीतलता को हृदयंगम करने की प्रेरणा ली जाती है उसी प्रकार यज्ञ से तेजस्विता, प्रखरता, उत्कृष्टता, परोपकारिता का प्रशिक्षण मिलता है। जो वस्तु अग्नि के सम्पर्क में आती है उसे वह दुत्कारती नहीं वरन अपने में आत्मसात् करके अपने समान ही बना लेती है।

अग्नि की लौ कितना ही दबाव पड़ने पर भी नीचे की ओर नहीं होती वरन अपने उठने की दिशा ऊपर को ही रखती है। प्रलोभन, भय, कितना ही सामने क्यों न हो हम अपने विचारों और कार्यों की अधोगति न होने दें। विषम स्थितियों में अपना संकल्प और मनोबल अग्नि शिखा की तरह ऊंचा ही रखें। अग्नि जब तक जीवित है उष्णता एवं प्रकाश की अपनी विशेषताएं छोड़ती नहीं । उसी प्रकार हमें भी अपनी गतिशीलता की गर्मी और धर्मपरायणता की रोशनी घटने नहीं देनी चाहिए। जीवन भर पुरुषार्थ और कर्तव्यनिष्ठ रहना चाहिए। यज्ञाग्नि का अवशेष भस्म मस्तक पर लगाते हुए हमें सीखना होता है कि मानव जीवन का अन्त मुट्ठी भर भस्म के रूप में शेष रह जाता है। इसलिए अपने अन्त को ध्यान में रखते हुएं जीवन के सदुपयोग का प्रयत्न करना चाहिए।

हिंसा से बचाव के लिए पांच यज्ञों का विधान है। पंच यज्ञों को आपत्ति और कष्ट सहने पर भी नहीं

छोड़ना चाहिए। विश्व शान्ति में यज्ञ का सहयोग अद्वितीय है।

देवयज्ञ के लिए होम, हुत एवं देवकर्म इन शब्दों का प्रयोग किया जाता है।

उपनिषदों में अग्निहोम, हविर्यज्ञ, अग्निविद्या, स्वर्ग्यम, अग्निम्, नाचिकेत, अग्नि आदि शब्दों का प्रयोग देवयज्ञ के लिए मिलता है। वैदिक युग के साहित्य में श्रौत एवं स्मार्त यज्ञ प्रचलित थे। श्रौत यज्ञ का वर्णन वेद में मिलता है। स्मार्त यज्ञ का वर्णन ब्राह्मणग्रन्थों एवं धर्मशास्त्रों, स्मृतियों में मिलता है। दर्शपूर्णमास, चातुर्मास्य, पशुबन्ध ये नैमित्तिक यज्ञ कहलाते हैं। गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि पर्यन्त सोलह संस्कार भी नैमित्तिक यज्ञ में आते हैं। जो कामना विशेष की पूर्ति के लिए होते हैं वे यज्ञकाम्य कहलाते हैं। अग्निष्टोम, अत्याग्निष्टोम आदि सोमयज्ञ सात प्रकार के हैं।

यज्ञ एक समाधान, अनेक कामनाओं की सिद्धि और ईश्वर की पूजा का साधन है। जड़ चेतन दोनों देवताओं की पूजा यज्ञ से ही संभव है। प्रस्तुत आलेख में यज्ञ, क्या, क्यों, कैसे, को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

■ ■ ■

V - 55

भैषज्य विज्ञान का उद्गम अथर्ववेद

डॉ. महेश सुभाषचंद्र इन्नाणी

अथर्ववेद में पर्याप्त रूप में भैषज्य- विज्ञान का मूल प्राप्त होता है। इस कारण अथर्ववेद को 'भिषग्वेद' भी कहा जाता है। अथर्ववेद का एक दूसरा नाम 'अथर्वाङ्गिरस' वेद भी है। अथर्ववेद में प्रतिपादित भैषज्य-विज्ञान का पूर्ण एवं विस्तृत विवरण 'कौशिक गृह्यसूत्र' में प्राप्त होता है। अथर्ववेद के अनुसार भैषज्य-कर्म के लिए कई प्रकार की औषधियां प्रयुक्त की जाती थीं, जिन्हें प्रयोग के अनुसार चार मुख्य विभागों में विभाजित किया गया है-१. आथर्वणी, २. आंगिरसी, ३. दैवी तथा ४. मनुष्यजा। भैषज आश्रयभेद से दो प्रकार का होता है। १. देवव्यपाश्रय तथा २. युक्तिव्यपाश्रय। इनमें मन्त्र, औषधि, मणिधारण, मंगलपाठ, बलि, उपहार, होम, नियम, प्रायश्चित्त, उपवास, दान, स्वस्त्यनपाठ, प्रणिपात (देवताओं को नम्रतापूर्वक नमस्कार), गमन (तीर्थयात्रा) आदि क्रियाओं द्वारा जो चिकित्सा होती है उसे 'दैवव्यपाश्रय भेषज' कहते हैं। संशोधन (वमन, विरेचन आदि), उपशमन और प्रत्यक्ष फल देनेवाली सभी क्रियाओं को 'युक्तिव्यपाश्रय भेषज' कहते हैं। भारतीय दृष्टि से सम्पूर्ण भैषज्य-विज्ञान आठ भागों में विभक्त किया गया है- १. शल्य, २. शालाक्य, ३. कायचिकित्सा, ४. भूतविद्या, ५. कौमारभृत्य, ६. अगदतन्त्र, ७. रसायनतन्त्र तथा ८. वाजीकरण। भैषज्य-विज्ञान के सभी अंग अथर्ववेद में उपलब्ध होते हैं। इस विवेचन से स्पष्ट है कि भैषज्य-विज्ञान के समस्त अंगों का उल्लेख अथर्ववेद में प्राप्त होता है, अथर्ववेद की चिकित्सा पद्धति अत्यन्त उन्नत स्तर पर रही है।

संस्कृत साहित्य का चिकित्सीय दृष्टि से अभ्यास मात्र से ही वेदों में वर्णित भैषज्य विज्ञान का ज्ञान हो सकता है और न केवल आयुर्वेद शास्त्र अपितु संपूर्ण चिकित्साशास्त्र का मानव जीवन में विविध रोग का विनाश करने का नया मार्ग केवल और केवल वेदों में वर्णित सूत्रों में ही मिल सकता है और यह गौरवास्पद है कि यह प्रायः न किसी अन्य भाषा में वर्णित है, बल्कि यह मात्र संस्कृत में ही वर्णित है। यहां संस्कृत का योग स्वयं दृष्ट है और उसकी महत्ता समझ में आती है। इसलिए अथर्ववेद में वर्णित भैषज्य विज्ञान के रहस्य का वर्णन करना एवं आज के वर्तमान युग में उसकी उपयोगिता को स्पष्ट करना तथा वेदों के प्रति, संस्कृत के अध्ययन के प्रति जो अनास्था है उसे दूर कर चिकित्सीय दृष्टिकोण से भी संस्कृत साहित्य का अभ्यास कैसे हो सकता है यह वर्णन करना ही मेरे शोध पत्र का उद्देश्य है।

■ ■ ■

V - 56

वैदिक वाङ्मय और अथर्ववेद

डॉ. नीलम पाण्डेय

भारतीय जीवन के अन्तःस्थल में निरन्तर प्रवाहशील अजस्त्र स्रोत के रूप में वेदों का मानव जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। वेदों के अध्ययन और चिन्तन के अनुसार वेद अपौरुषेय है। वे शताब्दियों से मानव जीवन के कल्याण के साधन बनकर उन्हें अनुप्राणित करते आए हैं।

वेद शब्द 'विद्' धातु से धञ् प्रत्यय लगने पर निष्पन्न हुआ है। जिसका अर्थ है पवित्र ज्ञान स्वकर की दृष्टि से आद्युदात्त और अन्तोदात्त दोनों रूपों में प्राप्त होता हैं।

वेदों में अध्यात्म वर्णन का उत्कृष्ट भण्डार भरा हुआ है, किन्तु उनके प्रतिपादन की दिशा अर्वाचीन प्रतिपादित शैली से सर्वथा भिन्न है। वेदाध्ययन को परमपुरुषार्थ अंगीकार करते हुए ब्रह्म प्राप्ति का उपाय बताया गया है।

वेद शास्त्रार्थतत्वज्ञो यत्र तत्राश्रमे वसन्।
इहैव लोके तिष्ठन् ब्रह्म भूयाय कल्पते।।

अथर्ववेद एवं परवर्ती साहित्य में वैदिक वाङ्मय के ज्ञापक वेद शब्द का उन्मुक्त प्रयोग है। अथर्ववेद पारलौकिक के साथ ऐहिक फल दिलानावाला वेद है। जीवन को सुखमय तथा दुःख रहित बनाने के लिए जिन–जिन साधनों की आवश्यकता होती है उन सभी की सिद्धि के लिए नानाविध अनुष्ठानों का वर्णन इस वेद में किया गया है।

■ ■ ■

V - 57

यास्कीय निरुक्त में धातु प्रयोग – एक अध्ययन

डॉ. नरेश कुमार

वैदिक भाषा के अध्ययन का इतिहास बहुत प्राचीन है। वस्तुत: भारतीय व्याकरणशास्त्र का इतिहास वैदिक भाषा के अध्ययन से प्रारम्भ होता है। जब भी किसी भाषा को जानने में कठिनाई होती है उस भाषा के व्याकरण को जानने की आवश्यकता होती है। व्याकरणिक दृष्टि से यदि हम क्रियारूपों अर्थात् क्रियापदों के अर्थ को नहीं जानेंगे, तो वैदिक भाषा का अध्ययन तो दूर सामान्य शास्त्र को भी नहीं पढ़ सकेंगे, न ही उसका अर्थ कर सकेंगे। किसी शब्द, पद या वाक्य के अर्थ को जानने के लिए उस शब्द के मूल तक पहुंचना अनिवार्य है, फिर उसमें धातु, प्रत्यय, उपसर्ग आदि का विश्लेषण करके अर्थ निकालने में सक्षम हो सकते हैं। क्रियापदों के अध्ययन से ही पता चलता है कि धातु किन–किन अर्थों में प्रयोग की गई है, जैसे–पाणिनीय व्याकरण में .. अर्ह–पूजा करना अर्थ में पठित है, परन्तु लोक में इसे 'योग्य होना' अर्थ में भी प्रयोग किया जाता है। पाणिनीय व्याकरण से पूर्व निरुक्त तथा प्रातिशाख्यों में भी धातु शब्द इसी अर्थ में प्रयुक्त किया गया है। यद्यपि पाणिनीय धातु पाठ के अनुसार धातुओं की संख्या २०१४ है। इनमें कण्ड्वादिगण की धातु भी सम्मिलित है, फिर भी संस्कृत भाषा में इनमें से आधे से अधिक धातुओं का वास्तविक प्रयोग नहीं मिलता है। आधुनिक अनुसंधान के अनुसार संस्कृत भाषा में लगभग आठ सौ धातुओं से ब ने रूपों का प्रयोग मिलता है। लगभग चार सौ धातुओं का प्रयोग वैदिक तथा लौकिक संस्कृत दोनों में मिलता है। लगभग डेढ़ सौ धातुओं का प्रयोग केवल वैदिक संस्कृत में और लगभग ढाई सौ धातुओं का प्रयोग केवल लौकिक संस्कृत में मिलता है।

यास्कीय निरुक्त में प्रयुक्त तिङन्त एवं क्रियावाची कृदन्तों के रूपों में प्रयुक्त धातुओं की संख्या क्रमश: ३५८+२३२=५९० है। पाणिनीय धातुपाठ की संख्या में भिन्न–भिन्न मत है। माधवीया धातुवृत्ति के अनुसार कुल धातु कण्ड्वादि सहित १९६३ हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में यास्कीय निरुक्त में धातुओं के प्रयोग के विषय में चर्चा करने का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

V - 58

शतपथ ब्राह्मण में अग्निष्टोम यज्ञ के संदर्भ में शीर्षस्थ प्राणतत्त्व

अनिता अनिल जोशी

भारतीय चिंतन का मूल वेद हैं। वेद का अर्थ है–ज्ञान। वैदिक संहिताओं के आधार पर ही ब्राह्मण ग्रंथों की रचना हुई है। ब्राह्मण शब्द 'बृह्' धातु से उत्पन्न हुआ है। ब्रह्म का अर्थ है–'वृद्धि होना या बहना'। ब्रह्म

परमात्मा है अर्थात् सर्वव्यापक तत्त्व है। प्राण शब्द की व्युत्पत्ति –'प्र' पूर्वक 'अन्' धातु में 'धञ्' प्रत्यय लगाकर प्राण शब्द बनता है। इसका सामान्य अर्थ 'सांस' अर्थात् जीवनदायिनी वायु है। यह मूल तत्त्व है।

प्राणों के स्वरूप और उत्पत्ति – सम्बन्ध में शतपथ में यत्र–तत्र संदर्भ मिलते हैं।

प्राणों की संख्या – विषय में मत वैषम्य है। साधारण व्यक्ति प्राण लेने और छोड़ने की क्रिया के आधार पर दो ही प्राण समझता है। परंतु शतपथकार कहते हैं–'को हि तद्वेद....यावन्इमेऽन्तरात्मान्प्राणाः' अर्थात् कौन जानता है कि शरीर के भीतर कितने प्राण हैं? कहीं ५– १०– १४ –४ –७ प्राणों की चर्चा दिखती है। पंच प्राण और दस इन्द्रियों के 'दश प्राणाः' समझने में आसान हैं। सिर मैं कहीं तो चार प्राणों की और कहीं सप्त प्राणों की चर्चा दिखती है। सिर के प्राण यह आज मेरा चर्चा का विषय है।

■ ■ ■

V - 59

ऋग्वेदकालीन भारत

प्रोफेसर पुष्पा अवस्थी

वैदिककालीन भारत को जानने का अन्यतम साधन ऋग्वेद है। यह विभिन्न मन्त्रद्रष्टा ऋषियों के मन्त्रों का विशाल संग्रह है, जो निश्चित रूपेण भारत के भिन्न–भिन्न क्षेत्रों से सम्बन्ध रखते होंगे। अतः ऋग्वेद एक ऐसा स्रोत है जो हमें तत्कालीन भारत की भौगोलिक, राजनीतिक–सामाजिक आदि स्थितियों की सही–सही झलक दिखाता है। वैदिक काल के प्रारम्भिक चरण में भारत की भौगोलिक सीमाओं का विस्तार त्रिधनुषाकार आकृति में था–''अष्टौ व्यख्यत्ककुभः पृथिव्यास्त्रीधन्व योजना सप्त सिन्धून्।'' उस काल में इस क्षेत्र में गंगा, यमुना, सरस्वती, शुतुद्री, परुष्णी, वितस्ता तथा गोमती ये सात जीवनदायिनी नदियाँ सतत प्रवाहित होती थीं। शर्यणावत तथा अर्वावत जैसे दो समुद्रों की स्थिति ऋग्वेद में बताई गई है। बाढ़–भूकम्प और ज्वालामुखी विस्फोट आदि के कारण क्षेत्र की स्थिति में परिवर्तन आते रहते थे। उस समय सप्तसिन्धु प्रदेश के पूर्वी भाग में यदु, तुर्वसु, द्रुह्य, पणि, पुरु , भोजस आदि वंशों के राज्य विद्यमान थे। वहीं पश्चिमी सीमान्त प्रदेश में पक्थ, भलानस, शिवास, अलिनास विषाणि आदि जातियां निवास करती थीं। ये सभी वैदिक आर्यों के मित्र थे।

उस समय में पर्जन्य जैसे सूक्तों द्वारा प्रचुर वर्षा के संकेत मिलते हैं, जिससे सघन वन्य प्रदेशों की संभावना प्रबल होती है, साथ ही इन प्रदेशों में लम्बी एवं भीषण शीत ऋतु में होने वाले हिमपात का भी वर्णन मिलता है। ऋग्वैदिक कालीन लोग कृषि, पशुपालन, वस्त्र–निर्माण, काष्ठकला एवं भवन–निर्माण कला में पारंगत थे। उनकी जीविका का प्रमुख आधार कृषि, पशु–पालन एवं वन थे।

ऋग्वेद कालीन राज्यवस्था कुलप, ग्रामीण, व्राजपति, विशपति एवं राजा आदि के द्वारा कुल, ग्राम,

पुर, विजन तथा राष्ट्र आदि विविध रूपों में अच्छी तरह से विभक्त होकर सम्यक् रूपेण संचालित होती थी। एक राजा, सेनापति-पुरोहित-प्रधानमंत्री तथा अन्य अधिकारियों की सहायता से 'सभा' एवं 'समिति' जैसी लोकतांत्रिक प्रणाली से शासन करता था।

वैदिक कालीन सांस्कृतिक उत्कर्ष की झलक वेदों के विभिन्न सूक्तों में दिखाई देती है। परम प्रतापी पुरु अथवा कुरुवंशी भरतों के वैदिक युग में यज्ञ प्रधान 'भारती संस्कृति' का सूत्रपात एवं प्रसार हुआ और यही भारत राष्ट्र के नामकरण का आधार बनी। हम भारतवासियों को अपनी 'भारतीय संस्कृति' के संरक्षण, संवर्धन तथा अपने भारत राष्ट्र की एकता-अखण्डता के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। यही वैदिक ऋषियों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा होगी।

■ ■ ■

V - 60

वैदिककालीन शिक्षा प्रणाली

डॉ. मीना मनराल

वैदिक कालीन शिक्षा प्रणाली भारतीय ही नहीं वरन विश्व की प्राचीनतम शिक्षा प्रणालियों में से एक व अद्वितीय शिक्षा प्रणाली है। वैदिक काल में शिक्षा को प्रकाश और शक्ति का स्रोत समझा जाता था। यह माना जाता था कि शिक्षा मानव की बुद्धि को प्रखर कर उसे सही मार्ग का अनुसरण करने का ज्ञान प्रदान करती है। इसके द्वारा व्यक्ति अपनी शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक व आध्यात्मिक शक्तियों का विकास कर सांसारिक व पारलौकिक जीवन को सुखी बना सकता है। विद्या को मुक्ति का साधन माना जाता था-"सा विद्या या विमुक्तये"। शिक्षा का आरंभ गायत्री मंत्र से होता था, जिसमें विद्यार्थी ईश्वर से प्रार्थना करता था कि ईश्वर उसकी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करें। इस काल में विद्यार्थी ऐसी नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा प्राप्त करता था जिसके द्वारा वह समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन सफलतापूर्वक कर सके। इस काल में प्राथमिक व उच्च शिक्षा की पृथक्-पृथक् व्यवस्था थी। प्राथमिक शिक्षा घर पर ही प्राप्त की जाती थी और उच्च शिक्षा के लिए बालक गुरुकुल में प्रवेश लेता था। प्रवेश से पूर्व उसका उपनयन संस्कार किया जाता था, जिसका अर्थ था गुरु के समीप ले जाना और इसके बाद बालक ब्रह्मचारी के रूप में गुरुकुल में रहकर शिक्षा प्राप्त करता था। शिक्षा प्राप्त करते समय उसे गुरुकुल के नियमों का पालन करना पड़ता था और गुरु की सेवा करनी पड़ती थी। गुरु का दायित्व शिष्य का आध्यात्मिक व भौतिक विकास करना होता था। गुरुकुल में प्रवेश हेतु किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता था, क्योंकि ज्ञान प्रदान करना गुरु का दायित्व माना जाता था। शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् समावर्तन संस्कार किया जाता था। यह संस्कार वेदाध्ययन पूर्ण कर लेने पर गुरु की आज्ञा से सम्पन्न होता

था। इस संस्कार में स्नान करने तथा गुरुदक्षिणा देने के बाद ब्रह्मचारी गुरु की आज्ञा लेकर अपने पितृ गृह को प्रस्थान करता था। इस प्रकार से वैदिक काल में शिक्षा की एक सुव्यवस्थित प्रणाली थी जो आज भी भारतीय शिक्षा का मार्गदर्शन कर रही है। प्रस्तुत शोधपत्र में वैदिक कालीन शिक्षा व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है तथा इस शोध पत्र को तैयार करने में सर्वेक्षण व विवरणात्मक शोधविधि का प्रयोग किया गया है।

■ ■ ■

V - 61

शतपथ ब्राह्मण में उपलब्ध आख्यान : एक सर्वेक्षण

अनीस अब्बास रिजवी

ब्राह्मण ग्रन्थों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण तथा विपुलकाय ब्राह्मण शतपथ ब्राह्मण है। इस ब्राह्मण का सम्बन्ध यजुर्वेद की दोनों शाखाओं माध्यन्दिन एवं काण्व से है।

शतपथ का प्रमुख प्रतिपाद्य विषय यज्ञों का अनुष्ठान है। इसी प्रमुख विषय का स्पष्टीकरण करने के लिए आख्यानों की सृष्टि की गई है। प्रत्येक आख्यान का कोई न कोई यज्ञ सम्बन्धी प्रयोजन अवश्य है। शतपथ ब्राह्मण आख्यानों की निधि है। सम्पूर्ण ब्राह्मण में लगभग एक सौ चालीस आख्यान हैं। इन सभी आख्यानों में से कुछ महत्वपूर्ण आख्यानों को लेकर परवर्ती साहित्यकारों ने ग्रन्थों की रचना की है। यथा–पुरुरवा–उर्वशी, मत्स्यावतार, जलप्लावन, मन तथा वाणी, असुर नमुचि तथा इन्द्र, च्यवन भार्गव तथा शर्यात मानव आदि । इन आख्यानों में उपलब्ध अध्येय सामग्री के आधार पर इन्हें विभिन्न भागों में विभक्त किया जा सकता है, जैसे कि ऐतिहासिक, निवर्चनात्मक, पुराकथात्मक आदि। इन्हीं महत्वपूर्ण आख्यानों का सर्वेक्षण शोध पत्र में विस्तार से किया जायेगा।

■ ■ ■

V - 62

ऋग्वेद तथा अथर्ववेद के आधार पर मन की अवधारणा

अदिति शौनक

वेदों में (ऋग्वेद एवं अथर्ववेद) जिस मन को देवता मानकर मानवीकरण किया गया है, वही मन व मन की अशांति आज के युग में मनुष्य के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है। कुछ स्थानों पर यह

अशांति परिस्थितिवश है तो कहीं पर स्वयं मानव जन्य। मानव व्यवहार, मानव चरित्र तथा मानव कार्यकुशलता को उसका मन ही निर्धारित करता है। मन की शक्ति मनुष्य को सद्व्यवहार के लिए भी प्रेरित कर सकती है तथा असद् आचरण के लिए भी प्रेरित करने में भी वह समय नहीं लगाती। मन की वह शक्ति है चिन्तन की शक्ति। यह एक ऐसी शक्ति है जिसके द्वारा वह (मनुष्य) किसी विषय के सकारात्मक व नकारात्मक दो पहलुओं का अध्ययन करता है।

सकारात्मक विचारधारा शुभ संकल्पों को धारण करती है और चित्त को आनंद प्रदान करती है। इसके विपरीत नकारात्मक विचारधारा अशुभ विचारणी व बुद्धि को भटकाने वाली होती है।

मनुष्य को मन को वश में रखना चाहिए तथा सर्वहित के कार्यों में लगाना चाहिए। मन चंचल प्रवृत्ति का स्वामी है। शीघ्र ही भटकाव की स्थिति में पहुंच जाता है और अशान्ति उत्पन्न हो जाती है, जिसके कारण मानसिक तनाव तथा अन्य विभिन्न रोग उत्पन्न हो जाते हैं। प्रशंसा व निंदा दोनों स्थितियों में मन को शान्त रखने का संदेश अथर्ववेद देता है-

शिवास्त एका अशिवास्त एकाः सर्वा विभर्षि सुमनस्यमानाः।
तिस्रो वाचो निहिता अन्तरास्मिन् तासामेका वि पपातानु घोषम्।।

चंचल मन की प्रवृत्ति को वश में ध्यान द्वारा किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सत्य बोलना, मिथ्याभिमान न करना आदि-आदि उपाय वेद में कहे गए हैं जिसका अनुसरण चिकित्सा साहित्य में भी उपलब्ध होता है। वेदोक्त वाणी के अनुसार मन की अवधारणा से संबंधित तथ्यों का जो अन्वेषण मेरे द्वारा किया गया है उनका विस्तृत प्रतिपादन करना मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध आलेख का प्रमुख उद्देश्य होगा।

■ ■ ■

V - 63

ऋग्वेदीय दशम मण्डल में अलंकार विवेचन

तहसीन मण्डल

ऋग्वेद देव काव्य होने के कारण सभी प्रकार के शास्त्रों के धरोहर स्वरूप है, इसीलिए ऋग्वेद में आध्यात्मिक प्रमाणों के साथ-साथ काव्य-तत्त्व का होना भी स्वाभाविक है। रस, रीति, छन्द, अलंकार आदि काव्य-तत्त्व के अन्तर्गत आते हैं। अलंकार का स्वरूप चमत्कार है। शास्त्र का उद्देश्य सत्यासत्य निरूपण अथवा सूचना संप्रेषण है और काव्य का ऐकान्तिक प्रयोजन है सहृदयहृदय में चमत्कार अथवा

लोकोत्तर आनन्द को उत्पन्न करना। काव्य में चारुत्व जन्य चमत्कार की सृष्टि करने वाला तत्त्व है अलंकार अर्थात् अलौकिककल्पनासंवलित लोकातिक्रान्तगोचर वचन। हेमचन्द्र ने काव्य की परिभाषा इस प्रकार दी है–"अदोषौ शब्दार्थौ सालंकारौ च शब्दार्थौ काव्यम्"। आचार्य वामन अलंकार के महत्त्व को बताते हुए कहते हैं–"काव्यशोभायाः कर्त्तारो धर्मा गुणाः। तदतिशयहेतवस्त्वलंकाराः।" अर्थात् अलंकार काव्य का सौन्दर्यवर्धक गुण है। इन काव्य–गुणों में से अलंकार का प्रमाण ऋग्वेदीय दशम मण्डल में भी विद्यमान है। ऋग्वेदीय दशम मण्डल भी ब्रह्मानन्द तथा काव्यानन्द की निधि स्वरूप है।

ऋग्वेदीय दशम मण्डल में उपमा, उत्प्रेक्षा, आक्षेप, अर्थान्तरन्यास, अतिशयोक्ति, उदात्त, आक्षेप, परिवृत्ति, विषमादि अलंकारों के प्रमाण मिलते हैं। इन सभी अलंकारों में से उपमा का प्रयोग सबसे अधिक प्राप्त होता है, क्योंकि मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने सहज रूपेण मनुष्य को समझाने के लिए इहलौकिक सामग्री से उदाहरण प्रस्तुत किया है। उपमा अलंकार का उदाहरण ऋग्वेदीय दशम मण्डल में कुछ इस प्रकार है–

तनूत्यज तस्करा वनर्गू रशनाभिर् अभ्यधीताम्। इयं ते अग्ने नव्यसी मनीषा युक्ष्वा रथं न शुचयद्भिर् अंगैः।

प्रस्तुत लेख का उद्देश्य ऋग्वेद को सर्वसमक्ष अध्यात्म रूपेण ही नहीं अपितु काव्य–तत्त्व अलंकार गुण सम्पन्न ग्रन्थ रूपेण प्रकट करना है। ऋग्वेद के दशम मण्डल में दार्शनिक तथा आध्यात्मिक गुणों के साथ–साथ काव्य–तत्त्व के भी प्रमाण उपलब्ध होते हैं।

■ ■ ■

V - 64

काशी की वैदिक पाण्डित्य परम्परा

सुनील कुमार शाह

भारतीय संस्कृति–साधना की पुण्यभूमि काशी चिरकाल से ही वैदिक विद्या का केंद्र रही है। काशी भारत की समग्र सांस्कृतिक चेतना का समुच्चय स्थल है। गंगा की पावन पुलिन पर स्थित विभिन्न प्रान्तीय लोगों के भावोन्मेष से पूरित यह नगरी निःसन्देह पूर्ण भारतीय संस्कृति का जीवन्त संगम है। मरणं मंगलं यत्र विभूतिश्च विभूषणम्। कौपीनं यत्र कोशेयं सा काशी केन मीयते॥

पण्डित राजधानी काशी आदिकाल से शास्त्रानुशीलन एवं वैदिक पाण्डित्य परम्परा के कारण लोकविश्रुत रही है। जगन्नाट्यसूत्रधार परमपिता परमात्मा के आत्यन्तिक अनुग्रह से इस पवित्र वसुन्धरा में संक्रमणकाल में भी परा एवं अपरा विद्या की धारा सतत प्रवाहमान रही है। भूतभावन शिव के इस आनन्दकानन काशी के ज्ञानतड़ाग में विद्वद्राजहंस सदा से विहार एवं विचरण करते हुए इसकी शोभा में अतिशय वृद्धि करते रहे हैं।

काशी की वैदिक विद्वत्परम्परा सदा से ही वेदरक्षार्थ एवं प्रचार की दिशा में सावधान मनसा संलग्न रही है। मध्ययुगीन परम्परा में ख्यातिलब्ध भाष्यकार आचार्य महीधर, सर्वविद्या निधान कवीन्द्राचार्य सरस्वती से प्रारम्भ कर आधुनिककाल में डा. मंगलदेवशास्त्री, पं. सत्यव्रत सामश्रमी, पं. पट्टाभिराम शास्त्री, पं. युधिष्ठिर मीमांसक, धर्मसम्राट् स्वामी करपात्री जी, पं. प्रभुदत्त अग्निहोत्री, पं. विद्याधर गौड़, प्रो. हृदयरंजन शर्मा, प्रो. जुगलकिशोर मिश्र, प्रो. श्री किशोर मिश्र इत्यादि वैदिक पण्डित ऐसे रहे हैं जिन्होंने अपने वैदुष्यपूर्ण सेवा द्वारा काशी की पुण्यभूमि में भगवान वेद की निष्काम सेवा की है। काशी में ही वेद के विद्वानों में महाराष्ट्रदेशीय एवं आर्य समाजी विद्वानों की भी अनवच्छिन्न धारा विद्यमान रही है।

मैं अपने शोध पत्र 'काशी की वैदिक पाण्डित्य परम्परा' में काशी के वैदिक विद्वान् एवं उनके अवदान पर क्रमबद्ध रूप से गवेषणापरक तथ्य व विचार प्रस्तुत करना चाहता हूँ।

■ ■ ■

V - 65

वैदिक संहिताओं में मूल्यमीमांसा

कृष्ण चन्द्र पण्डा

भारतीय संस्कृति का मूलाधार तथा भारतीय आध्यात्मिक जीवन एवं सांस्कृतिक समुत्कर्ष का प्रकटक है वेद। युगयुगान्तर से न केवल भारत अपितु विश्व के ज्ञानपिपासुओं की मानसभूमि को अपनी संगीतमयता, भावपूर्णता, परिष्कृत भाषा तथा छन्दों की श्रुतिमधुर लहरियों से रसाप्लावित कर रहे हैं वेद। सम्पूर्ण मानव जाति के लिए आचारसंहिता हैं ये वेद। वैदिक मन्त्रों के द्वारा मानव को सन्मार्ग पर प्रवृत्त होने का उपदेश दिया गया है, जिससे मानव का सर्वविध कल्याण होता है। यहां मूल्यों से तात्पर्य है नैतिक, धार्मिक एवं सामाजिक गुण जो मनुष्य को सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् की प्राप्ति कराते हैं। हमारा आचरण हमारे मूल्यों से प्रेरित होता है और जीवन में आचार ही अमूल्य निधि है। इसलिए कहा गया है-

आचारः परमो धर्मः श्रुत्युक्तः स्मार्त्त एव च।
तस्मादस्मिन्सदा युक्तो नित्यं स्तयादात्मवान्द्विजः।।

आचरण ही परम धर्म है, ये वेदों एवं स्मृतियों में कहा गया है। इसलिए आत्मकल्याण के इच्छुक द्विज को हमेशा ही इसमें प्रयत्नवान् होना चाहिए। वैदिक मन्त्रों में सत्य, शुचिता, सद्भाव, वाणी के माधुर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने का आग्रह तथा सत्य धर्म पर बार-बार बल दिया गया है। ऋग्वेद की अवधारणा है कि सत्पथ पर चलने वाले और सत्कर्मों का अनुष्ठान करने वाले व्यक्ति की कभी पराजय नहीं होती।

पुनश्च यजुर्वेद का निर्देश है कि सत्य के मार्ग से चलो। सत्य के साथ ही सबके प्रति सद्भाव रखना भी आवश्यक है। व्यक्ति को अशुभचिंतकों से दूर रहने का प्रयत्न करना चाहिए। लेकिन सर्वत्र अधिक से अधिक लोगों को अपना मित्र बनाने की चेष्टा करनी चाहिए। इसी तरह वाणी के माधुर्य पर भी बल दिया गया है, क्योंकि मनुष्य के जीवन में वाणी महत्वपूर्ण है। मातृभूमि की सेवा करने के लिए ऋग्वेद में कहा

गया है, जो सामाजिक मूल्य का उदाहरण है। यथा-समाज में विनय आचारशील आदि गुण युक्त लोग वास करने से समाज सम्यक् रूप में विकसित और परिष्कृत होता है। मानवों में सामाजिक गुण के विकास के लिए ऋग्वेद में उल्लिखित है-

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवाभागं यथापूर्वे संजानाना उपासते॥

इस प्रकार वैदिक संहिताओं के अनुशीलन से नैतिक-धार्मिक-सामाजिक मूल्यों का वर्णन हम को प्राप्त होता है।

■ ■ ■

V - 66

अथर्ववेद में निरूपित देवशास्त्र से सम्बद्ध निर्वचन

अजिता शुक्ला

अथर्ववेद में 'निर+वच्' क्रिया का प्रयोग निर्विशेष रूप से या सम्पूर्ण रूप से कथन अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। आगे चलकर निर्वचन शब्द, शब्द के सर्वांगीण विवेचन के लिए प्रयुक्त हुआ है, परन्तु शब्द ने अपने मूल अर्थ को नहीं छोड़ा है। निरुक्त में अनेक बार प्रयुक्त 'भूयसे निर्वचनाय' वाक्यांश इस बात का प्रमाण है। अथर्ववेद में निर्वचन की समीक्षा करते हुए यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि अर्वाचीन भाषा-विज्ञान की दृष्टि से उनमें किसी सिद्धान्त पर आधारित निरुक्ति की तो अपेक्षा नहीं की जा सकती, किन्तु अर्थ की दृष्टि से शब्द रचना के विषय में विचार करने की उल्लेखनीय प्रवृत्ति का दर्शन अवश्य किया जा सकता है। अतः प्रदत्त शोध पत्र में अथर्ववेद में निरूपित देवशास्त्र से सम्बद्ध निर्वचन के सन्दर्भ में कतिपय बिन्दुओं को लेकर संक्षिप्त अध्ययन प्रस्तुत किया जायेगा।

■ ■ ■

V - 67

ब्राह्मण ग्रन्थों में आग्नेय सृष्टि प्रक्रिया-एक दृष्टि

हेमलता

वैदिक वाङ्मय में संहिताओं के पश्चात् ब्राह्मण साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है। ब्राह्मण ग्रन्थों का प्रधान विषय यज्ञों का प्रतिपादन और उनकी विधियों की व्याख्या करना है-"यज्ञो वै श्रेष्ठतमं कर्म"।

ब्राह्मण ग्रन्थों में वेद की व्याख्याओं के साथ-साथ इसमें अनेक आख्यान एवं सृष्टि विषयक चर्चा हुई है। ब्राह्मण ग्रन्थों में अग्नि की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक प्रमाण उपलब्ध होते हैं। सृष्टि के आदि में स्थित एकमात्र प्रजापति के बहुत होने की कामना के अनन्तर ही अग्नि की उत्पत्ति स्वीकार की गयी है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार हिरण्यगर्भ के भीतर स्थित प्रजापति ने सर्वप्रथम जिस वस्तु को उत्पन्न किया, वही अग्नि कहलाया। जैमिनी ब्राह्मण के अनुसार प्रजोत्पत्ति के प्रसंग में प्रजापति ने अग्नि को अपने मुख से उत्पन्न किया, क्योंकि अग्नि ही प्रजाओं का मुख होता है। अग्नि का एक नाम जातवेदस भी है।

ऋग्वेदीय ब्राह्मण ग्रन्थों में दो अरणियों के घर्षण से अथवा मन्थन से अग्नि की उत्पत्ति बतलायी गयी है। अग्नि अन्य देवताओं का भी उत्पादक है, क्योंकि देवता लोग कोई भी हवि अपने अग्नि मुख द्वारा ही प्राप्त करते हैं। देवताओं ने अग्नि को द्युलोक तथा पृथ्वी के मध्य स्थिर रखा था। यह अग्नि का अति सूक्ष्म रूप है। इस अग्नि का एक रूप वैश्वानर भी है। 'विश्' का सामान्य अर्थ प्रजा होता है, अर्थात् वह प्रजापति है, पृथ्वी, अन्तरिक्ष और द्युरूपी तीन विषयों के तीन नरों या प्राणों की जो समष्टि है, उसी को वैदिक संज्ञा में वैश्वानर कहा जाता है। यह जठरस्थ अग्नि वैश्वानर ही है, क्योंकि गीता में भी भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है, हे अर्जुन! मैं वैश्वानर होकर प्राणियों के शरीर में स्थित रहता हूँ तथा इनके खाद्य अन्नों को पचाता हूँ। यह वैश्वानर अग्नि पार्थिव अग्नियों की नाभि है। पर्वतों, वृक्षों तथा मनुष्यों आदि में फैली हुई नानाविध अरणियाँ इसमें उसी प्रकार स्थित हैं, जिस प्रकार सूर्य की रश्मियाँ। वैश्वानर का अनेक रूपों में विभक्त होना ही देवों द्वारा इनका विभिन्न रूपों में उत्पादन करना है। सूर्य से सम्बन्धित होने के कारण वैश्वानर को 'स्वः' भी कहा जाता है। इस प्रकार अग्नि सभी देवताओं में अग्रगण्य है, अतः इसे देवताओं का अधिपति भी कहा गया है।

■ ■ ■

V - 68

प्रैषाध्याय का वैदिक महत्त्व

शिल्पा सिंह

सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में खिलसूक्तों की प्राप्ति होती है। इन खिलसूक्तों का सुव्यवस्थित स्वरूप वेद में प्रथम ऋग्वेद में १० मण्डल के उपरान्त अन्त भाग में 'अथ खिलानि' नाम से खिलसूक्तों का एक संग्रह है। यद्यपि इन खिलसूक्तों पर सायण-भाष्य उपलब्ध नहीं है, परन्तु ब्राह्मण ग्रन्थों एवं आरण्यक ग्रन्थों में इनकी व्याख्या प्राप्तव्य है। पांच अध्यायों में विभक्त खिलसूक्तों के अंतिम पांचवें अध्याय का सातवां सूक्त प्रैषाध्याय के नाम से उद्धृत है।

ऋग्वेद में 'प्रेषाः' का प्रयोग मिलता है। ऐसा प्रतीत होता है कि सायण का यह अर्थ प्रैषों की ओर संकेत करता है। 'प्रैष' शब्द अपने मूल रूप में, अथर्ववेद, तैत्तिरीय-संहिता और वाजसने संहिता में

सर्वप्रथम मिलता है। ब्राह्मणों में तो यह शब्द विपुलता से मिलता है। ऐतरेय, शतपथ और कौषीतकी-ब्राह्मण में इसका उल्लेख है। ऐतरेय ब्राह्मणों में तो यह शब्द प्रचुरता से मिलता है। ऐतरेय ब्राह्मण में कहा गया है कि यज्ञ देवताओं के पास से चला गया, उसे उन्होंने प्रैष मन्त्रों के द्वारा अन्वेषण करना चाहा-यही उनका प्रैषत्व है। प्रैष का निर्वचन 'प्र'+'इष्' से हुआ है। बृहद्देवता में भी मंत्र-प्रकारों के प्रसंग में प्रैष की गणना है-होतायक्षदिति प्रैषः। प्रतीत होता है कि प्रैष मन्त्रों का अन्तर्भाव कदाचित् ऋग्वेद की किसी शाखा में था। आश्वलायन श्रौतसूत्र में इनका प्रचुर उपयोग इसका प्रबल प्रमाण है। निरुक्त के कथनानुसार दशतयी में १० प्रकार के आप्रीसूक्त हैं, उन्हीं में एक प्रैषिक है। यास्क ने इसे और भी अधिक स्पष्ट करते हुए कहा है -'तेषां वाशिष्ठं आत्रेयं वाध्यश्वं गार्त्समदमिति नाराशंसवन्ति मेधातिथं दैर्घतमसं प्रैषिकमित्युभयवन्ति।'' बृहद्देवता में भी प्रैषों और आप्री सूक्तों के पारस्परिक सम्बन्ध को स्पष्ट किया गया है-

प्रैषैः सहाप्रीसूक्तानि तान्येकादशानि सन्ति।
यजूँषि प्रैषसूक्तं वा दशैतानीतराणि तु॥
अत्रैव प्रैषसूक्तं स्यात् न यजुःष्वाद्रियेत् तत्।
तेषां प्रैषसूक्तं यच्च दीर्घतमा जगौ॥

प्रैष-मन्त्रों का प्रयोग पशु कर्म में जहां ११ प्रयाज होम होते हैं, वहाँ प्रथम प्रयाज होम अध्वर्यु 'समिद्ध्यः' से मैत्रावरुण पुरोहित को प्रेरित करने में होता है। प्रैष-मन्त्र और आप्री-मन्त्रों में सादृश्य पाया जाता है, जैसे-व्याकरण में जितना ही अधिक स्थानी ओर आदेश का सादृश्य मिले उतना ही उत्तम है, वैसे ही जहाँ तक सम्भव हो, आप्री-मन्त्र प्रैष-मन्त्रों के सदशृ होने चाहिए। इस प्रकार से इन प्रैष-मन्त्रों की उपस्थिति सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में होती है। ये प्रैष मन्त्र यज्ञों में प्रयुक्त होने वाले मन्त्र हैं। अतः सम्पूर्ण वैदिक वाङ्मय में प्राप्तव्य प्रैष-मन्त्रों के महत्त्व को उल्लिखित करने का मेरा एक लघु प्रयास रहेगा। झ

■ ■ ■

V - 69

अथर्ववेद में विज्ञान के सूत्र

कु. सुदीप

विश्व साहित्य के क्षेत्र में वैदिक साहित्य का शिरोमणि होना सर्वमान्य है। वेद भारतीय धर्म-दर्शन एवं प्राचीन कवित्व की अपार निधि हैं। सभी दर्शन सभी प्रकार की उपासनाएं, सभी प्रकार के सदाचार,

सार्वत्रिक भौगोलिक ज्ञान, सम्पूर्ण खगोल विज्ञान, सर्वविध गणित ज्ञान, समस्त ज्ञान-विज्ञान, सकल वास्तु विज्ञान, सम्पूर्ण यंत्र-विज्ञान, अखिल भैषज्य विज्ञान, शल्य चिकित्सा विज्ञान, कृषि विज्ञान जो कुछ भी है, वह सब वेद पर अवलंबित है। इन प्राचीनतम ग्रन्थों में लाखो-करोड़ों वर्षों का इतिहास भी भरा पड़ा है। इनमें ज्ञान की उज्ज्वल ज्योति जगमगा रही है।

अथर्ववेद में विभिन्न दार्शनिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, आयुर्वेदिक अभिचारिक और राष्ट्रवादी विषयों का व्यापक समावेश है। इसके अतिरिक्त अथर्ववेद की ऐन्द्रजालिकता एवं औषधि विज्ञान भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। अनेक भौतिक विज्ञान के तथ्य भी यत्र-तत्र बिखरे मिलते हैं। अतः एक प्रकार से यह विश्व कोष है। जयन्त भट्ट ने न्याय मंजरी में 'अथर्ववेद' को प्रथम स्थान देते हुए कहा है कि चारों वेदों में यही सर्वोत्कृष्ट वेद है। यह सर्व कार्य-साधक है। सार्वलौकिक है और सार्वजनीन है अतः सर्वप्रथम है। तत्र वेदाश्चत्वारः प्रथमोऽथर्ववेदः।

वैदिक युग में विज्ञान के विभिन्न अंगों का विकास प्रारम्भ हो गया था। अथर्ववेद में विज्ञान के विषय के विवेचन से यह ज्ञात होता है कि उस समय विज्ञान विकसित अवस्था में था। यथा-औषधि विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, शरीर विज्ञान, रोग विज्ञान, खगोल विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कृषि विज्ञान एवं वृष्टि विज्ञान आदि। इस वेद में कृमियों के विनाश के वैज्ञानिक उपाय बताये गये हैं। इसके अतिरिक्त जल-चिकित्सा एवं हस्त-स्पर्श चिकित्सा का भी वर्णन मिलता है। प्रस्तुत शोध पत्र में इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई है।

■ ■ ■

V - 70

वेदों में धर्म का स्वरूप

भावना

वर्तमान समय में धर्म के सत्य स्वरूप को न जानने के कारण इसके प्रति अवहेलना व तिरस्कार का वातावरण बना हुआ है। धर्म का वास्तविक स्वरूप क्या है? यह जानने के लिए विश्व का प्राचीनतम ग्रन्थरत्न वेदों का अनुशीलन आवश्यक हो जाता है। इन वेदों को उत्तरवर्ती शास्त्रकारों ने धर्म के मूल स्रोत के रूप में स्वीकार किया है।

वेदों में धर्मशब्द संकुचित अर्थ में प्रयुक्त नहीं हुआ है, जो एक मत या सम्प्रदाय का वाचक हो, अपितु एक व्यापक अर्थ को धारण करता है।

धर्म शब्द अपने अर्थ को स्वयं प्रकट करने में समर्थ है। जैसे-ध्रियते लोक: अनेन'' इति धर्म: अथवा ''धरति धारयति वा लोकम्'' इति धर्म:। इस व्युत्पत्ति के आधार पर धर्म एक ऐसी शक्ति या गुण विशेष है, जो संसार को धारण करता है। अथवा लोक इसको धारण करता है, क्योंकि ''धारणात्धर्म: इत्याहु:'' धारण किये हुए गुण स्वभाव व शक्ति विशेष को धर्म कहते हैं। वेदों में अलौकिक शक्ति के रूप में भी धर्म शब्द का प्रयोग मिलता है। यथा-

धर्मणा मित्रावरुणा विपश्चिता व्रता रक्षेथे असुरस्य मायया।
तेन विश्वं भुवनं विराजथ: सूर्यमा धात्यो दिवि चित्र्यं रथम्॥

''ध्रियते लोकयात्रानिर्वाहार्थ: य: स: धर्म:'' जीवन व संसार को सुव्यवस्थित रूप से चलाने के लिए जिन व्यवस्थाओं व आचरणों को निर्धारित किया जाता है वह धर्म है। इससे वैयक्तिक पारिवारिक व सामाजिक व्यवस्थाओं का उल्लेख होता है। जो मनुष्य व समाज को सन्तुलित करने के लिए आवश्यक है। वेदों में भी विधि, नियम, नैतिक आचरण, व्यवस्था आदि अर्थों में भी धर्म शब्द का प्रयोग हुआ है।

वेदों में धर्म शब्द व्यापक अर्थ में प्रयोग हुआ है। जो कालान्तर में व्यक्ति का अधिकार, कर्त्तव्य, समस्त नैतिक कार्य आदि को भी धर्म नाम से सम्बोधित किया जाने लगा। जो वेदोक्त धर्म के ही अंश हैं।

ऋग्वेद धर्म के विषय में कहता है कि ''जो बलवान एवं सामर्थ्यवान है वो ही धर्म की पताका फहरा सकता है'। यह लोक सिद्ध भी है, कमजोर व आलसी प्रकृति का व्यक्ति उपर्युक्त धर्मरूपी व्यवस्थाओं, गुणों व विधानों का पालन न करने के कारण बार-बार स्वकर्त्तव्यों से च्युत होता हुआ स्वयं को व समाज को अव्यवस्थित करता है। अत: निश्चित ही लोक को नियमित करने वाला धर्म ही है।

■ ■ ■

V - 71

सामवेद के उदात्तादि स्वरों का अर्थवैज्ञानिक पक्ष

ऋषिराज पाठक

सामवेद के उदात्तादि स्वरों का न केवल सांगीतिक दृष्टि से महत्त्व है, अपितु मन्त्रार्थ निर्धारण में भी उनकी महती भूमिका है।

पाणिनि के 'एकादेश उदात्तेनोदात्त:' के व्यवहार से ज्ञात होता है कि अन्य स्वरों की अपेक्षा उदात्त बलवान होता है। उदात्त के बलवान होने का अभिप्राय यह है कि पद के जिस अंश में उदात्त होगा, उस अंश का अर्थ प्रधान हो जायेगा। यदि प्रकृति भाग में उदात्त है, तो प्रकृति भाग का अर्थ प्रधान हो जायेगा

और यदि प्रत्यय भाग में उदात्त है, तो प्रत्यय भाग का अर्थ प्रधान हो जायेगा। यथा–'होता' शब्द तृजन्त भी हो सकता है और तृन्नन्त भी। तृजन्त होता शब्द आन्तोदात्त तथा तृन्नन्त होता शब्द आद्युदात्त होता है। त्रिजन्त होता पद में प्रत्यय भाग में उदात्त है तथा तृन्नन्त होता पद में धातु भाग में उदात्त है, अतः तृजन्त होता पद में कर्ता अर्थ की प्रधानता होगी तथा तृन्नन्त होता पद में ताच्छील्य अथवा तत्साधुकारिता की प्रधानता होगी। सामवेद में होता शब्द आद्युदात्त होने से तृन्नन्त है, न कि तृजन्त। अतः तृन् के अर्थ ताच्छील्य, तद्धर्म तथा तत्साधुकारिता अर्थ की ही प्रधानता है, कर्त्ता अर्थ गौण है। इसके अतिरिक्त प्रत्यय–स्वर, समास–स्वर, आमंत्रित स्वर, तिङन्त स्वर तथा निपात स्वर के आधार पर उदात्तादि स्वरों की साम–मन्त्रों के अर्थ निर्धारण में महती उपयोगिता है। 'विश्ववेदसम्' पद में संज्ञा की प्रधानता तथा 'पाहि' में धात्वर्थ की प्रधानता आदि स्वरों से ही स्पष्ट होती है। इस प्रकार साम मन्त्रों के सूक्ष्मतम अभिप्राय तक पहुँचने के लिए उदात्तादि स्वरों का नितान्त महत्त्व है।

■ ■ ■

V - 72

महर्षि दयानन्दकृत ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका में वर्णित वेदोत्पत्तिविषय

हिमाद्री

वेदभाष्यकार, वेदोद्धारक महर्षि दयानन्द सरस्वती ने वेदों की गहनतम गहराई और उज्ज्वलतम ऊंचाई पर एक अन्यतम पुस्तक लिखी है, जिसे हम ''ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका'' के नाम से जानते हैं। इस अप्रतिम पुस्तक में उन्होंने चारों वेदों के विषयों को एवं उनमें व्याप्त विविध ज्ञान–विज्ञानों का वर्णन तो किया ही है प्रत्युत् ग्रन्थारम्भ में परम आस्तिक दयानन्द ने ईश्वरस्तुतिप्रार्थनोपासना करके वेदोत्पत्तिविषय की विवेचना की है।

'वेदोत्पत्ति' का सीधा–सरल अर्थ है–वेदों की उत्पत्ति। प्रश्नोत्तरशैली में सरल संस्कृत में पहले और पश्चात् हिन्दी में विषयों का प्रतिपादन किया है जो अत्यन्त मनोहर व सारगर्भित है। महर्षि ने सृष्टि के आदिकाल में वेदोत्पत्ति मानी है और उसका उत्पत्तिकर्ता कोई मनुष्य या ऋषि नहीं, अपितु स्वयं ईश्वर है। उनकी दृष्टि में वेद ईश्वरकृत हैं। इसकी पुष्टि के लिए मन्त्र प्रमाण प्रस्तुत किया है–

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत॥

उपर्युक्त मन्त्र के भाष्य में 'तस्मात्' का अर्थ ईश्वर से माना गया है जो सच्चिदानन्द स्वरूप है, उसी

परब्रह्म से ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद उत्पन्न हुए हैं। शतपथ आदि ब्राह्मण को वेद मन्त्रों के प्रमाणों से यह सिद्ध किया गया है कि 'यज्ञ' से विष्णु का और 'विष्णु' शब्द से सर्वव्यापक परमेश्वर का ग्रहण होता है। महर्षि दयानन्द ने विद्धातु के चार अर्थों-विद्ज्ञान, विद्विचारणे, विद्सत्तायां और विद्लृलाभे से वेदार्थ किया है-विदन्ति जानन्ति, विद्यन्ते भवन्ति, विन्दन्ति विन्दन्ते लभन्ते, विन्दते विचारयन्ति सर्वे मनुष्याः सर्वाः सत्यविद्या यैर्येषु वा तथाविद्वांसश्च भवन्ति ते वेदा।

उत्पत्तिप्रसंग में वेदों के उत्पन्न करने में ईश्वर का क्या प्रयोजन था? इस पर महर्षि दयानन्द ने लिखा है कि हम लोगों के कल्याणार्थ ईश्वर ने वेदों का प्रकाश किया है।

■ ■ ■

V - 73

ऋग्वेदीय संवादसूक्तों में नैतिक तत्त्व

देवानन्द आर्य

ऋग्वेद में आख्यान और संवादसूक्तों की संख्या पर्याप्त है। इन्हें ही परकालीन इतिहास, काव्य, महाकाव्य, आख्यान सहित नाटकों का बीजरूप माना जाता है। बातें ऋग्वेद में बीजरूप में प्राप्त हैं, वे ही ब्राह्मण ग्रन्थों आदि में सुपुष्पित एवं फलित वृक्ष के रूप में विकसित हुई है। इनका ही रामायण, महाभारत और पुराणों के युग में विस्तार हुआ है। इस दृष्टि से संवादसूक्तों का महत्व बढ़ जाता है।

यह उल्लेखनीय है कि वेदों के संवाद मूलतः काल्पनिक और प्रतीकात्मक हैं। किसी गूढ़ दार्शनिक, आध्यात्मिक या नैतिक विषय को सुरुचिपूर्ण और मनोरंजक बनाने के लिए उसे आलंकारित रूप में प्रस्तुत किया गया है। महाभारत और भागवतपुराण में भी वेदों के रहस्यों को विकसित किया गया है-

(क) इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृहंयेत्।

(ख) भारत-व्यपदेशेन ह्याम्नायार्थश्च दर्शितः।

यहाँ 'उपबृहण' शब्द का अर्थ क्लिष्ट शब्दार्थ का स्पष्टीकरण तथा विषय (अर्थ) का विशदीकारण है- उपबृहणं च श्रुतिप्रतिपन्नार्थविशदीकरणम्।

ऋग्वेद में वर्णित संवादसूक्तों में पुरुरवा-उर्वशी संवाद, यम-यमी संवाद , सरमा-पणि संवाद, अगस्त्य-लोपामुद्रा संवाद (ऋ. १०/१७९), आदि प्रमुख हैं। इन संवादसूक्तों में प्रतीकात्मक रूप से

नैतिक तत्वों को उद्घाटित किया गया है। ये संवाद वस्तुतः ऐतिहासिक व्यक्तियों पर निर्भर न होकर प्राकृतिक पदार्थों आदि पर आश्रित हैं। इनमें कहीं सूर्य और बादलों का युद्ध, कहीं बादलों में विद्युत का प्रकाश, कहीं पाप-पुण्य का द्वन्द्व, कहीं सूर्य, चन्द्र एवं नक्षत्रों का वर्णन, कहीं अमूर्तभावों का मूर्तरूप में वर्णन, कहीं दिन-रात का भाई-बहन व पति-पत्नी के रूप में वर्णन, कहीं उषा और सूर्या (सूर्य-किरण) का सूर्य की पुत्री के रूप में वर्णन है। इनका नैतिक मूल्यों की दृष्टि से समालोचना अति महत्त्वपूर्ण है।

पुरुरवा-उर्वशी संवाद में पुरुरवा का उर्वशी नामक अप्सरा के साथ प्रणय-सम्बन्ध का वर्णन है, जो स्थायी नहीं है। आज के प्रेमी-युगलों को भी यहां नैतिक शिक्षा दी गयी है कि वे प्रेम-विवाद से परहेज करें। इसी प्रकार 'यम-यमी संवाद' में भाई-बहन का परस्पर काम-सम्बन्धी वार्तालाप है, जिसमें विवाह कदापि संभव नहीं। यही इसकी नैतिक शिक्षा है। 'अगस्त्य-लोपामुद्रा संवाद' में यह नैतिक शिक्षा दी गयी है कि गृहस्थ जीवन संयमित रखने से आयु, बल, पराक्रम आदि की वृद्धि होती है। अन्त में, 'सरमा-पणि संवाद' में सरमा इन्द्र की दूती है जो पणियों के पास भेजी जाती है और पूरी ईमानदारी व कर्मठता से अपने दौत्यकर्म द्वारा इन्द्र की गौओं को मुक्त कराती है।

निःसन्देह इन संवादसूक्तों की नैतिक शिक्षाओं के अवलम्बन से हमारे मानवीय गुणों का सम्यक् विकास और मानवता की रक्षा संभव है।

■ ■ ■

V - 74

सूर्य नमस्कार के अन्तर्गत आनेवाले नामों का अभ्यास

सौ. कल्पना देशमुख

निरुक्त ने सूर्य को द्युस्थानीय देवता माना है। पूरे संसार को अपनी शक्ति से प्रकाशित करनेवाले और आंखों को प्रत्यक्ष दिखने वाले, तेज से परिपूर्ण सूर्य की उपमा वेदों में अन्य देवताओं को भी दी गई है। अधिकाधिक तेज धारण करने और पृथ्वी की हर प्रकार से पोषण करने के कारण वेदों में सूर्य अनेक नामों से जाना जाता है। सूर्य अपनी मां अदिति के नाम से आदित्य बना। ऋग्वेद में सूर्य के विचक्षण, जातवेदस् (प्राणिमात्रों को जानने वाला अरुचक्ष (दूर तक रखने वाला, विश्वचक्षस् (विश्व को देखने वाला इस तरह के विभिन्न नाम मिलते हैं।

अथर्ववेद में सूर्य के लिए दिवाकर , ब्रघ्न नाम आते हैं। अथर्ववेद का पूरा तेरहवां कांड सूर्य के रोहित

नाम को समर्पित किया गया है। तैत्तिरीय आरण्यक में सूर्य के सात नाम हैं। ''आरोगो भ्राजः पटरः पतंगः। स्वर्णरो ज्योतिषीमान बिभासः। अस्मै सर्वे दिवम् आतपन्ति। ते सर्वे कश्यपाज्योतिर्लभन्ते।''

निघण्टु के अनुसार गौः पृश्निः, विष्टपम्, नभः, नाकं, स्वर ये छह नाम द्युलोक और आदित्य के लिए समान हैं। निरुक्त में यास्काचार्य का इन्हीं नामों पर विवेचन है। वाल्मीकि रामायण के 'आदित्यहृदयस्तोत्र' में सूर्य की श्रीराम ने अनेक नामों से प्रशंसा करते हुए सूर्य को ७५ नामों से विभूषित किया है। महाभारत में सूर्य की १०८ नामों से प्रशंसा की है।

तेज और प्रकाश का खजाना लेकर सूर्य हर दिन हमारे सामने प्रकट होता है। सूर्य से सम्बन्धित देवता जैसे कि मित्र, सवितृ, पूषन् ये भी प्रकाश और तेज के प्रसारक हैं।

आज के सूर्य नमस्कार में सूर्य को बारह नामों से नमस्कार किया जाता है। इसी सूर्य नमस्कार के माध्यम से हम सूर्योपासना और योग दोनों साध्य कर सकते हैं। प्रस्तुत शोध निबन्ध में सूर्य नमस्कार में आनेवाले प्रत्येक सूर्य नाम का विस्तृत रूप से विचार करके, सूर्य के ये समान अर्थ वाले नाम कैसे बने होंगे? इसका विचार करते हुए, इन नामों का वैदिक साहित्य के द्वारा व्युत्पत्ति के साथ विवेचन किया गया है तथा निम्नलिखित विषयों पर विचार किया गया है-

१. सूर्य नमस्कार में ये बारह नाम क्यों चुने गए हैं? २. ये बारह नाम इसी तरह से कहाँ मिलते हैं?

३. नमस्कारों के लिए सूर्य देवता क्यों? ४. ये पूरे बारह नाम ऋग्वेद में किस तरह से मिलते हैं? ऋग्वेद में जो नाम नहीं मिलते उन नामों की शुरुआत कहाँ से होती है? ५. इन नामों का सूर्य नमस्कारों में क्या महत्त्व है?

■ ■ ■

V - 75

पाश्चात्य विद्वानों द्वारा अथर्ववेद संबंधी शोध कार्य एवं उसकी संक्षिप्त समीक्षा

नेहा श्रीवास्तव

वैदिक वाङ्मय में ऋग्वेद के पश्चात् अथर्ववेद विद्वानों में पर्याप्त रूप से लोकप्रिय रहा है। कुछ विशेष विद्वान् इसके सम्पादन, अनुवाद, टिप्पणादि अध्ययन में प्रवृत्त हुए। इनके आकर्षण का मुख्य कारण अथर्ववेद की विशेष स्थिति रही है। प्रायः पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार यह वेद अर्वाचीन है, परन्तु साथ

ही वे यह भी मानते हैं कि इसके बहुत से अंश ऋग्वेद से भी प्राचीनतम हैं।

पाश्चात्य विद्वानों द्वारा अथर्ववेद पर अधिक कार्य किया गया जिनमें रुडोल्क रॉथ, विलियम ड्वाइट व्हिटने, ब्लूमफील्ड, रिचर्ड गार्वे, बेबर, टी.एच. ग्रिफिथ, जे. खोण्दा ने मुख्य रूप से अपना योगदान दिया।

किसी भी ग्रन्थ के व्यापक तथा गम्भीर अध्ययन के लिए प्रकाशन द्वारा उसे विद्वत् सुलभ बनाना प्राथमिक आवश्यकता होती है। इस आवश्यकता की पूर्ति, रॉथ और व्हिटने द्वारा की गई। इन्होंने शौनकीय अथर्ववेद का सम्पादन किया। अथर्ववेद के महत्त्वपूर्ण एकमात्र श्रौत्र–सूत्र 'वैतान श्रौत-सूत्र' का सम्पादन रिचर्ड गार्वे द्वारा किया गया है। विस्तृत भूमिका एवं दारिल तथा केशव के भाष्यों के अंशों सहित इसका सम्पादन मौरिस ब्लूमफील्ड द्वारा किया गया। अथर्ववेद के अध्ययन क्षेत्र में बेबर का योगदान भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। इन पाश्चात्य विद्वानों द्वारा अथर्ववेद पर जो शोध कार्य एवं समीक्षा की गई है उसका संक्षिप्त उल्लेख शोध–पत्र में प्रस्तुत किया जायेगा।

■ ■ ■

V - 76

शांखायन गृह्यसूत्र में वर्णित जाति व्यवस्था

उदयन आर्य

वेदों के व्याख्या ग्रन्थों में गृह्यसूत्रों का भी मुख्य स्थान है। अग्निहोत्र के पश्चात् ऋषि शांखायन ब्राह्मणभोजन को महत्त्वपूर्ण अंग मानते हैं। उनके अनुसार ब्राह्मण भोजन यज्ञ कर्म का अनिवार्य अंग है। ब्राह्मण वाणी, रूप, वय, श्रुत, शील और वृत्त इन गुणों से युक्त होना चाहिए। ऋषि कहते हैं कि इन सब गुणों में भी श्रुतगुण सर्वातिशायी है, इस गुण का अतिक्रमण नहीं करना चाहिए। यहां अत्यन्त स्पष्ट है कि वेद विद्याविद् चरित्र से अति निर्मल, सुन्दर शीलवान बढ़ी अवस्था वाले ही ब्राह्मण पदवाच्य हैं। ब्राह्मणत्व में जन्म कारण नहीं है। वर्तमान काल में जाति व्यवस्था के अन्तर्गत ब्राह्मण कुल में उत्पन्न अनधीत व्यक्ति भी जिस तरह से ब्राह्मण पद वाच्य है, वह शांखायन को स्वीकार नहीं है। जाति व्यवस्था के कारण ब्राह्मणत्व प्राप्त व्यक्ति सामाजिक सौजन्य के कारण नहीं बन सकते। दु:ख का विषय है कि वर्तमान में जाति आधारित ब्राह्मणों को श्राद्ध आदि खिलाते हैं। इस प्रकार जाति व्यवस्था पर शांखायन अनुसार वेदविद् ब्राह्मण ही भोज्य और सत्कार्य हैं। इससे वर्तमान कालीन जाति व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा होता है।

■ ■ ■

V - 77

वेदवाणी देववाणी व संस्कृत

डॉ. ओम प्रकाश शर्मा

वेद भारतीय प्राच्यविद्या के आदिस्रोत हैं। विश्व के साहित्य में इनका अप्रतिम व अव्याहत स्थान है। इस साहित्य की विशेषता यही है कि इसमें आध्यात्मिक व अतीन्द्रिय तत्त्वों के साक्षात्कार व स्थापना के विराट् दर्शन होते हैं। देववाद इस वैदिक साहित्य का परम व चरम सिद्धांत है। यही देववाद जब लौकिक भूमिका पर पदार्पण करता है, तो सम्यक्रूप से इसका दिग्दर्शन संस्कृत के माध्यम से ही किया जाता है।

सम्यक् कृतं ही संस्कृतम् के मूलार्थ का द्योतक है, न कि भाषा मात्र में रूढार्थ का। इसीलिए लोक-वेद व देव अथवा वेद-देव व लोक (संस्कृत) ये तीनों परस्पर इस प्रकार से रचे-पचे हुए हैं कि इनमें किमपि पृथकता या भेद की दृष्टि या भावना न तो है ही व न ही आरोपित ही की जा सकती है। केवल स्थूल या व्यावहारिक दृष्टि से ही आभासिक भेद इन तीनों में परिलक्षित होता है।

वेद अनन्त, शाश्वत तथा दृष्ट हैं, कृत नहीं। यही प्रक्रिया देवों के विषय में भी प्रचलित होती है। और इन वेद व देवों का लोक के साथ गहन, दृढ़ व शाश्वत सम्बन्ध भी शब्दार्थ की नित्य सत्ता के माध्यम से ही सिद्ध होता है। अतः ये वेद देव व संस्कृत परस्पर के अनुपूरक व अनन्य ही सिद्ध होते हैं। शाब्दिक रूप में भी तथा आर्थिक रूप से भी, क्योंकि शब्द व अर्थ की परस्पर शाश्वतिक नित्यता का प्रतिपादन ही भारतीय वेदादि शास्त्रों में किया गया है।

शब्दार्थ नित्यता के साथ ही साथ उनकी शुद्धता, परिमार्जितता तथा प्रभाविकता आदि के विषय में भी आचार्यों ने पर्याप्त अनुसन्धान, परिष्कार व संशोधनादि भी प्रस्तुत किया है। इन सभी पक्षों को संक्षेप में ही प्रस्तु करने का प्रयास भी तत्तस्थलों पर किया गया है। यही इस शोध पत्र में प्रतिपादित करने का यत्किंचित् प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

V - 78

यजुर्वेद का स्वरूप एवं उसकी शाखाओं का विश्लेषण

सत्यप्रिय आर्य

वेदत्रयी में परिगणित यजुर्वेद विहंगम यज्ञ स्वरूप को लोकजीवन के समक्ष प्रस्तुत प्रस्तुत करता है। अग्निपुराण (2/5/45) में भी कहा गया है - "छान्दोहीनं यजुर्यतः" ब्रह्माण्डपुराण (1/33/37) मे भी

कहा गया है -

य: कश्चित् करणैर्मन्त्रो न च पादाक्षरैर्मित:।
अतियुक्तावसाना च तद् यजुर्वै प्रचक्षते।।

सर्वानुक्रम सूत्र मे जहाँ "याजुषामनियताक्षरत्वादकेषां छन्दो न विद्यते" वर्णित मिलता है। वही अनन्तदेव अपनी टोका मे लिखते हैं कि - "अनियताक्षरत्वात् छन्दो नास्ति"। इस प्रकार स्पष्ट है कि यजुर्वेद छान्दोविहीन एवं गद्यमय वेद है। यास्क ने जहाँ यजु का लक्षण "यजुर्व्येजते" किया है, वही श्रीधर स्वामी ने "यज्ञानां मन्त्राणां वा" तथा सायण ने "आध्वर्यवस्य यज्ञेषु प्राधान्यात् " लक्षण दिया है। परन्तु इतना स्पष्ट है कि यज्ञ में यजुर्वेद की प्रधानता के कारण यजुर्वेद को शीर्षभूत माना जाता है। सोलह संस्कारों में शीर्ष विवाह संस्कार की सभी क्रियायें यजुर्वेद के मन्त्रों के आधार पर ही आज भी सम्पन्न देखी जाती हैं। पौराणिक मान्यतानुसार यजु संहिता का निर्माण व्यासशिष्य वैशम्पायन द्वारा द्वापरान्त में किया गया, संभवत ऋग्वैदिक मन्त्रों के यजुर्वेद में समावेश के कारण इसे द्विमात्र कहा गया ऐसा वायुपुराण 26/20 का अभिमत है। यजुर्वेद एवं आध्वर्यव क्रिया का विशिष्ट सम्बन्ध माना जाता है। अध्वर्यु का लक्षण मन्त्रब्राह्मणकल्पानामङ्गानां यजुषामृचाम् ।

षण्णां य: प्रविभागज्ञ: सोऽध्वर्यु: कृत्स्नमुच्यते।।

यजुर्वेद शुक्ल एवं कृष्ण दो भागों में विभाजित मिलता है। यजुर्वेद की 101 शाखाओं में शुक्ल या याजुष की 15 शाखाओं की प्राधानता मान्य है। परन्तु श्रीधर 27 शाखाओं के होने की विवक्षा रखते हैं। संभवत: पहले 21 शाखायें बनी एवं पश्चात् 86 शखायें। शबर ने वैशम्पायन को सर्वशाखाध्यायी कहा है। यजुर्वेद की माध्यन्दिन, काण्व एवं तैत्तिरीय शखायें आज भी संरकृत वाङ्मय में उपलब्ध मिलती हैं। इसका उपवेद धनुर्वेद माना जाता है। यजुर्वेद के स्वरूप एवं शाखाओं का परिमाण विश्लेषण विस्तृत रूप में शोधपत्र में लेखनीबद्ध किया गया है।

■ ■ ■

V - 79

यजुर्वेद में नैतिक उपदेश

डॉ. चित्तरंजन दयाल सिंह कौशल

ऋग्वेद के मन्त्र छन्दोबद्ध हैं। गद्यात्मक मन्त्र समुदाय को यजुर्वेद कहा जाता है। सामवेद के मन्त्र गानमय है। शैली की दृष्टि से वैदिक मन्त्रों का यही त्रिविध विभाजन वैदिक परम्परा में सर्वस्वीकृत है।

अथर्ववेद में भी छन्दोबद्ध एवं गद्यात्मक मन्त्रों की शैली समुपलब्ध होती है। ऋग्वेद को ज्ञानकाण्ड और यजुर्वेद को कर्मकाण्ड का ग्रन्थ माना जाता है।

यजुर्वेद के मन्त्रों में नैतिक उपदेश भरे पड़े हैं। 'भद्रं कर्णेमिः श्रृणुयाम' अर्थात् हम कानों से भद्र मंगलकारी वचन ही सुनें। 'मा गृधः कस्य स्विद् धनम्' अर्थात् किसी के धन पर मत ललचाओ। 'मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे' अर्थात् हम सब परस्पर मित्र की दृष्टि से देखें।

'ऋतस्य पथा प्रेत' अर्थात् सत्य के मार्ग पर चलो।

'तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु' अर्थात् मेरा मन उत्तम संकल्प वाला हो।

हे जीवन संग्राम में आगे बढ़ने वाले जन! तू आप अपने शरीर को कार्य करने में समर्थ बना, दूसरों की अपेक्षा न करता हुआ अपने शुभ कार्य को प्रारम्भ कर। किसी कार्य में दक्षता प्राप्त करने के लिए स्वयं विद्वानों के पास जाकर उनकी सेवा द्वारा ज्ञान प्राप्त कर। इस प्रकार नीति पूर्वक व्यवहार करने से तेरी महिमा अन्य किसी दूसरे के द्वारा नष्ट नहीं की जाएगी। उस उत्तम कार्य का श्रेय किसी को नहीं जाएगा और तेरा क५ई कुछ भी बिगाड़ नहीं सकेगा।

स्वयं वाजिंस्तन्वं कल्पयस्व स्वयं यजस्व स्वयं जुषस्वा महिमा तेऽन्येन न सन्नशे॥

हे प्रगतिशील शुभ गुणों से आच्छादित सुभूषित ब्रह्मचारिन्! तेरे तीन बन्धन मस्तिष्क में कहे हैं। तीन प्राणों के और तीन ही हृदयान्तरिक्ष में बताए गए हैं। हे श्रेष्ठ ब्रह्मचारिन्! इन नव बन्धनों से बंधा हुआ श्रेष्ठ आचरण वाला बन कर ही तू मेरा सत्कार करता है। लोग तेरे उत्तम आचरणों के कारण ही तुझे द्विज अर्थात द्विजन्मा कहते हैं।

त्रीणि तऽआहुर्दिवि बन्धनानि

त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे।

तेव मे वरुणश्छन्त्स्यर्वन्यत्रा

तऽआहुः परमं जनित्रम्॥

यहां शिखा, यज्ञोपवीत और मेखला रूप तीन बन्धों को लक्ष्य करके ब्रह्मचारी को ज्ञान प्राप्त कर उन्नति की चरम सीमा तक पहुँचने की प्रेरणा दी गई है।

■ ■ ■

V - 80

Science in the *Ṛgveda*

Dr. Joshi Mahadev Narayan Rao

The Vedas are the basis on which is developed Vedānta, religion, grammar, logic, figures of speech. The texts based on these topics have helped in the development of Indian ethics. Having this as the basis, Sanskrit language developed politics, economics, dramaturgy, poetics, musicology, architecture, medicine, astrology, sculpture, ethics, mathematics, Kāmasūtra, geometry etc. Systematic development of these branches of study has a firm basis in shaping Indian outlook. Evey branch of study has supporting documents to prove the veracity of statements made in them. Such is the treasure of Indian knowledge. Sanskrit, which is regarded as Devabhāṣā in the beginning, developed into a sweet and simple medium of communication intelligible to the best and common people. Sanskrit is now a vehicle of expression o human values helpful in social security as well as personal happiness. It has enriched itself in varied forms and styles of literature. Sanskrit literature is rich in allegorical short stories attracting the younger generation and helping to shape its moral and ethical values. Sanskrit has now its universal appeal and is spreading it educational faculties.

The Vedic seers, in the beginning, addressed Nature according to their, direct experience of their different duties. Fire burns, rains pour from space along with thunder and lightening. A hurricane blows causing havoc. Sun rises every morning. They closely observed this sunrise and narrated their experience as prayer. It is for this reason Ṛṣiṣ hailed Godhead according to His varied duties. They praised one Godhead in various forms taking into consideration the duties, performed by Him. Therefore, they thought, He is the only Godhead worth praising. Thus, monotheism gave place to pantheism. Forms in Nature have different presiding deities and so they may appear in human forms. This is considered as possible due to their ability and skill.

■ ■ ■

V - 81

Relevance of Feminine Aspect in Vedic Philosophy

Dr. Shashi Tiwari

This paper is to find out how the feminine aspect depicted in the Vedas was extended later in Upaniṣads, and Vedānta. Also, how does the early presence of Aditi in *Ṛgveda* is related to Śakti in Śivasūtras and Devī in Purāṇas. Initially the *Virāj* aspect discussed in the *Ṛgveda* (10/90/5) represents the feminine side of supreme power which comes out from Purusha for the purpose of creation. The *Mahimanaḥ* and *Svadhā* elements stated in the philosophy of the *Nāsadīya Sūkta o*f the *Ṛgveda* seem similar to this. It can also be related with *Vāk tattva* of *Ṛgvedīya Vāk-sūkta*. Aditi in *Ṛgveda* and *Atharvaveda* denotes the concept of 'undivided' entity which 'cannot be divided' - *A +Diti* (root do means to break), or which eats up all (root *ad* means to eat).The aspect which absorbs all or pervades all is called Aditi. She is called *Devatāmayī,* and *Devamātā* being the mother of all divinities and creator of all powers. Vedic gods represent various powers of cosmos and Aditi is their unified form.

In Upaniṣads, this collective power is called *Prakṛti, Avyakta, Avyakṛta* etc. In Vedānta it is Māya. Power remains in powerful so it cannot be separated from Brahman. In Vedic view change of *Kāraṇa* into *Kārya* is done by Śakti. It also transmits from one to another and remains in both at the same time. Similarly all powers are in fact forms of one integrated power called Aditi Devamātā. Śakti Cult and Śākta Tantra talk about 'Parā Śakti' that is also extension of the Vedic concept. Paper shows that the feminine aspect of Vedic thought is elaborated variously in many post- Vedic thoughts.

■ ■ ■

V - 82

Ṛgvedic Cosmology

Dr. Dharmaraj Adat

Cosmology is the study of the Universe as a whole and of its form, nature etc. as a physical system. It is closely related to philosophy and has been the venue of a violent struggle between materialism and idealism, between science and religion. Unity, diversity and discordance are the prime features of the Universe. As per the materialistic view, unity of the Universe lies in its materiality, in the fact that all things and all phenomena are various forms or properties of matter in motion. There is nothing in the whole Universe that is not a concrete form of matter, its properties and inter- relations. "But", writes I.Frolov, "the unity of the Universe should be understood as uniformity and homogeneity of its structure, as the simple repetition of what already exists on all possible spatial and and temporal scales. In accordance with the universal law of transition from quantity to quality in the process of the endless self development of matter, there emerged an infinite number of qualitatively different levels in the structural organisation of matter, at each of which matter possesses different properties and forms of motion. We now know several of these levels, from elementary particles to metagalaxy, which are only a small part of the diversity and infiniteness of the world. But this diversity presents no inseparable barrier to acquiring authentic knowledge of matter. Proceeding from the unity of natural phenomena and the universal qualities and laws of material motion, the human mind discovers in every finite phenomenon elements of infinite. The unity and diversity of the world are perceived through the universal and absolute in the properties laws of material being."

From time immemorial human mind stood stunned before this cradle of different complex manifestations. Even before the dawn of science and technology, human mind probed into its complexities. How this Universe is formed; how it is maintained and what is the end of all these? Thus, they formulated different theories like the theory of Creation and the theory of Natural generation. We can trace the seed of such theories even in *Ṛgveda,* the first and foremost literary treatise of human race, which orally transmitted from generation to generation. Some of these speculations are very simple, but some are very complex and mystic. Even though they approached the nature and its various manifestations with wonder like a child on the sea shore, they recognised its diversity, uniqueness and conflicting nature.

■ ■ ■

V - 83

Relevance of Sacred Vedic Teachings in Present Scenario

Dr. Narasingha Charan Panda

The *Veda* is the fountain head or repository of all knowledge and wisdom, an outline of the whole universe covering all the matters relating to animate and inanimate. The Veda inspires the law giver, as it is called the code of laws. It teaches all kinds of laws to the entire humanity for their prosperity in various fields. Hence, it is called a code book of all laws.

But, it is specially called a moral code for humanity; because, the moral law, which reminds man of his position in nature, is given in the unparalleled code of universal ethics of the hoary Veda, whose melodious music indelibly impresses it on the mind. Its study for a sufficiently long time habituates the mind to it in dealing with the concerns of daily life. Man then does not act like dumb and driven cattle, but goes about as a responsible member of society.

The *Veda* is a big ocean of treasure of moral and spiritual teachings. It teaches ethical values and moral obligations towards gods, seers, Brahmins, teachers, mother and motherland. The human being should always follow the moral and spiritual advices of the *Veda* for his well being as well as for the true prosperity of the mankind.

A detailed discussion will be made in this paper.

■ ■ ■

V - 84

Cakravāka Imagery in Gṛhyasūtras

Prof. Sulok Sunday Mohanty

The Gṛhyasūtras reflect the earliest attempt to record systematically various domestic rites performed during the *Sūtra* period. So far no *Brāhmaṇa* text has been noticed which ever exclusively dealt with the domestic ceremonies. It appears that while recording the ceremonies in their due sequence and systematising them, the Sūtrakāras tries to embellish with popular and natural observations.

The *Hiraṇyakeśī Gṛhyasūtra* (1.24.6) describes the consummation rites of the newly married couple in which the magic charm is recited by the husband to attain the concord that belongs to the Cakravāka bird. The *Atharvaveda* (14.2.64) also observes this concord prevailing in the couple of these birds. The imagery of Cakravāka bird being deeply attached to each other can be seen in the entire spectrum of Indian literature. The poets have embellished this imagery in their masterpieces to enrich their works while dealing with the aesthetic aspects. The paper deals with the imagery in particular and similar other in general, to reveal the relation between rituals and literary compositions which claim a very ancient origin.

■ ■ ■

V - 85

Secular Contexts in the *Ṛgveda*

Dr. Niranjan Jena

The *Ṛgveda* is the oldest literary monuments of human intelligence and feelings. The context of the *Ṛgveda* encompasses mostly invocations and prayers and eulogies to the deities of the successive generation of sages in the course of many centuries. They are the records of elevated thoughts of an age long past, spread over thousands of years representing invocations and incantations, mysteries and mysticism, religion and philosophy and metaphysics and science. Leaving aside these we also come across such contexts in the Ṛgvedic hymns which faithfully present the private day-to-day human beings. It is treated as the secular context which brings it nearer to common people reflecting their belief and thoughts. Among the secular hymns of the *Ṛgveda,* one of the most noteworthy of them is the long wedding hymns of the *Ṛgveda* (X.85). There are also five funeral hymns (X.14-18). Four of these are addressed to deities concerned with the future life. There are Dialogue hymns (IV.62; X.51, 52, 86,108 etc.), didactic hymns, riddles, cosmogonic hymns, the hymns dealing with geographical information, the hymns dealing with various occupations of people, the hymns or mantras intending entertainment or amusement, the hymns concerned with social recreation such as playing dice etc. are popular secular context of the then society which have a perceptual significance neither limited to any religion, caste, and creed nor to any region or time. In this paper an attempt is made to study the "Secular Contexts in the *Ṛgveda*" which shall be discussed.

■ ■ ■

V - 86

Some Special Traits of Late-Dated Upaniṣads of the *Atharvaveda*

Prof. Taraknath Adhikari

The Upaniṣads represent the highest peak of Vedic as well as Indian wisdom. Some thirteen Upaniṣads which are taken as the earlier or principal Upaniṣads, are extracted direct either from *Brāhmaṇa* and *Āraṇyaka* parts (except *Īśa Upaniṣad*) of the Vedas. They exhibit, more or less a unity of content, which concentrate on spiritual knowledge or paths) of renunciation.

But number of *Upaniṣad* is a problem to the scholar and no one knows the exact number. (*Muktikopaniṣad* counts - 108, Paul Deussen - 60, Colebrooke - 52, T.L. Shastri 188).

There are a big number of Upaniṣads attached to all the Vedas in later period. Late-dated Upaniṣads exhibit a variety of content and so many divisions are there and interestingly the number and variety go highest to the *Atharvaveda.*

Among the Ātharvaṇic Upaniṣads, we find five grand divisions 1. Old Vedāntic doctrines, 2. Yoga, 3. Sannyāsa, 4. Śaiva and 5. Vaiṣṇava etc. Apart from their own doctrines; the later Ātharvaṇic Upaniṣads show varied interesting subjects including anatomy of human body, process of producing offspring, dream, sleep, death, magic-formulae, so on and so forth.

In the proposed paper, a few such interesting subjects are to be explored in order to find out the myriad-mindedness of our ancient seers. At the same time, to show that Indian wisdom reflected its fleets in all physical and metaphysical matters in an unbroken tradition.

■ ■ ■

V - 87

Concept of Kāma in the *Atharvaveda*

Dr. Sachidananda Mahapatra

"The Veda of the Atharvans" which means "the knowledge of the magic spell" is otherwise known as the *Atharvaveda* (AV). The Atharvanic religion becomes more popular due to the fact that it touches the life-style of the people.

The descriptions of Kāma or love comprise a major part of the *Atharvaveda.* Kāma or desire in general and sexual desire in particular has been deified in this Veda. It (Kāma) is considered as a creator, on the same level as Eka, Sat, Brahman, Viśvakarman and Svayambhū (AV. 19.52.1,3) etc. Kāma is also identified with god Agni (AV. 9.2.19) since he produces fire or heat in the hearts of the lovers.

Kāma can paly a major role in the concept of a happy-home. According to the Atharvanic seers, love between men and women is not only natural but also quite necessary for the propagation of race and for real household happiness (14th *Kāṇḍa* of AV).

In the AV, Kāma has also been used as a negative force. To take revenge on the rivals, various charms (AV.6.138) were applied by the Atharvanic priests to make someone impotant or eunuch, to ruin the womenhood of a rival and to make the cowife childless etc.

Thus, Kāma as a Vedic god has played various role in the Atharvanic civilization. In the full paper an humble attempt is made to focus some light on this unique but quite interesting issue of Kāma in the *Atharvaveda.*

■ ■ ■

V - 88

Royal Ceremony in the Atharvavedic Literature

Srikanta Mandal

The Vedas indeed, are the light to the social and cultural life of entire human. Not only the Indian culture, but also the world culture is also influenced by the Vedas. Universal brotherhood, human welfare and universal prosperity have been grown up in the Vedas, unlike the other three Vedas the *Atharvaveda* (AV) involves more in earthly matters including medicine, culture and different social institutions including the concepts of political issues in Ancient India. One has to depend necessarily upon the ancillary literature belonging to the AV to understand properly the tradition of Atharvanic ideology and practices. As stated by *Caraṇabyuha,* ancillary literature belonging to the AV comprises of Brāhmaṇs, Upaniṣads, Sūtras, Kalpas, Lakṣaṇagranthas and Pariśiṣṭas. Among the Pariśiṣṭas, it is the most voluminous and plays significant role for the study of the AV. The AV Pariśiṣṭa also possesses an exegetical character. It contains 72 chapters with a lot of heterogeneous elements. In the AV Pariśiṣṭa there are a number of chapters on Royal ceremony (18), one kind of *prayoga* text on which the present dissertation is contemplated.

According to AV *Pariśiṣṭa* various ceremonies were to perform for the betterment of the king on various occasions throughout the year. The coronation of the king or *Rājābhiṣeka* was the first among these royal ceremonies. *Abhiṣeka* is a holy sprinkling meant for the kings at the time of coronation. From the perspective of the AV, the concept of 'Royal Ceremony' is very important and the royal matters were very much Atharvanic in character in Ancient Indian pre-history. Yet we know very little about the activities at the pre-history period of India. Even then, a number of unpublished texts are lying on this issue, like manuscript form from which we can gather the rituals related to royal ceremony. Thus, the texts which are related to 'Royal Ceremony' deserve special attention.

■ ■ ■

V - 89

Indian Music in the Modern Age: From Melody to Notation

Bisakha Goswami
Mr. Christian Poske

The invention of different techniques to preserve the tradition performing art in India has a very interesting and long history. It emerged during the Vedic period as a unique phenomenon in the form of rudimentary pitch notation enriching the process of music preservation in the following ages. Later, this process of music preservation through the transcription of melody into letters, numbers and symbols constructed an amazingly vast history full of incredible potentialities in the following Gandharva period and in the early medieval age. Proper explanations of the various techniques of preserving music and the aspects related to it, can be found in various textual documentations. The name of Vedic *Puṣpasūtra* might be regarded as the oldest document of musicological literature in Sanskrit containing the explanation of early musical notation in India. However, the complicated process of music transcription underwent significant changes through the ages. When cultural elements from the Middle East and Central Asia entered India during the Mughal rule in the Middle Ages, heterogeneous streams grew in the field of scholarly venture. Due to this reason, the systems of transcription changed in India. But whatever might be the technical problems and changed style of writing, sincere scholars continued the tradition of documentation of musical pieces and performance styles by the means of music transcription until present times. Since the 1800s, with the effect of western culture as well as with the innovative ideas of Indian and foreign musicologists, the traditional processes of transcription received a new impetus. The present paper is a sincere attempt to retrace the emergence of these modern transcription systems in the realm of Indian music.

■ ■ ■

V - 90

Dāsas and Dasyus in Vedas : A Socio-Cultural Analysis

Vanaja V.S

The *Ṛgveda* mentions some characters named Dāsas and Dasyus. These people are illustrated there as the enemies of Vedic people since they opposed the sacrificial cult of *Veda*. Dāsas are closely related with Dasyus in the *Ṛgveda*.

The very term Dāsa in the later period denotes slaves. But, Dāsa in *Ṛgveda* conveys an entirely different sense. Scholars opine that Dāsa was a proper name in early days and later on it attained the meaning of enemy or slave and the Ṛgvedic Dāsas and Dasyus were two different categories of people. Dāsas in *Ṛgveda* are described as the owners of fortresses and also wealthy landlords. Śambara, Pipru, Cumuri, Dhuni, Varcin etc. are prominent among Dāsas. Dasyus are another group of people who repeatedly appear in the *Ṛgveda*. They, like the Dāsas, were the antagonists of the sacrificial cult of Vedas. Dasyus were perhaps the most bitter enemies of Āryas than Dāsas There is a large number of references regarding the nature of beliefs and culture of Dasyus in the *Ṛgveda*. Dasyus are called as abrāhmaṇa, māyāvat, ayajña-s, anyavrata-s, akratu-s etc. by the Ṛgvedic poets. These abuses are significant as they point towards the difference in cultural practices and social customs. The narratives related with the leaders of Dāsa and Dasyu present a comprehensible picture regarding the cultural past of ancient India. The present paper attempts to analyse the ethnic identity of Dāsas and Dasyus and related categories in detail.

■ ■ ■

V - 91

Indistinguishable Application of *Stobha* in the *Sāmaveda*

Bhaskarnath Bhattacharyya

At the outset of this paper, it is very much pertinent to note that the entire tradition of Vedic literature is nothing but a sole cluster of consequential utterance and of which all the clusters of the same may be vice-clustered into some letters or syllables again of which each has a central connotation to explicate the fundamental inspiration of the complete cast. So Apastamba defined that *mantrabrāhmaṇayor vedanāmadheyam* means the Vedas are an album of the *mantra* (*śabda* = word) and *brāhmaṇa* (*artha* = meaning).

Actually the *stobhas* are also some clusters of letters having technical meaning of each and every letter hitherto as per tradition of the *Sāmaveda* is concerned. But the scholars are not unanimous to accept the meaning of the *stobhas*. Some say that the *stobhas* have no meaning to explain the Vedic mantras — *stobho'anarthakaḥ śabdasamūhaḥ*. Another section of the Vedic scholars are of opinion that the *stobhas* have also some meaning and importance to sketch the spirit of the Vedic tradition. However, the present paper intends to find out and establish the exact characteristic feature of the *stobhas*. In some other disciplines of Indian intellectual treasure, where the function and purpose of the *stobhas* are same with their different nomenclatures hitherto, as the said traditions are concerned.

■ ■ ■

V - 92

The Concept of Ecological Balance as Reflected in the *Pṛthivīsūkta* of the *Atharvaveda*

Dr. Bani Bhattacharyya

The Vedic people realised that to lead a safe, healthy and beautiful life man and even other animals also need a healthy environment. In the *Ṛgveda,* we get several hymns where the prayers have been uttered for the protection of their family members along with their pets and belongings. From those views, it is clear that the Vedic people were very much aware of the ecological balance. Crossing the age of the *Ṛgveda,* in the Atharvanic age also, we see the same concepts and ideas have been expressed in different hymns. The *Pṛthivīsūkta* (A. V. XII.I.I) is such hymn where the terrestrial region has been depicted with its natural wealth and prayers have also been uttered for protection of this wealth. But looking at the present scenario of the today's so called developed world, we see that a large number of selfish, covetous people misuse the natural wealth which endanger the life on earth, creating some basic problems e.g. the erosion of soil, the demolition of forests, the diminution of water level under the surface which indicate the destruction of the world in near future. In this perspective, these verses should be remembered to make the mass conscious about the ecological balance so that we can assure a healthy life for our next generations and protect the world from ruin.

■ ■ ■

V - 93

On the *Apāgha* Sūktas

Prof. (Mrs.) Vinaya Kshirsagar

चक्ष्यत्याह्लादयतीति, चद्यतेऽनेन वा 'छन्दः', छन्दस्तु काव्यशरीरमिति वचनात्सुनियोजितललितपद-

बन्धत्वं 'छन्दः', येन काव्यस्य (नाट्यस्य) चारुकाम्या काया सहृदयान्रसिकान्स्वमाधुर्य्यात् प्रलुभ्य ब्रह्मानन्दसहोदररससागरे तान्रसिकान्निमज्जतितराम्। कविताकामिनीयमालोडन-विलोडनाभ्यां विवशीकरोत्यपि, येन काव्य-सागरेऽस्मिन्विलोडनानन्दनिमग्नास्ते प्रमुग्धाः व्यामोहिता विगलितवेद्यान्तराः बुभुक्षां पिपासामपि विस्मृत्य तत्रैव तत्पराः काव्ये सुतरां रमन्ते।

''डिम'-सङ्घाते'- इति नायक-सङ्घातव्यापारत्मकत्वाद् डिमः'। षोडशदेवगन्धर्वरक्षोरगभूत-प्रेतपिशाचोद्धतनायकानां समूहात् सङ्घात् वै डिमोऽयं, रूपकविशेषः, यस्तु 'नाट्यशास्त्रादिलक्षणग्रन्थेषु दशविधरूपकेषु विशेषण परिगणितः।

वत्सराज- डॉ. रामजियावनपाण्डेयौ कलाभावपक्षोभयदृशा छन्दो विनियोजने परमं प्रावीण्यं सफलताञ्च प्राप्तवन्तौ, एतयोः कलायाःवर्तते प्रकर्षं, यदेतयोः प्रतिभाविलासाच्चमत्कारात्तु यत्किंचिदपि स्पृश्यते, तत्तु चारुचमत्कृतप्रशस्यमेव भवति, न किमपि हीयते, नवनवमेव भवति, न कालातीतं, न वा प्राचीनम्। कालोऽपि तज्जरयितुं न क्षमः, यतो हि 'कालञ्जरेयो वत्सराजः, अध्योध्यायाश्च 'साकेतको' वा डॉ. रामजियावन पाण्डेयश्च। तत्तु सदैव नव्यनूतनं प्रेरणास्त्रोतश्च भवत्येव यतोहि वसत्युभयत्र भगवान् कालञ्जरः भूताधिनाथः शिवः।

■ ■ ■

CS - 40

कालिदास-वाङ्मये पर्यावरणम्

मानवेन्द्र नाथः

महकविः कालिदासः एक एव कविः वर्तते यस्य कृतिषु पर्यावरणस्य निदर्शनं सर्वत्र परिलक्ष्यते।

अस्य षड्-रचनासु ऋतुसंहारे तु पूर्णरूपेण पर्यावरणेन सह प्रकृतिसाहचर्यस्य मणिकांचन-संयोगः संलक्ष्यते। अन्यत्रापि तदीये मेघदूते कुमारसंभवे, रघुवंशे, मालविकाग्निमित्रे, विक्रमोर्वर्शीये, अभिज्ञानशाकुन्तले च वनपशुपक्षि-नदी-तडागादीनां ऋतूनां च सजीवं वर्णनं प्राप्यते।

प्राणिनां सर्जने आकाशः वायुः जलम् अग्निः पृथ्वी चेति पंचभूतानां स्वरूपं उपपद्यते। मानवः तावत्पर्यन्तं सुरक्षितं यावत्पर्यन्तं इमानि सर्वाणि तत्वानि स्व तात्विकतायां संरक्षितानि।

कविशिरोमणिः एतत् रहस्यं स्वीकृतवान्।

प्रकृतेः मानवैः सह हृदयाह्लादकसम्मिश्रणं कालिदासकाव्येषु एव परिदृश्यते। ममायं लघुशोधप्रबंधः महाकवेः रचनासिंधुपरिशी-लन द्वारेण प्रकृतिः रक्षणोपायस्य अन्वेषणस्य प्रयासमात्रम्।

■ ■ ■

CS - 41

मृच्छकटिकम् में सामाजिक स्थिति

मनीषा कुमारी पाण्डेय

'मृच्छकटिकम्' शूद्रक की अमर कृति है। इस नाटक में प्राचीन भारतीय समाज का, आर्थिक व्यवस्था का वर्णन मिलता है। प्राचीन काल में जीवन के पुरुषार्थ अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष में अर्थ का विशेष महत्त्व था। महाभारत में अर्थ की महत्ता को स्वीकार करते हुए इसे जीवन का बहुमूल्य अंग माना गया है। यहां अर्जुन कहते हैं–गरीबी एक पाप है। जीवन के सर्वश्रेष्ठ कार्य धन–सम्पत्ति पर आधारित है, सम्पूर्ण धार्मिक कृत्य अर्थ पर ही निर्भर रहते हैं, सभी प्रकार के सुखों तथा स्वर्ग की प्राप्ति धन से ही संभव है। मृच्छकटिकम् के अध्ययन से भी यह स्पष्ट पता चलता है कि राज्य आर्थिक दृष्टि से समृद्धशाली था।

दरिद्रता की स्थिति में चारुदत्त की पत्नी के पास रखी हुई रत्नावली तत्कालीन सामाजिक परिस्थिति की ओर इंगित करती है। चारुदत्त मैत्रेय से कहता है कि इस रत्नावली को लेकर वसन्तसेना के पास जाओ, मेरी ओर से उसे विश्वास से यह कहना कि अपना समझकर हमने स्वर्ण–पात्र को जुए में हरा दिया। उसके बदले में यह यत्नावली ले लीजिए। आर्थिक व्यवस्था की दृढ़ता तब ज्ञात होती है, जब स्वर्ण की गाड़ी से खेलने की चर्चा प्राप्त होती है। वसन्तसेना की सम्पत्ति कुबेर के समान थी।

'मृच्छकटिकम्' में आजीविका के साधन निम्नलिखित थे– १. असिकर्म (२) मषिकर्म (३) कृषिकर्म (४) विद्याकर्म (५) शिल्पकर्म (६) वाणिज्यकर्म। वाणिज्यकर्म के लिए स्थल यात्राएं एवं सामुद्रिक यात्राएं करनी पड़ती थी। इन यात्राओं में लूट–पाट कर धन उपार्जन करने की व्यवस्था थी। इस प्रकार उस समय धन उपार्जन के लिए चौरकर्म की भी मान्यता थी। धन का खर्च वेश्याओं में भी किया जाता था।

'मृच्छकटिकम्' एक उच्चकोटि की रचना है। इसमें भारतीय जनजीवन एवं सामाजिक व्यवस्था का विस्तृत वर्णन मिलता है, इसकी कथा ललित एवं सारगर्भित है। इस निबन्ध का विस्तृत वर्णन शोध पत्र में समीक्षित होगा।

■ ■ ■

CS - 42

भास का जीवनवृत्त

मृत्युंजय कुमार

संस्कृत साहित्य के कवियों में जीवनवृत्त लिखने की परिपाटी प्राचीनकाल से नहीं रही है। यही कारण है कि कालिदास, अश्वघोष आदि कवियों की तरह भास ने भी अपने जीवनवृत्त के विषय में कुछ भी

नहीं लिखा है। किन्तु भास के ग्रन्थों में यत्र-तत्र बिखरी सामग्रियों से उनके जीवनवृत्त का विचार किया जा सकता है।

भास के जीवनवृत्त के सम्बन्ध में प्रसिद्ध है कि वह वैष्णवमतानुयायी ब्राह्मण थे। वे वर्णाश्रम धर्म के पोषक थे। यज्ञानुष्ठान के प्रति इनकी अपूर्व आस्था और ब्राह्मण तथा गौ के संरक्षण में कवि का आस्थावान् होना इनकी ब्राह्मणत्व की जिज्ञासा को और अधिक प्रबल बनाता है।

महाकवि भास की कृतियों के आधार पर इनके जीवनवृत्त के कुछ पहलू उजागर होते हैं- प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पांचरात्र और प्रतिमानाटक के मंगलाचरण में आशीर्वादात्मक वचन 'वः पातु' से सिद्ध होता है कि भास किसी राजसत्ता में निवास करने वाले राजकवि हैं। मंगल पद्यों से यह भी भासित होता है कि महाकवि भास विष्णु भक्त हैं और पांचरात्र दर्शन से सुपरिचित हैं। उन्होंने राम और कृष्ण को अवतार के रूप में वर्णित किया है। प्रतिमा और अभिषेक नाटक में राम तथा दूतवाक्य और बालचरित में कृष्ण के प्रति अपार श्रद्धा निश्चय ही नाटककार भास की वैदिक कर्मकाण्ड के प्रति अगाध आस्था को अभिव्यक्त करती है। वह धर्मभीरु, सकल शास्त्रों का ज्ञाता, विनीत, प्रत्युत्पन्नमति, हास्यप्रिय, शिष्ट, गुरुजनों का आज्ञाकारी एवं कुशल भाषणकर्ता सिद्ध होता है। महाकवि भास को चाटुकारिता से रहित स्पष्टवादी और राष्ट्रकवि के रूप में माना जा सकता है। इस निबंध का विस्तृत वर्णन शोध पत्र में समीक्षित होगा।

■ ■ ■

CS - 43

मृच्छकटिकम् में चित्रित तत्कालीन समाज का प्रतिबिम्ब

त्रिलोकी नाथ

नाटक संस्कृत साहित्य का एक गौरवपूर्ण अंग है। नाटकों में इस साहित्य को वह महत्त्व प्रदान किया है जिससे इसकी कीर्ति कौमुदी संसार भर में चमकने लगी है। यह संस्कृत नाटकों का ही प्रभाव है, जिसके कारण हम आज अपने प्राचीन भारत के रहन-सहन आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक उन्नति के बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मृच्छकटिकम् १० अंकों का एक प्रकरण ग्रन्थ है, जिसके अन्तर्गत तत्कालीन समाज का हमें सच्चा चित्र मिलता है। इस 'प्रकरण' में मध्यम वर्ग से कथा वस्तु चुनी गई है। उज्जैनी के मध्यम वर्ग के जीवन का स्वाभाविक वर्णन यहां किया गया है। मृच्छकटिक संस्कृत साहित्य का एकमात्र यथार्थवादी प्रकरण है। इसमें तत्कालीन समाज का यथार्थ प्रतिबिम्ब दृष्टिगोचर होता है। उसकी राजनैतिक दशा और सामाजिक अवस्था का वर्णन मिलता है तथा उसके

धार्मिक विश्वासों पर भी प्रकाश पड़ता है। इसके पात्र देव या दानव नहीं हैं, बल्कि उसके अपने समाज के ही चोर, जुआरी, धूर्त, राजसेवक, भिक्षु, पुलिस, कर्मचारी, गणिका, उदार, दरिद्र आदि हैं। लोकभाषा ही उनकी भाषा है। लोक व्यवहार उनका जीवन है। उस युग में उज्जैनी भारतवर्ष की एक समृद्ध नगरी थी, जहां पश्चिमी समुद्र के बन्दरगाह भरुकच्छ (वर्तमान-भड़ोंच) के साथ सीधा आवागमन का सम्बन्ध था। इसी मार्ग से विदेशी व्यापार होता था। राजशक्ति बहुत क्षीण थी। शासन बेहद कमजोर था।

जनरक्षण का इतना कुप्रबन्ध था कि शाम होते ही बड़े घरों की बहू-बेटियाँ घर से बाहर सड़क पर आने में भी भय खाती थी। नगर के रक्षक रक्षी पुरुष वहाँ अवश्य विद्यमान रहते थे, परन्तु मित्र की परख करने में अत्यन्त ढिलाई बरती जाती थी। राजा के इस कुप्रबन्ध के कारण ही घण्टों में सिंहासन उलट जाता था और दूसरा राजा आ धमकता था। नाटक में वर्णित राज परिवर्तन का रहस्य इसी दुर्बल राजशक्ति के भीतर छुपा हुआ है।

इस प्रकार मृच्छकटिकम् प्रकरण में उस समय के समाज एवं देश की जिन मूल अवस्थाओं, राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, कला, कौशल रहन-सहन आदि का पता चलता है। उनका विवरण इस शोध पत्र में प्रस्तुत किया जायेगा।

■ ■ ■

CS - 44

कादम्बरी में वर्णित उपदेश वाक्यों का व्यावहारिक उपयोग

लक्ष्मीनारायण

काव्य में रमणीयता या विशिष्ट चमत्कार को उत्पन्न करने के लिए कवि बीच-बीच में सूक्ति वाक्यों का प्रयोग करता है। उपदेशपरक वाक्यों का प्रयोग लौकिक काव्यों में ही नहीं, अपितु वेदों में भी विशिष्ट रूप से देखा गया है। यह उपदेशपरक वाक्य पाठकों के हृदय का अनुरंजन अपनी कमनीयता के कारण करते हैं तथा उनके मस्तिष्क की पुष्टि अपनी सुन्दर शिक्षा के द्वारा करते हैं।

कान्यकुब्जेश्वर सम्राट् हर्ष द्वारा वश्यवाणी कवि चक्रवर्ती की उपाधि से विभूषित कविरत्न बाणभट्ट द्वारा रचित कादम्बरी उपदेशपरक वाक्यों का आकर ग्रन्थ है। कादम्बरी दो भागों में विभक्त एक अतिद्वयी कथा है, जिसका पूर्व भाग बाणभट्ट द्वारा तथा उत्तर भाग उनके पुत्र पुलिन्द भट्ट द्वारा रचित है। यह ग्रन्थ गद्य साहित्य का समुज्ज्वल हीरक है। कादम्बरी कथा के प्रारम्भ में सूक्ति वाक्यों के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कवि कहता है कि-

सुभाषितं हारि विशत्यधो गलान्न दुर्जनस्यार्करिपोरिवामृतम्।
तदेव धत्ते हृदयेन सज्जनो हरिर्महारत्नमिवातिनिर्मलम्।।

अर्थात् जिस प्रकार सूर्य के शत्रु राहु के गले से अमृत नीचे नहीं उतरता है उसी प्रकार मनोहर सूक्त वाक्य दुर्जनों के गले से नहीं उतरता, किन्तु सज्जन उस सुभाषित को ही उसी प्रकार धारण कर लेता है जिस प्रकार विष्णु ने अत्यन्त स्वच्छ कौस्तुभ नामक मणि को धारण किया था।

अत: कहा जा सकता है कि इन उपदेशपरक मानव जीवन के आदर्शों को क्रियान्वित करना ही नहीं, अपितु सदाचार का पालन करना भी है। कादम्बरी के महाश्वेता वृत्तान्त, विदिशा वर्णन, उज्जैनी वर्णन कुमारपालित मंत्री आदि का वृत्तान्त शुकनासोपदेश आदि अनेक ऐसे प्रसंग जहाँ पर कवि अपने विचारों एवं कल्पना शक्ति के द्वारा पाठकों का उचित मार्गदर्शन करता है। बाण की कादम्बरी सचमुच एक प्रकार की चित्रशाला है जिसमें विभिन्न चित्रों की प्रदर्शनी लगी है।

उपर्युक्त विवेचन हमारे शोध पत्र का सार रूप है, जिसमें हमने कादम्बरी में वर्णित उपदेश वाक्यों का व्यावहारिक उपयोग नामक शीर्षक को उद्भाषित किया है। विस्तृत विवेचन शोध पत्र वाचन के समय प्रस्तुत किया जायेगा।

■ ■ ■

CS - 45

नैषधीयचरित में वर्णित राजधर्म

गीतिका सिंह

मानव जीवन के चरम लक्ष्य प्राप्ति के साधनों का नाम ही धर्म है। यह व्यक्ति के आचरण और व्यवहार की एक संहिता है जो उनके कार्यों को देश, काल, परिस्थिति के अनुसार व्यवस्थित, नियमित, संयमित और नियन्त्रित करता है। प्राचीन काल से ही धर्म भारतीय समाज का प्रमुख अंग रहा है–वेद, स्मृति, पुराण, धर्मसूत्र, गृह्यसूत्र, रामायण और महाभारत आदि ग्रन्थों में भी इसके महत्व एवं विभिन्न स्वरूपों का विवेचन किया गया है। धर्म के विभिन्न स्वरूपों में राजधर्म का अत्युच्च स्थान है, जिसका विवेचन अनेक ग्रन्थों में विस्तृत रूप से प्राप्त होता है। यह सुशासन का आधारस्तम्भ है। इसका एकमात्र उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है। सभी राजनीतिक संस्थाएँ इसमें साधन हैं। इसमें अधिकार की ही मांग नहीं अपितु कर्त्तव्य का ठोस क्रियान्वयन है। यह जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, पथ, लिंग से ऊपर विद्यमान सम्पूर्ण मानवता का सिद्धान्त है। इससे हीन राजा समाज एवं कुल का विनाशक होता है, उसका जैसा आचरण होगा उसकी प्रजा भी उसी प्रकार के आचरण का निर्वहन करेगी। इसके विपरीत जो राजा राजधर्म का पूर्णतया पालन करेगा उसके कुल एवं राज्य की प्रशंसा भी उत्कर्ष प्राप्त करेगी। उसकी प्रजा भी अच्छे आचरण से युक्त हो, उत्कर्ष प्राप्त कर आनन्दमग्न होगी, क्योंकि संयमित होकर राजधर्म का यथास्थिति पालन करने वाला राजा ही समाज का आदर्श माना जाता है। महाकवि श्रीहर्ष ने भी अपनी

कीर्तिपताका नैषधीयचरित में राजा नल के द्वारा परिपालित राजधर्म की सुन्दर समायोजना की है, जिसका हृदयाह्लादकारी वर्णन प्राप्त होता है–

पदैश्चतुर्भिः सुकृते स्थिरीकृते कृतेऽमुना के न तपः प्रपेदिरे।
भुवं यदेकांङ्घ्रिकनिष्ठया स्पृशन् दधावधर्मोऽपि कृशस्तपस्विताम्॥

इसी प्रकार प्रस्तुत काव्य में श्रीहर्ष ने राजा के कर्त्तव्यों–दया, दान, अतिथि सत्कार, अनुष्ठानादि से लेकर प्रजा की सर्वविध हितरक्षा और राजा के विशेष व्यापक अधिकारों को ध्यान में रखते हुए जिस राजतन्त्र की समर्थिका राजधर्म की चर्चा अपने महाकाव्य में की है, वह भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की परम्परा के सर्वथा अनुकूल है। इस तरह वेद, पुराण, स्मृति आदि में उत्कर्ष को प्राप्त राजधर्म का ही प्रस्तुत लेख में यथोचित वर्णन अपेक्षित है।

■ ■ ■

CS - 46

मेघदूत के आधार पर यक्ष का विरह : एक अनुचिन्तन

डॉ. खुशबू कुमारी

गीति या खण्डकाव्य के रूप में निरूपित महाकवि कालिदास की काव्यकला मेघदूत एक ऐसा काव्य है जिसके अन्तर्गत अलकापुरी में रहने वाले किसी यक्ष के विरह–युक्त मनोदशा का अपूर्व वर्णन किया गया है। नवीन भार्या के प्रेम में अत्यधिक आसक्त यक्ष अपने स्वामीभक्ति तथा कार्य से च्युत हो शापवश कुबेर द्वारा अलकापुरी से निर्वासित हो रामगिरि पर्वत पर निवास करता हुआ विरह से व्याकुल है। यक्ष का विरह अत्यन्त ही कारुणिक है। अपनी प्राणेश्वरी प्रियतमा से बिछुड़ने के शोक से उसकी शारीरिक एवं मानसिक मनोदशा अत्यन्त ही दुर्बल हो गई है। यक्षिणी से दूर रामगिरि के निर्जनगिरि के आश्रम में रहता हुआ कामुक यक्ष शोकाकुल होकर अपनी प्रियतमा की स्मृति में डूबा हुआ है। आषाढ़ मास के प्रथम दिवस में नवीन मेघ को देखते ही उसकी यह विरह–वेदना और बढ़ जाती है।

धीर प्रशान्त नायक के रूप में चित्रित यक्ष एक ही नायिका के प्रति आसक्त होने के कारण अनुकूल नायक है। अपनी भार्या के प्रति संदेश भेजने के लिए मेघ को दूत के रूप में अंगीकृत करता है। मेघ की संवेदनशीलता से यक्ष भूरिशः अभिभूत है, क्योंकि उसे ज्ञात है कि मेघ उसकी प्रेम वेदना को सही ढंग से तथा गहराई से समझ सकता है। अतएव वह संतप्तों के शरण रूप पयोद को यक्षेश्वर कुबेर की नगरी

अलकापुरी में भेजता है। कालिदास ने यहाँ मेघ प्रयाण के लिए जो पथ निर्दिष्ट किया है, वह स्नेह की शीतल छाया से ओत-प्रोत है। विरह की अवधि गणना में संलग्न पतिव्रता भ्रातृजाया को मेघ शीघ्रातिशीघ्र यक्ष का संवाद सुना दे यही उद्दिष्ट कार्य है। अतएव यक्ष की विरह वेदना अत्यन्त ही संवेदनशील है तथा यह अनेक कवियों द्वारा गवेषणीय प्रतीत होता है।

■ ■ ■

CS - 47

भवभूति का करुण रस : एक अनुचिन्तन

वसुधा

काव्य के आत्मतत्त्व के सम्बन्ध में आचार्यों की भिन्न-भिन्न मान्यताएँ प्राप्त होती हैं, जहाँ रसतत्त्व की मर्यादा सर्वोत्तम स्वीकृत है। कालिदासादि ने अपनी कृतियों में उसे अत्यधिक आस्वाद एवं रुचिकर बना दिया है। रसों में श्रृंगाररस के संपोषक अनेक कविवर हैं। किन्तु महाकवि भवभूति ने एक विशेष परम्परा को स्थापित करते हुए 'एको रसः करुण एव निमित्तभेदात्' द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिस प्रकार एक ही रूप वाला स्थिर जल अनेक प्रकार के भँवर, बुद्बुद तथा तरंग के रूप में परिवर्तित होकर भी अपने मूलावस्था में एक ही बना रहता है, ठीक उसी प्रकार एक ही करुण रस अन्य विभावादि निमित्तों से अनेक रसों का रूप धारण करता हुआ भी अपने मूल रूप में एक ही बना रहता है।

भवभूति ने "उत्तररामचरित" की रचना करुण के लिए ही की है। यह आद्योपान्त प्रवाहित होता हुआ ज्ञात होता है। प्रथम अंक में राम-सीता के भावी जीवन की योजना से उसकी भूमिका बँध जाती है और दूसरे अंक से उनके जीवन में उसका क्रियात्मक रूप में संचरण होने लगता है। राम पंचवटी में प्रवेश करते हैं और चिरकाल तक अनुभूतिजन्य स्थलों को देखकर अतीत की वे सारी स्मृतियाँ व्यथा बन कर करुण रूप में फूट निकलती हैं।

इसी प्रकार करुण रस अनेक स्थलों पर काव्य की गरिमा को बढ़ाता हुआ परिलक्षित होता है। काव्य का उद्गम स्थल करुण ही है। अतएव वाल्मीकि को आदिकवि के रूप में स्मरण करते हैं। सामान्यतः करुण रस सभी रसों का मूलतत्त्व है, जिसका उल्लेख भवभूति ने उत्तररामचरित के अन्तर्गत "एको रसः करुण एव निमित्तभेदात्" द्वारा किया है।

■ ■ ■

CS - 48

कालिदासकालीन राज्य व्यवस्था में राजा

प्राची केसरी

शासन व्यवस्था किसी भी राष्ट्र की समुन्नति का परिचायक तत्त्व है। प्राचीन समय में शासन व्यवस्था के वर्गीकरण का सबसे पहला प्रयास ऐतरेय ब्राह्मण में मिलता है। वैदिक साहित्य से लेकर स्मृति साहित्य तक एक ही शासन प्रणाली, राजतन्त्र का उल्लेख है। महाकवि कालिदास का राजतन्त्र शास्त्रीय नियमों से बँधा था, जिसका प्रमुख अधिकारी राजा होता था, जो अपने आमात्यों एवं गुप्तचर आदि अंगों के माध्यम से प्रजा पर शासन करता था। उसका मुख्य उद्देश्य प्रजापालन था। राजा राज्य को उपभोग की वस्तु न समझ कर उसे अपना कर्त्तव्य एवं धर्म समझता था।

यजुर्वेद में राजा को राज्य के सम्पूर्ण क्रियाकलापों का केन्द्र कहा गया है-क्षत्रस्य योनिरसि क्षत्रस्य नाभिरसि''। वह राज्य का प्राण एवं आत्मा है। राजा पद की निष्पत्ति यास्क ने ''राजृदीप्तौ'' धातु से मानी है। निरुक्त के टीकाकार दुर्गाचार्य का कथन है कि ''राजा आठ लोकपालों की मात्रा से निर्मित शरीर से प्रदीप्त होता रहता है।''

परन्तु कालिदास ने राजा शब्द की व्युत्पत्ति ही बदल दी। इस शब्द को एक नया अर्थ दिया। जैसे- चन्द्र (आनन्दित करना) धातु से बने चन्द्र शब्द का अर्थ है-सब को आह्लाद देने वाला, तप् धातु से बने तपन शब्द का अर्थ है-सब को तपाने वाला, उसी प्रकार रञ्ज् (प्रसन्न करना) से बने राजन् शब्द का अर्थ है- जनता को प्रसन्न करने वाला। निश्चित रूप से कालिदास राजा का प्रमुख धर्म -प्रजारञ्जन ही मानते थे।

यथा प्रह्लादनाच्चन्द्रः प्रतापात्तपनो यथा।
तथैव सोऽभूदन्वर्थो राजा प्रकृतिरंजनात्।।

फलतः राजा का सर्वप्रधान कर्त्तव्य प्रजा का रक्षण एवं पालन था। राज्य के शासन भार को एक बार अपने कन्धों पर उठा लेने के पश्चात् उसके लिए व्यक्तिगत सुख-दुःख के लिए कोई अवकाश शेष नहीं रह जाता। जिस प्रकार वायु रात-दिन गमनशील रहता है तथा शेषनाग अनवरत पृथ्वी को वहन करते हैं, उसी प्रकार राजा अपने दायित्वों का निर्वाह निरन्तर करता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि राजतन्त्र की प्रकृति सदैव प्रजा की अवधारणा से जुड़ी है, परन्तु इसमें सर्वप्रमुख राजा ही है।

■ ■ ■

CS - 49

वाल्मीकीय रामायण में सीता-अन्वेषण का रहस्य

मिथिलेश कुमार

महाकवि वाल्मीकि द्वारा प्रणीत आदि महाकाव्य 'रामायण' में भगवती सीता का अन्वेषण का प्रसंग बड़ा ही अलौकिक है। अयोध्यापति राजा दशरथ की पुत्रवधू भगवती सीता का लंका का राजा राक्षसराज रावण ने अपहरण कर लिया है। जानकी की खोज में भारत के राष्ट्रदूत वीर पुंगव हनुमान् प्रस्थान करते हैं। वस्तुतः सम्पूज्या सीता जी उनके जीवन में लक्ष्य स्वरूपा हैं। ज्ञानी जनों के लिए सीता जी शान्ति हैं- शान्ति सीता समानीता आत्मा रामो विराजते। भक्तों की दृष्टि में सीता जी मूर्तिमति भक्ति हैं-

सानुज सीय समेत प्रभु राजत परन कुटीर।
भगति ग्यानु वैराग्य जनु सोहत धरे सरीर।।

कर्मयोगियों के लिए सीता तुरीयावस्था हैं और शरणागत के लिए माता हैं। शान्ति सीता की खोज के लिए योगी हनुमान् को जागते रहना पड़ता है। रात्रि में ही उनका लंका प्रवेश होता है। निशाकाल में जब दुनिया सोती है, तब योगी जागता है। योगी का मुख्य लक्ष्य योग ही होता है। योग का अर्थ मिलाना है। इस तरह हनुमान जैसे योगी का दायित्व शान्ति-सीता को ब्रह्म श्रीराम से मिलाना है। वास्तव में शान्ति सीता का अन्वेषण वही कर सकता है, जो ब्रह्म का परम भक्त हो।

सीता अन्वेषण के तीन मार्ग हैं-राग, विराग और अनुराग। मोह से युक्त आसक्ति का नाम राग है और अनासक्ति का नाम विराग है तथा परमात्मा विषयक प्रेम का नाम अनुराग है। रामायण में परमात्मा विषयक प्रेम का नाम अनुराग है। रामायण में शान्ति सीता के अन्वेषक भी तीन ही हैं-रावण, राजा जनक और श्रीराम। राणव का मार्ग राग मार्ग है। हनुमान् का मार्ग है अनुराग और राजा जनक का मार्ग है- विराग।

सीता-अन्वेषण क्रम में ही श्रीराम के धनुष-बाण के चित्र अंकित विभीषण का भवन दिख पड़ता है। हनुमान् विभीषण से मिलते हैं और कुशलादि के पश्चात् सीता जी का पता भी उनसे प्राप्त हो जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से विचार करने पर विभीषण की भाव-विह्वलता एवं श्रीराम के प्रति समर्पण-भाव देखकर हनुमान् का हृदय विभीषण के प्रति प्रेमाह्लाद से भर जाता है और वे भगवान् श्रीराम के स्वभाव एवं उनकी भक्त वत्सलता का वर्णन कर विभीषण को अपने अनुकूल बना लेते हैं।

विभीषण के मार्गदर्शन से अशोक वाटिका में सीता के दर्शन होते हैं। सीता जी को श्रीराम की मुद्रिका प्रदान करते हैं तथा श्रीराम की कुशलता एवं पराक्रम का भरोसा दिलाते हुए उन्हें शीघ्र लंका से ले जाने

के लिए श्रीराम आयेंगे ऐसा सुनाते हैं। पुनः अत्याचारी, आतंकियों के नेता रावण की लंका जलाकर श्रीराम के पास लौट जाते हैं तथा सीता का रहस्य श्रीराम को बता देते हैं।

■ ■ ■

CS - 50

'ईश्वरविलास' महाकाव्य में वर्णित अश्वमेध यज्ञ

डॉ. स्मिता श्रीवास्तव

आमेर–जयपुर राज्य ने अनेक शासकों एवं संस्कृतियों को अपने हृदय में स्थान दिया है। यह राज्य लगभग एक सहस्त्राब्दी तक कछवाहा नरेशों द्वारा शासित रहा। ईश्वरविलास महाकाव्य इसी कछवाहा राजवंश के शासक महाराज पृथ्वीराज सिंह (१५०३–१५२७ ई.) से सवाई ईश्वर सिंह तक के राजाओं का इतिहास प्रस्तुत करता है।

कवि कलानिधि देवर्षि श्रीकृष्णभट्ट द्वारा विरचित ईश्वरविलास महाकाव्य एक ऐतिहासिक महाकाव्य है। इस महाकाव्य में अनेक प्रतापी राजाओं का वर्णन किया गया है। इस महाकाव्य में महाराज मानसिंह के पश्चात् सवाई जयसिंह ही सबसे पराक्रमी राजा हुए। महाराज सवाई जयसिंह की यशोगाथा केवल इसलिए नहीं गायी जाती कि वे एक वीर योद्धा और कुशल शासक थे, अपितु उनकी कृति का मूल कारण उनका कर्तृत्व है। उन्होंने प्रजा के हित के लिए और अपनी राज्यव्यवस्था को उत्तम बनाने के लिए बहुत से निर्माण कार्य कराए, साथ ही तमाम राजाओं के लिए अचिन्त्य अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान किया, जो वर्तमान काल के लिए अद्भुत और अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी।

ईश्वरविलासकार ने जयसिंह को पंचाधिकशताश्वमेधयाजी कहा है। जयपुर नरेश सवाई जयसिंह का अश्वमेध उनकी कीर्ति पताका का सुदृढ़ स्तम्भ है। जयसिंह के बाद इतिहास में अश्वमेध यज्ञ करने वाला नरेश नहीं हुआ। यह यज्ञ इस युग का अन्तिम अश्वमेध था। तथापि सम्भवतः पुष्यमित्र और समुद्रगुप्त ने अश्वमेध यज्ञ किया था। महाराज सवाई जयसिंह के इस अश्वमेध का वर्णन केवल ईश्वरविलास महाकाव्य में ही नहीं अपितु अन्य ग्रन्थों तथा उल्लेखों से भी जयसिंह कृत अश्वमेध यज्ञ प्रमाणित होता है। वाजपेय यज्ञ की दीक्षा से सम्राट् पद प्राप्त करने के अनन्तर जयसिंह को अश्वमेध यज्ञ करने की इच्छा हुई अतः उसने विद्वत्सभा बुलाई–

सम्पद्विवृद्धयैव विवृद्धहर्षः श्रद्धालुतां कर्मविधौ दधानः।
स वाजिमेधेन महामखेन विद्वत्सभां यष्टुमनाश्चकार॥

काशी की महापण्डित सभा से अनुमति पाकर सवाई जयसिंह ने अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान प्रारम्भ किया। इसमें काशी में उपाध्याय के रूप में प्रसिद्ध रामचन्द्र द्रविड़, व्यास शर्मा, यज्ञकर शर्मा, हरिकृष्ण शर्मा आदि विद्वानों ने भाग लिया, जिनका उल्लेख कवि कलानिधि ने ईश्वर विलास महाकाव्य में किया है।

■ ■ ■

CS - 51

वाल्मीकि रामायण में उपेक्षिता उर्मिला का परवर्ती साहित्य में वैशिष्ट्य

संगीता कुमारी

प्राचीनकाल से ही वेद, पुराण, उपनिषद् आदि में स्त्रियों को आधार बनाकर अनेक काव्यों की रचना हुई है। जहाँ स्त्रियों के पतिव्रत धर्म, शिक्षा, विवेक, गुण इत्यादि की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है। आदिकवि वाल्मीकि की अश्रुकण्ठ लेखनी से निःसृत रामायण भारतवासियों के लिए राजमार्ग है, जो मनुष्य को नीति, गुण, सद्व्यवहार इत्यादि की शिक्षा प्रदान कर उसे उत्कृष्ट जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है। रामायण में भी स्त्री पात्रों का काव्यानुकूल उचित वर्णन प्राप्त होता है, जहाँ पर कवि ने लक्ष्मण-पत्नी उर्मिला का भी वर्णन किया है। उर्मिला नाम से ही द्योतित होता है, जो हृदय को सबसे मिला लेती है वही उर्मिला है। कवि ने अपने काव्य में सीता को अत्युच्च स्थान प्रदान किया है, जिनके त्याग के समक्ष उर्मिला का त्याग अत्यन्त उपेक्षित प्रतीत होता है। यथा-जब राम, सीता, लक्ष्मण वनवास के लिए जाते हैं तब उर्मिला भ्रातृधर्म का पालने करने वाले अपने पति के साथ नहीं जाती, जिससे उनके भातृधर्म एवं माता-समान सीता की सेवा में किंचित् कमी अवशेष न रह जाये। अतएव वह अयोध्या में ही रुक कर कठोर तप का पालन करते हुए अपने सास-ससुर का पूर्ण निष्ठा के साथ सेवा करते हुए ब्रह्मचर्यपूर्वक जीवन व्यतीत करती है। ऐसी पतिपरायणा, धर्मपरायणा उर्मिला जैसी महान् स्त्री के सन्दर्भ में चतुर्विंशतिसाहस्री श्लोकात्मक रामायण में किंचित् श्लोकों में भी स्वतन्त्र रूप से उल्लेख प्राप्त नहीं होता है, जो उनकी उपेक्षित स्थिति को प्रदर्शित करता है। इसकी अपेक्षा हमारे परवर्ती संस्कृत साहित्य में अनेक कवियों ने उर्मिला को उत्कृष्टता प्रदान कर उनके चारित्रिक वैशिष्ट्य का अत्यन्त मार्मिक एवं हृदयग्राही विवेचन प्रस्तुत किया है, जिसका मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र में अपेक्षित एवं प्रासंगिक वर्णन किया जायेगा।

■ ■ ■

CS - 52

संस्कृत वाङ्मय में परामर्श पद्धतियाँ:विविध आयाम

राजेश कुमार

सभ्यता के विकास, वैज्ञानिक उन्नति, औद्योगिक क्रान्ति तथा जीवन के बदलते आर्थिक, सामाजिक एवं नैतिक परिवेश के परिणामस्वरूप आधुनिक जीवन में अमूल परिवर्तन घटित हुआ है। आज के प्रतियोगितावादी युग में मानव को मानव से ही नहीं, अपितु मशीनों से भी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है, जिसके फलस्वरूप मानव जीवन में अवसाद, विषाद, अन्तर्द्वन्द्व एवं वातारवण से अनुकूलता की क्षमता का अभाव आदि अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार भावातिरेक, प्रेमातिरेक एवं संवेदनाओं की अधिकता भी मनोविकारों को जन्म दे देते हैं।

अत: तनावग्रस्त जीवन में सामंजस्य तथा स्वस्थ मन मस्तिष्क के लिए मानव को उचित परामर्श की आवश्यकता है। आधुनिक मनोविज्ञान में इन परामर्श पद्धतियों को मनोपचार की संज्ञा दी गई है। संस्कृत वाङ्मय में ऐसे अनेक उदाहरण उपलब्ध होते हैं-जैसे पंचतन्त्र में विष्णुशर्मा के परामर्श द्वारा अमरशक्ति के पुत्रों की मूर्खता निवारण, भगवद्गीता में श्रीकृष्ण के द्वारा अर्जुन के अन्तर्द्वन्द्व एवं विषाद का निदान, त्रिपुरारहस्य में हेमलता द्वारा प्रेमातिरेक के कारण कर्त्तव्यच्युत हेमचूड़ की परामर्श द्वारा मनोचिकित्सा इत्यादि। यहाँ विभिन्न पात्रों द्वारा विविध मनोविकारों का उत्पन्न होना एवं उचित मनोवैज्ञानिक परामर्श के माध्यम से इन समस्याओं का निदान भी प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से संस्कृत वाङ्मय के ऐसे विविध उदाहरण प्रस्तुत किए जायेंगे जिनसे एक ओर जहाँ संस्कृत वाङ्मय की मनोवैज्ञानिक परामर्श पद्धतियों के विविध आयामों के विषय में जानकारी प्राप्त होगी, वहीं दूसरी ओर ये उदाहरण आधुनिक मनोचिकित्सकों का मार्ग प्रशस्त करने में भी सहायक सिद्ध होंगे।

■ ■ ■

CS - 53

महाकवि कालिदास के नाटकों में चित्रकला

ज्योति बाला

सरिताएँ जिस प्रकार रत्नाकर समुद्र में गिरकर आश्रय लिए हुए हैं, सूर्य में जिस प्रकार समस्त तारागण-नक्षत्रादि का आश्रय है और ब्रह्मा के साथ ऋषियों का आश्रय है, उसी प्रकार चित्रकला समस्त कलाओं की आश्रय-स्थली कही गई है।

महाकवि कालिदास के नाटकों में सर्वप्रथम 'मालविकाग्निमित्रम्' में चित्रकला का उल्लेख अनेक स्थलों पर हुआ है। चित्र में चित्रित मालविका को देखकर राजा अग्निमित्र का उसके प्रति आसक्त हो जाना चित्रकार की अनिर्वचनीय निपुणता का द्योतक है। चित्र को इतनी कुशलता से चित्रित किया गया था कि उसे देखते ही ज्ञात हो जाता था कि चित्र में चित्रित स्त्री अनुपम सुन्दरी ही होगी। उस समय चित्रकला सिखाने के लिए आचार्य होते थे तथा आजकल की भाँति उस समय भी चित्रों की प्रदर्शनी लगती थी।

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में चित्रकला का अनेकशः उल्लेख हुआ है, यथा-नाटक की प्रस्तावना में नटी के मधुर गीत का ऐसा प्रभाव पड़ता है कि सूत्रधार कह उठता है कि आर्ये! तुमने बहुत अच्छा गाना गाया। ओह! तुम्हारे राग ने सबका दिल चुरा लिया है। इस समय यह नाट्यसभा किसी चित्रकार की मिश्रित चित्र की भाँति शोभा दे रही है। राजा दुष्यन्त शकुन्तला के अनुपम सौन्दर्य की प्रशंसा करते हुए कहता है कि ब्रह्मा द्वारा पहले उसे मन से चित्र में चित्रित किया गया होगा तथा चित्र के दोषमुक्त हो जाने पर ही उसमें उनके द्वारा प्राणों का संचार कर दिया गया होगा। इसी प्रकार प्रियंवदा एवं अनुसूया चित्र देख कर ही शकुन्तला को आभूषण पहनाती हैं। दुष्यन्त स्वयं एक कुशल चित्रकार हैं। भ्रमर से डरी हुई तथा हाथ से दूर हटाती हुई शकुन्तता के मनोभावों को रेखाओं द्वारा अभिव्यक्त कर पाना, उसके चित्र में फूलों के आभूषण बनाना तथा तपोवन के समीप मालिनी नदी के रेतीले तट, हिमालय पर्वत की चोटियाँ, हस्तिद्वन्द्व तथा वल्कल वस्त्र भी चित्रित करना चित्रकार की सूक्ष्म दृष्टि एवं अप्रतिम प्रतिभा का परिचायक है। अतः संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि कालिदास के नाटकों में चित्रकला सम्बन्धी सामग्री पर्याप्त रूप में उपलब्ध होती है।

■ ■ ■

CS - 54

संस्कृत रूपकों में वर्णित शकुन-अपशकुन : एक विश्लेषण

जहाँ आरा

निमित्त और शकुन का प्रभाव प्राचीनकाल से आज तक चला आ रहा है। संस्कृत रूपकों में भी शकुन-अपशकुन का प्रभाव जनजीवन पर दिखाई पड़ता है। शकुनों को प्राचीनकाल में प्रचलित मान्यताओं तथा मापदण्डों पर आँका जाता था। शकुन को सफलता का संकेत तथा अपशकुन को असफलता का संकेत माना जाता था। संस्कृत रूपकों में भावी शुभ-अशुभ घटनाओं के सूचक के रूप में कतिपय शकुन-अपशकुन का वर्णन मिलता है और इनके सत्यापन के कोई तार्किक पक्ष न होने के

कारण ये तत्कालीन समाज के अन्धविश्वासों की ही अभिव्यक्ति करते प्रतीत होते हैं। वर्तमान में भी कुछ ऐसी ही स्थिति है। इन शकुन–अपशकुनों के प्रति सामान्यजनों की कितनी गहरी आस्था थी वह संस्कृत रूपकों के अध्ययन से स्पष्ट होता है। शोध पत्र में इस विषय के ऊपर विस्तृत रूप से चर्चा की जायेगी।

■ ■ ■

CS - 55

आचार सम्बन्धी नीतिपूर्वक मान्यताएँ : नीतिशतक के सन्दर्भ में

बिपेन शर्मा

मनुष्य ज्यों ही शैशव को पार करता है त्यों ही उसे कर्त्तव्य आ घेरते हैं और ऐसे घेरते हैं कि जब तक वह जीवित, स्वतन्त्र और अनुन्मत्त रहता है तब तक उनसे मुक्त नहीं हो सकता, क्योंकि ये कर्त्तव्य उसे अनेक परिभागों में रहते हुए पालने करने पड़ते हैं। मानव की मानवता जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त नीतिगत आदर्शों पर ही आश्रित है। जैसे समाज में रहकर मनुष्य का कैसा आचरण होना चाहिए, किन गुणों से वह आदर एवं सम्मान प्राप्त कर सकता है तथा कौन से दुराचरण उसके पतन का कारण बन सकता है, इत्यादि।

भर्तृहरि के नीतिशतक में आचार सम्बन्धी मान्यताओं का वर्णन मिलता है। आचार सम्बन्धी मान्यताओं में मनुष्य के शील सम्बन्धी सदाचार और सज्जन तथा दुर्जन के आचरण सम्बन्धी विवरण प्राप्त होता है। नीतिशतक में शील सदाचार को ही मनुष्य का सर्वोत्कृष्ट आभूषण माना है, क्योंकि सज्जनता, वीरता, ज्ञान, शास्त्र, धन, तप तथा धर्म आदि का मूल कारण शील ही है, जिस व्यक्ति के पास सदाचार है उसे अन्य आभूषणों की आवश्यकता नहीं पड़ती। शील ही मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण है।

सज्जन और दुर्जन के आचरण का वर्णन करते हुए नीतिशतक में यह वर्णित है कि महापुरुष विपत्ति में अपने मन का सन्तुलन नहीं खोते। अधिक उन्नति होने पर भी उनमें क्षमा, सहिष्णुता आदि गुण अपने आप आकर समा जाते हैं। सभा में चतुराई से बोलना, युद्ध में पराक्रम दिखाना, यश में रुचि रखना तथा वेदशास्त्र को पढ़ने में लीन रहना, महात्माओं के आचरण के स्वाभाविक लक्षण होते हैं। इसी प्रकार दुर्जन व्यक्तियों से कभी भी किसी को कुछ लाभ नहीं प्राप्त हो सकता और उनकी स्वभाव सिद्ध बातों को कोई नहीं बदल सकता है। दुर्जन व्यक्ति किसी पर भी करुणा नहीं करते तथा बिना कारण ही अन्य लोगों से झगड़ लेते हैं, परस्त्री तथा धन के प्रति उत्सुक हो जाते हैं और सज्जनों तथा बन्धुजनों की उन्नति को सहन नहीं करना यह उनके स्वभाव सिद्ध लक्षण हैं, जिन्हें कभी बदला नहीं जा सकता।

■ ■ ■

CS - 56

संस्कृत महाकाव्य की प्रवृत्तियाँ : एक नवीन विश्लेषण

डॉ. सुलेखा देवी

संस्कृत साहित्य के महाकाव्यों में जीवन की सर्वांगीणता का दर्शन होता है। महाकाव्यों का अनुशीलन करने पर ज्ञात होता है कि सभी महाकाव्यों की अपनी-अपनी कुछ प्रवृत्तियाँ हैं अर्थात् अपना कुछ उद्देश्य है। प्रस्तुत निबन्ध में मैंने संस्कृत के प्रमुख महाकाव्यों की प्रवृत्तियों को उजागर करने का प्रयास किया है।

महर्षि वाल्मीकि रचित आदि-महाकाव्य 'रामायण' में महाराजा श्रीराम के आदर्श चरित्र का गुणगान किया गया है। इसमें भारतीय गृहस्थ-आश्रम में त्यागमय जीवन का आदर्श मिलता है। व्यास रचित 'महाभारत' पुरुषार्थ-चतुष्टय के अतिरिक्त 'आनृशंस्यं परो धर्मः' का आदर्श स्थापित करता है। 'कुमारसंभव' में कार्तिकेय द्वारा तारकासुर-वध द्वारा दुर्नीति पर सुनीति का विजय संदिष्ट है। वहीं 'बुद्धिरचित', सौन्दरानन्द' तथा 'पद्यचूड़ामणि' में अश्वघोष ने भगवान् बुद्ध के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारवि रचित 'किरातार्जुनीयम्' में अर्जुन द्वारा पाशुपतास्त्र प्राप्ति रूप साधन से दुर्जन पर सज्जन की विजय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 'हयग्रीववध' में विष्णु द्वारा हयग्रीव का वध, 'रावणवध' में राम द्वारा रावण का वध, 'शिशुपालवध' में श्रीकृष्ण द्वारा शिशुपाल का वध तथा 'हरविजय' में शिव के द्वारा अंधकासुर जैसे आततायी का वध करना ही कवि का मुख्य उद्देश्य है। 'कप्फिणाभ्युदय' में कप्फिण के अभ्युदय का तथा 'धर्मशर्माभ्युदय' में १५वें तीर्थंकर धर्मनाथ जी के सद्गुणों का वर्णन करना कवि का उद्देश्य है। राघवपाण्डवीय' में श्लेष अलंकार द्वारा राघव और पाण्डवों के सद्गुणों का वर्णन तथा 'रामचरितमानस' में राम के चरित का गुणगान करना कवि का लक्ष्य है। महाकवि क्षेमेन्द्र ने दशावतार चरित्र में मत्स्यादि दश अवतारों द्वारा मोक्ष प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया है। मंखक रचित 'श्रीकण्ठचरित' में त्रिपुरासुर का वध तथा 'नैषधीयचरित' में पुण्यश्लोकी राजा नल का त्यागमय जीवन उपस्थान ही कवि का उद्देश्य प्रतीत होता है।

उपर्युक्त महाकाव्यों की आलोचना से यह प्रतीत होता है कि अधिकांश महाकाव्यों की रचना का उद्देश्य प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से पुरुषार्थ-चतुष्टय का निरूपण ही है। कतिपय महाकाव्य है जिनका उद्देश्य वैयक्तिक अभ्युदय से सम्बद्ध है। लेकिन अलग-अलग रूप से पुरुषार्थ-चतुष्टय में सन्निहित अर्थ और काम से सम्बद्ध महाकाव्यों की रचना नहीं हुई। मोक्ष प्रतिपादक महाकाव्यों का तो सर्वथा अभाव ही है। हाँ, जगत्-कल्याण के लिए धर्म-सम्बद्ध महाकाव्य अधिकाधिक लिखे गये।

■ ■ ■

CS - 57

भास एवं भवभूति के नाटकों में श्रृंगार रस : एक अनुशीलन

डॉ. गौरी नाथ राय

भास एवं भवभूति संस्कृत साहित्य के दो महत्त्वपूर्ण विभूति हैं, जिन्होंने अपने नाटकों में श्रृंगार-रस को प्रधान-रस बना कर समाज को आह्लादित किया है। भास ने स्वप्नवासवदत्ता, चारुदत्त तथा अविमारक नाटक में श्रृंगार-रस को अंगी रस बनाया है, वहीं भवभूति ने सिर्फ मालतीमाधव में श्रृंगार रस को अंगीत्त्व प्रदान किया है। दोनों नाटककारों ने अपने नाटकों में श्रृंगार के विप्रलम्भ तथा सम्भोग दोनों रूप अपनाये हैं, फिर भी उन्होंने विप्रलम्भ-श्रृंगार को ही प्रधानता दी है।

भास एवं भवभूति दोनों की काव्यशैली भिन्न होने तथा कथावस्तु का आधार पृथक् होने से रसाभिव्यक्ति में भिन्नता तो है, किन्तु समान रस के प्रयोक्ता होने से दोनों में परस्पर समानता भी स्वाभाविक है। भवभूति के नाटकों पर भास की कृतियों की स्पष्ट छाप है, किन्तु भवभूति की कल्पना-शक्ति में बहुत से नये तत्त्वों का समावेश हुआ है।

भास के श्रृंगार-रस प्रधान स्वप्नवासवदत्तम् नाटक में नायक उदयन तथा नायिका वासवदत्ता की अद्भुत प्रणय-कथा चित्रित है। इसमें पद्मावती के प्रणय सम्भोग श्रृंगार की अनुभूति तो कराते हैं, किन्तु भास ने यहाँ वासवदत्ताजन्य वियोग एवं तद्जन्य विप्रलम्भ श्रृंगार को ही अंगीत्त्व प्रदान किया है। भास के 'चारुदत्तम्' में नायक चारुदत्त तथा नायिका गणिका वसन्तसेना की एवं 'अविमारक' नाटक में नायक अविमारक तथा नायिका कुरंगी की प्रणय कथा वर्णित है। यहाँ भास ने श्रृंगार के सम्भोग एवं विप्रलम्भ दोनों पक्षों का मनोहारी सन्निवेश किया है।

भवभूति ने 'मालतीमाधव' प्रकरण में श्रृंगाररस को अंगीत्त्व प्रदान करते हुए मालती एवं माधव की प्रणय कथा का ऐसा रस-पेशल रूप प्रदान किया है, जिसमें सम्भोग एवं विप्रलम्भ उभय-विध श्रृंगारों की सफल अभिव्यक्ति हुई है, फिर भी इसमें विप्रलम्भ श्रृंगार के वर्णन प्रभावशाली रहे हैं। इस शोधालेख में श्रृंगार-रस की दृष्टि से दोनों नाटककारों के साम्य या वैषम्य तथा उनकी नाटकीयता पर रस-तत्त्व के प्रभाव की विशद विवेचना की गई है।

■ ■ ■

CS - 58

'दूतवाक्यम्' रूपक में मिथक का विनियोग

प्रा. उर्वी पी.दवे

खगोलीय या भौगोलिक घटना देखने पर अपनी बुद्धि से या मन पर हुए संस्कारवश मानव मन विभिन्न कल्पना करने लगता है। कल्पना से अभिरंजित अनुभूति रूप देता है। जैसे कि जल भरे बादलों में दमकती हुई बिजली को देखकर वैदिक ऋषि ने इन्द्र–वृत्त युद्ध का स्वरूप दिया है। यही है मिथक का जन्म स्थान।

मिथ–मिथक परसे Mythology का प्रचार हुआ और प्रतीक, रूपक, देवत्त्व, असुरत्त्व आदि मिथक के माध्यम बने। मिथक का प्रथम स्वरूप ''पुराकल्पन'' है, उससे पुरा कथा और पुराण का जन्म होता है। एक मिथक से अनेक मिथकों का स्वरूप पा सकते हैं।

'दूतवाक्यम्' में उपेन्द्र द्वारा नमुचिकावध, दुर्योधन द्वारा कृष्ण का स्वागत नहीं करने का आदेश, मंत्रशाला में कांचुकीय का श्रीकृष्ण पर अनाचार का आरोपण, चित्रपट दर्शन, सन्धि–वार्ता में दुर्योधन पर श्रीकृष्ण का प्रभाव, पाण्डु–पुत्रों के जन्म विषयक दायार्ध अधिकार, नियोग द्वारा धृतराष्ट्र और पाण्डु का जन्म, श्रीकृष्ण को बन्दी बनाने का दुर्योधन का आदेश, विश्वरूप दर्शन, आयुधों का आगमन और प्रतिगमन, धृतराष्ट्र द्वारा श्रीकृष्ण की क्षमा याचना जैसे प्रसंगों में भास द्वारा मिथक का विनियोग इस शोध पत्र में बताया गया है।

■ ■ ■

CS - 59

'विक्रमोर्वशीयम्' नाटक में प्रेमतत्त्व

यशवंत महाले

''विक्रमोर्वशीयम्'' राजा पुरुरवा और स्वर्ग की अप्सरा उर्वशी के ऐकान्तिक प्रेम पर आश्रित नाटक है। उर्वशी के प्रेम में निमग्न उन्मत्त पुरुरवा के प्रलाप का चित्रण करने में कवि ने अपनी काव्य पटुता का श्रेष्ठ निदर्शन किया है। प्रेम और प्रणयोन्माद ही इस नाटक के प्रमुख प्रतिपाद्य विषय रहे हैं।

पाँच अंकों में विभक्त ''विक्रमोर्वशीयम्'' नाटक राजा पुरुरवा के प्रेमी और विह्वल चित्त की कथा है। सूर्यपूजा से लौटते समय पुरुरवा केशी नामक राक्षस से उर्वशी का उद्धार करता है, उर्वशी के अभिनव

दिव्य सौन्दर्य को देखकर राजा उसकी ओर आकृष्ट होता है, दूसरी ओर उर्वशी भी उसकी सुन्दरता और शौर्य पर मुग्ध हो जाती है। वह भूर्जपत्र पर एक प्रेमपत्र लिखकर राजा के पास भेजती है, यहीं से प्रेम का संचार प्रारम्भ हो जाता है। इन्द्र की राजसभा में लक्ष्मी का अभिनय करते समय, उर्वशी पुरुरवा में अनुरक्त होने के कारण पुरुषोत्तम के स्थान पर ''पुरुरवा'' बोल जाती है, इस प्रमाद के कारण उसे भरतमुनि के शाप का भाजन होना पड़ता है और वह स्वर्ग से मर्त्यलोक आती है। देवराज इन्द्र ने उर्वशी के प्रति उदारता के कारण शाप का प्रभाव, राजा पुरुरवा द्वारा उसके पुत्र का मुख देखे जाने तक सीमित कर दिया है। इस प्रकार राजा और उर्वशी का मिलन होता है। राजा की पत्नी भी अपनी स्वाभाविक उदारता से इस मिलन में सहयोग करती है।

राजा उर्वशी के साथ विहार करता हुआ गन्धमादन पर्वत पर जा पहुँचता है। यहाँ उर्वशी पुनः अपने प्रमाद के कारण एकलता के रूप में परिणित हो जाती है। राजा उसके वियोग में पागल हो जाता है। नदियों, पर्वतों, वनों और लताओं से वह अपनी प्रेयसी के विषय में पूछता है। इस बीच राजा को गौरीचारण निमित्त संगमनीय मणि प्राप्त होती है। इस मणि के चमत्कार से पुनः लतारूप में अवस्थित उर्वशी अपने पूर्व रूप में राजा को प्राप्त होती है। अन्त में इसी मणि के माध्यम से उर्वशी के पुत्र का पता लगता है। अब उर्वशी स्वर्ग लौटने को तत्पर होती है। उसी समय देवर्षि नारद वहाँ आकर उर्वशी को देवराज इन्द्र की आज्ञानुसार पुरुरवा के पास ही रहने का आदेश देते हैं और तब उनका समागम स्थायित्व को प्राप्त कर लेता है।

■ ■ ■

CS - 60

कालिदास के काव्यों में धार्मिक चेतना

डॉ. अरविंद एच. नंदाणिया

महाकवि कालिदास भारत के ही नहीं विश्वसाहित्य के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। काव्यमर्मज्ञों ने तथा सहृदयरसिकों ने कविता कामिनीविलास, कविकुलगुरु, दीपशिखाकालिदास, कनिष्ठिकाधिष्ठित कहकर कालिदास की महत्ता को एक स्वर से स्वीकार किया है। महाकवि कालिदास की प्रसिद्धि उपमा के प्रयोग में, सजीव प्रकृति–वर्णन में, श्रृंगार रस की प्रवाहिता में तथा सहज मनुष्य की अवस्थाओं के वर्णन में विशेष रूप से मानी जाती है। वैदर्भी रीति में धनी इस महाकवि ने संस्कृत साहित्य को सात कालजयी कृतियाँ देकर कृतकृत्य किया है, जिनमें दो महाकाव्य, दो खण्डकाव्य और तीन नाटकों का समावेश होता है।

कालिदास के काव्यों में सार्वभौमिकता का जो भाव विद्यमान है वह केवल उसकी मानवीयता एवं विषयव्यापकता से ही आविर्भूत नहीं होता, अपितु उसका कारण यह भी है कि कालिदास काव्यात्मक भाव और काव्यात्मक शैली दोनों के समर्थ स्वामी हैं। योग्य पदयोजना, मूर्ति-विधान, शब्दगत ध्वनि-ये सभी काव्य-तत्त्व बहुलता से और विविध, नवीन एवं आवर्जक रूपों एवं मिश्रणों में उनकी कृतियों में दृष्टिगोचर होते हैं। उनके काव्यों में कलात्मक चेतना और काव्यात्मक भावना एवं कल्पना में पूर्ण तादात्म्य देखा जा सकता है। इसीलिए उनका काव्य न कभी अवरोधित होता है और न कभी त्वरित। वेदों के लिए कहा गया वाक्य ''न ममार न जीर्यति'' कालिदास के काव्यों में भी सार्थक सिद्ध होता है।

इस प्रकार कालिदास के काव्यों में सहृदय वाचकों को और गवेषकों को जिन तत्त्वों की आवश्यकता होती है वे सभी प्राप्त हो जाते हैं। प्राय: संस्कृतज्ञ संशोधक कालिदास के काव्यों का साहित्यिक दृष्टि से या रमणीयता के सन्दर्भ में मूल्यांकन करते हैं, लेकिन मैं इस शोध पत्र में धार्मिक परिप्रेक्ष्य में कालिदास के काव्य कितने उपकारक हैं इस विषय को प्रस्तुत करने का प्रयत्न कर रहा हूँ।

मनुष्य के जीवन में धर्म का बड़ा ही महत्त्व माना गया है। मनुष्य की दिनचर्या में, व्यवहार में, विचारों में भी धर्म का कहीं न कहीं समावेश आया है। यहाँ धर्म से तात्पर्य है-जीवन में धारण करने योग्य आवश्यक तत्त्व। कालिदास ने इन तत्त्वों का प्रचुरता से प्रतिपादन अपने काव्यों में किया है। पुरुषार्थचतुष्टय में कालिदास अर्थ और काम की तुलना में धर्म को विशेष महत्व प्रदान करते हैं। इस प्रकार इस शोध पत्र में इस विषय का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया जायेगा।

■ ■ ■

CS - 61

वाल्मीकि रामायण की दृष्टि से समसामयिक समस्याओं का समाधान

डॉ. सरोज कुमार शुक्ल

भारतवर्ष का समस्त प्राचीन ज्ञान संस्कृत में है। भारतीय चिन्तन परम्परा में वैदिक साहित्य के पश्चात रामायण काल आता है। वाल्मीकि कृत यह ग्रन्थ अध्यात्म विषयक चिन्तन, मान्यताओं तथा परम्पराओं सम्बन्धी विविध विषयों को अपने में सजोए हुए है।

सम्प्रति समाज में मानव स्वयं की स्वार्थ सिद्धि को पूर्णता प्रदान करने के लिए ऐसे अनेक कर्मों का सम्पादन करने हेतु प्रतिक्षण तत्पर रहता है, जिससे समाज में समस्याओं की स्थिति उत्पन्न होती है। इन समसामयिक समस्याओं में आतंकवाद, भ्रष्टाचार, दुर्व्यसन, नैतिक मूल्यों का ह्रास, कुप्रशासन, अशिक्षा, पर्यावरण ह्रास इत्यादि प्रमुख समस्याएँ हैं जो भयावत रूप में समाज के विकास में बाधक बनी हुई हैं।

वाल्मीकि रामायण में इन समसामयिक समस्याओं का समाधान निहित है। रामायण में नीति सम्बन्धी अनेक उद्धरण प्राप्त होते हैं। रामायण में निहित इन तत्त्वों को जन सामान्य के विचारों में अन्तर्निहित करके समकालीन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

प्रस्तुत शोध पत्र में रामायण में निहित विभिन्न उद्धरणों के आधार पर साम्प्रतिक समस्याओं के समाधान सम्बन्धी विचारों को प्रस्तुत किया जायेगा।

■ ■ ■

CS - 62

क्षेमेन्द्र के लघु काव्यों में वर्णित कला और कलाविद्

डॉ. (श्रीमती) मीना शुक्ला

विविध प्रकार के काव्यों और काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों के रचना-स्थान कश्मीर में क्षेमेन्द्र जैसा एक ऐसा रचनाकार हुआ जिसने काव्यशास्त्रीय परम्परा में अकाट्य औचित्य सिद्धान्त की स्थापना करने के अतिरिक्त विविध काव्यों के माध्यम से तत्कालीन समाज का रूप तो प्रस्तुत किया ही, साथ ही आगे आने वाले समाज को भी प्रतिबिम्बित कर डाला। उनके तीस से अधिक लघु काव्यों में अनेक काव्य ऐसे हैं जिनमें प्रायः साक्षात् अथवा प्रकारान्तर से कलाओं और उनके कलाविदों का उल्लेख हुआ है। उनके एक काव्य का नाम ही है 'कलाविलास'।

पाणिनीय धातु-पाठ के अनुसार गति और संख्यान अर्थ में पठित 'कल्' धातु से कला शब्द निष्पन्न माना जाता है। इस कला के द्वारा सहृदय लोकोत्तर अवस्था में गमन करता है। 'कं सुखं लाति इति कला'। इस निरुक्ति के अनुसार कला सुख या आनन्द प्रदान करती है। कलाओं की परिगणना वैदिक काल से लेकर बाद के संस्कृत के श्रेण्य-काव्यों में प्राप्त होती है। यजुर्वेद के एक ही मन्त्र में हमें उनतीस प्रकार के कलाविदों का उल्लेख मिलता है। वात्स्यायन ने चौसठ कलाओं का निर्देश कर के एक नूतन धारा को प्रवाहित किया, जिसके आधार पर बहुविध रूप में चौसठ कलाओं का परिगणन किया जाने लगा।

महाकवि क्षेमेन्द्र ने अपने अनेक काव्यों में कलाओं और कलाविदों को उल्लिखित किया है, जिनमें कई कलाएँ ऐसी हैं जिन्हें कला नहीं मानकर लोगों को वंचित करने का साधन माना जाएगा। उनका कलाविलास काव्य इसी तरह का है जिसमें कुल २७२ कलाओं की चर्चा है जिनमें ६४ वेश्याओं की, १६ कायस्थों की, ६४ धूर्तों की और ६४ चतुरजनों की है।

क्षेमेन्द्र के काव्यों में प्रायः सभी परम्परागत कलाओं और उनके कलाविदों का उल्लेख मिलता है। स्थापत्य कला का विस्तृत विवेचन क्षेमेन्द्र ने किया है, जिनमें भित्ति कला और मूर्ति कला आदि को भी

समाहित किया जा सकता है। भित्तियों पर अथवा अन्यत्र भी चित्रकला के सुन्दर नमूनों का विवरण प्राप्त होता है। समय मातृका में आठ प्रकार के रंगों–केसरिया, सिन्दूरी, कुमकुम, लाक्षा, मजीठिया, गेरुआ, पीला, नीला का उल्लेख है। वहीं पर किस प्रकार की चित्रकारी में कैसा रंग लगायी जाये इसकी भी चर्चा की गई है। वात्स्यायन द्वारा उल्लिखित ६४ कलाओं में से अनेक कलाओं की चर्चा क्षेमेन्द्र ने की है। कपड़ों पर कशीदाकारी आदि सूक्ष्म कलाएँ प्रचलन में थीं। सोना, चाँदी, ताम्बा, लोहा, शीशा तथा मणियों के द्वारा कलाविद् विविध प्रकार की वस्तुओं का निर्माण करते थे। चर्मकला का भी पूर्व विकसित रूप क्षेमेन्द्र के काव्यों में मिलता है। कुम्भकारों के द्वारा बनाए जाने वाले विविध पात्रों का तो उल्लेख मिलता ही है, मिट्टी के आभूषण भी बनाए जाते थे। क्षेमेन्द्र के काल में नृत्य, गीत एवं वाद्य कला का भी उत्कृष्ट स्वरूप प्राप्त होता है।

■ ■ ■

CS - 63

भर्तृहरि तथा सार्वलौकिक नीति और सदाचार

सुधीर कुमार

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब हम सार्वलौकिक नीति और सदाचार की प्रासंगिकता पर विचार करते हैं तो हम पाते हैं कि हर एक समाज, राष्ट्र और मानव जाति का एक ध्येय होता है, और जब तक वह ध्येय आक्रान्त नहीं होता, तब तक वह समाज–राष्ट्र और मानव जाति जीवित रहती है–चाहे जो संकट क्यों न आए। पर ज्यों ही वह ध्येय नष्ट हुआ कि समाज–राष्ट्र भी ढह जाता है। भर्तृहरि की चिन्तक दृष्टि मानव के समक्ष यह विचार रखती है कि मनुष्य तभी इस समाज में रह सकता है, जबकि वह समाज की पंक्ति में एकरस होकर काम किया करे। प्रस्तुत जीवन में आनन्दोपभोग की इस रस्साकशी में हर एक आदमी को शामिल होना पड़ता है, अन्यथा वह मर जाता है। मानव को अपनी दो मूल प्रवृत्तियां काम और क्रोध पर पूर्ण नियंत्रण कर ही इस भावी वैश्विक संदर्भ में होना होगा।

समाज तथा राष्ट्र को सदाचार का पाठ पढ़ाने तथा ''वसुधैव कुटुम्बकम्' के मार्ग का अनुगामी बनाने के लिए हम बुद्धिशील मनुष्यों को ही सार्थक पहल करना होगा। अनवरत श्रम इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु उसमें असीमित महत्वाकांक्षा और मन में कभी भी तृप्त न होने वाला उत्साह एवं सफल होने का दृढ़ निश्चय ही इसका प्राण है।

मानव के जीवन का आधार ही सुदृढ़ भविष्य है। जीवन के प्रति सकारात्मक सोच ही भविष्य के प्रति आश्वस्त होना सिखाती है। भविष्य वर्तमान से निकलने वाली किरणें हैं। भर्तृहरि की दार्शनिक दृष्टि हमें

अपने बुद्धि और विवेक स्तर को परिमार्जित और परिनिष्ठित करने का निर्देश करती है, क्योंकि यह बुद्धि ही वस्तुतः हमारे विकास-स्तर का निर्धारण करती है। स्थिर मनचित्त वाले व्यक्ति को बुद्धि का आदेश समझ में आ जाता है और इस आदेश का निर्देशन प्राप्त कर तद्नुकूल आचरण करने वाला व्यक्ति कदापि अनुचित कार्य नहीं करता है।

■ ■ ■

CS - 64

दृश्यकाव्य की नायिका राधा का स्वकीयात्वमण्डन

डॉ. नौनिहाल गौतम

राधा-कृष्ण को मुख्य भूमिका में रखकर अनेक नाट्य ग्रन्थ रचे गए हैं। कुछ नाट्य ग्रन्थों में राधा स्पष्ट रूप से कृष्ण की स्वकीया नायिका है, किन्तु कुछ में वह अन्य गोप की परिणीता स्त्री बतायी गयी है। इस कारण उसके कृष्ण के प्रति स्वकीया नायिकात्व पर संशय उत्पन्न हो जाता है। वृषभानुजानाटिका, कृष्णलीलानाटिका, मुकुन्दलीलामृतनाटिका आदि में राधा स्वकीया नायिका है, किन्तु ललितमाधवनाटक तथा विदग्धमाधव नाटक आदि में राधा कृष्णेतर जन की परिणीता कही गयी है, इसकारण राधा कृष्ण के प्रति परकीया नायिका प्रतीत होती है।

वस्तुतः राधा का अभिमन्यु गोप से विवाह हुआ ही नहीं है। वह तो कंस के भय से योगमाया ने अभिमन्यु गोप से राधा के विवाह का झूठा प्रपंच फैलाया है, जिससे कंस को धोखा दिया जा सके। इसके अतिरिक्त स्वयं को पति मानने वाले अभिमन्यु आदि गोपों की उन राधा आदि कुमारियों के प्रति जो पत्नी-भावना है, वह केवल ममतामात्र ही है, क्योंकि उन कुमारियों को आँखों से देखना तक भी उन विवाहित पतियों के लिए अति असम्भव है। इस प्रकार राधा के परपत्नीत्व का निषेध होकर श्रीकृष्ण के प्रति नायिकात्व सिद्ध होता है, क्योंकि राधा आदि गोपियाँ तो कृष्ण की नित्यप्रिया हैं। योगमाया ने राधा और अभिमन्यु के विवाह का भ्रम उत्पन्न कर दिया था। राधा का पाणिग्रहण करने में कृष्ण के अतिरिक्त दूसरा व्यक्ति समर्थ नहीं है। उसका पाणिग्रहण तो कृष्ण के साथ पूर्व निश्चित है। इस प्रकार जिन नाट्य ग्रन्थों में राधा कृष्णेतर गोप की परिणीता कही गयी है, उन ग्रन्थों में भी राधा के परकीया भाव का निवारण हो जाता है, साथ ही राधा कृष्ण के प्रति नायिका सिद्ध होती है। स्वकीया नायिका के शीलार्जवादि गुण विद्यमान रहने तथा वयोमुग्धा, काममुग्धा, रतिवामा तथा कोपमृदु होने के कारण राधा मुग्धा स्वकीया नायिका है। कृष्ण के प्रति राधा के स्वकीया नायिका भाव को पुष्ट करना इस शोध पत्र में अभीष्ट है।

■ ■ ■

CS - 65

साहित्य और संस्कृति

श्री ऋषि देव सिंह

'साहित्य' ज्ञान का वह भण्डार है, जिसमें हित की भावना सन्निहित होती है। साहित्य का हित चिन्तन समस्त विश्व के लिए होता है। साहित्य के द्वारा ही हम अपनी सभ्यता और संस्कृति से परिचय प्राप्त करते हैं। साहित्य में लोक भावनाओं का सही प्रतिनिधित्व होता है। जिस काल में जनता की जैसी विचारधारा होती है, वैसा ही परिवर्तन साहित्य में दिखाई देता है। मानव साहित्य का निर्माण अपने तथा समाज के लिए करता है, इसलिए साहित्य सामाजिक विषय है। समाज का उत्थान और पतन दोनों में साहित्य का अपूर्व योगदान रहता है। साहित्य समाज का दर्पण है। साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं दीपक भी है। साहित्य सामाजिक जीवन का चित्रण के साथ–साथ समाज को आगे बढ़ाने में प्रेरणा और गति प्रदान करता है। 'संस्कृति' से अभिप्राय उन नैतिक आदर्शों से होता है, जिन पर किसी समाज का जीवन निर्भर करता है। धार्मिक विश्वासों और सामाजिक लोकाचारों के रूप में संस्कृति की धारा निरन्तर प्रवाहित रहती है। भारतीय संस्कृति ईश्वर और धर्म में पूर्ण आस्था रखती है।

'आत्मवत् सर्वभूतेषु' के सिद्धान्त के अनुसार सभी प्राणियों को अपना जैसा समझना, निष्काम कर्म करते हुए समस्त संसार के हित के लिए तत्पर रहना तथा दिव्य ज्ञान की प्राप्ति में तल्लीन रहना भारतीय जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सम्पूर्ण सुखों का त्याग कर आत्मोत्सर्ग के द्वारा धर्म और नीति की रक्षा करना भारत के प्रत्येक समर्थ नागरिक का प्रमुख कर्त्तव्य है। साहित्य, शिक्षा और संस्कृति में निकट सम्बन्ध है। व्यक्ति का विकास इनका सामान्य लक्ष्य है। आवश्यकता है अधिक समय खोए बिना शिक्षा की समुचित व्यवस्था की, जो नवयुवकों में अपनी संस्कृति के प्रति प्रबल प्रेम जगाते हुए उन्हें नैराश्यजनित, खिन्नता एवं अनुशासनहीनता से बचाकर स्वदेश की संस्कृति के सबल संरक्षक होने का गौरव जागृत करे।

■ ■ ■

CS - 66

कालिदास के ग्रन्थों में नारी सौन्दर्य : एक अध्ययन

निशा मिश्रा

महर्षि अरविन्द का कथन है कि वाल्मीकि, व्यास और कालिदास भारतीय इतिहास की अन्तरात्मा के प्रतिनिधि हैं और सब कुछ नष्ट हो जाने के बाद भी इनकी कृतियों में हमारी संस्कृति की प्रभुता सुरक्षित रहेगी।

कालिदास के सन्दर्भ में विविध भाषाओं में विविध दृष्टिकोण से बहुत कुछ लिखा गया है, परन्तु यही

तो इस कवि की अद्वितीयता है कि इतना कुछ लिखे जाने के बाद भी जब इनके काव्य का अवलोकन किया जाता है तो लगता है कि अभी बहुत कुछ कालिदास को कहना शेष रह गया है। रूप का विलास जब यौवन से सम्पुट होता है तो वह मोहिनी चमत्कार मण्डित हो पाता है। कालिदास यौवन को शरीर की लता का स्वाभाविक श्रृंगार और मदिरा के बिना ही मन को मतवाला बनाने वाला कामदेव के बिना फूलों का बाण मानते हैं। पार्वती का रूप भी यौवन के संस्पर्श से वैसे ही खिल उठा जैसे तूलिका से उपयुक्त रंग का स्पर्श पाकर चित्र या सूर्य की किरणों का स्पर्श पाकर कमल का फूल खिल उठता है।

यौवन जन्य इस सौन्दर्य को व्युर्विभक्त नवयौवनेन कालिदास ने विभक्त पद से अभिव्यंजित किया है। शोभा और सौन्दर्य के नवयौवना के इस विभेदीकर्म को कालिदास ने विशेष मान दिया है। नारी सौन्दर्य चित्रण में कालिदास ने अपनी नायिकाओं में नख-शिख वर्णन मात्र पार्वती का किया है। यद्यपि मालविका, उर्वशी, यक्षप्रिया आदि के अंग वर्णन को भी यत्किंचित् चित्रित किया है, किन्तु पार्वती जी का नख-शिख तक का बड़ा ही सुन्दर वर्णन किया है। प्रस्तुत शोध पत्र में उपर्युक्त विषय का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया जायेगा।

■ ■ ■

CS - 67

संस्कृत काव्यों में अपराध एवं दण्ड व्यवस्था : एक अध्ययन

डॉ. संयोगिता

'अपराध' शब्द अप उपसर्ग पूर्वक 'राध्' धातु से घञ् प्रत्यय के योग से निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ है-दोष, पाप अथवा किसी को कष्ट देना। मनुष्य जब सामाजिक तथा राजनीतिक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसका कृत्य 'अपराध' कहलाता है। जब समाज में अपराध प्रसारित होने लगता है तो जन सामान्य में असुरक्षा का भाव स्थिर होने के कारण मानव जीवन सुचारु रूपेण व्यतीत नहीं हो पाता, अतः समय-समय पर नीति-निर्धारकों द्वारा अपराध की रोकथाम हेतु दण्ड व्यवस्थाएँ कृत अपराध की श्रेणी अनुसार बताई गई हैं, जिससे कि भविष्य में पुनः अपराध न होने पाए।

हमारे प्राचीन ज्ञान का आगार संस्कृत भाषा में निबद्ध है। इस भाषा में स्मृति ग्रन्थ, वेद, पुराण, रामायण, महाभारत, कौटिलीय अर्थशास्त्र आदि ऐसे ही ग्रन्थ हैं जिनमें कृतापराध हेतु दण्ड व्यवस्थाओं का वर्णन प्राप्त होता है। महाकवि कालिदास प्रणीत रघुवंश नामक महाकाव्य में राजाओं के न्याय की प्रशंसा करते हुए कहा गया है- 'यथाऽपराधदण्डानां यथाकाल-प्रबोधिनाम्'। अतः हमें अपनी प्राचीन दण्डव्यवस्था को निर्दुष्ट समाज की कल्पना हेतु ग्रहण करने की आवश्यकता है, जिसकी चर्चा शोध पत्र में विस्तार से की जायेगी।

■ ■ ■

CS - 68

सनातन धर्म कलियुग में तंत्रशास्त्र

पं. रमानाथ झा

सनातन धर्मावलम्बी जो धर्मशास्त्र प्रचलित हैं, उन सबका परम उद्देश्य ब्रह्म स्वरूप की प्राप्ति है। मन्वादि अनेक धर्मशास्त्रोक्त अनेक देवी-देवताओं की पूजा जिस प्रकार केवल ब्रह्म प्राप्ति का कारण है ऐसे ही सनातन धर्मशास्त्र भी वेदार्थ के जानने का अनुपम उपाय भिन्न-भिन्न देवताओं की आराधना करने की विधि है। इस प्रकार सबको अपने-अपने कुल देवताओं की आराधना करनी चाहिए, परन्तु किसी दूसरे देवता की निन्दा करना कभी उचित नहीं है। भगवद् गीता में श्रीकृष्ण की उक्ति है-'श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः पर धर्मात् स्वनुष्ठितात्, स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः' इत्यादि का अभिप्राय यह है कि उत्तम अनुष्ठान युक्त पराये धर्म की अपेक्षा अपना धर्म हिंसा, दोष से दूषित होने पर भी श्रेयस्कर एवं सुन्दर है, क्योंकि तन्त्रशास्त्र में अंकित है कि 'उड्डयानपीठात् जीवः प्रविशति तथा कामरूप-पीठात् निःसरति'। शरीर में चार पीठ होते हैं-काम वासना प्राप्ति स्थान कामरूप पीठ, पेट जालंधर पीठ, हृदय पूर्णगिरि पीठ, शिर उड्डीयान पीठ 'चतुर्पीठसंयोगः देहः' इति।

वेद, स्मृति, पुराणादि के आधार पर ही तन्त्र साहित्य एक अनुपम उत्कृष्ट साधन है, जिसे अभिनव गुप्त ने स्पष्ट करते हुए तीनों रेखाओं का भाग त्रय कहा है- १. अश्वक्रान्त २. रथक्रान्त और ३. विष्णुक्रान्त। इस प्रकार तन्त्र तीन भागों में विभक्त है, जो सम्प्रदाय के नाम से जाने जाते हैं। कुल तन्त्रों की संख्या १९२ है, जो (६४ X ३=१९२) सम्प्रदाय में प्रचलित हैं।

■ ■ ■

CS - 69

मिथिला की संस्कृति एवं अध्यात्म

प्रो. नमोनाथ ठाकुर

मानवीय चिन्तन के इतिहास में मिथिला का स्थान सम्पूर्ण भारतवर्ष में अद्वितीय रहा है। मिथिलांचल की पवित्र धरती इस विशाल भारत का वह पवित्र भूखण्ड है, जहाँ की पवित्र एवं महिमामण्डित आध्यात्मिक परम्परा एवं संस्कृति की जड़ें इतनी मजबूत एवं गहरी हैं कि मुस्लिम सभ्यता के नौ सौ वर्ष पुरानी शासन एवं ईसाई सभ्यता के दो सौ वर्षों का शासन भी इसे तोड़ नहीं सका। बिहार प्रान्त के अधीन

शस्य श्यामला मिथिला का यह भूभाग आपसी सद्भावना एवं सहिष्णुता के केंद्रस्थल के रूप में अपने सम्पूर्ण राज्य एवं देश में एक अनूठा मिशाल है। कई आघात एवं प्रतिघातों के बावजूद इसकी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परम्परा पूर्ववत् विद्यमान है।

धार्मिक कट्टरता एवं पारम्परिक रीति–रिवाज मिथिला संस्कृति का महान् गौरव है, जो यहाँ पर बसे प्रत्येक नागरिक के हृदय में आज भी विद्यमान है। जिसे न तो आधुनिकता के चकाचौंध उत्कर्ष ने ही बदल पाया, न ही अनेकों सामाजिक एवं राजनीतिक उथल–पुथल ही।

यह क्षेत्र सीता सुनयना की हवेली एवं जनक याज्ञवल्क्य का पुण्य दरवाजा है जहाँ जनक, याज्ञवल्क्य, गौतम, कणाद, जैमिनी, कपिल एवं विद्यापति शरीखे ऋषि–मुनियों ने अपने पवित्र आध्यात्मिक कर्मों से सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र को सींचा है, जिससे आज भी यह भूमि आध्यात्मिक कर्मों द्वारा प्रकाशित है। इस भूमि की यह आध्यात्मिक गरिमा है कि यहाँ की मिट्टी में ही भगवान् निवास करते हैं। यही कारण है कि इस धरती की कहीं से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर भगवान् आशुतोष की मूर्ति बना ली जाती है एवं प्रातःकाल तथा सायंकाल नियमित रूप से पूजा की जाती है, जो मिथिलाञ्चल की मर्यादित परिपाटी है।

■ ■ ■

CS - 70

आधुनिकता के परिवेश में संस्कृत भाषा की प्रासंगिकता

प्रो. देवेन्द्र झा 'दीन'

भारत के पुण्य धराधाम की उपज संस्कृत भाषा अन्य सभी भाषाओं की सम्मानित जननी है जिसके शीतल एवं सुखद गोद में समस्त मानव जाति मानवता का प्रथम पाठ आदिकाल से लेकर अद्यपर्यन्त पढ़ता आया है। इतिहास साक्षी है कि संस्कृत भाषा की बीजभूमि भारतवर्ष ही है, जिसके फल एवं फूल हम भारतीय हैं। समाज, राष्ट्र या मानवता के उत्थान के लिए जो समस्त गुण किसी भाषा में होने चाहिए वे सभी गुण संस्कृत भाषा में सम्पूर्ण रूप से विद्यमान हैं। संस्कृत भाषा ने अपनी विभिन्न आध्यात्मिक तथा अमूल्य सांस्कृतिक कृत्यों द्वारा मानव जाति के सामने एक मंगलमय प्रगतिशील समाज का सुन्दर नक्शा प्रस्तुत किया है। इसलिए पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि "मुझसे यदि पूछा जाय कि भारत की सबसे बड़ी सम्पदा या धरोहर क्या है तो मैं निःसंकोच कहूँगा कि वह भारत की संस्कृत भाषा एवं साहित्य है, जिसमें सम्पूर्ण ज्ञान निहित है"। प्रातःकाल सोकर उठने के बाद से रात्रि में सोने के समय तक संस्कृत के ताने–बाने में ही हम जीवन बिताते हैं।

यद्यपि परिवर्तन की तेज दौड़ एवं आधुनिकता के चकाचौंध में संस्कृत भाषा को दिशाहीन एवं

मर्यादाहीन करने का कुत्सित प्रयास कई आधुनिक विध्वंसकारी एवं विघटनकारी तत्त्वों द्वारा कई बार किया गया, किन्तु भगवान् शंकर के डमरु से जन्म लेने का गौरव प्राप्त इस पवित्र भाषा को देवशक्ति मिल गयी, इसलिए देवभाषा के सम्मान से सम्मानित संस्कृत भाषा अपनी शान एवं परवान पर आज भी कटिबद्ध है एवं ज्ञान-विज्ञान के उद्‌गमस्थल के रूप में राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं भातृत्व का सन्देश समस्त मानव जाति के बीच अपने अमूल्य कृत्य वेद-पुराण, स्मृति, रामायण, महाभारत, गीता आदि के माध्यम से सम्पूर्ण भारत के धराधाम पर बिखेर रही है।

प्रस्तुत निबन्ध में मैंने यह दर्शाने का प्रयास किया है कि आधुनिकता के इस घिनौने वातावरण में संस्कृत भाषा ही एक ऐसा पतवार है जिसके सहारे हम अपनी जीवन की नैया मानवोचित कर्मों के आधार पर चला सकें।

■ ■ ■

CS - 71

संस्कृत शास्त्र में बिहार का योगदान

डॉ. बासुकी नाथ झा

वैदिक युग हो या स्मृति पुराणों का काल या फिर ज्ञात ऐतिहासिक काल, प्रत्येक समय में संस्कृत विद्या के क्षेत्र में बिहार का योगदान अविस्मरणीय है। प्राच्य विद्या के प्रशस्ति से भरा-पूरा अनेक परिवारों के ललित ललाम का लीला क्षेत्र यह बिहार प्रान्त आदिकाल से लेकर अद्यपर्यन्त अपनी सांस्कृतिक गरिमा एवं ओजस्वी ज्ञान-विज्ञान से महिमामण्डित रहा है।

यहाँ के विद्वानों ने संस्कृत-साहित्य के धर्म, दर्शन, वेद, वेदान्त, न्याय, मीमांसा, धर्मशास्त्र, ज्योतिष, व्याकरण साहित्य एवं कर्मकाण्ड के क्षेत्र में अपनी सराहनीय एवं प्रशंसनीय योगदान दिया है। इन विद्वानों ने बिहार के अतीत को इतना सुनहरा बनाया कि बिहार के वर्तमान पीढ़ी के विद्वान् अपने अतीत के विद्वानों से ऊर्जा प्राप्त कर संस्कृत के क्षेत्र में आज भी सुनहरे भविष्य के निर्माण की ओर उन्मुख हैं।

इतिहास साक्षी है कि सावित्री, अनुसूइया, जानकी, सुनयना, भारती, लखिमा एवं गार्गी जैसी विदुषी तथा जनक, याज्ञवल्क्य, भृगु, कपिल, कुमारिल भट्ट, उदयन, वाचस्पति, गंगेश, गोकुल, विद्यापति जैसे मनीषियों ने अपने ज्ञान-विज्ञान तथा साधना एवं उपासना की अजस्र धारा से बिहार प्रान्त को पल्लवित एवं पुष्पित किया है। प्रस्तुत निबन्ध में हमने संस्कृत शिक्षा एवं शिक्षण में बिहार के प्रयास एवं योगदान का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

■ ■ ■

CS - 72

षड्विधलक्षणा

प्रो. अर्चना दुबे

आचार्य मम्मट ने प्रथम उल्लास में शब्दार्थयुगल को काव्य माना। 'शब्दार्थों' इस विशेष्य पद की व्याख्या करते हुए सर्वप्रथम शब्द के तीन उपाधि बताये-'स्याद्वाचको लाक्षणिकः शब्दोऽत्र व्यंजकस्त्रिधा'। वाचक शब्द से अभिधावृत्ति के द्वारा वाच्यार्थ या मुख्यार्थ, लाक्षणिक शब्द से लक्षणा व्यापार से लक्ष्यार्थ एवं व्यंजक शब्द से व्यंजना व्यापार के द्वारा व्यंग्यार्थ की प्रतीति होती है। लक्षणा का लक्षण ग्रन्थकार ने इस प्रकार किया है-'मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढ़ितोऽथ प्रयोजनात्। अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणारोपिता क्रिया'।

लक्षणा के लिए तीन शर्तों का होना अनिवार्य है-१. मुख्यार्थबाधे-साक्षात्संकेतित (अव्यवधान व निश्चित अर्थ) मुख्यार्थ कहलाता है। यह मुख्यार्थ या वाच्यार्थ अभिधा व्यापार के द्वारा प्रतीत होता है। २, तद्योगे- मुख्यार्थ से सम्बन्ध। जैसे -'गंगायां घोषः' में लक्षणा के द्वारा गंगा पद का सामीप्य सम्बन्ध से तट रूप लक्ष्यार्थ लक्षित होता है। ३. रूढित : या प्रयोजनात् अर्थात् रूढ़ि के होने के कारण अथवा प्रयोजन के रहने के कारण।

लक्षणा के भेद : मुख्यतः लक्षणा के दो प्रकार हैं-शुद्धा तथा गौणी। शुद्धा लक्षणा में सादृश्येतर सम्बन्ध होता है। उपचार (सादृश्य) से भिन्न सम्बन्ध होने पर शुद्धा लक्षणा होती है। इसके दो भेद हैं-उपादान लक्षणा एवं लक्षणलक्षणा 'उपादानं लक्षणं चेत्युक्ता शुद्धैव सा द्विधा।'

शुद्धा सारोपा लक्षणा : जहाँ आरोप्यमाण (उपमान) तथा आरोपविषय (उपमेय) दोनों अनपह्नत (स्पष्टतः) कथित होते हैं तथा समानविभक्ति में होते हैं वहाँ सारोपा लक्षणा होती है। 'सारोपान्या तु यत्रोक्तौ विषयी विषयस्तथा। आरोप्यमाणः आरोपविषयश्च यत्रानपह्नुभेदौ समानाधिकरण्येन निर्दिश्येते सा लक्षणा सारोपा'।

शुद्धा साध्यवसाना लक्षणा : विषयी (उपमान) के द्वारा आरोप विषय रूप उपमेय का अपने भीतर अन्तर्भाव कर लिये जाने पर अथवा निगीर्ण कर लिये जाने पर साध्यवसाना लक्षणा होती है- 'विषय्यन्तः कृतेऽन्यस्मिन् सा स्यात् साध्यवसानिका। विषयिणारोप्यमाणेनान्तः कृते निगीर्णे अन्यस्मिन्नारोपविषये सति साध्यवसाना स्यात्'।

लक्षणा तेन षड्विधा : इन कथन के अनुसार मम्मट ने लक्षणा के छह भेदों का निरूपण किया है। व्यंजना की दृष्टि से भी लक्षणा के दो भेद हैं-व्यंग्येन रहिता रूढौ सहिता तु प्रयोजने।

■ ■ ■

CS - 73

संस्कृत सुवचनों का अंग्रेजी उक्तियों पर प्रभाव

वैष्णवी घोटकर

संस्कृत साहित्य में अनेक प्रकार की सूक्तियों का अमाप खजाना मिलता है। गीर्वावाणी की सूक्तियाँ व्याख्यान, प्रवचन और लेखन आदि के लिए उपयुक्त हैं। अनेक प्रकार के सुवचनों से मिलने वाला ज्ञान व्यावहारिक जीवन में उपयुक्त होता है। किसी भी भाषा में भाषण करते समय भाषा का सौन्दर्य बढ़ाने के लिए विविध भाषाओं के सुवचनों का प्रयोग हुए दिखता है। संस्कृत पुरातन भाषा होने की वजह से वह सब भाषाओं की जननी है। सूक्तियाँ न केवल मराठी, हिंदी जैसी भारतीय भाषाओं में प्रचलित हैं, बल्कि अंग्रेजी भाषा में भी उपलब्ध हैं। अंग्रेजी में आई हुई सूक्तियाँ संस्कृत सुवचनों के अर्थ को अनुसारते हुए दिखती हैं। यहाँ संस्कृत और अंग्रेजी सूक्तियों का साधर्म्य के अनुसार सह संबंध दिखाने का प्रयास किया है। संस्कृत सुवचनों का अंग्रेजी उक्तियों पर जो प्रभाव है वह दिखाने का प्रयास इस निबन्ध में किया गया है।

■ ■ ■

CS - 74

भोजदेव प्रणीत रामायणचम्पू पर वाल्मीकि कृत रामायण का प्रभाव

मोहराज बानो

पूर्ववर्ती कवियों की रचनाओं के माध्यम से मूलतः कवियों के भाव–भाषा एवं शैली किसी न किसी रूप में प्रभावित रहती है। भोजदेव भी इसका अपवाद नहीं हैं। अब तक रामायण या तो महाकाव्यों में अथवा रूपकों में अपना नवीन कलेवर प्राप्त करता रहा, परन्तु उसे चम्पू शैली में प्रस्तुत करने का प्रयास किसी ने नहीं किया। सर्वप्रथम भोजदेव ने ही रामायण को चम्पू की हृदयावर्जक शैली में प्रस्तुत किया जो गद्य एवं पद्य दोनों में कथावस्तु का समान रूप से वहन करता है। भोजदेव ने कथावस्तु की दृष्टि से प्रारम्भ से अन्त तक वाल्मीकि–रामायण का ही अनुसरण किया है। सम्पूर्ण रामायण चम्पू में केवल दो स्थल ऐसे हैं, जहाँ पर वाल्मीकि के वाक्यों को ज्यों का त्यों रख दिया है। इतना ही नहीं भोजदेव ने अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किन्धाकाण्ड और सुन्दरकाण्ड का प्रारम्भ भी उन्हीं पदों से किया है, जिन पदों का वाल्मीकि ने रामायण में किया है। इस प्रकार भोज चम्पू आद्योपान्त वाल्मीकि कृत

रामायण से प्रभावित रहा है और साथ ही साथ इसके पात्र-चित्रण, संवाद, स्थल, विवरण इत्यादि से इसका प्रभाव परिलक्षित होता है। अतः इस शोध पत्र में इस विषय के ऊपर विस्तृत रूप में विवेचन किया जायेगा।

■ ■ ■

CS - 75

लोकधर्मी साहित्य

शास्त्री हरि चन्द ठाकुर

साहित्य का क्षेत्र व प्रयोजन अत्यधिक विशाल व विराट् है। साहित्य शब्द का व्युत्पत्त्यर्थ भी प्रायः इसी अर्थ का स्पष्टीकरण करता है-''हितेन सह वर्तते इति साहित्यम्।'' अर्थात् जो हित के साथ ही रहे अथवा सर्वदा प्राणिमात्र का हित ही करे, वही साहित्य कहा जाता है। इसी क्रम में कतिपय प्राचीन व अर्वाचीन प्राचार्यों व शास्त्रों की मान्यताओं का भी विचार इस शोध पत्र में किया गया है।

भारतीय मान्यतानुसार वेदों से ही इस सृष्टि का आरम्भ होने से साहित्य भी तदनुरूप सृष्टि के उपकार व हित के लिए आदिस्रोत के रूप में ही प्रचलित होता है। पुनः वह लोक या लोकधर्म को भी स्वयं में समाहित किए हुए चलता है। जो लोक में होता है, वही साहित्य में तथा जो साहित्य में होता है, वही लोक में प्रचलित होता है। अतः साहित्य केवल समाज का निरपेक्ष दर्पण मात्र न होकर उसका रचयिता, प्रेरक, आन्दोलक व निर्वाणयिता भी होता है। तभी वह साहित्य व लोकधर्म की मर्यादा का पूर्णतः निर्वाह कर सकता है। अन्यथा केवल कपोलकल्पना किंवा व्यक्तिगत अनुभूतिमात्र ही बन कर रह जाता है।

आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के शब्दों में ''लगने-लगने में भी भेद होता है। एक का लगना सबको लगे, तो कवि। एक का लगना एक को लगे, तो पागल''। अतः आचार्य जी के शब्दों में कवि या लेखक वही कहला सकता है जिसके शब्द, अर्थ, भाव, उपेदश, निर्देश आदि समस्तजनों को स्वाभाविक रूप से अनुकरणीय, मननीय, ज्ञातव्य व अर्हणीय लगे। यही 'लोकधर्मिता' अथवा लोकधर्मी साहित्य भी कहा जा सकता है। इसी लोकधर्म का कतिपय उदाहरणों के द्वारा प्रतिपादन इस शोध पत्र में अवलोकनार्थ किया गया है। इससे यही स्पष्ट करने का उपक्रम किया गया है कि साहित्य व लोकधर्म परस्पर आश्रित या पूरक ही होते हैं, न कि नितान्त पृथक्।

■ ■ ■

CS - 76

मृच्छकटिकम् समीक्षा के निकष पर (व्यवहार नाम के सन्दर्भ में)

डॉ. मीरा मिश्रा

'मृच्छकटिकम्' प्रकरण के रचयिता (पंचम शताब्दी) एक सफल नाटककार एवं कवि हैं। "साहित्यं समाज-दर्पणोऽस्ति", शूद्रक ने इस प्रकरण में समकालीन समाज का चित्रण बड़ी कुशलता से किया है। कवि ने मृच्छकटिकम् के नवीन विषय का प्रतिपादन करते हुए पहली बार मध्यम श्रेणी के लोगों को अपने नाटक का पात्र बनाया है। इसीलिए इसकी शास्त्रीय संज्ञा "संकीर्ण प्रकरण" है। आख्यान तथा वातावरण की इस यथार्थवादिता और नैसर्गिकता के कारण ही मृच्छकटिकम् पाश्चात्य आलोचकों की विपुल प्रशंसा का भाजन बना हुआ है।

कवि ने व्यवहार नाम के नवम अंक में तात्कालिक समाज की न्याय प्रणाली का सजीव चित्रण किया है। मुख्य न्यायाधीश को अधिकरणक कहा गया है। श्रेष्ठी और कायस्थ आज के कचहरी के मुंशी की तरह न्याय प्रक्रिया में अधिकरणक की सहायता करते थे। राजा आज के नेताओं की तरह निरंकुश थे। शकार जैसे खलनायक से प्रेरित होकर दण्ड निर्णय करने का आदेश देते थे और न्यायाधीश (अधिकरणक) पर दबाव डालते थे। न्याय प्रक्रिया में राजा का श्यालक शकार प्रभाव डालने का प्रयत्न करता था। शोधनक न्यायालय का सेवक था। जो न्यायालय की सफाई और आसन की व्यवस्था करता था।

मृत्युदण्ड की प्रथा भी उस समय प्रचलित थी, परन्तु अभियोगी यदि चाहे तो प्रतिपक्ष को मुक्त कर सकता था। जैसा दशम अंक में चारूदत्त ने प्रतिपक्षी शकार को क्षमा कर दिया, यद्यपि वह मृत्युदण्ड का अधिकारी था। जब शकार अभियोग प्रस्तुत करने आता है कि चारुदत्त ने वसन्तसेना को पुष्करण्डक उद्यान में मार डाला है तब उसके मुख से स्वाभाविक रूप से "न मया" निकल पड़ता है। उचित निर्णय लेने में इस पद ने अहम् भूमिका निभाई। कुशल अधिकरणी श्रेष्ठी कायस्थ को आदेश देता है कि "न मयेति" व्यवहार पद अभियोग शब्द (legal point) लिख लीजिए। वास्तव में न्यायालय में असत्य भाषियों का यही लक्षण है। स्वाभाविक रूप से वादी और प्रतिवादी के मुख से निकला हुआ कथन तथ्य के निर्णय में सहायक होता है, किन्तु शकार का बहनोई राजा पालक स्वेच्छाचारी राजा था। दण्ड निर्णय का अन्तिम अधिकार राजा के पास ही था। उसने चारुदत्त को भी मनुस्मृति के विपरीत मृत्युदण्ड की सजा दी, परन्तु जब अन्त में वसन्तसेना न्यायालय में आकर बताती है कि उसे राजा के साले शकार ने मारा है न कि चारुदत्त ने, तो चारुदत्त को दोषमुक्त कर दिया जाता है। इस प्रकार सिद्ध होता है कि राजा पालक की न्याय व्यवस्था दोषपूर्ण थी।

■ ■ ■

CS - 77

आर्या सप्तशती तथा बिहारी सतसई का लोकतात्त्विक अध्ययन

प्रो. कमलेश नागर

साहित्य और जीवन को अन्योन्याश्रित माना गया है। साहित्य में जीवन का चित्रण होता है तथा उस चित्रण से वह जीवन को प्रेरणा तथा दिशा प्रदान करता है। कालजयी साहित्य लोकतत्त्व से अनुप्राणित होता है। वस्तुतः साहित्यकार जब सामान्य धरातल पर खड़े होकर लोक जीवन को अपनी भावनाओं में रंगकर प्रस्तुत करता है वही साहित्य सर्वथा शाश्वत और युगसापेक्ष होता है। लोक-जीवन की सारी अभिव्यक्तियाँ जैसे हमारी संस्कृति, धार्मिक संस्कार, समाज की सनातन समस्याएँ, जो अनादिकाल से चली आ रही है और लोकजीवन की पारम्परिक प्रथाएँ एवं विश्वास जो लोकजीवन के राजमार्ग हैं, लोकमानस, उसकी गहराइयाँ, प्रवृत्तियाँ, शक्तियाँ और उनके अनन्त आयाम ये सभी कालजयी साहित्य के प्राणतत्त्व हैं।

प्रत्येक साहित्यकार स्वयुगीन परिस्थितियों से प्रभावित होकर ही साहित्य का सृजन करता है, इसी कारण उसमें जन-जीवन का चित्र प्रधान रूप से अभिव्यक्त होता है। संस्कृत साहित्य की 'आर्यासप्तशती' तथा हिन्दी के रीतिकाल की 'बिहारी सतसई' ऐसी ही दो रचनाएँ हैं जो लोकमानस के फलक को अभिव्यक्त करती हैं। इन दोनों रचनाओं का रचना काल अलग है, भाषा अलग है, परन्तु एक तथ्य महत्त्वपूर्ण है कि श्रृंगार प्रधान होते हुए भी दोनों रचनाओं में लोकजीवन से सम्बन्धित रूढियों तथा लोक विश्वासों के नाना रूप अभिव्यक्त हुए हैं। सौतिया डाह, पतिवशीकरण मन्त्र-तन्त्र, देवी-देवताओं पर अटूट विश्वास, ग्रहों की शान्ति, भाग्यवाद, शुभाशुभ विचार शकुन-अपशकुन तथा दूती आदि को विषय बनाने के साथ ही नायक-नायिका के मनोविज्ञान को पूर्णतः लोक की कसौटी पर परख कर प्रस्तुत किया गया है।

'गोवर्धनाचार्य' तथा महाकवि 'बिहारी' ने लोक मानस में प्रविष्ट होकर जिन रत्नों की सृष्टि की है वे क्रमशः 'आर्या' छन्द तथा 'दोहे' के माध्यम से मुखरित हैं। हाल कवि की प्राकृतिक रचना 'गाहा सतसई' की भांति ही 'आर्या सप्तशती' तथा 'बिहारी सतसई' दोनों मुक्तक रचनाएँ हैं, परन्तु उनमें लोकतत्त्व की निरन्तरता सम्पूर्ण रचना में अनुस्यूत है। समय का लम्बा अंतराल होते हुए भी इन दोनों रचनाओं में लोकतत्त्व की प्रधानता का विश्लेषण ही इस अध्ययन का विषय है।

■ ■ ■

CS - 78

संस्कृत गीतिकाव्यों में विशेषणों के कार्य

डॉ. विनय कुमार सिंह

'विशेषण' का व्युत्पत्तिपरक कोशगत अर्थ है "विशिष्यते अनेनेति विशेषणम्" अर्थात् विशेषण वह प्रभेद कारक गुण है जो किसी प्रकार की विशेषता बतलाता है।

दूसरी व्युत्पत्तिपरक व्याख्या है-"वैशिष्ट्यप्रतिपादकम् इति विशेषणम्" अर्थात् जो किसी वस्तु की विशेषता द्योतित करे, वह विशेषण कहलाता है। श्री रामस्वरूप शास्त्री ने संज्ञादि विशेषताबोधक पद (व्याकरण) को विशेषण माना है। विशेषण के अन्य अर्थों में आपने 'उपाधिः, गुणः, विशेष्य-धर्मः' को ग्रहण किया है। संस्कृत गीतिकाव्यों के कवियों ने विशेषणों से अनेक कार्य कराए हैं। बिम्ब-सृष्टि, विषय प्रतिपादन, दृश्यों का मनोहर वर्णन, चरित्र-चित्रण, भावों की उत्कृष्टता, वर्णन की सटीकता एवं संक्षिप्तता, भाषायी सौन्दर्य आदि। कवि धोयी कृत "पवनदूतम्" के पद्य में बड़ा ही स्पष्ट बिम्ब उपस्थित हुआ है। इसमें विशेषणों के चलते बिम्ब-सृष्टि हुई है। श्री जयदेव के गीतगोविन्द के पद्यों में विषय-प्रतिपादन की अद्भुत क्षमता है जो विशेषणों के प्रयोग से संभव हुआ है। कृष्ण और गोपी की केलि का वर्णन बड़ा ही रोचक हो गया है और इस रोचकता का मूल कारण है विशेषण- प्रयोग।

कवि श्री भर्तृहरि के "श्रृंगारशतकम्" के पद्य में दृश्यों का मनोहर वर्णन हुआ है, जिसमें विशेषणों का बहुत बड़ा सहयोग है। संस्कृत गीतिकाव्य में विशेषणों की अधिकता है। इन्हीं विशेषणों के चलते पात्रों के चरित्र-चित्रण भी अपने अद्भुत और निराले ढंग के बन पड़े हैं। संस्कृत के मूर्धन्य कवि कालिदास के "मेघदूतम्" में बड़ा ही मार्मिक चित्र उपस्थित हुआ है। इसमें विशेषणों के चलते वर्णन की सटीकता एवं संक्षिप्तता आ गई है। यक्ष पत्नी के अद्भुत सौन्दर्य का चित्रण किया गया है। सौन्दर्य ऐसा है जो अत्यन्त सटीक और संतुलित है।

यक्ष ने मेघ की उसकी यात्रा का आनुषंगिक फल पूर्ववर्ती में पथिक-वनिताओं का आश्वासन बताया है। इसमें भाषायी सौन्दर्य का अति सुन्दर वर्णन हुआ है। इस तरह यह सिद्ध होता है कि संस्कृत गीतिकाव्यों में विशेषणों का बहुआयामी प्रयोग हुआ है जिनसे भाषिक और साहित्यिक सौन्दर्य में अभिवृद्धि हुई है, उनका अलंकरण हुआ है।

■ ■ ■

CS - 79

कालिदास की दृष्टि में पर्यावरण

रुदकान्त यादव

कविषु श्रेष्ठः कवि-कालिदासः। कालिदास ने पर्यावरण का जितना अच्छा वर्णन अपने ग्रन्थ में किया है, उतना अन्य किसी भी कवि के लिए मुश्किल भले ही न हो, किन्तु कठिन अवश्य है। उन्होंने प्राकृतिक पर्यावरण, सामाजिक पर्यावरण, सांस्कृतिक पर्यावरण का उल्लेख करके पर्यावरण की सीमा को पार कर दिया है। निर्जीवों को चेतन प्राणियों की तरह सुख-दुःख का अनुभव करते हुए दिखाया गया है। चेतन प्राणी भी अचेतन के साथ अपने सगा-सम्बन्धी जैसा व्यवहार करते हैं। इस प्रकार उन्होंने अपने ग्रन्थों में जड़-चेतन का समन्वय दिखाया है।

सम्पूर्ण जगत् पृथ्वी-जल-तेज-वायु-आकाश से मिलकर बना है। पर्यावरण की संरचना में कालिदास उपर्युक्त पांच तत्त्वों के अलावा यज्ञकर्ता मनुष्य, सूर्य तथा चन्द्रमा को संयुक्त रूप से मानते हैं। इन उपर्युक्त आठ तत्त्वों को पर्यावरण का मूल माना गया है। सम्पूर्ण पृथ्वी वृक्ष-वनस्पतियों से युक्त हो, पशु-पक्षी निर्विघ्न रूप से जंगल में विचरण करें एवं उनके उपभोग की वस्तु समुचित रूप में उपलब्ध हो, शुद्ध एवं पवित्र हवाएँ चलती हों जो याज्ञिक धुएँ से पवित्र हो रही हों तथा पशुओं का शिकार न किया जाता हो, यही पर्यावरण का मूल है।

आश्रम एवं तपोवन में पर्यावरण के प्रति इतनी जागरूकता देखी जाती है कि वृक्षों को बिना पानी से सींचे स्वयं जल नहीं पिया जाता था। मनुष्यों के अलावा अचेतन प्राणी भी किसी प्रकार चेतन प्राणियों की तरह व्यवहार करते हैं। इसका स्पष्ट उल्लेख मिलता है। शकुन्तला को पति गृह जाते समय वृक्ष कोयल की आवाज में आशीर्वाद देते हैं। इस प्रकार पर्यावरण के प्रति इतनी जागरूकता कहीं भी स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई पड़ती है, जिसकी अति आवश्यकता हमें तथा हमारे समाज़ के लिए सतत है।

■ ■ ■

CS - 80

कालिदास की शकुन्तला : एक अनुचिन्तन

डॉ. अनामिका

विश्व-विश्रुत काव्य-कानन भ्रमर कालिदास ने अपनी अमरकृति 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' में पात्रों के अनुचिन्तन के क्रम में शकुन्तला के शील निरूपण में अपना सर्वस्व कलात्मक एवं काव्यात्मक तत्त्वों

का व्यय कर दिया है। विश्वामित्र एवं मेनका के संयोग से उत्पन्न तथा कण्व ऋषि के आश्रम में पालित शकुन्तला मालिनी नदी के तट पर शाकुन्त पक्षी द्वारा संरक्षिता विविध नाटकीय–उदात्त भावनाओं से भाविता शास्त्रीय दृष्टि से दिव्य गुणों से अलंकृत है। नाटकीय दृष्टि से मनोरम, सौन्दर्य से परिपूर्ण, प्राकृतिक विविध भावनाओं से भरपूर आदर्श एवं लज्जा की प्रतिमूर्ति भारतीय नारियों के समस्त गुणों से गुणान्वित आश्रम के नियमों से अनुष्ठित अनुसूया प्रियम्वदा के अतिरिक्त अन्य पात्रों के यथोचित मानवीय भावों से सम्वलित श्रृंगार प्रधान सम्भोग एवं विप्रलम्भ रसों से रसान्वित कालिदास की अद्भुत नायिका निश्चय ही 'काव्येषु नाटकं रम्यम् तत्र रम्या शकुन्तला' जैसी उक्ति को सार्थक बनाने वाली वर्तमान काल में भी देशी एवं विदेशी विद्वानों द्वारा अनुचिन्तन का विषय बन गई है।

नाटकीय नायिकाओं में मुग्धा दुष्यन्त की पतिव्रता, सौन्दर्य के साथ–साथ अन्तःशुद्ध भावों से युक्त, लता, वृक्ष, पशु–पक्षी आदि के प्रति उदारचित्ता प्रकृति की सहचरी, अलौकिक दिव्य भाव प्रकाशिका, वियोग की दशा में भी शोभा के द्योतिका, लज्जा भाव द्योतिका, वह शकुन्तला अपने पिता कण्व के समस्त अनुशासनों में शासित रहने वाली अपूर्व नायिका प्रतीत होती है, गान्धर्व विवाह से संस्कारिता कण्व ऋषि द्वारा दुष्यन्त के राजदरबार में प्रेषिता वह कभी भी अपनी मर्यादा से च्युत नहीं होती है। राजदरबार में घटित घटनाओं से अस्पृह मारीचि के आश्रम में भी भारतीय नारी के रूप में अपने दिव्य गुणों को प्रकाशित करने वाली शकुन्तला निश्चय ही समस्त कवियों या रसिकों द्वारा अनुचिन्तनीय ज्ञात होती है। इन विषयों का काव्यात्मक एवं कलात्मक ढंग से गवेषण अत्यधिक व्यावहारिक प्रतीत होता है।

■ ■ ■

CS - 81

भारतीय संविधान की दृष्टि में 'उत्तररामचरितम्' का सीतात्याग प्रसंग : एक विमर्श

डॉ. निहारिका के. पटेल

चौदह वर्ष का वनवास पूर्ण कर राम, पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या आए। उसके पश्चात् भवभूति ने उत्तररामचरितम् में राम के जीवन का अपने ढंग से सुन्दर निरूपण किया है। राम के कहने से सीता को प्रसन्न करने के लिए लक्ष्मण ने जो चित्रदर्शन का आयोजन करवाया था उसमें राम के जीवन से संबंधित कुछ स्मरणीय प्रसंगों के चित्र और सीता के अग्निपरीक्षा के प्रसंगों का आलेखन किया गया था। दण्डकारण्य के चित्रों को देखकर सीता के मन में जंगल में घूमने और गंगा के पवित्र जल में स्नान करने की इच्छा उत्पन्न हुई, जिसके बारे में राम स्वीकार करते हैं। चित्रों को देखते–देखते

गर्भावस्था के कारण थकी सीता राम के बाहों का तकिया बनाकर सो जाती है। उसी समय नगरचर्या को गया हुआ दूत दुर्मुख आकर राम को सीता के चरित्र की बात कान में कहता है। सीता के चारित्र्य के विषय में लेशमात्र शंका न होने के बावजूद प्रजाहित में राम सीतात्याग का निर्णय लेते हैं। लक्ष्मण द्वारा तैयार रथ की तरफ दुर्मुख सीता को लेकर जाता है। रघुकुल देवताओं को वन्दन कर सीता जैसे अन्तिम बिदा ले रही हो इस तरह चली जाती है।

राम के द्वारा सीतापरित्याग कदाचित् ''King can do no wrong'' की दृष्टि से शायद उचित होगा, परन्तु वर्तमान संविधान की दृष्टि से देखा जाए तो सीता परित्याग अनुचित, अयोग्य और गैरकानूनी गिना जायेगा। दुर्मुख जैसे जासूस द्वारा कही गयी बात पर सीता का परित्याग संविधान नहीं स्वीकार करता। संविधान की दृष्टि से सीता को कई अधिकार प्राप्त हो सकता था, जिसमें मुख्यत: हिन्दू विवाह अधिनियम-१९५६, हिन्दू एडोप्शन एण्ड मेइन्टेनन्स एक्ट-१९५६ तथा क्रिमीनल प्रोसीजर कोड (एमेन्डेड-२००५) हैं, जिसके अन्तर्गत सीता को कौन-कौन सा अधिकार प्राप्त हो सकता था इसका निरूपण इस लेख में किया गया है।

■ ■ ■

CS - 82

कालिदासीय साहित्य में नारी चित्रण

मंजु सिन्हा

कालिदासीय साहित्य में नारी चित्रण उपलब्ध होता है। उन्होंने नारी चित्रण में श्रृंगार और प्रकृति का चित्रण भी किया है। उन्होंने अभिज्ञानशाकुन्तलम् में शकुन्तला के चित्रण में अपनी सारी प्रतिभा का उपयोग कर दिया है। प्रकृति कन्या शकुन्तला के लिए जो कुछ भी लिखा गया है वह भी वास्तव में थोड़ा ही है। उसके सौन्दर्य के चित्रण में कवि ने प्रकृति का सबसे अधिक एवं मनोरम उपयोग किया है। उसका अतुलनीय सौन्दर्य बाह्य दृष्टि से मोहक होते हुए भी सर्वत्र नैसर्गिक ही है और निसर्गप्रेमी ही उसके मूल्य का अंकन कर सकता है। कवि स्पष्ट कहता है ''इदं किलाव्याजमनोहरं वपु:'' उसका जन्म अरण्य की मधुर छाया में, माधवी लता की पुष्पमंजरी में, सहकारादि तरुओं एवं लताओं के झुरमुट में, कोकिल के मधुर गान एवं पशु-पक्षियों के क्रीड़ा-विनोद के साथ हुआ और उन्हीं से पल्लवित एवं कुसुमित हुआ है, यहाँ तक कि मुर्झाने के पूर्व फलित भी हुआ है।

प्रकृति सुन्दरी में सर्वत्र यदि नैसर्गिकता है तो आश्चर्य ही क्या, उसका आद्योपान्त जीवन प्रकृति की गोद में ही पला है। एक बार जब उसने देखा कि वह प्रकृति की रमणीय गोद से बिछुड़ रही है तो वह

व्याकुल हो उठी और पिता से पूछने लगी, ''कथमिदानीं मलयतरुन्मूलिता चन्दनलतेव देशान्तरे जीवितं धारयिष्ये''। उसको अत्यन्त दुःखी देख महर्षि कण्व आश्वासन देते हैं ''शान्ते करिष्यसि पदं पुनराश्रमेऽस्मिन्''। वास्तव में जिस प्रकृति माँ ने उसे जन्म दिया, उसका पालन किया, उसका श्रृंगार किया, शिक्षित किया और एक पूर्ण नारी का रूप दिया, वह उसे कैसे विलग कर सकती थी और वह भी अपने स्नेह-भाजन लता-वृक्षादि के सहवास को कैसे छोड़ सकती थी। अतः प्रस्तुत शोध पत्र में कालिदासीय साहित्य में जो नारी चित्रण किया गया है उसका विस्तार से विवेचन प्रस्तुत किया जाएगा।

■ ■ ■

CS - 83

कालिदास की रचनाओं में प्रकृति-चित्रण

रंजना कुमारी

कालिदास की कला का विकास ही प्रकृति वर्णन से आरम्भ होता है और उसकी यह रुचि उत्तरोत्तर परिवर्धित एवं परिमार्जित होती गई है। कालिदास की सर्वप्रथम रचना ''ऋतु संहार'' है, जिसमें कवि ने विभिन्न ऋतुओं से मानवों पर पड़ने वाले प्रभावों का तथा उनके परिणामों का वर्णन किया है। प्राकृतिक दृश्यों पर चेतनधर्म का आरोप करके उनका आलंकारिक वर्णन किया गया है। कहीं-कहीं पर प्रकृति का आलम्बन रूप में भी वर्णन है। पर 'कुमारसंभव' और 'रघुवंश' में कवि के प्रकृति विषयक दृष्टिकोण में अंतर है। इन ग्रन्थों में उसने इस तथ्य को प्रस्तुत किया है कि समस्त जड़ चेतन सृष्टि में एक ही तत्त्व भरा है और वह चेतन है। अतएव स्त्री पुरुष के समान ही लता-वृक्षादि भी उसी चैतन्य से चेतन हैं, मानव के साथ इनका अटूट सम्बन्ध है। मानव अपने सुख-दुःख का रूप प्रकृति में देखता है, प्रकृति भी मानव से संश्लिष्ट है। उसके प्रति वह पूर्ण सहानुभूति रखती है, उसके दुःख में दुःखी होती और सुख में आनन्द का अनुभव करती है, कोई भी मानव व्यापार प्रकृति क्षेत्र से बाहर नहीं है। इस प्रकार कवि ने प्रकृति और मानव में घनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित किया है। उसके नाटकों और विशेष रूप से ''शकुन्तला'' में तो प्रकृति ही सब कुछ है, ''मेघदूत'' प्रकृति वर्णन का ही काव्य है। इन ग्रन्थों में उसकी सहृदयता की सरसता एवं कल्पना की कमनीयता दर्शनीय है।

इसमें संदेह नहीं कि कालिदास ने प्रकृति के मधुर एवं भव्य रूप का ही चित्रोपम वर्णन किया है। उन्होंने प्रकृति के भयावह रूप की ओर नहीं देखा है। प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में कालिदास के प्रकृति चित्रण पर विस्तार से प्रकाश डाला जायेगा।

■ ■ ■

CS - 84

मेघदूत काव्य : एक चिन्तन

डॉ. रामचन्द्र मिश्र

साहित्य समाज का दर्पण होता है और उस दर्पण को आकार प्रदान करने वाले शिल्पी होते हैं-कवि एवं लेखकगण। प्राय: इसलिए इनकी प्रशंसा में मुक्तकण्ठ से कहा गया है कि-

अपारे खलु संसारे कविरेक: प्रजापति:।
यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते॥

भारतवर्ष के गौरवमयी अतीत का कालजयी प्रतिबिम्ब जिन-जिन लौकिक काव्य साहित्य में प्रतिबिम्बित होता है, उन्हीं काव्योदधि में एक समुज्ज्वल रत्न के समान देदीप्यमान कवि कुलगुरु कालिदास द्वारा विरचित ''मेघदूत'' काव्य है। मेघदूत काव्य कथानक एवं कलेवर की दृष्टि से वृहदाकार नहीं है फिर भी वियोगी मनोभाव के आलोक में महाकवि द्वारा उसमें जिस व्यथा कथा की मन्दाकिनी प्रवाहित हुई है, वैसी प्रवहमाना मन्दाकिनी अन्यत्र कहीं भी दृष्टिगोचर नहीं होती है।

मेघदूत के प्रथम श्लोक के द्वितीय चरण में ''शापेनास्तङ्गमितमहिमा'' पद भी निरपेक्ष नहीं सापेक्ष है, कारण महाकवि जानते थे कि वासनाभिभूत यक्ष विवेकशून्य हो गया था। अत: जो कर्तव्यजन्य प्रसाद (अपराध) वह सामान्यावस्था में कर चुका था, उससे भी महान् अपराध न कर बैठे, अर्थात् अणिमा, लघिमा, महिमा, प्राप्ति आदि सिद्धियाँ, जो यक्ष को सहज प्राप्त थीं, के बल पर वह पुन: अपनी प्रिया से मिलने न चला जाये, इसलिए दण्ड के साथ ही यक्षेश्वर द्वारा अस्तङ्गत महिमा करवाकर उसे असक्त बनवा दिया गया, जिससे वह पुन: मिलनजन्य अन्य कोई अपराध न कर जाये।

इसी श्लोक के अन्तिम चरण ''रामगिर्याश्रमेषु'' भी कम ध्यातव्य नहीं है। मानवीय मनोभावों के अप्रतिम पारखी महाकवि कालिदास जानते थे कि कान्ताविरह व्यथा-परिसीदित यक्ष वासनाभिभूत होने के कारण न केवल विवेकशून्य हो गया था, अपितु शारीरिक तथा मानसिक रूप से बेचैन भी था। अत: उभयविध विकलता के कारण एक जगह सुस्थिर होकर रहते हुए दारुण विरहावधि का यापन उसके लिए सम्भव नहीं था। इसलिए महाकवि ने आश्रम शब्द में बहुवचन का प्रयोग करते हुए एक वियोगी व्यक्ति के लिए विभिन्न आश्रमों में वास करने का उल्लेख करते हुए ''रामगिर्याश्रमेषु'' को समस्त वियोगी मनोविज्ञान का मनोरम मंजूषा बना दिया है।

■ ■ ■

CS - 85

उत्तररामचरितम् की सीता : एक अनुचिंतन

जिशु रश्मि

भवभूति पात्र कल्पना और चरित्र-चित्रण की दृष्टि से एक सिद्धहस्त नाटककार हैं। भवभूति के 'उत्तररामचरितम्' नाटक में राम-सीता आदि पात्र मानव पात्र हैं और मानवीय गुण-दोषों से युक्त हैं। उत्तररामचरितम् की नायिका सीता का चित्रण मानवीय रूप में भवभूति ने किया है। राम के प्रति उनका प्रेम उनके महान् चरित्र का परिचायक है। सीता का सम्पूर्ण जीवन दुःखमय है, किन्तु जीवन का उत्तरार्द्ध जो विरहाश्रुओं से अधिक दुःखी है, उत्तररामचरितम् में अंकित किया गया है। भवभूति सीता के भारतीय नारीत्व के समग्र आदर्शों की रक्षा करते हुए भी उन्हें मानवीय धरातल पर लाते हैं और उनके सुख-दुःख की वैयक्तिक भावनाओं में हमारी निर्वैयक्तिक भावनाओं को प्रतिबिम्बित करते हैं।

सीता का निर्वासन राम के राज-धर्म के लिए उचित हो सकता है, किन्तु सीता की दृष्टि से वह घोर अन्याय है। यह बात अलग है कि सीता जैसी पतिव्रता साध्वी पत्नी इस महान् अन्याय का विरोध न करे, किन्तु उसके मन में इस अपमान की प्रतिक्रिया न होती होगी, ऐसा सोचना मानव प्रकृति की स्वभाविक प्रक्रिया का निषेध करना है। सीता का हृदय अकारण परित्याग से क्रुद्ध है, किन्तु राम का प्रेमालाप सुनकर अकारण परित्याग के शल्य से विद्ध वे अपने जन्म को सफल मानती हैं। सीता तटस्थ मूर्ति से करुणामयी नारी, सहृदय पत्नी, जननी और फिर गृहस्थ संसारिणी के रूप में परिवर्तित हो जाती है। सीता का राम के प्रति अटूट श्रद्धा है। जब वासंती सीता का पक्ष लेकर राम को उपालम्भ देने लगती है, तो सीता यह सहन नहीं कर पाती और पति के दुःख के सामने अपने दुःख को भूल जाती हैं और सहृदय संवेदना से बासंती से कहती हैं-"सखी बासंती , तू ही दारुण और कठोर है, जो इस प्रकार प्रलाप करते हुए आर्यपुत्र को प्रलाप करवा रही है।" सीता के ये रूप उनके उदार नारीत्व एवं पत्नीत्व का समन्वित उत्कर्ष है, अब तक उनके जो दुःख एवं करुण परिस्थितियाँ थीं, वे दुःखी राम की संवेदना में अन्तर्भूत हो जाती हैं और उनका सीतात्व रामत्व हो जाता है।

■ ■ ■

CS - 86

पंचतन्त्रीय कथाओं की प्रासंगिकता : एक अध्ययन

राधारमण झा

विश्ववाङ्मय में अपनी अनुपम लोकप्रियता के बल पर विष्णु शर्मा द्वारा विरचित 'पंचतन्त्र' संस्कृत कथा साहित्य का शताब्दियों से कण्ठहार बना हुआ है। नीतिशास्त्र के व्यावहारिक तथ्यों को रोचक

कथाओं द्वारा सर्वसुलभ करने की क्षमता इस अमर कृति में निहित है। इसका मुख्य उद्देश्य कोमलमति बालकों को नैतिक, धार्मिक एवं व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना है। पशु-पक्षियों को माध्यम बनाकर रची गयी इन कथाओं में कर्त्तव्यपालन, वचनपालन, मित्ररक्षा, सदाचार आदि गुणों का वर्णन है तो छल-कपट, अहंकार आदि दोषों का भी वर्णन है। प्रो. बालशास्त्री द्वारा सम्पादित पंचतन्त्र की भूमिका में इस तथ्य को प्रकाशित किया गया है कि पंचतन्त्र के पद्य भाग में नैतिक एवं उपदेशात्मक शिक्षा निबद्ध है जबकि कथा मुख्यत: गद्य भाग में वर्णित है।

मित्रभेद, मित्रसम्प्राप्ति, काकोलुकीय, लब्ध-प्रणाश और अपरीक्षितकारक नामक पांच तन्त्रों से सम्पन्न इस कृति की कथाओं को सुनाकर विष्णु शर्मा कृतकार्य हो गये। ध्यातव्य है कि पन्चतन्त्र की कथा बालकों, वृद्धों एवं विद्वानों को समान रूप से प्रीतिकर लगती है। बड़े-बड़े प्रकाण्ड राजनीतिज्ञ भी अपनी उलझी समस्याओं को सुलझाने हेतु इन कथाओं से संकेत ग्रहण करते हैं। यही कारण है कि पन्चतत्र की लोकप्रियता अखिल विश्व में बनी हुई है। फ्रेंच, इटालियन, जर्मन, अंग्रेजी, उर्दू-फारसी, लैटिन, रसियन आदि भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। बाइबिल और गीता के बाद संसार में इसी ग्रन्थ का सर्वाधिक प्रचार-प्रसार हुआ है।

आज दिशाहीन हो रहे युवाओं की सोच में धर्म, नीति एवं राजनीति के तत्त्वों को गुम्फित करने हेतु पन्चतन्त्र के अध्ययन-अध्यापन को अनिवार्य करने की आवश्यकता है। वस्तुत: पूरे समाज में सत्य, शील, धैर्य, विवेक एवं चरित्रबल को पुन: प्रतिष्ठित करने हेतु पंचतन्त्र की कथाओं को हृदयंगम किया जाए।

■ ■ ■

CS - 87

संस्कृत साहित्य में बाल-शौर्य निरूपण

डॉ. पूजा मिश्रा

संस्कृत साहित्य में अनेक सुप्रसिद्ध नायकों का उनके शौर्य दानादि विशिष्ट गुणों के कारण अनेक मान-सम्मान पूर्वक विशेष स्थान देते हुए वर्णन किया गया है। इनमें से अनेक ऐसे हैं जिनके शौर्य का प्रदर्शन उनकी बाल्यावस्था से ही देखने को मिलता है। इनमें प्रमुख रूप से राम, कृष्ण, कार्तिकेय प्रभृति के साथ अनेक सामान्य मनुष्य की श्रेणी में आने वाले बालकों के जैसे भरत आदि के पराक्रम का सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है। इन बालकों की वीरता न केवल उत्साह से भरी हुई है अपितु धर्म एवं राज्य तथा प्रजा की रक्षा के लिए भी श्रेष्ठ नैतिक धरातल पर अवस्थित है।

समकालीन परिप्रेक्ष्य में, जबकि विश्व समाज का बालवर्ग अपनी नैतिकता से हट कर फंतासी की दुनिया में दिशाहीन हो रहा है, के लिए आदर्श एवं अनुकरणीय बालशौर्य पराक्रम हो सकता है। प्रस्तुत शोध पत्र इसी उद्देश्य के साथ प्राचीन से अर्वाचीन तक के प्रमुख रचनाओं के आधार पर लिखा गया है।

■ ■ ■

CS - 88

संस्कृत प्रहसन साहित्य में प्रतिबिम्बित तत्कालीन राजनैतिक स्थिति

मंजु देवी

संस्कृत प्रहसन साहित्य का अध्ययन करने के उपरान्त ज्ञात होता है कि प्रहसन काल में राजनैतिक स्थिति सुचारु नहीं थी। उस समय के राजा राजकार्य की अपेक्षा अपना समय भोग-विलास में अधिक व्यतीत करते थे, जिसका प्रमाण संस्कृत प्रहसन साहित्य में भी मिलता है। यथा-हरस्यार्णव प्रहसन तथा राग-विराग प्रहसन का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि अपनी विलासितापूर्ण जीवन शैली के कारण राजा लोग अपनी प्रजा की आवश्यकताओं पर ध्यान नहीं देते थे। अपनी विलासिता के कारण ही राजा प्रजा द्वारा किये गये अच्छे कार्य पर प्रजा को दण्डित अथवा उनके साथ दुर्व्यवहार किया करता था। अपनी विलासिता के कारण वह राज्य की गतिविधियों पर ध्यान नहीं देता था तथा राज्य में अनुशासन एवं सुव्यवस्था बनाये रखने के स्थान पर वह प्रजा को आज्ञा देता था कि सभी ओग अपनी स्त्रियों को छोड़ कर परबंधुओं का आलिंगन करें, ब्राह्मण जूते गाँठे। इस प्रकार वह प्रजा को विपरीत व्यवहार करने की आज्ञा देता है।

'मदनकेतुचरित' प्रहसन के राजा मदनकेतु ने कामुकता के कारण राज्य में साधु-सन्तों को मद्यपान करने की एवं वेश्यागामी होने की स्वतन्त्रता प्रदान की है। 'मत्तविलास' तथा 'विवाह विडम्बन' नामक प्रहसन में घूसखोरी से न्याय का उल्लेख हुआ है। कौतुकरत्नाकर, हास्यार्णव, चण्डकौशिक नामक प्रहसन में राजा द्वारा रानी की रक्षा न करने से सम्बन्धित सामग्री उपलब्ध होती है। इसी प्रकार न्याय के लिए भटकना, प्रजा के हितकारी कार्यों का सर्वथा अभाव आदि विषयों का उपर्युक्त प्रहसनों में विस्तृत विवेचन हुआ है।

अत: संक्षेप में यह कहना उचित है कि न्याय व्यवस्था के कारण प्रजा को न्याय के लिए भटकना पड़ता था। राज्य में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने अपेक्षा उन्हें अधिक बढ़ावा दिया जाता था तथा प्रजा के हित को ध्यान में रखकर कोई भी कार्य नहीं करवाया जाता था।

■ ■ ■

CS - 89

संस्कृत साहित्य में समाज का दर्शन

भक्ती नितीन लाले

साहित्य समाज का दर्पण होता है। अभिजात संस्कृत साहित्य में समाज के हर स्तर का चित्रण किया गया है। गद्य काव्य दशकुमारचरित, नाट्य चारूदत्त, मृच्छकटिक जैसे कलाकृतियों में राजमहल को छोड़कर सामान्य लोगों का चित्रण किया गया है। इसमें उनकी मानसिकता भी दिखाई पड़ती है। जैसे - चोरी करके धन पाना, गणिकाओं के जीवन का वर्णन भी इसमें दिखाई देता है।

भास का नाटक 'चारुदत्तम्' उस पर आधारित शूद्रकरचित 'मृच्छकटिकम्' और दण्डी लिखित गद्य काव्य 'दशकुमारचरितम्' ये तीन कलाकृतियाँ अलग-अलग काल में लिखी गई हैं। तीनों कलाकृतियों में एक समान सूत्र दिखाई पड़ता है, जिसमें राजसभा से अलग, सामान्य लोगों के आचार-विचार, गतिविधियाँ, उनकी नीति का यथार्थ चित्र हमारे सामने उभर आता है। उनके अपने उसूल होते हैं जिन्हें कभी ये लोग तोड़ते नहीं। ऐसे कुछ नीति तत्त्वों पर विचार करके इन तीनों ग्रन्थों से आलोचना करके तुलनात्मक अध्ययन करना इस निबन्ध का उद्देश्य है।

■ ■ ■

CS - 90

Crime and Punishment in the Ṛgvedic and Classical Period of India : A Study

Dr. Krishna Kanta Handique

During the Ṛgvedic period, sometimes, some criminal offences occurred and offensive and defensive war took place. Offenders were punished accordingly. These may be some sort of slur in the civilized society. Scholars of repute, East and West, opined that in the post-Vedic period too such types of offences had some affinity with the Vedic offences. As an instance the dialogue hymn of Saramā and Paṇi (ṚV 10.108) may be cited and especially cow stealing and cow slaughter vice ranked the first in the Aryan society. The post-Vedic literature had included some episodes, where great battle took place among the kings and priests and Ṛṣis which brought about a disaster in the family. This Smṛti Śāstras adopted prohibitory means with corporal and mental punishment for the sinners.

The full paper will discuss in detail the Crime and Punishment in the Ṛgvedic and Classical Period of India.

■ ■ ■

CS - 91

Similarities and Differences Between the *Vṛttaratnākara* and the *Chandomañjarī*

Dr. Ritamani Patgiri

Chandas, as it is found has been occupying a very important place in ancient education system. The scholars divided *chandas* in two parts- (i) Vedic and (ii) Classical. The Vedic metres are difficult to understand and some other metres in Classical Sanskrit are hard to grasp. Both Kedārabhaṭṭa and Gaṅgādāsa in their books *Vṛttaratnākara* and *Chandomañjarī* explain *chandas* in a manner so that *chandas* become easily understandable to all. These two books are very famous among the contemporary metrical works.

Vṛttaratnākara consisting of six chapters, deals with *paribhāṣā, mātrāvṛtta, samavṛtta, ardhasamavṛtta, viṣamavṛtta* and *prastāra.* The number of ślokas are 238. The *Chandomañjarī* devided into six chapters called stavaka, deals with introductory elements of chandas including short and long *mātrā* of varṇas and metrical ceasation in the first stavaka. The second *stavaka* discusses the *samavṛtta* metres, the third stavaka deals with *ardhasamavṛttametres,* the forthstavaka discusses the *viṣamavṛtta.* The fifth *stavaka* discusses the *mātrāvṛtta* and the sixth *stavaka* discusses the three types of prose composition viz. *chūrṇaka, utkalikāprāya* and *vṛttagandhi.* The number of ślokas are 278 (two seventy eight).

Chandomañjarī of Gaṅgādāsa was composed generally on the model of the *Vṛttaratnākara* of Kedārabhaṭṭa with the exception that while Kedārabhaṭṭa enumerates the six pratyayas in chapter-IV, Gaṅgādāsa does not mention them.

■ ■ ■

CS - 92

Cāṇakya's *Cāṇakyanīti:* A Treatise of Good Sayings

Dr. Indrani Deka

We all know that Cāṇakya is famous by the name Kauṭilya also. He was an epoch-making personality. He was an adviser and a prime minister to Emperor Candragupta of the Maurya dynasty. He was a teacher at Taksasila University. Cāṇakya is known as 'the Indian Machiavelli' in the western world. Two books are attributed to Cāṇakya, one is the *Arthaśāstra* and another is the *Cāṇakyanīti.* The *Cāṇakyanīti* contains 17 chapters. The book is a treatise on the ideal way of life. The language of the *Cāṇakyanīti* is very simple and easy. All the verses were written in the context of the society and the times in which Cāṇakya himself lived. Also verses contain a wealth of native wisdom, moral and practical advice. Many of these codes of conduct are of universal application. There are many verses on learning, importance of learning, usefulness of learning, verses on wise man, proper place for residence, how to live in the society, qualities of a man, treatment of a child etc. There are some verses in the *Cāṇakyanīti* like who are considered as good parents, who is a happy householder etc. As the old values are losing their relevance in the present society, there is a hope that the teachings of the *Cāṇakyanīti* will impart the practical wisdom to the people of today's society.

Thus, an attempt has been made in this paper to present some important sayings of the *Cāṇakyanīti* and their relevance in the day to day life of the people in the society.

■ ■ ■

CS - 93

Delineation of *Rasa* in Bhavabhūti's *Uttararāmacarita*

Subhajyoti Borgohain

Rasa is an important element of any literary work. In the literary work *Rasa* means aesthetic delight or pleasure. At first Bharata established *Rasa sūtra.* In the *Nātyasāstra,* Bharata enumerates eight *Rasas,* viz. *Śṛngāra, Hāsya, Karuṇa, Raudra, Vīra, Bhayānaka, Bībhatsa* and *Adbhuta.* According to Viśvanātha Kavirāja, *Rasa* is a permanent mental state that rises in the mind of spectator with the help of *vibhāva, anubhāva* and *sañcāribhāva.*

The *Uttararāmacarita* of Bhavabhūti occupies an important position in Sanskrit literature. It is based on the great epic *Rāmāyana,* wherein the later part of Rama's life is described. This work comprises seven acts. This is based on the incidents that had taken place after the coronation of Rāmā. The subject matter of this play is the incident of abandonment of Sītā in the Daṇḍakāraṇya by Lakṣmaṇa in the pretext of satisfying her desire to wonder in the familiar surroundings of the forest. Bhavabhūti describes various *Rasas* in the *Uttararāmacarita* in a beautiful manner. He delineates these *Rasas* very beautifully. In this work, he shows great skill in depicting all types of *Rasas.*

In this present paper an attempt has been made to highlight the delineation of *Rasa* as depicted in the *Uttararāmacarita.*

■ ■ ■

CS - 94

History as *Kāvya* : A Consideration of *Madhuravijayam*

Shri M. G. Naik

Historical materials have been one of the important sources of classical Sanskrit literature. However, the texts like *Rughuvaṁśa, Pratijñāyaugandharāyaṇa* and *Mudrārākṣasa* have attracted the attention of the scholars more as *kāvya* than as a source of history. This is mainly due to the western notion of history as a science. But the eastern traditions which views *Mahābhārata* as an *itihāsa* has an altogether different engagement with the past. This paper explains the Indian creative engagement with the past using *Madhuravijaya* as pretext.

■ ■ ■

CS - 95

Human Values in the Works of Kālidāsa

Mr. Ranjan Borthakur

Values are the basis of human being. Nowadays, the human beings have achieved the top of its civilization. At the same time, it has been uttered in many cases, that man has failed to maintain the rightness, virtue, morality, truth, religion, custom etc. the moral values without which the world could not be a place of worth living.

Kālidāsa, the prince in Sanskrit literature, perhaps occupies the highest position in this field. The works of Kālidāsa, is in fact, a treasure house of moral lessons. The works of Kālidāsa are based on equality, morality, intolerance and so on. The advices towards Śakuntalā, at the time of departure to her husband's house; the ideal characters like king Dīlipa as found in the *Raghuvaṁśa;* king Duṣyanta and Śakuntalā of *Abhijñānaśakuntalam;* the universal relationship between man and nature as maintained by Kālidāsa in all his works especially, the fourth act of the *Abhijñānaśakuntalam* etc. are a few instances regarding this. Hence, the aim of this paper is to highlight the different aspects of human values as revealed in the works of Kālidāsa and find out their relevance, if any, for maintaining an ethical world in the present era of globalisation.

■ ■ ■

CS - 96

Education System in Ancient India in the Light of Kālidāsa's Writing

Dr. Binima Buzarbaruah

Literature can be considered as the mirror which reflects the culture and civilisation of a nation. The earliest record of ancient Indian civilisation is found in the Vedas. In the classical age also writings of different poets showed light on different aspects of the culture of that age. The various poetic compositions of Kālidāsa, the greatest poet of classical Sanskrit literature, are good testaments of various facts of ancient India. Facts regarding geography, polity and governance, Indian History, economic life of ancient India are well depicted in Kālidāsa's writing. Apart from these, facts regarding the system of education in ancient India can also be gathered from the different works of Kālidāsa. Aspects relating to learning like the courses of study, relationship between students and teachers, the salary of a teacher, duties of students etc. are very well depicted in different parts of his works. So, it is very significant that besides showing his poetic talent through his works, Kālidāsa made great effort to provide various information to the readers regarding different system of the contemporary society including the system of education of that time.

In this paper an endeavour will be made to show the system of education in Kālidāsa's time and also to compare this system with that of the Vedic age.

■ ■ ■

CS - 97

Didactic Features of *Rājataraṅginī* of Kalhana

Dr. Nava Kumar Handique

Rājataraṅginī of Kalhana is a unique literary work in the world of Sanskrit Literature from the point of both history and *kāvya*. Kalhana's narrative gives a pen picture of the bygone days of Kashmir as well as its literary embellishments. It is true that his treatment of history and historical events is not at par with the mindset of modern historians, yet his endeavour in putting the historical events in black and white is a very laudable one. Another notable thing of his work is the comparatively less use of rhetorical and literary extravaganzas. Kalhana explicitly says that he has chosen the subject matter as a poetical work more than anything else, where he has mentioned that his *Kāvya* puts prime importance on *Śāntarasa* as the main *rasa* or sentiment .Therefore, one can easily trace the didactic features in his chronicle. Kalhana time and again reminds the readers of the temporal nature of earthly accomplishments, the nature of wavering royal positions and the rightly deserved punishments which follows inevitably from the violation of moral laws. That the riches and wealth vanishes to nothingness, that every human misconduct suffers its due, that law of *Karma* spares none and retributes all actions sooner or later and that the *adṛṣṭa* or destiny reigns, such was the instructional philosophy found in Kalhana's historical *Kāvya* wherein he shows a path of moral development for the entire human race. This paper will make an attempt to have an insight into didacticism or instructional philosophy, portrayed through the characters and events of his literary masterpiece *Rājataraṅginī*.

■ ■ ■

CS - 98

Kṣemendra's *Nīticarcā*

Vijaya Mandlik

Kaviraja Kṣemendra's treatise called *Nītikalpataru* has the topics of discussion on *Nīti*. In ancient time the political aspect of *Nīti* was included in the discussion with the moral and ethical aspects. In this research paper we will discuss how the author of *Nītikalpataru* defines *Nīti* and the aspects of *Nīti* he has discussed. Kṣemendra has given many examples from ancient discourses on *Nīti* like *Mahābhārata* etc to explain the concept of *Nīti* and its importance. In brief we will discuss here the opinion of author on *Nīti*.

■ ■ ■

CS - 99

The Art of Hunting in Sanskrit Literature

Somdatta Hati

Literature is generally an index of the life of nation. Every important act of a national life is faithfully represented in literature. *Mṛgayā* or hunting was a pastime since the earliest times in man's history. Ancient Indians were very fond of manly sports. It is no wonder, therefore, that hunting should have engaged the attention of Sanskrit writers.

The description of hunting is seen in abundance in many places of the *Rāmāyaṇa*, the *Mahābhārata*, the *Purāṇa* and in many classical writtings.

Hunting of wild animals were regarded both as a necessity and a sport since the earliest times in man's history. At first it was mere a matter of necessity than a sport for the supply of food and to maintain man's existance. Gradually with the progress of urbanization it became a sport for the civilized people and as a source of income for the common man. But with the growth of cities and new professions, the city dwellers were no longer forced to fall back upon hunting for his daily supply of food. Moreoever the conception of *ahiṁsā* provoked the sophisticated people not to kill the animals. As a result, in Course of time, hunting came to be looked upon as a sport, rather than a man's struggle for existance.

According to classical sanskrit literature the object of hunting leads to the acquisition of three goals of life i.e., *dharma, artha* and *Kāma*. But the main object of hunting is to attain profound pleasure. Therefore, after due deliberation over both of usefulness and harmfulness of hunting, it is to be practised within proper bounds for delight of the world but too much addiction to hunting must be avoided.

■ ■ ■

CS - 100

Society Reflected in the Dramas of Śrīharṣa

Dr. Dwijen Sarma

There is an indispensable and inseparable relationship between a society and its literature. No literature can flourish without the influence of society. The information regarding the bravery of a king, rise and fall of a kingdom, emotions and feelings of the people of any nations which we know through the literature, cannot be gathered through any other sources. If literature had not been the mirror of our society then we would have been unable to understand the traditions and customs of our ancient times. So literature serves as a great source of social information for all the times and all the regions.

The rhetoricians devide *Kāvya* into two heads i.e. *Dṛśya and Śravya.* The *Śravya-Kāvya* is one from which relish can be derived by either reading or hearing the *Kāvya* and the *Dṛśya - Kāvya* is that one from which relish can be obtained only after the observation of its active performance on the stage. The relish from the *Śravya-Kāvya* can be obtained only by educated people but the *Dṛśya-Kāvya* can be relished by each and every one irrespective of educational status. Even an illiterate person can enjoy the drama by watching its presentation on the stage. He finds himself in the world of enjoyment by viewing the stage decoration, costumes and performance of the artists. In comparison to the *Śravya-Kāvya,* the *Dṛśya - Kāvya* has maximum delighting elements, attractiveness and variety of the subject matter which enable the *Dṛśya - Kāvya* to be more popular.

Among the royal authors, the name of Emperor Śrīharṣa stands pre-eminent. It is apparent that Śrīharṣa is a notable dramatist of the seventh century A.D. The merit of his compositions is attested by the numerous references and citations from them, in mediaval Sanskrit literature. Śrīharṣa is credited with the authorship of three important plays; *Priyadarśikā, Ratnāvalī* and *Nāgānanda.* Here, in this paper my attempt is to focus the perspective of then prevailed society on the basis of these dramas.

■ ■ ■

CS - 101

Polity as Reflected in the First Two Sections of *Sūktisaṅgraha* of Poet Rākṣasa

Dr. Prachi A. Moghe

The *Sūtktisaṅgraha* of Poet Rākṣasa has been edited by Goswami Gokulnath (Mota Mandir, Mumbai) and published by Shrigovardhanesh Prakashan Mandalam, Mumbai; in 2014.The *Sūtktisaṅgraha* is a collection of *Sūkti-s* on different topics like polity, noble people, wicked people and other details. It contains five sections and total 104 *Sūkti-s* (verses). This paper focuses on 'polity' as reflected in the first two sections; i.e. सुराजपद्धतिः (26 verses) and राजपद्धतिः (21 verses). The subject matter of these two sections is *saptāṅga*, concepts of *maṇḍala,* the personality of king, king's merits, judiciary, administration, four *upāyās* (means), internal and external affairs etc. The peculiarity of these verses is that every verse denotes two meanings.

In this paper, an humble attempt has been made to understand the inner meaning of the select verses and extract the poet's insight on polity and analyze it.

■ ■ ■

CS - 102

The Relevance of Kauṭilya's *Arthaśāstra*

Dr. Satyaprasad Mishra

The *Arthaśāstra* was written by Kauṭilya in Indian primitive Sanskrit language. Kauṭilya wrote this book during the time of Chandragupta Maurya (317 – 93 B.C). As a minister of Maurya kingdom, Kauṭilya has been considered as one of the shrewd minister of the time and has explained his views on state, war, social structures, diplomacy, ethics, politics and statecraft very clearly in his book called *Arthaśāstra.* Kauṭilya had strong opinion on the four aspects. Those are – a) war and peace b) Human rights c) International Economic justice d) world order.

Kauṭilya's work is primarily a book of political realism where state is paramount and king shall carry out duties as advised in his book to preserve his state. Kauṭilya's work is so deep rooted in realism that he goes to describe the gory and brutal means that a king must adopt to be in power.

Kauṭilya is most famous for outlining the so-called *maṇḍala* theory of foreign policy, in which immediate neighbours are considered as enemies, but any state on the other side of a neighboring state is regarded as an ally, or, the enemy of my enemy is my friend.

Foreign policy is just an extension of a nation's wars, the goal of foreign policy is not to end wars, but rather to ward off defeats and to make sure one is successful in subsequent warfare. For Kauṭilya, all ambassadors were potential spies with diplomatic immunity. Indeed, he wrote an entire section about how to fight with the weapon of diplomacy.

In this paper, I shall primarily focus on the relevance of Kauṭilya's thoughts to contemporary issue of good governance, strategy, peace, foreign policy and national security. Kauṭilya's work is then seen in the light of today's politics and ethics.

■ ■ ■

CS - 103

Treatment of the *Kāvyaguṇas* in Maṅkhaka's *Śrīkaṇṭhacarita*

Dhrubajit Sarma

पुष्पिका प्रमाणों से विदित होता है कि अमरगिरि कश्यप इनके भ्राता थे, जो बिहार प्रदेश के निवासी तथा इनके मंत्री थे। इन्हीं की प्रेरणा से लक्ष्मी के निवास स्थान विद्वानों में अग्रणी मुकुटों में जटित मणियों की किरणों से विद्योतित श्वेत छत्र धारण करने वाले राजाओं के वंश में उत्पन्न राजा शिलामेघसेन ने स्वभाषालंकार नामक ग्रंथ का प्रणयन किया, जो तीन परिच्छेदों में विभक्त है। प्रथम परिच्छेद में काव्य प्रयोजन, कारण, स्वरूप तथा काव्य गुणों का उदाहरण सहित विवेचन किया गया है, द्वितीय परिच्छेद में स्वभाव, उपमा, रूपक, दीपक, प्रवृत्ति, आक्षेप, अर्थान्तरन्यास, व्यतिरेक, विभावना, समास-वचन, अतिशय, उत्प्रेक्षा, हेतु सूक्ष्म, लव, क्रम, प्रेय, रसवत्, अहंकार, पर्याय, समाहित, श्लेष, उदात्त, प्रतिक्षेप, विशेष, समयोजिता, विरुद्धार्थ, अप्रस्तुति, ब्याजस्तुति, निदर्शना, सहोक्ति, परिवृत्ति, आशीः, संकीर्ण, भाविक आदि 35 अलंकारों का विशद रूप से वर्णन किया है। तृतीय परिच्छेद में शब्दालंकार, यमक के भेदों का विस्तृत रूप से विवेचन किया गया है। साथ ही इसी परिच्छेद में काव्य देश एवं परिहार भी वर्णित है। कवि ने वाच्यार्थ एवं प्रतीयमानार्थ रूप से काव्य के दो भेदों का उल्लेख भी इसी परिप्रेक्ष्य में किया है। इस प्रकार उपर्युक्त संपूर्ण विषयों को 400 कारिकाओं में आबद्ध करने का स्तुत्य प्रयास किया है।

आचार्य बलदेव उपाध्याय ने अपनी पुस्तक 'संस्कृत साहित्य का इतिहास' में सिंघली भाषा के अलंकार ग्रन्थ सियवसलकुर (स्वभाषालंकार) की रचना काव्यादर्श के आधार पर बताया है तथा राजासेन प्रथम महावंश के अनुसार इसका रचयिता 846-866 ई० तक राज्य करता था, ऐसा स्पष्ट उल्लेख प्राप्त होता है। अतः शिलामेघसेन का शासन काल 846-866 ई० मानना न्यायोचित प्रतीत होता है। आचार्य शिलामेघवण्ण केवल शासक ही नहीं, अपितु उद्भट विद्वान् भी थे। वे अनेक ग्रंथों के प्रणेता, बौद्ध धर्म के पालक तथा बौद्ध विहारों के रक्षक भी थे। यद्यपि शिलामेघसेन, काव्यादर्श की टीकाकार के रूप में ही सुविदित हैं, फिर भी उनके आचार्यत्व और काव्य शास्त्राचार्यत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है।

■ ■ ■

P & B - 8

महायान सूत्रों में धारणियाँ और उनका महत्त्व

कविता शर्मा

महायान सूत्रों में धारणी मंत्रों का विशेष महत्व है। महायान सूत्रों में इनका वहीं स्थान है जो स्थान वैदिक मंत्रों का वेदों में है। धारणियों एवं मंत्रों का प्रयोग बुद्ध और बोधिसत्वों की प्रार्थना, सूत्र रक्षा, भय एवं अन्य विधि प्रकार की आपदाओं के निवारण के लिए किया जाता था। महायान सूत्रों में उच्चारित इन मंत्रों का प्रयोजन प्राणी हित है। 'धारणी' शब्द धृ धातु से निष्पन्न हुआ है। प्रारंभ में विद्याधर नाम से धारणियों को जाना जाता था। धारणियों के उपयोग के संबंध में चार विभाग किए जा सकते हैं।

(1) धर्मधारणी (2) अर्थधारणी (3) मंत्र धारणी (4) बोधिसत्वक्षान्तिलभाय धारणी।

नेपाली बौद्ध धर्म में पञ्चरक्षा नाम से पांच धारणियों का संग्रह अति प्रचलित है।

(क) महाप्रतिसार (ख) महासहस्त्रप्रमर्दन (ग) महामयूरी या मारीचि (घ) महासीतवती (ङ) महारक्षा मंत्रानुसारिणी।

■ ■ ■

P & B - 9

महाकरुणा का स्वरूप : बौद्ध दर्शन

प्रो. विन्ध्यांचल सिंह

बौद्ध दर्शन में ज्ञान-प्राप्ति के तीन मार्ग बताए गए हैं - श्रावकयान, प्रत्येक बुद्धयान तथा बोधिसत्वयान। बोधिसत्वयान को ही महायान कहा जाता है। महायान का लक्ष्य बुद्धत्व की प्राप्ति है। महायान के वर्णन क्रम में ही महाकरुणा के स्वरूप का विस्तृत वर्णन मिलता है। बुद्ध वहीं प्राणी बन सकता है जिस प्राणी में प्रज्ञा के साथ-साथ महाकरुणा का भाव भी विद्यमान रहता है। बोधिसत्व की चर्या महाकरुणा से ही पुरस्सर होती है। महाकरुणा ही उसका आरंभ है तथा दु:खित प्राणी ही इस करुणा के आलंबन हैं। सम्यक् सद्बुद्ध ने समय-समय पर उपदेश क्रम में बार-बार महाकरुणा की चर्या भिक्षुओं के समक्ष की है। उनका यह भी कथन है कि बोधिसत्व को केवल एक ही धर्म को अपनाना चाहिए और वह धर्म है- महाकरुणा। तात्पर्य है कि महाकरुणा बौद्ध-दर्शन में एक

महत्वपूर्ण स्थान रखता है। महाकरुणा के स्वरूप वर्णन क्रम में छः प्रकार के पारमिता ग्रहण की भी चर्चा है। जब साधक बोधिचित ग्रहण कर लेता है तब पारमिताओं का सेवन आवश्यक हो जाता है। बिना पारमिताओं के अभ्यास के कोई भी बोधिसत्व बुद्धत्व की प्राप्ति नहीं कर सकता। महायानी ग्रंथों में पारमिताओं की संख्या छः मानी गई है – दान, शील, शान्ति, वीर्य, ध्यान और प्रज्ञा। महायान में इसी साधना को ही महाकरुणा के स्वरूप के रूप में वर्णन किया गया है।

■ ■ ■

P & B - 10

बौद्ध धर्म का विकास : अतीत और वर्तमान

हनुमदीश्वर कुमार सिंह

मानव सभ्यता और संस्कृति के विकास में धर्मों की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दरअसल अगर मत, विश्वास में और फिर धर्म में न बदले होते तो निश्चित ही मानव सभ्यता के विकास में तेजी की कमी रहती, क्योंकि जब तक मानव नियम आदि के बंधन में नहीं आएगा वह समूह का सदस्य नहीं बन सकता और जब तक समूह नहीं होगा, सभ्यता के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। सो धर्मों का उदय इस सृष्टि के प्रयोजन, प्रकृति और उद्देश्य संबंधी कुछ विश्वासों के रूप में हुआ और आगे चलकर उनका विकास विश्वासों की ऐसी सुसंगठित पद्धति में हुआ जिसमें लोगों को एक सूत्र में बंधे समाज के रूप में दिखा। विश्व के प्रमुख धर्मों में इसाई, मुस्लिम, हिन्दू, बौद्ध इत्यादि की गिनती की जाती है। यहां बौद्ध धर्म ही विवेच्य है।

बौद्ध धर्म ने दक्षिण पूर्व एशिया और चीन के निवासियों की जीवन और उनकी संस्कृति में क्रांतिकारी परिवर्तन पैदा किए। लेकिन चीन में साम्यवाद के आने के बाद धर्म पर रोक लगी जिससे बौद्ध धर्म क्षीण हुआ। लेकिन जापान, तिब्बत और भारत के कुछ भागों में बौद्ध धर्म की आस्था मजबूत है। छठी सदी ईसा पूर्व में भारतवर्ष में वैदिक धर्म में आई गिरावट के विरुद्ध गौतम बुद्ध ने बौद्ध धर्म की स्थापना की। परंतु गौतम बुद्ध वैदिक धर्म के अच्छाइयों की सदैव प्रशंसक रहे एवं अपने धर्म में उन्हें स्थान दिया। उनका दर्शन उपनिषदों के सर्वथा नजदीक था। उन्होंने पाखण्डी ब्राह्मणों की आलोचना की परंतु साथ ही सत्यनिष्ठ एवं सच्चरित्र ब्राह्मणों को धर्म में प्रवेश दिया एवं धर्म को बढ़ाने में अन्य वर्गों के साथ उनकी भी सहायता सहर्ष स्वीकार की।

बुद्ध का काल बौद्धिक हलचल एवं धार्मिक क्रांति का युग था। इस काल में पुरानी धार्मिक मान्यताएँ बदल गई और नए धर्मों का उदय हुआ। लगभग समूचे एशिया को इस धर्म ने आप्लावित

कर दिया। आगे चलकर उन अनेक स्थानों के साथ भारत से भी यह धर्म विलुप्त हो गया। परंतु फिर भी चीन, जापान, कोरिया, थाईलैंड, श्रीलंका, बर्मा, वियतनाम इत्यादि देशों में यह धर्म पूरी आस्था एवं समृद्धि के साथ जीवित है। पुनः भारत में भी जेम्स प्रिन्सेप, कनिंघम, मैक्समूलर, अनागारिक, धर्मपाल इत्यादि के प्रयासों के फलस्वरूप यह धर्म पुनर्जीवित हो चुका है। इस कार्य में सबसे अधिक गति बीसवीं सदी में डॉ० भीमराव अम्बेडकर के प्रयासों से आई है। भारत में अनेक लोगों ने अपने धर्म का त्याग कर बौद्ध धर्म को स्वीकार किया है। आज विश्व में इस धर्म के अनुयायियों की संख्या लगभग 50 करोड़ है।

■ ■ ■

P & B - 11

सामाजिक न्याय एवं समानता : बौद्ध दर्शन

डॉ. सत्येन्द्र नारायण सिंह

सामाजिक न्याय और समानता के विषय में विद्वत् जनों एवं मनीषियों के द्वारा प्राचीन काल से ही चिन्तन एवं मनन होते आ रहा है। बुद्ध युग के पूर्व वैदिक काल से ही सामाजिक न्याय, नैतिक न्याय, राजनैतिक न्याय और आर्थिक न्याय पर गहन अध्ययन होते आया है। भारत में प्राचीन काल से 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का नारा रहा है।

सामाजिक न्याय एवं सामाजिक समानता के परिप्रेक्ष्य में बौद्ध दर्शन की प्रासंगिकता को समझने के लिए हमें भगवान् बुद्ध के उपदेशों के रहस्य को समझना अत्यावश्यक होगा। भगवान् बुद्ध के समय समाज की दशा आज की तरह ही अस्त-व्यस्त हो गई थी। जन समाज आज के ही समान अनेक वर्गों, अनेक जातियों और अनेक संप्रदायों में बँटा हुआ था। हालांकि उस समय भी वैसे लोग थे, जिनमें दया, करुणा एवं मैत्री का भाव था, वैसे लोग भी थे जो दया तथा धर्म के पक्षधर थे। भगवान् बुद्ध ने इस समाज की विषमता को बड़े नजदीक से देखा था। आज संपूर्ण विश्व का समाज सांस्कृतिक श्रेष्ठता की ग्रंथियों से पीड़ित है और इसकी परिणति सांप्रदायवाद, रंगभेद की नीति, जातिवाद, वंशवाद आदि अनेक हिंसक रीति-रिवाजों में होती है। भगवान् बुद्ध द्वारा प्रदत्त बौद्ध धर्म ही एक ऐसा धर्म है, जिसके अनुपालन से सामाजिक विकृतियाँ समाप्त हो सकती हैं।

■ ■ ■

P & B - 12

डॉ० भीमराव अम्बेडकर : बौद्ध धर्म

डॉ० सत्येन्द्र प्रसाद सिंह

'बौद्ध धर्म में दीक्षा' डॉ० भीमराव अम्बेडकर द्वारा सामाजिक न्याय एवं समानता आंदोलन के क्षेत्र में उठाया गया एक महत्वपूर्ण एवं क्रांतिकारी कदम था। इसकी प्रतिक्रिया न केवल भारत, अपितु विश्व स्तर पर भी हुई। इसमें डॉ० अम्बेडकर के छूतोद्धार एवं सामाजिक न्याय के संघर्ष करने के प्रति उनके कार्यक्रम पर ऐसा प्रश्न चिह्न लग गया था। वे अनुभव करने लगे थे कि हिन्दू धर्म की जड़ों में व्याप्त कुरीतियों से लड़ना कठिन कार्य है। उन्हें हिन्दू धर्म में रहते हुए सामाजिक सुधार कर पाना असंभव लगने लगा था। इस विषय के प्रति सदैव चिन्तित रहते थे कि यदि समय रहते, इस समस्या का उचित समाधान नहीं किया गया तो आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक रूप से पिछड़े वर्ग कभी भी सामाजिक न्याय प्राप्त नहीं कर पाएंगे।

डॉ० अम्बेडकर ने बौद्ध धर्म को श्रेष्ठ धर्म बतलाया, क्योंकि भारतीय संस्कृति में आरंभ से ही बौद्ध धर्म का विशिष्ट स्थान रहा है। इसमें सामाजिक कुरीतियों तथा अन्य प्रचलित आत्मविश्वास को दूर करने का भरसक प्रयास किया गया है। अतः डॉ० अम्बेडकर ने बुद्ध धर्म के सिद्धांतों को ही अपने लक्ष्य प्राप्ति का माध्यम बनाते हुए अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म को स्वीकार किया और बौद्ध धर्म में दीक्षा ग्रहण की। बौद्ध धर्म के सिद्धांतों में मुख्यतः मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा, प्रज्ञा, समानता को प्राथमिकता दी और कहा कि बौद्ध धर्म सभी धर्मों से श्रेष्ठ है। साथ–साथ यह भी कहा कि – 'बौद्ध धर्म सताए गए पददलितों के लिए आशा का एक दीप है'। बौद्ध धर्म की दीक्षा के उपरान्त अपने अनुयायियों को कहा था कि – 'मैंने आज आप लोगों को हिन्दुओं के बराबर बना दिया है और मुझे ऐसा लगता है कि मेरा आज पूनर्जन्म हुआ है तथा नरक यातना से मेरी मुक्ति हुई है'। तब इस तमान नव बौद्ध धर्म अनुयायियों ने इतिहास में पहली बार अपने मन की हीन भावना को अपने अन्दर से निकाल दिया। इससे इन लोगों का स्वाभिमान इतना तेज हुआ कि उन्होंने साक्षात् ईश्वर से अपना नाता तोड़ लिया। उनके हृदय में जगी आत्म सम्मान की भावना ने देश के लिए चेतनाएं पैदा की, जिसका जीता जागता उदाहरण दलित साहित्य व आंदोलनों के रूप में प्रकट हुआ। इस प्रकार धर्म–परिवर्तन की इस धारणा ने सदियों के शोषित दलित वर्ग के दिलों से काला अंधेरा हटा दिया।

■ ■ ■

P & B - 13

सुत्तपिटक में अहिंसा का विवेचन

हरिनाम सिंह

सुत्तपिटक साहित्य भगवान् बुद्ध की शिक्षाओं का अमूल्य संग्रह है जिसमें अहिंसा रत्न इस प्रकार सजाकर रखा गया है कि कोई भी चाक्षुष्मान पुरुष देखते ही पहचान सकता है तथा उसके अवलम्बन से जीवन यापन करते हुए निर्वाण को प्राप्त हो परम सुखी हो सकता है। सुत्तपिटक में प्रागैतिहासिक एवं बुद्धकालीन भारत से संबंधित अन्य देशों की ऐतिहासिक सामग्री प्रचुर मात्रा में आई हुई है। बुद्धकालीन भारत का सच्चा एवं प्रमाणित इतिहास सुत्तपिटक की सहायता के बिना नहीं लिया जा सकता।

अहिंसा जिसका बौद्धधर्म के शीलों में प्रथम स्थान है, तथागत ने संक्षिप्त रूप में चतु:शतक में अहिंसा अक्षरों में धर्म का वर्णन किया है। हिंसा को महात्मा बुद्ध ने अनार्य कर्म कहा है। भगवान् बुद्ध हिंसा के घोर विरोधी थे, उनके द्वारा कहे गए वचनों को सुत्तपिटक में संग्रहीत किया गया है। अतः इसी सुत्तपिटक साहित्य में वर्णित अहिंसा का विवेचन शोधपत्र में करने का प्रयास किया जाएगा।

■ ■ ■

P & B - 14

बुद्ध का समाज दर्शन

डॉ० जयवीर सिंह यादव

भारतीय दर्शन में बौद्ध दर्शन का अपना विशेष महत्व है। दार्शनिकों ने षड्दर्शन के सिद्धांत को प्रतिपादित किया तथा इन षड्दर्शनों में क्रमशः सांख्य-योग, न्याय वैशेषिक, वेदान्त मीमांसा को स्थापित किया। कालान्तर में बुद्ध का जन्म हुआ। महात्मा बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति के बाद उन्होंने बौद्ध दर्शन की स्थापना की। इस दर्शन में वैदिक काल की अनेकों कुरीतियों का खण्डन किया गया। वैदिक कला की बढ़ती हुई पशुवलि पर महात्मा बुद्ध ने प्रहार किया।

समाज में मानव के बीच ऊंच-नीच, जाति-पाति की खाई को पाटने का कार्य किया। समाज के सभी मनुष्य बौद्ध धर्म की दीक्षा ले सकते हैं। भगवान् बुद्ध ने अपने सभी शिष्यों को इस सिद्धांत पर चलने की प्रेरणा दी। समाज के सभी वर्गों के लोग –

बुद्धं शरणं गच्छामि। धम्मं शरणं गच्छामि। संघं शरणं गच्छामि।

के स्थापित सिद्धांत पर चलकर ज्ञान को प्राप्त कर सकते हैं। बुद्ध के समय में धार्मिक अंधविश्वास, पाखण्ड एवं वैदिक कर्मकाण्डों के कारण नैतिक, मानवीय एवं सामाजिक मूल्यों का पल-पल ह्लास हो रहा था। इस संदर्भ में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का कथन है, उस समय समस्त वातावरण परस्पर विरोधी मन्तव्यों एवं कल्पनाओं के राशिभूत पुंज से परिपूर्ण था, जिसे किसी ने अंगीकार किया तो दूसरे ने उसे मानने से इनकार कर दिया।

भगवान् बुद्ध ने समाज के सभी वर्गों - ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र के लिए अपने धर्मस्थलों के द्वार खोल दिए थे। वह जाति-पाति के घोर विरोधी थे। बुद्ध अपने समाजवादी दर्शन के संदर्भ में अच्छे-पूरे की पहचान कार्यशीलता तथा नीर-क्षीर विवेक का होना मानव का सबसे बड़ा धर्म मानते थे। उनका मत था जिस कर्म से सबको सुख मिले वह ठीक है तथा जिस कर्म से किसी को आघात पहुँचे वह ठीक नहीं है। इसके लिए मनुष्य में स्वयं को देखने तथा परखने की प्रवृत्ति होनी चाहिए।

■ ■ ■

P & B - 15

वुत्तोदय - एक परिचय

डॉ. जनार्दन प्रसाद पाण्डेय

संस्कृत वाङ्मय से अनुप्राणित 'वुत्तोदय' पालि भाषा में रचित एक मात्र छन्द शास्त्रीय ग्रंथ रत्न है। इसकी संरचना संघरक्षित द्वारा बारहवीं शताब्दी में की गई है। इसका मुद्रण सर्व प्रथम बुधाब्द, 2059 ई० सन् 1965 में याज्ञवल्क्य, ममता प्रेस कबीर चौरा वाराणसी द्वारा हुआ है।

यह ग्रन्थ छः परिच्छेदों में विभक्त है। प्रथम परिच्छेद में मंगलाचरण के अनन्तर गण, गुरु, लघु, भूत, संख्या तथा छन्दशास्त्र में प्रयुक्त पारिभाषित शब्दों का उल्लेख है। द्वितीय परिच्छेद में 26 अक्षरों तक वाले समवृत्तों का उल्लेख है। पालि में एक से लेकर पांच वर्ण तक के तथा 23 से लेकर 26 वर्ण तक के छन्दों का प्रचलन नहीं है। इसलिए छः वर्णों वाले गायत्री छन्द से लेकर 22 वर्णों के आकृति छन्द तक का वर्णन प्राप्त होता है। इस परिच्छेद में 6 वृत्तों का उल्लेख है।

चतुर्थ परिच्छेद में अर्धसम 11 वृत्तों का उल्लेख है। पांचवें परिच्छेद में विषमवृत्त का वर्णन है जिसके प्रत्येकपाद के लक्षण भिन्न-भिन्न होते हैं। इसमें कुल 10 छन्द हैं। विषम अक्षर और विषम पाद वाले

किसी छन्द का उल्लेख यदि नहीं हुआ है तो उसे मात्रा के समान समझना चाहिए। छठें परिच्छेद में (षट् प्रत्यय) का निरूपण है। इसमें एक-एक छन्द के अंतर्गत पूरी जानकारी की विधियाँ बताई गई हैं, शेष विचार शोधपत्र में निरूपित है।

■ ■ ■

P & B - 16

संघरक्षित का काव्यशास्त्रीय योगदान

डॉ. सोम प्रकाश पाण्डेय

सिंहल देशीय इतिहासकार इस निर्विवाद तथ्य को स्वाकीर करते हैं कि आचार्य संघरक्षित विजयबाहु द्वितीय या तृतीय के शासनकाल में विद्वानों द्वारा विशेष रूप से समादृत हुए। इसी समय में उन्होंने अपने साहित्य का विकास भी किया। विद्वानों का विचार है कि यह काल पालि साहित्य के स्वर्णयुग के रूप में स्मरण किया जाता है।

आचार्य संघरक्षित को विजयबाहु तृतीय ने गुरु के उत्तराधिकारी के रूप में सिंहाध्यक्ष के पद पर प्रतिष्ठित किया। इनका समय 13वीं शताब्दी स्वीकार किया गया है। आचार्य संघरक्षित ने मुख्य रूप से काव्यशास्त्रीय दो ग्रंथों का निर्माण किया। जिनमें सुबोधालंकार एवं वुत्तोदय मुख्य हैं। प्रथम काव्यशास्त्रीय ग्रंथ है तथा द्वितीय छन्दशास्त्रीय। इसके अतिरिक्त उन्होंने खुद्दकसिक्ख टीका, संबंध-चिन्ता, योगविनिश्चय आदि ग्रन्थों का भी उल्लेख किया है। जिसका परिज्ञान अधोलिखित श्लोक से होता है -

कृत्वा सुबोधालंकारं वुत्तोदयमनाकुलम्
खुद्दकसिक्खायटीकम्पि तथा सम्बन्धचिन्तनम्।
संघरक्खितनामेन, थेरेनाथिरचेतसा
सतधम्मदिट्ठिकामेन सासमोदयकामिना।।

छन्दशास्त्रीय ग्रन्थ वृत्तोदय 6 परिच्छेदों में विभक्त है। प्रथम में संज्ञा परिभाषा निर्देश। द्वितीय में मात्राछन्द निर्देश, तृतीय में वर्णछन्द, चतुर्थ में अर्धसमवृत्त, पञ्चम में विषमवृत्त तथा षष्ठ परिच्छेद में षट्प्रत्यय निरूपित हैं।

■ ■ ■

P & B - 17

बौद्ध शिक्षा ग्रंथ 'ललित विस्तार' : एक अध्ययन

डॉ. महेन्द्र कुमार एम् रावल

संस्कृत भाषा में निबद्ध 'ललितविस्तार' ग्रंथ भारतीय बौद्ध संस्कृति और शिक्षा का उत्कृष्ट ग्रंथ है। इस महाग्रंथ में कुल सत्ताइस परिवर्त्य हैं। जिसमें भगवान् तथागत का जन्म से प्रथमोदेश तक का जीवन-दर्शन संगृहीत है, जो तत्कालीन लोकजीवन के विभिन्न संदर्भों को प्रस्तुत करता है।

ललितविस्तार - एक महाकोष हैं, जिसमें सत्ताईस परिवर्त्यों में लिपि का वर्णन है। साथ-साथ संख्यागणना और कलाओं की भी गणना है। बोधसत्व को जिस लिपि, संख्या और कला की शिक्षा दी गई थी, उनके बारे में अत्यंत अद्भुत वर्णन इस ग्रंथ में प्राप्त होता है, जिससे बौद्धकालीन शिक्षा का अनुशीलन हो सकता है। ललितविस्तार - ग्रंथ के दो परिवर्त्य - दशवा - लिपिशाला संदर्शन और बारहवाँ शिल्प संदर्शन बौद्धकालीन शैक्षणिक, सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ललितविस्तार में प्रस्तुत किया गया है कि लिपिशाला में कुमार बोधिसत्व के साथ दशहजार लड़के लिपिशिक्षा ग्रहण करते थे। वे सब बोधिसत्व के साथ अक्षर मातृका का वाचन करते थे। परंतु इस अक्षरज्ञान की विशेषता यह थी कि उनके प्रत्येक अर्थ का वाच्य अर्थ बौद्ध दार्शनिक तत्वों के उपस्थापन के माध्यम से समझाया जाता था। कुमार बोधिसत्व को विभिन्न शिल्पों या कलाओं का भी ज्ञान दिया गया था। ब्राह्मण परंपरा में चौसठ कलाओं की शिक्षा का उल्लेख मिलता है। जैन - परंपरा में (आगमसूत्र) 'प्रबंधचिंतामणि' आदि ग्रंथों में बहत्तर कलाओं की शिक्षा का उल्लेख है। परंतु बौद्ध - परंपरा में चौसठ से अधिक कलाओं का निर्देश प्राप्त होता है। ललितविस्तार में लगभग 91 - इक्यानवे कलाओं की गणना उपलब्ध होती है।

ललितविस्तार ग्रंथ आधुनिक युग में भाषाविज्ञान के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, कलाओं के क्षेत्र में उपयोगी साबित होगा। हमारी प्राचीन परंपरा का ज्ञान ललितविस्तार ग्रंथ का अध्ययन-अध्यापन कराने से फिर से जागृत होगा और विद्यार्थियों को ज्ञान के क्षेत्र में विशेष लाभ होगा।

■ ■ ■

P&B - 18

The Perfection of *Vīryapāramitā* (Joyous Efforts) on the Basis of Bodhicaryāvatāra

Dr. Ramanath Pandey

The present paper expounds the concept of *Vīryapāramitā,* i.e. perfection of joyous efforts, one of the most important perfections among the six *pāramitās (dāna, śīla,vīrya, kṣānti, dhyāna* and *prajñā)* of Bodhisattva's deeds. These are directly related to day-to-day problems raised due to ill effects of the globalization of present age. A devotee of Bodhisattva, who practices six perfections means he works for all sentient beings. *Vīryapāramitā,* (effort) is the state of mind that delights in every virtuous actions. A meritorious effort is necessary to lead our life more pleasurable and less painful. The main feature of *Vīryapāramitā* is that this is the enlightened characteristic of energy, vigour, vitality, enthusiasm etc, which provide strength to an individual towards his work performance in any sort of organization.

■ ■ ■

P&B - 19

Modern Application of Buddhist Ethics : Its Importance

Shri Nabapallab Newar

Modern life science does not provide us with the knowledge of what is morally right or wrong, good or bad. When human beings are not concerned with such knowledge, and do not care to pursue the principles of a morally good life, social interaction among human is not likely to become very different from that of the brutes. One of the most important features that distinguishes life of human from that of brutes is that human being desires not only to live, but also to live well. They search for meaning in life, and seek to attain rationally justifiable moral ideals and goals. In this respect, Buddhist morality has much to offer to modem man.

Our practical lives are full of sufferings and pains only because of lack of proper moral actions. Buddha tries to find out the ways that lead to cessation of these sufferings. In this paper, I just try to explore the importance of application of the Buddhist ethics in our day-to-day life to live peacefully.

■ ■ ■

P&B - 20

Some Special Characteristics of Buddhist Logic and Epistemology in Tibet

Rituparna Ghosh

In the history of Indian and Tibetan Buddhism, all Epistemological problems are logical problems. It attempts to analyse the concept of knowledge with a view to determining the criteria applicable for making the distinction between valid and invalid knowledge. In the history of Buddhist philosophical tradition, considerable attention has been paid to epistemological issues. Buddhist Logic obviously contains the forms and nature of syllogism, the essence of judgement etc.

Logic and Epistemology in Tibet are deeply rooted in Indian Māhāyāna Buddhist philosophy and it is no exaggeration that it occupies a distinct place in the academic world.

The spread of Buddhist Epistemology in Tibet has received subdivisions along similar lines and two main periods of its dissemination went by the heading of the 'old Epistemology' and the 'new Epistemology'. Aside from the fact that these were based on considerations that were obviously chronological, it appears that an additional criterion for their deployment was a philosophical one and these also served to distinguish between the qualitative differences of translations made during these periods. This paper will try to focus on special characteristics of Buddhist logic and Epistemology in Tibet which is different from Indian logic and Epistemology.

■ ■ ■

P&B - 21

Buddhist Position Regarding *Ātman*

Purabi Deka

The notion of the soul or *Ātman* has occupied an important place in philosophical discussion starting from the dawn of human thought. If we go through the history of thought, we come across different views regarding the notion of soul or *Ātman*. The search for the self or soul is the main subject of inquiry in Indian philosophy. Its nature is a fundamental problem for philosophical speculation in Indian philosophy.

The general concept of *Ātman* is that it is the indestructible and eternal soul. It is never born, never dead and after coming into existence never ceases to be. It is always permanent and very ancient. According to the Upaniṣads, the self or atman is indescribable, indestructible and ungraspable. But such an Upaniṣadic concept was rejected as illusory by Buddhist. Buddhism maintains that there is no unchanging, invisible, immutable permanent substance.

Buddha was silent about the *Ātman* enunciated in the Upaniṣads. He remained quiet about the metaphysics of the self. But his silence is explained both positively and negatively. So, the aim of this paper is to determine the actual position of the Buddha regarding *Ātman*.

■ ■ ■

P&B - 22

Is Buddhism a Religion ? A Critical Study

Pallabi Sarmah

Buddhism is one of the greatest living religions of the world. It arose as a great humanist approach of Gautama Buddha affecting the religious ideas of its time. Buddhism advocated equality in social status on the basis of action and opens his door of religious life to all men and to women. Religion is the belief of man in a supernatural power of God on whom human beings depend for their well-being. Although there are some differences between religion and *dharma,* but some factors in *dharma* make it equal to religion.

In this paper, I would try to present why Buddhism may be called as religion and try to explain the fundamental elements which are common to both religion and *dharma.*

■ ■ ■

P&B - 23

The Buddhist Values as Enunciated in Hīnayāna and Mahāyāna and Its Present Relevance

Naina Kalar

Buddhism was essentially a social and religious movement. The teachings of the Buddha are variously interpreted and developed by his disciples and accordingly two important sects are developed — the Hīnayāna and Mahāyāna. The ethical and religious implication of Hīnayāna and Mahāyāna are different from each other. The Hīnayāna or the lesser vehicle and the Mahāyāna or the greater vehicles are different in their viewpoints and these differences can be found in the various requirements that they prescribe for an ethical and religious life.

In the present materialistic world, the preachings of Buddha have become more positive and useful. Buddhism centers around the man and his sufferings. Its aim is to release the human beings from their endless sufferings.

The present study is an attempt to give the metaphysical and ethical discussion of Hīnayāna and Mahāyāna which brings out the values of Buddhism in it. The paper also discusses the relevance of Buddhism in the present society.

■ ■ ■

P&B - 24

The *Aṣṭāṅgikamārga* of Buddhism: A Modern Approach

Miss Namita Pawegam

Buddha was primarily an ethical teacher and reformer. As a Heterodox or Nāstika philosophy, Buddhism regards human as a highest reality. It gives utmost importance on the human life rather than the supreme reality. Buddha tries to enlighten persons on the most important questions of sufferings, its origin, its cessation and the ways that leading to these cessations of suffering.

There is an ethical and spiritual path by following which misery may be removed and liberation can be attained. The path recommended by Buddha for liberation consists of eight steps or rules and is, therefore, called the noble eightfold path *(aṣṭāṅgikamārga)*. These eightfold paths are—

Right faith *(samyak dṛṣṭi)*, Right resolve *(samyak saṅkalpa)*, Right speech *(samyak vāk)*, Right action *(samyak karmānta)*, Right livelihood *(samyak ājīva)*, Right effort *(samyak vyāyāma)*, Right thought *(samyak smṛti)*, Right concentration *(samyak sāmadhi)*

Buddhism as a religion of course is talking about overcoming problems in future lifetime and gaining liberation from rebirth and becoming an enlightened Buddha. But if we look just in terms of the psychology and philosophy, then they can help us to minimize our sufferings and problems in this lifetime too.

In this modern society, people run after name, fame and fortune without giving much thought to right or wrong, good or evil, moral or immoral. In this situation, the Buddhistic ethics of noble eightfold path towards all living beings emphasizes on spiritual independence and equality between all forms of life. The essence of Buddha's thought especeialy the eightfold path is very important for self realization of every man.

■ ■ ■

P&B - 25

Buddhist Psycho-Ethics and Its Application for Positive Change

Prof. B. Labh

Considering the role of mind in execution of various actions good, as well as bad, the Buddha has analyzed it in minute details. Out of the three *Piṭakas, Abhidhamma* is dedicated to the study of human being as the combination of mind and body (*nāmarūpa*) who is in the state of suffering and the Buddha's concern for his rescue from that state and taking him to the state of *nibbāna. Nāma* can, further, be divided into two as consciousness (*citta)* and psychic factors (*cetasika*). Thus, consciousness (*citta*), psychic factors (*cetasika*), matter or material quality and eternal bliss (*nibbāṇa*) become the four prime subjects of the Abhidhammic study. These four factors, rather, have been identified as the four Abhidhammic realities (*cattāro paramatthā*). Therefore, Abhidhamma has been recognized as the Buddhist psychology.

Abhidhamma holds that whatever is done, is first of all, decided at the level of mind and the nature of action depends upon the dynamics of mind as motivated and determined by moral and immoral psychic factors active at that particular moment. However, *Abhidhamma* does not stop here and leaves some positive message as well. It talks of two types of roots – moral (*kusala*) and immoral (*akusala*) which influence mind and mould it to perform moral or immoral action. It also reveals that by performing moral action one earns merit and by doing otherwise demerit comes to him. Positive actions may gradually bring him peace of mind, prestige in the family and society; and take him even to the final deliberation (*nibbāna*) or the eternal bliss whereas negative actions yield suffering and woes only.

By resorting to the practice of the Buddhist psycho-ethical teachings, one may be able to analyze one's own actions and their good or bad consequences. Their application in the day to day life in the family, society, various groups, state, national and even at the international levels, brings a positive change in him and all around. It keeps him mentally and emotionally cool, calm and compose. It further may increase his work efficiency in his office or other work places, enhancing his managerial skill or adjusting qualities.

The proposed paper will analyze mind (consciousness) as well as psychic factors and various actions executed inwardly (mental action) as well as outwardly (physical and vocal actions) and their consequences and also good returns out of them if followed the positive teachings of the Buddhist psycho-ethical teachings.

■ ■ ■

P&B - 26

Buddhist Education : Priorities in the 21st Century

Dr. (Mrs.) Niharika Labh

Avijjā (Skt. *Avidyā*) has been identified as the root of all vices and defilements. It is the beginning of the very process of the repeated existence, as evidenced by the Law of Dependent Origination (*Paṭiccasamuppāda*). The Buddha was hesitant over sharing of his knowledge with others mainly because of his apprehension of the listeners not being able to understand the real meaning of his words. However, when he agrees to the request of Sahampati Brahmā, he selected the wisest people known to him till that time. They were his five companions, popularly known in the Buddhist literature as *Pañcavaggiya bhikkhus*. They were the first batch of the Buddha's disciples to listen the Buddha's words of wisdom. Thus, removal of *avijjā* and enlightening with wisdom light became the mission of his life. However, his 'knowledge' was not theoretical but very much practical, which could be realized through the practice of Eightfold Noble Path or otherwise the trio of *Sīla-samādhi-paññā*.

After getting spiritual training many of his disciples attained emancipation. Monasteries gradually developed as the centres of Buddhist Learning. Interestingly some of them like Nālandā, Odantapurī, Vikramaśilā, Valabhī, Jagaddala, Jayendra Viahāra of Kashmir etc. developed enormously and earned fame as the prominent centres (Universities) of Buddhist learning.

So far as the syllabi of these centres were concerned, their core subjects , of course remained Buddhism, but subjects like general Indian philosophy logic, medicine, surgery, astrology, mathematics etc. were also included in the curricula.

The proposed paper will discuss the formal centres of Buddhist learning in India in the past as well as well as in the modern times, assess the utility of their functioning and suggest some ways and means to improve and meet the real need of human race.

■ ■ ■

P&B - 27

Political Crisis and Buddhist Redressal

Suresh Kumar

Political philosophy as well as governance plays a vital role in framing the roadmap for development and progress of any society or nation. However, unfortunately, what we are seeing and observing from the past few decades that political set-up has become the law of jungle where might is right. And the people who get interested in politics are the most mediocre thus creating a sense of that this field is not suitable for good people and noble people. The present time world wide violence, protest demonstrations, military and religious gurus interventions in this field clearly reveals crisis of good governance.

So far as the issue of political crisis and its solution through Buddhist way is concerned as we know this historic fact that neither the Buddha was a politician nor he delivered any special emphasis on political setup. However in his sermons, he promulgated a plethora of relevant matter in the field of politics and kingship. There are many *Suttas* in the *Dīghanikāya, Saṁyuttanikāya, Aṅguttaranikāya* and a number of *Jātaka* stories which contain discussion on kingly conduct. We can find the Buddha's advice and instructions to the rulers, which have been of immense practical value, producing boundless good result. The Buddha's views are completely based on pragmatic realism and reasoned dispensations. It is conducive and compatible with the modern world. The doctrines of Ahiṃsā, truth, equality, non-discrimination, brotherhood and of investigative thinking are by and large enforced and practiced by the Governments and rulers of present day world in some form or the other.

In the proposed paper efforts shall be made to have a thorough analysis of present day political crisis and its redressal available in Buddhist teachings *vis-à-vis* their applicability and relevance in the modern times.

■ ■ ■

P&B - 28

Diṅnāga's Contribution to Buddhist Epistemology

Dr.K.K.Ambikadevi

Ācārya Diṅnāga,a Buddhist logician is remarked as the father of the medieval school of Indian logic. He started a new era in the history of Indian logic and epistemology. He bifurcated the previous practices of logicians dealing Pramāṇas and Prameyas together.

He states in his work *Pramāṇasamuccaya* about two types of the means of valid knowledge. He rejects the validity of knowledge by similarity and verbal testimony. According to him these two means of valid knowledge may include either in direct knowledge or inference. In the subdivision of inference namely inference for the sake of others it functions as śabdātmaka. The aim of this Pramāṇa is convincing our ideas to others. Under this section he treats various aspects of knowledge in epistemological and logical approach. Other works *Nyāyamukha, Hetucakrasamarthana, Trikalasaparīkṣa, Ālambanaparīkṣa* discuss various topics of logic related with reason, fallacy, inference and their varieties. Diṅnāga won his name as a powerful logician in the famous Nalanda Monastery. He spent his life in composing works participating in public debates with scholars of various disciplines. His speeches were always attractive to monks and laymens alike. He is called as *Adrikalpa* and *Tarkapuṅgava* by his opponents. *Nyāyamukha* is popular in China as an important text of Buddhist epistemology which was recovered recently in the early 20th century. In Tibet his texts are taught in the monasteries of Buddhism.

■ ■ ■

P&B - 29

Buddhism and Educational Implications

Dr. Umesh G. Shastri

Emphasis of Buddha's teaching is on the practical matters of morality and conduct leading to the conquest of suffering, rather than on the abstract philosophical inquiries. For him the most urgent task is to lead man out of suffering and illness. Therefore, after his 'enlightenment' he propagated the four noble truths and eightfold noble path.

Eightfold path for cessation of suffering are –

1. Right views (सम्यक् दृष्टिः)
2. Right resolve (सम्यक् संकल्पः)
3. Right speech (सम्यक् वाक्)
4. Right conduct (सम्यक् कर्मान्तः)
5. Right livelihood ((सम्यक् आजीवः)
6. Right effort (सम्यक् व्यायामः)

7. Right mindfulness (सम्यक् स्मृतिः)

8. Right concentration (सम्यक् समाधिः)

There was no discrimination of status in the Buddhistic system of education. He laid stress on all-round development of personality and character through 'eight fold noble path'. Buddhism formed the foundation for our value education system.

Incorporation of important principles of Buddhism in our younger generation is the immediate remedy for our society which is full of disturbances and violence.

■ ■ ■

P&B - 30

The Buddha and the Caste in Pali Buddhist Canon

Sangeeta Wadhwa

The caste was determined by birth at the time of Buddha. It is not the birth but the virtues of a man which decides whether he is a Brahmin or not. He is consistent throughout the canon in challenging the Brahmin's claim to superior status. The points of dispute between the Buddha and the Brahmins are on the issues such as what is the true wealth of each caste; who should be served by whom; whether all four castes need same kind of purification; who is an outcaste and so forth. The Buddha discourses that it is the striving that makes a person superior to others. If one abstains from killing living beings, taking what is not given to him; misconduct in sensual pleasures, false, malicious, harsh speech and gossip, has no ill will or wrong views and is energetic in dropping the unwholesome and practicing the wholesome, then he can be considered superior to others. These questions of the Brahmins and in the answers to which the Buddha' s position on caste becomes clear have been taken from *Dīgha, Majjhima, Saṁyuttanikāya* and *Suttanipāta* and *Dhammapāda* of Khuddakanikāya.

■ ■ ■

P&B - 31

The Buddhist *Pañcaśīla* and Its Relevance in the Present-day Society

Mausumi Bhattacharjya

Prohibition from killing, stealing, lying, sexual misconduct and taking intoxicants—these constitute the very basis of religious ethics or morality. Almost every world religion as a part of its respective ethical systems prohibits its followers from committing any one of these acts. Ethics and region—these two phenomena are intimately related in the sense that religion requires ethics as its very foundation; otherwise the former will be degraded into superstitious and blind faith which in its turn makes it full of chaos and conflicts. As such every religion, whether eastern or western, recognizes the importance of morality and consequently prescribes some basic principles of morality for its followers to be observed. Among these basic principles of morality, prohibition from the above mentioned five actions forms central position. In Buddhism, these five prohibitions are collectively known as *Pañcaśīla*. The present paper is going to give an account of *Pañcaśīla* as enunciated in Buddhism and also its relevance in the present day society.

■ ■ ■

P&B - 32

Milinda Pañha

Mrs. Rajashree Kshirsagar

Milinda (Menandros) was the Greek king and the ruler of the Indian empire, probably in the 1st century BC. *Milinda Pañha* (MP) is the text which contains the discussion between the monk Nāgasena and king Milinda in the form of questions and the answers. The original work was composed not in Pāli but in some Prākṛta or perhaps in Sanskrit. In this text first three Paññas viz. पुब्बयोग, मिलिन्दपञ्ह, लक्खणपञ्ह are authentic. In the Chinese text all the seven Paññas are given and they are called as *Nāgasenasūtra.* The problems discussed in the MP which are identical with those forming the favourite themes in the canon, seem to be comparatively early date. The concept of *Puggala* (पुग्गल) discussed in this text, show remarkable similarity with those which play a prominent part in the *Kathāvatthu.* The name of the first text of the *Kathāvatthu* is also *Puggala*. The term *Puggala* is also used in the Jaina literature. In the 2nd part of the text of MP., i.e. in the लक्खणपञ्ह–, (रथूपमाय अनत्तावाददीपनं) the discussion on the concept of Puggala takes place. King Milinda had some doubts about the concept of *Puggala* and to clear his doubts he came to monk Nāgasena. He asked some questions to Nāgasena and Nāgasena gave answers. ■

P&B - 33

Buddhist Historiography Perspectives and Prospects

Dr. Rana Purushottam Kumar Singh

Buddhist traditions of historiography deserves special attention. Buddhist scholars have made substantial contributions to the evolution of historiographical tradition in ancient India. They have recorded the past as well as contemporary events of historical nature in their works. Buddhist scholars have never ignored the incorporation of historical subjects in their writings and their presentations. There are historical and semi-historical works to their credit. The historical narratives, dynastic genealogies and chronology, biographies and chronicles form very important parts of Buddhist writing. The historical records were compiled and preserved by various schools of Buddhism. Buddhist historical traditions are preserved in different classes of works of different period. It has own authenticity and value.

All these texts deserve special attention from historiographical point of view. The Buddha himself was *patisotagāmi,* means the man who goes opposite to the streams. He has given different kinds of interpretation to the ancient sociology, economic development and religious thoughts. The paper would try to discuss all the issues which are awaiting for discussion and interpretation.

■ ■ ■

P&B - 34

A Study on the Buddhist System of Education and Its Relevance in the Present Era

Nabanita Sarmah

Buddhist system of education has occupied a significant position in the history of ancient Indian education. It has laid the foundation stone of high culture, which is well organized in its nature. Buddhist education is mainly based on the sermons of Lord Gautama Buddha. The principles of 'non-violence' and 'truth' were found to be reflected in this education system which have high relevance in the present time situation. Along with religious and philosophical aspects of the Buddhist education, secular education formed an essential part of it. This system of education gave birth to such international institutions as Nalanda, Takshashila and Vikramshila. Buddhist education system raised the international status of India by the efficiency of its higher education. In the sphere of morality and discipline, this system of education enriched human life considerably.

In the present paper, the investigator has made a sincere attempt to highlight the features of Buddhist system of education and to draw out the relevance of this system of education in the present era.

■ ■ ■

P&B - 35

Dharmakīrti's View on Perception and the Buddhist Conflict with the Nyāya School

Prof. Sujata Purkayastha

Dharmakīrti, who was the foremost logician after Dignāga, flourished in the first half of seventh century A.D. He wrote several works on epistemology which establish and defend the Buddhist view against the Naiyāyikas regarding many logical problems. Dharmakīrti wrote seven works of which *Pramāṇavārtika* and *Nyāyabindu* are the most important.

Regarding the nature of *pratyakṣa* or perception the Buddhists' view is in sharp contrast to the Nyāya view. In his *Pramāṇavārtika* and *Nyāyabindu,* Dharmakīrti has discussed the nature and varieties of perception. In his view, perception is that which is without any image and which is not illusory. Image or *kalpanā* here means a distinct cognition of mental reflex which is capable of being coalesced with a verbal designation. It is thus held that perception is beyond the purview of thought or consciousness as it is without mode or image. Thus, it is called *nirvikalpaka pratyakṣa* or indeterminate perception. This pure sensation is immediately followed by a thought-process, which gives an image or determination to the sensation and hence, it is called *savikalpaka pratyakṣa* or determinate perception. Thus, according to the Buddhists, the determinate perceptual knowledge belongs to the thought and not to the external particular. Hence, determinate perception is not a valid perception. The view of the Naiyāyikas, on the other hand, is totally different as in their view, both determinate and indeterminate perceptions are valid.

The present paper proposes to discuss the concept of perception as envisaged by Dharmakīrti and to show the conflict of the Buddhists with theNaiyāyikas regarding perceptual knowledge.

■ ■ ■

Section - 7

PRAKRIT & JAINISM

P & J - 1

जैनकाव्यपरम्परायां संस्कृतकाव्यपरंपरायाः प्रभावः

डॉ. अमरेन्द्र ठाकुरः

जैनकाव्यपरम्परायां जैनमनीषिणः आरम्भे प्राकृतभाषायामेव ग्रन्थप्रणयनं कृतवन्तः यतः तदा प्राकृतभाषा जनसामान्यस्य भाषा आसीत् किन्तु क्षेत्रीयतादोषग्रस्ता आसीत्। सर्वमान्या सर्वत्रमान्या सम्पूर्णराष्ट्रस्य प्रतिनिधिभाषा संस्कृतम्। संस्कृतभाषां विना सिद्धान्तग्रन्थस्य सर्वदिक् - सम्प्रेषणं, संरक्षणञ्च -संकटापन्नमासीत्। एतदर्थं जैनाचार्यैः संस्कृतोपरि अधिकारं कृत्वा काव्यानां सिद्धांतग्रन्थानाञ्च प्रणयनं संस्कृतभाषायां कर्तुमारब्धम्।

काव्यनिर्माणदृष्ट्या संस्कृतभाषायाः आद्यःजैनकविः सतन्तभद्रः आसीत्। जैनकविभिः रामायण - महाभारत - पुराण - प्रभृति ग्रन्थानां एवं अश्वधोष - कालिदास - माघ - भारवि - बाणभट्ट - प्रभृति - कवीनां ग्रन्थानां अध्ययनं कृत्वा स्व काव्य - शैल्यां मोक्ष - कर्मयोग - जीवनशोधन- गृहस्थाचार - मुन्याचार - प्रभृति - विषयेषु नाना - विधानि तत्त्वानि निरूपितानि सन्ति। प्रवृत्ति- मार्गतः निवृत्तिमार्गमनुसुत्य नवस्थापत्यस्य सूत्रपातं कृतवन्तः। संस्कृत - काव्यक्षेत्रे स्व बहुमूल्ययोगदानद्वारा महाकाव्यैकार्थकाव्य - खण्डकाव्य - गीतिकाव्य - स्तोत्रकाव्य - प्रभृति - विधानां प्रणयनं कृतम्।

एवं प्रकारेण दृश्यते यत् 'किरातार्जुनीयम्' - इति महाकाव्यस्य प्रभावः प्रद्युम्नचरित - वर्द्धमानचरित - जयंतविजय - द्विसंधानाभिलेख - प्रभृति - जैनकाव्येषु स्पष्टरूपेण दृश्यते। अवलोकनेन परिज्ञायते यत् संस्कृतकाव्यस्य प्रभावः जैनकाव्य परंपरायां पूर्णरूपेण समाविष्टः अस्ति। मम अवधारणा यत् भारते सम्प्रदायानां साहित्यिकभिन्नता दृश्यते किन्तु सर्वेषामाधारः एवं तेषाम् उपजीव्य - काव्यानि संस्कृतभषायामेव सन्निहितानि सन्ति। अतः सर्वासु दिक्षु प्रसरणशीलस्य सर्वव्यापक - सिद्धांतस्य संरक्षणं संपोषणं संस्कृतभाषायामेव सुनिश्चितमस्ति।

■ ■ ■

P & J - 2

'रहनेमिज्जम्' – उपाख्याने काव्यसौन्दर्यम्

जनार्दन.वे.जोशि

परुसा सक्काअबंधा पाउअबंधो वि होइ सुउमारो।
पुरिसमहिलाणँ जोत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणम्।।

इसि राजशेखरोक्तरीत्या प्राकृतसाहित्यस्य सौन्दर्यं तावत् रमणीमतल्लिकायाः इव असाधारणमेवेत्यत्र न सन्देहस्पन्दोऽपि। जैनागमास्तु प्राकृतसाहित्यवृक्षस्य मूलमिव आधारग्रन्थाः सन्ति। यद्यपि जैनदर्शनस्य तत्त्वानि सुलभग्राह्यानि न सन्ति, तथाऽपि काव्यसौन्दर्ये तानि तत्त्वानि जिज्ञासूनां कृते मनोहारीणी सन्तीति तु वाचकानाम् अनुभवोऽस्ति। यदि प्रौढिम्ना एव तात्त्विकांशान् जैनमहामुनयः प्रतिपिपादयिषन्ति, तदा तेषां दुरवगमत्वं वाचकानां मनांसि नैवापहरेत्। अत एव सुन्दरतरश्लोकेषु अलङ्कारादि– काव्यगुणैः विभूषितेषु तत्त्वानि सुलभतया निरूप्यन्ते। अत्र उत्तराध्ययनसूत्रस्य रहनेमिज्जम् इत्युपाख्यानमेव प्रमाणम्। अत्र अहिंसातत्त्वं, इन्द्रियनिग्रहश्चेति अंशद्वयम् उपन्यस्तं वर्तते। अरिष्टनेमिः, राजीमती तथा रहनेमि इत्येतानि त्रीण्येव पात्राणि प्रमुखानि विद्यन्ते। इन्द्रियनिग्रहविषये राजिमत्या दीयमानमुदाहरणं वैराग्यतत्त्वस्य सर्वस्वमेव सुसूचयिषति। एवमेव राजीमत्याः मार्मिकोपदेशेन तपस्वी रहनेमिस्तु इंद्रियनिग्रहस्य वैशिष्ट्यमवगम्य पुनः तपसश्चाचरणे प्रतिष्ठितो बभूव। अस्मिन् सन्दर्भे अंकुशेन निगृहीतस्य मदोन्मत्तमतङ्गजस्य दृष्टान्तेन एवम् उपन्यस्यते। तथाहि –

तीसे सो वयणं सोच्चा संजयाए सुभासियं।
अंकुशेण जहा नागो धम्मे संपडिवाइओ।।

एवं सुन्दरतर – दृष्टान्ताः तत्त्वांशान् कथाप्रसङ्गान् च हृदयङ्गमान् चिकीर्षन्ति।

■ ■ ■

P & J - 3

जैन धर्म में सन्मार्ग की अवधारणा

डॉ. रामाकान्त प्रसाद श्रीवास्तव

जैन धर्म के सिद्धान्तों में निवृत्ति मार्ग का प्रधान स्थान है, जिसके माध्यम से व्यक्ति जगत् की नाना प्रकार की व्याधियों और तृष्णाओं से विमुक्त हो जाता है। प्रवृत्ति और वांछा में लिप्त व्यक्ति सुख और

समृद्धि के लिए सर्वदा योग और तृष्णा में व्यस्त रहता है। सांसारिक वस्तुओं को अधिकाधिक प्राप्त करने से भी उसे संतोष नहीं मिलता। उसकी वांछा और अभिलाषा तीव्र हो जाती है। अतः जगत् के समस्त सुख-दुःख के कारण हैं। प्रवृत्ति का त्याग करके निवृत्ति का अनुपालन वास्तविक और स्थायी सुख का मूल है। परिव्राजक की स्थिति में ही शान्ति प्राप्त होती है, जब मनुष्य समस्त सुखोपभोग से अलग होकर निवृत्ति की ओर बढ़ता है।

जैन ज्ञान तत्त्व के अंतर्गत कर्म का सिद्धान्त महत्त्वपूर्ण है। सत् और असत् कर्म से ही बन्धन और मुक्ति होती है। संसार में कर्म ही प्रधान है। जैन धर्म के अन्तर्गत ईश्वर को न मानकर मनुष्य के कर्म को ही प्रधानता दी गई है। उन्हें अपने कर्मों का स्वयं ही उत्तरदायी माना गया है। उसके सुख-दुःख उसके कर्म पर ही निर्भर करते हैं, जिससे उसे मुक्ति नहीं मिल पाती। उसे अपने कर्मों के अनुसार ही फल प्राप्त होते हैं। प्रायः आठ कर्मों के कारण जीव आबद्ध रहता है-

ज्ञानावरण, वेदना, आयु-कर्म, गोत्र कर्म, दर्शानावरण, मोह, नाम कर्म और अन्तराय कर्म। अतः समस्त प्राणी अपने कर्मों के अनुसार पृथक् योनि में जन्म लेते हैं और संसार से आवागमन के जाल में फंसते रहते हैं तथा अपने कर्मों के फल भोगने के लिए ही उसका पुनर्जन्म होता है। अतः कर्मफल से मुक्त होना ही निर्वाण प्राप्त करना है। निर्वाण ही मोक्ष है जो कर्मफल की समाप्ति से ही संभव है।

■ ■ ■

P & J - 4

'कर्पूरमंजरी' में वर्णित वेशभूषा, अलंकरण तथा प्रसाधन

प्रो. (डॉ.) रामजी राय

कर्पूरमंजरी में जिन वस्त्राभूषण एवं अलंकरण सामग्री के उल्लेख मिलते हैं, उससे तत्कालीन वेशभूषा, संस्कृति का परिचय प्राप्त हो जाता है। माथे के वस्त्र 'प्रतिशीर्षकम्' लडिसीसपा उस समय यह पगड़ी की तरह धारण किया जाता था। शरीर के मध्य भाग में वस्त्र में मुख्यतः कूर्पासक (कुप्पासअं) का वर्णन मिलता है, जो स्त्री और पुरुष, दोनों का ही पहनावा था, परन्तु दोनों के पहनावा में थोड़ा अन्तर रहता था। स्त्रियों के लिए यह चोली की तरह बनाया जाता था और पुरुषों के लिए कमीज की तरह। इसी प्रकार 'कंचुलिका' (कंचुकिआ) का वर्णन है जो छोटी कुर्ती या चोली की तरह का वस्त्र था। उत्तरीय, चलितांशुक (चलिअंसुअ) पट्टाशुक, रक्तांशुक, शाटिका (साड़ी), पट (पंड) अर्थात् ओढ़ने का चादर आदि कई वस्त्रों का उल्लेख कर्पूरमंजरी में पाया जाता है।

■ ■ ■

P & J - 5

जैन साधना में तप का महत्त्व

डॉ. सुनीता इन्दोरिया

तप साधना भारतीय नैतिक जीवन एवं संस्कृति का प्राण है। जहाँ तक भारतीय नैतिक विचारधाराओं एवं आचार दर्शनों की बात है उन सभी में तप को स्वीकार किया गया है। वैदिक परम्परा की साधना पद्धति में ऋषि तप की महत्ता का सबलतम शब्दों में उद्घोष करते हैं। इतना ही नहीं औपनिषदिक विचारधारा में तप को शुद्ध आत्म तत्त्व की उपलब्धि का साधन माना गया है कि 'यह आत्मा (जो ज्योतिर्मय और शुद्ध है) तपस्या और सत्य के द्वारा पाया जाता है।' वैदिक परम्परा में जहाँ तप आध्यात्मिक शुद्धि और आत्मशुद्धि का साधन है, वहीं उसके द्वारा होने वाली शरीर और इन्द्रियों की शुद्धि के महत्त्व को भी स्वीकार किया गया है। महर्षि पतंजलि कहते हैं –'तप से अशुद्धि का क्षय होने से शरीर और इन्द्रियों की शुद्धि होती है।' श्रमण परम्परा में बौद्ध व जैन धाराओं का परिगणन किया जाता है। बौद्ध धर्म में महात्मा बुद्ध तप के लिए मध्यम मार्ग की साधना का उपदेश देते हैं। बौद्ध साधना में तप का अर्थ है–चित्त शुद्धि का सतत प्रयास अर्थात् जिस प्रयत्न से चित्त की शुद्धि होती है, उसे तप माना गया है। जैनाचार्यों ने श्रमण शब्द को संस्कृत के 'श्रम' धातु से व्युत्पन्न माना है। श्रम से अभिप्राय है– तपस्या करना। अतः श्रमण के लिए तप की प्रमुखता स्वाभाविक है। तप–साधना का मूल उद्देश्य होता है–शोधन, शोधन वृत्तियों का, प्रवृत्तियों का, आत्मा पर लगे कर्ममल का। कहा गया है 'आत्मशोधनी क्रिया तपः'। जितनी भी क्रियाएं आत्मशुद्धि में सहायक होती हैं उन्हें तप कहा गया है। जैन धर्म में तप को बाह्य व आभ्यन्तर के बारह भेदों में निर्दिष्ट किया गया है। यद्यपि साधना पद्धति के अनेक अंग और तत्त्व हैं, किन्तु प्रायः सभी का अन्तर्भाव तप के प्रकारों एवं उनके विश्लेषण में निहित है। इस दृष्टि से साधना की सम्पूर्ण पद्धति के रूप में तप साधक को कल्याणकारी होने से उपादेय है। जैन साधना में तप के महत्त्व का विस्तृत विवेचन शोधालेख में किया जाएगा।

■ ■ ■

P & J - 6

प्राकृत खण्डकाव्य 'कंसवहो' का साहित्यिक एवं सांस्कृतिक अनुशीलन

डॉ. सत्यनारायण भारद्वाज

जैसा कि इस काव्य के नाम से ही स्पष्ट है कि इसमें कंसवध का आख्यान वर्णित है। इसका नामकरण प्राकृत के गउडवहो और संस्कृत के शिशुपालवध के आधार पर ही किया गया है। यह एक

सरस काव्य है। इसमें लोकजीवन, वीरता और प्रेमतत्त्व का एक साथ समावेश किया गया है। उद्धव, श्रीकृष्ण और बलराम को धनुषयज्ञ के व्याज से गोकुल से मथुरा ले जाते हैं और वहाँ पहुंच कर श्रीकृष्ण के हाथों से दुराचारी कंस का वध हो जाता है। कथानक का आधार श्रीमद्‌भागवत है। काव्य की शैली पर कालिदास, भारवि और माघ का प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। इस खण्डकाव्य के रचयिता मलावर प्रदेश की नम्बियम् जाति के प्रसिद्ध विद्वान् रामपाणिवाद हैं। प्रस्तुत खण्ड काव्य की विषय-वस्तु चार सर्ग एवं २३३ पद्यों में निबद्ध है। अक्रूर का आगमन, स्वागत और स्तुति हमें, 'किरातार्जुनीयम्' में किरात के तथा 'शिशुपालवध' में नारद के आगमन वृत्तान्त का स्मरण कराते हैं।

यह काव्य रघुवंश के पाँचवें सर्ग में अज के उद्‌बोधन के लिए किए गए बन्दिजनों के पाठ से भी अनुप्राणित प्रतीत होता है, क्योंकि कृष्ण वहाँ मथुरा अधिपति नहीं हैं, बल्कि गोप-समुदाय के साथ एक जननायक के रूप में ही माने गए थे। यहाँ काव्य की दृष्टि से कृष्ण को बन्दियों द्वारा न जगाकर कंस को बन्दियों द्वारा जगाया जाना चाहिए था। अतः अधिपति का वैतालिकों द्वारा उद्‌बोधन करना ही काव्य का औचित्य है, एक बात और खटकने वाली है कि जिस प्रमुख घटना के आधार पर इस काव्य का नामकरण किया गया है उस प्रमुख घटना का विस्तार से वर्णन नहीं हुआ है। कवि ने दो-एक पद्य में ही चलता वर्णन कर दिया है। इसकी अपेक्षा तो धोबी और चाणूर आदि मल्लों का वध अधिक विस्तार के साथ वर्णित है तथा यह वर्णन वीरोचित भी नहीं है। लेकिन कंस के वध के निरूपण में वीररस का परिपाक नहीं हो पाया है, उद्दीपन और आलम्बन आदि भाव-विभाओं को उद्दीप्त होने का अवसर नहीं मिला है। अतः प्रमुख घटना का वर्णन-शैथिल्य इस काव्य का एक बहुत बड़ा दोष है। फिर भी यह खण्डकाव्य साहित्यिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। प्रस्तुत खण्डकाव्य में समाज के अनेक रीति-रिवाज, परम्पराएं, लोक-विश्वास के साथ-साथ अनेक साहित्यिक तत्त्वों का वर्णन अत्यन्त उत्कृष्ट शैली में किया गया है। इस शोधालेख में कंसवहो में वर्णित इन्हीं साहित्यिक एवं सांस्कृतिक तत्त्वों का वर्णन करना ही अभीष्ट है।

■ ■ ■

P & J - 7

जैन आचार का स्वरूप एवं लक्ष्य

डॉ. अनिल कुमार सिंह

जैन परम्परा की आचार संहिता का आधार आत्मा है। जब तक आत्म साक्षात्कार नहीं होता, तब तक श्रद्धापूर्वक आत्मा के अस्तित्व की स्वीकृति आचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देती है। आत्मा के त्रैकालिक अस्तित्व की स्वीकृति एवं संसारावस्था में कर्म के कारण उसका परिभ्रमण हो रहा है, जब

यह तथ्य अवगत हो जाता है तो साधना का प्रारम्भ हो जाता है। जैनाचार के केंद्र बिन्दु में आत्मा है।

जैनाचार की प्रमुख विशेषता समता है। 'समियाए धम्मे' जो समतावान् होता है, वह पापकारी प्रवृत्ति नहीं करता है। वस्तुतः राग-द्वेष रहित कर्म ही आचार है। समता दो प्रकार की है-स्वनिश्रित और परनिश्रित। राग और द्वेष के उपशमन के द्वारा अनुकूल-प्रतिकूल परिस्थितियों में संतुलित अनुभूति करना स्वनिश्रित समता है। सब प्राणी सुख के इच्छुक और दुःख के विरोधी हैं, इसलिए कोई भी वध के योग्य नहीं है, यह आत्म तुला परनिश्रित समता है। स्वनिश्रित समता की सिद्धि के लिए महावीर ने कषाय के उपशमन का उपदेश दिया है। परनिश्रित समता की सिद्धि के लिए प्राणातिपात आदि पापों से विरत होने का उपदेश दिया है।

■ ■ ■

P & J - 8

जैन परम्परा में प्रतिमा की अवधारणा

डॉ. कुमार शिवशंकर

कोशकारों ने प्रतिमा के मूर्ति, प्रतिकृति, प्रतिबिम्ब, बिम्ब, छाया, प्रतिच्छाया आदि अनेक अर्थ किए हैं, किन्तु जैन ग्रन्थों में प्रतिमा का अर्थ है-प्रतिज्ञा-विशेष व्रत, विशेष तप, विशेष साधना पद्धति। नैतिक विकास के हर चरण का साधक द्वारा प्रकट किया हुआ दृढ़ निश्चय ही प्रतिमा अर्थात् श्रेणियाँ कहा जाता है। श्रावक प्रतिमाएं वस्तुतः गृही-जीवन में की जाने वाली साधना की विकासोन्मुख श्रेणियाँ (भूमिकाएं) ही हैं, जिन पर क्रमशः चढ़ता हुआ साधक अपनी आध्यात्मिक प्रगति कर जीवन के परमादर्श 'स्वरूप' को प्राप्त कर लेता है।

श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों परम्पराओं के ग्रन्थों में उपासक की एकादश प्रतिमाओं का वर्णन आया है। क्रम व नामों में थोड़े अन्तर हैं, जो निम्न प्रकार द्रष्टव्य हैं- श्वेताम्बर परम्परानुसार - दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रौषध, नियम, ब्रह्मचर्य, सचित त्याग, आरम्भ त्याग, प्रेष्य-परित्याग, उच्छिष्ट भक्त त्याग तथा श्रमणभूत। दिगम्बर मतानुसार- दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रौषध, सचित त्याग, रात्रि भोजन एवं दिवा मैथुन विरति, ब्रह्मचर्य, आरम्भ त्याग, परिग्रह त्याग, अनुमति त्याग और उदिष्ट त्याग। इनके क्रम और संख्या के सम्बन्ध में दिगम्बर आचार्यों में भी मतभेद हैं। स्वामी कीर्तिकेय ने इनकी संख्या १२ मानी है। इसी प्रकार आचार्य सोमदेव ने दिवा-मैथुनविरति के स्थान पर रात्रि भोजन विरति प्रतिमा का विधान किया है।

■ ■ ■

P & J - 9

जैन परम्परा में राम कथा

डॉ. वीणा कुमारी

राम, लक्ष्मण और रावण क्रमशः आठवें बलदेव, वासुदेव और प्रतिवासुदेव माने गए हैं। जैन मान्यता के अनुसार प्रत्येक बलदेव और वासुदेव किसी एक राजा की भिन्न-भिन्न रानियों के पुत्र होते हैं। वासुदेव अपने बड़े भाई बलदेव के साथ प्रति वासुदेव से युद्ध करते हैं, जिसमें वासुदेव के द्वारा प्रतिवासुदेव का वध होता है। इसके बाद वे दिग्विजय करके भारत के तीन खण्डों पर अधिकार प्राप्त करते हैं और अर्द्ध चक्रवर्ती बन जाते हैं। मरने पर वासुदेव को प्रतिवासुदेव के वध के कारण नरक जाना पड़ता है। बलदेव अपने भाई की मृत्यु से शोकाकुल होकर जैन दीक्षा लेकर मोक्ष प्राप्त करते हैं। जैन-राम-काव्य परम्परा में राक्षस और वानर दोनों विद्याधर वंश की भिन्न-भिन्न शाखाएँ माने गए हैं। ये मुनष्य रूप में ही हैं, किन्तु कामरूप तत्त्व, आकाश-गामिनी आदि अनेक विद्याएं सिद्ध होने के कारण इन्हें विद्याधर कहा गया। जैन परम्परा में रामकथा की दो धाराएं दृष्टिगोचर होती हैं- (१) विमलसूरि के पउमचरियं की तथा (२) गुणभद्र के उत्तरपुराण की। पउमचरियं की रचना प्राकृत भाषा में और उत्तरपुराण की संस्कृत भाषा में है। इस लघु निबन्ध में इन दोनों परम्पराओं का अलग-अलग अवलोकन करेंगे।

■ ■ ■

P & J - 10

महापुराण में वर्णित जम्बूद्वीप का स्वरूप

डॉ. कुमार रवि शंकर

जैन परम्परा में जम्बूद्वीप का विशेष महत्व वर्णित है। जम्बू वृक्ष के कारण इस द्वीप का नामकरण हुआ है। इस द्वीप का विस्तार एक लाख योजन और परिधि तीन लाख सोलह हजार दो सौ सत्ताईस योजन तीन कोश, एक सौ अट्ठाईस धनुष साढ़े तेरह अंगुल बताई गई है। जम्बूद्वीप का घनाकार क्षेत्र सात सौ नब्बे करोड़ छप्पन लाख चौरानवे हजार एक सौ पचास योजन है। महापुराण के अनुसार इसमें कुछ अधिक पाँच सौ छब्बीस योजन वाले मनुष्यों के नगर और नगरियाँ निर्मित है। दक्षिण में भारत का विस्तार पाँच सौ छब्बीस योजन है, उत्तर में इतना ही विस्तार ऐरावत क्षेत्र का है। भरत क्षेत्र में उत्तर से लेकर दक्षिण तक पचास योजन चौड़ाई वाला विजयार्ध पर्वत है। उसकी ऊँचाई पच्चीस योजन कही

गई है। हिमवन्त कुलाचल एक हजार बावन योजन विस्तार वाला है, उंचाई में सौ योजन है, शिखरी पर्वत भी इतना ही है। दूसरा हैमवत क्षेत्र दो हजार एक सौ पाँच योजन वाला कहा जाता है और अन्य हैरण्य क्षेत्र भी इसी मान वाला है। महाहिमवत् कुलाचल का विस्तार चार हजार दो सौ दस योजन है। रुक्मि कुलाचल का भी मान यही बताया गया है।

■ ■ ■

P & J - 11

धम्मोवएसमाला विवरण की कथाएं

डॉ. सलोनी जोषी

प्राकृत कथा साहित्य में कथाकोशों का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। प्राकृत औपदेशिक साहित्य में उपदेशमाला से लेकर वर्धमानदेशना तक कई ग्रन्थ उपलब्ध हैं। धर्मोपदेशमाला भी इस परम्परा में विशिष्ट स्थान रखता है। धर्मोपदेशमाला में मूल रूप से ९८ गाथाएं हैं, जिन पर जयसिंहसूरि ने सं. ९८५ में विवरण की रचना की थी। कथाकोश समान इस ग्रन्थ में विविध विषय युक्त १५६ कथाओं का संग्रह है, जिसमें दान, शील, तप, भावना, गुरुविनय, महिला दोषवर्णन, दमन, प्रवचनोन्नति, अर्थ-अनर्थ, सत्पुरुषसंग, कर्त्तव्य, कोपनिषेध, भक्ति आदि अनेक विषय समाविष्ट हैं।

प्रस्तुत शोध आलेख में इस ग्रन्थ की कथाओं का वर्गीकरण एवं उनकी विशेषताओं का अभ्यास करने का उपक्रम है। यहाँ आगमिक कथाएँ-राजीमति, एलापुत्र, पौराणिक कथाएँ-चन्दना, शालिभद्र, श्रेयांसकुमार, चक्रवर्ती की कथाएं-ब्रह्मदत्त, भरत, सुभूमः नवम वासुदेवः प्रसिद्ध स्त्री-पुरुषों के चरित्र-सुलसा, सुभद्रा, अभयमंत्री, साधुओं के चरित्र-मेतार्यमुनि, दमदन्तमुनि, अषाढाभूति, आर्य व्रज, प्रभव-शय्यंभव, ऐतिहासिक कथाएं-चाणक्य, चेटक, लोक प्रसिद्ध कथाएँ-मूलदेव आदि एवं रूपकथा भी उपलब्ध है।

प्राकृतभाषाबद्ध गद्य-पद्यमय शैली में निबद्ध यह ग्रन्थ काव्यशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। शब्दालंकार, अर्थालंकार, पादपूर्ति, वक्रोक्ति, व्याजोक्ति, श्लेषोक्ति, गूढ़ोक्ति, अन्योक्ति एवं संस्कृत-प्राकृत प्रश्नोत्तर, प्रहेलिका आदि कर्ता के भाषा सामर्थ्य को प्रगट करते हैं। यह शोध आलेख इन कथाओं का साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं भाषायी अभ्यास प्रस्तुत करेगा।

■ ■ ■

P & J - 12

वसुदेवहिण्डी में सौन्दर्य वर्णन गन्धर्वदत्ता और नीलजसा लम्भ पर आधारित

रानी मजूमदार

संस्कृत कवि कालिदास ने कुमारसम्भव के पंचम सर्ग में कहा है कि 'प्रियेषु सौभाग्यफला हि चारुता' अर्थात् सौन्दर्य की सार्थकता प्रियतम को आकर्षित करने में ही होती है। संघदास गणि वाचक द्वारा पाँचवीं शताब्दी में महाराष्ट्री प्राकृत में रचित वसुदेवहिण्डी नामक कथा साहित्य एक प्रख्यात ग्रन्थ है, जिसमें कवि ने नायक–नायिका के बाह्य सौन्दर्य के वर्णन में अपनी सुरुचि, सौन्दर्य पारखी दृष्टि एवं प्रौढ़ कल्पना मण्डित कवि प्रतिभा का पूर्ण परिचय दिया है। गद्य की एक प्रमुख विशेषता है 'ओज: समासभूयस्त्वमेतद् गद्यस्य जीवितम्।' संघदास गणि ने अपने वर्णनों में समासबहुल पदावली का प्रयोग किया है जिससे उनका गद्य सुश्रव्य एवं लालित्यमय हो गया है।

वसुदेवहिण्डी यद्यपि प्रमुख रूप से जैन धर्म के तत्त्वों का निरूपण करता है, परन्तु यह वसुदेव के विविध विवाहों से सम्बन्धित होने के कारण इसमें श्रृंगार रस भी दृष्टिगत होता है। वसुदेवहिण्डी के प्राय: सभी लम्भों में नायिका के सौन्दर्य वर्णन में दीर्घ समासयुक्त, सुगठित एवं सघन पदगुच्छों का प्रयोग किया गया है। कवि के ये वर्णन विविध अलंकारों यथा उपमा, रूपक, शिलष्टोपमा आदि के प्रयोग से अत्यधिक रमणीय हो गए हैं। इस ग्रन्थ के इन विविध वर्णनों का महाकवि बाणभट्ट रचित कादम्बरी के वर्णनों से अत्यधिक साम्य पाया जाता है। वसुदेवहिण्डी की नायिका नीलजसा तथा कादम्बरी की चाण्डालकन्या आदि के वर्णनों में इतनी समानता है कि ऐसा प्रतीत होता है कि महाकवि बाण संघदास गणि वाचक के ऋणी हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में वसुदेवहिण्डी के गन्धर्वदत्ता तथा नीलजसा लम्भ में उपलब्ध विशिष्ट वर्णनों का कादम्बरी के वर्णनों से तुलना करते हुए वर्णन शैली वैशिष्ट्य पर प्रकाश डाला जाएगा।

■ ■ ■

P & J - 13

जैन ग्रन्थों में शिक्षकों की महत्ता: – एक अध्ययन

डॅ. मिथिलेश कुमार

गुरु शब्द का अर्थ महान् होता है। लोक में शिक्षक को गुरु कहते हैं। धार्मिक क्षेत्र में आचार्य, उपाध्याय व साधु गुरु कहलाते हैं, क्योंकि वे प्राणीमात्र को उपदेश देकर अथवा बिना उपदेश दिए ही

केवल अपनी दिनचर्या द्वारा कल्याण का सच्चा मार्ग बताते हैं, जिसे पाकर वह सदा के लिए कृतकृत्य हो जाता है। इसके अतिरिक्त विरक्त चित्त् सम्यक्दृष्टि श्रावक भी उपर्युक्त कारणवश ही गुरु संज्ञा को प्राप्त होते हैं। माता-पिता भी गुरु कहलाते हैं। ऋग्वैदिक आचार्य या गुरु, जिसके दिव्य प्रतीक अग्नि और इन्द्र हैं, तत्कालीन ज्ञान और आध्यात्मिक प्रगति की दृष्टि से समाज में सर्वोच्च व्यक्ति थे। आचार्य विद्यार्थी को ज्ञानमय शरीर देता था। वह स्वयं ब्रह्मचारी होता था और अपने ब्रह्मचर्य की उत्कृष्टता के बल पर असंख्य विद्यार्थियों को आकर्षित कर लेता था।

बौद्ध-शिक्षण में गौतम के व्यक्तित्व की सर्वोपरि महिमा थी। गौतम ने जो निजी आदर्श उपस्थित किया था वह बौद्ध-शिक्षण के परवर्ती आचार्य के लिए मार्ग-प्रदर्शक बन कर रहा। गौतम में अदम्य उत्साह था। उनमें कर्मण्यता की कल्पनातीत शक्ति थी और नई-नई विषम परिस्थितियों को सुलझाने के लिए प्रत्युत्पन्न बुद्धि और समाधान की क्षमता थी। सारे भारत के भिक्षु गौतम के निकट अपने सन्देहों को मिटाने के लिए आते थे। जैन शिक्षा के आचार्यों पर महावीर और उनके पूर्ववर्ती तीर्थंकरों की छाप रही। वे अपना जीवन और शक्ति मानवता को सत्पथ दिखाने के प्रयत्न में ही लगा देते थे। गुरु के लिए जैन धर्म में परमेष्ठी शब्द आया है। परमेष्ठी पांच माने गए हैं-अरहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु।

■ ■ ■

P & J - 14

जैन दर्शन में मोक्ष

डॉ. सत्यनारायण राम

भारतीय दर्शन किसी भी संप्रदाय का क्यों न रहा हो, उसका मूल स्वरूप अध्यात्मवाद रहा है। भारतवर्ष में एक भी ऐसा संप्रदाय नहीं है, जिसके दर्शन में आत्मा, ईश्वर और जगत् के सम्बन्ध में विचारणा न की गई हो। आत्मा का स्वरूप क्या है? ईश्वर का स्वरूप क्या है? और संसार की व्यवस्था किस प्रकार होती है? इन विषयों पर भारतवर्ष के प्रत्येक दर्शन परम्परा ने अपने-अपने दृष्टिकोण से विचार किया है। जैन दर्शन मूलरूप में द्वैतवादी दर्शन है। वह जीव से भिन्न पुद्गल की सत्ता को स्वीकार करता है। जैन दर्शन ईश्वरवादी दर्शन नहीं है। जैनों के चार सम्प्रदाय हैं- श्वेताम्बर, दिगम्बर, स्थानकवासी और तेरापंथी। इन चारों सम्प्रदायों में मूलतत्त्व के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का मतभेद नहीं है, परन्तु आचार पक्ष को लेकर इन चारों में कुछ विचार-भेद रहा है।

जैन दार्शनिक प्रारम्भ से ही मोक्षवादी रहे हैं। जैन दर्शन के अनुसार आत्मा की स्वाभाविक अवस्था ही मोक्ष है अर्थात् अनंत दर्शन, अनंत ज्ञान और अनंत शक्ति का प्रगट होना ही मोक्ष है।

आत्मा अपनी विशुद्ध अवस्था को तब प्राप्त करता है जबकि वह सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र की साधना के द्वारा कर्म-पुद्गल के आवरण को सर्वथा नष्ट कर देता है। सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चारित्र, इन तीनों के योग को मोक्ष का मार्ग कहा गया है। तीनों में से किसी एक के अभाव में मोक्ष की कामना नहीं की जा सकती है। मोक्ष जीवन का वह अंतिम परमानंद है, जिसकी प्राप्ति के बाद जीव को अन्य आनंद की प्राप्ति शेष नहीं रह जाती।

■ ■ ■

P & J - 15

२४वें तीर्थंकर भगवान् महावीर के उपदेशों का निःशक्त जनों पर प्रभाव

डॉ. अनिल कुमार

भारतीय आध्यात्मिक पुरातन परम्परा अपने आप में बहुत सारी बातों को अपने अंदर छुपाए बैठी है। ५वीं से छठी शताब्दी के आसपास जब २४वें तीर्थंकर भगवान् महावीर का प्रादुर्भाव हुआ तब किसी को इस बात का आभास नहीं था कि भारतीय सनातन परम्परा एक नई रोशनी की राह में आगे बढ़ने को उत्सुक हो रही है। भगवान् महावीर अपने तपश्चरण की अवधि में ही मौन रहकर कुछ संकेतों के माध्यम से तो कभी आंखें बंद कर लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे थे, उसी अवधि में ये बातें सामने आने लगी थीं कि कैसे किसी मूक-बधिर या अंधे व्यक्ति तक अपनी बातें पहुँचाई जा सकती है।

भगवान् के प्रमुख गणधर सुधर्मा स्वामी ने उनकी बातों को संकेतों के माध्यम से ही जानकर जनमानस में भली-भाँति रखा और लोगों पर महावीर स्वामी के प्रभाव का दिग्दर्शन कराया। तपश्चरण के दौरान महावीर स्वामी ने बहुत सारी बातों को अपनी उंगलियों के माध्यम से जनमानस में रखा, जिसको सुधर्मा स्वामी की वाणी हुबहु लोगों तक पहुँचाने में सफल रही।

इस अभिव्यक्ति ने एक नए विषय का सृजन किया और आज के परिवेश में निःशक्त जनों तक बातें पहुँचाने और बताने का एक जरिया बन गया। आज से सैकड़ों वर्ष पहले भगवान् महावीर के बताए उपदेशों ने निःशक्त जनों को अपने अंदर संघर्ष करने की क्षमता प्रदान की। इसके पीछे कारण सिर्फ भगवान् महावीर का तपश्चरण काल में संकेतों के माध्यम से दिया हुआ उपदेश ही है।

आज लाखों-करोड़ों निःशक्त लोग इस संकेताक्षर को अपने जीवन जीने का सहारा बना चुके हैं। भगवान् महावीर के बताए मार्ग पर चलकर और अहिंसा का रास्ता अपना कर ही निःशक्तों का भी कल्याण हो रहा है, जो इस भारत भूमि के लिए वरदान ही है।

■ ■ ■

P & J - 16

ज्ञान ज्योति पर्व दीपावली : जैन धर्मानुसार

डॉ. हरि किशोर प्रसाद सिंह

युग के आदि में जब सूर्य प्रकाश तो था, परंतु अग्नि और दीपक का प्रकाश नहीं था तब जैन धर्मानुसार प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ स्वामी ने पत्थर से पत्थर रगड़ कर चिंगारी द्वारा अग्नि का आवष्किार करा कर भोजन पकाने एवं रात्रि में अंधकार से बचने के लिए दीपक जलाने की शिक्षा दी (असि, मसि, कृषि, शिल्प, वाणिज्य और विद्या की शिक्षा दी)। इस प्रकार आदमी ने अंधकार पर विजय प्राप्त की, जिसे ज्योति पर्व के रूप में मनाया जाता है। अत: दीपावली हमें उस आदिकाल की याद दिलाती है, जब मानव ने अग्नि के दर्शन किए थे, परन्तु आज अलग-अलग धर्म एवं संप्रदायों से अनेकों घटनाएँ इस दीपावली पर्व से जुड़ी हुई हैं। जिसका स्वरूप प्राचीन काल में अलग था और वर्तमान में अलग है, परन्तु प्राचीन घटनाएं आज भी महत्त्वपूर्ण हैं।

भगवान् महावीर स्वामी का निर्वाण-जैन धर्म के प्रवर्तक २४वें तीर्थंकर हैं। उनके पंच-कल्याणक होते हैं। उनमें जब मोक्ष कल्याण होता है तब प्रत्येक तीर्थंकर का दीपमालिका जलाकर जल, चंदन, अक्षत आदि अष्ट द्रव्य से पूजा एवं लड्डू चढ़ाकर निर्वाण कल्याणक मनाया जाता है। २४वें तीर्थंकर भगवान् महावीर स्वामी वर्तमान शासन नायक हैं। उन्होंने बारह वर्ष कठोर तपस्या करके कैवल्य ज्ञान प्राप्त किया, फिर तीस वर्ष तक सांसारिक प्राणियों को अहिंसा धर्म का उपदेश दिया। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को उपदेश देने वाली धर्मसभा (समवशरण) को छोड़ कर ध्यान-योग में लीन हो गये। इसी उपलक्ष्य में धनतेरस मनाते हैं। उस उपलक्ष्य में सोलह दीपक जलाकर अर्घ्य सहित निर्वाण लड्डू चढ़ाकर दीपावली मनाते हैं।

भगवान् महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी ने उसी दिन कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति की। उसी उपलक्ष्य में शाम को गणधर स्वामी की पूजा करके ८ या १३ दीपक जलाकर दीपावली मनाते हैं। सोलह प्रकार की शुभ भावना से धर्म तीर्थ के नायक तीर्थंकर बनते हैं। उसी के प्रतीक स्वरूप सोलह दीपक जलाते हैं। सोलह दीपक में कुल चौसठ ज्योति जलती है जो चौसठ प्रकार की ऋद्धियों की प्रतीक होती हैं, जिसकी परम्परा आज भी जैन समाज में प्रवाहमान है।

■ ■ ■

P & J - 17

जैन शिक्षा का महत्त्व एवं उद्देश्य

डॉ. गौतम जितेन्द्र

जैन मान्यता में ज्ञान का महत्त्व मोक्ष के साथ लौकिक दृष्टि से भी अत्यधिक स्वीकार किया है। यह एक उस सुदूर इतिहास पूर्व की बात है जब मानव की आवश्यकताएं अत्यन्त सीमित थीं। जैसे-जैसे आवश्यकताओं का विस्तार होता गया वैसे-वैसे शिक्षा का स्वरूप का भी विस्तार होता गया।

जैन वाड्मय में कालचक्र का वर्णन विस्तार से आता है। चतुर्थ काल के पूर्व मानव की सभी आवश्यकताएं कल्पवृक्षों से पूरी होती बताई गई हैं। विभिन्न प्रकार के कल्पवृक्षों के नाम जैन वाड्मय में उपलब्ध होते हैं। जैसे-जैसे कल्पवृक्ष समाप्त होते गए आवश्यकताओं का क्षेत्र विस्तृत होता गया, वैसे-वैसे उनके समाधान के लिए तद्नुकूल शिक्षा की आवश्यकता हुई।

शिक्षा के सम्बन्ध में आदितीर्थंकर ऋषभदेव के जीवन-वृत्त से अनेक महत्त्वपूर्ण तथ्य अवगत होते हैं। जब उनकी ब्राह्मी और सुन्दरी नामक दो कन्याएं विद्याध्ययन के योग्य अवस्था को प्राप्त हुई तो उन्होंने उन पुत्रियों से कहा-"वत्से! यदि तुम दोनों को अवस्था, सौन्दर्य और शील के अनुरूप विद्या से विभूषित किया जाए तो तुम दोनों का जीवन सफल हो सकता है। इस लोक में विद्यावान् पण्डित व्यक्ति ही सम्मान को प्राप्त होता है और विद्यावती नारी सर्वश्रेष्ठ पद को प्राप्त होती है। विद्या ही मनुष्य को यश देने वाली है, विद्या ही पुरुषों का कल्याण करने वाली है, अच्छी तरह से अभ्यास की गई विद्या ही समस्त मनोरथों को पूर्ण करती है।

विद्या मनुष्य को पूर्ण करने वाली कामधेनु है, विद्या ही चिंतामणि है, विद्या ही धर्म, अर्थ तथा कामरूप फल से रहित सम्पदाओं की परम्परा उत्पन्न करती है। विद्या ही मनुष्य का बन्धु है, विद्या ही मित्र है, विद्या ही कल्याण करने वाली है, विद्या ही साथ ले जाने वाला धन है और विद्या ही सब प्रयोजनों को सिद्ध करने वाली है। अत: हे पुत्रियों! तुम दोनों ही विद्या-ग्रहण करने का यत्न करो।

■ ■ ■

P & J - 18

लोक साहित्य में श्रीराधा

डॉ. श्रीनिवास शर्मा

श्रीराधा का उदय किस साहित्य में हुआ-लोक साहित्य में या शिष्ट साहित्य में? प्राकृत भाषा में लिखित साहित्य को हम लोक साहित्य के नाम से पुकारते हैं तथा संस्कृत में निबद्ध साहित्य को शिष्ट

साहित्य की संज्ञा प्रदान करते हैं। राधा विषयक काव्य की उपलब्धि तो हमें दोनों साहित्यों में होती है, परन्तु उसके उद्‌गम स्थल की विवेचना करने पर हम जिस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं, वह कुछ विलक्षण सा अनेक आलोचकों को प्रतीत होगा। हमारा निष्कर्ष है कि राधा का उदय लोक साहित्य में मूलतः सम्पन्न हुआ और वहीं से वह शिष्ट साहित्य में परिगृहीत की गई तथा कालान्तर में परिबृंहित भी हुई। इस प्रकार राधा के विकास की द्विविध धारा लक्षित होती है-(१) लोक साहित्य की धारा तथा (२) शिष्ट साहित्य की धारा। इन उभयविध धाराओं के संयुक्त अनुशीलन से ही हम राधा के पूर्ण साहित्यिक रूप के ग्रहण करने में कृतकार्य हो सकते हैं। इन निष्कर्ष को प्रमाणित करने के लिए हम कतिपय मुख्य तर्क उपस्थित करने जा रहे हैं, जिसके अनुशीलन से कोई भी निष्पक्ष आलोचक उस तथ्य तक पहुँच सकेगा, ऐसी मेरी धारणा है।

■ ■ ■

P & J - 19

जैन कर्म सिद्धान्त और वंश परम्परा-विज्ञान

प्रो. डॉ. दूध नाथ चौधरी

जड़ और चेतन की परिवर्तन होने की दशा बिल्कुल स्पष्ट है। यही कारण है कि जड़ एवं चेतन का तादात्म्य आदि अनंत काल से है तथा वह तब तक बना रहेगा जब तक आत्मा पौद्‌गलिक कर्म बंधनों का पूर्ण क्षय कर मुक्त अवस्था को प्राप्त नहीं कर लेती है। जैन कर्म सिद्धान्त के अनुसार 'उपयोग लक्षणो जीवः' जीव का लक्षण उपयोग है जो आत्मा चेतना के नाम से जाना जाता है। ज्ञान दर्शन को उपयोग कहते हैं। शरीर माध्यम बनता है चेतना की अभिव्यक्ति का एवं किए गए कर्मों को भोगने का। जब आत्मा एक शरीर को छोड़कर दूसरा शरीर धारण करती है, तब नए जन्म के प्रारम्भ में वह जैन कर्म सिद्धांत के अनुसार पर्याप्ति नाम कर्म की सहायता से भावी जीवन यात्रा के निर्वाह के लिए एक साथ आवश्यक पौद्‌गलिक सामग्री का निर्माण करती है। उसे या इससे उत्पन्न होने वाली पौद्‌गलिक शक्ति को पर्याप्ति कहते हैं। व्यक्ति के व्यवहार, आचार-विचार और प्रत्येक क्रियाकलाप का अंकन व्यक्ति के भीतर लगातार होता रहता है। ऐसा आज विज्ञान की अनेक शाखाएं भी मानने लगी हैं। आज वही अंकन कालांतर से उस व्यक्ति को प्रभावित करता है। भारतीय दर्शन ने इस अंकन प्रणाली को कर्म सिद्धान्त के रूप में विस्तृत विवेचना की है। कर्म सिद्धान्त बहुत सूक्ष्म है। बुद्धि से परे का सिद्धान्त है। वंश परम्परा विज्ञान ने कर्म सिद्धान्त को समझने में सुविधा प्रदान की है। जैन धर्म के अनुसार जीवन की विभिन्न क्रियाओं, रचनाओं तथा घटनाओं का नियंत्रण कर्मों के द्वारा होता है।

यह स्पष्ट समझ होनी चाहिए कि 'जीन' तथा जेनेटिक कोड सर्वोपरि नहीं है तथा उन पर शारीरिक पर्यावरणीय वातावरण आंतरिक तथा बाह्य परिस्थितियां भी नियंत्रण रखती हैं। जीवन के क्रियाकलाप उसके स्वयं के शरीर के साथ-साथ दूसरे जीवों के क्रियाकलापों तथा अन्य बाह्य परिस्थितियों द्वारा

संचालित होता है। कर्म सिद्धान्त के अनुसार कर्म ही सब कुछ नहीं है। यह तो फिर नियतिवादियों और ईश्वरवादियों की तरह सब कुछ नियति पर छोड़ कर बैठ जाना मान लिया जाएगा।

■ ■ ■

P & J - 20

'कर्पूरमंजरी' का ऐतिहासिक महत्त्व

जनेश्वर मौआर

यद्यपि कर्पूरमंजरी से भारतीय नाटकों के उद्‌गम तथा विकास के अध्ययन में कुछ भी सहायता नहीं मिलती, फिर भी नाटकों के स्वरूप और परवर्ती इतिहास से सम्बन्ध रखने वाली कई बातों पर इससे कुछ प्रकाश अवश्य पड़ता है। नाटकों के प्रारम्भ में प्रस्तावना में कुशीलवों की विविध चेष्टाओं का विस्तृत वर्णन तथा ध्रुवा गीत का उल्लेख मिलता है। प्रस्तावना में तत्कालीन विभिन्न वाद्य यंत्रों का भी उल्लेख है। चतुर्थ जवनिका में आए हुए नृत्य के दृश्य से यह भी निश्चित हो जाता है कि भारतीय नाटकों में नृत्य का भी उल्लेख किया जाता था।

भारतवर्ष के धार्मिक इतिहास के अध्ययन में भी कर्पूरमंजरी कुछ सहायता करती है। कर्पूरमंजरी में तन्त्र सम्प्रदाय की शिक्षाओं का उल्लेख किया गया है। कुछ समय पूर्व लोगों का ऐसा विचार था कि जो व्यक्ति तान्त्रिक सम्प्रदाय के द्वारा निर्धारित ढंग से कुछ अभ्यास करता है, उसकी आध्यात्मिक उन्नति होती है। उसे गुण्य शक्तियाँ भी प्राप्त हो जाती हैं, जिनसे कि वह आश्चर्यजनक कार्य कर सकता है। जो कोई व्यक्ति इस तरह के अद्‌भुत कार्य कर सकता था वह सिद्ध पुरुष कहलाता था। प्रथम वह धार्मिक शिक्षक है, फिर प्रासंगिक रूप से अद्‌भुत कार्यों को करने वाला।

■ ■ ■

P & J - 21

संस्कृत नाटकों में प्राकृत

डॉ. सुदर्शन मिश्र

संस्कृत नाटकों का प्रारम्भिक सृजन प्राकृत के विभिन्न स्वरूपों के साथ हुआ दृष्टिगत होता है। संस्कृत का सर्वप्रथम उपलब्ध नाटक अश्वघोष कृत सारिपुत्रकरण है, जिसमें शौरसेनी, अर्द्धमागधी और मागधी प्राकृत का उपयोग हुआ है। इन प्राकृतों के उपयोग के लिए भरत ने नाट्यशास्त्र में एक पूरे प्रकरण की रचना की है, जिसमें यह विस्तार से बताया गया है कि कौन-कौन से पात्र किस-किस प्राकृत का प्रयोग करेंगे। नाटकों में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्राकृतों के नाम भी गिनाए गए हैं, जिनकी

कुल संख्या चौदह है। बाद में वैयाकरणों ने भी विभिन्न प्राकृतों के स्वरूप की ओर ध्यान आकृष्ट किया है, जिनकी कुल संख्या २२ तक पहुँचती है। इन बाईस तरह के प्राकृतों का प्रयोग संस्कृत नाटकों में हुआ है जिसे विद्वान् प्राकृत तो कहते हैं, लेकिन उसके विभिन्न स्वरूप को नहीं जानते हैं। शोध लघु निबंध में संस्कृत नाटकों में पाए जाने वाले विविध प्राकृतों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

■ ■ ■

P & J - 22

जैनदर्शन में लोक व्यवस्था

डॉ. श्वेता जैन

भारतीय दार्शनिक चिन्तन परम्परा में विविध दर्शनों का प्रादुर्भाव हुआ, जिनमें सांख्य-योग, न्याय-वैशेषिक, मीमांसा-वेदान्त तथा जैन-बौद्ध और चार्वाक् प्रमुख हैं। इन सभी दर्शनों की तत्त्वमीमांसा लोक व्यवस्था अथवा सृष्टि प्रक्रिया की सूचक है। वैदिक दर्शनों में सांख्य दर्शन प्राचीन माना जाता है। यहाँ प्रकृति और पुरुष इन दो तत्त्वों को ही सृष्टि का मुख्य कारण माना गया है। न्याय-वैशेषिकों ने क्रमशः सोलह एवं सात पदार्थ की व्याख्या के द्वारा लोक की व्यवस्था निर्धारित की है। वेदान्त दर्शन में यद्यपि सृष्टि अर्थात् लोक जिसे भूलोक भी कहते हैं, का निर्माण ब्रह्मा ने किया है, परन्तु यहाँ ब्रह्मा स्वयं अकर्ता हैं और माया अथवा अविद्या के द्वारा यह लोक निर्मित है। बौद्धदर्शन के अनुसार प्रत्येक पदार्थ क्षणिक है, अतः नित्य लोक की मीमांसा अकल्पनीय है। चार्वाकदर्शन में मान्य पंच महाभूत ही लोक व्यवस्था के मुख्य आधार हैं। जैनदर्शन को लोक के संदर्भ में अपनी पृथक् मान्यता है।

जैन मान्यता के अनुसार यह लोक 'जिसे विश्व संज्ञा से अभिधीत किया जाता है' छह द्रव्यों यथा जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल के संयोग से बना है। इस लोक में इन छह द्रव्यों के अतिरिक्त अन्य किसी भी पदार्थ की सत्ता नहीं है। इन द्रव्यों में से काल को छोड़ कर शेष पांचों द्रव्य बहु प्रदेशी होने से अस्तिकाय सम्बोधन से भी अभिधीत हैं। यथा-जीवास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय आदि। जैन मतानुसार लोक को तीन भागों में विभाजित किया जाता है-ऊर्ध्वलोक, अधोलोक और मध्यलोक। अनन्त आकाश के मध्य में लोक अवस्थित है, जो नीचे पल्यंक के सदृश, मध्य में व्रज के समान और ऊपर से खड़े मृदंग के तुल्य है। यह लोक नीचे विस्तृण, मध्य में संक्षिप्त और ऊर्ध्वमुख मृदंग के समान है। इस प्रकार लोक का आकार कमर पर हाथ रख कर खड़े हुए पुरुष के समान सिद्ध होता है। इस तीन विभाग वाले लोक को लोकाकाश कहते हैं, क्योंकि इसके भीतर ही जीव-पुद्गलादि सभी चेतन-अचेतन द्रव्य पाए जाते हैं। लोकाकाश के चारों ओर पाए जाने वाले आकाश को आलोकाकाश कहते हैं, क्योंकि इसमें आकाश के अतिरिक्त अन्य कोई भी द्रव्य नहीं पाया जाता है। विश्व के संदर्भ में यह व्यवस्था केवल जैन दर्शन में ही मान्य है। अन्य दर्शनों में विश्व के निर्माण, आकार एवं काल के संदर्भ में भिन्न-भिन्न मत हैं। लोक के संदर्भ में जैनदर्शन से सम्बन्धित विवेचन शोध आलेख में किया जाएगा।

■ ■ ■

P & J - 23

जैन परम्परा में अनुप्रेक्षा का महत्त्व

सुप्रिया

जैन परम्परा में गृहस्थ और श्रमण दोनों के लिए कुछ चिन्तन करने का विधान है। इसी चिन्तन को भावना या अनुप्रेक्षा कहा जाता है। आवश्यकचूर्णि के अनुसार भावना, चिन्तन, मनन का नाम है, जिसे अनुप्रेक्षा भी कहते हैं। जैन दर्शन में भावना मन का वह भावात्मक पहलू है, जो साधक को उसकी वस्तु-स्थिति का बोध कराता है। योगशास्त्र के अनुसार भावना के द्वारा वैराग्य की ओर उन्मुख चित्त सम्भाव युक्त हो जाता है, जिससे कषायों का उपशमन तथा सम्यकत्त्व की प्राप्ति होती है, इनके सतत अभ्यास से बुद्धि दर्शन, ज्ञान और चारित्र में अवस्थित बनी रहती है। सर्वार्थसिद्धि के अनुसार जाने हुए अर्थ का मन में अभ्यास करना वैराग्य वृद्धि के लिए शरीरादि के स्वभाव का पुनः-पुनः चिन्तन करना अनुप्रेक्षा है। इस तरह बारह भावना के रूप में प्रसिद्ध वैराग्य वर्धक चिन्तन विशेष 'द्वादशानुप्रेक्षा' ही है। मूलाचार का कथन है कि अनुप्रेक्षाओं से वैराग्य की उत्पत्ति तथा राग-द्वेष का विनाश होता है। जो इनसे आत्मा को युक्त करता है और वह आत्मा सभी कर्मों से रहित तथ्य निर्मल होकर विमलालय (मोक्ष) को प्राप्त करता है।

■ ■ ■

P & J - 24

उत्तराध्ययन सूत्र में श्रमण जीवन के मूलभूत नियमों का विवेचन

संतोष कुमार पाण्डे

आगम साहित्य के मूलसूत्रों में उत्तराध्ययन सूत्र का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यह एक धार्मिक काव्य ग्रन्थ है, जिसमें श्रमण जीवन के मूलभूत नियमों का विवेचन किया गया है। यह ग्रन्थ भगवान् महावीर की अनमोल वाणी का अनूठा संग्रह है । यह जीवन सूत्र ग्रन्थ है। इसमें आध्यात्मिक, दार्शनिक एवं नैतिक जीवन के विभिन्न दृष्टिकोणों का गहराई से चिन्तन किया गया है। एक प्रकार से इसमें श्रमण जीवन का सर्वांगीण विश्लेषण है। भगवान् महावीर ने अपने जीवन के उत्तरकाल में निर्वाण से पूर्व जो उपदेश दिए थे, उन्हीं का संकलन इस ग्रन्थ में किया गया है। इसमें केवल सिद्धान्त, दर्शन एवं आचार का ही नहीं, अपितु अनेक सरल एवं मर्मस्पर्शी कथानकों का समावेश किया गया है, जिसके माध्यम से प्राच्य भारतीय गुरु-शिष्य की परम्पराएं, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिस्थितियों की झांकी मिलती

है। इसमें विद्याओं के प्रकार, आचार या नीति सम्बन्धी अनेक महत्वपूर्ण तथ्य दिखाई पड़ते हैं।

उत्तराध्ययन सूत्र का गहराई से अध्ययन करने पर स्पष्ट परिज्ञात होता है कि इस मूलसूत्र ग्रन्थ में भगवान् महावीर की वाणी का सगुंफन सम्यक् प्रकार से हुआ है। यह श्रमण भगवान् महावीर का प्रतिनिधित्व करने वाला आगम है। इसमें जीव, अजीव, कर्मवाद, षट् द्रव्य, नव तत्त्व, पार्श्वनाथ और महावीर की परम्परा प्रभृति सभी विषयों का समुचित रूप से प्रतिपादन हुआ है। केवल धर्मकथानुयोग का ही नहीं, अपितु चारों अनुयोगों का मधुर संगम हुआ है। अतः यह भगवान् महावीर की वाणी का प्रतिनिधित्व करने वाला आगम है। इसमें वीतरागवाणी का विमल प्रवाह प्रवाहित है।

■ ■ ■

P & J - 25

जैनागमों में कर्मसिद्धान्त की मीमांसा

डॉ. योगेश कुमार जैन

भारतीय दर्शन की प्रमुख शाखाओं वैदिक, बौद्ध और जैन परम्परा में कर्मवाद पर विचार किया गया है, किन्तु जैन परम्परा में कर्मसिद्धान्त का जैसा सूक्ष्म एवं विशद् विवेचन उपलब्ध होता है, वैसा अन्यत्र दृष्टिगोचर नहीं होता है। कर्मसिद्धान्त का विश्लेषण करने हेतु जैन आचार्यों ने अनेक स्वतन्त्र ग्रन्थ लिखे हैं। द्वादशांग श्रुत के बारहवें अंग के जो पाँच भेद बतलाए गए हैं उनमें से चौथे भेद 'पूर्वगत' के चौदह भेदों में से दूसरे अग्रायणीय पूर्व की १४ वस्तुओं में से पांचवीं चयनलब्धि के २० प्राभृतों में से चौथे कर्म प्रकृति प्राभृत के २४ अनुयोगद्वारों में से भिन्न-भिन्न अनुयोगद्वार एवं उनके अवान्तर अधिकारों से षट्खण्डागम के विभिन्न खंडों की उत्पत्ति हुई। पाँचवें ज्ञान प्रवाद पूर्व की दसवीं वस्तु के तीसरे पेज्जदोसपाहुड़ से कषायपाहुड़ की उत्पत्ति हुई। गुणधराचार्यकृत कषायपाहुड़ की रचना षट्खण्डागम से पूर्व हुई। श्वेताम्बर सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार कर्मप्रकृति, शतक, पंचसंग्रह और सप्तत्तिका ये चार ग्रन्थ पूर्वोद्धृत कर्मशास्त्र के अंतर्गत आते हैं। प्राकरणिक कर्मशास्त्र (विक्रम की आठवीं शती से लेकर सत्रहवीं शती तक निर्मित) में कर्मशास्त्र सम्बन्धी अनेक ग्रन्थ समाविष्ट हैं। इनका आधार पूर्वोद्धृत कर्मसाहित्य है। पूर्वोद्धृत एवं प्राकरणिक कर्मशास्त्रों की रचना प्रायः प्राकृत में ही हुई है। संस्कृत में कर्म शास्त्र पर टीका साहित्य ही लिखा गया। जैन दर्शन की यह विशेषता है कि जहाँ वह भले-बुरे कार्यों के प्रेरक विचारों में आत्मा में संस्कार मानता है, वहाँ उस संस्कार के साथ एक विशेष जाति के सूक्ष्म पुद्गलों का आत्मा से सम्बन्ध होना भी मानता है। परमात्मप्रकाश में कहा है– 'विषय तथा कषायों के कारण आकर्षित होकर जो पुद्गल के परमाणु जीव के प्रदेशों में लगकर उसे मोहयुक्त करते हैं, उन्हें कर्म कहते हैं।' पुद्गल द्रव्य को तेईस प्रकार की वर्गणाओं में कार्माण वर्गणा कर्म रूप होती है तथा

आहार, तैजस, भाषा और मनोवर्गणा नौकर्मरूपता को प्राप्त होता है। उसका आत्मा के साथ सम्बन्ध होने के लिए यह आवश्यक है कि उपर्युक्त पंच प्रकार की वर्गणाओं के रूप में परिणत हो।

कर्म सिद्धान्त केवल भारतीय दर्शन की ही आधारशिला नहीं है, अपितु संसार के प्रत्येक प्राणी की समस्त क्रियाओं का निर्देशक तत्त्व है। कर्म शब्द संस्कृत की 'कृ' धातु से बना है, जिसका अर्थ करना है। प्रत्येक क्रिया हमारे ऊपर कुछ न कुछ संस्कार छोड़ जाती है, इनके संस्कारों से बचा नहीं जा सकता। प्रायः यह समझा जाता है कि जैसा हम बोते हैं, वैसा काटते हैं। यदि हम अच्छे कार्य करते हैं तो हम सुखी रहते हैं और यदि हम बुरे कार्य करते हैं तो दुःखी रहते हैं। यहाँ सुख से तात्पर्य पुण्यफल एवं दुःख से तात्पर्य पापफल से ही है। हमें अन्य कोई नहीं, अपितु हमारी क्रियाएं, विचार और अनुभूतियाँ ही अपना फल देती हैं।

■ ■ ■

P & J - 26

ब्रह्मचर्य : जैन दृष्टि में

सुजाता मुनुकुतला

ब्रह्मचर्य आज के युग की मांग है। आए दिन कन्याओं एवं स्त्रियों के प्रति होने वाले अनैतिक दुष्कृत्यों की घटनाओं को झेल कर भारत भूमि की वेदना विह्वल कराहें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ऐसे समय में हमारी निगाहें अपने प्राचीन वाङ्मय की ओर स्वतः मुड़ जाती हैं कि उनमें मनुष्य के मन की ज्ञात वैकारिक वृत्ति को समाहित करने के लिए क्या कोई उपाय बताए हैं?

ऋषि–महर्षियों की इस पवित्र भारत भूमि में जैसे मुनियों का एक अति विशिष्ट स्थान है। आज के विकृत प्रदर्शनोन्मुख वातावरण में भी जैन मुनियों की कठोर आभ्यन्तर तप साधना, जिसमें ब्रह्मचर्य का सर्वोपरि स्थान है, निश्चित रूप से इंगित करती है कि जैन शास्त्रों में ऐसे विधि–विधान रहे होंगे जो मनुष्य की अनादिकालिक काम–वासना को नियंत्रित करने में समर्थ हों। युगीन आवश्यकताओं को दृष्टिगत करके हमने जैनागमों में यत्र–तत्र विकीर्ण अनमोल दुर्लभ ज्ञान पुष्पों को एकत्र कर यह माला गूंथी है जिसे धारण करके आज का विश्व निश्चय ही शान्ति एवं प्रसन्नता का श्वास ले सकेगा। इस शोध लेख में जिन अनेक विषयों पर प्रकाश डाला जाएगा, उनमें से कुछेक का उल्लेख अप्रासंगिक नहीं होगा– ब्रह्मचर्य का शब्दार्थ। जैन धर्म के अनुसार ब्रह्मचर्य के दो प्रकार। पूर्ण ब्रह्मचर्य के विधान उपाय। आंशिक ब्रह्मचर्य के विधान उपाय। ब्रह्मचर्य साधना के जैन धर्मानुसार कुछ अद्भुत उपाय आदि विषयों को पत्र में प्रस्तावित करेंगे।

■ ■ ■

P & J - 27

The Jaina View of Darkness

Dr. Himanshu Shekhar Acharya

Darkness has an independent status in Jaina philosophy. It is considered to be as real as Light. It is said to be a mode (पर्याय) of पुद्गल. पुद्गल is one of the six ultimate substances (द्रव्यs) or eternal tools enumerated in Jaina Metaphysics. Umāsvāti, the author of *Tattvārthādhigamasūtra* lists ten modes (पर्यायs) of पुद्गल and darkness is one of them 'शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातमोद्योतवन्तश्च।' In Jaina philosophy, a mode is not different from a substance and therefore darkness (being a mode (पर्याय) of a substance) is also a substance.

Vijayalāvaṇya Sūri, the author of *Syādvādaṭīkā* on *Śāstravārttāsamuccaya* says that पुद्गलs are transformed into light and darkness. During transformation from light to darkness, the luminous, पुद्गल of light transform, into darkness with their luminousity removed and substanceness remaining intact- 'दीपरूपेण परिणतानां भास्वरपुद्गलानां तमोरूपेण परिणामाद् भास्वरपरिणामत्यागेपि द्रव्यत्वापरित्यागात्तमसो द्रव्यरूपतयैव स्याद्वादिभिरभ्युपगमादिति आशयः।'

Some philosophers like Pūjyapāda, Nemicandra, Vijayalāvaṇya Sūri and the author of *Tattvārtharājavārttikam* hold darkness to be the factor obstructing our visual perception besides being a mode of *pudgala*.

The paper highlights the views of a number of Jaina philosophers on darkness.

■ ■ ■

P & J - 28

Voluntary Termination of Life : The Concept of Sallekhanā in Jainism

Satwaki Poddar

Jainism is one of the oldest religions in India. Jainism has creditably retained its importance though it has a limited number of followers. Jainism has some distinctive features which made it more glorious among the others. We find traces of some contemporary ideas like environmental ethics, animal ethics, business ethics, sustainable development *et al.* in Jainism since hundreds of years. My intention in this paper is to show that, though euthanasia is much discussed nowadays, we can find its roots in Jainism known as *Sallekhanā*. *Sallekhanā* is the most sacred ritual performed by both - the ascetics and the householders.

It is embracing death voluntarily in a controlled and peaceful manner by fasting and meditation during the last days of earthly existence. *Sallekhanā* is not to be confused with suicide. Suicide is the result of the outburst of passion taking some violent means whereas *Sallekhanā* is described as *samādhi-maraṇa,* death in pure meditation leading to the realization of the self with the permission of the spiritual preceptor. Famous Jaina texts like *Ācārāngasūtra, Ratnakaraṇḍaśrāvakācāra, Sāgātradharmāmṛta, Tattvārthasūtra et al.* depict the detailed account of *Sallekhanā vrata.* The rite may sound harsh to those who believe that only God has the right to give or take away life and fasting unto death is no permissible. But the Jainas are not believers of God and they have their own explanation of the act of dying. And we must remember that, fasting is very common to the Jainas. They prepare themselves physically, psychologically and spiritually for such a sacred death.

■ ■ ■

P & J - 29

The Impact of Kauṭilya on Hemacandra: On Describing the Leadership

Dr. Rahul Kumar Singh

The tradition in India is to develop institutions which help individuals to attain the four *puruṣārthas* 'goals of human life', viz. *dharma, artha, kāma* and *mokṣa.* The last is more a pursuit by an individual for his or her spiritual goals, beyond this earthly world. The three other *puruṣārtha-s* are to be pursued by a person while living on this earth and, in most of the cases, in groups. There is a vast literature available, both in Sanskrit and in regional languages dealing with this goal of human life. But as compared to the writings regarding the spiritual and ethical goals, there is very little written in the context of the second *puruṣārtha,* namely *artha.* Kauṭilīya's *Arthaśāstra* is one of the brightest gems in this kind of literature. *Lagvarhannīti,* composed in Sanskrit, by Hemacandra has a great impact on Kauṭilīya.

When we look upon *Lagvarhannīti,* we find its many similarities with *Arthaśāstra,* in depicting the principles, especially when describing the quality of leaders. It is on this background that we have to study the *Lagvarhannīti* and see how it relates to *Arthaśāstra* which provide bed-rock for all the later Indian thinking especially the Jain political thinking. Here we will try to explore the impact related to the field of leadership only.

■ ■ ■

P & J - 30

Concept of Non-Violence of Six-Bodied Jīva in Jainism

Dr. Navin Kumar Srivastav

Jainism emphasizes on non-violence *(ahiṁsā)*, truth *(satya),* non-stealing *(acaurya* or *asteya),* celibacy *(brahmcarya),* and non-stealing/non-possession *(aparigraha).* In these fundamentals of Jaina theory, it is quite clear that there is hidden theory of content to remove environment pollution. The *Tīrthaṅkara* of Jainism stated that life is not only in living persons but also in some non-moving ones such as plants and beings inhabiting bodies of earth i.e. earth-bodied, water-bodied, fire-bodied, air bodied, plant bodied, mobile bodied etc.

Ahiṁsā, i.e., avoidance of *Hiṁsā,* has been treated as the first of the five *mahāvratas,* i.e., great vows, prescribed by Jaina religion. The concept of non-violence of six-bodied Jīva in Jainism is very ideal. No other concept is nearest to this non-violence concept of Jainism.

■ ■ ■

P & J - 31

Prākrita Kalpalatikā : Reconstructed

Dr. Anita Bandyopadhyay

The mention of *Prākrita Kalpalatikā* is found in the Prākrit grammar of Pundit Hrishikesh Shastri, published in the year 1883. Pischel also mentioned this reference in his voluminous Prākrit grammar. Pischel says that his Prakrit grammar is very good and quite dependable. But whether this book is printed or not, is not clear from his introduction. It is not even clear whether his grammar is a commentary or a regular book. This is also not clear from his references. But while describing some of the characteristics of his main grammar, Hrishikesh Shastri has quoted here and there some passages from the *Kalpalatikā.* I have now collected those references in one place and have given a short summary of the contents he has quoted from the *Prākrita Kalpalatikā.*

From the quotations given by Shastri the following points of *Kalpalatikā* are quoted. Shastri's book is divided into five chapters. Of them the first chapter where the general phonological rules are given, there the quotations of *Prākrita Kalpalatikā* are given. The rules he has compared with *Prākrita Kalpalatikā* are mainly on the gender system and the changes of some vowel sounds including some groups of words for the benefit of the scholars.

■ ■ ■

P & J - 32

Transtheism in Jainism

Dr. K.V. Suresh

Transtheism is a term coined by philosopher Paul Tillich or Indologist Heinrich Zimmer, referring to a system of thought or religious philosophy which is neither theistic, nor atheistic. Jainism is the philosophy and religion of Jainas, the followers of religion preached and practised by the Tīrthaṅkaras, the last of whom was Lord Mahāvīra. Jainism is one of the nine systems of Indian Philosophy; and one of the systems that is considered as an atheistic in its nature. In this paper I have tried to show that Jainism is not atheistic; it is theistic, believing in god and it has its own concept of God. The root causes that have misled the scholars and thinkers to consider Jainism as atheistic are the disapproval of Vedic authorities, revolt against Vedic ritualistic sacrifices, emphasis on emancipatory self-effort, exclusion of Divine Grace and extreme position of Law of *Karma.* In fact, it is not so. Jainism is theistic and it does believe in God.

Some of the authorities and authors of authentic works on Jaina religion and philosophy also support, the view of transtheism. For the establishment of the transtheistic approach both the concept and nature of Jaina God, nature of Jaina theism are to be disscussed. But then Jainism believes in God, it has its own concept of God and Jainism is Theistic

■ ■ ■

P & J - 33

Jaina *Bhakti* : Principles and Interpretation with Special Reference to Kundakundācārya

Dr. Vimal Bafana

Liberation or self-realization is the greatest human exertion which is the ultimate goal of the human life. Such salvation would be obtainable by the means like *Karma,* devotion, deep meditation and knowledge.

In Vedic literature the term *Bhakti* rarely occurs. But a word *upāsanā* has been seen every where.

Jainadharma is very ancient in Indian religions. Jainadharma is totally different from Vedic and Buddhism. Jainas deny that 'God is a creator of the world.' They worship 'God Jina'. Jina means victorious, who conquers Kaṣāyas i.e. anger, pride, deceit and greed. Tīrthaṅkara, Arhat, Vitarāgī, etc. are the other names of the Jinas. Jaina religion also has the same goal of self-realization with greatest human exertion. According to Jainadharma they destroy the eightfold *karma* and attain original nature of the soul. Now they become Paramātmā in the form of pure, stainless soul. Every Ātmā (soul) can experience such self-reliance and achieves the state of Paramātmā.

The paper deals with the Jaina *Bhakti*, its principles and interpretation with special reference to Kundakundācārya.

■ ■ ■

P & J - 34

Ecological Concept in the *Daśavaikālika*

Professor Suchitra Ray Acharyya

From the remote past Jaina philosophers have preached their ethics of non-injury i.e. *ahiṃsā*. First one of the *Pañcamahārvatas* instructed for the Jaina monks and nuns is *ahiṃsā*. On the other hand *sthūlapraṇatipāta viramaṇa* is instructed as the first one of the *pañca* anuvratas which is compulsory for the *śrāvākas* ans *śrāvikās*. This *ahiṃsā* can be reformulated as *dayā*. It is an active compassion for all living beings. Jaina philosophers have attempted to maintain the order of the society with the spirit of From the remote past *Jaina* Philosophers have preached their etics of non-injury i.e. *ahiṃsā* along with *Jaina* philosophy. First one of the *Pañcamahārvatas* instructed for the *Jaina* monks and nuns is *ahiṃsā*. On the other hand *sthūlapraṇatipāta viramaṇa* is instructed as the first one of the *pañca* anuvratas which is compulsory for the *śrāvākas* ans *śrāvikās*. This *ahiṃsā* can be reformulated as *dayā*. It is an active compassion for all living beings. *Jaina* philosophers have attempted to maintain the order of the society with the spirit of compassion. Human beings are actuated for doing goods as they can be released from the cycle of existence by an auspicious re-incarnation. Jainism points out men to build up a good *karma* to destroy all *karmas*.

Jaina message of non-violence, right living, right thinking, preservation of nature through reverence for all life-forms has an unique influence on Indian as well as global ethos. Jainism says *parasparopagraho jīvānām* i.e., all life depends on another for survival. Man, the best creature of god has responsibility to live and let live.

The paper discusses the ecological concept in the *Daśavaikālika*.

■ ■ ■

Section - 8

HISTORY

H - 1

गीतिकाव्य धारा में विद्यापति

डॉ. गणेश पवार

प्राचीन साहित्य के 'वीरगाथा-काल' में सामान्यतः दो प्रवृत्तियों का प्राधान्य दृष्टिगोचर होता है, जिनमें से पहली प्रवृत्ति के अंतर्गत वे प्रबंधकाव्य आते हैं, जिनमें कवित्त-छप्पय आदि छंदों के भीतर तत्कालीन वीरों का योगदान पाया गया है। दूसरी प्रवृत्ति के अंतर्गत वे गीति-काव्य आते हैं, जिनमें वीरता एवं शृंगार संबंधी भावनाओं को सरस संगीत का रूप प्रदान किया गया है। इनमें से नरपति नालह कृत बीसलदेव रासो तथा जगनिक कृत 'आल्हखण्ड' वीरगीतात्मक कृतियाँ हैं और विद्यापति कृत 'पदावली' में शृंगारात्मक भावनाओं के आधार पर मधुर गीतों की सृष्टि हुई है। इन सब गीतों में से विद्यापति के गीत अधिक मधुर, सरस एवं मर्मस्पर्शो हैं। इनमें शृंगारिक चेष्टाओं का हृदय ग्राह्य रूप प्रस्तुत किया है। ये गीत माधुर्य एवं सौंदर्य से ओतप्रोत है। इन गीतों की समता तत्कालीन कोई भी गीतकार नहीं कर पाता। विद्यापति हिन्दी के प्रथम श्रेष्ठ गीतकार है और गीति-काव्य के प्रतिनिधि कवि हैं। गीति-काव्य की यह परम्परा वैदिक युग से ही विकसित हुई है। वैदिक युग का 'सामवेद' इस गीति-काव्य का मूल श्रोत है, जिसमें गेयता, मधुरता, धारावाहिकता आदि संगीत के सभी गुण प्राप्त होते हैं। सामवेद की संगीतमयी ऋचाओं के उपरांत-बौद्धों की थेरी गाथाओं में गीति-काव्य की झाँकी मिल जाती है, परन्तु उसके उपरांत जिस लौकिक संस्कृति के काव्य का विकास मिलता है, उसमें यह गीति-काव्यधारा अत्यधिक विकसित दिखाई देती है।

■ ■ ■

H - 2

'पृथ्वीराज रासो' की हिन्दी भाषा

डॉ. श्रीमती राजू एस. बगालकोट

'पृथ्वीराज रासो' हिन्दी के उस युग की रचना है, जिस समय तक हिन्दी का कोई व्यवस्थित रूप नहीं बना था। संस्कृत तथा प्राकृत के साथ-साथ अपभ्रंश भाषाओं में प्रायः ग्रंथ रचना होती थी। उस समय अपभ्रंश भाषा में जैन ग्रंथों की रचना अधिक मात्रा में होती थी, फिर भी सिद्ध एवं नाथ संतों

के द्वारा एक ऐसी भाषा का भी निर्माण हो रहा था, जो उस काल की साहित्यिक भाषा अपभ्रंश से कुछ भिन्न सर्वसाधारण की बोलचाल की भाषा के अधिक निकट थी। उस भाषा पर प्रांत-विशेष का प्रभाव था। इसीलिए उस लोक-प्रचलित एवं सर्वसाधारण की भाषा का कोई व्यवस्थित रूप नहीं था। वह राजस्थान प्रदेश में राजस्थानी की विशेषताओं को, ब्रज प्रदेश में ब्रज की विशेषताओं को, अवध प्रांत में अवधी की विशेषताओं को और मिथिला प्रदेश में मिथिला की विशेषताओं को लेकर पनप रही थी। यहीं कारण है कि उस काल की भाषा पर संस्कृत, प्राकृत एवं तत्कालीन लोक-भाषा सभी की छाप स्पष्ट परिलक्षित होती है। परंतु जब हम पृथ्वीराज रासो की भाषा का वैज्ञानिक विश्लेषण करते हैं, तब ज्ञात होता है कि उसमें न केवल तत्कालीन भाषाओं की छाप विद्यमान है, अपितु पंद्रहवीं एवं सोलहवीं शताब्दी में विकसित ब्रजभाषा की भी स्पष्ट छाप दिखाई देती है, विभिन्न भाषाओं के मिश्रित रूप में रचित स्वीकार करते हैं। रासो की भाषा के बारे में ही यही मानना पड़ेगा कि वह अपभ्रंश काल के अंतिम चरण में शौरसेनी अपभ्रंश से निकली हुई काव्य-भाषा हिन्दी के ही आरंभिक रूप को प्रस्तुत करती है।

■ ■ ■

H - 3

मानवीय संवेदना के आलोक में मिथिला की दार्शनिक चेतना

डॉ. मोहन मिश्र

जगज्जननी जानकी की जन्मभूमि मिथिला वैदिक काल से लेकर अद्यपर्यन्त दार्शनिक चेतना से संपन्न रही है। मैथिल याज्ञवल्क्य को विवस्वान (सूर्य) की कृपा से यजुर्वेद के संपूर्ण मंत्र प्राप्त हुए थे। डॉ. कृष्णचन्द्र झा मयंक ने इस रहस्य का पल्लवन किया है। इस वेद के अंतिम चालीसवें अध्याय में 18 मंत्र हैं, जो ईशोपनिषद् के रूप में परिकथित हैं। इन 18 मंत्रों का प्रभाव ही श्रीमद्भागवत तथा श्रीमद्देवी भागवत के 18 सहस्र श्लोकों, महाभारत के 18 पर्वों, गीता के 18 अध्यायों तथा श्री रामचरितमानस के 18 छन्दों पर परिलक्षित होता है। बृहदारण्यक उपनिषद् में जनक के बहुदक्षिणा यज्ञ का उल्लेख है, जिसमें भारतवर्ष के आगत विद्वानों को याज्ञवल्क्य ने महती मेधा से पराजित किया था। वचक्नु दुहिता गार्गी ने उनके प्रति अपना पराजय पूर्ण समर्पण किया था, वृत्त विद्वानों को ज्ञात है।

मिथिला में वेदांत के अतिरिक्त न्याय दर्शन का प्रभूत प्रचार हुआ था। प्राचीन न्याय के प्रणेता अक्षपादगौतम तथा नव्य न्याय के प्रणेता उदयन, गणेश उपाध्याय आदि की जन्मभूमि मिथिला ही है। वैशेषिक, सांख्य गोय, आदि दर्शनों का संबंध भी मिथिला से है। जैन धर्म के लगभग तीन तीर्थंकर

– मुनि सुब्रतनाथ, नेमिनाथ तथा मल्लिनाथ मिथिलावासी कहे गए हैं। बौद्ध धर्म के कारण ही प्रांत का नाम बिहार (बौद्ध बिहार) किया गया, जिसके अंतर्गत मिथिलांचल है। शाक्तदर्शन एवं शैवदर्शन के केंद्र के रूप में भी मिथिला की अनुपम ख्याति चहुँ ओर प्रसरित है। इस प्रकार मिथिला की दार्शनिक चेतना ध्यातव्य है।

■ ■ ■

H - 4

रथ परम्परा : कुल्लू संदर्भ

डॉ. सीताराम ठाकुर

रथ भारतीय देव संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। कोई भी देवता रथ या वाहन के बिना गमनादि नहीं करता, यह सर्वप्रसिद्ध ही है। रथों की यह परंपरा वैदिक काल से किं वा प्रागैतिहासिक काल से ही चली आ रही है। 'रथ' शब्द का वर्णन वैदिक व पौराणिक साहित्य में अनेक स्थलों का प्राप्त होता है। कुल्लू जिले में भी रथ परंपरा की दृष्टि से देखने पर अनेक प्रकार उपलब्ध होते हैं। कुल्लू के सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भगवान् राम का रथ खींचा जाता है और सात दिन तक भगवान् राम दशहरा मैदान के अस्थायी शिविर में ही निवास करते हैं तथा सातवें दिन 'लंका बेकर' नामक स्थान पर रथ द्वारा ले जाए जाकर रावण की वध रूपी प्रक्रिया पूरी करते हैं।

श्रीराम कुल्लू के सभी देवताओं के अधिष्ठाता व पुरोधा हैं। उनकी रथयात्रा में लगभग 200 की संख्या में अन्य देवताओं के रथ भी उनके साथ चलते हैं। इसी प्रकार जिला कुल्लू में लगघाटी, निरमण्ड, बञ्जार, नग्गर आदि स्थानों पर भी देवरथों के विभिन्न प्रकारों के निर्माण, पूजन, परंपरा आदि के भी दर्शन होते हैं। इनमें वैदिक, पौराणिक, स्थान देवता, ग्राम देवता, घाटी देवता आदि सभी के रथों का वर्णन देखने को मिलता है। यहाँ विशेषता यह भी है कि ये देवरथ पहियों वाले नहीं होते अपितु अधिकांशतः मानव स्कन्धों द्वारा ही वाहि किए जाते हैं। नग्गर, मणिकर्ण आदि स्थानों को छोड़कर प्रायः सभी देवरथ देवलु अपने कंधों पर ही उठाकर चलते हैं। इन रथों में सोने-चांदी के मोहरों की विधिवत् पूजा-अर्चना के पश्चात् स्थापना की जाती है, तभी उनमें देवशक्ति का प्रवेश व निवास भी होता है। इस लघु शोधपत्र में यही स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है कि जिला कुल्लू में भी जो देवरथों की परंपरा चली आ रही है, वह एक सुदीर्घ, प्राचीन व प्रागैतिहासिक परंपरा का ही कतिपय परिवर्तित, संवर्धित किं वा संरक्षित स्वरूप हैं।

■ ■ ■

H - 5

पूर्व मध्यकालीन तिरहुत के शासक : एक संक्षिप्त चर्चा

डॉ. सुशान्त कुमार

प्राचीन भारत के महत्वपूर्ण शासक हर्षवर्द्धन के शासन के बाद और पूर्व मध्यकालीन तिरहुत के शासक नान्यदेव के शासन के पूर्व तिरहुत का इतिहास क्रमबद्ध नहीं है, ऐसा माना जाता रहा है। हर्षबर्द्धन का प्रांतीय प्रतिनिधि या कालान्तर में हुए स्थानीय शासक अरुणाश्व या अर्जुन, तिब्बती शासन या अन्य शासकों के द्वारा तिरहुत का यह क्षेत्र शासित होता रहा या यह क्षेत्र बिना किसी बाह्य प्रभाव के स्वतंत्र रहा, तिरहुत के शासन के संबंध में इस प्रकार के विभिन्न मत दृष्टिगत होते हैं। पूर्व मध्यकालीन इतिहास में तिरहुत के स्थानीय शासक की विभिन्न उपलब्धियाँ आज तक अपनी जगह इतिहास की पुस्तकों में नहीं बना सकी हैं। तिरहुत में कई ऐसे साहित्यिक एवं पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिनसे विभिन्न शासकों की चर्चा सामने आती है किन्तु इन शासकों की प्रशासनिक स्थिति और इनका प्रशासनिक क्षेत्र कहाँ तक अवस्थित था और इस क्षेत्र का भूगोल क्या था अस्पष्ट है। इस कालावधि में चन्देल, प्रतिहार, पाल आदि विभिन्न शासकों ने शासन किए, ऐसा संकेत विभिन्न स्रोतों से उपस्थापित होता है। पंचोम, जयनगर आदि स्थलों से प्राप्त अभिलेखीय साक्ष्यों में आए शासकों की चर्चा विस्तार से किए जाने की आवश्यकता है। ऐसे तमाम स्रोतों को अभी तक नज़रअंदाज किया जाता रहा है।

पूर्व मध्यकालीन तिरहुत के शासकों में पालों के अतिरिक्त हमें चन्देल, परमार आदि शासकों के शासन की जानकारी के साथ ही इस संपूर्ण प्रक्षेत्र से प्राप्त हुई मध्यकालीन ऐतिहासिक अवशेषों को भी ढूंढने की आवश्यकता है। पूर्व मध्यकालीन तिरहुत जो प्राचीन काल के विदेह (मिथिला) के रूप में विख्यात रहा है। इस भू-भाग में विभिन्न वंशीय शासकों से संबंधित अवशेषों को ढूंढते हुए प्रस्तुत शोध आलोख 'पूर्व मध्यकालीन तिरहुत के शासक: एक संक्षिप्त चर्चा' को लिखने का विनम्र प्रयास किया गया है ताकि पूर्व मध्यकालीन शासकों और उन शासकों के शासन व्यवस्था के दौरान उन तमाम शासकों को तलाश कर क्रमबद्ध शासकीय इतिहास लेखन किया जा सके।

■ ■ ■

H - 6

सिन्धु सभ्यता एवं वैदिक संस्कृति में समानता

बजरंग लाल अत्रि

वेदग्रंथ विश्व का प्राचीनतम उपलब्ध साहित्य है और यह मानव समाज की प्राचीनतम संस्कृति का दिग्दर्शन कराता है। अपने सार्वभौमिक महत्व के लिए ऋग्वेद को UNESCO द्वारा Memory of the World Register में शामिल किया गया है।

इस प्रकार पश्चिम में बलुचिस्तान के सुत्कन दोर से लेकर पूर्व में उत्तर प्रदेश के आलमगीरपुर तक और उत्तर में अफगानिस्तन के शोर्तुघई से लेकर दक्षिण में महाराष्ट्र के दाहिमाबाद तक गंगा और सिन्ध के मैदान में विकसित प्राचीन सिन्धुघाटी सभ्यता विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में विशिष्ट स्थान रखती है। सिन्धुघाटी के अनेक उत्खनित स्थानों में शैलखड़ी से बनी स्वस्तिक की अनेकों मुहरें प्राप्त हुई है। वैदिक संस्कृति में भी स्वस्तिक का विशेष महत्व है। यह ऋग्वेद के स्वस्तिवाचन मंत्रों के मौखिक स्वरूप का रेखांकन है जो कि किसी भी शुभकार्य की सिद्धि की कामना का प्रतीक है। स्वस्तिक स्वस्तिवाचन का दृश्य प्रतीक के रूप में निर्मित किया गया है।

यज्ञ द्वारा परमात्मा की उपासना ऋग्वैदिक समाज की विशिष्टता थी। विश्व में केवल भारतीय लोगों द्वारा ही यज्ञ करने की परंपरा है जो कि आज भी हिन्दु पर्व – उत्सवों का अनिवार्य भाग है। हरियाणा के बनवाली तथा राजस्थान के कालीबंगन और गुजरात स्थित लोथल के उत्खनन में यज्ञ वेदियाँ प्राप्त हुई हैं। धार्मिक कार्यों में यज्ञ करने की परंपरा सैंधव सभ्यता और वैदिक संस्कृति में समानता का द्योतक है।

इत्यवस्थायाम् आर्धधातुकस्येडबलादेः इति सूत्रेण इटागमे वसोः सम्प्रसारणम् इति सम्प्रसारणे च प्राप्ते वसुशब्दमुच्चार्य विहितत्त्वेन प्रतिपदोक्ततया शीघ्रोपस्थितिकत्त्वात् पूर्व सम्प्रसारणमेव विधीयते। एवञ्च बलादित्त्वाभावेन इटोऽप्राप्त्या लक्षस्य सेदुषः इत्यादेः सिद्धौ परिभाषायाः किमपि फलं नास्ति। शब्दानां संस्काराय सूत्राणि परस्परं मिलन्ति तेषां मेलनक्रमोऽपि त्रिविधम्। लिखति भूतिकारः परिभाषेन्दुशेखरविश्लेषणे एकवाक्यता च त्रिधा- पदैकवाक्यता, अर्थैकवाक्यता, वाक्यैकवाक्यता। उदाहरणञ्च- तस्मिन्निति शास्त्रस्य पदोपस्थापकत्त्वपक्षे ''इको यणचि'' इत्यादि सप्तम्यन्तपदघटितशास्त्रैः सह स्वघटकप्रयोज्यविषयता निरूपितविषयताप्रयोजकपदघटितत्त्वरूपा आद्या। तस्यार्थोपस्थापकत्त्वपक्षे विधिशास्त्रीय अचीत्यादि सप्तम्यन्तपदानां लक्षणया अजव्यवहितपूर्वत्त्वाद्यर्थतात्पर्यकत्त्वरूपे च स्वोपस्थाप्यर्थनिष्ठविषयतानिरूपित- विषयताप्रयोजक-पदघटितत्त्वरूपा द्वितीया। उपजीव्योपजीवकभावापन्नबोधप्रयोजकत्त्वरूपा तृतीया। यथा क्ङिति चेत्यादिनिषेधशास्त्राणां सार्वधातुकेत्यादिनिषेध्यशास्त्रीयसार्वधातुकेत्यादिपदसम्बन्धि प्रथमा क्ङिद्भिन्नसार्वधातुकाद्यर्थ -निर्णायकत्त्वरूपम्। शब्दसंस्कारविषयकः विचारः परिभाषेन्दुशेखरस्य यथोद्देशं संज्ञापरिभाषम्, कार्यकालं संज्ञापरिभाषम् इति विचारक्रमे स्पष्टतया ध्वनितो भवति। यथोद्देशपक्षे लक्ष्यसंस्काराय सूत्राणि स्व विषयं परिकल्प्य सकलतत्तद्विध्युपस्थितौ सकलतत्तसंस्काराय गुणभेदं परिकल्प्यैकवाक्यैतयैव नियमः। गणपतिशास्त्रिणा लिखितं तत्त्वप्रकाशिकाटीकायां 'स्मरणं प्रत्यनुभवस्य कारणत्त्वोपपत्तये मध्ये संस्काराख्यो व्यापारः आत्मन्यङ्गीक्रियते, तस्य संस्कारस्यात्मनि सर्वदा सत्त्वात् सर्वदा स्मरणवारणाय उद्बुद्धसंस्कारस्यैव स्मरणं प्रति कारत्त्वमङ्गीक्रियते, उद्बोधकैकसम्बन्धिज्ञानादिसत्त्वेऽपि कुत्रचित स्मरणादर्शनात् दृढ़तरस्यैव संस्कारस्य कारणत्त्वमङ्गीक्रियते। संस्कारदाढ्र्य प्रति चापेक्षाबुद्धेः कारणत्त्वम् उपेक्षाबुद्धौ च न दृढ़तरसंस्कारोत्पद्यते। एवञ्चोपेक्षाबुद्धौ नैष्फल्यज्ञानं कारणम्, अपेक्षाबुद्धौ च साफल्यज्ञानमिति बोध्यम्। तथा च आदेचो वृद्धिपदवाच्याः इति शक्तिग्रहे जाते साध्वनुशासनेऽस्मिन् शास्त्रे सङ्केतग्रहस्यानुयोगात् इदं शास्त्रमनर्थम् इत्याऽनर्थक्यज्ञानेन उपेक्षाबुद्धिश्चेत् कार्यकालपक्षः।' तस्यैव प्रायोगिकं रूपं लक्ष्यसिद्धिप्रक्रियायां शब्दरूपधातुरूपप्रकणे च प्रत्यक्षी भवति। यथा- रामः इति शब्दसंस्कारप्रक्रियायां अर्थवदधातुरप्रत्ययः प्रातिपदिकम्, कृत्तद्धितसमासाश्च व्युत्पन्नाव्युत्पन्नभेदेन प्रातिपदिकसंज्ञायां स्वौजस्मौट्छष्टाभ्यांभिस्ङेभ्यांभ्यस्ङसिभ्यांभ्यस्ङसोसांङ्योसुप्, ङ्याप्प्रातिपदिकात्, प्रत्ययः, परश्च, सुपः, द्वेकयोर्द्विवचनैकवचने, विरामोऽवसानम् खरवसानयोर्विसर्जनीयः इत्यादिसूत्रसहकारेण सर्वाः प्रक्रियाः निष्पद्यन्ते। महावैयाकरणः आचार्यपतञ्जलिः विवेकद्वारा शब्दापशब्दसंस्कारप्रक्रियां वदति। ये शब्दान् जानन्ति तेषामेव समक्षं शब्दः स्वस्वरूपं प्रदर्शयति नाज्ञानाम्।

■ ■ ■

IL - 41

खड़ी बोली कविता का विकास और मैथिलीशरण गुप्त

डॉ० स्मिता जैन

भाषा के परिमार्जन और संस्कार में गुप्तजी की देन- इसका श्रेय महावीर प्रसाद द्विवेदी को दिया जाता है और निस्संदेह उनकी कर्मठता, दृढ़ता और विवाद-सन्नद्धता के बिना यह कार्य नहीं हो सकता, किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि उनकी भाषा संबंधी अवधारणाओं को गुप्तजी जैसा कुशल और परितोषदायी उदाहर्त्ता न मिलता तो ये संस्कार इतनी सुगमता से इतने गहरे न पैठ पाते।

अत्युक्ति नहीं होगी यदि यह कहा जाय तो- राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक जागरण के बल पर 'खड़ी बोली' उन जैसे अमर वैतालिक को पाकर राष्ट्रभाषा के पद पर आसीन हुई। गुप्तजी अकेले कवि ही नहीं, वैतालिक भी थे। खड़ी बोली में इस विशेषण का अधिकारी अन्य कोई कदाचित् ही मिल सके।

खड़ी बोली की वह प्रच्छन शक्ति जो आधुनिक काल में भारतीय भावात्मक एकता, जनजागरण तथा आसेतु हिमालय प्रत्येक दृष्टि से भारतीय जन को स्नेह-सूत्र में पिरोकर संगठित करने में समर्थ हुई, उसका सर्वाधिक श्रेय गुप्तजी को ही है। अस्तंगत ब्रजभाषा की उत्तराधिकारिणी के रूप में पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ गुप्तजी की कृतियों में खड़ी बोली अपना मौलिक रूप लेकर पनपी, उभरी और अत्यंत अल्प समय में ही उत्कर्ष की पराकाष्ठा पर पहँच गई। उन्होंने खड़ी बोली को उन्नतिशील भाषाओं के समक्ष ही नहीं, वरन् उनके सपकक्ष भी लाकर खड़ा कर दिया। यह उन्हीं के सत्प्रयत्नों का परिणाम है कि आज खड़ी बोली का साहित्य विश्व-साहित्य के समक्ष समानता का दावा कर सकता है। जनवरी सन् 1905 से दिसंबर, सन् 1964 तक जिस नैष्ठिक भाव से गुप्तजी ने खड़ी बोली का श्रृंगार किया है, राष्ट्रभाषा तथा श्रेष्ठ काव्योपयुक्त भाषा बनाने में जो योगदान किया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज जो हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा के पद पर आसीन है उसे कवि गुप्तजी आज से वर्षों पूर्व 'भारत-भारती' के रूप में राजसिंहासन पर अभिषिक्त कर चुके थे।

■ ■ ■

IL - 42

प्राचीन-अर्वाचीन संस्कृतकाव्य और शब्दार्थसौष्ठव

डॉ० अभिषेक कुमार त्रिपाठी

निखिल विश्वभाषाओं में सर्वप्राचीन भाषा के रूप में प्रतिष्ठित संस्कृत भाषा अपने विशालतर साहित्य के कारण आज भी महनीय है। इसमें वैदिक वाङ्मय से व्यतिरिक्त लौकिक साहित्य के अन्तर्गत लक्ष्य और लक्षण दोनों प्रकार के सहस्रों ग्रन्थ लिपिबद्ध किए गए। संस्कृत का लौकिक साहित्य विविध प्रकार की विधाओं में अनुस्यूत किया गया है। अनेक प्रकार के गद्यकाव्य, पद्यकाव्य, नाट्यकाव्य, चम्पूकाव्य आदि विधाओं में संस्कृत के प्राक् कवियों की विशिष्ट काव्यधारा का प्रस्फुरण दिखाई पड़ता है तथा उनमें व्यंग्यात्मकता के अप्रतिम निदर्शन अवलोकित किए जाते हैं। आधुनिक काल में भी संस्कृत की प्राचीन विधाओं के साथ ही अनेक नवीन विधाओं में काव्य-रचनाएं की जा रही हैं। अनेक प्रकार के आधुनिक संस्कृत उपन्यास, गीति-काव्य, मुक्तक-काव्य प्रभृति विधाओं में विशेष साहित्यसर्जन हो रहा है। प्राचीनकालिक काव्यों में शब्दार्थसौष्ठव की क्या स्थिति अवलोकित की जाती थी और वर्तमान काल में उसके सन्दर्भ में क्या परिवर्तन परिलक्षित किया जा रहा है, क्या दोनों प्रयोगों में कोई मौलिक वैषम्य निहित है, इन सब तथ्यों का एक संक्षिप्त समीक्षण प्रस्तुत शोध-पत्र का विषय है।

■ ■ ■

IL - 43

संयुक्तव्यंजन 'ज्ञ' के उच्चारण का विचार

गायधनी चैतन्य
जोशी अंकुश

संस्कृत भाषा में 'ज्ञ' का उच्चारण 'ज् + ञ् + अ्' इस तरह दिखाई देता है। परन्तु, आज उपलब्ध भारतीय भाषाओं में 'ज्ञ' के उच्चारण में भिन्नता दिखाई देती है। मराठी भाषा में आज ''द् + न् + य्' इस तरह या फिर 'ग् + न् + य् + अ' इस तरह सुनाई देता है। गुजराती भाषा मे 'ग + न् + अ' इस तरह 'ज्ञ' का उच्चारण किया जाता है। हिंदी भाषा में 'ग् + य् + अ' इस तरह 'ज्ञ' का उच्चारण किया

जाता है। 'ग् + न् + अ' ऐसा उच्चारण मलयालम भाषा में इस वर्ण का किया जाता है और बंगालीभाषा में हिंदीभाषा की तरह, 'ग् + य् + अ' इस तरह किया जाता है।

'ज्ञ' का उच्चारण, जो पाणिनि व्याकरण में पाया जाता है, वह आज शायद केवल वैदिक पाठशालाओं में पाया जाता है। मध्य-इंडो-आर्यन काल में शायद 'ज्ञ' के उच्चारण परिवर्तन में गति आ गई होगी। आज प्रयुक्त 'ज्ञ' उच्चारण विधि में स्थानिक भाषाओं का प्रभाव दिखाई देता है। इन सभी मुद्दों की सविस्तार चर्चा इस शोधनिबंध में करने का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

IL - 44

संस्कृत पत्रिकाओं में प्रकाशित कारक विषयक व्याकरणशास्त्रीय अनुसंधान

रामबाबू
डॉ० लालाशंकर गयावाल

वेदाङ्ग का षडङ्ग के रूप में निर्देश प्राचीन ग्रन्थों में मण्डित है, जिसमें व्याकरण का परम विशिष्ट स्थान है, इसे वेदपुरुष का मुख कहा गया है- 'मुखं व्याकरणं स्मृतम्'। महावैयाकरण पाणिनि, कात्यायन एवं पतञ्जलि से लेकर 12 वीं शताब्दी के आचार्य हेमचन्द्र तक अनेक परम्परा और सम्प्रदायानुसार व्याकरण ग्रन्थ लिखे गये। समस्त व्याकरणों में पाणिनि व्याकरण की महत्ता निर्विवाद है। पाणिनीय व्याकरण के समस्त विषयों के साथ वाक्य विन्यास की सशक्त इकाई के रूप मे कारक की विवेचना संस्कृत की शोधपत्रिकाओं में प्रमुखता से की गई है। ये पत्रिकायें हैं- सरस्वती सुषमा 1942 वाराणसी, सागरिका 1962 सागर, संविद् 1964 मुम्बई, श्री कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय पत्रिका 1964 दरभंगा, स्वरमंगला 1975 जयपुर, अजस्रा 1977 लखनऊ, अर्वाचीन संस्कृतम् 1979 दिल्ली, दूर्वा 1986 उज्जैन, विश्वभाषा 1986 वाराणसी, संस्कृत-मंजरी 1995 दिल्ली, आदि, जिनमें उच्चकोटि के कारक विषयक प्रौढ एवं वैदुष्यपूर्ण शोध आलेख एवं विशेषांक भरे पड़े हैं। विभिन्न संस्कृत पत्रिकाओं में प्रकाशित व्याकरण शास्त्र के कारक विषयक उपपद विभक्ति, कारक विभक्ति, कर्त्ता, कर्म, करण, सम्प्रदान, अपादान एवं अधिकरण कारकों के विभिन्न आलेखों को संकलित कर तथा स्वतन्त्र रूप से एक एक सूत्रों की विवेचना से युक्त शोधलेखों का विषयानुसार विवेचन प्रस्तुत करना ही मेरे इस शोधपत्र का प्रतिपाद्य विषय होगा।

■ ■ ■

IL - 45

व्याकरण और अर्थ-विज्ञान

डॉ० अम्बुज कुमार चौधरी

शब्द साकार है और 'अर्थ' निराकार है। 'शब्द' ज्ञान है, तो 'अर्थ' विशिष्ट ज्ञान अर्थात् विज्ञान है। 'शब्द' बिन्दु है तो 'अर्थ' क्षितिजरूप वृत्त है। 'शब्द' यदि एक अस्तित्व है, तो 'अर्थ' उस अस्तित्व की चेतना है और उस चेतना की जिज्ञासा भी।

'शब्द' का अध्ययन 'व्याकरण' करता है, तो शब्दसमन्वित 'अर्थ' का अध्ययन 'अर्थविज्ञान' करता है। अर्थविज्ञान अर्थ की क्षितिज-रेखा को अच्छी तरह देखता है और आगे बढ़ता है। अर्थ मन है, मन का मनन है। 'शब्द' का अध्ययन व्याकरण भी करता है और अर्थविज्ञान भी।

किसी वैयाकरण से 'निष्ठा' शब्द के विषय में पूछा जाएगा तो वह बताएगा कि नि + √स्था + अङ् + टाप् से 'निष्ठा' शब्द निष्पन्न है। यह 'ठहराव' अर्थ में भाववाचक संज्ञा है। कुछ और अधिक बताएगा तो इतना और बता देगा कि 'क्त' और 'क्तवतु' 'निष्ठा प्रत्यय' कहलाते हैं।

अर्थविज्ञानी 'निष्ठा' के अनेक अर्थों पर विचार करेगा। उन अर्थ परिधियों में वह भाव-भूमियों के भी दर्शन करेगा। उसके चिन्तन के मार्ग में गीताकार का निष्ठा (गीता, अ० 3/3) शब्द भी आएगा, जहाँ 'निष्ठा' शब्द का प्रयोग 'साधना' (आत्मिक अनुशासन) के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है और 'ज्ञान निष्ठा' तथा 'कर्म निष्ठा' उसके दो भेद बताये गये हैं। अर्थविज्ञानी के चिन्तन में उसके श्रद्धा, विश्वास, संकल्प, निश्चय आदि अर्थ भी आएँगे। वह आपसे यह भी पूछेगा कि वह प्रसंग बताइए जहाँ 'निष्ठा' शब्द प्रयुक्त हुआ है। तदुपरांत अर्थविज्ञानी आपको प्रसंगानुसार निष्ठा शब्द का वाच्यार्थ, लक्ष्यार्थ और व्यंग्यार्थ भी बता देगा। वह 'निष्ठा' के प्राचीन अर्थ भी बता देगा। अर्थविज्ञान के क्षेत्र में शब्द के अर्थ-निर्धारण के लिए प्रसंग का प्रमुख महत्व है।

व्याकरण शब्द के भूतकालीन अर्थ पर ही विचार करता है, लेकिन अर्थविज्ञान भूत, वर्तमान और भविष्य के अर्थ पर भी विचार करता है। 'व्याकरण' केवल साधु शब्दों का अध्ययन है, लेकिन 'अर्थविज्ञान' साधु-असाधु सभी प्रकार के शब्दों के अध्ययन को अपना क्षेत्र मानता है।

■ ■ ■

IL - 46

हिन्दी के विकास में अपभ्रंश का अवदान

आरती चौधरी

भारतीय आर्य भाषा परिवार की मध्यकालीन अंतिम भाषा के रूप में अपभ्रंश भाषा विकाश की वह अवस्था है जहाँ से आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ अपने अपने अस्तित्व का उद्घोष करती दिखाई पड़ती हैं और अपभ्रंश इन सभी भाषाओं के विकास में समान रूप से अपना अवदान प्रदान करती है, बल्कि हिंदी को यह अवदान कुछ अधिक प्राप्त होता है। पालि तथा प्राकृत में भी इन सभी तत्वों को खोज निकालने में सफल रहे हैं। पालि अपभ्रंश की भाँति हिन्दी भी जन बोली का आधार पाकर विकसित होती है। संस्कृत, पालि, प्राकृत तथा अपभ्रंश के तत्व सहजता से खोज निकाले गए, केवल अपभ्रंश के योगदान को इसलिए अधिक महत्व दिया जाता है क्योंकि दिन्दी अपभ्रंश के तत्काल बाद की भाषा है। हिन्दी भाषा और साहित्य का विकास एकाएक नहीं हुआ बल्कि यह भारतीय आर्य भाषा के विकास की निरन्तर प्रवाहमान परम्परा का फल है। इसके विकास में साहित्यिक योगदान को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। अपभ्रंश जैनों के चिंतन की चिंतामणि है तो बौद्धों की सहज साधना की सिद्धि भी है। हिन्दी की सृजन परम्परा में अपभ्रंश के प्रभाव को लक्ष्य किया जा सकता है। अपभ्रंश की अनेक काव्य प्रवृत्तियों का क्रमिक विकास हिन्दी के विकास में रहा है। इसी क्रम में प्रेम और श्रृंगार की प्रवृत्ति का वर्णन है। कबीर आदि संतों की वाणियों का सीधा सम्बन्ध बौद्ध धर्म के अपभ्रंश रचनाकार सिद्धों से है। इसी तरह काव्य एवं कथानक रूढ़ियों का आधार, मान्यताएं, विश्वास एवं कल्पना होती हैं। इनका साहित्य में प्रचार–प्रसार काव्य के अर्थ को अधिक संदर्भ सम्पृक्त बनाने, अर्थ के स्पष्टीकरण और रचना को रोचक बनाने के उद्देश्य से किया जाता है। इस प्रकार हिन्दी के विकास में अपभ्रंश के विभिन्न रूपों तथा काव्य के अनेकों विधाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

■ ■ ■

IL - 47

भाषा विज्ञान के आलोक में उणादि सूत्रों की महत्ता

प्रो० हृषीकेश झा

विश्व के भाषायी इतिहास में भाषा विज्ञान की महत्ता आधुनिक युग में बढ़ गयी है। ऐसी मान्यता अधिकांशतः विद्वज्जनों में दृष्टिगोचर होती है। किन्तु प्राचीन साहित्यिक परम्परा को देखने पर यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि भाषाध्ययन की वैज्ञानिक पद्धति कम से कम भारत में प्राचीनकाल से ही अस्तित्व में रही है।

वैदिक वाङ्मय के अध्ययन से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि ऋग्वेद काल से ही यहाँ के क्रांतदर्शी ऋषियों ने भाषा तत्वों के विभिन्न अंगों के पर्यालोचन पर ध्यान देना प्रारंभ कर दिया था। निरुक्त में शब्दों की व्युत्पत्ति प्रक्रिया बतलायी गयी और व्याकरण ने इन दोनों शाखाओं की विशेषता को अपने में समाहृत कर भाषा तत्वों के विश्लेषण को व्यापक फलक प्रदान किया। इस तरह आधुनिक भाषा-विज्ञान के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुये भारतीय मनीषियों ने वैदिक युग में ही भाषा वैज्ञानिक चिन्तन की पर्याप्त सबल और समूल आधारशिला रख दी।

किन्तु इसके साथ यह तथ्य भी स्पष्ट है कि वैदिक युग में भाषा का जो स्वरूप वैदिकमनीषियों के सामने था, वह युगों की विकास परंपरा की परिणति के रूप में अस्तित्व में आया था। इसमें आदिम युगों के अनेक शब्द व्यवहार बहिर्गत हो चुके थे और जो तत्व प्रचलन में थे उनमें भी अधिकांश का रूप-परिवर्तन इस तरह हो चुका था ज़िनका स्वरूप विश्लेषण लगभग असंभव नहीं तो श्रमसाध्य अवश्य हो चुका था। कुछ शब्द ऐसे थे जिनका उनके अर्थों के अनुसार संतोषजनक विश्लेषण संभव नहीं था। ऐसे ही शब्दों को भारतीय वैयाकरणों ने अव्युत्पन्न प्रातिपदिक के रूप में चिह्नित किया। किन्तु, निरुक्तकारों तथा वैयाकरणों के एक सम्प्रदाय की दृष्टि में कोई भी शब्द ऐसा नहीं था जिसकी व्युत्पत्ति न हो। ऐसे ही वैयाकरणों में शाकटायन का नाम आता है। उनकी दृष्टि में सभी शब्द व्युत्पन्न हैं और चेष्टा करने पर उनके विभिन्न घटक तत्वों को पहचाना जा सकता है और अर्थानुसार ऐसे शब्दों के प्रत्ययों को भी रेखाङ्कित किया जा सकता है। शाकटायन की इसी मान्यता के निदर्शन के रूप में हमें उणादि सूत्र उपलब्ध हैं जिन सूत्रों को सम्बद्ध शब्दों-संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण आदि रूपों में विभाजित किया जा सकता है। प्रस्तावित निबन्ध में उपर्युक्त विषय को विवेचित करना ही मेरा लक्ष्य है।

■ ■ ■

IL - 48

प्रातिशाख्य एवं भाषातत्त्व

सुनील कुमार यादव

वैदिक काल में वेद विद्या का अध्ययन-अध्यापन श्रुति परम्परा पर आधारित था। उस समय वैदिक ऋचाओं का अध्ययन करके उसको स्मरण रखते थे। ब्राह्मण काल के बाद जब जन भाषाओं का विकास हुआ शनैः शनैः आर्यजन वैदिक मन्त्रों की भाषा से अपरिचित होने लगे। परिणाम स्वरूप वैदिकमन्त्रों का शुद्ध उच्चारण असम्भव हो गया। इसलिये वैदिक स्वर, मात्रा, वर्ण, सन्धि, छन्द, पद-पाठ, क्रम-पाठ आदि का ज्ञान कराने के लिये प्रातिशाख्यों के रूप में संसार का प्राचीनतम भाषा वैज्ञानिक अध्ययन निष्पन्न हुआ। इनमें ऋक्प्रातिशाख्य, तैत्तिरीय प्रातिशाख्य, वाज़सनेयि प्रातिशाख्य, अथर्ववेद प्रातिशाख्य तथा ऋक्तन्त्र का अधिक प्रचार-प्रसार हुआ।

एक-एक शाखा से सम्बद्ध होने के कारण ही ये ग्रन्थ प्रातिशाख्य कहलायें। इनमें वर्ण समाम्नाय, स्वर, संधि, उच्चारण, उच्चारणदोष, वर्णों की व्युत्पत्ति, पद-पाठ, क्रम-पाठ तथा पदपाठ से संहिता पाठ बनाने के नियम आदि का विस्तृत विवेचन किया गया है। यद्यपि वेदविद्या के समुचित ज्ञान कराने के लिये वेदांगो की रचना की गयी थी किन्तु इन शिक्षा, व्याकरण, छन्द, ज्योतिष आदि वेदांगो में सामान्य नियम बताये गये हैं। उनका सम्बन्ध वेद की किसी शाखा विशेष से नहीं था। जिस प्रकार वैदिक मन्त्रों के अर्थज्ञान के लिये निरुक्त उपयोगी है उसी प्रकार मन्त्रों के बाह्य स्वरूप तथा वैदिक भाषा के स्वरूप के ज्ञान के लिये प्रातिशाख्य उपयोगी है। प्रातिशाख्यों में वैदिक भाषा के समुचित ज्ञान कराने के लिये भाषा के आवश्यक तत्त्व उपलब्ध हैं जिनका विवेचन प्रस्तुत शोध-पत्र में किया जायेगा।

■ ■ ■

IL - 49

संस्कृत व्याकरण दर्शन का स्वरूप एवं परम्परा

डॉ० राजवीर आर्य

विश्व की भाषाओं में संस्कृत वाक् का विशेष समादर है। शब्द निर्माण और उनके सूक्ष्म विश्लेषण की अनूठी परम्परा इस वाक् में है। इसका व्याकरण अपनी वै़ज्ञानिक पद्धति के कारण विश्ववाङ्मय में

अतुलनीय है। व्याकरण के आधार पर ही भाषा की व्याख्या संभव है। भाषा की गति, जीवन और विकास की प्रक्रिया व्याकरणिक अध्ययन का विषय है। अतः भाषा के सही रूप का दर्शन व्याकरण के आधार पर ही संभव है।

व्याकरण शास्त्र के दो भेद हैं– प्रक्रिया पक्ष और दार्शनिक पक्ष। इनमें प्रथम प्रक्रिया पक्ष में प्रकृति प्रत्ययादि के विभाग द्वारा शब्दों का संस्कार करते हुए उन्हें साधुत्व कोटि में लाया जाता है परन्तु व्याकरण अध्ययन का यह प्रयोजन बाह्य है।

व्याकरण का दर्शन, शब्द दर्शन है। शब्दब्रह्म की मीमांसा में अनेक अवान्तर विषयों का निरूपण हुआ है। वैयाकरणों की दृष्टि में शब्द का अभिप्राय है– अखण्ड वाक्य। व्याकरणदर्शन अखण्ड वाक्य को ही अखण्ड वाक्यार्थ का वाचक मानता है।

आचार्य पाणिनि तक व्याकरण दर्शन का स्वरूप निश्चित हो चुका था। ऋक् प्रातिशाख्य, यजुः प्रातिशाख्य, तैत्तिरीय प्रातिशाख्य, अथर्वप्रातिशाख्य, निरुक्त तथा अष्टाध्यायी में लगभग पैंसठ आचार्यों के नाम आए हैं। प्रातिशाख्यों में व्याकरण दर्शन के दर्शन सर्वत्र दिखाई देते हैं।

■ ■ ■

IL - 50

अष्टाध्यायीगत सूत्रों में चतुस्सूत्रीविचार

डॉ० तोयनिधि वैष्णव

"अष्टाध्यायी जगन्माता अमरकोशो जगत्पिता" के अनुसार महर्षि पाणिनि कृत अष्टाध्यायी संसार के समक्ष संस्कृत व्याकरण सम्प्रदाय में माता के समान पालन पोषण करने वाली अक्षुण्ण निधि है, संस्कृत भाषा के व्याकरण ग्रन्थों में इसका स्थान सर्वोत्कृष्ट है। प्राचीन काल में संस्कृत वाङ्मय को सुरक्षित रखने की दृष्टि से सूत्र शैली का प्रणयन हुआ, फलस्वरूप भारतीय सूत्रशैली ने भाषा वैज्ञानिकों को समग्र संसार में आश्चर्य चकित किया है। अष्टाध्यायी के सूत्रों को छः भागों में विभक्त किया गया है, उनमें से अतिदेश सूत्रों की संख्या लगभग 118 है, "अतिदिश्यन्ते तुल्यतया विधीयन्ते कार्याणि येन सोऽतिदेशः" अर्थात् जिसके द्वारा समानता प्रदान की जाये अथवा आरोपित किया जाए वह अतिदेश है– अतिदेश सूत्रों का सात रूपों में परिगणन होता है– यहाँ पर उन अतिदेश सूत्रों में से चतुस्सूत्रों पर विचार किया जा रहा है, जो निम्नानुसार हैं :– स्थानिवदादेशोऽनल्विधौ, अचः परस्मिन् पूर्वविधौ, न पदान्तद्विर्वचनवरेयलोप....., द्विर्वचनेऽचि।

उक्त सूत्रों के शास्त्रीय कार्यों पर विचार करते हुए इनकी महती उपयोगिता को लोक व्यवहारों के माध्यम से उद्घाटित करने का प्रयास होगा। उक्त सूत्रों पर नागेश, श्री भट्टोजीदीक्षित प्रभृति नव्यवैयाकरणों की दृष्टि से भी यथामति विश्लेषण करने का प्रयास किया जाएगा।

■ ■ ■

IL - 51

शब्दानुशासन के प्रयोजन

डॉ० रमा शंकर मणि त्रिपाठी

व्याकरणशास्त्र के अध्ययन की महत्ता को प्रकाशित करते हुए किसी मनीषी ने कहा है- 'यद्यपि बहुनाधीषे तथापि पुत्र पठ व्याकरणम्' व्याकरण का अध्ययन किये बिना कोई भी व्यक्ति किसी विषय का पूर्ण ज्ञाता नहीं बन सकता। महर्षि पतंजलि ने महाभाष्य में शब्दानुशासन का प्रयोजन बताते हुए कहा है कि 'रक्षोहागमलघ्वसंदेहाः प्रयोजनम्'। वेदों के रक्षार्थ, ऊहार्थ, आगमार्थ, लघ्वर्थ, असन्देहार्थ शब्दानुशासन के प्रयोजन बताये गये हैं। रक्षार्थ- का प्रतिपादन करते हुए महर्षि पतंजलि ने कहा है कि- लोपागमवर्ण-विकारज्ञो हि सम्यक् वेदान् परिपालयिष्यति इति। ऊहार्थ मे कहा गया है- विभक्तिविपरिणाम एवं लिंगविपरिणाम जाननेवाला ही वेदों की रक्षा कर सकता है, क्योंकि सभी विभक्तियों एवं लिंगो में वेदों के मंत्र नहीं कहे गये हैं- न सर्वैर्लिंगैः न सर्वाभिः विभक्तिभिः वेदे मंत्राः निगदिताः।'' इसलिए व्याकरण का अध्ययन आवश्यक है। लघ्वर्थ- से तात्पर्य है कि कम शब्द का प्रयोग कर अधिक का बोध कराना व्याकरणाध्ययन का प्रयोजन है। वैयाकरणों के बारे में कहा गया है कि 'अर्धमात्रालाघवेन पुत्रोत्सवं मन्यन्ते वैयाकरणाः'। संदेहार्थ- किसी मन्त्र के प्रयोग में कोई संदेह नहीं हो इस कारण भी व्याकरण का अध्ययन करना चाहिए। इस प्रकार महर्षि पतंजलि द्वारा प्रतिष्ठापित शब्दानुशासन के प्रयोजन बताये गये हैं। इन प्रयोजनों के अतिरिक्त भी 'तेऽसुराः' आदि प्रयोजन हैं जो व्याकरणशास्त्र के अवान्तर प्रयोजन के रूप में बताये गये हैं।

■ ■ ■

IL - 52

संस्कृत वाङ्मय में शब्दकोश रचना : एक अध्ययन

रंगनाथ

संस्कृत वाङ्मय में 'कोशविद्या' का अपना एक विशिष्ट स्थान रहा है। वैदिक युग से प्रारम्भ कर अद्यावधिपर्यन्त अनेकानेक कोशों की रचना होते रहना इसका ज्वलन्त प्रमाण है। संस्कृतकोश वाङ्मय

का प्रारम्भ 'निघण्टु' की रचना से हुआ माना जाता है। 'निघण्टु' पर आधारित निरुक्त की रचना हुई।

मध्य एशिया के 'काशगर' (चीनी तुर्किस्तान) में एक आठ पृष्ठों का कोष प्राप्त हुआ है। इसका लेखक कोई बौद्ध पंडित माना जाता है। जिसका काल और नाम विदित नहीं है। यह कोश संस्कृत का उपलब्ध सर्वप्राचीन कोश माना जा सकता है। प्राचीन कोश ग्रन्थों में अमरसिंह विरचित नामलिङ्गानुशासन अत्यधिक प्रसिद्ध कोश है जो अमरकोश के नाम से सुविख्यात है। अमरकोश एक पद्यबद्ध रचना है जो तीन काण्डों में विभक्त है। इस पर अनेक कोशकारों ने अनेक टीकाएँ लिखीं, जिनमें सुप्रसिद्ध टीका भानुजी दीक्षित विरचित 'रामाश्रयी टीका' है।

भारतीय विद्वानों ने संस्कृत से अन्य भाषाओं में बहुविध कोशों की रचना की। आधुनिक काल में रचे गये कोश ग्रन्थों में सबसे महत्त्वपूर्ण कोश ग्रन्थ बंगाल के मूर्धन्य विद्वान् पं० तारानाथ तर्कवाचस्पति विरचित 'वाचस्पत्यम्' कोश अत्यन्त विशाल कोश ग्रन्थ है।

कोश रचना की परम्परा में भारत में ही नहीं अपितु विश्व के अन्यान्य भाषाओं में कोश रचे गये। विदेशी भाषाओं में रचे गये सबसे महत्त्वपूर्ण कोश ग्रन्थ डॉ० विल्सन विरचित 'संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी' जो सन् 1891 में प्रकाशित हुआ। अंग्रेजी माध्यम से प्रकाशित होने वाला प्रथम कोश माना जा सकता है। इसी प्रकार संस्कृत से अरबी, फारसी, जर्मन, पोलिश, तुर्की इत्यादि अन्यान्य विदेशी भाषाओं में कोशों की रचना की गयी है। मैं अपने शोधपत्र 'संस्कृत वाङ्मय में शब्दकोश रचना : एक अध्ययन' के माध्यम से संस्कृत से अन्य भाषाओं में रचे गये कोश रचना परम्परा पर प्रकाश डालना चाहता हूँ।

■ ■ ■

IL - 53

पाणिनीय व्याकरण- एक दृष्टि

झाबे राम ठाकुर

व्याकरण शास्त्र की सुदीर्घ व श्रेष्ठ परम्परा में महर्षि पाणिनि का अवदान अविस्मरणीय है। महान् कार्यों व स्थापनों के लिए महान् व्यक्तियों व शक्तियों की ही आवश्यकता होती है।

महर्षि पाणिनि दिव्यकोटि की परम्परा के आचार्यों में आते हैं। यह दिव्यकोटि ऋषि, देव, पितर आदि के रूप में ऊपर की ओर विकसित होती हुई ईश्वर व ब्रह्मतत्त्व या आत्मतत्त्व तक भी जाती है। भारतीय परम्परा में वेद, वेदाङ्ग, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, धर्मशास्त्र, पुराण, इतिहास आदि प्राय: इसी दिव्य कोटि के आचार्यों की परम्परा में ही उत्पन्न, विकसित व स्थित रहे हैं।

व्याकरण शास्त्र, जो कि वेदों का मुख्य तथा मुख रूपी अङ्ग कहा जाता है, भी भारतीय मत में दिव्य परम्परासिद्ध ही माना जाता है। महर्षि पाणिनि ने इसकी दिव्यता को अपनी अष्टाध्यायी के माध्यम

से समस्त विश्व के सम्मुख प्रकाशित किया है। इसके संरक्षण, संवर्धन के कार्य को कात्यायन, पतञ्जलि ने भी बढाया है। प्रस्तुत शोध पत्र में महर्षि पाणिनि की व्यक्तिगत दिव्यता व उनके दिव्य कार्य व्याकरण की दिव्यता तथा उपयोगिता को भी स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है जिससे भारतीय व्याकरण शास्त्र की श्रेष्ठ, दिव्य व सार्वजनीन परम्परा का दिग्दर्शन करवाया जा सके।

■ ■ ■

IL - 54

भाषा की उत्पत्ति

नरेन्द्र कुमार

आदि मानव को बोलने की शक्ति पहले पहल कब और कैसे प्राप्त हुई? अथवा मनुष्य को उसके आरंभिक सार्थक शब्द कब और किस प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप प्राप्त हुए? यह समस्या आज तक सुलझाई नहीं जा सकी है।

नवजात शिशु उत्पन्न होते ही चिल्लाता है, इससे यह जाना जा सकता है कि आदिम मानव गूँगा नहीं था। उसमें बोलने की नैसर्गिक क्षमता विद्यमान थी। इसे यों कह सकते हैं कि मनुष्य में ध्वनन की क्षमता जन्म से नैसर्गिक रूप में रही होगी। परन्तु मात्र ध्वनियों के उच्चारण को भाषा नहीं कहा जाता। अभी तक कोई ऐसा ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, जिससे यह सिद्ध किया जा सके कि भाषा की उत्पत्ति अमुक समय में, अमुक स्थान पर और अमुक आधारों पर हुई। इस सम्बन्ध में विभिन्न विद्वानों ने भिन्न-भिन्न मत व्यक्त किए हैं, जो अनुमान पर आधारित होने के कारण विवेच्य समस्या का सम्यक् समाधान प्रस्तुत करने में असमर्थ है।

भाषा की उत्पत्ति सम्बन्धी वे सिद्धान्त जो भाषा विज्ञान सम्बन्धी पुस्तकों में उपलब्ध हैं वे निम्नवत् जाने जाते हैं-- दिव्योत्पति का सिद्धान्त। धातु या रणन सिद्धान्त। अनुकरण मूलक सिद्धान्त। मनोभाव मूलक सिद्धान्त। श्रम ध्वनि सिद्धान्त और समवय सिद्धान्त।

भाषा की उत्पत्ति के सम्बन्ध में जिन सिद्धान्तों को नामित किया गया है वे आगमन पद्धति से अग्रसर हुए हैं। असभ्य यां आदिम जातियाँ अभी भी अविकसित अवस्था में हैं। अतः निगमन पद्धति से उनके भाषा के अध्ययन से भाषा के मूल का कुछ आभास मिल सकता है। यहाँ मैने संक्षेप में इस विषय पर प्रस्तुत किया है। सम्मेलन में विस्तार पूर्वक शोध- पत्र में प्रस्तुत करुगाँ।

■ ■ ■

IL - 55

भाषाविज्ञान के अध्ययन की पद्धतियों का आलोचनात्मक अध्ययन

डॉ० पर्णम् शर्मा

भाषा के वैज्ञानिक अध्ययन को भाषाविज्ञान कहा जाता है। भाषा विज्ञान के सामान्य रूप से पाँच प्रकारों का वर्णन किया जाता। इन्हें भाषाविज्ञान की 'अध्ययन पद्धतियाँ' भी नाम दिया जाता है। यहाँ पर भाषा विज्ञान के अध्ययन की पद्धतियों का संक्षेप में वर्णन इस प्रकार है– समकालिक या संकालिक भाषाविज्ञान। वर्णनात्मक भाषाविज्ञान, संरचनात्मक भाषाविज्ञान, ऐतिहासिक भाषाविज्ञान, तुलनात्मक भाषाविज्ञान, प्रायोगिक अथवा व्यावहारिक भाषाविज्ञान।

इस प्रकार से भाषाविज्ञान के समकालिक, ऐतिहासिक, तुलनात्मक और प्रायोगिक या व्यावहारिक ये चार पद्धतियाँ हैं। किन्तु इन्हीं को दृष्टि–भेद से अनेक विद्वानों ने पाँच माना है। उनके मतानुसार वर्णनात्मक, संरचनात्मक, ऐतिहासिक तुलनात्मक और व्यावहारिक भाषाविज्ञान या भाषाविज्ञान की पद्धतियाँ एक ही बात है।

■ ■ ■

IL - 56

पाणिनीय व्याकरण व चान्द्रव्याकरण में षष्ठी विभक्ति की समीक्षा

सोमनाथ सुभाषराव शिंदे

व्याकरणशास्त्र को वेदरूपी पुरुष का मुख कहा गया है। जैसे कि कहा गया है– 'मुखं व्याकरणम् स्मृतम्'। पाणिनि मुनि एक महान् वैयाकरण हैं, इसे भाषाशास्त्रियों व विद्वद्समाज ने सिद्ध किया है। विदेशीविद्वान् भी इस व्याकरण के विषय में आशचर्यचकित हैं। अष्टाध्यायी नामक ग्रंथ की रचना करके आचार्य पाणिनि ने भाषाशास्त्र पर महान् उपकार किया है। 'अष्टानां अध्यायानां समाहारःइति अष्टाध्यायी' इस ग्रंथ में आठ अध्यायों का क्रमबद्धरीति से निरूपण किया गया है। प्रत्येक अध्याय में चार पाद व कुल मिलाकर 32 पाद और चार हजार सूत्र हैं। यह ग्रंथ संज्ञाप्रकरण, संधिप्रकरण,

कारकप्रकरण, समासप्रकरण, तद्धितादि प्रकरणों की चर्चा करता है। कारक विभक्तियों को इन प्रकरणों में विशिष्टस्थान प्राप्त है। इसमें संबन्धार्थक षष्ठीविभक्ति को कारक नहीं माना है।

चान्द्रव्याकरण के रचयिता आचार्य चान्द्रगोमी जो बौद्धमतावलम्बी थे। चन्द्राचार्य ने अपने स्वोपज्ञवृत्ति के प्रारम्भ में अपने व्याकरण की विशेषता इस प्रकार दर्शाई है- 'लघुविस्पष्टसम्पूर्णमुच्यते शब्दलक्षणम्'।

उपर्युक्त विषय के माध्यम से पाणिनि व चान्द्रव्याकरण में षष्ठीविभक्ति में क्या अन्तर है, यह स्पष्ट करना मुख्य लक्ष्य रहेगा।

■ ■ ■

IL - 57

भाषाशास्त्र

प्रतिभा जितेन्द्र डोंगरे

भाषाशास्त्र, भाषा-विज्ञान भाषा अध्ययन की एक शाखा है, जिसमें भाषा की उत्पत्ति, स्वरूप, विकास आदि का विश्लेषण किया जाता है। भाषाशास्त्र का उद्‌गम 1786 में यूरोप में सर विलियन जोन्स द्वारा किया गया ऐसा माना जाता है। भाषाशास्त्र में भाषा का तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। भाषाशास्त्र और व्याकरणशास्त्र भिन्न शाखाएँ हैं। व्याकरणशास्त्र कार्यात्मक अध्ययन तथा भाषाशास्त्र तुलनात्मक एवं व्यापक अध्ययन्न करता है। इस कारण व्याकरणशास्त्र सीमित शास्त्र है। अतिप्राचीन काल से ही भाषा सम्बन्धी अध्ययन की प्रवृत्ति संस्कृत साहित्य मे पायी जाती है। 'शिक्षा' नामक वेदांग में भाषा सम्बन्धी अध्ययन की सूक्ष्म चर्चा उपलब्ध है। 'प्रातिशाख्य' एवं निरुक्त में शब्दों की व्युत्पत्ति, धातु, उपसर्ग-प्रत्यय आदि विषयों पर किया गया विश्लेषण भाषा का वैज्ञानिक अध्ययन माना जाता है।

भाषाशास्त्र द्वारा भाषा परिवर्तन, एक भाषा का दूसरी भाषाओं पर प्रभाव, उनका कारण, भिन्नता और भाषा से जुड़े इस प्रकार के सवालों का उत्तर समझने में मदद होती है। भाषाशास्त्र के अध्ययन द्वारा संस्कृत भाषा का अन्य भाषाओं पर होनेवाला प्रभाव शब्दों द्वारा जानने का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

IL - 58

भाषाविज्ञान की भारतीय परम्परा

प्रो. जगदीश चन्द्र

किसी भी भाषा के मूलभूत तत्त्वों एवं उसकी संरचना को समझने के लिए जिस विश्लेषणात्मक पद्धति एवं प्रक्रिया की आवश्यकता होती है उसे भाषिकी अथवा भाषा विज्ञान के रूप में परिभाषित किया जाता है। भाषा विश्लेषण एवं विवेचन का जो चिन्तन प्राचीन भारत में हुआ वह विश्व में अन्यत्र कहीं भी देखने को नहीं मिलता। भारतीय भाषिक चिन्तन को दो भागों में विभाजित किया जाता है- यास्क पूर्वकाल, यास्क उत्तरकाल। यास्क पूर्वकाल भाषिक चिन्तन की परम्परा में भाषा की उत्पत्ति एवं स्वरूप के संदर्भ में अनेकतर ऋग्वेद में ऋचाएं मिलती हैं। यहां जगत् की उत्पत्ति के साथ-साथ भाषा की उत्पत्ति पर भी विवेचन मिलता है। अनन्तर तैत्तिरीय संहिता में भी उपर्युक्त संदर्भ में उल्लेख मिलते हैं। इन सभी प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि शब्द रचना में पाई जाने वाली प्रकृति प्रत्यय की कल्पना से वैदिक ऋषि परिचित थे। इसी प्रकार भिन्न प्रत्ययों के कारण एक ही मूल धातु से निष्पन्न शब्दों के अर्थ में पाए जाने वाले अन्तर का संकेत भी वैदिक साहित्य में प्राप्त होता है। वेदों की भाषा की अपार शब्दराशि, शब्दों का विविध रूपों एवं अर्थों में प्रयोग, स्वराघातवश अर्थ निर्वचन एवं रूप रचना का चमत्कार, पदरचना का सौन्दर्य आदि तत्त्व इंगित करते हैं कि ऋषियों में भाषिक विश्लेषण विषयक दृष्टिकोण पर्याप्त विकसित था। भाषिक विश्लेषण की इस प्रवृत्ति का वैज्ञानिक विकास शिक्षा ग्रन्थों तथा प्रातिशाख्यों में देखा जा सकता है। ये ग्रन्थ विश्वसाहित्य में ध्वनि विज्ञान के प्राचीनतम ग्रन्थ हैं। वस्तुतः छः वेदांगों में से चार वेदांगों का सम्बन्ध प्रत्यक्षतः भाषा से है। भारतीय भाषाविज्ञान की परम्परा में यास्क का निरुक्त दीप स्तम्भ के समान है। इसे भारतीय भाषाविज्ञान का मेरुदंड माना जाता है। इन्होंने शब्दों को धातुज माना एवं शब्दों की व्युत्पत्ति के लिए वर्णागम, वर्ण विपर्यय, वर्णविकार, वर्णलोप तथा धातु से अर्थातिशय को प्रमुख आधार माना। 'प्रथमो प्रतमो बभूव' द्वारा यास्क ने भाषा विज्ञान का पहला पाठ पढ़ाया। यास्क के अनन्तर भाषाविज्ञान अध्ययन की परम्परा में आचार्य पाणिनि को वर्णनात्मक भाषा विज्ञाान का प्रथम आचार्य माना जाता है। पाणिनि द्वारा प्रस्तुत संस्कृत भाषा का सूत्रबद्ध, संरचनात्मक एवं विवरणात्मक विश्लेषण आज भी भाषा वैज्ञानिकों को आश्चर्य चकित करता है। यूरोप के अनेक भाषा वैज्ञानिकों ने पाणिनि के इस प्रकल्प की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। तुलनात्मक भाषाविज्ञान के शिलान्यास का श्रेय पाणिनि को ही प्राप्त है। यास्ककृत

चतुर्विध शब्द विभाग को पाणिनि ने वैज्ञानिक रीति से सुबन्त व तिङन्त में विभाजित किया है। उनकी कृति से प्रतीत होता है कि उन्हें ध्वनि ग्रामों का भी सुव्यवस्थित ज्ञान था। ध्वनि विज्ञान की इसी शाखा पर आज विश्व में सर्वाधिक कार्य हो रहा है। उन्होंने भाषा के सभी पक्षों-ध्वनि, पद, वाक्य, अर्थ आघात आदि का व्यापक विश्लेषण किया है। आचार्य कात्यायन व पंतजलि ने पाणिनि प्रतिपादित ध्वनि के स्वरूप, ध्वनि समूह, अर्थसम्बन्ध, वाक्य के घटक विभिन्न अवयवों का गंभीर विवेचन कर भारतीय भाषिकी परम्परा को पुष्पित-पल्लवित किया। इसी परम्परा में वाक्यपदीयकार भर्तृहरि का नाम उल्लेखनीय है, जिन्होंने ध्वनि, शब्द एवं पदों का वैज्ञानिक रूप प्रस्तुत किया। अनन्तर नागेश भट्ट, कौण्डभट्ट आदि का भी भाषा के वैज्ञानिक पक्षों पर मौलिक चिन्तन प्राप्त होता है। भारतीय भाषाविज्ञान की परम्परा समृद्ध है।

■ ■ ■

I L - 59

The *Nāmaliṅgānuśāsana* and the Evolution of the Sanskrit Language

Prof. Apurba Chandra Barthakuria

The *Nāmaliṅgānuśāsana* of Amarasiṁha is a world-famous text on Sanskrit lexicography. Anundoram Borooah, the great Sanskrit scholar of India, has published this work together with the commentary of Kṣīrasvāmī and extracts from many other commentaries. It is clear from all these writings that Sanskrit was always a living language of this country, which evolved through century through the writings of poets and the use of speakers.

Thus,

(i) Kṣīrasvāmī shows that the word *tripiṣṭava* is used by Eastern people for the regular word *triviṣṭapa*.

(ii) Pāṇini in his *Dvirūpakoṣa* reads the word Viśvaksena for the best known word Viṣvaksena.

(iii) Rāmanātha shows that the word Padmanābhi is used, side by side, with the word Padmanābha (Viṣṇu).

Again, the word Śītā is also used in the sense of Jānakī in addition to Sītā.

(iv) Nayanānanda, another renowned commentator, says that three words Caṇḍā, Caṇḍi and Caṇḍī are used for the regular word Caṇḍī, a name of Mother Durgā.

(v) According to Raghunātha, the word *pīyūṣa* (nectar) appears as *peyūṣa* in the writing of Aruṇadatta.

These were not only morphological evolution of words in Sanskrit, but also there was a regular development of gender of different words.

Thus, the words *nabhaḥ* (masculine) and *nabham* (neuter) appear in some lexicographical texts.

Again, the astrological terms like Puṣyā, Aśleṣā and Maghā, generally used in feminine gender are used as Puṣyaḥ, Aśleṣaḥ and Maghaḥ also (masculine), according to Ramānātha and Mathureśa.

It is clear from the discussion of above writers that Sanskrit was always a living language in this country.

■ ■ ■

I L - 60

Semantic Classification of Sanskrit Verbs

Nilotpala Gandhi

Verbs being the pivotal element of a sentence have to be studied from different angles. Pāṇini has given a detailed description of verbs on the morphological bases. But it has also some connection with the meaning facet. This paper studies verbs of Sanskrit language from the semantic dimension. The Dhātupāṭhas found today are mainly of Pāṇini and somewhat of Candra. The roots, technical devices like *Pratyāhāra* and *Anubandhas* mostly deal with the structural facet. But, the classification of verbs is not only based on the morphological level. The conjugation signs, which the roots take, also denote their semantic connections. As for example, the verb roots of the fourth conjugation, i.e. *curādigaṇa,* which take *ya* as a conjugation sign, are the verbs denoting process.

The study of the structure of a language, without considering its semantic facet is not enough. This research paper tries to find out the semantic connection behind the classification of verbs into ten conjugations, and the connection behind the meaning of roots and their conjugation signs.

■ ■ ■

I L - 61

Evolution of Sanskrit Throughout the Ages

Dipankar Mukhopadhyay

Sanskrit being a vehicle of expression of thinking and feeling of the persons has a long history of existence of thousands of years starting from 1500 B.C to till date has been playing a prominent and important role as an oriented language whether in written or spoken form.

In this paper, I would like to emphasise that the evolution of Sanskrit throughout ages means that the Sanskrit language is not static where some sorts of grammatical changes were found throughout the ages. As a result, we cannot say that Sanskrit was a pure static language where the norms of Pāṇini are strictly followed. These norms are flexible. But in order to maintain the purity of the language the users do not normally violate the norms of the Sanskrit grammar. But if we see the evolution of the language from the Vedic Period down to 16th and 17th centuries A.D., we can say that from that time onwards the Sanskrit language has been used by violating the so called norms of grammar.

Phonologically, all the sounds of the Sanskrit alphabets are used except cerebral *ḷ* and *ḷh*, which sounds are also preserved in Pāli and Paiśācī Prākrit, for example Pāli-saliḷa, Paiśācī Prakrit-saliḷam. Again we notice that, *iḍe* becomes *iḷe* in Vedic language. This sound is lost in later Sanskrit except in one or two later Vedic languages where this sound occurs. Again we notice that in Vedic literature, dipthongs are split up as monopthongs, for example — *śreṣṭha* becomes *śraiṣṭha* and likewise it is seen that normal Sanskrit vowel like *ṛ* is changed into different sounds like *i* etc., e.g. Sanskrit *vṛnda* becomes *vinda.*

Morphologically also, some changes are noticed, for example– *narā* (Vedic) becomes *narau* (classical). Nominative plural with *āsa,* for example — *janāsaḥ* (Vedic) cf. *janāḥ* (classical). Instrumental plural of *a*-base is *ebhiḥ*, for example — *devebhiḥ* (Vedic) becomes *devaiḥ* (classical). In a later stage, in later Sanskrit grammar some sort of new usages are sanctioned which are not sanctioned by Pāṇini. Thus when the grammarians like Bopadeva and Kramadīśvara (12th - 13th Centuries A.D.) sanctioned *nirdhāraṇe pañcamī,* which was not sanctioned by Pāṇini of 4th Century B.C., who mentioned it *(nirdhāraṇa)* to be used in *ṣaṣṭhī* and *saptamī bibhaktis* only. In a similar way, some sorts of evolutions of the Sanskrit languages can be noticed in my full- fledged dissertation.

■ ■ ■

IL - 62

Role of *Anubandhas* in the Brevity of Metalanguage of Pāṇini

Dr. Satyapal Singh

It is widespread notion that the language of Pāṇinian grammar is Sanskrit. However, it is erroneous to accept the notion, because, the language of Pāṇinian grammar is an artificial language called metalanguage. Pāṇini has developed this metalanguage for the sake of brevity, accuracy and economy of expression by using the elements of Sanskrit language and many other techniques, such as laconic style, *pratyāhāras, anuvṛtti, anubandhas,* dropping of verbal elements, metarules, general and exception rules (*utsarga — apavāda vyavasthā*) etc. I have proposed here to enquire the role of *anubandhas* in the brevity of metalanguage of Pāṇini. The brief outline of the article follows:

(i) Metalanguage: definition, basic principles and purpose

(ii) A brief account of means and techniques, used by Pāṇini for the sake of brevity, accuracy and economy of expression

(iii) Enquiry about the role of *anubandhas* played in the brevity of metalanguage of Pāṇini. Role of *anubandhas* can be perceived in the:

(a) creation of *pratyāhāras*
(b) creation of phonological rules
(c) decision of place of augments
(d) decision of the conjugational form of *dhātus* (verbs), namely *parasmaipada* and *ātmanepada*
(e) regulation of substitutions
(f) creation of feminine forms from the masculine words
(g) elision of a specific portion of a suffixes

(iv) Conclusion

■ ■ ■

I L - 63

Grammatical Aspects in *Sugaḷārthamālā*

Sajitha. A.

Kerala has contributed immensely to the *Śāstrakāvya* literature. Among the different categories of *Śāstrakāvya,* Narayanan nambootiri's *Sugaḷārthamālā* is based on grammar and it occupies a very prominent place. The text is written in 20th century. In 130 verses it explains 71 sutras of the second, third and fourth pādas of the third *adhyāya* of *Aṣṭādhyāyī.* The text has six khaṇḍas which illustrates the sutras of *lakāras.* This paper is an attempt to study the grammatical aspects of the text *Sugaḷārthamālā*.

■ ■ ■

I L - 64

A Comparative Study on the Treatment of *Kārakas* of the *Prayogaratnamālā Vyākaraṇa* and the *Aṣṭādhyāyī*

Dr. Ranjan Chakravarty

Sanskrit language was fully developed during the age Pāṇini. Sanskrit grammar written by the sages before the age of Pāṇini are not completely available *nowadays.* It is only Pāṇini's *Aṣṭādhyāyī,* which is available completely. All branches of this grammar are available to us in their complete volumes. Pāṇini's *Aṣṭādhyāyī,* is an authentic work on Sanskrit grammar and he has presented the rules in a very systematic way. Even after the existence of the most efficient Pāṇini's *Aṣṭādhyāyī,* there exist a large number of Post-Pāṇinian or Non-Pāṇinian systems of Sanskrit grammar. Amongst those systems of Sanskrit grammar the *Prayogaratnamālā Vyākaraṇa* is notable, which is also known as 'The Kāmarūpa School of Sanskrit Grammar'. Amongst the six creations of Mahāmahopādhyāya Puruṣottama Vidyāvāgīśa the *'Prayogaratnamālā Vyākaraṇ'* is the most popular one. It is used as a text book in most of the *ṭols (Pāṭhaśālās)* of Assam. Puruṣottama has followed the method of *Prakriyā* works, which are found in the *Aṣṭādhyāyī* of Pāṇini. There are many commentaries composed on this grammar only for its popularity. Both the *Aṣṭādhyāyī* and *Prayogaratnamālā Vyākaraṇa* are scientific treatises on language analysis. In this present paper a humble attempt is made for a comparative study on the treatment of *Kārakaṣ* of the *Prayogaratnamālā Vyākaraṇa* and the *Aṣṭādhyāyī.*

■ ■ ■

I L - 65

Lexicographical Acumen of K. K. Handiqui

Prof. Malinee Goswami

Professor Krishna Kanta Handiqui, a doyen of Indian culture and tradition is one of the celebrated Sanskritists and one of the greatest Indologists of the modern world. Because of his extraordinary genius, his vast expanse of knowledge combining oriental and occidental learning, his unique method of scholarly research , Prof. Handiqui is highly celebrated in the world of letters because of his three monumental works, shortly referred to as *Naiṣadhacarita of Śrīharṣa, Yasastilaka and Indian Culture, Pravarasena's*

Setubandha. In all these three works and in a bunch of research articles, Handiqui's vast scholarship and fine craftsmanship as a translator, a critic, a commentator, a text critic etc are reflected which have already appalled the learned world and which has already been appreciated by the scholars in different occasions. It is true that Handiqui has not compiled any lexicon and has not contributed any lexicographical work to the learned world, and therefore he has not yet been assessed as a master of word and meaning. But his knowledge and acumen in this subject can also be observed in his all the works. A very humble attempt will be made in the present paper to draw the features of Handiqui's scholarship as a lexicographer as reflected in his commentaries, translations and also in his scholarly articles.

■ ■ ■

IL - 66

Style of Illustrating Rules in *Prakriyā Ratnamālā Vyākaraṇa* (With Special Reference to the Sections on Case and Case-endings)

Dr. Radhamadhab Dash

Prakriyā Ratnamālā Vyākaraṇa by Puruṣottama Tarkavāgīśa, 16-17th c. A.D. (A.D. 1568 onwards) of Kāmarūpa region is not widely known as a standard *Prakriyā* text of Sanskrit grammar, which draws its contents mainly from the Pāṇini's School of grammar. On a peep into the text, one becomes attracted towards its unique descriptive style and more specifically towards enormous number of illustrations in support of the different formulations. Composed in nine chapters called *Viṅyāsas* along with their subsections termed as *Prakaraṇas* the text is in verses so composed as having the advantages of transforming them into several rules in consecutive order. Each one of the rules is supported by illustrations comprising examples and counter examples (*Udāharaṇas* and *Pratyudāharaṇas*).

What appeals to the readers of this grammar is the charming and poetic sentence structure of the illustrations referred to in its running commentary (*Vṛtti*). The author of the text of the grammar himself is supposed to be the author of this *Vṛtti*. There are citations in this *Vṛtti* often in fragments collected from the celebrated poetry texts such as the *Rāmāyaṇa*, the *Mahābhārata*, the *Raghuvaṁśa*, the *Māghakāvya*, the *Bhaṭṭikāvya*, the *Nītiśataka* and so on.

This paper confines to assess the relevant sections of formulation on cases and case-endings (*Kāraka* and *Vibhakti*) of this grammar and attempts to critically appreciate the grammarian's style of illustrating the rules.

■ ■ ■

I L - 67

Hemacandra : The Heir of Two Traditons of Grammar

Dr. Dinanath Sharma

As we know that there prevailed two traditions of Sanskrit grammar–the tradition of Maheśvara called *Māheśvara Paramparā* and that of Mahendra called *Māhendra Paramparā*. Pāṇini and Kātantra are the representatives of the two traditions respectively. Ācārya Devabodha the commentator of the *Mahābhārata* namely *Dīpikā* has emphasized the importance of *Māhendra* tradition in following words–

यान्युज्जहार माहेन्द्राद्व्यासो व्याकरणार्णवात्।
पदरत्नानि किं तानि सन्ति पाणिनिगोष्पदे।।

Looking to the nature of the Siddhahemaśabdaniśāsana by Hemacandra we come across that he had inherited both the traditions in his grammar in resonance with the requirement. He does not assign any credit to Lord Śiva for emergence of the alphabet as is done in *Māheśvara* tradition. But at the same time, he makes the rule- डित्यन्त्यस्वरादेः which resembles the rule of Pāṇini tradition– डित्त्वसामर्थ्यादभस्यापि टेर्लोपः। This is one example. The full version of the paper will contain so many instances.

■ ■ ■

I L - 68

Linguistic Aspect of Pāṇinian Theory of Elision *(Lopa)*

Prof. Gopabandhu Mishra

Patañjali in his *Mahābhāṣya* admits the *lopa* (elision) as an essential part for protection of the Vedas, i.e. the Vedic words (cf. *Lopāgamavarṇavikārajño hi samyag vedān paripālayiṣyatīti*). It has been admitted by the *Nirukta,* a pre-Pāṇinian Linguist. The elision of a letter or a syllable from a root, a suffix or a case-ending etc. is a natural flow of language. For example, it is 'do not' becomes 'don't', in Hindi कृप्या–कृपया, in Sanskrit हे देव (सु is elided), त्मना (in the Vedas)= आत्मना (in Sanskrit). Keeping the natural way of this use of elision in the languages Patañjali has propagated the above theory.

The paper is proposed to discuss on these aspects that are related with the grammatical principles and the linguistic implications as well.

* * *

IL - 69

Hermeneutics of the Suffix *Ktvā / lyap*

Bhav Sharma

The suffix *ktvā / lyap* is used frequently in Sanskrit literature especially in the *Vedas*. Its usage is governed by the respective *sūtra* of Pāṇini. However its usage and especially its understanding in the language is worth noticing.The paper aims at discussing various *adhikaraṇa* of *Pūrvamīmāṁsā* Where the interpretation and subsequent understanding of this suffix has been elaborated with respect to Vedic injunctions bringing out the deep thought structure of this science of interpretation.

* * *

IL - 70

Vibhāṣā : Historical Purview

Snehal Prakash Navaghane

To account for more than one word-form, Pāṇini uses different option- markers, such as *vā, vibhāṣā, anyatarasyām.* In post-Pāṇinian tradition these three option-markers were used . as synonymous terms. Non-Pāṇinian traditions like Cāndra, Kātantra use term *vā* only, to denote optional word-form. Modern linguist Paul Kiparský proposed a novel interpretation of these three terms : He says that, these three terms refer to different kinds of options. *Vā* stands for preferable option, while *vibhāṣā* stands for marginal or non-preferable word-form. Optional word-forms suggested by term *anyatarasyām* are used in either ways.

The paper attempts to bring out different interpretations and usages of term *vibhāṣā*. It traces out different nuances in it.

* * *

IL - 71

How Roman V Represents 5 : Etymological Analysis

M. P. Bhide

Roman 22nd letter V is derived from I7th Phoenician letter Wav via Greek. Why then V=5? In Mārāṭhī. Weet is a measure of distance between 'the thumb and the smallest finger of a hand when stretched apart'; implying correlation with 5 fingers / number 5. Also it rhymes with V. 'Counting started from fingers of hand' is well-known.

I found words for digit 5 resembling weet or V in many tribal languages ot Niger-congo, Uralic and few Indic areas. Surprised to observe spectacular similarities amongst them. Words are Wee, Wi, Vi, Vei, Wve, weet, Vit, aydo and many more.

Conclusions are as follows:

l) It implies that many words in Indic/IE languages are descendants from pre-Vedic.

2) Words Wee/Wi/Vi/Vei/Vwe : These words yield latter word 'Five and sign V.

Explanation : In many European language, [v] ~ [f] eg. Volkswagen ~ Folkswagon, Therefore, Vwe > Ffe > Fif. 'Fifteen' has a participle Fif'. Vwe > Fte >Fve> Five.

3) Words Weet/Vit : They are direct ancestor of Mārāṭhī word Weet.

4) Correlation between V and 5:

(Sanskrit) *Parṇa* > (lndic)Pan= Leaf. In earlier versions of Vedas, letter R was prevalent. Afterword R changed to L in some words. Similarly in many Prākrits, N changed to M. Hence, *Parṇa* > Paln > Palm.

In dictionary, Palm/Palme= name of tree whose leaves look like human hand/Palm with stretched fingers, hence the name of the tree. (OHG) Folma. (old E) Folm. In past, there was a custom in Europe that a winner used to wave palm leaf in air as a mark of winning/ success in battle/games. In absence of palm leaf, people would wave in air, their palms (hands with out-stretched five fiingers) i.e. weet or Vwe.

When two middle fingers of a hand are stretched, the shape it forms, looks like Latin V (spelt as Vi). Therefore, waving V by two fingers is equivalent to waving of Weet/Vwe (=5). Hence, V represents 5.

■ ■ ■

IL - 72

Kinship Terminology of Tibeto-Burman Languages of North-East India (With Special Reference to Garo, Boro, Rabha, Karbi and Mishing Languages)

Dr Pranita Devi

The Tibeto-Burman languages belong to the Sino-Tibetan language family. Most of the Tibeto-Burman language speakers are spread over the North-East India. Specially the Boro, Rabha, Karbi and Mishing language speakers are living in Assam and majority Garo language speakers are living in the state of Meghalaya.

Every language speaker has their own social system. Originally all belong to the Mongoloids group of people.. But their social system is different. The Garos belong to the matriarchal society and the others belong to the patriarchal society. Each have their own culture. Generally the effect of the society and culture on language is more apparent. The kinship terminology is a direct link of language culture. It is a linguistic phenomenon which is determined by the social use. In this paper an attempt has made to compare the similarities and dissimilarities among the Garo, Boro, Rabha, Karbi and Mishing kinship terminology. Generally in matriarchal Garo society decent is traced through the mother. Everybody is a member of varieties clan of the Garos and they are matrilineal and exogamous. But in the patriarchal society the father has main role to trace the decent in the society. They have no exogamous system. Family structure may be nuclear and extended for them. But their inheriting system is different. In the Garo family married daughters live permanently with their parents after marriage and inherit their property and households. The cross cosine marriage is obligatory for the heiress daughter of the Garo family which is not applicable in the other community. Because except the Garo community, the other community's married son lives permanently with their parents and inherits the parents' property and households. Therefore according to the different culture of the different communities the use of kinship terms are also colorful. This study will give a clear picture of the uses of kinship terminology of the Tibeto-Burman language speakers society of the North-East India.

■ ■ ■

IL - 73

A Note on The *Prādi,* i.e. Preposition *Su*

Kirti Sarmeer Kulkarni

In Classical Sanskrit, Prādis must be compounded with the verbal forms. But in Vedas, it is optional. *Prādis* can be added to the verbal forms, along with the finite verbal forms, or nouns, adjectives or they can remain as a separate entity. *Su* is one of the twenty-two *Prādis.*

In Vedas, we find the examples of the *Prādis* compounded with the finite verbal forms. But it is not the case with *Su.* It means, semantically *Su* is construed with the finite verbal forms but it is not compounded with them.

We find the occurrences of *Su* with the finite verbal forms in the classical Sanskrit literature but very rarely, eg. *Śivapurāṇa, Śukranīti, Bālacarita, Aśvacikitsā, Bhojanakutūhala, Rāghavīya, Matsyapurāṇa, Bhaviṣyamahāpurāṇa, Mānasāra,* etc. ... However, we do not find these entries of the roots along with *Su* in the dictionaries.

The present paper will intend to find out the answers for the occurrences of the *Prādi Su* in the Vedas - its compounds with the nouns, adjectives, finite verbal forms, accents, etc.

■ ■ ■

IL - 74

Some Unique Aspects of Narasiṁha Sūri's *Svaramañjarī*

T.M.Narendran

Pāṇini's *Aṣṭādhyāyī* contains about 4000 *sūtras* of which around 380 *sūtras* are devoted to explaining the svaras. Most of these *sūtras* are in the sixth *adhyāya* (6.1.158-223, 6.2), while the rest of the *sūtras* are scattered in other *adhyāyas* of *Aṣṭādhyāyī.* These *svarasūtras* are generally considered difficult to comprehend as they require a deep knowledge of the Vedic texts, especially the *Saṁhitās* and the *Brāhmaṇas,* which are usually recited with *svaras* and learnt orally from the *guru.* Even Paṇḍits trained in the traditional system found this to be difficult as can be seen by this *śloka* by Srinivasa Yagva in his introduction to *Svarasiddhāntacandrikā* :

''कष्टं व्याकरणं पतञ्जलिरपि प्राह स्म तत्राप्यसौ दुर्ज्ञाना मतिमद्भिरप्यतितरां कष्टा स्वरप्रक्रिया।''

दर्शन शास्त्रों में योग दर्शन ही एकमात्र क्रियात्मक दर्शन है। सृष्टि तत्वों का निरूपण तथा अनुशीलन जितना अन्य दर्शन शास्त्रों में हुआ है योगदर्शन में ऐसा नहीं हो पाया। योगदर्शन में मोक्ष-साधन के क्रियात्मक साधन पद्धति के प्रतिपादन में ही दर्शन का विचार समाप्त हुआ है। योग का मूल आधार वेद ही है। यद्यपि वेद में श्रृंखलाबद्ध रूप में योग का वर्णन नहीं मिलता फिर भी बीज रूप में यत्र-तत्र सर्वत्र दृष्टिगोचर होता है। प्रस्तुत शोध पत्र के अन्तर्गत इस विषय पर यह दर्शाने का प्रयास किया गया है कि योग अत्यन्त प्राचीन काल से ही विभिन्न एवं विशिष्ट अर्थों में संस्कृत वाङ्मय में सर्वप्रसिद्ध है तथा अपनी सर्वप्राचीनता को बनाए हुए वर्तमान समाज में भी अपनी प्रासंगिकता को धारण किए हुए है। पुनश्च प्रस्तुत शोध पत्र में योगदर्शन पर चिन्तन, भक्तियोग आदि पर क्रमशः वैदिक सन्दर्भ के साथ विचार करते हुए वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता एवं आवश्यकता को उद्धृत किया गया है।

■ ■ ■

P - 28

ब्रह्मकुमारी दर्शन में ईश्वर की अवधारणा

डॉ. सुरेश्वर मेहेर

परम सत्ता 'ईश्वर' के विषय को यद्यपि संसार के विभिन्न दार्शनिक तथा धार्मिक सम्प्रदायों ने अपने-अपने तत्त्वमीमांसीय क्षेत्र के अन्तर्गत विश्लेषित करने का प्रयत्न किया है, तथापि एक यथार्थ सारभूत तथ्य उद्घाटित करने की आवश्यकता अभी तक पड़ ही रही है जो कि तर्कयुक्त हो तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समर्थित व सम्पुष्ट हो। इस दिशा को चरितार्थ करने हेतु २०वीं शताब्दी में प्रादुर्भूत एक विश्वव्यापी अन्तर्राष्ट्रीय आध्यात्मिक एवं शैक्षणिक संस्थान के रूप में ख्यातिप्राप्त प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय भी अपनी दार्शनिक परिधि को प्रशस्त कर समयानुकूल एक अत्यन्त गतिमान अभिमत प्रस्तुत करता है। ब्रह्माकुमारी दर्शन के प्रवर्तक बी.के. जगदीश चन्द्र हसीजा ने स्वीय अद्वितीय लेखनी के माध्यम से उभय दार्शनिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण को संयोजित कर सम्पूर्ण जगत् की त्रिविध अविनाशी सत्ताओं प्रकृति, आत्मा तथा ईश्वररूपी विषयवस्तु का तर्कसम्मत रीति से विवेचन

प्रस्तुत करने का यथोचित प्रयास किया है। ब्रह्माकुमारी दर्शन के अनुसार परम सत्ता 'ईश्वर' आध्यात्मिक ऊर्जा का मूल स्रोत है एवं वह ज्योतिर्बिन्दुस्वरूप 'शिव' संज्ञा से नामित होता है। इस भौतिक सृष्टि से बहिर्भूत समयातीत तथा सीमातीत अखण्ड प्रकाशमय दिव्यक्षेत्र परमधाम अथवा ब्रह्मलोक उसका निवास स्थान है एवं उस प्रकाशमय धाम में ईश्वर स्वकीय मौलिक सप्त दिव्य गुण यथा-ज्ञान, पवित्रता, सुख, शान्ति, प्रेम, आनन्द व शक्ति से सर्वदा परिपूर्ण एक अपरिवर्तनीय सत्ता के रूप में अवस्थान करता है। ईश्वर निराकार ज्योतिर्बिन्दु सत्ता अशरीरी होने के कारण कभी भी किसी भौतिक तत्त्व के बन्धन में नहीं आता है। इस प्रकार आधुनिक विज्ञान से समन्वित और संपुष्ट ब्रह्माकुमारी दर्शन के ईश्वर सम्बन्धी विविध नवीनतम तथ्यों को प्रस्तुत शोध पत्र में उपस्थापित किया जाएगा।

■ ■ ■

P - 29

उपमान प्रमाण का लक्षण एवं आवश्यकता

डॉ. अनीता श्रीवास्तव

भारतीय दर्शन में प्रमाणों का महत्वपूर्ण स्थान होता है, क्योंकि प्रेमेयों की सिद्धि प्रमाणों द्वारा ही संभव है। ८ प्रमाणों में उपमान प्रमाण भी अन्यतम है। न्याय दर्शन में प्रसिद्ध साधर्म्य से साध्यसाधन को उपमान कहा गया है।

न्यायसिद्धान्तमुक्तावलीकार के अनुसार -"गो सदृशो गवय:" किसी नागरिक पुरुष ने गवय अर्थात् नीलगाय को कभी नहीं देखा था। उसे किसी आरण्यकपुरुष ने बताया कि "यथागौस्तथा गवय:" जैसे गाय होती है वैसा ही गवय। यहाँ गौ के धर्म को गवय में अतिदेश करने वाला-'यथा गौस्तथा गवय:' यह वाक्य अतिदेश कहलाता है। इसको सुनने के पश्चात् कभी वह नागरिक अरण्य में जाकर गोसदृश प्राणी को देखता है और उसके साथ ही यथा गौस्तथा गवय: इस अतिदेश वाक्य का उसे स्मरण हो जाता है। इस प्रकार अतिदेशवाक्यस्मरण सहकृतगोसादृश्य पिण्ड का ज्ञान उसे हो जाता है। यही उपमान प्रमाण है। गोसादृश्य विशिष्ट पिण्ड संज्ञी है और गवय पद संज्ञा है।

उपमान के अन्तर्भाव के सन्दर्भ में अनेक विप्रतिपत्तियाँ हैं। कतिपय आचार्य इसे अनुमान के अन्तर्गत स्वीकार करते हैं, कतिपय प्रत्यक्ष के अन्तर्गत और कतिपय आगम प्रमाण के अन्तर्गत।

■ ■ ■

P - 30

योगदर्शन में मन की भूमिका

डॉ. उमा मौर्य

महर्षि पतंजलि के अनुसार 'योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः' अर्थात् योग के द्वारा चित्तवृत्तियों का निरोध होता है। योग की समस्त क्रियाएं हमारे मन के शासन-अनुशासन के द्वारा क्रियान्वित होती हैं। मन ही वह केंद्रबिन्दु है, जिसको ध्यान में रखकर समस्त यौगिक क्रियाओं को सम्पन्न किया जाता है तथा मन पर नियन्त्रण के द्वारा हमारा जीवन अनुशासित होकर उच्च लक्ष्यों को प्राप्त करता है।

अन्तःकरण की संकल्पविकल्पात्मिका (संशयात्मिका) वृत्ति को मन कहते हैं। यह उभयात्मक होता है। अर्थात् मन का पंच ज्ञानेन्द्रियों और पंच कर्मेन्द्रियों दोनों के साथ सम्बन्ध होता है। कोई भी इन्द्रिय मन के सहयोग से ही अपने विषय में प्रवृत्त होती है। 'योगशास्त्र' के अनुसार मन के कारण ही सम्पूर्ण घटनाएँ घटित होती हैं। मन के भावों के कारण व्यक्ति सुखी-दुःखी, ईर्ष्या-द्वेष युक्त तथा प्रसन्न होता है, इसलिए महर्षि पतंजलि ने कहा है सुखी व्यक्ति के प्रति मैत्री, दुःखी के प्रति करुणा, पुण्यात्मा के प्रति मुदिता तथा पापात्मा के प्रति उपेक्षा की भावना करने से चित्त प्रसन्न होता है। मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र में योगदर्शन में मन की क्या भूमिका है, इसी विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला जाएगा।

■ ■ ■

P - 31

योगदर्शन के विभूतिपाद की समीक्षा : सिद्धान्त और प्रयोग

डॉ. सुनीता सैनी

पातंजल योग दर्शन में 'योग' शब्द 'युज् समाधौ' अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। भाष्यकार व्यास के मत में योग व समाधि पर्यायवाची हैं। चित्त की पांच भूमियों में से केवल एकाग्र व निरुद्ध भूमि पर ही चित्त एकाग्र होता है। एकाग्रचित्त भूमि का ध्यान सम्प्रज्ञात समाधि कहलाता है तथा जब चित्त की समस्त वृत्तियाँ-प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा व स्मृति से चित्त पूर्ण रूप से निरुद्ध हो जाता है तब असम्प्रज्ञात समाधि सिद्ध होती है। यही समाधि मोक्ष है। इस कैवल्यावस्था से पूर्व योगी जब यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि (सम्प्रज्ञात) का अभ्यास करता है तब उस समय से ही उसे विविध सिद्धियाँ प्राप्त होने लगती हैं। अष्टांगयोग पालन से प्राप्त होने वाली इन सिद्धियों का वर्णन

पांतजल योग दर्शन के विभूतिपाद में किया गया है। योगसाधक को ऐसी अलौकिक शक्तियाँ प्राप्त हो जाती हैं जो साधारणजनों के लिए अलभ्य हैं।

स्वामी विवेकानन्द इन शक्तियों को अलौकिक मानने से इनकार करते हैं। उनके अनुसार ये बातें यद्यपि असाधारण हैं, तथापि हैं प्राकृतिक ही, अलौकिक नहीं हैं। अलौकिक नाम की कोई वस्तु नहीं है। ये बातें ठीक वैसी ही नियमबद्ध हैं जैसी भौतिक जगत् की अन्यान्य बातें। यह निसर्ग की कोई सनक नहीं कि एक मनुष्य इन सामर्थ्यों को साथ लेकर जन्म लेता है। इन शक्तियों के सन्दर्भ में नियमित रूप से अध्ययन किया जा सकता है। इनका अभ्यास किया जा सकता है और ये शक्तियाँ अपने में उत्पन्न की जा सकती हैं। विभूतिपाद का लक्ष्य ऐसे अतीन्द्रिय ज्ञान व अलौकिक शक्तियों का निरूपण करना है जो योग मार्ग के साधक को विविध क्षेत्रों में संयम करने से प्राप्त हो जाती है।

■ ■ ■

P - 32

न्यायवैशेषिक परम्परा और देहात्मवाद

कुन्ती देवी

अपने मूलगामी स्वरूप में न्यायवैशेषिक परम्परा आत्मवादी, नित्यतावादी व शाश्वतवादी रही है। इसको देहात्मवादी मार्ग पर ले जाने की न तो कोई कोशिश बीसवीं शताब्दी के पूर्व किसी न्याय-वैशेषिक परम्परा के आचार्य ने की और न ही न्याय-वैशेषिक परम्परा को आत्मवादी, नित्यवादी व शाश्वतवादी परम्परा से अलग किया जा सकता है। विगत कुछ वर्षों के दौरान कुछेक आचार्यों ने, प्रमुखतया आचार्य बदरीनाथ शुक्ल एवं प्रो. विश्वम्भर पाहि ने, न्यायवैशेषिक परम्परा में देहात्मवाद के लिए स्थान बनाने का अच्छा प्रयास किया। दोनों ही कुछ मौलिक प्रतिष्ठापनाएं लेकर आए हैं तथा दोनों ही न्यायवैशेषिक परम्परा में देहात्मवाद को स्थान देने के लिए कटिबद्ध हैं। दोनों ही न्यायवैशेषिक परम्परा के मान्य सिद्धान्तों के साथ संगति बनाते हुए देहात्मवाद के लिए स्थान बनाते हैं। बदरीनाथ शुक्ल अपने देहात्मवादविषयक विवेचन में कृतप्रणाश, अकृताभ्यागम आदि की भी व्याख्या करते हुए इनके साथ भी देहात्मवाद को संगत रखते हुए, साथ ही साथ पुनर्जन्म, मोक्ष आदि की व्यवस्था को भी संगत रखते हुए देहात्मवाद का उपपादन करते हैं। इसके विपरीत प्रो. पाहि के अनुसार न्यायवैशेषिक परम्परा के प्रसंग में विचार करने पर न तो कृतप्रणाश को और न ही अकृताभ्यागम को नियम के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त प्रो. पाहि के अनुसार न्यायवैशेषिक परम्परा में न तो पुनर्जन्म की कोई जगह शेष है और न ही मोक्ष के लिए कोई स्थान बचता है। इस कारण प्रो. पाहि का देहात्मवाद कुछ ज्यादा ही चार्वाकसम्प्रदायीय लगता है। इसके विपरीत बदरीनाथ शुक्ल का देहात्मवाद अपने स्वरूप में मूलगामी रूप में न तो उतना विध्वंसक है और न ही उस प्रकार से परम्परागत रूप से

स्वीकृत सिद्धान्तों का ही प्रबल विरोध करता है। प्रस्तुत आलेख में मैं यह कोशिश कर रहा हूँ कि क्या शुक्ल व पाहि द्वारा प्रस्तुत देहात्मवाद तर्क की कसौटी पर खरा उतरता है? अगर इनमें से कोई भी मत तर्कसंगत है, तो उसको न्यायवैशेषिक परम्परा की स्वाभाविक विकासगति के रूप में स्वीकार कर लेना चाहिए, क्योंकि न्यायवैशेषिक परम्परा सबसे ज्यादा भरोसा अगर किसी पर करती है तो वह तर्क पर ही।

■ ■ ■

P - 33

पुरुष ही सदाशिव है

श्रीमती मनोरमा देवी

पुरुष का अर्थ होता है शरीर में निवास करने वाला। पुरुष ही परमपुरुष के रूप में परमेश्वर का वाचक होता है। भारतीय दर्शनों में सांख्य दर्शन पच्चीस तत्त्वों को मानता है। वहाँ कहा गया है कि पच्चीस तत्त्वों को जानने वाला किसी भी आश्रम में निवास करे वह मुक्त हो जाता है।

सदाशिव मुक्ति प्रदाता हैं। इनकी उपासना विविध रूपों में की जाती है। देवता एवं दानव दोनों इनकी उपासना करते हैं। पच्चीसवें तत्त्व को पुरुष माना गया है, जो सृष्टिकर्ता है। सृष्टि का कार्य पाँच महाभूतों आकाश, वायु, अग्नि, जल एवं पृथ्वी के द्वारा ही होता है। छान्दोग्योपनिषद् भी इसी का समर्थन करता है। पाँच ज्ञानेन्द्रिय एवं पांच कर्मेन्द्रिय इनसे ही सम्बद्ध हैं। इन इन्द्रियों के पाँच विषय भी इनसे ही सम्बद्ध हो जाते हैं। मन, बुद्धि, अहंकार, प्रकृति तथा पुरुष सबों का सम्मिलित अभिधान ही सदाशिव हैं। पुरुष ही सृष्टि का नियामक एवं संहारक है जो गुण सदाशिव में व्याप्त है।

■ ■ ■

P - 34

सांख्यदर्शन में सदसत्ख्याति

आशीष कुमार

भारतीय दार्शनिक सम्प्रदायों में अज्ञान अथवा अविद्या को भी उतना ही महत्त्व प्रदान किया गया है जितना ज्ञान को। अज्ञान के बिना ज्ञान की अभिव्यक्ति सर्वथा असम्भव है। दर्शन की आस्तिक तथा नास्तिक दोनों ही धाराओं में अज्ञान के स्वरूप पर व्यापक विमर्श किया गया है और सर्वत्र इसके स्वरूप में भी वैभिन्य दृष्टिगोचर होता है। इस सन्दर्भ में विविध दार्शनिक प्रस्थानों में भिन्न-भिन्न सिद्धान्त

प्रचलित हैं। विभिन्न दार्शनिक आचार्यों ने अपने-अपने मत के समर्थन एवं प्रतिपक्ष के खण्डन हेतु प्रबल तर्कों तथा युक्तियों का प्रयोग किया है। इन सिद्धान्तों में सत्ख्यातिवाद, अख्यातिवाद, अन्यथाख्यातिवाद, आत्मख्यातिवाद, असत्ख्यातिवाद, अनिर्वचनीयख्यातिवाद तथा सदसत्ख्यातिवाद प्रमुख रूप से प्रसिद्ध हुए। प्रस्तुत शोध आलेख में ख्यातिवाद के विविध सिद्धान्तों के सन्दर्भ में सांख्य-प्रतिपादित सदसत्ख्यातिवाद का मूल्यांकन करते हुए इसके महत्व का प्रतिपादन किया जाएगा।

■ ■ ■

P - 35

योग तथा अद्वैत वेदान्त में प्रयोजनमूलकवृत्ति का तुलनात्मक परिशीलन

उर्वशी श्रीवास्तव

समस्त दार्शनिक प्रस्थानों का मुख्य प्रयोजन है मोक्ष या कैवल्य की प्राप्ति। योग तथा अद्वैत वेदान्त दर्शन का भी यही मुख्य प्रयोजन है, किन्तु मुख्य प्रयोजन तक पहुँचने के इनके मार्ग कहीं समान रूप से तो कहीं भिन्न रूप से वर्णित हैं। इन सम्प्रदायों ने अपने प्रयोजन की प्राप्ति हेतु वृत्ति को अत्यावश्यक कहा है। ये वृत्ति को ज्ञान अर्थ में स्वीकार करते हैं तथा वृत्ति का विषयाकार अथवा ज्ञानाकार परिणाम ही इन्हें अभीष्ट है। वृत्ति द्वारा प्राप्त विषयाकार परिणाम से प्रकृति या माया सृष्टिकार्य में संलग्न होती है एवं वृत्तिनाश से कैवल्य या मोक्ष को प्राप्त करती है। मुक्ति की इस स्थिति में, योगदर्शन में चित्शक्ति या आत्मतत्त्व अपने स्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है एवं अद्वैतवेदान्त में आत्मतत्त्व परमतत्त्व ब्रह्म में विलीन हो जाता है। इन दोनों दर्शनों के इस प्रयोजन को उद्देश्य करने वाली वृत्ति प्रयोजनमूलकवृत्ति कही जाती है। योग तथा अद्वैत वेदान्त के इसी प्रयोजनमूलक वृत्ति का तुलनात्मक परिशीलन मेरे शोध पत्र का विषय है।

■ ■ ■

P - 36

मुण्डकोपनिषद् में सृष्टि उत्पत्ति

सपना यादव

अथर्ववेद की शौनक शाखा के मुण्डकोपनिषद् में बड़े ही सुन्दर ढंग से काव्यमयी भाषा में सृष्टि उत्पत्ति का वर्णन किया गया है। अतः इसी सन्दर्भ में मुण्डकोपनिषद् में सृष्टि उत्पत्ति विवेचन ही विशिष्ट

रूप से प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य है। १. मुण्डकोपनिषद् में स्पष्टतया बतलाया गया है कि परब्रह्म इस जड़ चेतनात्मक सम्पूर्ण जगत् का अभिन्न निमित्तोपादान कारण है अर्थात् उस अक्षर ब्रह्म से ही इस संसार में सब कुछ उत्पन्न हुआ है। २. इस परब्रह्म पुरुष से समस्त तत्त्वों को धारण करने वाली पृथ्वी उत्पन्न होती है। ३. उस परम पुरुष से पंचाग्नि, वेद यजमान, सूर्य, चन्द्र, मनुष्य तथा अन्नादि की उत्पत्ति सात प्राण, दीप्ति, समिधाएं होम, लोक, समुद्र, पर्वत, नदियाँ तथा औषधियाँ रसादि सभी उस अक्षर ब्रह्म से ही उत्पन्न होते हैं। अतः इन समस्त विषयों का विस्तारपूर्वक वर्णन प्रस्तुत शोध पत्र में किया गया है।

■ ■ ■

P - 37

भारतीय धर्म दर्शन में अवतारवाद की संकल्पना

श्रीमती मालिनी शुक्ला

पौराणिक मान्यतानुसार धर्म की स्थापना के लिए भगवान् विष्णु ने दश अवतार लिए, जिसके दृष्टान्त वराह पुराण, मत्स्यपुराण, श्रीमद्भागवत पुराण एवं महाभारत में भी पर्याप्त रूप से मिलते हैं।

प्रश्न यह है कि भारतीय समाज इन अवतारों पर तो विश्वास करता है किन्तु पाश्चात्य विद्वानों के साथ-साथ मार्क्सवादी दार्शनिक विचार धारा वाले मनुष्य नहीं! ऐसा क्यों है? क्या अवतारवाद की संकल्पना निराधार है? शायद नहीं, क्योंकि प्रायः हर मानव का अपना स्वतंत्र चिन्तन एवं दर्शन होता है। अद्वैत वेदान्त भी तो अवतारवाद को नकारता है, यही स्थिति मीमांसा एवं न्यायवैशेषिक दर्शन की भी है, परन्तु फिर भी ये दर्शन आस्तिक दर्शन की कोटि में आते हैं। वास्तव में अवतारवाद की संकल्पना के पीछे धर्म की स्थापना या पाप-पुण्य की विजय दिखलाना ही है, जिससे मानव उदास न हो। शायद यही कारण है कि पौराणिक साहित्य के बाद अर्वाचीन उपनिषदों में भी अवतारवाद की संकल्पना देखने को मिलती है। अवतारवाद की यही संकल्पना शैव एवं शाक्त सम्प्रदायों के साथ-साथ जैन धर्म के तीर्थंकरों के सन्दर्भ में, एवं बौद्ध धर्म के बोधिसत्त्वों के प्रसंग में भी देखी जा सकती है, जिनकी संख्या चौबीस तक सीमित है, किन्तु आज अवतारवाद की संकल्पना, १०, २० या २४ तक सीमित न होकर असंख्य हो गयी है, जिसमें हम अपनी आवश्यकतानुसार वृक्ष, नदी, पर्वत, सर्प, हाथी, गाय आदि सभी को शामिल कर लेते हैं। ''यादृशी दृष्टिः, तादृशी सृष्टिः'' अवतारवाद के सन्दर्भ में सटीक लगती है।

■ ■ ■

P - 38

जैन दर्शन में ज्ञान का स्वरूप

धर्म कौर

ज्ञान आत्मा का स्वभाव है और ज्ञान के मुख्य रूप से दो भेद किये जाते हैं-सम्यग्ज्ञान और मिथ्याज्ञान। आचार्य उमास्वामी ने तत्त्वार्थसूत्र में सम्यग्ज्ञान के पाँच भेदों की चर्चा की है- ''मतिश्रुतावधिमनः- पर्यायकेवलानि ज्ञानम्'' अर्थात् मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यायज्ञान और केवलज्ञान। द्रव्यसंग्रह-कार सिद्धान्तचक्रवर्ती नेमीचंद्राचार्य ज्ञान के आठ भेदों को निर्दिष्ट करते हैं।

कुमति, कुश्रुत, कुअवधि, मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्याय और केवलज्ञान। इस प्रकार आठ प्रकार का ज्ञान है। इन भेदों में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप दो भेद हैं। सम्यग्ज्ञान के पाँच भेदों में ''आद्ये परोक्षम्'' अर्थात् आदि के दो मतिज्ञान और श्रुतज्ञान परोक्षज्ञान हैं तथा ''प्रत्यक्षमन्यत्'' अर्थात् शेष तीन अवधिज्ञान, मनःपर्यायज्ञान और केवलज्ञान प्रत्यक्ष ज्ञान हैं। ज्ञान जीव का विशेषण नहीं अपितु स्वरूप है। अतः जीव में यह सामर्थ्य है कि वह संसार के सम्पूर्ण ज्ञेय पदार्थों को साक्षात् और यथार्थ रूप से जान सकता है। किन्तु कर्मों के आवरण के कारण उसे आंशिक ज्ञान ही होता है। कर्मरूपी मेघ आत्मारूपी सूर्य को आवृत्त कर देते हैं, पर उनमें वह ताकत नहीं है कि वे जीव के ज्ञान रूप स्वभाव को पूर्णतः नष्ट कर सकें।

■ ■ ■

P - 39

गुरु नानक वाणी में ब्रह्म का स्वरूप

डॉ. दाविन्दर कौर व्रैच

प्राचीनकाल से मानवीय चिंतन एवं विचारधारा का यदि कोई सर्वाधिक विषय रहा है तो वह सृष्टि का निर्माता कौन है? उस तत्त्व को कोई प्रजापति, विश्वकर्मा, गाड, खुदा तथा परमात्मा कोई ब्रह्मा, विष्णु, महेश और ईश्वर, भगवान्, राम, कृष्ण एवं अकालपुरुष आदि नामों से पुकारता है। उसका नाम तथा उसके विषय में लोगों की विचारधारा परिवर्तित होती रही। १५वीं शताब्दी में गुरु नानक जी ने उस ब्रह्म का विवेचन किया। ब्रह्मा के विषय में सबसे पहले विश्व साहित्य के प्राचीनतम धार्मिक ग्रन्थ ऋग्वेद में प्राप्त होता है। यद्यपि ऋग्वेद में अधिकतर मंत्र विभिन्न देवताओं के बारे में हैं। परन्तु उसमें एक ऐसी शक्ति की कल्पना की गई है जो उन सभी शक्तियों के पीछे काम करती है। ऋग्वेद की तरह यजुर्वेद में

भी ब्रह्मा के स्वरूप का वर्णन हुआ। यद्यपि इस वेद में अधिकतर मंत्र यज्ञपरक हैं। अथर्ववेद में बताया गया है कि ब्रह्म एक ऐसी सत्ता है जो सभी देवों तथा सम्पूर्ण जगत् को एक सूत्र में बाँधे हुए है। उपनिषद् ग्रन्थों का सम्पूर्ण प्रयत्न ही ब्रह्मा के स्वरूप का वर्णन करना है। गुरु नानक देव जी ने ब्रह्मा के स्वरूप का वर्णन 'मूलमंत्र' में दिया है। आदि ग्रन्थ में इस मूलमंत्र का ही विस्तार है। यह 'एक' अंक एक ब्रह्मा का वाचक है तथा इसी एक के भाव से ही समस्त गुरु नानक वाणी अनुभावित है। गुरु नानक देव के अनुसार वह एक केवल एक है तथा युगांतरों से एक ही वेश वाला है जो उस एक को पहचान लेता है वह उसके दरबार में सम्मानित होता है।

■ ■ ■

P - 40

कठोपनिषद् में आत्मतत्त्व विवेचन

अर्पिता त्रिपाठी

समस्त उपनिषदों का आधार आत्मतत्त्व विवेचन है। कठोपनिषद् में आत्मतत्त्व का विशद वर्णन प्राप्त होता है। उपनिषद् में बताया गया है कि यह सम्पूर्ण जगत् गहन वन के सदृश है, परन्तु यह परब्रह्म परमेश्वर से परिपूर्ण है। वह सर्वव्यापी और सबके हृदय रूपी गुफा में स्थित है।

इस आत्मतत्त्व का वर्णन कठोपनिषद् में इस प्रकार भी वर्णित है–यह शरीर रथ है, बुद्धि सारथी है, मन लगाम है, इन्द्रियाँ घोड़े हैं, जो विषय रूपी मार्ग पर चलते हैं। किन्तु आत्मा रथ का स्वामी है। आत्मा को रथी रूप में निरूपित कर यम ने आत्मा की सर्वश्रेष्ठता प्रतिपादित की है। इसी आत्मतत्त्व को परमात्मा या ब्रह्म की संज्ञा दी गयी है। आत्मा सर्वव्यापी, सर्वसाक्षी और सर्वज्ञ है। प्रस्तुत शोध पत्र में आत्मतत्त्व का चिन्तन प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

P - 41

वैश्विक समस्याओं का औपनिषदिक चिन्तन द्वारा निदान

अंजलि उपाध्याय

वर्तमान समय में समस्याओं का पूरे विश्व में अम्बार लगा है। मानसिक, शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक, पारिवारिक, धार्मिक, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, बलात्कार, चोरी, घोटाला, हत्या, आत्महत्या, दम्भादि प्रमुख समस्याएँ दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। आज का मानव सुबह से शाम तक चारों तरफ समस्याओं से घिरा है। वर्तमान समस्याओं के समाधान में दृष्टिपात करने से समाधान हमें वैदिक

साहित्य, संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक एवं उपनिषदों में प्राप्त होते हैं, जिनसे समस्त जगत् लाभान्वित हो सकता है। वेदों का सार, ज्ञान की पराकाष्ठा, आध्यात्मिक विद्या की निधि, उपनिषदों में वर्णित चिन्तन एवं विचारों को यदि मानव आत्मसात् करके उसका अपने दैनिक जीवन में मनसा, वाचा, कर्मणा उपयोग करे तो प्रतिफलित अधिकांश समस्याओं का स्थायी निदान सम्भव है। अतः निष्कर्षतः वैश्विक समस्याओं का औपनिषदिक चिन्तन द्वारा प्रतिफलित समाधान सम्भव है। इसके प्रति सजग होने एवं आचरण में प्रयोग करने की आवश्यकता है।

■ ■ ■

P - 42

अद्वैतवेदान्त में विधि प्रमाण

भाग्यश्री वि. पाठक

वेदान्त की प्रमुख परम्पराओं द्वैत, विशिष्टाद्वैत, अद्वैत तथा द्वैताद्वैत में शंकराचार्य का अद्वैत वेदान्त दर्शन अग्रगण्य है। अद्वैतदर्शन में जीव, जगत् तथा परब्रह्म में किसी प्रकार का भेद स्वीकार नहीं किया जाता है।

वेदान्त के विचार पूर्णरूपेण उपनिषदों पर आधारित हैं। वेदान्त वाक्यों में उपनिषद् प्रमाण है, ऐसा वर्णित भी है–''वेदान्तोनामोपनिषत्प्रमाणम्।'' उपनिषद् वाक्य–''आत्मावाऽरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निधिध्यासितव्यो'' अद्वैतवेदान्त के स्वरूप को परिलक्षित करता है। प्रस्तुत वाक्य में '' श्रोतव्यो'' पद के विवेचन में दो मत प्राप्त होते हैं। प्रथम मत आचार्य वाचस्पति मिश्र का है, जिनके अनुसार 'श्रोतव्यो' का अर्थ मात्र अनुवादात्मक रूप में ग्रहण किया गया है। दूसरा मत विवरणप्रस्थानकार का है, इन्होंने 'श्रोतव्यो' पद में विधि को स्वीकार किया है। प्रस्तुत शोध पत्र में 'श्रोतव्यो' पद में प्राप्त विधि पर विचार किया जाएगा।

■ ■ ■

P - 43

विषय–श्रमण परम्परा में व्याप्ति दर्शन–एक विमर्श

डॉ. दीपा गुप्ता

व्याप्ति शब्द 'वि' और 'आप्ति' के योग से बना है, जिसका अर्थ होता है विशेष प्रकार से सम्बन्ध। दो वस्तुओं का सर्वदा नियत रूप से एक साथ रहना ही विशेष सम्बन्ध है। व्याप्ति सम्बन्ध अविच्छेद एवं

अनिवार्य होता है। सामान्यतया व्यापकता को व्याप्ति कहते हैं जो दो वस्तुओं के बीच अनिवार्य पारस्परिक सम्बन्ध का बोध कराता है। बौद्ध व्याप्ति के लिए अबिनाभाव शब्द का प्रयोग करते हैं। अबिनाभाव के साथ-साथ स्वभाव प्रतिबन्ध तथा अव्यभिचार नियम शब्दों का प्रयोग भी व्याप्ति के लिए हुआ है। जैन दर्शन में व्याप्ति सम्बन्ध को अबिनाभाव के रूप में परिभाषित किया गया है। दो वस्तुओं में सर्वदा नियत रूप से सहचार सम्बन्ध स्वीकार किए बिना एक के ज्ञान से दूसरे का ज्ञान नहीं हो सकता। व्याप्ति का जो स्वरूप प्राचीन न्याय-वैशेषिक एवं बौद्धाचार्य निरूपित करते हैं वही स्वरूप जैन दर्शन में भी प्रतिपादित है। इन तथ्यों का समालोचनात्मक उल्लेख शोध पत्र के अन्तर्गत किया जाएगा।

■ ■ ■

P - 44

सीतोपनिषद् में वर्णित सीतातत्त्व

(आचार्य शङ्कर के परिप्रेक्ष्य में)

डॉ. गीता कुमारी

उप एवं नि उपसर्गपूर्वक विशरण, गति एवं अवसादन रूप अर्थ में 'षद्' धातु से 'क्विप्' प्रत्यय के योग से 'उपनिषद्' शब्द व्युत्पन्न होता है। सीता से सम्बन्धित यह उपनिषद् अर्थवेदीया श्रुति है। इसमें श्रीराम की स्वरूपाशक्तिभूता भगवती सीता के स्वरूप पर युक्तियुक्त प्रकाश डाला गया है। लगभग छत्तीस मन्त्रों में सीता का सर्वशक्तिमूलत्व एवं परमोपास्यत्व का संक्षिप्त एवं सारगर्भित प्रतिपादन करने वाली यह श्रुति सीता को इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया शक्ति के रूप में वर्णित करती हुई ब्रह्मसत्तासामान्य के रूप में विशेषित करती है।

भगवती सीता इसी शक्तित्रितय का घनीभूत स्वरूप है। यह आदिशक्तिरूपा होने के कारण मूलप्रकृतिरूपा भी है। यह श्रीराम की साक्षात्शक्ति, योगशक्ति, वीरशक्ति, भोगशक्ति, श्रीशक्ति के रूप में विभिन्न ग्रन्थों में व्यपदिष्ट है। निखिलशास्त्रमयी, वेदमयी, नादमयी, ज्ञानमयी होकर यह श्रीदेवी, भूदेवी, नीला देवी एवं लीला देवी आदि रूपों में सर्वव्यापिका भी है। इस प्रकार इस उपनिषद् में इनकी निरतिशयरूपता का वर्णन उपलब्ध होता है। मूल शोध पत्र में इसका पल्लवन किया जायेगा।

■ ■ ■

P - 45

वर्तमान युग में व्यावहारिक नीति और वेदान्त दर्शन की उपयोगिता

डॉ. सुधा पाण्डेय

मनुष्य वर्तमान युग में जहाँ एक ओर नये तकनीकी प्रयोगों के द्वारा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पर आधिपत्य प्राप्त करने का सफल प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कहीं न कहीं उसका नैतिक और व्यावहारिक पतन भी हो रहा है। हमारा समाज आतंकवाद, भ्रष्टाचार और अनाचार के जाल में फँसता जा रहा है।

वर्तमान युग में वेदान्त दर्शन के उपदेशों को ग्रहण करने की महती आवश्यकता है। मनुष्य के कर्तव्य और नैतिक व्यवहार का निर्धारण वेदान्त दर्शन में कहा गया है। श्रीमद्भगवद्गीता भी निष्काम कर्म करने का उपदेश देती है। सत्य का उपदेश देने वाला भारत राष्ट्र द्वारा अपनाया गया महावाक्य 'सत्यमेव जयते' का उल्लेख मुण्डकोपनिषद् में प्राप्त होता है।

आज यदि हम इस महावाक्य का अनुपालन करें तो हमारे देश से भ्रष्टाचार और अनाचार समाप्त हो जायेगा। वेदान्त दर्शन में उल्लिखित महावाक्यों के अनुपालन से हम अपने देश के विकास में सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

■ ■ ■

P - 46

गीता में आचारमीमांसा

डॉ. राम संयोग राय

गीता भारतीय वाङ्मय का पवित्र एवं गौरव ग्रन्थ है, जिसमें ज्ञान, कर्म एवं भक्ति की मन्दाकिनी प्रवाहित है। महाभारत के युद्ध के मुहाने पर दोलायितचित्त अर्जुन की जिज्ञासाओं के समाधान के दौरान श्रीकृष्ण ने विभिन्न दृष्टान्तों के द्वारा मानव जीवन के उदात्त तत्त्व 'आचार' की महत्ता प्रतिपादित की है। आचार ही सदाचार है, जिसमें सत्यभाषण, इन्द्रियनिग्रह, धर्म, कर्तव्यनिष्ठा, सेवा, त्याग, परोपकार, दया, चरित्र आदि समाहित है। वस्तुतः आचार से ही मानवता आती है, जिससे वह पशुओं से पृथक् माना जाता है। गीता में वर्णित दैवी सम्पदा, सात्त्विक श्रद्धा,यज्ञ, तप, दान, त्याग, कर्म, कर्ता, बुद्धि, धृति, सुख

तथा वर्ण धर्म आचार के ही द्योतक हैं। इस प्रकार सकल शास्त्र की स्वामिनी गीता हमें निज धर्म पर चलना तथा सदा शुभ आचरण करना सिखाती है।

■ ■ ■

P - 47

श्रीमद्भगवद्गीता-विज्ञानभाष्य का वैशिष्ट्य

डॉ. दीपमाला

गीता में प्रतिपादित विषय के रहस्य को जाने बिना गीता का अर्थ-बोध कठिन ही नहीं अपितु असम्भव है। पं. मधुसूदन ओझा ने भगवद्गीता पर गीताविज्ञानभाष्य नामक स्वतन्त्र भाष्य लिखा है। रहस्य-शीर्षक-आचार्य-हृदय भेद से काण्डचतुष्ट्यात्मक इस भाष्य ने गीता के सम्बन्ध में एक अपूर्वयुग ही स्थापित कर दिया है। पं. ओझा के अनुसार गीता-शास्त्र भारतीय ज्ञान-विज्ञान का अमूल्य भण्डार है, जो वेदशास्त्र के ज्ञान-विज्ञानात्मक रहस्यों का सूची ग्रन्थ है। एक मात्र गीता के आद्योपान्त अवलोकन से भारतीय शास्त्रों का समन्वय हो सकता है, गीता विज्ञान भाष्य में ऐसे अनेक तथ्यों को प्रकाशित किया गया है जो इस शोध पत्र में विवेच्य हैं।

■ ■ ■

P - 48

क्षेमेन्द्रकृत गीता की समीक्षा

डॉ. मधुबाला सिन्हा

कश्मीर के महाकवि क्षेमेन्द्र ने ग्यारहवीं शताब्दी में प्रायः चालीस 'संस्कृत कृतियों के द्वारा साहित्य-समृद्धि में अद्भुत योगदान किया। 'भारतमंजरी' इनकी दीर्घकाय रचना है, जिसमें हरिवंश सहित महाभारत के प्रतिपाद्य विषयों का कवित्त्वमय निरूपण है। क्षेमेन्द्र ने महाभारत के ७०० श्लोकों की गीता के प्रतिपाद्य को केवल १५२ अनुष्टुप् पद्यों में समाविष्ट किया है। महाकवि ने भगवद्गीता के प्रतिपाद्य को नया परिधान और नयी भाषा दी है। यहाँ क्षेमेन्द्रकृत गीता की समीक्षा करते हुए मूलग्रन्थ से क्षेमेन्द्र के

कवित्वमय अन्तराल के निरूपण का अवलोकन किया जा सकता है। इससे क्षेमेन्द्र की गीता विषयक दृष्टि स्पष्ट होती है। इस महाकवि ने भगवद्गीता को किस रूप में देखा और इसके महत्त्वपूर्ण विषयों को किस रूप में प्रस्तुत किया यह सम्यक् स्पष्ट होता है। प्रस्तुत शोध पत्र में क्षेमेन्द्रकृत गीता की समीक्षा का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

P - 49

श्रीमद्भगवद्गीता - रामानुजाचार्य की दृष्टि में

डॉ. विघ्नेश चन्द्र झा

सर्वशास्त्रमयी भगवद्गीता भारतीय वाङ्मय की अमर निंधि तथा महायोगेश्वर श्रीकृष्ण के मुख से निर्गत दिव्यवाणी है। सम्प्रदाय-निरपेक्ष समन्वयवादी यह ग्रन्थ-रत्न ब्रह्मविद्या एवं योगशास्त्र के गहनतम तथ्यों की युक्तियुक्त एंव वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत करता है। महनीय आचार्यों ने अपने मतों एवं सिद्धान्तों के प्रमाणीकरण के लिए इस पर वैदुष्यपूर्ण भाष्यों का प्रणयन किया है, जिसमें स्वामी रामानुजाचार्य का भी स्थान अन्यतम है। उनके अनुसार ईश्वर निर्विशेष, सजातीय-विजातीय-स्वगत भेद शून्य नहीं होकर मात्र सजातीय-विजातीय भेद शून्य है। स्वगत भेद के रूप में चित् एवं उचित् का भेद ब्रह्म में विद्यमान रहता ही है। ये विशिष्टद्वैतावाद के आचार्य हैं एवं उनके अनुसार कारणावस्था एवं कार्यावस्था इन दोनों स्थितियों में उनमें चित्-ऽचित् का भेद रहता है तथा इन दोनों से विशिष्ट होने के कारण ब्रह्म का विशिष्ट द्वैत प्रमाणित है। चित् एवं उचित् ईश्वर के विशेषण अर्थात् प्रकार हैं तथा इन दोनों से विशिष्ट होने के कारण परमात्मा विशिष्टाद्वैत है। इस सिद्धान्त में ईश्वर आत्मा है तथा चित् एवं उचित् उनके शरीर हैं।

रामानुजाचार्य ने आभासवाद, बिम्बवाद तथा अवच्छेदकतावाद का खण्डन किया है। अपने भाष्य में इन्होंने जीव और ब्रह्म के स्वरूपात्मक अभेद का प्रत्याख्यान किया है। इस प्रकार श्रीरामानुजाचार्य ने अपने सिद्धान्तानुकूल गीता की व्याख्या की है। मूल शोध पत्र में इसका यथाशक्ति विवेचन करने का प्रयास होगा।

■ ■ ■

P - 50

आधुनिक विश्व-समाज में गीतोक्त "ज्ञानकर्मसमुच्चय" सिद्धान्त की प्रासंगिकता

(काश्मीर शैवदर्शन के आलोक में)

डॉ. चन्द्र कुमार झा

श्रीमद्भगवद्गीता कश्मीर शैवदर्शन में एक प्रामाणिक ग्रन्थ के रूप में स्वीकार की गई है। गीता के दर्शन में व्यावहारिकता है और यह अत्यन्त ज्ञानी तथा साधारण किसी भी पुरुष के द्वारा ग्राह्य एवं अनुकरणीय है। कश्मीर शैव-परम्परा में यह ग्रन्थ मात्र ऐतिहासिक और धार्मिक ही नहीं है। वह चाहे रामकण्ठ की "सर्वतोभद्र" टीका हो या अभिनवगुप्त कृत "श्रीमद्भगवद्गीतार्थ संग्रह" टीका या फिर राजानक आनन्द प्रणीत आनन्दवर्धिनी टीका, तीनों ने ही कुरुक्षेत्र युद्ध को सतत प्राणी मात्र में होने वाले दैवासुर (धर्म, अधर्म) संग्राम के प्रतीक के रूप में माना है। साथ ही तीनों का मुख्य प्रतिपाद्य "ज्ञानकर्मसमुच्चय" या ज्ञान, कर्म का सहभाव ही है। राजानक आनन्द ने "आनन्दवर्धिनी" में स्पष्ट रूप से कहा है कि ज्ञान और कर्म के समुच्चय से ही परम पुरुषार्थ की प्राप्ति संभव है। कर्म से ही ज्ञान का विकास होता है और ज्ञान से कर्म में औचित्य का संचार होता है। अतः गीता "ज्ञानकर्मसमुच्चयात्मक" ग्रन्थ है।

अब हम विचार करें कि आधुनिक विश्व समाज में गीतोक्त "ज्ञानकर्मसिद्धान्त" की प्रासंगिकता क्या है? यह सत्य है कि मनुष्य के इस जीवन में चिन्तन और कर्म में एक प्रकार का विरोध प्रतीत होता है। ज्ञान और कर्म के बीच सामंजस्य या समन्वय का अभाव समाज के विकास को एकांगी बना देता है। गीता की समन्वयात्मक विचार धारा ही हमारी राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान करने में प्रेरणा दे सकेगी। गीता का यह सन्देश देश-काल की सीमा से बाहर शाश्वत है, सार्वभौम है तथा विश्व-शान्ति और विश्व-बन्धुत्व के लिए वर्तमान युग में भी इसकी प्रासंगिकता निर्विवाद है।

■ ■ ■

P - 51

गीता में त्रिविध नेत्र का स्वरूप

डॉ. ममता पाण्डेय

गीता त्रिकालद्रष्टा शास्त्रमर्मज्ञ महर्षि कृष्णद्वैपायन वेदव्यास रचित एक अनुपम कृति है। हमारे ऋषि-महर्षि विश्वकल्याण के निमित्त गहन चिन्तन-मनन किया करते थे तथा लोकमंगलकारी शाश्वत निदान समाज को सौंपते थे। उसका उत्कृष्टतम चित्र गीता में प्रस्तुत किया गया है।

गीता में इस शाश्वत ब्रह्म को कृष्ण नाम दिया गया है। इस कृष्ण के साक्षात्कार के लिए त्रिविध नेत्र की चर्चा की गई है। प्राणियों में स्वचक्षु से सांसारिक वस्तुओं को ही देखने की शक्ति होती है। इस विषय में भगवान् ने अर्जुन से कहा है कि तू इस स्वचक्षु से मेरे दिव्य विश्वरूप को नहीं देख सकता। अतः मैं तुम्हें दिव्यचक्षु देता हूँ, जिससे तुम मेरे विराट्रूप को देखो।

ऐसा कहकर भगवान् ने अर्जुन को दिव्यचक्षु दिए जिससे अर्जुन ने भगवान् के अलौकिक दिव्य विश्वरूप का दर्शन किया, जो सामान्यजन के लिए अत्यन्त दुष्कर है। जिससे नित्य-अनित्य, सत्-असत्, जड़-चेतन का सम्यक् रीत्या बोध हो जाता है और जिससे अपने स्वरूप का अनुभव हो जाता है उसे ज्ञानचक्षु (विवेकदृष्टि) कहते हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में दिव्य चक्षु के प्रमाण पर चर्चा की गई है।

■ ■ ■

P - 52

वेदविज्ञान का स्वरूप

डॉ. प्रवीण शेखर झा

विद्धातु से व्युत्पन्न वेद शब्द ज्ञान विज्ञान का वाचक है। वेद के विश्रुत विद्वान् डॉ. कृष्णचन्द्र झा 'मयंक' के अनुसार प्रत्येक वस्तु में एक ही तत्त्व का बोध ज्ञान है और उसका जीवन में विनियोग ही विज्ञान है। इस विज्ञान को ब्रह्म कहा गया है।

श्रुति विज्ञान के विविध रूप परिलक्षित होते हैं। चार पुरुषार्थों की सिद्धि के क्रम में वेद विज्ञान के द्वारा

प्रेय तथा श्रेय की ही सिद्धि होती है। वेद विद्या के सम्बन्ध में डॉ. कृष्णचन्द्र झा 'मयंक' ने कहा है कि श्रुति की प्रसिद्ध विद्याओं में भार्गवी-वारुणी विद्या, उपकोसलाविद्या, मधुविद्या, संवर्गविद्या, पर्यंक विद्या, श्रीमन्थविद्या आदि का उल्लेख किया जाता है। श्रीमन्थकर्म के द्वारा ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। जगत् अग्निषोमात्मक है। इसका रस-रहस्य की प्राप्ति वैज्ञानिक व्याख्या से ही सम्भव है। वेद विज्ञान में आयुष्य तथा पौष्टिक मंत्रों का भी विनियोग है।

■ ■ ■

P - 53

श्रुति प्रोक्त शक्ति तत्त्व का स्वरूप

डॉ. कृष्णचन्द्र झा 'मयंक'

वैदिक वाङ्मय में शक्ति तत्त्व का महत्त्वपूर्ण प्रतिपादन हुआ है। शक्ति शब्द शक् धातु से बना है। शक्ति तथा शक्तिमान् की लीला-वैचित्री ही ब्रह्माण्ड है। भगवती प्रकृति त्रिगुणात्मिकता है। ऋग्वेद के 'नासदीय सूक्त' में सृष्टि के पूर्व काम की विद्यमानता कही गयी है। इस काम के कारण ही ब्रह्म में रिरंसा (रमणेच्छा) दिदृक्षा (दर्शनेच्छा) तथा विवरयिषा (वरणेच्छा) का प्रादुर्भाव हुआ तथा यह नाम रूपात्मक सृष्टि प्रकट हुई। काम मूलतः शक्ति या ऊर्जा ही है।

वैष्णव साधना में ब्रह्म की तीन शक्तियाँ संधिनी, संवित् तथा आह्लादिनी परिकथित है। ज्ञानात्मिकता, सत्तात्मिकता तथा आनन्दात्मिकता इन तीनों शक्तियों का वर्णन श्रुति मन्त्रों में द्रष्टव्य है। 'किं सुबाहो स्वंगुरो पृथुष्टे पृथुजाघने' के रूप में ब्रह्माभिन्न शक्ति के अप्रतिम सौन्दर्य का वर्णन किया गया है।

केनोपनिषद् के अनुसार देवताओं को यक्ष स्वरूप ब्रह्म का परिचय, आकाश में प्रकट उमा ही कराती है। ''तस्मिन्नेवाकाशो स्त्रियमाजगाम.....हैमवतीमुमाम्.......'। इसका अर्थ यह है कि ब्रह्म का परिचय शक्ति के द्वारा ही संभव है। 'योनिश्च हि गीयते' इस ब्रह्मसूत्र के अनुसार ब्रह्म का गायन योनि अर्थात् उत्पत्ति स्थान के रूप में होता है। ऐसी जनयित्री भगवती कामाख्या सदा नमस्या है। काम ही इनकी आख्या है तथा यह काम मूलतः शक्ति ही है। 'कलयति जनयतीति काली' के अनुसार महाकाल की शक्ति काली जनयित्री भी है।

■ ■ ■

P - 54

संस्कृत वाङ्मय में योग एवं प्राणायाम विज्ञान

सचिन कुमार

मानव जीवन को स्वस्थ एवं नीरोग रखने के लिए योग साधना का अत्यन्त महत्त्व है। शरीर मन और आत्मा को सुनियंत्रित रखने के लिए अष्टांग योग की इस अनिवार्यता को महर्षि पतंजलि ने अपने योगदर्शन में विस्तार से वर्णित किया है। योग-साधना से व्यक्ति प्राणवान्, आयुष्मान् और बलशाली बन जाता है। इसके नित्य अभ्यास से व्यक्ति प्रचुर शक्तिशाली एवं शुभ्रज्योत्सना का स्वामी बन जाता है।

योगदर्शन के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग कहलाता है। इस अष्टांग योग में प्राणायाम योग साधना का एक महत्त्वपूर्ण अंग है। अपनी इच्छा से श्वास, प्रश्वास का संचालन ही प्राणायाम कहलाता है। इस प्राणायाम के निरन्तर अभ्यास से चित्त की चंचलता और इन्द्रियदोष नष्ट हो जाते हैं। जैसे अग्नि में तपाकर धातु को शुद्ध किया जाता है वैसे ही प्राणायाम से इन्द्रियदोषों का दहन होता है। पतंजलि प्राणायाम के चार प्रकार बताते हैं-बाह्यवृत्ति, आभ्यन्तरवृत्ति, स्तम्भवृत्ति एवं बाह्याभ्यन्तर विषयाक्षेपी।'

सूर्यभेदनमुज्जायी शीत्कारी शीतली तथा।
भस्त्रिका भ्रामरी मूर्च्छा प्लावनी चाष्टकुम्भकाः॥

शरीर, मन और आत्मा की स्वस्थता, पवित्रता और शान्ति के लिए प्राणायाम एवं योगाभ्यास नित्यप्रति प्रातः-सायं करना चाहिए, यही मोक्ष का मार्ग है।

■ ■ ■

P - 55

योगदर्शनानुसार ध्यान का स्वरूप

सुनीता

'तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम्' जिस विषय में धारणा की गई उसी ध्येय विषयक ज्ञान वृत्तियों का समान प्रवाह ध्यान कहलाता है। भोजदेव भी कहते हैं कि जब धारणावस्था में चित्त का किसी एक विषय पर आलम्बन किया जाता है उसी विषय पर आलम्बनता से ही निरन्तर ज्ञान की उत्पत्ति ध्यान

कहलाता है। द्वादश धारणा पर्यन्त ध्यान का काल बताया गया है। योग ग्रन्थों में ध्यान की द्विविधता को भी स्वीकार किया गया है–सगुण और निर्गुण ध्यान। शरीर के सभी मर्मस्थानों की भिन्न–भिन्न नाड़ियों के पृथक्–पृथक् स्थान और कौन सा वायु कहाँ रहता है तथा क्या करता है, इस शरीर विज्ञान को क्रिया रूप में भलीभाँति जानकर तब आँखें बंद करके ध्यान के लिए बैठे और ज्योतिर्मय, शुद्ध अव्यक्त ब्रह्म सदृश मैं हो जाऊँ, इस तात्त्विक चिन्तन को ही ब्रह्मवेत्ता निर्गुण ध्यान कहते हैं। सगुण ध्यान में विष्णु या वासुदेव में ध्यान, अग्नि, हिरण्यमय पुरुष, शिव में ध्यान। ध्यान से ही हम सदा आनन्दमय और शान्तिमय जीवन जी सकते हैं।

■ ■ ■

P - 56

अज्ञान–नाश के कारण

(प्रश्नोत्तररत्नमालिका के सन्दर्भ में)

रमा राजपूत

'प्रश्नोत्तररत्नमालिका' प्रश्नोत्तर शैली में निबद्ध शंकराचार्यकृत एक 'प्रकरण–ग्रन्थ' है। प्रस्तुत ग्रन्थ में 'अज्ञान' व 'अज्ञान–नाश के साधनों' को सरल व व्यावहारिक स्तर पर प्रतिपादित किया गया है। सामान्यतः ज्ञान का अभाव ही अज्ञान है। प्रश्नोत्तररत्नमालिका में अज्ञान के दो स्तर प्राप्त होते हैं।

परमार्थ के सन्दर्भ में अज्ञान और व्यवहार के सन्दर्भ में अज्ञान। अज्ञान का नाश ज्ञान से संभव है, क्योंकि ज्ञान ही अज्ञान का विरोधी है। अज्ञान–नाश व ज्ञान–प्राप्ति के साधन हैं–

१. परमार्थ के सन्दर्भ में अज्ञान नाश के साधनः–विवेक, वैराग्य, शमदमादिषट्क सम्पत्ति, मुमुक्षुत्त्व, गुरूपदेश, स्वाध्याय, यम–नियम और ईश्वर –प्रणिधान।

२. व्यवहार के सन्दर्भ में अज्ञान–नाश के साधनः–माता–पिता–गुरु– सद्मित्र सम्बन्धी ज्ञान, अभद्र आचरण का परित्याग, अकार्यों का त्याग, चतुर्विध आश्रम का विधिवत् पालन, गुण–वृद्धि इत्यादि।

शंकराचार्य ने परमार्थ व व्यवहार सम्बन्धी दोनों स्तरों के अज्ञान–नाश हेतु एक समन्वित साधन 'चतुर्भद्र' का प्रतिपादन किया है।

■ ■ ■

P - 57

अद्वैत वेदान्त की प्रासंगिकता

डॉ. आशा रानी पाण्डेय

हमारा प्रिय देश भारत वाह्यरूप से जितना भव्य एवं मनोहर है, आन्तरिक रूप से भी उतना ही अभिराम तथा आभामय है। जिस समय सम्पूर्ण विश्व आज्ञानान्धकार के कारण बर्बरता का जीवन व्यतीत कर रहा था उसी समय हमारे ऋषि-मुनि ज्ञान सूर्य की प्रकाश किरणों से अविद्या के तिमिर को छिन्न-भिन्न कर सभ्यता का विस्तार करने में मग्न थे। हमारे प्राचीन तपोनिष्ठ महर्षियों ने इस विश्व की पहेली को समझने का जो प्रयास किया है वह विचारशास्त्र के इतिहास में अत्यन्त गौरव की वस्तु है। इस अनेक रूपात्मक क्षण-क्षण में विलक्षण रूप धारण करने वाले पदार्थों के अन्तस् स्थल में विद्यमान रहने वाली एक रूपता, अनेकता के भीतर एकता को खोज निकालना प्राचीन ऋषियों की हम सब को बहूमुल्य देन है। जिस प्रकार परिवर्तनशील ब्रह्माण्ड के भीतर एक अपरिवर्तनशील तत्त्व की सत्ता विद्यमान है। ब्रह्माण्ड की नियामक सत्ता का नाम ब्रह्मा तथा पिण्डाण्ड की नियामक सत्ता की संज्ञा आत्मा है। ब्रह्मा कोई अलभ्य तथा अलौकिक और अद्भुत पदार्थ नहीं है, प्रत्युत प्रत्येक प्राणी अपने भीतर नियामक आत्मा के रूप में उसी सत्ता का अनुभव किया करता है।

हमारे तपोनिष्ठ ऋषि-मुनियों के द्वारा जिस अद्वैत तत्त्व का अनुसंधान किया गया है, वह इन्द्रिय जन्य ज्ञान से परे है। अद्वैत वेदान्तियों ने 'तत्त्वमसि' इस महाकाव्य का चयन कर ब्रह्म और जीव की एकता दिखलायी है। 'तत्त्वमसि' का अभिप्राय है 'त्वम्' अर्थात् 'जीव' 'तत्' अर्थात् 'ब्रह्म हो'। इसका तात्पर्य यह है कि 'जीव और ब्रह्म' एक ही है, भिन्न नहीं और यह समस्त जगत् प्रपंच उस 'ब्रह्म' से अभिव्याप्त है। वेदान्त दर्शन का यह अद्वैत सिद्धान्त न केवल दर्शन अपितु मानवीय लोक व्यवहार में भी एक विशिष्ट चमत्कार प्रस्तुत कर रहा है। यदि यह अद्वैत सिद्धान्त आज के इस भौतिकवादी युग में लोगों को आत्मसात् हो जाए तो अनेक जागतिक समस्याओं का स्वतः समाधान हो सकता है।

■ ■ ■

P - 58

अद्वैतवेदान्त में 'अवच्छेदवाद' : एक चिन्तन

अनुराग मिश्रा

अद्वैतवेदान्त के प्रतिष्ठापक भगवान् भाष्यकार आचार्य शंकर के द्वारा उपस्थापित जीव, ईश्वर एवं ब्रह्मविषयक सिद्धान्त को ही उत्तरवर्ती आचार्यों सुरेश्वराचार्य, वाचस्पति मिश्र, विद्यारण्यमुनि प्रभृति

विद्वानों ने आभासवाद, अवच्छेदवाद, प्रतिबिम्बवाद सदृश विभिन्न पारिभाषित शब्दों के अनुप्रयोग के द्वारा नाना प्रकार से अपने-अपने मन्तव्य को प्रकट किया है।

आचार्य वाचस्पति मिश्र अवच्छेदवाद के समर्थक आचार्य हैं। भामतीकार वाचस्पति मिश्र ने अन्तःकरण से अवच्छिन्न चैतन्य को जीव माना है। शंकराचार्यकृत भाष्यों के तत्परक वचनों को आधार मानते हुए वाचस्पति मिश्र ने सिद्धान्त प्रस्तुत किया कि जिस प्रकार महाकाश से अभिन्न होते हुए भी घटाकाश घटोपाधिपर्यन्त उससे भिन्न प्रतीत होता है, उसी प्रकार अनादि अविद्याकृत अन्तःकरणोपाधि से अवच्छिन्न चैतन्य भी परमात्मा से वस्तुतः अपृथक् होते हुए विभिन्न उपाधियों के उद्भव एवं अभिनव के कारण उद्भूत एवं अभिभूत सा प्रतीत होता है। आचार्य वाचस्पति के मत में जीव और ब्रह्म वस्तुतः एक ही है। जीवात्मा ईश्वर भिन्न नहीं है, न वह आत्मा का विकार ही है। प्रत्युत् जीव अविद्योपाधि के कल्पित अवच्छेद्य से अवच्छिन्न परमात्मा ही है। घटाकाश महाकाश से भिन्न नहीं है बल्कि घटाकाश महाकाश के समान है। उसी प्रकार जीव भी आत्मा (ब्रह्म) से अभिन्न है, लेकिन अविद्योपाधि के कारण सर्वव्यापी ब्रह्म से भिन्न सा भासता है, यही अवच्छेदवाद सिद्धान्त का निर्गलितार्थ है।

■ ■ ■

P - 59

योग की पद्धतियाँ एवं उसकी उपादेयता

डॉ. निर्मल कुमार गुप्ता

आजकल योग एक प्रचलित और समालोचित विषय है और इसकी चर्चा कई प्रकार से हो रही है। बहुतया योग को शारीरिक व्यायाम मान लिया जाता है। ये सब क्रियाएँ सर्वदा शरीर या मन की भूमि से होती है और इसका लाभ मात्र शारीरिक है। वास्तविक योग चेतन आत्मा का चेतन परमात्मा से मिलन है। योग शब्द को महर्षि सदाफलदेव जी महाराज ने आध्यात्मिक सद्ग्रन्थ स्वर्वेद में सहज और सरल रूप में दर्शाया है। योग की सम्पूर्णता में अध्यात्म ज्ञान के उद्भुत रहस्य को उद्घाटित करने वाले महर्षि सदाफलदेव जी महाराज ने विहंगम योग के इस वास्तविक स्वरूप को प्रकट करते हुए कहा है-

तन आसन हठ योगी माने।
मन आसन कोई विरला जाने।।
आत्म आसन अद्भुत केला।
है रहस्य अन्तर गम मेला।।
अक्षर आसन शब्द सनेही।
शब्द अखंड खंड यह देही।।

यही विहंगम योग का दर्शन है। इस विहंगम योग दर्शन में शारीरिक-स्वस्थता के लिए तन का आसन है, मानसिक शान्ति के लिए, मन का आसन है, आत्मिक उत्थान के लिए आत्मा का आसन है और सर्वोच्च शिखर की आध्यात्मिक यात्रा के लिए अक्षर का आसन है। इस विहंगम योग दर्शन के बिना आज का दर्शन अधूरा है।

■ ■ ■

P - 60

कठोपनिषद् में आत्मा का तात्त्विक विवेचन

डॉ. प्रदीप कुमार दीक्षित

मनुष्य परमेश्वर की अनुपम रचना होने के कारण उसके चिन्तन में जीवन की कला एवं जीवनोपरान्त विषयक तत्त्वों की खोज को ही सामान्य रूप से दर्शन कहा जा सकता है। दर्शन में देश की मनीषा सुरक्षित होती है। यही कारण है कि अनादि काल से ऋषियों ने दर्शन निधि की खोज करके और समय-समय पर सुन्दर रत्नों को निकाल कर देश को गौरवान्वित किया है। भारतीय दर्शन के तत्त्व अत्यधिक गूढ़ हैं। जिस प्रकार जीवन समझने के लिए जीवन के सभी अंगों का व्यष्टि, समष्टि एवं समन्वय रूप में ज्ञान प्राप्त करना होता है, ठीक उसी प्रकार भारतीय दर्शनों को व्यष्टि, समष्टि एवं समन्वय रूप में समझने की आवश्यकता है। उपनिषदों के ऋषियों की दृष्टि आत्मा का अस्तित्व सम्पूर्ण अनुभव का आधारभूत तत्त्व है। वह सारे प्रमाणों का आधार है और इसलिए स्वयं अपने लिए प्रमाण की अेपक्षा नहीं रखता।

निःसन्देह उपनिषद् आत्मा का निरूपण करके मोक्ष के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता है। कठोपनिषद् में नचिकेता और यम के संवाद रूप में परमात्मा के रहस्यमय तत्त्व का बड़ा ही उपयोगी और विशद वर्णन है जिससे मानव का पथ प्रशस्त होता है।

■ ■ ■

P - 61

मनोवैज्ञानिक की भूमिका में श्रीमद्भागवत के कृष्ण : एक विवेचन

डॉ. आभा झा

सहस्राब्दियों से श्रीकृष्ण का व्यक्तित्त्व आबालवृद्धवनिता को आकृष्ट करता रहा है। सनातन धर्म में सर्वात्मना अवतारों के सर्वाधिक लोकलुभावन रूपों में नन्दनन्दन श्रीकृष्ण का चरित अतीव मनोहारी है। श्रीमद्भागवत गर्गसंहिता तथा महाभारत आदि ग्रन्थों के आधार पर वर्णित वासुदेव के मानवीय पक्ष का

उद्घाटन ही प्रस्तुत शोधालेख का उद्देश्य है। हम यशोदानन्दन के लोकोत्तर चरित से परिचित होते हुए भी उनके उन व्यवहारों का विश्लेषण करना चाहेंगे जहाँ श्रीकृष्ण एक मनोवैज्ञानिक की भूमिका में दृष्टिगोचर होते हैं।

कृष्ण तीन वर्ष की आयु में ही अपनी आयु से भी बड़े ग्वालबालों का नेतृत्व करने लगते हैं। कंस के पहलवानों के लिए गोकुल की गायों के दूध, दही एवं मक्खन की आपूर्ति के विरुद्ध उनके अभियान में भी एक अद्भुत आकर्षण था। दुर्बल ग्वालबालों की टोली बनाकर गोकुल के घरों में संचित मक्खन को उन्हें खिला कर खाना, मथुरा मुखी ग्वालिन के दूध-दही भरे मटके को पत्थर मारकर फोड़ देना, बछड़ों एवं गायों को चराने हेतु जाने के क्रम में अघासुर, प्रलम्बासुर, वत्सासुर आदि का विनाश करना, कालियदमन लीला से वृन्दावन के पर्यावरण की रक्षा करना तथा इन्द्र के कोप से सभी गो-गोपों को गोवर्धन लीला के द्वारा सुरक्षित करना-इन सारी लीलाओं में श्रीकृष्ण मानव मनोविज्ञान के पारखी के रूप में अपनी अभीष्ट सिद्धि करते हैं। प्रस्तुत आलेख में उनकी तमाम लीलाओं को इसी परिप्रेक्ष्य में परखा जायेगा।

■ ■ ■

P - 62

काल का स्वरूप और कालमीमांसा

डॉ. सुधा गुप्ता

समग्र ब्रह्माण्डीय आगम प्रमाण के आदि उत्सभूत, चारों वेदों में अन्तिम परिगणित अथर्ववेद के उन्नीसवें काण्ड के ५३ एवं ५४वें सूक्त में 'काल' के विराट् स्वरूप का वर्णन प्राप्त होता है।

'काल' के ऊपर ही विश्व ब्रह्माण्ड रूप भरा हुआ कुम्भ स्थापित है। संत-ज्ञानीजन इस 'काल' को रात-दिन आदि विभिन्न रूपों में देखते हैं। वह 'काल' इन दृश्यमान प्राणियों के समक्ष प्रकट होता हुआ उन्हें अपने में समाहित कर लेता है। मुनिजन इसे विकार रहित आकाश सदृश निर्लेप बतलाते हैं। यह 'काल' समस्त भुवनों का पोषण करते हुए सभी में सम्यक् प्रकार से व्याप्त है। भूतकाल में पिता के रूप में तो अगले जन्म में पुत्र बनता हुआ यह 'काल' सतत गतिमान है। इस 'काल' से उत्तम तेज अन्य कोई भी नहीं है। इसी 'काल' ने दिव्य लोकों और सभी प्राणियों की आश्रयभूता पृथ्वी को उत्पन्न किया है। भूत, भविष्यत् और वर्तमान सभी इस अविनाशी 'काल' के आश्रित रहते हैं।

काल के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए कुछ इसी प्रकार के अन्यान्य मन्त्रों के आधार पर प्रस्तुत शोध पत्र में 'काल' मीमांसा प्रस्तुत की गयी है।

■ ■ ■

P - 63

'लघुस्तव' - एक अद्‌भुत देवी स्तोत्र

प्रा. डॉ. रूपा चावड

'पंचस्तवी' भगवती त्रिपुरा सुन्दरी की स्तुति है, जिसका प्रथम स्तव 'लघुस्तव' संक्षिप्त होने पर भी एक अद्‌भुत, विलक्षण देवी स्तोत्र है।

कश्मीर की परम्परा में 'लघुस्तव' अधिक प्रचलित है। इस कृति के कर्ता के बारे में मतमतान्तर हैं। किसी ने इसके कर्ता दक्षिण निवासी लाघवाचार्य को माना तो किसी के मत से यह कालिदास की रचना है। सौन्दर्य लहरी के टीकाकार कामेश्वरसूरी पंचस्तवी को आचार्य शंकर की रचना मानते हैं। तंत्र का विषय होने से आचार्य अभिनवगुप्त की रचना भी मानी गयी तो कश्मीरी परम्परा में इसे अनादि माना गया। लघुस्तव पर जैनमुनि अभयतिलक सूरि द्वारा वि.सं. १३६७ में टीका लिखी गई। लघुस्तव देवी त्रिपुरा सुन्दरी की मधुर, काव्यात्मक, भक्तिभावपूर्ण स्तुति है, जिसमें मंत्रों का रहस्योद्‌घाटन भी है। पराशक्ति की उपासना हेतु उसके स्वरूप व विधि का वर्णन है। मन्त्रशास्त्र का ज्ञान प्राप्त करने के लिए यह स्तोत्र महत्त्वपूर्ण है। भगवती का ज्योतिर्मय, वाङ्मय, चेतना शक्ति का मूर्त स्वरूप यहाँ निरूपित है। मूर्त स्वरूप की उपासना द्वारा व्यक्त से अव्यक्त की ओर स्थूल-सूक्ष्म-परास्वरूप की ओर यह यात्रा है। महासरस्वती, महालक्ष्मी, महाकाली, पराशक्ति के आविर्भाव हैं। जया, लक्ष्मी व त्रिपुरा के साथ तारा का यहाँ उल्लेख है। ऐं, क्लीं, सौं : इन तीन बीज मंत्रों का यहाँ वाक्‌बीज, कामबीज व शक्तिबीज के रूप में रहस्योद्‌घाटन किया गया है। ह्रीं के स्थान पर सौं बीज का विनियोग है। विशेषत: कुंडलिनी शक्ति का तात्विक निरूपण है। परा, पश्यन्ति, मध्यमा व वैखरी-वाक्‌तत्त्व के इन रूपों में देवी के चित्रण के साथ ही श्री चक्र की उपासना, देवी के त्रिक स्वरूप का वर्णन, अद्वैत सिद्धान्त, भगवती के गुह्य व वर्णात्मक नाम, फलस्तुति इत्यादि इस स्तोत्र की विशेषताएँ हैं। श्रवण हृदय मनोहारी इस स्तोत्र की विशेषताएँ निर्दिष्ट करने का प्रस्तुत लेख में नम्र प्रयास है।

■ ■ ■

P - 64

मानव जीवन में अष्टांग योग की भूमिका

शशिलेखा

मानवजीवन का परम लक्ष्य है आत्मस्वरूप की प्राप्ति। आत्मस्वरूप की प्राप्ति कर लेना ही मानव जीवन का उद्देश्य है। परन्तु अविद्यादि के कारण मानव चंचलचित्त राग, द्वेष, क्रोध और मोह के वशीभूत

होकर अपने स्वरूप को पहचान नहीं पाता। चित्त को शान्त एवं स्थिर करने हेतु अष्टांग योग की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। महर्षि पतंजलि प्रणीत अष्टांग योग साधना का सरलतम उपाय है, जिसको सभी प्राणी अपने जीवन में धारण कर चित्त को नियंत्रित कर साधना के मार्ग पर क्रमशः उत्तरोत्तर अवस्था को प्राप्त कर आत्मसाक्षात्कार कर सकते हैं।

अतः यह कहा जा सकता है कि चंचल चित्त ही मानव बन्धन का कारण होता है। अतः जब चित्त एवं उसकी इन्द्रियाँ साधक के वशीभूत हो जाएँगी तब साधक के चित्त के समस्त विकारों का नाश हो जायेगा, जिससे वह अपना तथा समस्त मानव जाति का कल्याण कर सकता है।

■ ■ ■

P - 65

मायावाद :- एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. मनीष पाण्डेय

वेदान्त-दर्शन में इस विषय पर पर्याप्त विवाद है कि मायावाद शंकराचार्य का कोई मौलिक सिद्धान्त है अथवा इसे उन्होंने वेदों और उपनिषदों से ग्रहण किया है। इस तथ्य का अपलाप नहीं किया जा सकता कि शंकराचार्य ही वह प्रथम व्यक्ति थे, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से एक तर्कसम्मत सिद्धान्त के रूप में मायावाद को स्थापित किया। पुनः माया की निहितार्थ-व्याख्या जिस स्पष्ट एवं तार्किक रूप से शंकराचार्य ने प्रस्तुत की है, उसे मौलिक ही कहा जायेगा।

आचार्य शंकराचार्य के दर्शन में माया और बहुशः प्राप्त अविद्या समानार्थक शब्द हैं, किन्तु कालान्तर में वेदान्तियों ने इनके मध्य भेद करने की चेष्टा की है। जहाँ शंकराचार्य ने माया और अविद्या को समान मानकर उसकी दो शक्तियाँ-आवरण (जिसके द्वारा माया ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को आच्छादित कर देती है) तथा विक्षेप (जिसके द्वारा माया अद्वय ब्रह्म के स्थान पर नानारूपात्मक जगत् को उत्पन्न करती है) का वर्णन किया है, वहीं शंकरोत्तरवर्ती वेदान्ताचार्यों ने माया को ब्रह्म की भावात्मक (Positive) तथा अविद्या को अभावात्मक (Negative) शक्ति स्वीकार किया है। वे इस तथ्य को भी दोनों के मध्य भेद का कारण स्वीकार करते हैं कि माया सत्त्वगुण प्रधाना है तथा अविद्या तमोगुण प्रधाना।

आचार्य शंकर द्वारा प्रतिपादित मायावाद, अद्वैतवाद-वेदान्त का महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त है। सामान्य सिद्धान्तों के अनुरूप आचार्य शंकर का यह सिद्धान्त भले ही आलोचना का विषय रहा हो, किन्तु माया की वेदकालिक प्रतिष्ठा को आचार्य-प्रवर ने उत्कृष्टता ही प्रदान की है, इसमें सन्देह नहीं है।

■ ■ ■

P - 66

योगदर्शन में अहिंसा मूलक "सत्य" का विमर्श

प्रो. जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट

विभिन्न भारतीय दर्शनों के बीच योगदर्शन का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यह एक सुविदित तथ्य है कि भारतीय दर्शन का चरम लक्ष्य प्राणियों को त्रिविध दु:खों से सदा के लिए छुटकारा दिलाना ही है। दु:खों क यह शाश्वतिक निवृत्ति मुक्ति, मोक्ष, कैवल्य, अपवर्ग, नि:श्रेयस, निर्वाण और परमपद इत्यादि पदों से अभिहित की गई है। इसकी सिद्धि के लिए प्राय: सभी भारतीय दर्शन पदार्थों के शुद्ध ज्ञान को ही किसी न किसी प्रकार से अपरिहार्य उपाय मानते हैं। श्रुतियों ने भी 'ऋते ज्ञानान्न मुक्ति:' को स्वीकार किया है। पदार्थों के शुद्ध ज्ञान को विभिन्न दर्शनों में तत्त्वज्ञान और विवेकख्याति इत्यादि नाम दिये गये हैं। इनमें प्रथम प्रकार का तत्त्वज्ञान सांख्ययोग में विवेकख्याति के नाम से प्रसिद्ध है। द्वितीय प्रकार का तत्त्वदर्शन योगशास्त्र में 'असंप्रज्ञात योग' के नाम से विख्यात है। प्रस्तुत लेख में यम का दूसरा अंग 'सत्य' के विषय में शास्त्र सम्मत विचार रखने का विनम्र उपक्रम है।

■ ■ ■

P - 67

मीमांसा दर्शन एवं व्याकरण शास्त्र में प्रयुक्त लौकिक न्याय - तुलनात्मक अध्ययन

अंशुल दुबे

मीमांसा दर्शन के गूढ़ विषयों को समझने के लिए आचार्यों ने स्व-स्व ग्रन्थों में बहुश: लौकिक न्यायों का अवलम्बन किया है। जहाँ तक अभिव्यक्ति का प्रश्न है, लौकिक न्यायों के प्रयोग से इसमें एक विशिष्ट प्रकार का आकर्षण आ जाता है तथा न्यायों में सन्दर्भित आधार के कारण अभिव्यक्ति अपनी प्राचीन परम्परा से जुड़ जाती है, उसमें भारतीय धरती की सोंध भर जाती है और शैली भी इनके प्रयोग से सूक्त्यात्मक एवं सघन हो ज़ाती है। लौकिक न्याय लोक के शाश्वत अनुभव प्रसूत निर्णयों के प्रत्यय एवं अधिकरण हैं। मीमांसा दर्शन के सिद्धान्तों के विशिष्ट व्याख्यान क्रम में अन्यान्य ग्रन्थों में आए प्रमुख लौकिक न्यायों का व्याकरण शास्त्र में प्रयुक्त लौकिक न्याय वाक्यों के साथ तुलनात्मक विवेचन करना हमारे शोध पत्र का वर्ण्य विषय होगा।

■ ■ ■

P - 68

कठोपनिषद् में मानवीय चिन्तन

अमित सेमवाल

कठोपनिषद् का सम्बन्ध कृष्णयजुर्वेद की कठ शाखा से है। इस उपनिषद् में मानवीय चिन्तन का उदात्त चित्रण किया गया है, क्योंकि सृष्टि की सर्वोत्तम उपलब्धि मनुष्य है तथा सभी देशों के चिन्तन का केंद्रबिन्दु मानव जाति है। मानव जीवन की प्रत्येक परिस्थिति में उसके सामने दो मार्ग आते हैं-एक श्रेय एवं दूसरा प्रेय का। इन्हें विद्या एवं अविद्या नाम से भी जाना जाता है। बुद्धिमान् व्यक्ति ठीक से विचार करके श्रेय मार्ग को वरण करता है। जबकि अज्ञानी व्यक्ति योग और क्षेम के निमित्त से प्रेय मार्ग का अनुसरण करता है।

श्रेय मार्ग का अनुसरण करने वाला व्यक्ति अपने शरीर रूपी रथ को आत्मा के वश में रखकर कार्य करता है, जबकि प्रेय मार्ग का अनुसरण करने वाला व्यक्ति अपने शरीर रूपी रथ पर नियंत्रण नहीं कर पाता है। जिसके कारण उसकी इन्दियाँ एवं मन अनियंत्रित हो जाते हैं और वह लोभ-लालच एवं माया-मोह के बन्धन में बँध जाता है। जिससे उसे उचित और अनुचित का ज्ञान नहीं हो पाता है और वह सांसारिक भोग-विलास, धन-सम्पत्ति, भ्रष्टाचार आदि कृत्यों में लिप्त रहता है, जबकि श्रेय मार्ग का वरण करने वाले व्यक्ति के लिए समस्त भोग-विलास एवं धन-सम्पत्ति तुच्छ है।

■ ■ ■

P - 69

स्वामी करपात्री जी की दृष्टि में प्रामाण्यवाद

पूजा मिश्रा

'प्रमाकरणं प्रमाणम्' के अनुसार जो प्रमा का करण है वह प्रमाण है। लेकिन प्रमाण का एक अन्य अर्थ भी किया जाता है-यथार्थ ज्ञान। प्रामाण्यवाद शब्द में प्रमाण शब्द का अर्थ है यथार्थ ज्ञान । इस प्रमाण का भाव प्रमाणत्व या प्रामाण्य कहलाता है। अतः प्रामाण्य का अर्थ है ज्ञान की यथार्थता। यहाँ पर हम धर्म सम्राट् स्वामी करपात्री जी महाराज के मतानुसार प्रामाण्यवाद का निरूपण करेंगे-

स्वामी जी के मतानुसार प्रामाण्य का स्वरूप इस प्रकार है कि जो किसी वस्तु के यथार्थ स्वरूप को बताता है वह प्रमाण कहा जाता है और उस प्रमाण का ही कहीं पर व्यभिचरित न होना प्रामाण्य कहा जाता है। स्वामी जी प्रामाण्य को स्वतः प्रमाण बताते हुए कहते हैं कि प्रामाण्य विज्ञान के ग्राहक साक्षी मात्र से ग्राह्य है। उनके मत में उत्पत्ति और ज्ञप्ति के अतिरिक्त व्यवहार में भी प्रामाण्य का स्वतस्त्व देखा जाता है, क्योंकि ज्ञान से ही ज्ञेय की अभिव्यक्ति रूप फल निष्पन्न होता है। इन्होंने प्रामाण्य और अप्रामाण्य को प्रमाण एवं अप्रमाणगत शक्तियाँ बताया। इस प्रकार स्वामी जी ने शब्द का स्वतः प्रामाण्य, वेदों की प्रामाणिकता स्वतः माना तथा अन्य अनेक तथ्यों पर अपने मत प्रस्तुत किये।

■ ■ ■

P - 70

निरीश्वर सांख्य की अवधारणा का खण्डन

ममता सिंह

सांख्यशास्त्र में ईश्वर जगत् के उपादानरूप में नहीं प्रत्युत अधिष्ठाता एवं नियन्ता के रूप में स्वीकृत है। जगत् के उपादान कारण के रूप में प्रकृति का ग्रहण हुआ है, अतः उपादानरूप से ईश्वर का निषेध होने के कारण सांख्य पर निरीश्वरवादी होने का आक्षेप किया जाता है, परन्तु वास्तविकता यह नहीं है। वस्तुतः सांख्य-योग समान विद्या के प्रतिपादक शास्त्र हैं। सांख्य अध्यात्मविद्या का सैद्धान्तिक पक्ष है तो योग अध्यात्मविद्या का व्यावहारिक पक्ष है। श्रीमद्भगवद्गीता, सांख्य-योग के ऐक्य का उद्घोष करती है। समानतन्त्र सांख्य एवं योग दोनों के प्रवर्तक भी महर्षि कपिल ही हैं।

इस प्रकार एक ही आचार्य अपने एक ग्रन्थ में ईश्वरवाद एवं दूसरे ग्रन्थ में निरीश्वरवाद का समर्थन कैसे कर सकते हैं? अतः योग के समान सांख्य भी ईश्वरवादी सिद्ध होता है। योग में वर्णित ईश्वर कोई अलग तत्त्व नहीं, प्रत्युत सांख्य में प्रतिपादित पुरुष का ही विशिष्ट रूप है।

सांख्य को निरीश्वरवादी स्वीकार करने पर योग को भी निरीश्वरवादी स्वीकार करना होगा, क्योंकि योग में भी सृष्टि के उपादान रूप में प्रकृति ही स्वीकृत है, ईश्वर नहीं। मेरे शोध पत्र में निरीश्वर सांख्य की अवधारणा किस प्रकार खण्डित होती हुई सांख्य को सेश्वर सिद्ध करती है, इसको स्पष्ट करने का पूर्णतः प्रयास किया जायेगा।

■ ■ ■

P - 71

गीता में भक्ति योग

अशोक कुमार

भज् धातु से क्तिन् प्रत्यय लगाकर बना शब्द भक्ति। जिसका अर्थ है अपने मन को एकाग्र कर अपने इष्टदेव के निरन्तर भजन ध्यान में लगा हुआ। इस प्रकार इन्द्रियों को संयमित कर अतिशय श्रेष्ठ श्रद्धा से युक्त परमेश्वर का भजन भक्ति कहलाता है। इस भक्ति शब्द के विभिन्न धर्मों में तथा विभिन्न सम्प्रदायों में अपने-अपने मतानुसार व्याख्या की गई है, परन्तु हम यहाँ "गीता" जो कि हमारा पवित्रतम ग्रन्थ है उसके अनुसार भक्ति का संक्षिप्त परिचय दे रहे हैं।

मतान्तर के अनुयायियों के संपर्क में आना तथा सान्निध्य में रहकर पारम्परिकता की भावना का विकास। कुम्भ पर्व की परम्परा के आरंभ पर ढेर सारी अटकले हैं। उन पर आलेख में चर्चा होगी। कुम्भ पर्व देश का ही नहीं, विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन है। मूलरूप में कुम्भ पर्व की परम्परा मनुष्यों के द्वारा रत्न-ऐश्वर्य, सुख-आरोग्य, आत्म-अमरत्व की सदिच्छा से जुड़ी हुई है -

अन्तः शून्यो बहिः शून्यः, शून्यः 'कुम्भ' इवाम्बरे।
अन्तः पूर्णो बहिः पूर्णः पूर्णकुम्भ इवार्णवे॥

कुम्भपर्व के सम्बन्ध में 'स्कन्द-पुराण' में बतलाया गया है -

हरद्वारे प्रयागे च धारा-गोदावरी-तटे।
कलशाख्यो हि योगोऽयं प्रोच्यते शंकरादिभिः॥

हमारी सम्पूर्ण सृष्टि 'जीवनवर्धक' तथा 'जीवन संहारक' इन्हीं दो तत्वों से युक्त है। यह पृथ्वी विभिन्न ग्रहों, उपग्रहों तथा नक्षत्रों आदि की गतिविधियों के परिणामस्वरूप कभी जीवनवर्धक वातावरण से ओतप्रोत रहती है तो कभी जीवनसहायक तत्वों से युक्त हो जाती है। उसी आधार पर संभवतः पृथ्वी के स्नान विशेष पर काल विशेष में कृत्य विशेष करने की अनादि परम्पंरा आज तक चली आ रही है। पृथ्वी के उन्हीं विशिष्ट स्थानों का नाम तीर्थ और तादृश काल की उपस्थिति का नाम ही पर्व है। वस्तुतः यह सनातन कुम्भपर्व भारतीय धर्म एवं दर्शन की उस महान् कल्पना का परिचायक है, जिसमें परहित ही सर्वोपरि है। कुम्भ पर्व हमें ''मृत्योर्मा अमृतं गमय'' के मूल लक्ष्य का स्मरण कराता है।

■ ■ ■

R - 28

उत्तर प्रदेश की प्रचलित लोक विधा : साँझी

डॉ. शहाना तबस्सुम

कला के मूल में प्रारंभ से ही धार्मिक भावनाओं की प्रधानता रही है। लोक-गीत, लोक चित्रकला, लोक कथाओं में प्रायः धर्म के दर्शन होते हैं। इसका प्रमुख कारण लोक-परम्पराओं का धर्म के साथ गहराई से जुड़ा होना है। लोक-कथाओं का धार्मिक महत्व यह भी है कि वे मानव समाज को एकता के सूत्र में बाँधती हैं और साथ ही कला के उत्कृष्ट नमूनों से हमारा साक्षात्कार कराती हैं।

साँझी कला का मूल स्वरूप धार्मिक है। आदिमकाल से ही कला धर्म से जुड़कर फलती-फूलती रही है। उत्तर प्रदेश के गाँवों में साँझी को एक देवी के रूप में स्थापित करते हैं। धर्म से जुड़े होने के नाते ही साँझी का एक स्वरूप अभी तक लोक-मानस में बचा हुआ है। एक तरफ मन में अनिष्ट होने का भय व दूसरी तरफ परिवार की खुशहाली की मंगल कामना की अभिलाषा, साँझी रचना के लिए सदैव प्रेरित करती रहती है।

आकार व प्रकार की दृष्टि से साँझी शिल्पों में बड़ी विविधता मिलती है। कुछ साँझी तो छः से आठ फीट बड़ी होती है। इन्हें प्राय: खुली दीवाल पर लगाते हैं। साँझी के मुख, हाथ-पैर, जेवर आदि अलग-अलग बनाकर चिपकाते हैं। शेष भाग टिकरों को चिपकाकर पूरा करते हैं। इस प्रकार की साँझी में टिकरों व जेवरों (गहनों) का खूब प्रयोग किया जाता है। दूसरे प्रकार की साँझी तीन से पाँच फीट बड़ी होती है। पहले इसमें गोबर के सहारे टिकरों को चिपकाकर बार्डर बना लिया जाता है। फिर बीच में देवी दुर्गा की प्रतिमा लगाई जाती है। तीसरे प्रकार की साँझी छोटी होती है। सिंह वाहिनी दुर्गा की प्रतिमा किसी पटरे पर तैयार कर दीवार के सहारे खड़ा कर देते हैं। देवी के चारों तरफ प्रतिमाओं व टिकरों को चिपका कर आकृति को विस्तार देते हैं। इस प्रकार की साँझी में देवी प्रतिमा को उभारदार कलात्मक रूपों में बनाते हैं। वस्त्रों की सलवटें व आभूषणों के अंकन में यथार्थता लाने का प्रयास करते हैं।

■ ■ ■

R - 29

क्रम मत में काली तत्त्व

प्रो. रमाशंकर मिश्र

क्रममत में काली का द्वादशवर्ग बहुत महत्वपूर्ण है, जिनका विवेचन पञ्चशतिका, सार्धशतिक और क्रमस्तोत्र में किया गया है। अभिनवगुप्त ने इस पर बहुत ध्यान दिया है और अपने से पूर्ववर्ती 'क्रमस्तोत्र' की टीका 'क्रमकेलि' में इनका वर्णन किया है। उन्होंने स्वरचित क्रम-स्तोत्र में कालियों की प्रशंसा की है। वे कालियाँ बहुत से चक्रों में से एक की रचना करती है, जिसका प्रारंभ में रहस्यात्मक दृष्टि से विवेचन किया गया है। वे कालियाँ मनोवैज्ञानिक, नैतिक और औत्पत्तिक दृष्टि से बहुत रुचिकर हैं। उनके विषय में स्पष्ट विवेचन करना बहुत कठिन है। वे दिव्य होने के साथ-साथ क्रममत के सदस्यों से सुरक्षित हैं। इसीलिए अभिनवगुप्त के अनुसार उनका विस्तार से

वर्णन करना कठिन है। इसीलिए उनके विषय में पाठकों को स्पष्ट ज्ञान नहीं हो पाता। जयरथ ने भी इस बात की पुष्टि की है। क्रममत के अनुसार परमतत्व की पाँच शक्तियाँ हैं- सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्य और भासा।

बारह प्रकार की शक्तियों के विवेचन में काली को परासंवित् कहा गया है, जो पूर्ण रूप से स्वतंत्र है। अनाख्य स्तर पर उसकी स्वतंत्रता चार रूपों में आभासित होती है- सृष्टि, स्थिति, संहार और अनाख्य। आगे उनका सम्बन्ध प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय से बताते हुए बारह रूपों को स्पष्ट किया गया है। यह स्पष्ट किया जा चुका है कि कालसंकर्षणी परासंवित् है। आभासन के पूर्व सभी में उसका तादात्म्य है। वह प्रमाता, प्रमेय, प्रमाण और प्रमा के रूप में अपने को आभासित करती है।

■ ■ ■

R - 30

प्रमुख संस्कृत ग्रंथों में धर्म का स्वरूप

डॉ. अनुज रजक

धर्म शब्द समाज के प्रशासन के लिए बनाए गए कानून विधान अथवा सामाजिक कर्तव्यों का वाचक है। वेद के उत्तरोत्तर विकास में आज भी मनुष्यों के द्वारा जो धारण किया जा रहा है उसे धर्म के रूप में माना जा रहा है, लेकिन धर्म वही है जो लोक के कल्याण के साथ-साथ मानव जीवन के परमलक्ष्य मोक्ष प्रदान करने की क्षमता अपने आप में समाहित रखे।

बाण शंकर के अनन्य आराधक थे। हर्षचरित में उनकी शंकर में अधिक आस्था दीख पड़ती है, भास की नाट्यकला से भी वे प्रभावित हुए थे। सुबंधु की वासवदत्ता का वे लोहा मानते ही थे। भट्टारहरिश्चंद्र के गद्य ने कवि का मन मोहा था। भारवि शैव जान पड़ते थे। शिव में उनकी भक्ति किरातार्जुनीय में यत्र-तत्र प्रकट हुई है। माघ विष्णु या कृष्ण के अनन्य भक्त थे। विष्णु में श्रीहर्ष की सुदृढ़ आस्था थी। एक ओर वैचारिक क्षेत्र में वे पक्के वेदांती थे, तो भावना के क्षेत्र में विष्णु के अवतार कृष्ण, राम तथा परशुराम में भी उनकी समान रूप से श्रद्धा थी। शिव के भी वे उतने ही भक्त थे जितने विष्णु के। पूर्वजन्मों के कर्मों से भावी जन्मों की परंपरा बनती है। फिर मोक्ष कैसे मिले? इसका एक ही उपाय है- समाधि में विष्णु का ध्यान।

■ ■ ■

R - 31

भारतीय संस्कृति में गुरुशिष्यपरम्परा

डॉ. माधुरी गुप्ता
डॉ. निरंजन साहु

भारतीय संस्कृति में गुरु को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। गुरु का शाब्दिक अर्थ है- गु = अंधकार को, रु = दूर करने वाला। अतः गुरु वह है जो शिष्य के अंतस्तल के अंधकार तथा जीवन में आने वाले अंधकार को दूर करता है। मनुस्मृति में गुरु की परिभाषा देते हुए कहा गया है कि जो गर्भाधान आदि कर्मों को यथाविधि करता है और अन्न से (शिष्य को) सम्मानित करता है वह विप्र गुरु कहलाता है। अन्यत्र कहा गया है कि अल्प अथवा अधिक वेदज्ञान द्वारा जिसका उपकार करता है, वेदज्ञान के उस उपकार से वह उस (शिष्य) का गुरु कहलाता है।

प्राचीनकाल में यहाँ अनेकविध कलाएं एवं शिक्षाएं प्रचलित थीं तथापि इसे विश्वगुरु की उपाधि अध्यात्म के क्षेत्र में प्राप्त थी। सब प्रकार के ज्ञान के होते हुए भी यह देश अध्यात्म-ज्ञान में विश्व का सिरमौर रहा है।

यद्यपि गुरु-शिष्य के अनेक प्रशंसनीय एवम् अनुकरणीय उदाहरण हमारी संस्कृति और साहित्य में प्राप्त होते हैं। जैसे- धौम्य - उपमन्यु, आरुणि। सांदीपनि - कृष्ण। द्रोणाचार्य - अर्जुन इत्यादि। तथापि गुरुशिष्य के श्रेष्ठ आदर्श यम-नचिकेता तथा कृष्णा - अर्जुन हैं।

गीता में अर्जुन के शिष्यरूप के दर्शन होते हैं जहाँ वह श्रीकृष्ण से कहता है कि - 'शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्।' अर्जुन के शिष्यत्व से प्रसन्न होकर श्रीकृष्ण ने उसे उपनिषदों का सार ज्ञानरूप में दिया जो श्रीमद्भगवद्गीता के नाम से प्रसिद्ध है।

वे गुरु जो शिष्य द्वारा चाहे जाने पर अपना समस्त ज्ञान शिष्यों को दे देते हैं और ऐसे शिष्य जो गुरु की आज्ञा को दण्डवत् प्रणाम कर स्वीकार कर लेते हैं- भारतीय संस्कृति के प्राण हैं। इस प्रसंग में छान्दोग्योपनिषद् में प्राप्त सत्यकाम जाबाल की कथा दर्शनीय है। जहां जबालापुत्र सत्यकाम गौतम गोत्रोत्पन्न हारिद्रुमत ऋषि के पास जाकर उनकी आज्ञानुसार गो-पालन एवं गो-सेवा द्वारा मानवेतर तत्वों के माध्यम से आत्मज्ञान प्राप्त करता है।

ऐसे समस्त दृष्टिकोणों को आधार मानकर यहाँ गुरु-शिष्यसंबंधों पर लेख लिखने का प्रयत्न किया गया है।

■ ■ ■

R - 32

आधुनिकता के अग्रदूत – स्वामी दयानन्द सरस्वती

कर्मबीर सिंह सिहाग

जिन महापुरुषों ने भारतीय धर्म, संस्कृति, समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में योगदान दिया, उनमें महर्षि दयानन्द का योगदान अन्यतम है। महर्षि दयानन्द ने मानव जाति को सत्यार्थ प्रकाश के रूप में अमृत का उपहार प्रदान किया। उनका मानना था कि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा ही हो सकती है।

महर्षि के मतानुसार हिंदू धर्म व समाज में जो भी कुरीतियाँ प्रवेश कर गई हैं इनका मुख्य कारण सत्य सनातन वैदिक शिक्षाओं को भूला देना है। उन्होंने वेदों का उदाहरण देते हुए स्त्री शिक्षा पर विशेष बल दिया। उनका मानना था कि विद्याध्ययन किए बिना स्त्री घर का संचालन सही ढंग से नहीं कर सकती। उन्होंने बाल विवाह एवं अनमेल विवाह का पुरजोर विरोध किया। उनका मानना था कि विधवा स्त्री का पुनर्विवाह होना चाहिए। उन्होंने पर्दा प्रथा का भी विरोध किया। वे स्वराज्य, स्वदेशी एवं स्वभाषा के पक्षधर थे। उन्होंने हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं साक्षरता को बढ़ाने पर बल दिया।

समकालीन लेखों पर ऋषि दयानन्द और सत्यार्थप्रकाश में वर्णित मान्यताओं का प्रभाव स्पष्ट है। उन्होंने सामाजिक भेदभाव एवं छूआछूत आदि कुरीतियों का विरोध किया। इस प्रकार आधुनिक युग में अशिक्षा एवं अंधविश्वास के गहन अंधकार में सोए भारतीय समाज को जगाने वाले स्वामी दयानन्द ही थे। जिन्होंने सभी वर्गों के लिए शिक्षा का आह्वान किया। स्वामी जी को राष्ट्र का रक्षक कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

■ ■ ■

R - 33

भारतीय धार्मिक ग्रंथों में सद्भावना

प्रो. सुषमा देवी गुप्ता

हमें यह भली भाँति समझ लेना चाहिए कि भारतीय सभी धर्मों के धार्मिक ग्रथों में प्रवाहित होने वाली ज्ञान की धारा एक ही है। जिस प्रकार कामधेनु के चारों स्तनों से निःसृत होने वाली

अमृत की धारा एक ही होती है उसी प्रकार सभी धर्मों में विद्यमान ज्ञान की धारा एक ही है। सभी धार्मिक ग्रंथों ने मानव को अहिंसा, दया, नैतिकता, सत्य, ईमानदारी एवं आपसी भाईचारे का पाठ पढ़ाया है। भारतीय सर्वप्राचीन धार्मिक ग्रंथ वेदों को समस्त धर्मों का मूल माना गया और कहा गया है कि भूत, वर्तमान और भविष्य सब वेदों से ही निकला है। ऋग्वेद में सद्भावना के गीते गाते हुए कहा गया है- जिस प्रकार दो पृथक्-पृथक् जल मिल कर एक हो जाते हैं उसी प्रकार हम सबके हृदय भी एक हो जाए। ऋग्वेद के संगठन (संज्ञान) सूक्त का उद्देश्य ही सामाजिक सद्भाव एवं एकता की स्थापना करना है। इसीलिए वहाँ कहा गया है कि 'संगच्छध्वं संवदध्वं .... यथा वः सुसहासति'।

यजुर्वेद में केवल मनुष्यों के साथ ही नहीं वरन समस्त प्राणियों के साथ सद्भाव बनाए रखने की कामना करते हुए वैदिक ऋषि का कथन है: 'मित्रस्य चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्। मित्रस्याऽहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।। अर्थात् सृष्टि के समस्त प्राणियों में हम मित्र भाव का दर्शन करें तथा हम सभी एक दूसरे को मित्रभाव से देखें। 'सर्वा आशा मम मित्रं भवन्तु' अर्थात् सभी दिशाओं के लोग मेरे मित्र बनें।

बौद्ध धर्म एवं जैन धर्म के धार्मिक ग्रंथों में यत्र-तत्र सर्वत्र मानवीय पारस्परिक प्रेम, सहनशीलता, सद्भावना की प्रशस्ति गाई गई है। सिक्ख संप्रदाय के धार्मिक ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में भी ईश्वरीय प्रेम के माध्यम से मानव मात्र को एक सूत्र में बांधने का शंखनाद किया गया है। मुस्लिम धर्म के धार्मिक ग्रंथ कुरान पाक में भी सद्भावना की कड़ी पैरवी की गई है। इसी प्रकार ईसाइयों के धार्मिक ग्रंथ बाइबिल में भगवान् यीशू ने स्थान-स्थान पर प्राणियों के लिए सद्भावना का उपदेश दिया है। इस प्रकार उपर्युक्त विवरण से स्वतः स्पष्ट है कि धार्मिक सद्भावना के क्षेत्र में धार्मिक ग्रंथों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपर्युक्त विषय का विस्तृत चिन्तन, मनन शोध पत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।

■ ■ ■

R - 34

विवाह संस्कार में विनियुक्त मंत्रों और तत्सम्बद्ध क्रियाओं के निहितार्थ और संदेश

डॉ. सरस्वती

भारतीय संस्कृति का वह तत्त्व जो इसे विश्व की अन्य संस्कृतियों से पृथक् करता है तथा अन्यों की अपेक्षा इसे उत्कृष्ट बनाता है, वह है इसकी संस्कार-व्यवस्था। यह संस्कार-व्यवस्था

वस्तुतः भारतीय संस्कृति का प्राण है। यह मानव-निर्माण की ऐसी अद्‌भुत योजना है, जो शताब्दियों और सहस्राब्दियों से समय की कसौटी पर खरी उतरी है। संस्कार व्यक्ति को व्यवस्थित करके समाज को सुव्यवस्थित बनाने की अद्‌भुत पद्धति है, जो अपने आप में अद्वितीय है। किस प्रकार ये संस्कार, इनमें प्रयुक्त सांकेतिक क्रियाएं और विनियुक्त मंत्र व्यक्ति के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन लाते हैं, यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण शोध का विषय है। आज जब हमारे जीवन में संस्कार नाममात्र को ही केवल कर्मकांड तक सीमित हो गए हैं, ऐसी स्थिति में उन संस्कारों में निहित संदेहों और निहितार्थों का पुनः प्रतिष्ठापन अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह एक अत्यंत विस्तृत विषय है जो गहन चिन्तन की अपेक्षा रखता है। संस्कारों में विनियुक्त मंत्र और क्रियाएं सार्थक और सप्रयोजन हैं, जो किसी विशेष संदेश को अपने में समेटे हुए हैं। यही कारण है कि प्रस्तुत शोधपत्र में मैंने विवाह संस्कार में विनियुक्त मंत्रों और तत्सम्बद्ध क्रियाओं के निहितार्थ और संदेश को लेखनी का विषय बनाने का निश्चय किया है, जिसकी संभावित संक्षिप्त रूपरेखा इस प्रकार है- 'संस्कार' शब्द का अर्थ, संस्कारों के उद्देश्य एवं उपयोगिता, संस्कारों की संख्या, विवाह संस्कार का महत्व और संस्कारों में उसकी स्थिति, विवाह संस्कार में प्रयुक्त विविध मंत्र और उनसे सम्बद्ध क्रियाओं के निहितार्थ संदेश और निष्कर्ष।

■ ■ ■

R - 35

धर्मशास्त्र में प्रमुख मैथिल विद्वानों का योगदान

प्रो. ललन कुमार झा

'मथ्यन्ते रिपवः अस्याम्'- इस निर्वचन से निष्पन्न मिथिला प्राचीन काल से ही विद्या के क्षेत्र में संपूर्ण विश्व में विश्रुत रहा है। यद्यपि पुराण, न्याय, मीमांसा, वेद-वेदांग के क्षेत्र में मैथिल मनीषी गणों का योगदान तो रहा ही है। लेकिन धर्म चिन्तन में भी मिथिला की अग्रणी भूमिका है। गौतम, याज्ञवल्क्य प्रभृति धर्मशास्त्रकार मनीषीगणों के अतिरिक्त समीक्षावधि में जिस ग्रंथ का निर्माण हुआ है, उसमें भी मैथिल विद्वानों का अप्रतीम योगदान रहा है, जिसका समय अष्टम शताब्दी के आसपास है और जो निबंध ग्रंथ के रूप में समादृत है, उसके निर्माण में भी मैथिल विद्वानों का विशिष्ट अवदान है। धर्मशास्त्रीय निबंधकार के रूप में मैथिल मनीषीयों में श्रीदत्त उपाध्याय, चंडेश्वर, हरिनाथ, रूद्रधर, मिसरू मिश्र, वाचस्पति, विद्यापति, महेश ठाकुर, गोकुलनाथ, अमृतनाथ, त्रिलोकनाथ, मुकुन्द झा 'बक्सी', परमेश्वर झा प्रभृति प्रसिद्ध हैं। धर्मप्राण भारतवर्ष में मिथिला के स्थान को भारत के अन्य क्षेत्रीय मनीषियों ने भी स्वीकार किया है। धर्मशास्त्र के क्षेत्र

में संपूर्ण देश में मिथिला का धर्म पताका फहराता रहा है। यातायात की कठिनता के कारण प्राचीन काल में जो धर्मग्रंथ जहाँ लिखा गया वहीं प्रमाणित होता गया, लेकिन विशाल भारतवर्ष में सुदूर उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम पर्यंत एक ही धर्म का व्यवहार हो यह संभव नहीं था। इसके अतिरिक्त विभिन्न पर्व तिथि आदि के प्रसंग में रामायण, महाभारत, पुराणादि ग्रंथ में जो चर्चा हुई है और विशेष उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उसके फलाफल पर भी विचार किया गया है। रामायण, महाभारतादि के इस वचन को मिथिला में पर्याप्त आदर मिलता रहा है। धर्मशास्त्र समीक्षक निबंधकारों ने इस प्राचीन ग्रंथ के वचन को आदर देते हुए अपने निबंध ग्रंथ में उसका सन्निवेश किया। ऐसे ग्रंथ समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हुए।

धर्म चिन्तन की पराकाष्ठा के कारण ही धर्मशास्त्र के क्षेत्र में यह वाक्य प्रसिद्ध है– 'धर्मस्य निर्णयो ज्ञेयो मिथिला – व्यवहारतः'। उक्त वाक्य सभी तरह से समीचीन है।

■ ■ ■

R - 36

ओड़िशी भक्ति के स्रोत और सिद्धांत

प्रो. रवीन्द्र नाथ मिश्र

भारतीय धर्मसाधना काफी पुरानी है। यहाँ के मूल अधिवासियों के गुरुदेवता, कुलदेवता, ग्रामदेवताओं की संख्या अनगिनत रही है। यह परंपरा आज तक चली आ रही है। भक्ति मार्ग सुलभ है। यह मनुष्य के मन से फूट निकली। यह ज्ञान मार्ग की तुलना में सुलभ मानी गई। सरल स्वभाव, निष्कपटता, यथा लाभ संतोष यही भक्ति की मुख्य पृष्ठभूमि है और मुख्य लक्षण भी। नदियों की तरह यह धारा भारतीय संस्कृति में बहती चली आ रही है, लक्ष्य अनंत ब्रह्म–सागर में अपने को खो देना, अपने अस्तित्व को मिटा देना। अनेक धाराओं के विचार जब एक चीज को पाने की कामना से आगे बढ़ते हैं तब वह आंदोलनात्मक रूप लेता है। यह कहाँ से निकली किन–किन मार्गों से गतिशील हुई यह बताना कठिन है, परंतु विद्वानों के मतानुकूल यह दक्षिण से निकलकर उत्तर की ओर चली तो पूरव और पश्चिम के किनारों को स्पर्श करती हुई, अंगड़ाई लेती हुई। समग्र भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए इन्होंने अपनी सहृदयता, विशालता को ध्यान में रखा और अवक्षयमान मनुष्यत्व को देवोपम बनाने की कोशिश की। यह धारा वैदिक साहित्य से लेकर आजतक प्रवाहित मानी जाती है।

भक्ति के उद्‌भव और विकास में मत मतांतर होने पर भी इतना अवश्य है कि भारतीय भक्ति साधना के क्रमिक विकास में जगन्नाथ धर्म और ओड़िशी भक्ति का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान

रहा है। भक्ति की पावन धारा विभिन्न विद्वानों आचार्यों के द्वारा उत्तर की ओर लाई गई। जगन्नाथ धाम में होती हुई यह उत्तर में पहुँची। तब तक शंकराचार्य के द्वारा चार धामों की प्रतिष्ठा हो चुकी थी। क्रमशः ओड़िशी भक्ति के मौलिक तत्वों में स्मार्त मत, बौद्ध मत और अंत में कृष्णा भक्ति का अद्‌भुत समन्वय हुआ। ओड़िशा में प्रवाहित भक्तिधारा को ओड़िशी भक्ति के रूप में अभिहित करते हुए इसकी आलोचना की जाएगी तो प्रबंध का उद्देश्य साधित होगा।

■ ■ ■

R - 37

आधुनिक सामाजिक परिदृश्य में धर्म और सांप्रदायिकता

डॉ. किरन बाला

विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में कुछ विश्वासों एवं विचारधाराओं का जन्म हुआ। कालांतर में यही विश्वास धर्म के रूप में विकसित हुआ। धर्म की प्रकृति को टायलर आत्मवाद के आधार पर स्पष्ट करते हैं। मैक्समूलर प्राकृतिक शक्तियों के रूप में और फ्रेजर अलौकिक शक्तियों को नियंत्रित करने के लिए जादुई क्रियाओं के रूप में विश्लेषित करते हैं। दुर्खीन पवित्र एवं अपवित्र वस्तुओं के आधार पर धर्म को प्रस्तुत करते हैं। सामाजिक बदलावों के साथ ही धर्म के स्वरूप में भी परिवर्तन आया। प्रारंभ में जहाँ धर्म मानव जीवन के जटिल तत्वों के प्रति प्रतिक्रिया के रूप में विकसित हुआ था। किन्तु आधुनिक समाज में धर्म का विकृत रूप सांप्रदायिकता के रूप में सामने आया है। यद्यपि विशुद्ध रूप से धर्म किसी भी समाज को विखंडित नहीं कर सकता। सभी धर्मों के उद्देश्य लगभग समान हैं। विश्व के विभिन्न देशों में सांप्रदायिकता के रूप में भिन्नता है। कुछ देशों में प्रजातीय आधार पर संघर्ष हुए तो कुछ देशों में जाति एवं धर्म के आधार पर। धर्म आस्था, प्रेम व सहिष्णुता का प्रतीक है। किन्तु आज एक धर्म के अनुयायी दूसरे धर्म के प्रति विद्वेष की भावना रखते हैं और उनके धार्मिक मूल्यों को ठेस पहुँचाने का कार्य करते हैं। यह भावना धार्मिक अंधभक्ति में परिणित होकर सांप्रदायिक हिंसा के रूप में सामने आती है।

प्राचीन काल से ही भारत में विभिन्न धर्मों का समन्वय रहा है। भारत में सांप्रदायिकता की समस्या स्वतंत्रता के आंदोलन से ही प्रारंभ हो गयी थी। किन्तु आजादी के इतने वर्षों बाद भी दिशाहीन नेतृत्व एवं राजनीतिक स्वार्थ के कारण यह आज भी मौजूद है। अतः प्रस्तुत अध्ययन में यह स्पष्ट करने का प्रयत्न किया गया है कि आधुनिक संदर्भ में किस प्रकार धर्म सांप्रदायिकता का रूप लेकर विकृत होता जा रहा है। इसके परिणामों को भी स्पष्ट किया गया है।

■ ■ ■

R - 38

भौतिकवादी जीवन एवं भगवद्गीता का संदेश

डॉ. गीता परिहार

आधुनिक भौतिकता की चकाचौंध में संस्कृत से इतर लोगों के मध्य वाल्मीकीय-रामायण एवं महाभारत जैसे मानवीय मूल्य निर्देशक ग्रंथों का महत्व अल्प होता जा रहा है। 21वीं सदी की पीढ़ी तो तुलसीकृत रामचरितमानस को ही रामायण के रूप में समझती है। यह नवीन पीढ़ी आधुनिक खान-पान, वेशभूषा के साथ-साथ आधुनिक पाश्चात्य ग्रंथों अथवा इंटरनेट पर उपलब्ध सूचनाओं तक ही सीमित हो गई है। यही कारण है कि अध्यात्मप्रधान भारत देश में आज वे सब समस्याएं अपना विकराल रूप धारण कर रही हैं, जो कल तक पाश्चात्य देशों की समस्याएं समझी जाती थीं। आज हमारे देश में इन्होंने जड़ें जमा ली हैं। ऐसी स्थिति में मेरा मानना है कि महाभारत से संकलित अपनी अलग दृढ़ स्थिति बनाने वाले पवित्र ग्रंथ भगवद्गीता को यदि जन-जन तक पहुँचाया जाये तो अवश्यमेव सुधार की स्थिति आएगी।

भगवद्गीता एक दार्शनिक ग्रंथ है। वस्तुतः अर्जुन की युद्ध के प्रति विरक्ति उस विशेष अस्तित्वपरक परिस्थिति से उत्पन्न होती है, जहाँ से प्रायः दार्शनिक-चिन्तन का आविर्भाव होता है। अर्जुन किसी भौतिक लिप्सा, राजसी सुख अथवा स्वर्गादि प्राप्ति की लालसा से युद्ध करने का इच्छुक नहीं था। अतः एतत्संबंधी लंबे संवाद के बाद श्रीकृष्ण अर्जुन को स्थित-प्रज्ञ होकर युद्ध करने का परामर्श देते हैं। 'स्थित-प्रज्ञ' के विषय में विस्तृत विवरण शोध-पत्र में उल्लिखित है। अंत में मैं यहीं कहूँगी कि आज की सभ्यता का मूल संकट भौतिक संकट है और जब तक मानव विमर्शात्मक चिन्तन द्वारा अपने मानवीय स्वरूप पर विचार करता रहेगा, तब तक गीता के स्थितप्रज्ञता के संदेश की प्रासंगिकता बनी रहेगी।

■ ■ ■

R - 39

दान का स्वरूप और महत्त्व : मनुस्मृति एवं अनुशासनपर्व के तुलनात्मक संदर्भ में

रीजा

दान संबंधी साहित्य अत्यंत प्राचीन हैं। ऋग्वेद में विविध प्रकार के दानों का उल्लेख मिलता है। महाभारत के प्रायः सभी पर्वों में दान संबंधी संकेत मिलते हैं।

मनुस्मृति में 12 अध्याय हैं जिनमें अनेक विषयों का उल्लेख मिलता है। मनु ने दान का उल्लेख करते हुए कहा है – राजा को धर्म के भिक्षुक ब्राह्मणों को निर्धन मानकर विद्यानुसार गौ, सोना, अन्न और वस्त्र दान देना चाहिए। जो मनुष्य वेदज्ञाता ब्राह्मण तथा पुत्र-स्त्री आदि परिवार से युक्त ब्राह्मण के लिए धन दान देता है वह मृत्यु के पश्चात् स्वर्ग को प्राप्त करता है। मनुस्मृति में दान देने से पूर्व मनुष्य पर उसके परिवार का दायित्व सौंपा है। जो मनुष्य अपने परिवार के दुःखी होने पर भी दान तो देता है किन्तु अपने परिवार का पालन पोषण नहीं करता है वह दान देने के कारण समाज में शहद के समान मीठा और इसके पश्चात् परिवार को कष्ट देने के कारण विष के समान कटु एवं पाखण्डी होता है। मनुस्मृति में क्षत्रिय के लिए दान के महत्व को बताते हुए कहा गया है – प्रजारक्षण के उपरांत दान देना क्षत्रिय का धर्म होता है।

महाभारत के अनुशासनपर्व में 154 अध्याय हैं। यह संपूर्ण पर्व ही दान-धर्म के रूप में चित्रित हुआ है। इस पर्व में नचिकेतोपाख्यान के माध्यम से गोदान की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। इसी प्रकार से इस पर्व में तिलादिदान, दीपदान,, भूमिदान, अन्नदान आदि अनेक प्रकार के दान के विषय प्रतिपादित किए गए हैं। उपर्युक्त दोनों ही ग्रंथों में अनेक प्रकार के दान और उनसे प्राप्त होने वाले फलों का वर्णन किया गया है। प्रस्तुत शोधपत्र में इन दोनों महत्वपूर्ण ग्रंथों के पाठ में मिलने वाले दान-संबंधी संदर्भों का विश्लेषण करके दान की आवश्यकता, उपयोगिता तथा महत्व का वर्णन किया गया है।

■ ■ ■

R - 40

विश्वसभ्यता-संस्कृति में संस्कृत का योगदान

प्रो. डॉ. जगन्नाथ झा

संस्कृत देववाणी के रूप में विख्यात है। वेद में संपूर्ण विश्व को आर्य बनाने की कामना की गई है – 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्'।

जीवन पद्धति के प्रकर्ष हेतु सभ्यता का आश्रय लिया जाता है। संस्कृत में रचित निगमागम के ग्रंथ सभ्यता के अनेक आदर्श प्रकट करते हैं। वेदपुराण, रामायण और महाभारतादि ग्रंथों में भारतीय सभ्यता और उसके प्रभाव का बहुविध वर्णन है। देवसभ्यता और दनुज सभ्यता का वर्णन संस्कृत वाङ्मय में सर्वथा उपलब्ध है। देव सभ्यता के सम्पोषक ऋषिगण थे तथा दनुज सभ्यता के पोषक शुक्राचार्य थे। दानव सभ्यता को कर्मसभ्यता भी कहा जाता है। कहा जाता है कि शुक्राचार्य के पुत्र मर्क ने जहाँ असभ्यता का विस्तार किया, उस क्षेत्र का नाम दानवमर्क है जिसे अभी डेनमार्क

कहा जाता है। अमेरिका, इंग्लैंड आदि देशों की सभ्यता भारतीय सभ्यता से ही अनुप्राणित है। वेद में विमान विद्या, इंजेक्शन विद्या, चिकित्सा विद्या आदि का जो उल्लेख है उससे संपूर्ण विश्व तो प्रभावित है ही। यह उक्ति सर्वथा उचित है कि अन्य देश मानवों की जन्मभूमि है और भारत मानवता की जन्मभूमि है।

वस्तुतः संस्कृतवाङ्मय के ग्रंथ संपूर्ण विश्व में भारतीय सभ्यता और संस्कृति के महान् संवाहक हैं। इसी तरह भारतीय दर्शन के ग्रंथ सांस्कृतिक मर्यादा के प्रचारक माने जा सकते हैं। बह्म, जीव, माया, जगत्, कर्म, समाधि, सुख आदि के विवेचन के क्रम में संस्कृति के विविध आदर्शों की प्रस्तुति दृष्टिगत होती है। उपनिषदों में ब्रह्मज्ञान के विवेचन क्रम में संस्कृति के अनेक रूपों की व्याख्या हुयी है।

■ ■ ■

R - 41

श्रीमद्भगवद्गीता में व्यक्तित्व दर्शन : एक मनोवैज्ञानिक अध्ययन

धनजी तिवारी

श्री महाभारत के भीष्म पर्व की अंगभूत गीता में व्यक्तित्व का वर्णन जिस प्रकार किया गया है, वस्तुतः वह शोध का विषय है। भगवान् श्री कृष्ण कहते हैं ना तुम इस देह के हो ना देह तुम्हारा है। देह के रूप में मैं की अनुभूति भ्रम है। व्यक्त कर्ता परमात्मा का अंश व्यक्ति के रूप में तुम आत्मा हो तथा तुम्हारे गुण और कर्म का संमिश्रित रूप यश (कृति) ही तुम्हारा व्यक्तित्व है। भगवान् श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन का व्यामोह भंग करने के लिए प्रेरित किया जाना, स्थित प्रज्ञता का स्वरूप स्पष्ट किया जाना, क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ की महिमा प्रदर्शित किया जाना तथा गुणातीत, द्वंद्वातीत, ज्ञानी, कर्मयोगी, भक्त आदि अनेक शब्दों का प्रयोग एक ही व्यक्ति के लिए सीधे उसके व्यक्तित्व को इंगित करता है।

आज मनोविज्ञान जिन विषयों का अध्ययन निरीक्षण, प्रयोग और विश्लेषण द्वारा कर रहा है, उन सभी विषयों का क्रमबद्ध वर्णन भगवान् श्री कृष्ण की गीता में अंतर्दर्शन विधि द्वारा किया गया है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानसिक तनाव की स्थिति उत्पन्न होने पर गीता का उपदेश एक सहज विधि के रूप में प्रयुक्त होता दिख रहा है। गीता का उपदेश व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित करता है। इसी कारण गीता को उपनिषदों का भी उपनिषद् कहा गया है।

श्रीमद्भगवद्गीता में व्यक्तित्व का वर्गीकरण गुणाधारित आसुरी और दैव वृत्ति के रूप में किया गया है। दैविक व्यक्तित्व वाले सत्यभाषी, क्रोध तथा अभिमान रहित, उपकारी, दयालु,

मृदु, सरल, क्षमाशील, तेजोवान्, शास्त्र विरुद्ध व अनुचित कर्मों के प्रति लज्जाशील तथा किसी के प्रति घृणा न रखने वाले होते हैं। इसके विपरीत आसुरी व्यक्तित्व वाले पाखंडी, घमंडी, अभिमानी, क्रोधी, कटुभाषी और अज्ञानी होते हैं। दैविक संपदा वाले कैवल्य (मुक्ति) की ओर गतिशील रहते हैं तथा आसुरी संपदा वाले बंधनों को प्राप्त करते रहते हैं।

इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीता में व्यक्ति के जन्म और मृत्यु के बाद का भी मनोविज्ञान दृष्टि गोचर होता है। गीता में मनोविज्ञान के वैसे पहलुओं का भी सांगोपांग एवं सारगर्भित चित्रण प्रस्तुत किया गया है जिसे किसी प्रयोगशाला में लाया जाना कठिन नहीं अपितु असंभव है। अर्थात् व्यक्तित्व का संपूर्ण स्वरूप श्रीमद्भगवद्गीता में विवेचित है।

■ ■ ■

R - 42

स्वामी रामानन्द की राम-भक्ति परम्परा

डॉ. गिरीश कुमार

भक्ति की उत्पत्ति भज् धातु से हुई है जिसका अर्थ भजना है। नारद के अनुसार यह परमप्रेमरूपा और अमृतस्वरूपा है, जिसे प्राप्त कर मनुष्य सिद्ध अमर और तृप्त हो जाता है। "सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा, अमृतस्वरूपा च" भगवान् को प्राप्त करने के साधनों में कर्म, ज्ञान, योग और भक्ति मार्ग की गणना होती है। सहज साध्य होने के कारण आचार्यों ने भक्तिमार्ग को प्रमुखता दी है।

भागवत तथा ब्राह्मण धर्म के समन्वय से वैष्णव धर्म की उत्पत्ति हुई। इस समय से लेकर भक्तिभावना विष्णु नारायण वासुदेव कृष्ण में केंद्रीभूत होकर उत्तरोत्तर विकसित होने लगी। ईसवीं सन् के प्रारंभ से राम भी विष्णु के अवतार के रूप में स्वीकृत होने लगे। शास्त्र का सहारा पाकर राम भक्ति की प्रतिष्ठा और इसके क्षेत्र बढ़ने लगे। श्री संप्रदाय उन चार संप्रदायों में से एक है, जो शंकराचार्य के मायावाद के प्रतिक्रिया स्वरूप उत्पन्न हुए और अवतारवाद को स्वीकार कर भक्ति का दार्शनिक आधार प्रस्तुत करते हैं। श्री संप्रदाय के प्रवर्तक रामानुजाचार्य ने अपने श्री भाष्य में अवतारों में राम और कृष्ण दोनों का उल्लेख किया है। रामानुजाचार्य ने जहाँ ब्राह्मण और अब्राह्मणों के लिए भक्ति के वेदानुकूल भक्ति और तांत्रिक तथा पौराणिक भक्ति नामक दो भेद निरूपित किए वहाँ उन्हीं की परंपरा को उत्तर भारत में संचारित करने वाले स्वामी रामानन्द ने भक्ति के क्षेत्र में भेद की दीवार को खड़ा नहीं रहने दिया। उन्होंने भक्ति को स्त्री, पुरुष, ब्राह्मण और अब्राह्मण सबके लिए सेव्य बना दिया। जनसाधारण में राम भक्ति की अद्वितीय लोकप्रियता का श्रेय स्वामी रामानन्द जी को जाता है।

■ ■ ■

R - 43

अहिंसा मानव जीवन का आदर्श

कुमार अरविन्द सिंह

मनुष्य सुख का इच्छुक है। वह सुख से जीना चाहता है। उसके सुख में किसी प्रकार की बाधा पहुँचती है तो वह बेचैन हो जाता है। सुख के लिए इतनी गहरी तड़प होने पर भी वह कष्टों से घिर जाता है, क्योंकि सुख का अमोघ साधन है - अहिंसा। जब तक अहिंसा की चेतना नहीं जागती, अल्प मात्रा में जागती है, तब तक व्यक्ति अहिंसा के सहारे चलता है। अहिंसा एक प्रकार का उद्वेग है। उद्वेग के रहते सुख-शांति या आनन्द का अनुभव नहीं हो सकता, इसलिए उद्वेगमूलक प्रवृत्ति से बचना जरूरी है।

अहिंसा जीवन का एक खतरनाक मोड़ है। इस मोड़ पर घुमाव है, फिसलन है और अंधेरा भी है। अहिंसा का रास्ता कुछ लंबा अवश्य है, पर वहाँ न तो कोई खतरनाक मोड़ है, न फिसलन है और न अंधकार। ऐसे रास्ते पर व्यक्ति निश्चिंतता के साथ आगे बढ़ता है और समय से पहले ही मंजिल तक पहुँच जाता है। अहिंसा के दो अंग हैं- सापेक्षता और सह अस्तित्व। इनका स्रष्टा है अनेकान्त। आज संसार एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ से आगे बढ़ने के लिए उसे अनेकान्त की जरूरत है। अनेकान्त की बैशाखी के सहारे मनुष्य शांति की दिशा में प्रस्थान कर सकता है और शांति से जीवन-यापन कर सकता है। अहिंसा के दो रूप है- आचारात्मक और विचारात्मक। हत्या न करना, दुःख न देना आदि अहिंसा के आचारात्मक पक्ष हैं। विचारात्मक अहिंसा इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। विचारों में उतरकर ही अहिंसा या हिंसा को सक्रिय होने का अवसर मिलता है। वैचारिक हिंसा अधिक भयावह है। विचारों की शक्ति की थाह पाना बहुत मुश्किल है। अहिंसा एकमात्र सकारात्मक चिंतन पर खड़ी है। सकारात्मक चिन्तन अनेकान्त की उर्वरा में ही पैदा हो सकता है। अनेकान्त के बिना विश्वशांति की कल्पना हो ही नहीं सकती।

■ ■ ■

R - 44

भारतीय राज्य शास्त्र में मनु और याज्ञवल्क्य

डॉ. महन्थ मिथिलेश दास

प्राचीन भारत में निवास करने वाली हिन्दू जाति ने विभिन्न राजनीतिक प्रणालियों का उपयोग किया है। हिन्दू राज्यशास्त्र के साहित्य की रचना ईसा से लगभग 65 वर्ष पूर्व शुरु हो गई थी।

प्राचीन भारत में राज्यशास्त्र को विभिन्न नामों से अभिहित किया जाता था। जैसा- राज्यधर्म, नीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र आदि। मनुस्मृति के सातवें अध्याय में हिन्दू राजनीति के लिए राज्यधर्म शब्द का प्रयोग किया गया है। राज्यशास्त्र में चूँकि राजा प्रजा पर पुत्रवत् स्नेह करके पालन-पोषण करता है, इसलिए उसको ईश्वर का रूप प्रदान किया गया है।

प्राचीन भारतीय शासन प्रणाली के इतिहास और स्वरूप के संबंध में स्मृति ग्रंथों का बहुत अधिक महत्व है। धर्म के निर्णय में वेदों के पश्चात् स्मृति ग्रंथों का ही महत्व है। स्मृतियों में भी मनुस्मृति एवं याज्ञवल्क्य स्मृति का अधिक महत्व है। शासन के उद्भाव के संबंध में मनु ने दैवी सिद्धांत का प्रतिपादन किया है। आदि काल में आसुरी वृत्तियों के प्रबल होने पर चराचर की रचना के लिए प्रभु ने राजा की सृष्टि की। राजा के सृजन के हेतु आठ लोकपाल देवताओं - इन्द्र, वायु, यम, सूर्य, अग्नि, वरुण, चन्द्र और कुबेर के अंशों को लिया गया। राजा में सभी देवताओं का योग होने के कारण उन्हें विशिष्ट देव कहा गया है। राजा को मनु ने धर्म का प्रतिपालक और प्रेरक कहा है। राजा धर्म में स्थिर रख कर प्रजा का कल्याण करता है। यह धर्म शब्द व्यापक अर्थ में है। इसमें संसार का यथार्थ सत्य का समावेश है। मनु ने अपने स्मृति में दंड को ही सबसे ऊँचा रखा है। मनु ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि दंड ही वास्तव में सजा है।

राज्यशास्त्र को शुरु-शुरु में राजधर्म कहकर भी अभिहित किया जाता था। लेकिन समय के साथ-साथ इसकी शब्दावली में भी परिवर्तन होता गया और इसको दंडनीति के नाम से अभिहित किया जाने लगा। याज्ञवल्क्य स्मृति के अनुसार राजा को उत्साही, कृतज्ञ, वृद्धसेवी, विनयी, सत्यवादी, शूर, अव्यसनी, पंडित, आत्मवेत्ता और राज्यविद्या में निपुण, लाभ के उपायों का ज्ञाता तथा वेद त्रयी का मर्मज्ञ होना चाहिए। याज्ञवल्क्य स्मृति में राजा द्वारा अवैध कार्य करने पर उसको शासक पद से हटाया जा सकता है। उसको परिवार सहित देश से निष्कासित किया जा सकता है। याज्ञवल्क्य ने चार प्रकार के न्यायालयों का वर्णन किया है। न्याय करने के लिए राजा विशेष न्यायाधिकारी नियुक्त करता है। वे धर्म और निधि के अनुसार न्याय करता है।

मनु की अपेक्षा याज्ञवल्क्य ने राजा की निरंकुशता पर अधिक रोक लगाई है। याज्ञवल्क्य में राजा को अकेले ही कानूनों का स्रोत नहीं माना। राजा अकेला शासन व्यवस्था नहीं देख सकता। अत: वह सहायकों की नियुक्ति करता है। मनु ने इन सहायकों को सचिव कहा है और याज्ञवल्क्य ने मंत्री। दोनों स्मृतिकारों ने राजा को षाड्गुण्य ज्ञाता मंत्रियों के साथ एकान्त में मंत्रणा पर जोर दिया है।

■ ■ ■

R - 45

सुख, शांति और प्रगति का प्रतीक है नारी – एक खोज

प्रो. जयप्रकाश त्रिपाठी

मानव जीवन पद्धति में नारी विधाता की सर्वोत्तम परिकल्पना है। नारी किसी भी देश की सभ्यता एपं संस्कृति की मानदंड मानी जाती है। नारी संपूर्ण मानव जीवन का त्रय स्तम्भ है। जिस सुख के लिए पुरुष सतयुग से आज तक आकुल – व्याकुल होता रहा है। जहाँ पहँच कर पुरुष शांति को प्राप्त होता है और फिर उसकी प्रगति का प्रादुर्भाव होता है। वह एकल रूप लोक व्यवहार में नारी ही है। कालिदास, जयदेव, भवभूति आदि कवियों ने भारतीय नारी के स्वरूप को जिस तरह से अपने काव्यों में निरूपित किया है, उसमें पुत्री धर्म, पत्नी धर्म तथा माता धर्म को महत्वपूर्ण स्थान दिया है तथा इन्हीं तीनों रूपों की प्रशंसा की है।

शास्त्रों द्वारा दर्शायी गई स्त्रियों की स्वतंत्रता, स्त्रियों के सम्मान धर्म, विधवा धर्म, सती प्रथा, परदा प्रथा, स्त्रियों के योग एवं सन्यास के अधिकार, प्रेषित-भर्तृका के धर्म, यज्ञ में अधिकार तथा स्त्री-धनादि गुणों का विस्तार से उल्लेख किया है। परन्तु सभी पहलुओं का सर्वांगीण अवलोकन करने से नारी संबंधी जो नया कनसेप्ट (स्वरूप) दृष्टिगोचर होता है उससे जाहिर होता है कि दुनिया के सभी स्त्रियों में वह आयाम प्राकृतिक रूप से मौजूद है। जिसके बिना कोई भी पुरुष सुख, शांति और प्रगति को छू तक नहीं सकता। अतः हम कह सकते हैं कि सचमुच सुख, शांति और प्रगति का प्रतीक है नारी।

■ ■ ■

R - 46

अर्थपुरुषार्थ : नीतिग्रंथों के संदर्भ में

प्रो. मीरा शर्मा

भारतीय जीवन शैली में लौकिकता के साथ आध्यात्मिकता का अद्भुत समन्वय मिलता है। यही कारण है कि भारतीय मनीषा ने जहाँ मोक्ष को जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया वहीं धर्म, अर्थ और काम इस त्रिवर्ग को मोक्ष के साधन के रूप में मान्यता प्रदान की। सांसारिक भोग से संबंधित भौतिकतावादी तथा ब्रह्म को काम्य मानकर आध्यात्मिकतावादी दृष्टि दोनों को ही समन्वित

रूप में स्वीकार करते हुए पुरुषार्थ चतुष्टय की अवधारणा की। प्रभुत्वशक्ति और ऐश्वर्य प्राप्त करने की मानव की नैसर्गिक प्रवृत्ति को देखते हुए अर्थ को जीवन मूल्य के रूप में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया। किन्तु इसे एक साधनमूल्य ही स्वीकारा गया। केवल अर्थ ही व्यक्तियों के लिए एकमात्र जीवन का उद्देश्य न बन जाए इसलिए धर्म की व्यवस्था प्रारंभ से ही अर्थ के लिए आवश्यक मानी गई। नीतिशास्त्रीय ग्रंथों में अर्थ के उपार्जन, संचयन, संवर्धन, उपयोग एवं दुरुपयोग आदि विषयों पर सम्यक् प्रकाश डालते हुए लोक में समता एवं संतुलन के लिए अनेकशः अर्थ संबंधी नीतियों का निर्देश किया है। मानव की तीन एषणाओं में वित्तैषणा भी परिगणित है। किन्तु शुचि साधनों से अर्जित अर्थ ही इस जिजीविषा को संपन्न करने में सक्षम माना गया है। शुद्ध अर्थ को प्राप्त करने के लिए मनुष्य को सत्पात्र होना चाहिए। पात्र बनने के लिए विद्या और सदाचार की अपेक्षा होती है। सद्बुद्धि या विद्या के बिना सत्-असत् उचित-अनुचित का परिज्ञान ही नहीं हो सकता है। विनय और सदाचार के बिना अर्थ की सुरक्षा और उसका यथोचित विनियोग नहीं होता है। जिसके अर्थागम का मार्ग शुद्ध है और व्यय भी शुद्ध है अर्थात् जो सत्कर्म में अर्थ का अर्जन करता है और सत्कार्य में उसका व्यय करता है वही व्यक्ति अर्थ का योग्यतम पात्र अथवा योग्यतम अधिकारी है। किन्तु अर्थ का उपार्जन ऐसा हो जो धर्म से युक्त हो और जो धर्म अर्थ से संपन्न होता है वह निश्चय ही अमृत के समान होता है। इसलिए जो मनुष्य अपने मन में संयम रखकर जीवन में धर्म को प्रधानता देते हुए धर्माचरण करते हुए ही अर्थ को अर्जित करके उचित नीति से उसका सदुपयोग करना जानते हैं उन्हें 'धनाद् धर्मः ततः सुखम्' के अनुसार अन्तिम मोक्ष की प्राप्ति होती है। अर्थ मानव जीवन की सार्थकता के लिए साध्य भले ही न हो किन्तु साधन के रूप में यह जीवन के लिए परम आवश्यक है। पुरुषार्थ चतुष्टय के द्वितीय स्तम्भ के रूप में अर्थ को किसी प्रकार निकृष्ट मानकर उपेक्षित नहीं किया जा सकता।

■ ■ ■

R - 47

क्षेमेन्द्रकृत गीता की समीक्षा

डॉ. मधु बाला सिन्हा

कश्मीर के महाकवि क्षेमेन्द्र ने ग्यारवहीं शताब्दी में प्रायः चालीस संस्कृत कृतियों के द्वारा साहित्य-समृद्धि में अद्भुत योगदान किया। 'भारतमञ्जरी' इनकी दीर्घकाय रचना है जिसमें हरिवंश सहित महाभारत के प्रतिपाद्य विषयों का कवित्वमय निरूपण है। क्षेमेन्द्र ने महाभारत के 700 श्लोकों की गीता के प्रतिपाद्य को केवल 152 अनुष्टुप् पद्यों में समाविष्ट किया है। महाकवि ने

भगवद्गीता के प्रतिपाद्य को नया परिधान और नयी भाषा दी है। यहाँ क्षेमेन्द्रकृत गीता की समीक्षा करते हुए मूलग्रंथ से क्षेमेन्द्र के कवित्वमय अन्तराल के निरूपण का अवलोकन किया जा सकता है। इससे क्षेमेन्द्र की गीताविषयक दृष्टि स्पष्ट होती है। इस महाकवि ने भगवद्गीता को किस रूप में देखा और इसके महत्वपूर्ण विषयों को किस रूप में प्रस्तुत किया यह सम्यक् स्पष्ट होता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में क्षेमेन्द्रकृत गीता की समीक्षा का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

R - 48

भक्ति आन्दोलन और समाज-संस्कार : कबीरदास और शंकरदेव के संदर्भ में

सिकदार आनवारुल इसलाम

भक्ति मानव-मन की सुकुमारतम एवं कोमलतम अनुभूति है। इसकी मूल में असत् से सत् की ओर गमन करने की प्रवृत्ति विद्यमान रहती है। भारतीय भक्ति आंदोलन मध्यकालीन भारतीय परिस्थिति की उपज है। इस आंदोलन का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं विस्तृत इतिहास रहा है। तत्कालीन विषम परिस्थितियों में विविध अंचलों, प्रदेशों के संत-महात्माओं ने परिस्थिति से आम जनता को सही दिशा देने के लिए अपनी अमर वाणियों के माध्यम से प्रेरित-प्रभावित किया था, जो आज भी वंदनीय एवं प्रासंगिक है। उन संतों में महात्मा कबीरदास एवं शंकरदेव का नाम बड़े आदर से लिया जा सकता है, जिन्होंने जीवन पर्यन्त समाज-संस्कार का प्रयास किया।

श्रीमंत शंकरदेव जिस तरह असमीया भाषा-साहित्य तथा समाज-संस्कार के अग्रदूत हैं, उसी तरह कबीर का व्यक्तित्व भी हिन्दी साहित्य में बेजोड़ है। शंकरदेव और कबीरदास - दोनों क्रांतिकारी थे। कबीर अपनी क्रांतिकारी प्रवृत्ति द्वारा समाज में महान् परिवर्तन लाना चाहते थे। समाज में प्रचलित रूढ़ियों का खंडन-मंडन पद्धति द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में विरोध किया। शंकरदेव भी एक क्रांतिकारी कवि-साहित्यिक एवं समाज-संस्कारक थे। तत्कालीन सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन में पंगुता आयी थी, उसे दूर कर एक स्वच्छ सामाजिक जीवन देने के लिए शंकरदेव ने जीवनभर प्रयत्न किया। शंकरदेव और कबीरदास दोनों ने परोपकार के विचार से, रूढ़ियों की जंजीरों में बँधे हुए लोगों को मुक्त करने के विचार से सामाजिक दोषों का उन्मूलन किया। वे विभिन्न अज्ञानता एवं कुसंस्कार के कारणों की तह तक गए तथा दोनों ने डाल-पात को धोकर नहीं, बल्कि जड़ को सींचकर समाज-रूपी वट-वृक्ष निर्माण का सच्चा प्रयत्न किया।

■ ■ ■

R - 49

मैथिल श्रोत्रियों की संस्कृत सेवा

डॉ. सत्येन्द्र नाथ झा

'श्रोत्रियश्छन्दोऽधीते', जन्म, संस्कार और विद्या तीन गुणों से युक्त रहने वाला श्रोत्रिय होता है। मैथिल समाज में ब्राह्मण की चार कोटियाँ वर्णित हैं। श्रोत्रिय, योग्य और पञ्जीबद्ध (भलमानुस)। जयवार से समन्वित ब्राह्मण समाज में शीर्षस्थान पर श्रोत्रिय विराजित हैं। इन्हें समाज में सर्वोच्च स्थान मिला हुआ है। किन्तु इन्हें केवल अधिकार ही नहीं मिला है, कर्तव्य के बन्धन से ये बँधे हुए हैं। केवल जन्म और संस्कार ही इनके साथ सम्बद्ध नहीं हैं, श्रोत्रियत्व के तीसरे गुण विद्या के क्षेत्र में भी तुलनात्मक रूप से ये सर्वोच्च हैं। इस समाज की जनसंख्या अत्यल्प है। किन्तु अत्यल्प संख्या में रहते हुए भी सरस्वती की सेवा में ये काफी आगे बढ़ रहे हैं। श्रोत्रिय समाज की इसी सरस्वती सेवा का विवेचन प्रस्तुत निबन्ध में किया गया है।

■ ■ ■

R - 50

मानव धर्म

डॉ. बीना अग्रवाल

मानव जीवन सृष्टिकर्ता द्वारा प्रदत्त चंदन का उपवन है। धर्म के आचरण से यह उद्यान सदैव महकता रहता है और अधर्माचरण से कोयले की तरह जलकर नष्ट हो जाता है। किन्तु धर्म की अवधारणा या लक्षण के संबंध में प्रचलित भ्रान्त धारणाओं ने संसार का बहुत अहित किया है। धर्म के नाम पर न जाने कितने निरीह, निरपराध व्यक्तियों के रक्त से धरती को बार-बार लाल किया गया है, जबकि विश्व के सभी मनुष्यों की शारीरिक रचना एक समान है तो उनका मानव धर्म भी समान ही होना चाहिए जैसे अग्नि का धर्म है – दाहकत्व। यह दाहकत्व जैसे भारत में है, वैसे ही सुदूर अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मन और जापान में भी है। इस दृष्टि से जब हम अपने प्राचीन धर्मशास्त्रीय ग्रंथों का अध्ययन करते हैं, तो विषय स्पष्ट हो जाता है।

धर्म का सत्यस्वरूप हृदयंगम कर लेने पर संपूर्ण विश्व में शान्ति और सौहार्द स्थापित हो सकता है।

■ ■ ■

R - 51

शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के लिए एक संदेश

डॉ. अवधेश कुमार पाण्डेय

हर वर्ष पाँच सितंबर को शिक्षक दिवस एक पावन दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु की बहुत महिमा है। भारतीय संस्कृति के अनुसार ईश्वर और गुरु दोनों खड़े हों, तो शिष्य पहले गुरु को प्रणाम करेगा क्योंकि गुरु की सहायता एवं मार्गदर्शन से ही शिष्य ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। शिक्षक के मार्गदर्शन में राष्ट्र का निर्माण होता है। भगवान् श्रीराम का चरित्र जिस साँचे में ढला था उसे गुरु वशिष्ठ ने निर्मित किया था। शिवाजी को शौर्य एवं शक्ति की प्रेरणा उनके गुरु रामदास से मिली थी। सिकन्दर अपने गुरु अरस्तू से प्रेरणा लेकर ही विश्व विजय के लिए निकला था। चन्द्रगुप्त के कुशल शासन परिचालन की प्रेरणा के स्रोत उनके गुरु चाणक्य थे। वे एक झोपड़ी में रहते थे, व्यक्तिगत कार्यों के लिए राजकोष का एक पैसा भी नहीं लेते थे और राष्ट्रहित के लिए निरन्तर तप में संलग्न थे। महात्मा गांधी ने राजनीति एवं राष्ट्र सेवा की शिक्षा अपने गुरु गोपालकृष्ण गोखले से ही प्राप्त की। अर्जुन को महान् धनुर्धर सिद्ध करने के पीछे उनके गुरु द्रोणाचार्य ही थे। स्मृतियों में जन्मदाता पिता एवं माता से भी ज्ञानदाता गुरु को श्रेष्ठ माना गया है। शिक्षक अपने ज्ञान से व्यक्ति को दूसरा जन्म प्रदान करता है जो जन्म उसके प्रथम जन्म को आलोकित कर सार्थक बनाता है। शिक्षकों को आधुनिक युग के आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से शिक्षा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने सदैव राष्ट्रभक्ति का उच्चतम आदर्श प्रस्तुत किया। आज के शिक्षक को यह समझना होगा कि शिक्षण एक ऐसी चाभी है जिसके द्वारा बहुत सी सामाजिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। शिक्षक वही है जो जीवनपर्यंत छात्र बना रहता है और ऐसा शिक्षक ही सही शिक्षा दे सकता है। जो शिक्षक नैतिकता की दृष्टि से उच्च एवं उत्तरदायित्व की भावना से अवगत, आत्मत्यागी और सिद्धांतों तथा उद्देश्यों के लिए कुछ भी सहने को तैयार हों, वे ही कुशल शिक्षण के द्वारा अच्छा नागरिक़ का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षक जब तक प्रेरणा के स्रोत नहीं बन सकते तब तक शिक्षण अधूरा ही समझा जाएगा।

■ ■ ■

R - 52

ज्योतिर्विज्ञान में विवाह विचार

डॉ. प्रकाश शर्मा

व्यक्तित्व विकास के लिए संस्कार की बड़ी आवश्यकता होती है। असंस्कृत मानव, मानव जीवन के मूल्यों को अच्छी प्रकार नहीं समझ सकते। अतः उनका संस्कार परमावश्यक है। मानव जीवन न केवल भौतिक भोग के लिए ही है अपितु इस जीवन में भारतीय मनीषियों ने पुरुषार्थ साधन ही परमावश्यक है ऐसा उद्घोषित किया है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों का मूल आधार गृहस्थाश्रम है। गृहस्थाश्रम तो विवाह संस्कार के अंतर ही माना जाता है, विवाह संस्कार गर्भादानादि सोलह संस्कारों में अन्यतम है। ब्रह्मचर्य आश्रम में सम्यक् अध्ययन करके बालक या बालिका गृहस्थाश्रम में प्रवेश करते हैं। यह जगत्कल्याणकारिणी धर्मशास्त्रीय व्यवस्था है। समावर्तन के अनन्तर स्नातक को गृहस्थाश्रम परिपालन के लिए गृहिणी की अपेक्षा होती है। वह तो विवाह संस्कार के द्वारा ही प्राप्त होती है। विवाह संस्कार का मानव जीवन में अतिशय महत्व होता है। विवाह संतान की कामना के लिए प्राकृतिक सुख के लिए और धर्म संपादन के लिए होता है। महर्षि मनु ने गृहस्थाश्रम में समागत मानवों के लिए ब्रह्म, दैव, आर्ष, प्राजापत्य, असुर, गान्धर्व, राक्षस और पैशाच आदि अष्टविध विवाह कहे हैं।

ज्योतिर्विज्ञान एवं प्रश्नविज्ञान के दैवज्ञों के द्वारा विवाहपरक योगों के आधार पर किसी भी जातक अथवा पृच्छक का अमुक कन्या के साथ विवाह शुभ फलदायक होगा या नहीं? इस संदर्भ में विविध दैवज्ञों के मतों का आकलन करके उत्तर प्रकट किया गया है। विवाह संबंधित विविध प्रश्नों एवं योगों का प्राकट्य शोध पत्र में विस्तृत रूप से किया जाएगा।

■ ■ ■

R - 53

प्राचीन आचार्य-परम्परा : एक दृष्टि

वागीश आनन्द

ज्ञान के क्षेत्र में विशेषतः परा एवं अपरा विद्या के क्षेत्र में आचार्य की अपरिहार्यता चिरकाल से रही है। पाणिनि ने चार प्रकार के शिक्षकों का उल्लेख किया है- (1) आचार्य (2) प्रवक्ता (3)

श्रोत्रिय (4) अध्यापक। इनमें आचार्य का स्थान सर्वोच्च था। भौतिक शरीर तो माता-पिता से मिल जाता है, किन्तु सत्य के संसार में नया जन्म केवल आचार्य की कृपा से होता है। मनु की दृष्टि में आचार्य का महत्व उपाध्याय की अपेक्षा दस गुना है- ''उपाध्यायान्दशाचार्यः''।

संसार में प्रवृति एवं निवृत्ति का द्वन्द्व सनातन काल से चला आ रहा है और इसका प्रभाव हर युग के जनजीवन पर पड़ता रहा है। आचार्यों में कुछ प्रवृत्तिमार्गी थे तो कुछ निवृत्तिमार्गी। प्रवृत्तिमार्गी आचार्य अध्यात्मज्ञान के साथ-साथ भौतिक उपलब्धियों के भी अभिलाषी होते थे। वेदमार्गी आचार्यों के विषय में कहा गया है कि प्राचीन काल में धन की इच्छा से ऋषियों ने पुरातनकाल में छन्दस् के द्वारा देवताओं की शरण ली। बढ़ती तृष्णाओं की पूर्ति में लगे आचार्य कभी-कभी उत्पथगामी भी हो जाया करते थे। एतद्विषयक विशद व्याख्या प्रस्तुत आलेख का प्रतिपाद्य विषय है।

■ ■ ■

R - 54

प्राचीन भारतीय शैक्षिक संस्कार

डॉ. हेमलता तिवारी

प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली, जिसे वैदिक कालीन शिक्षा प्रणाली के नाम से भी जाना जाता हैं, में शिक्षा के प्रारंभ से लेकर शिक्षा की समाप्ति तक विभिन्न शैक्षिक संस्कारों का आयोजन किया जाता था। हिन्दू धर्म में संस्कारों को अत्यंत पवित्र व उपयोगी माना जाता है। यह मान्यता है कि संस्कार जीव में लिप्त विकारों को मिटाकर उसे स्वच्छ दर्पण के समान चमका देते हैं। आचार्य शंकर ने पूर्वमीमांसा सूत्र में लिखा है कि ''संस्कारो हि नाम स भवति यस्मिन्जाते पदार्थो भवति योग्यः कश्चिदर्थस्य''। अर्थात् संस्कार उस प्रक्रिया का नाम है, जिसके होने पर पदार्थों में उपयोगिता व गुणवत्ता आ जाती है। वैदिक काल में शिक्षा का प्रारम्भ विद्यारम्भ संस्कार से किया जाता था। इस काल में प्रारम्भिक शिक्षा घरों पर ही दी जाती थी, जिस कारण यह संस्कार घर पर सम्पन्न किया जाता था। प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक बालक का उपनयन संस्कार किया जाता था। जो बालक किन्हीं कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं करते थे, उनका उपनयन संस्कार नहीं किया जाता था। उपनयन संस्कार का अर्थ था गुरु के समीप ले जाना। गुरुकुल में शिक्षा पूर्ण कर लेने के पश्चात् बालक के पितृ गृह को प्रस्थान करने से पूर्व समावर्तन संस्कार का आयोजन किया जाता था। इसका आयोजन गुरु की आज्ञा से किया जाता था, जिसमें शिष्य गुरु को गुरुदक्षिणा देता था। गुरु से आज्ञा व उपदेश प्राप्त कर शिष्य अपने

भावी जीवन हेतु अपने घर लौट जाता था। इस प्रकार प्राचीन भारतीय शिक्षा में संस्कारों का विशेष महत्व था। प्रस्तुत शोधपत्र में प्राचीन शैक्षिक संस्कारों की विवेचना की गई है और इसके लिए सर्वेक्षणात्मक व विवरणात्मक अनुसंधान विधि का प्रयोग किया गया है।

■ ■ ■

R - 55

मनुस्मृति में विवेचित राजधर्म : एक विवेचन

डॉ. योगेश शास्त्री

मनुस्मृति में आश्रमों एवं वर्णों को विशदतापूर्वक व्यवहारिक रूप में वर्णित किया गया है। राजधर्म को कर्तव्य रूप में वर्णित करते हुए कहा गया है – जो परम विद्वान् सुशिक्षित होकर क्षत्रियत्व के योग्य है वह राज्य की रक्षा न्यायपूर्वक यथावत् करे। राजधर्म का न्यायपूर्वक पालन करने वाले राजा के गुणों का वर्णन मनुस्मृति में प्राप्त होता है।

यहाँ राजा के लिए इन्द्र, अग्नि, यम, वरुण, चन्द्र एवं वायु आदि नामों का उल्लेख किया गया है। राजा के लिए आवश्यक है कि वह इन गुणों को धारण करता हुआ, प्रजाजनों का संरक्षण एवं संवर्धन करे। सभी के समान अधिकार की संकल्पना हेतु राजधर्म को कर्तव्य रूप में आचरित करे। जिससे प्रजाजनों को उन्नति एवं समरसता के समान अवसर प्राप्त हो सके। अतः प्रस्तुत शोध पत्र में मनु द्वारा प्रतिपादित राजधर्म को जीवन मूल्यों का मूल मानकर अध्ययन किया जा रहा है।

■ ■ ■

R - 56

भारतीय संस्कृति में गुरु

अनुराग आनन्द

संस्कृत व्याकरण के अनुसार 'गिरति अज्ञानम्' अथवा 'गृणाति उपदिशति धर्मं यः सः'– इस विग्रह में 'गृ गिरणे' धातु से अथवा 'गृ शब्दे' धातु से कर्ता में अथवा 'गीऽर्यते स्तूयते यः सः' की दृष्टि से कर्म में 'कु' प्रत्यय करने पर 'गुरु' शब्द निष्पन्न होता है। इसका स्वरूप जितना लघु है उतना ही अर्थ व्यापक है।

माता, पिता और गुरु ये तीनों त्रिलोक हैं, तीन आश्रम, तीन वेद और तीन अग्नि के ये समाहार हैं –

त एव हि त्रयो लोका एत एवाश्रमास्त्रय:।
एत एव त्रयो वेदा एत एव त्रयोऽग्नय:॥

जिनसे एक अक्षर का भी ज्ञान मिला हो, एक अक्षर से भी सुमार्ग प्राप्त हुआ हो तो उस एक अक्षर का दाता गुरु कहलाता है –

एकमेवाक्षरं यस्तु गुरुः शिष्यं प्रबोधयेत्।
पृथिव्यां नास्ति तद् द्रव्यं यद्दत्वा चानृणी भवेत्॥

एक अक्षर का ज्ञान देने वाले गुरु की भी जिसने श्रद्धा और वन्दना नहीं की, वह तो चाण्डाल है –

"एकाक्षरप्रदातारं गुरुं यो नाभिवन्द्यते।
पशुयोनिं शमं प्राप्य चाण्डालमधिगच्छति॥"

आगमकार का स्तुत्य कथन है –

गकार: सिद्धिद: प्रोक्त: रेफ: पापस्य हारक:।
उकार: शम्भुरित्युक्त: त्रितयात्मा गुरु: स्मृत:॥

इस विषय पर सविस्तार विवेचन आज के समय की आवश्यकता है।

■ ■ ■

R - 57

दान – एक विहंगम दृष्टि

सुभद्रा देवी

दान आत्मा का दिव्य गुण है। स्कन्द पुराण में वर्णित राजा धर्मवर्मा की तपसाधना से दान रहस्य का उद्घाटन आकाशवाणी द्वारा एक श्लोक में किया गया है – दान के दो हेतु, छ: अधिष्ठान, छ: अंग, दो प्रकार के फल, चार प्रकार, तीन भेद एवं तीन विनाश के कारण हैं –

इसके साथ-साथ दान के अनेक रूप हैं। संवत्सर के महीनों, ऋतुओं के अनुसार दान देने की शास्त्रीय मान्यता है। युग की गुणवत्ता का निर्धारण दानशीलता पर आधारित है। सम्प्रति इसमें अभाव का वातावरण बन रहा है। अत: दाताओं की नीयत पर वस्तुओं की कीमत का प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। परिणामस्वरूप जमीन की बढ़ती कीमत के कारण आज विद्यालय, महाविद्यालय,

विश्वविद्यालय, पुस्तकालय, धर्मशाला, औषधालय इत्यादि का नवनिर्माण अवरुद्ध है। अतः दान के महत्व को समझना समय की आवश्यकता है। वेद, पुराण, उपनिषद् की दानविषयक पक्षधरता को पुनः जनसामान्य में सृष्ट करना हमारा उद्देश्य है। विस्तृत विवेचन प्रस्तुत प्रबंध में किया जाएगा।

■ ■ ■

R - 58

मनुस्मृति में वर्णित स्त्री-धर्म

गिरिराज

भारतीय समाज में नारी की स्थिति को ध्यान से देखा जाए तो यह स्पष्ट होता है कि युग परिवर्तन के साथ-साथ नारी की स्थिति, अधिकार व कर्त्तव्यों में परिवर्तन आता गया है। मनुस्मृति की व्यवस्था के समय में स्त्रियों की क्या स्थिति थी इसका निर्धारण तत्रोक्त स्त्री विषयक वर्णनों से जाना जा सकता है। इसी स्त्री विषयक कर्त्तव्य, अधिकार आदि को स्त्री-धर्म कहा जाता है।

मनुस्मृति के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि तत्कालीन समाज में स्त्री और पुरुष में न तो कोई पक्षपात पूर्ण व्यवस्था थी, न ही परिवार में स्त्री को दासी या अधीनता में बँधी रहने वाली विचारधारा थी। जैसे- पिता-पुत्र, गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, अग्रज-अनुज, भाई-बहन, मित्र-मित्र के कर्त्तव्य व अधिकार क्षेत्र तद्गुणानुरूप भिन्न-भिन्न हो जाते हैं। उसी प्रकार स्त्री-पुरुष के कर्त्तव्यों में भी भिन्नता स्वाभाविक व अटल है। इस प्रकार की भिन्नता को पक्षपात कहना उचित नहीं होगा। मनु ने कहीं भी स्त्रियों को हीन भावना से नहीं देखा है। अपितु कहीं-कहीं तो पुरुषों से अधिक उन्हें सम्मान दिया गया है। पत्नी आदि पर झूठा आरोप करने पर पुरुष को दंडनीय बताया है। मनु ने स्त्री को अधिक आदर पूर्वक रखने की वकालत की है।

मनु ने स्त्रियों को अपने अनुकूल वर चुनने का अधिकार दिया है। गुणहीन पुरुष से विवाह करने का निषेध करते हुए स्त्रियों के साथ अन्याय नहीं होने दिया। विवाहोपरान्त भी गृहस्वामिनी के पद से विभूषित करते हुए संपूर्ण घर की व्यवस्था को उसके अधिकार व कर्त्तव्य क्षेत्र में रखा है। मनु ने अधिकार पूर्वक स्त्रियों के कर्त्तव्यों की ओर इंगित करने का सफल प्रयास किया है। अधिकारों के प्रति जैसी सजगता आज की नारी में देखी जा सकती है, वैसी सजगता प्राचीन नारियों में नहीं देखी जाती, तथापि उस समय नारी को युगानुकूल अधिकार प्राप्त थे, कन्या रूप में भी, पत्नी रूप में भी तथा माता रूप में भी। यह बात अवश्य है कि उस समय की नारी अपने अधिकारों को मनवाने की अपेक्षा कर्त्तव्यों का निर्वाह करने में अधिक निष्ठावती रहती थी। अतः हमारे शास्त्रों में यत्र-तत्र स्त्री को पूजनीया कहा गया है।

■ ■ ■

R - 59

गीता की आज भी प्रासंगिकता

पीयूष डी.

श्रीमद्भगवद्गीता आज भी प्रासंगिक है और भविष्य में भी रहेगी। यह हमारी वृत्तियों का प्रतिनिधित्व करती है। वृत्तियाँ अन्तः-करणाश्रित होती हैं। आज भी ये वैसी ही हैं, जैसी महाभारत युगीन थीं। समूचा अंतःकरण तब भी था और अब भी है। मात्र पात्र बदले हैं। युद्धस्थल बदला है। पर वृत्तिवैभिन्य तथा युद्ध का सातत्य बना हुआ है। उपलब्धिहेतु अनिवार्यताओं में कहीं भी, किञ्चित् भी अन्तर न आया है, और ना ही आएगा। आज मात्र पात्र बदले हैं। उनके नाम बदल गए हैं। स्थान बदल गए हैं। किन्तु वृत्तियों का प्रतिनिधित्व वैसा ही है, अतः गीता की प्रासंगिकता में कमी आने का प्रश्न ही नहीं होता। जब तक सृष्टि रहेगी, तब तक इसकी उपयोगिता बनी रहेगी। ये कोई संप्रदाय विशेष का ग्रंथ नहीं है, जो एक विशेष वर्ग के लिए उपयोगी हो अन्य के लिए अप्रासंगिक हो जाए। श्रीमद्भगवद्गीता जीना सिखाती है, अतः जो भी जीना चाहता है, अपने कर्मों को कुशलतापूर्वक निभाना चाहता है, अन्तःकरण को पवित्र कर परमशान्ति को निर्विलम्ब पाना चाहता है, उसे इसकी शरण में आना ही पड़ेगा।

श्रीमद्भगवद्गीता मोक्षशास्त्र है। यह मोक्ष के साधक तत्वों की चर्चा करती है। उस ओर प्रेरित करती है। इसका प्रयोजन निःश्रेयस की प्राप्ति है। दुःख की आन्तरिक निवृत्ति है। अविद्या सहित संसरण का निवर्तन है। आत्मज्ञान में निष्ठा की प्राप्ति हेतु यह पाथेय है। इसमें लक्ष्य आत्मनिष्ठा है और साधन सर्वधर्म सन्यास है। इसी कारण यह प्रत्येक काल में प्रासंगिक रहेगी। चूँकि व्यक्ति अंततः स्वयं से जुड़कर ही आनन्द नहीं पा सकता। आत्मा ही रस है "रसो वै सः, रस ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति" और श्रीमद्भगवद्गीता इसी की सिद्धि के मार्ग को प्रशस्त करती है।

■ ■ ■

R - 60

सामाजिक संरचना और पंचमहायज्ञ

अभिषेक अग्निहोत्री

भारतीय मनीषा ने एक ऐसे जीवन शैली को स्थापित किया जिसमें व्यक्ति पूर्ण स्वतंत्र रहते हुए भी सामाजिक व्यवस्थाओं, मान्यताओं एवं आचार संहिता का विधिवत् पालन करता है।

किसी भी समाज में सुख-शान्ति एवं सौहार्द के लिए व्यक्तियों के चरित्र में ऐसे गुणों का समावेश अत्यन्त आवश्यक है जिनसे व्यक्ति में उदारता, परोपकारिता, नि:स्वार्थता, संवेदनशीलता, करुणा, अहिंसा, विनम्रता, अस्तेय आदि गुण विद्यमान हों। भारतीय समाज में धर्म ही वह आधार है, जिससे व्यक्ति में इन गुणों का विकास संभव है।

भारतीय धार्मिक चिन्तन की यह प्रमुख विशेषता है कि उसने कर्मकाण्ड और उपासना पद्धति को व्यक्ति के जीवन के साथ सम-रस कर दिया। जिससे व्यक्ति अपनी सामाजिक संरचना में आत्मानुशासित होकर व्यवहार करता है। इसी परिप्रेक्ष्य में यज्ञ संस्कृति को अपना आधार मानने वाला भारतीय समाज 'पंचमहायज्ञ' के विधान को स्वीकार कर उसका क्रियान्वयन करता है। वैदिक शास्त्रों में पंचमहायज्ञों - (ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, भूतयज्ञ और नृयज्ञ) का उल्लेख आता है, जो प्रत्येक गृहस्थ के लिए नित्य करणीय माना गया है। प्रत्येक गृहस्थ के द्वारा प्रतिदिन संपादनीय पंच महायज्ञ कर्मयोग के प्रकृष्ट रूप हैं। जिनमें आत्मिक विकास के साथ-साथ माता-पिता, समाज, पर्यावरण, जीव-जन्तु सभी के प्रति व्यक्ति सामंजस्य स्थापित करते हुए अपने उत्तरदायित्व की पूर्ति करता है। पंचमहायज्ञ व्यक्ति को व्यष्टि से समष्टि की तरफ उन्मुख करता है तथा इन यज्ञों से हमारी सामाजिक संरचना समृद्ध एवं बलवती होती है।

■ ■ ■

R - 61

स्मृतियों एवं पुराणों में वर्णित गर्भस्थशिशुहत्या वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एक चिन्तन

भावना शुक्ला

आज जब हम सामाजिक समस्याओं की ओर दृष्टिपात करते हैं तो गर्भस्थशिशु की हत्या एक विस्फोटक एवं भयावह समस्या के रूप में हमारे समक्ष दिखायी पड़ती है। यह समस्या कोई नई नहीं है। अपितु इसके बीज स्मृतियों एवं पुराणों में दिखायी पड़ते हैं। प्राचीनकाल से ही सामाजिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने हेतु स्मृतियों एवं पुराणों में प्रतिपादित नियमों का अनुकरण किया जाता रहा है। ये वे नियम थे, जो समाज को पतित होने से बचाते थे। गर्भस्थशिशु की हत्या ने आज विनाशकारी रूप धारण कर लिया है। हमारे प्राचीन ग्रंथों ने अनेकशः इसकी ओर संकेत किया है। यह अत्यंत आश्चर्य की बात है कि गर्भस्थशिशु की हत्या करने वालों में न केवल समाज के अशिक्षित निम्न वर्ग एवं मध्यम वर्ग की सहभागिता है अपितु समाज के शिक्षित एवं उच्चवर्ग

के लोगों की सहभागिता तो सर्वाधिक है। जगगणना 2009 के अनुसार एर हजार बालकों में बालिकाओं की संख्या पंजाब में 798, हरियाणा में 819 और गुजरात में 883 है जो चिन्ता का विषय है। ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत के सबसे समृद्ध राज्यों पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा गुजरात में लिंगानुपात सबसे कम है। इसी कारण से लिंगानुपात भी बिगड़ता जा रहा है। जो अनेक अपराधों यथा - मानव की तस्करी आदि का कारण बन रहा है। समाज में लड़के लड़कियों में इस प्रकार का भेद भाव हमारे जीवनमूल्यों की बुराइयों को दर्शाता है। पितृसत्तात्मक मानसिकता और बालकों को वरीयता देना यह ऐसी मूल्यहीनता है, जिसे कुछ चिकित्सकों द्वारा लिंग निर्धारण परीक्षण द्वारा प्रश्रय प्राप्त है। भारतवर्ष में पिछले चार दशकों से सात वर्ष से कम आयु के शिशुओं के लिंगानुपात में लगातार गिरावट आ रही है। वर्ष 1981 में एक हजार बालकों के पीछे 962 बालिकाएं थी जो वर्ष 2001 में घटकर 927 हो गई जो निश्चितरूप से मानव अस्तित्व के लिए चिन्ता का विषय है।

हमारे प्राचीन स्मृतियों एवं पुराणों में गर्भस्थशिशु की हत्या को गोहत्या के सदृश जघन्य (जघने भवः यत् अर्थात् सबसे निचला अर्थात निन्द्य) अपराध माना जाता है। पाराशरस्मृति में प्रतिपादित है कि ब्रह्महत्या से जो पाप लगता है, उससे दो गुना पाप गर्भपात करने से लगता है। इस गर्भपात रूपी महापाप का कोई प्रायश्चित्त भी नहीं है।

नारदपुराण के अनुसार श्रेष्ठ पुरुषों ने ब्रह्महत्या आदि पापों का प्रायश्चित्त बताया है, पाखण्डी और परनिन्दक का भी उद्धार होता है, किन्तु जो गर्भस्थ शिशु की हत्या करता है, उसके उद्धार का कोई उपाय नहीं है। इस प्रकार हम अपने पुराणों एवं स्मृतियों में प्रतिपादित सामाजिक नियमों का अनुपालन करते हुए मानव अस्तित्व के इस संकट से मुक्त हो सकते हैं ।

■ ■ ■

R - 62

विश्व में मनुस्मृति की प्रासंगिकता

सुनील कुमार तिवारी

स्मृति का शाब्दिक अर्थ होता है स्मरण से निर्धारित धर्माधर्म विवेक। स्मृति शब्द 'स्मृ स्मरणे' धातु से क्तिन् प्रत्यय के द्वारा निष्पन्न होता है। हैम कोश के अनुसार स्मृति शब्द स्मरण, धी, इच्छा एवं शास्त्र का वाचक है। न केवल भारतीय संस्कृति पर बल्कि विश्व की विभिन्न संस्कृतियों पर मनु द्वारा

प्रतिपादित व्यवस्थाओं का गम्भीर प्रभाव आज भी झलकता है। भारतीय संस्कृति के साथ-साथ विश्व संस्कृति में मनु ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नवीन शोध के अनुसार उत्तरी चीन के समाज में मनु धर्मशास्त्रों का प्रचलन था। वहाँ के सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व्यवस्था के आधार मनु थे। मनु का नाम ईरान, सुमेरिया, मिस्त्र, आदि देशों में आज भी फैला है। चीन के कई कबिलाई गाँवों में आज भी मनु देवता की पूजा की जाती है। इन देशों में कानूनी और सामाजिक ढाँचे का आधार मनुधर्मशास्त्र ही है। मनुस्मृति विश्व के कई देशों के लिए प्रासंगिक है। मिस्त्र के 'माइनीज' और 'म्नेअस' से मनु का बोध होता है।

■ ■ ■

R - 63

मनुस्मृति में ब्रह्मचर्याश्रम व्यवस्था

श्रीमती प्रतिमा पाण्डेय

आश्रम शब्द आ+श्रम्+घञ् प्रत्यय से निष्पन्न माना जाता है। आश्रम व्यवस्था भारतीय धर्म की अपनी विशेषता है। भारतीय धर्म की आश्रम व्यवस्था व्यक्ति की प्रवृत्तियों और क्षमताओं के अनुसार जीवन के कर्मों के विभाजन और संतुलन की व्यवस्था है। मनुष्य के जीवन को कर्म के अनुसार व्यवस्थित करने के लिए चार आश्रमों की व्यवस्था की गई थी। इनके नाम हैं-ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास। मनु ने सौ वर्षों के चार आश्रमों को २५-२५ वर्षों के चार भागों में बाँटा है।

प्रथम ब्रह्मचर्य आश्रम जीवन की प्रारम्भिक अवस्था चौबीस वर्षों तक समझी जाती थी। ब्रह्मचर्य आश्रम में मनुष्य शिक्षा या ज्ञान प्राप्त करता था। इस अवस्था में मनुष्य का मानसिक और बौद्धिक उत्कर्ष होता था। ब्रह्म शब्द अनेकार्थक है। इसके अर्थों में ज्ञान, वेद, ईश्वर, यज्ञ आदि होते हैं। ब्रह्मचर्याश्रम में ब्रह्म का सम्बन्ध ज्ञान से है। ब्रह्म अर्थात् ज्ञान का आचरण करना ब्रह्मचर्याश्रम का प्रधान कर्म है। इस आश्रम में रहकर ब्रह्मचारी आश्रम के नियमों का अनुपालन करता हुआ ज्ञानार्जन करता था। ब्रह्मचर्य अवस्था में व्यक्ति अपने तप और संयम से ज्ञान और विज्ञान का अर्जन करते हुए वेदाध्ययन करता था। ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश करने से पूर्व व्यक्ति का उपनयन संस्कार होता था। यह संस्कार गुरु के पास जाने का प्रवेशद्वार था।

उपनयन के उपरांत ही ब्रह्मचर्य आश्रम में प्रवेश मिलता था। इस आश्रम में व्यक्ति अपने समस्त इंद्रियों पर अधिकार रखते हुए विद्याध्ययन में लीन रहता था। इस आश्रम के माध्यम से व्यक्ति अपने मन एवं मस्तिष्क में संतुलन बनाए रखता था और भौतिक एवं शारीरिक सुख की अपेक्षा आध्यात्मिक

एवं बौद्धिक जीवन का अनुयायी बन जाता था। प्रस्तुत शोध में आश्रम विवेचन, आश्रम का स्वरूप, ब्रह्मचर्याश्रम के उद्देश्य का समीक्षण किया जाएगा।

■ ■ ■

R - 64

स्त्री उत्पीड़न तथा दण्डविधान

(याज्ञवल्क्य और मनुस्मृति के संदर्भ में)

अनिता रानी

वर्तमान में नित्य प्रतिदिन महिलाएं यौन हिंसा एवं उत्पीड़न की शिकार हो रही हैं। स्त्रियों के साथ होने वाली यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए विश्वसमुदाय निरन्तर प्रयत्नशील एवं प्रतिबद्ध है। फिर भी इन घटनाओं में कोई कमी नहीं हो पा रही है। आज स्त्रियाँ समाज के बाहर कार्यस्थलों, यातायात ही नहीं अपितु अपने परिवार में भी सुरक्षित नहीं है। अपने ही सगे-सम्बन्धियों के द्वारा स्त्रियों के उत्पीड़ित होने की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। इन घटनाओं के प्रति लोगों में आक्रोश भी उत्पन्न होता है, वे विरोध भी प्रकट करते हैं, मीडिया भी सक्रिय रहता है, पुनश्च अपराधों में कमी नहीं देखी जा रही है। हमारे देश व समाज में स्त्रियों का उत्पीड़न निरन्तर जारी है।

यह विडम्बना ही कही जाएगी कि सरकार, प्रशासन, न्यायालय, समाज और सामाजिक संस्थाओं के साथ मीडिया भी इस कुकृत्य में कमी लाने में सफल नहीं हो पा रहा है। न्यायिक प्रणाली की शिथिलता के कारण सामाजिकों का न्याय व्यवस्था से विश्वास टूट रहा है। प्राचीन समाज में संपूर्ण सामाजिक विधि-विधान का आधार स्मृतियाँ थीं। इनमें भी मुख्य रूप से मनुस्मृति एवं याज्ञवल्क्य स्मृति का प्राधान्य था। दोनों ही स्मृतियों में व्यवस्थित एवं विस्तृत कानून व्यवस्था का विधान किया गया है। मनु की अपेक्षा याज्ञवल्क्य उदार हैं। दोनों ने ही समाज की संरचना में स्त्री व पुरुषों का समान समन्वय स्वीकार किया है तथा स्त्रियों को समाज का अभिन्न अंग माना है और स्त्रियों के वैयक्तिक अधिकार, उत्तराधिकार, सम्पत्ति में अधिकार, मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न, शोषण एवं प्रताड़ना के सम्बन्ध में कठोर दण्ड का विधान किया है। इस प्रक्रिया में यदि स्त्रियाँ दोषी पाई जाती हैं तो वे भी समान रूप से दण्ड की अधिकारिणी होती हैं। समलिंगी व्यभिचार से सम्बन्धित दण्ड व्यवस्था का भी उल्लेख मनुस्मृति में प्राप्त होता है। प्रस्तुत शोध पत्र का निर्माण इसी सन्दर्भ में किया जाएगा।

■ ■ ■

R - 65

स्मृतिकालीन न्याय व्यवस्था की प्रासंगिकता

(याज्ञवल्क्य और मनुस्मृति के परिप्रेक्ष्य में)

विश्वजीत विद्यालंकार

वर्तमान समय में जीवन के प्रति अनास्था का जो भाव आज के मानव अंतःकरण में उत्पन्न हो रहा है उसके निदानार्थ हमें अपने ऐतिह्य की ओर दृष्टिपात करना होगा। भारतवर्ष के प्राचीन ऋषि-मुनियों ने मनुष्य की चतुर्दिक् कल्याण की भावना को दृष्टिगत करके वैदिक ज्ञान को सर्वसाधारण के लिए उपयोगी बनाने हेतु स्मृति ग्रन्थों का निर्माण किया था। इसमें मनुष्यों के जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त सामाजिक एवं धार्मिक अधिकारों व अनाधिकारों का विस्तृत विवेचन किया गया है।

स्मृतिकारों का मानना था कि मानव स्वभाव व्यक्तिगत स्वार्थों के कारण आत्मशुद्धि, पवित्रता, सत्यता, उत्सर्गता, प्रेम, सौहार्द्र, सहृदयता एवं सम्यक् दृष्टि का त्याग कर देता है। उसका कलुषित हृदय स्वतः ही पारप एवं अधर्म की ओर प्रवृत्त होने लगता है। स्वार्थ की ओर उन्मुख मानवीय प्रकृति हिंसक पशुओं से भी भयंकर हो जाती है। कर्त्तव्य, परोपकार और त्याग रूपी मानव धर्म से सुसज्जित सामाजिक उपवन के सौन्दर्य को शनैः-शनैः विनष्ट कर देती है। पतनोन्मुख मानवीय स्वभाव को नियंत्रित करने हेतु स्मृतिकारों ने दण्ड व्यवस्था का समुचित विधान किया है।

२१वीं शती का लौकिक रंगमंच मानव के उपर्युक्त स्वभाव को ही अभिनीत कर रहा है। राष्ट्र के प्रति भावात्मक एकता का ह्रास हो रहा है। मानव कर्त्तव्यहीनता, शारीरिक, मानसिक हिंसा के साथ ही व्यभिचार के सभी चिन्तनीय स्तरों का अतिक्रमण करता जा रहा है। अपराध नियंत्रण में देश की न्यायिक प्रणाली असहाय प्रतीत हो रही है। अतः समसामयिक परिप्रेक्ष्य में मानव समाज के रक्षार्थ प्राचीन धर्म स्मृतियों की प्रासंगिकता का परीक्षण प्रस्तुत शोध पत्र में किया जाएगा।

■ ■ ■

R - 66

दार्शनिक सम्प्रदाय एवं सामाजिक असमानता

(आचार्य शङ्कर के परिप्रेक्ष्य में)

ज्योति

अद्यतनीय लोकतान्त्रिक समाज का आग्रह है कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कुछ न्यूनतम अधिकार मिलने ही चाहिये, जैसे-खाने का अधिकार, रहने का अधिकार, रोटी, कपड़ा व मकान का

अधिकार, अच्छी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार, शिक्षा का अधिकार तथा जीवन में स्वयं को आगे बढ़ाने का अधिकार आदि। मात्र अधिकार ही नहीं, अपितु ये सभी सुविधाएं समान रूप से प्रदान की जानी चाहिए। किसी को अधिक या किसी को कम न मिले, किसी को किसी भी मूल अधिकार से वंचित न किया जाए। अतः समता का अधिकार इनमें से सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है।

भारतीय न्याय-व्यवस्था के अनुसार समाज का प्रत्येक व्यक्ति समान है। प्रशासन से किसी के जन्म, जाति, लिंग, भाषा, जन्म-स्थान और धर्म के आधार पर भेद-भाव करने की अपेक्षा नहीं होती। यह अद्यतन लोकतान्त्रिक समाज का मूलभूत आग्रह भी है। अतः यदि आज या प्राचीन समय में अथवा मध्यकालीन समाज में जन्म व जाति के आधार पर किसी विशेष वर्ग को उसके मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जाता है, तो यह चिन्तन व चिन्ता का विषय है। इस प्रसंग में यह ज्ञातव्य है कि ब्रह्मसूत्रकार आचार्य बादरायण तथा आचार्य शंकर, आचार्य रामानुज, आचार्य वल्लभ, आचार्य माधव इत्यादि सभी ब्रह्मसूत्र के भाष्यकारों व टीकाकारों ने अपशूद्राधिकरण में यह सिद्ध किया कि शूद्र-जाति का ब्रह्मविद्या में अधिकार नहीं है। परवर्ती भाष्यकार व उनके टीकाकार अपने पूर्वाचार्यों के प्रति इतने पूर्वाग्रही थे कि उन्होंने बिना किसी विचार-विमर्श के मात्र श्रद्धा व भक्ति के कारण, पूर्वाचार्यों के मतों को यथावत् स्वीकार कर लिया तथा शूद्र जाति को ब्रह्मविद्या से बहिष्कृत कर दिया। यहां शूद्र जाति से तात्पर्य 'जन्मना शूद्र' से है, जो जन्मना होने के कारण अपरिवर्तनीय है, जिसमें व्यक्ति की सामाजिक मर्यादा जन्म से निश्चित होकर आजीवन अपरिर्वतनीय रहती है। इसके विपरीत यदि यहाँ जाति शब्द 'कर्मणा जाति' के अर्थ में प्रयुक्त होता तो कर्मानुसार वह जाति परिवर्तित हो जाती, परन्तु दुर्भाग्यवश वेदान्ताचार्यों ने इस अर्थ में इस शब्द का प्रयोग नहीं किया है।

वस्तुतः जन्म-मरण किसी व्यक्ति के नियंत्रण में नहीं होता। अतः जो वस्तु किसी व्यक्ति विशेष के वश में नहीं है, उसे उसके लिए दोषी ठहराना उचित नहीं। अतः जन्म व जाति के आधार पर विद्या का आवंटन उचित नहीं है। इसी विषय को केंद्र में रखकर प्रस्तुत शोध पत्र का निर्माण किया गया है।

■ ■ ■

R - 67

गुप्तचर एक संकल्पना

अभिजित अर्जुन भंडारे

चाणक्य-स्मृति कौटिल्य-अर्थशास्त्र और मनुस्मृति तीनों ग्रन्थों का धर्मशास्त्र की दृष्टि से अतीव महत्त्वपूर्ण स्थान है। इनमें गुप्तचर के बारे में सूक्ष्म जानकारी दी गई है, इन तीनों ग्रन्थों में आए हुए

गुप्तचर के प्रकारों का तुलनात्मक विवेचन इस शोध निबन्ध में किया जा रहा है। प्रस्तुत निबंध निम्नलिखित शीर्षकों के अनंतर्गत विवेचित है – प्रस्तावना, कौटिल्य अर्थशास्त्र –गुप्तचर प्रकार, मनुस्मृति –गुप्तचर प्रकार, चाणक्य स्मृति–गुप्तचर प्रकार, निरीक्षण और उपसंहार।

■ ■ ■

R - 68

गंगा संस्कृति का प्रतीक

धनेश्वर पंडित

हमारा देश ऋषि–मुनियों का देश रहा है। इस देश को सजाने–संवारने में उनका बहुत योगादन रहा है। हम मानकर चलते हैं कि पृथ्वी के साथ ही हिमालय से गंगा का अवतरण हुआ।

जहां से गंगा का उद्‌गम हुआ वह गंगोत्री के नाम से जाना जाता है। यह गोमुख के आकार का है, अतः इसे गोमुखी गंगा भी कहते हैं। एक परंपरा के अनुसार महर्षि भगीरथ के अथक प्रयास से गंगा पृथ्वी पर आई और भगीरथ गंगा कहलाई। पृथ्वी पर आने से पहले गंगा अनेक पर्वतीय जड़ी–बूटियों को अपने में समा कर उतरती है, जिससे गंगा जल में अनेक औषधीय गुण–समाहित हो जाता है। गंगा जल की यह विशेषता है कि उसे बहुत दिनों तक बंद रखने के बाद भी इसमें किसी प्रकार का कीड़ा नहीं होता है। यह इसके हिमालयी जड़ी–बूटी का प्रभाव है। साथ ही इसके निर्मलता का प्रमाण भी है।

हमारी संस्कृति में गंगा जल का विशेष महत्त्व है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रत्येक संस्कार में काम आता है। जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य को १६ संस्कार दिया जाता है। जैसे –जन्म के समय छठी संस्कार, एक साल बाद जब बालक पहला अन्न ग्रहण करता है तो अन्नप्राशन संस्कार, यज्ञोपवीत संस्कार, विवाह संस्कार और मृत्यु के समय बहुत कष्ट होता है, अतः उस समय उसे गंगा जल पिलाने से गंगा जल के औषधीय कण के चलते उसका कष्ट कम हो जाता है और वह मृत्यु को वरण कर पाता है।

हमारे ऋषि–मुनियों ने यहाँ की संस्कृति में जो कुछ दिया है, उसे आज के वैज्ञानिक कसौटी पर परखा गया है। गंगा स्नान करना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। आयुर्वेद के अनुसार कटी स्नान, उदर स्नान से प्रोस्टेट या मूत्र रोग सम्बन्धी बीमारी की सम्भावना जाती रहती है। उदर स्नान से पेट की बीमारी दूर हो जाती है। जो आदमी नदी में स्नान करता है और स्नान करते समय उगते सूर्य को देखता है, साथ ही थोड़ा तैर लेता है, वह स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जीता है।

■ ■ ■

R - 69

नारी विमर्श : तब और अब

कुंवर सिंह

यदि हम एक ऐसे विषय की खोज करें जिसका प्रयोग विश्व के महाकाव्यों में सर्वाधिक हुआ है तो वह विषय हमारे अनुमान से नारी वर्णन ही सिद्ध होगा। काव्य का सर्वप्रचलित रस श्रृंगार है तो नारी रसराज के प्राणों की आधार है। नारी की विमोहनी शक्ति युग–युग से काव्य जगत् पर एक छत्र शासन करती रही है और भविष्य में भी संभवतः करती रहेगी। वैदिक साहित्य में उसके रूप वैभव के उन्मादक प्रभाव की अभिव्यक्ति उस उर्वशी के रूप में हुई है, जिसके वियोग में पुरुरवा अपने प्राणों का त्याग करने का निश्चय कर लेता है। संस्कृत नाटक साहित्य में वासवदत्ता, शकुन्तला, वसंतसेना, दमयंती, रत्नावली आदि के विभिन्न रूप अपने सौन्दर्य के जादू एवं भाव–भंगिमाओं की शक्ति का परिचय देते हैं। प्राचीन साहित्य में नारी के इस अनंत रूपों, उसके अद्भुत प्रभाव और उसके अपार शक्ति का वर्णन मिलता है जो परवर्ती युग में इतना लोकप्रिय विषय सिद्ध हुआ कि धनंजय, विश्वनाथ, भानुदत्त आदि ने अपने ग्रन्थों में सबसे अधिक विस्तार नायिका भेद को दिया है।

वैदिक युगीन भारतीय नारी को समाज और साहित्य में बहुत ऊंचा स्थान प्राप्त है, किन्तु परवर्ती युगों में स्थिति इसके ठीक विपरीत रही। वैदिक युग की सहचरी त्रेतायुग में 'छायेव अनुगता सदा' अर्थात् छाया की भांति अनुचरी हो गई। पुरुषोत्तम राम ने उसकी स्थिति सुधारने के लिए एक पत्नी व्रत का आदर्श स्थापित किया था, पर निरंकुश पुरुष वर्ग को वह स्वीकार नहीं हुआ।

आधुनिक युग भी नारी के विभिन्न रूपों के प्रति प्रशंसा एवं निन्दा के मिले–जुले भावों से युक्त है, परन्तु नारी के निन्दित स्वरूप के लिए सामाजिक कुरीतियां एवं दोषपूर्ण परिस्थितियां ही मुख्य रूप से उत्तरदायी हैं। शिक्षा की दृष्टि से आज कन्याओं के लिए कोई कमी नहीं है। हमारे संविधान की प्रस्तावना में ही कहा गया है कि भारत के प्रत्येक नागरिक को विकास का समान अवसर दिया जाएगा, जिसमें स्पष्ट रूप से महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया गया है।

■ ■ ■

R - 70

मनुस्मृति में प्रतिपादित वर्णाश्रम धर्म

प्रीति शर्मा

भारतीय धार्मिक साहित्य में स्मृतियों का विशिष्ट स्थान है। स्मृति शब्द का अर्थ है- स्मरण अर्थात याद रखना। वन्य वस्तु की दृष्टि से मनुस्मृति में आचार, सदाचार, संस्कार, नैतिक शिक्षा, वर्णाश्रम धर्म, राजनीति, राज्यशासन विधि, प्रजा के कर्त्तव्य, दण्ड व्यवस्था, दायभाग, साक्षी प्रकरण, विविध प्रकार के पापों तथा उनके प्रायश्चित्तआदि का विस्तृत विवेचन इसमें किया गया है। मनु स्मृति में १२ अध्याय हैं। प्रत्येक अध्याय में अलग-अलग विषयों का विवेचन किया गया है। इन अध्यायों में वर्णित विषयों का विशेष महत्त्व है। समाज को व्यवस्थित तथा सर्वतोमुखी विकास के लिए चार वर्णों में विभाजित किया गया था। वर्ण का आधार जन्म न होकर कर्म माना जाता था।

जीवन को व्यवस्थित तथा संगठित करने के लिए चार आश्रमों में विभाजित किया गया है। आश्रम शब्द 'आ' उपसर्ग पूर्वक 'श्रम' धातु से निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है- आ श्राम्यन्ति अस्मिन् इति आश्रमः, अर्थात् एक ऐसा जीवन स्तर जहाँ मनुष्य अधिक परिश्रम करता है। आश्रम से अभिप्राय जीवन के ऐसे स्तर से है जहां मनुष्य क्रमशः परिश्रम करता है। आश्रम का शाब्दिक अर्थ है विश्राम का स्थान। आश्रम व्यवस्था के अन्तर्गत प्रत्येक जीवन की जीवन यात्रा के कुछ निश्चित सोपान निर्मित किए गए हैं। जहाँ पर एक सुनिश्चित कार्य विधान किया गया है। उस कार्य की एक निश्चित अवधि होती है। इसी जीवन यात्रा में प्रत्येक प्रकार के कर्मों को करते हुए मनुष्य मानव जीवन के अन्तिम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त होता है।

■ ■ ■

R - 71

मिथिला में अविवाहित कन्याओं द्वारा पूजन पर्व

नित्या झा

मिथिला में पर्वों की परम्परा अत्यधिक रूप में सदियों से चली आ रही है। उन पर्वों में विवाहित तथा अविवाहित अर्थात् महिलाओं तथा कन्याओं का योगदान अत्यधिक रहा है। कतिपय पर्व ऐसे हैं जो मात्र विवाहित महिलाएं ही करती हैं तथा कतिपय पर्व ऐसे हैं जो अविवाहित कन्याएं ही करती हैं। यहाँ हम अविवाहित कन्याओं द्वारा प्रचलित पर्वों की ही चर्चा करेंगे, साथ ही उन पर्वों के करने का उद्देश्य

क्या है? उस पर चर्चा करेंगे, क्योंकि निरुद्देश्य कोई भी कार्य नहीं होता, न कोई करता है। कहा गया है- प्रयोजनमनुद्दिश्य मन्दोऽपि न प्रवर्तते।

मिथिला में अविवाहित कन्याओं द्वारा किये जाने वाले पर्वों में 'हरिसौं' तथा 'तुषारी' पूजन पर चर्चा करना मेरा उद्देश्य है। इसी को पूजन रूपी पर्वों पर विशदरूपेण शास्त्रीय दृष्ट्या तथा सामाजिक दृष्ट्या विवेचन करना मेरा लक्ष्य है जो विस्तृत आलेख में रहेगा।

■ ■ ■

R - 72

भर्तृहरि तथा सार्वलौकिक नीति और सदाचार

सुधीर कुमार

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जब हम सार्वलौकिक नीति और सदाचार की प्रासंगिकता पर विचार करते हैं तो हम पाते हैं कि एक समाज, राष्ट्र और मानव जाति का एक ध्येय होता है, और जब तक वह ध्येय आक्रान्त नहीं होता, तब तक वह समाज-राष्ट्र और मानव जाति जीवित रहती है- चाहे जो भी संकट क्यों न आए। पर ज्यों ही वह ध्येय नष्ट हुआ कि समाज-राष्ट्र भी ढह जाता है। भर्तृहरि की चिन्तक दृष्टि मानव के समक्ष यह विचार रखती है कि मनुष्य तभी इस समाज में रह सकता है, जबकि वह समाज की पंक्ति में एकरस होकर काम किया करे। प्रस्तुत जीवन में आनन्दोपभोग की इस रस्साकशी में हर एक आदमी को शामिल होना पड़ता है, अन्यथा वह मर जाता है। मानव को अपनी दो मूल प्रवृत्तियों काम और क्रोध पर पूर्ण नियंत्रण कर ही इस भावी वैश्विक सन्दर्भ में होना होगा।

भर्तृहरि ने एक स्थान पर उद्धृत किया है-'बड़प्पन, पाण्डित्य, कुलीनता और विवेक मनुष्य में उसी समय तक रहते हैं, जब तक शरीर में कामाग्नि नहीं होती है।' क्रोध एक प्रचण्ड अग्नि है अतः इस क्रोधाग्नि को नियंत्रित कर ही जीवन और मानव समाज का एक आदर्श रूप प्रस्तुत किया जा सकता है।

समाज तथा राष्ट्र को सदाचार का पाठ पढ़ाने तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के मार्ग का अनुगामी बनाने के लिए हम बुद्धिशील मनुष्यों को ही सार्थक पहल करना होगा। अनवरत श्रम, लक्ष्य की प्राप्ति हेतु उसमें असीमित महत्वाकांक्षा और मन में कभी भी तृप्त न होने वाला उत्साह एवं संकल्प होने का दृढ़ निश्चय ही इसका प्राण है। मानव के जीवन का आधार ही सुदृढ़ भविष्य है। जीवन के प्रति सकारात्मक सोच ही भविष्य के प्रति आश्वस्त होना सिखाती है। भविष्य वर्तमान से निकलने वाली किरणें हैं।

भर्तृहरि की दार्शनिक दृष्टि हमें अपनी बुद्धि और विवेक को परिमार्जित और परिनिष्ठित करने का निर्देश करती है, क्योंकि यह बुद्धि ही वस्तुतः हमारे विकास-स्तर का निर्धारण करती है। स्थिर मनचित्त वाले व्यक्ति को बुद्धि का आदेश समझ में आ जाता है और इस आदेश का निर्देश प्राप्त कर तदनुकूल आचरण करने वाला व्यक्ति कदापि अनुचित कार्य नहीं करता है।

■ ■ ■

R - 73

विदुरनीति का धार्मिक दृष्टिकोण

ज्ञानधर भारती

धर्मे चार्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ।
यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्॥

महाभारत की उपर्युक्त उक्ति सर्वथा सत्य ही है, क्योंकि वह विश्व साहित्य का सर्वोत्कृष्ट एवं विशालतम ऐतिहासिक महाकाव्य है। इस विशालतम ग्रन्थ को शतसाहस्त्री संहिता के नाम से अभिहित किया जाता है। भारतीय सभ्यता का भव्यरूप इस ग्रन्थ में सर्वत्र द्रष्टव्य होता है। कौरवों एवं पाण्डवों का इतिहास वर्णन ही इस ग्रन्थ का उद्देश्य नहीं है, अपितु भारतीय-दर्शन का विस्तृत एवं पूर्ण चित्रण भी इसमें भली-भांति किया गया है। यदि इस ग्रन्थ की प्राचीनता को देखें तो इसका सम्बन्ध वैदिक काल से सिद्ध किया जा सकता है। अथर्ववेद में राजा परीक्षित तथा महाभारतीय राजाओं को यज्ञकर्ता के रूप में वर्णित किया गया है।

विदुरनीति महाभारत का एक अत्यन्त प्रसिद्ध और परम उपादेय प्रसंग है। इसमें महामना विदुर जी ने राजा धृतराष्ट्र को लोक-परलोक में कल्याण करने वाली बहुत सी बातें समझायी हैं। महाभारत में उद्योग पर्व के आठ अध्यायों में विदुरनीति का वर्णन किया गया है। इसमें व्यवहार, बर्ताव, नीति, सदाचार, धर्म, सुख-दुःख प्राप्ति के साधन, त्याज्य और ग्राह्य गुणों तथा कर्मों का निर्णय, त्याग की महिमा, न्याय का स्वरूप, सत्य, परोपकार, क्षमा, अहिंसा, मित्र के लक्षण, कृतघ्न की दुर्दशा, निर्लोभता आदि का विशद वर्णन करते हुए राजधर्म का सुन्दर निरूपण किया गया है। विदुरनीति अपठित, विद्वान्, तरुण, वृद्ध, बालक, स्त्री, शासक, प्रजा, धनी, गरीब, विद्यार्थी, शिक्षक सेवावर्ती और शुद्ध सुखी जीवन का निर्माण चाहने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए परम कल्याणकारी है।

■ ■ ■

R - 74

वधू-चयन की शास्त्रीय अवधारणा

प्रचेतस् शास्त्री

सभी संस्कारों में विवाह संस्कार प्रधान माना जाता है। यह सर्वसाधारण से सम्बन्ध रखता है, क्योंकि विवाह के उपरान्त स्त्री-पुरुष मिलकर समाज की सर्वप्रथम इकाई बनाते हैं। यदि यह प्रथा मनुष्यों में न हो तो न परिवार बनेगा, न समाज बनेगा, न जाति होगी, न राष्ट्र होगा। विवाह एक ऐसा संस्कार है जो हर देश और हर धर्म में किसी न किसी रूप में पाया जाता है। सफल वैवाहिक जीवन का आधार वर-वधू का उपयुक्त चयन है। विवाह के लिए स्त्री-पुरुष के लक्षण और चयन की अनेक प्रक्रियाएं हैं। इस सम्बन्ध में मुख्य रूप से धर्मशास्त्र, कामशास्त्र और ज्योतिषशास्त्र में इनका उल्लेख प्राप्त होता है। कल्पशास्त्र के अन्तर्गत गृह्यसूत्रों में इस विषय पर विशद चर्चा मिलती है। भारद्वाज-गृह्यसूत्र कृष्णयजुर्वेद का गृह्यसूत्र है। इसकी कोई टीका नहीं मिलती, न कोई पद्धति। इस गृह्यसूत्र का प्रथम प्रकाशन १९१३ ई. में हुआ था। इसकी सम्पादिका हैं डा. हैनरिएट जेडब्ल्यू सालोमांस। इस गृह्यसूत्र में वधू-चयन सम्बन्धी अनेक स्वतन्त्र तथा प्रगतिशील विचार प्राप्त होते हैं। डा. सालोमांस का कहना है कि ये प्रकरण बाद में जोड़े गए हैं। प्राचीन भारत में वधू-चयन सम्बन्धी स्वतन्त्रता सम्भवत: डा. सालोमांस को हजम न हुई हो। इस संक्षिप्त शोध पत्र के माध्यम से भारद्वाज गृह्यसूत्र में वर्णित वधू-चयन सम्बन्धी विचारों को प्रस्तुत किया गया है, साथ ही पारस्कर-गृह्यसूत्र, वाराहगृह्यसूत्र, मनुस्मृति एवं कामसूत्र के सन्दर्भों को उद्धृत करते हुए डा. सालोमांस के आक्षेपों का उत्तर भी दिया गया है।

■ ■ ■

R - 75

स्मृतिशास्त्रों में वर्णित सामान्य धर्म

अतिय दानिश

धर्म मानव जीवन का अपरिहार्य विषय होने के साथ ही सर्वाधिक विवादास्पद विषय भी है। आज से हजारों वर्ष पूर्व स्मृतिकारों ने धर्म के सम्बन्ध में चिन्तन किया, मनन किया और उसे अभिव्यक्त किया, जिसमें उन्होंने मानव समाज में रहने वालों, मानव कहलाने वालों के लिए एक सामान्य धर्म निर्धारित किया जो किसी देश-काल, वर्ण, लिंग, आयु से बँधा या बाधित नहीं है, अपितु समूची

मानव जाति के लिए अनुकरणीय है। स्मृतिकारों ने मानव मात्र के ग्रहण करने योग्य जो साधारण धर्म बताए हैं वे हैं- धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, विद्या, सत्य, अक्रोध, अहिंसा, दया, अस्पृहा और सदाचार। स्पष्ट है किये वैशिष्ट्य मानव को वास्तविक अर्थों में मानव कहलाने योग्य बनाते हैं, चाहे वह किसी देश-काल, वर्ण, सम्प्रदाय का क्यों न हो। आज धर्म को एक संकीर्ण अर्थ में स्वीकार कर विभिन्न सम्प्रदाय पारस्परिक घृणा, द्वेष, शत्रुता का आचरण कर रहे हैं, धर्मान्धता में अन्यों को विनष्ट करने में बद्धपरिकर हैं। ऐसी स्थिति में स्मृति साहित्य में वर्णित सामान्य धर्म उनके लिए उपादेय ही नहीं अनुकरणीय भी है।

■ ■ ■

R - 76

दान क्या है?

श्री जनार्दन पाण्डेय

अपना जो अधिकार है, वही अधिकार दूसरे को प्राप्त होने से दान कहलाता है।

दान के दो हेतु- श्रद्धा और शक्ति।

छह अधिष्ठान- धर्म, अर्थ, काम, लज्जा, हर्ष और भय।

छह अंग- दाता, प्रतिगृहीता, शुद्धि, धर्मयुक्त देय वस्तु, देश और काल।

दो फल - परलोक और इहलोक।

चार प्रकार - ध्रुव, त्रिक, काम्य और नैमित्तिक।

तीन भेद - उत्तम, मध्यम और कनिष्ठ।

तीन नाश - पश्चात्ताप (असुरदान), अपात्रता (राक्षस दान) और अश्रद्धा (पैशाच दान)।

■ ■ ■

R - 77

महानुभाव संप्रदाय - विचार एवं आचार

रोहिणी नागराज कपाटे (शास्त्री)

'महानुभाव जयकृष्णी संप्रदाय' महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों में 'जयकृष्णी संप्रदाय' नाम से परिचित है। बारहवीं सदी में इस संप्रदाय की संस्थापना हुई । इस संप्रदाय के प्रवर्तक 'सर्वज्ञ श्रीचक्रधर

स्वामी' हैं, जो मूलत: गुजरात प्रांत में आविर्भूत हुए, किन्तु उन्होंने अपनी कर्मभूमि महाराष्ट्र को माना। तत्कालीन महाराष्ट्र सारस्वत के प्रांगण में महानुभाव और वारकरी यह दो भक्तिसरिता प्रवाहित हुई, जिसे मराठी भाषा में आद्य ग्रन्थ 'लीलाचरित्र' नामक ग्रन्थ का लेखन संस्कृत के प्रकांड पण्डित तथा 'व्यक्ति विवेक' नामक ग्रन्थ के कर्ता 'महीमभट्ट' ने किया। मराठी का आद्य पद्यग्रन्थ 'ज्ञानेश्वरी' संत ज्ञानेश्वर जी ने लिखा और 'अमृतानुभव' नामक ग्रन्थ के कर्ता भी संत ज्ञानेश्वर ही थे। महानुभाव जयकृष्णी संप्रदाय में जो साहित्य का निर्माण हुआ वह बेमिसाल रहा। मराठी भाषा की आद्य कवयित्री 'महदंबा' वह भी जयकृष्णी संत परंपरा की साध्वी थी। जिसने श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का वर्णन काव्यबद्ध किया।

सर्वज्ञ श्रीचक्रधर स्वामी भडोच नगर में विशालदेव तथा मालिनी देवी के घर में पैदा हुए। कुछ समय उपरान्त राज्यभोग का त्याग करके जीवों का उद्धार करने के व्यसन में मग्न होकर गाँव-गाँव, घर-घर में जाकर नित्यानित्य वस्तु का ज्ञानोपदेश करते रहे। उन्होंने अधिकारी जीवों को अपरा भक्ति (जीव देवता) से मुक्त करके अनन्य भक्ति का रास्ता दिखाया। उन्होंने अपनी धर्मभाषा मराठी को मान कर अनावर मराठी में ही ब्रह्मविद्या ज्ञान की सरिता बहाई। संसार सागर से पार उतरने का सुगम मार्ग दिखाने वाले सर्वज्ञ श्रीचक्रधर स्वामी की परंपरा जयकृष्णी संप्रदाय में आज भी प्रचलित है।

■ ■ ■

R - 78

आगमशास्त्र में प्रायश्चित्त

डॉ. शीतला प्रसाद पाण्डेय

धर्मशास्त्र में प्रायश्चित्त के दो रूपों का विवरण प्राप्त होता है। प्रथम में 'पाप' तथा उसके 'उपशमन' के लिए की जाने वाली विधाओं का वर्णन है तथा दूसरे में धार्मिक 'अनुष्ठानों' में हुई भूलों के निवारणार्थ प्रायश्चित्त का विधान बताया गया है। 'आगमशास्त्र' में इसका प्रयोग दूसरे 'लक्ष्य' को ध्यान में रखकर किया गया है। इसका तात्पर्य यह है कि 'पाप' का निवारण 'तपस्या' तथा शुद्धि है। 'प्राय:' तथा 'चित्त' को पृथक्-पृथक् करके इनकी व्याख्या की गयी है। 'प्राय:' का अर्थ 'बुराई' तथा 'चित्त' का अर्थ 'दूर' करना माना गया है- 'प्राय: इति शब्देन दोषसम्पातानां चित्तमिति तस्य प्रतिषेध: तस्मात् प्रायश्चित्तमिति उच्यते'।

अगम में प्रायश्चित्त का प्रधान उद्देश्य है, भगवान् की निर्बाध, निर्दोष तथा पवित्र रूप में अर्चा

करना, जिसकी उपेक्षा से पाप प्रादुर्भूत होते हैं। इसी पाप के निवारणार्थ प्रायश्चित्त का विधान किया गया है। प्रकृत शोध पत्र में आगमशास्त्र द्वारा प्रतिपादित 'प्रायश्चित्त' के विविध स्वरूपों को देखने का एक विनम्र प्रयास है।

■ ■ ■

R - 79

विश्व के अभिनव निर्माण में अध्यात्म और विज्ञान का समन्वय आवश्यक

डॉ. के.के. शर्मा

पदार्थ जगत् की क्षमताओं का स्वरूप और उपयोग समझने की विद्या को विज्ञान कहते हैं और चेतना की प्रगति एवं प्रसन्नता प्रदान करने वाली विद्या को अध्यात्म कहते हैं। मानवी सत्ता को दोनों के साथ तालमेल बिठाना पड़ता है, प्राण चेतना का संतुलन अध्यात्म तत्त्वों पर अवलम्बित है। कला-पदार्थ विनिर्मित होने से उसका काम वस्तुओं के सहारे चलता है। जीवन को सुखी-सम्मुन्नत रखने में दोनों की समान रूप से आवश्यकता पड़ती है। अध्यात्म और विज्ञान का परस्पर सहयोग समन्वय रहने पर व्यक्ति तथा समाज की सुविधा तथा प्रसन्नता को बनाए रखना तथा बढ़ाते चलना संभव हो सकता है, लेकिन इन दिनों अध्यात्म और विज्ञान दोनों महाशक्तियों में परस्पर सहयोग समन्वय नहीं चल रहा है। समय की मांग है कि विज्ञान और अध्यात्म का, पदार्थ और चेतना का ऐसा तालमेल बैठे जिसके सहारे व्यक्ति की गरिमा और समाज की व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाया जाना संभव हो सके। इस प्रयोजन की पूर्ति के लिए दोनों महाशक्तियों का समन्वय अनिवार्य है। विश्व का अभिनव निर्माण तभी संभव है जब ये दोनों शक्तियाँ समुद्र मंथन की तरह कल्याण में देवों और दानवों की भाँति कार्य संपन्न कर अपना-अपना अस्तित्व बनाये रखें।

ज्ञान-सम्पदा का खजाना दो तिजोरियों में भरा हुआ है। एक धर्म-दर्शन की और दूसरी विज्ञान की। विज्ञान की तिजोरी में ज्ञान वह तत्त्व निहित है, जिससे चेतना को प्रभावित करने वाली, भावनागत संवेदनाओं का विवेचन-विश्लेषण किया जाता है। नीति, धर्म, सदाचार, अध्यात्म का खजाना यही है, विज्ञान की तिजोरियों में पंचभूतों से निर्मित चीजों की गतिविधियों की जानकारी तथा उपयोग की विधियाँ सन्निहित है। आज इसकी अनेकानेक धाराएं हैं, शरीर विज्ञान, पदार्थ विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान आदि।

■ ■ ■

R- 80

Gandhi's View on Universal Religion

Mrs. Junalee Gogoi

The word 'Religion' is used by different people in different way. Hindu people take religion on the basis of rituals. Mahatma Gandhi said that every religion came from rituals and dogmas. He tried to get rid of the rituals and attached with reason. He thought that all religions are occupied with the task of living and adjustment to the various demand of life and society. Religion was not a matter of individual experience. He tried to make religion broad enough to give universal character. Religion was a human institution made by human ingenuity to solve practical affairs as well as spiritual matters.

To understand Gandhi's religion a passage can be cited. He said- "By religion I do not mean formal religion, or customary religion, but that religion which underlies all religions, which brings us face to face with our Maker. It is the permanent element in human nature which counts no cost to cost too great in order to find full expression and which leaves the soul utterly restless until it has found itself again". He observes, religion which takes no account of practical affairs and does not help to solve them, is no religion. He does not define religion in exact and definitive language. One of his attempts was not to bring religion closer to common man. Therefore Gandhi considered humanism as a universal religion which serves mankind best. Gandhi substituted God by truth and he made a proper dimension of religion in the light of humanism. In this regard he was a functional moral philosopher. But most of the times Gandhi felt that religion could not be understood without knowing its relation with God. Gandhi wanted to make religion a way of life. In my paper an attempt will be made to make an analysis on Gandhi's view on universal religion.

■ ■ ■

R- 81

Tagore's Vision of Religion and Its Relevance to Present-day Context

Ms. Bhabani Saharia

From the time immemorial, religion is recognised as a part and parcel of our life. It is a unique dimension of human nature. Todays' age is considered the age of Science and Technology. What was considered impossible about fifty years ago has become a reality today due to the progress in science and technology. All the same, even in this age, people offer sacrifices to their Gods before setting out on an important work e.g. sacrificing animals to earn *puṇya,* the incidents of killing people considering as witch that is prevailing in Assam. At present, the intra- religious quarrels etc. are the indications of the superstitious attitudes of the people. Very often these attitudes are equated with religion. As a result of all these religious superstitions, the uniqueness of religion has been lost. With view in mind it is the time to review Tagore's vision of religion through which we can establish religion as a cohesive force with all its true and natural essence and uniqueness.

Tagore's religion is an aspect of human spirit. His religion is non-institutionalised. For Tagore, religion is a principle of unity that binds us together. Religion trains our attitude and behaviour towards the Infinite in its human form. Religion does not consist in knowledge or philosophy. His religion challenges us to look upon human beings as ends in themselves and not as means. If we dwell upon his vision of religion, irrespective of our religious differences, we will be merged in a beautiful harmony of mankind.

■ ■ ■

R- 82

Education for Women's Equality and Empowerment

Jahida Sultana

Women empowerment is an issue of global importance and most of the countries, both developed and developing, have given more stress on the issue. One of the millennium development goals of the United Nations is to promote gender equality and women's empowerment. Empowerment would become more relevant, if women are educated, get better access to information and can take rational decisions. It is also important to sensitize men towards women, and ensure equal participation in the planning and implementation of development programmes, which can bring about changes in societal attitudes and perception with regard to role of women in different spheres of life.

Women produce children, women are mothers and wives, women do the cooking, mending, sewing and washing, they take care of men and are subordinate to male authority. They are largely excluded from high status; occupation and positions of power. Women's work is of tremendous value to family, society and nation as well as the whole world, but it has always remained invisible.

The struggle for equality of women has been a major concern not only in India, but also all over the world. Education is considered as one of the key factors for achieving equality and empowerment.

■ ■ ■

R- 83

Śaiva Bhakti Movement in Tamilnadu

Dr.Sharath Chandra Swarny

Bhakti is a major religious concept in most of all Indian philosophical schools. It means complete devotional surrender to a personally perceived Supreme God for achieving ultimate salvation. South India is the major habitat of this *bhakti* doctrine. This movement started in 6th Century A.D in Tamilnadu. In between the sixth and tenth century this *bhakti* doctrine grew from a mere religious doctrine into a popular movement, It also proposed religious equality for socially backward people. Several great saint-poets have led this movement. Somewhere about 10th Century this movement began to decline in Tamilnadu. In 12th Century A.D this *bhakti* movement once again gained momentum in Karnataka as *Śiva Śaraṇa Bhakti* movement in the leadership of great social reformer Basaveshwara.

The Śaiva saints of Tamilnadu, popularly known as Nayanar, spread *bhakti siddhānta* among various sects of the society, regardless of any caste and creed. Some of these saints came from the "lower" castes and also some were women. The saint-poets preached *bhakti* in a resilient passionate way and promoted Śaiva religion impartiality. These saints opposed meaningless rituals and demonstrated a simple religion through *bhakti.* Tamil Nayanar saints used the local Tamil language to preach and also they wrote poetry in that language. They didn't use Sanskrit to compose their devotional songs. All these features gave the movement a widespread atmosphere all over Tamilnadu.

The *bhakti* literature produced in Tamilnadu contains three important books- *Tevaram, Nalayira Divva Prabandham,* and *Śrīmadbhāgavata.* There are so many saints, who immensely contributed to this literature. Karaikkal Avvaiyar, Appar (Tirunavakkarasar), Sambandar, Sundarar, Mannikavasahar were the foremost Śaiva *bhakti* saint poets of that time. This article will present the history, philosophy and contribution of Tamil Śaiva poets to *bhakti* movement.

■ ■ ■

R- 84

Śivāmṛtasārasamuccaya of Śrīśadeva

Dr. Anil Kumar Acharya

Śivāmṛtasārasamuccaya is a compilation of passages on different aspects of Śaiva religion from various texts, viz. *Mahābhārata, Purāṇas, Rāmāyaṇa, Pāśupata* etc., and is complete in forty chapters. The authorship of this text has been attributed to certain Śrīśadeva of Gauḍa region. The identity of this Śrīśadeva is a matter of research, by which facts like his date, exact place, etc. could be established in a specific manner. But on the basis of the dates of the texts, viz. a commentary by Ananta Bhaṭṭa (*anantabhaṭṭī ṭīkā*) 16th-17th A.D. and *Ekāmrapurāṇa,* 15th A.D., cited therein, in general, it could be assumed that this literary creation of Śrīśadeva could not have been composed before 16th century AD.

To my knowledge, this is an unpublished text . Till date, two manuscripts of this text have been traced, of which one is a palm-leaf MS, with slight variant title: *Śivāmṛtasārasamuccaya,* at Orissa State Museum, bearing no. D/225 (vide – Descriptive Catalogue of Orissa State Museum, vol. VII, P. 157) and another is a paper MS preserved in Govt. Oriental Manuscript Library, Madras (GOML), bearing no. 5125 (vide – Madras Trainial Catalogue, Vol. VI, P-I). Of these, a copy of the later is in my possession, which is in fact, a paper transcript copied during 1925 from a manuscript acc. no. 1/541 and records only thirty-three chapters.

My endeavour in this paper would be to present a comprehensive study of this text based on the paper manuscript of GOML, and thereby to bring this unknown text into the knowledge of scholars and to enrich the understanding of the nature of Śaivism prevailed in Gauḍa during the time of Śrīśadeva.

■ ■ ■

R- 85

Tolerance in Hinduism

Arpana Ramchiary

Tolerance means the ability or willingness to tolerate the existence of opinions or behaviour that one dislikes or disagrees with. It is acknowledging the rights of others to live according to their choices and performances while respecting our own. It is honouring the ultimate truth that God is all in all and God's numerous manifestations and each aspect of his creation is as sacred and important as us. Hinduism promotes tolerance as an essential part of its philosophy and practice. Hinduism is a tolerant religion. Hinduism is the only religion in the world which showed remarkable tolerance towards other religions in different times and under testing condition. Hinduism itself evolved into hundreds of strains, and thus Hindus are fully at home with many different traditions and viewpoints within their own faith. Hence, they are naturally tolerant of other religions, respecting the fact that each has unique beliefs, practices, goals and paths of attainment, and not objecting when the doctrines of one conflict with those of another. From the earliest time Indian society has been a heterogeneous society in which people belonging to different linguistics, ethnic, social backgrounds lived in harmony and practising their respective faiths without pressure and interference from other. It is also said that the *Śrīmadbhagavadgītā* clearly upholds the practice of tolerance. It firmly declares that the path to God is many and all reach Him only in the end. Ramakrishnan and Yogananda also showed remarkable tolerance in their own teaching and conduct. They upheld all religions, emphasised the importance of communal harmony and drew the attention of people to the similarities between the teachings of Hinduism and other religions. But the religious tolerance of present day Hinduism is partly influenced by conventional wisdom and partly by the values of democracy and modern education. All Hindus do not practice religious tolerance equally.

■ ■ ■

R- 86

Concept of Vratas as Reflected in the Dharmaśāstras

Dr. Arundhati Goswami

The term *vrata* is derived from the root *vṛ* which mean to choose, to adore etc. Vratas are the religious acts of devotion or austerity. This is a vow in general. It is a regulatory way of people to maintain a disciplined life. The concept of *vrata* is very much ancient and is in existence from the Vedic period. The word is found in the *Ṛgveda* more than two hundred times.

There are various meanings of *vrata* found in the Sanskrit literature. According to the *Amarakoṣa, vrata* and *niyama* are the synonymous terms. 'The *Agnipurāṇa* (175.2-3) mentions *vrata* as the rule *(niyama)* declared by the śāstras and also said as austerity *(tapa)*. But in the *Dharmaśāstras*, *vrata* is called *saṅkalpa* i.e. desire, determination or mental resolve to perform an act *(vratāni..... saṁkalpajāḥ smṛtāḥ // Manusmṛti,* II.3; *c.f., Mitākṣarā* on *Yājñvalkyasmṛti,* 1.129). Again various strict rules are prescribed for expiatory rites in the *Dharmaśāstras*. These are also included in the vratas. A special food habit is maintained during the time of *vrata.* There are several types of vratas mentioned in the *Dharmaśāstras* but their number cannot be said to be fixed. Here, in this paper, an attempt has been made to highlight the concept of *vrata* as traced in the *Dharmaśāstras* which is very much significant to maintain a good balanced life of the people.

■ ■ ■

R- 87

Representation of *Bhakti* Consciousness in Gauḍīya Vaiṣṇavism

Mr Sukanta Ghosh

The popular word for devotion is *bhakti* which is derived from the root *bhaj,* meaning "to serve". Primarily it means service to the lord or intense love of God. This will lead to love or *prema. Bhakti* is *anurāgātmikā* or the nature of attachment. This attatchment gives pain when separation comes in. The sign of *bhakti,* therefore, is regard *(prema),* great respect *(bahumāna),* love and affection *(prīti),* separation *(viraha),* the uttering the glory and living only for the beloved and the act of belonging.

Caitanya Mahāprabhu or Lord Gaurāṅga, as he was popularly known, was of the luminaries in the tradition of cult and the chief architect of Gauḍīya Vaiṣṇavism. Advocating *bhakti* as an essential means to liberation, Śrī Caitanya Mahāprabhu gives an elaborate account of the nature, kinds and effects of *bhakti,* which according to him, is the surest means to liberation. He defines *bhakti* as prem which is the essence of *Ānanda* of Śrīkṛṣṇa. *Bhakti,* therefore, is the spiritualised emotion of love. It is the sublime emotion of love for Śrī Rādhā and Kṛṣṇa. Śrī Caitanya makes it clear, however, that *bhakti* requires constant practise and discipline.

In my paper an humble attempt has been made to represent the divine and aesthetic love or devotion, i.e. *bhakti* as reflected in the Gauḍīya tradition of Vaiṣṇavism.

■ ■ ■

R- 88

Religion and Nature: With Special Reference to Hinduism

Dr. Sanchita Bora

Religion, a deep and intimate impulse of mankind, in one way or another has been found everywhere. The historical perspective of any society shows that protection and preservation of the nature has been fundamental to the cultural and religious ethos. Almost all ancient religions had adored nature believing that different forms of nature emit the spirit of God.

In Hinduism, natural energies, activities and aspects are glorified and personified as deities. Different attributes are assigned to deities, which fit in their natural forms and activities. Hymns and prayers are eulogies to natural elements like air, water, earth, fire, sun, dawn, rain, etc. Hinduism contains numerous references to the worship of the divine in nature in the *Vedas, Upaniṣads, Purāṇas, Sūtras, Smṛtis* and other sacred texts. Sanskrit *mantras* are recited to admire rivers, mountains, trees, animals, and the earth.

The strength of Hinduism is that nature is an inseparable part of our existence. Protecting the environment is an important expression of *dharma.* Hinduism can be considered as a twig of ecospirituality or a representation of deep ecology. In present social milieu, the voice of Hinduism can be heard in such movements as 'Save the Planet', 'Conserve the Forests', 'Stop Cruelty to Animals', 'One World–One Family' and others. This paper is a trivial attempt to explore Hinduism with a view to exemplify the relation between religion and nature and to evaluate ancient religious ethos of Hinduism in present-day context.

■ ■ ■

R- 89

A Research : *Sādhyāḥ Santi Pūrve Devāḥ*

Miss Saee Uday Bandiwadekar

The famous *mantra*: *yajñena yajñyamayajanta devāstāni dharmāni prathamānyāsan| te ha nākaṁ mahimānaḥ sacanta yatra pūrve sādhyāḥ santi* *devāḥ//* (*Ṛgveda,* 1.164.50) incidentally gives the reference about Sādhya gods. The Sādhyas are the group of demi-gods or celestial beings referred to in the *Ṛgveda* to *Purāṇas,* though their position among gods, their appearance, their history is unexplored. In this paper an attempt is made to trace identity of the Sādhyas.

■ ■ ■

R- 90

The Interface Between Ethics and Dharma: An Analysis

Dr. Subhas Chandra Tripathy

Moral principles are central to human existence, and this is what ethics tells us. However, ethics is meaningful, if applied. This paper emphasizes the importance of applied ethics. Ethics is inextricably linked with *dharma* and they share a common boundary and meet at one point that is morality. Morality forms character, and character is vital to life. This is why all religious scriptures lay emphasis on the formation of character and upholding it. The Vedas and Upaniṣads prioritize this. In *Śrīmadbhagavadgītā.* Śrī Kṛṣṇa's advice to Arjuna is based on the importance of doing one's duty without ever thinking of the fruits of action. But this performance of duty has to be essentially made according to rules of *dharma. Dharma* is a very important concept that relates to values. In *Gītā, dharma* is understood as order, and as the Lord says, whenever *dharma* declines and *adharma* gains ascendancy, he restores *dharma* by destroying *adharma.* Thus we understand how vital order is. This paper cites various works to discuss the interface between ethics and *dharma* and highlights morality as the prime consideration.

■ ■ ■

R- 91

Social Etiquattes in the *Manusmṛti*

Dr. Mamata Das

Manusmṛti is regarded as the authentic as well as exhaustive text on the Hindu civic life. The heavenly visions of the Vedic seers were put down to pragmatic planes. The process of creation of animate and inanimate world, classification of society on the basis of *varṇa,* code of conduct for civilians and kings, division of property; crime and punishment – Manu deals with every aspect of social and public life with minute details, Manu's purpose was to set a model social order—an icon for the world to follow. The pattern of social order interweaves by Manu was so firm and finale that it gave Indian society a solid foundation to withstand all odds and adversities. The magnificient structure of Indian culture stands erect on the principles laid by the *Manusmṛti*.

Manu not only inforces systems of social and administrative law, he speaks about social ethics and etiquattes with personal details. These etiquattes highlight the finer humane approach of Indian life-style. The paper deals with the courtesy of behavior in various social relationships like student-teacher, guest and host, wife and husband, family man and kins, sovereign and his subjects. The observation of courtesy in social life projects the distinguished polished nature of Indian society.

■ ■ ■

R- 92

Kṛṣṇa : The Greatest and the Earliest Śaiva

Dr. T. Ganesan

As there are great Upaniṣads such as the *Atharvaśikhā, Atharvaśiras, Śvetāśvataropaniṣad,* etc., belonging to the Vedic corpus which expound the Pāśupata doctrines and religious practices that lead to the realization of Śiva, the supreme reality, so also the *Mahābhārata* treats extensively the Śaiva Pāśupata system in all its varieties inculcating, the supreme greatness of Śiva. We find in many parts of the epic such as the *Droṇaparva, Āraṇyaparva, Śalyaparva, Anuśāsanaparva*, to cite a few, that Śiva is spoken as the highest and unique reality. Also we find various hymns sung in praise of Him by the sages, and by great divine personages such as Śrī Kṛṣṇa found scattered in the entire Epic which are all testimony to this fact. Further, we find in the *Mahābhārata* (*Ādiparva, Droṇaparva,* etc.) various instances where Śiva blesses the Pāṇḍava brothers during such occasions as the great war by Himself taking special care for their victory.

In the *Anuśāsanaparva,* we find many chapters where Kṛṣṇa recounts directly how he underwent the Śaiva-Pāśupatavrata, his severe penance to get Śiva's blessings and how he was blessed by Śiva and Pārvatī.

The speciality of the Śaiva-Pāśupata religion is that the greatest expounder of its dosctrines and practices is none other than Śrī Kṛṣṇa, the son of Devakī who himself undergoes the Śaiva-Pāśupata practices under the guidance of sage Upamanyu with a firm devotion to Siva through which he gets Śiva's supreme grace and unlimited power.

In my paper, I will attempt to highlight how Kṛṣṇa excels in expounding and himself practising one of the most ancient form of Śaivism, as recorded mainly in the *Mahābhārata* which is the world's most ancient epic.

■ ■ ■

R- 93

Dakṣiṇrāi—A Composite God Worshipped in the Sunderbans, West Bengal

Dr. Shakti Mukherji

The Sundarbans exhibit a plethora of exquisite flora and fauna, housing the very rare mangrove forests, resulting from an amalgamation of the sweet river water and the brackish waters of the Bay of Bengal, in addition to it is the host of animals mainly 'tigers in land and crocodiles in water' which frightens the tourists even now. It is admitted that any destructive or beneficial force is recognized as a deity. Most of the people of Sundarban live on collecting wood, honey, crab, fish, and lobsters and very often they become the soft target of tigers. The most destructive force is in Sundarban, the ferocious Royal Bengal tigers and perhaps this is the cause of the emergence of tiger-god Dakṣiṇrāi.

Dakṣiṇrāi or Dakṣiṇdarb is a godling widely worshipped and performed his acts through drama in the rural areas of South-Bengal, especially in those adjoining the Sundarbans. The worship of the god is generally held in the month of Māgha, corresponding to part of January and February.

The origin of Dakṣiṇrāi is obscure. No account of it is to be found in *Veda* or *Purāṇa*. There are different modern accounts giving diverse versions of the origin. Perhaps its earliest reference is found in *Rāymaṅgal Kāvya* of 17th century, where earthen human face was found broadly worshipped as Dakṣiṇrāi, god of tigers.

The only temple of Dakṣiṇrāi is found in Dhapdhapi, 24 Parganas, an hour from Kolkata, a remote village—a God with gun. The saying goes on that his eyes were bright and sharp like clever tiger. He used to love tigers and kills the man-eaters in time.

In my presentation, substantiated with rich photographs from field work, I would attempt to throw light on the age-old worshipped god or godling with the spirit of tiger with its history and way of worship.

■ ■ ■

R- 94

Literature and Human Unity

Dr. Awadhesh Kumar Mishra

Man is a social being. He cannot live alone. He has an instinctive sense of identity with his fellow men. He has a sense of completeness and importance when he feels that he is a part of universal human life. Egoism or self-centered existence leads to his unhappiness. The brotherhood of men is the supreme goal of humanity. Nature meant all mere to be equal and integral with others. It is Nature's holy plan that men should live in close unity and solidarity and in unison with Nature.

But Nature's holy plan has been defeated by men. The poet laments what man has made of man. Wordsworth mourns man's inhumanity to man and deplores man's separation from Nature. Modern industrial civilization has sundered man's relationship with Nature and has caused a division among men. Artificial barriers have been set up to dissolve the cohesion of the family of men. Fissiparous tendencies have led to disunity and disparity among men. Casteism, parochialism, linguism, nationalism, provincialism are man's creations which are responsible for the schism among humanity. The generous impulses, genial feelings and innate goodwill have been eroded and men are now engaged in cut-throat competition for power, help and influence. Malice and prejudice prevail over the world and man has virtually been turned into an enemy of man.

ही सौरमंडल के दर्शन कर आकाशीय सौरमंडल की व्यवस्था की। सूर्य समस्त जगत् की आत्मा है। चन्द्र निशापति और औषधिपति है। सूर्य मंडलीय सदस्य ग्रह कहलाते हैं। नक्षत्र को ही वेद में तारा, ताडका, उडु, ऋक्ष, नभ, रोचना आदि कहा गया है। ग्रह-नक्षत्रों का प्रभाव मानव पर पड़ता है। ऋषि-मुनियों ने अपने तपोबल से मानव से कर्मपक्ष को प्रकाशवान बनाने तथा नक्षत्रों से संबंधित देवताओं को प्रसन्न करने के लिए 27 वृक्षों का अन्वेषण किया। यह सिद्धांत प्रतिपादित किया कि जो व्यक्ति अपने नक्षत्र से संबंधित वृक्ष का रोपण, संरक्षण एवं सेवा कर इसका सान्निध्य पाएगा उसे जीवन में सुख, समृद्धि, शांति, वैभव, आरोग्य, यश, कीर्ति आदि की प्राप्ति होगी। प्राचीन धर्मग्रन्थ जैसे – मंत्र महार्णव, नारदपुराण, नारद संहिता, कुलार्णवतंत्र, राजनिघण्टु, शारदातिलक, श्रीविद्यार्णवतंत्र आदि ग्रंथों में ज्योतिष एवं आयुर्वेद के बीच तो सुन्दर सामंजस्य स्थापित किया ही गया है साथ ही नक्षत्र-वृक्षों का विस्तृत विवरण भी दिया गया है। जितने प्रकार के साध्य जन्मनक्षत्र होते हैं उतने ही प्रकार के साध्य जन्मवृक्ष होते हैं। आज संपूर्ण विश्व पर्यावरण संरक्षण में वृक्ष की भूमिका को स्वीकार कर चुका है। जनकल्याण हेतु पर्यावरण प्रदूषण के उन्मूलन में वृक्षों, वनस्पतियों की भूमिका का प्रतिपादन इस आलेख का मुख्य लक्ष्य है।

■ ■ ■

TS & FA - 38

ज्योतिषशास्त्र में कृषि विज्ञान

नवीन कुमार

ज्योतिषशास्त्र वस्तुतः सूचनाओं और संभावनाओं का शास्त्र है। इसके उपयोग व महत्व को सही ढंग से समझने पर मानव जीवन और अधिक सफल व सार्थक हो सकता है। पृथ्वी पर रहने वाले सभी चर-अचर प्राणी अपने जीवन-यापन हेतु किसी न किसी रूप में पृथ्वी पर आश्रित हैं। इनमें सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा-संपन्न प्राणी मनुष्य अपने लिए अनेक प्रकार के आहार पृथ्वी से प्राप्त करने का प्रयास निरंतर करता रहता है। मानव जाति को आहार की आवश्यकता ही कृषि का मूल है। भारत कृषि प्रधान देश है, किन्तु भारत में सुविचारित कृषिशास्त्र है इससे संभवतः अल्प-लोग ही परिचित होंगे।

आज कृषि विज्ञान अति उन्नत अवस्था में है। पुरानी व्यवस्थाएं आज उतनी उपयोगी नहीं रह गई हैं, फिर भी उनका ज्ञान आज भी अनुसंधान के क्षेत्र में दिशा-निर्देश कर सकता है। भारतीय ज्योतिषशास्त्र में कृषि और वृष्टि दोनों को समान महत्व दिया गया है, क्योंकि कृषि पर जीवन आधारित है तथा वृष्टि पर कृषि आधारित है। अतः कृषक को दोनों के प्रति सचेष्ट और सावधान रहना आवश्यक है-

वृष्टिमूला कृषि: सर्वा वृष्टिमूलं च जीवनम्।
तस्मादादौ प्रत्यनेन वृष्टिज्ञानं समाचरेत्।।

संपूर्ण शोध-पत्र में विस्तार से वर्णन किया जाएगा।

■ ■ ■

TS & FA - 39

प्राचीन काल में उद्योग एवं व्यवसाय

किरन सिंह

प्राचीन काल में यद्यपि लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि और पशुपालन था, परंतु शनै: शनै: उन्होंने विभिन्न प्रकार के उद्योग एवं व्यवसायों को भी प्रारंभ किया। कालान्तर में उनका विकास इतनी तेजी से हुआ कि विभिन्न व्यवसायों के नाम पर जातियों का नामकरण होने लगा, जैसे चर्म (चमड़े) का कार्य करने वाले चर्मकार, तन्तु का कार्य करने वाले तन्तुवाय, सोने का काम करने वाले सुनार, लोहे का काम करने वाले लुहार, लकड़ी का काम करने वाले बढ़ई और मिट्टी के वर्तन बनाने वाले कुम्भकार कहलाएं जाने लगे। धीरे-धीरे इन व्यवसायों में काम करने वाले लोगों ने अपने संगठन बना लिए जिससे उनका विकास बड़ी तेजी से हुआ। परिणामस्वरूप भारतीय उत्पादों की मांग विश्व में बड़ी तेजी से बढ़ने लगी, जिससे देश आर्थिक दृष्टि से काफी समृद्ध हो गया। इसके अतिरिक्त अभिलेखों और साहित्यिक ग्रंथों में अन्य व्यवसाय करने वालों की भी जानकारी प्राप्त होती है, जैसे पुरोहित, ज्योतिषी एवं अध्यापक आदि। हीन व्यवसाय करने वालों में कुम्हार, मालाकार, नाई, तेली, पशुपालक, शिकारी और कसाई आदि के उल्लेख मिलते हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में प्राचीन काल में उद्योग एवं व्यवसाय के विषय की चर्चा की गई है।

■ ■ ■

TS & FA - 40

वराहमिहिर की दृष्टि में अनावृष्टि - योग

डॉ. सन्तोष कुमार मिश्र

ज्योतिष सृष्टि का आरंभिक विज्ञान है, आदि सभ्यता के विकास का मार्ग है। ज्योतिष का महत्व तो इसी बात से स्पष्ट है कि वेद जैसे उत्कृष्ट ग्रंथ भी इसके बिना अंधे हैं। आज विज्ञान की बहु-

शाखाओं के असंख्य प्रयोगों से गर्वान्वित मानव की जिज्ञासाओं का समाधान भी जहाँ नहीं हो पाता, वहाँ ज्योतिष उन तमाम प्रश्नों का सहज उत्तर है। तथ्य, पूर्वानुमान तथा भविष्य-कथन द्वारा कल्याण-सम्पादन ज्योतिष की प्रमुख विशेषता है।

संप्रति विश्व में जल-संकट छाया हुआ है। धरती के किसी भाग में समुचित वृष्टि नहीं होती है। कहीं अनावृष्टि, कहीं अल्पवृष्टि तो कहीं अतिवृष्टि के प्रभाव से धन-जन की व्यापक क्षति होती है। इसमें पर्यावरण प्रदूषण की भी महती भूमिका है। विज्ञान इन आपदाओं का सम्यक् अनुमान करने में अभी तक पूर्णतः सफल नहीं हुआ है। किन्तु वराहमिहिर के ग्रंथ 'वृहद्संहिता' में इनका स्पष्ट एवं विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में वराहमिहिर के अनावृष्टि-योग संबंधी सिद्धांतों की विज्ञान-सम्मत समीक्षा की जाएगी।

■ ■ ■

TS & FA - 41

शुक्र नीति में कोष विचार

डॉ. विपिन कुमार मेहता

'शुक्रनीति' संस्कृत साहित्य के महान् ग्रंथों में से एक है जो राजनीति समाज और अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों में विश्वकोष जितना महत्व रखता है। इनमें राज्य और समाज के मार्गदर्शन के लिए धर्म, कर्म, अर्थ, न्याय, दण्ड, सुरक्षा, कृषि, व्यापार, सामाजिक संस्कार आदि विषयों का समावेश है। महर्षि शुक्र ने इस ग्रंथ में अपने मौलिक चिंतन द्वारा राज्य के सफल संचालन तथा समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्था प्रतिपादित की है। इन व्यवस्थाओं का प्राचीन काल से आधुनिक काल तक शासन और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से उपयोग होता आया है।

जहाँ तक शुक्र नीति में कोष विचार का प्रश्न है तो शुक्र नीति में आर्थिक नीति की चर्चा मिलती है। आर्थिक क्षेत्र के लिए भी शुक्रनीति एक महत्वपूर्ण कृति है। इसमें कृषि एवं व्यवसाय सहित अर्थव्यवस्था के विभिन्न पक्षों का विवेचन किया गया है। आचार्य शुक्र ने धान्य-संग्रह पर समुचित बल दिया है। उनके अनुसार राजा को अपने कल्याण और राष्ट्र की रक्षा के लिए समय-समय पर तीन वर्ष तक काम देने योग्य पर्याप्त धान्यों का संग्रह कर लेना चाहिए।

शुक्र नीति में राज्य के आय के विभिन्न स्रोतों का वर्णन मिलता है जिनमें विविध प्रकार के कर आर्थिक दण्ड आदि सम्मिलित हैं। इन स्रोतों से प्राप्त आय से ही राज्य का संचालन होता था। शुक्र नीति के अनुसार शासन व्यवस्था में राज्य की आय का प्रमुख स्रोत प्रजा द्वारा दिया जाने वाला कर

ही होता है। महर्षि शुक्र की कर व्यवस्था कुछ ऐसे सिद्धांतों पर आधारित है, जिनके पीछे मानवीयता की व्यवहारिक शक्ति निहित है। महर्षि शुक्र ने वित्त व्यवस्था में साधारण परिस्थितियों में कर की वृद्धि को छूट का अधिकार न देकर केवल आपात स्थिति में ही कर वृद्धि कर निर्देश दिया है। शुक्र नीति में अर्थ व्यवस्था में नियोजन की आवश्यकता और उसके महत्व को स्वीकार किया है। उन्होंने आर्थिक जीवन के क्षेत्र में नियोजन की प्रक्रिया को अपनाकर सफलता अर्जित करने का निर्देश दिया है। नियोजन उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करना है, जिससे आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। परिणामस्वरूप अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक समस्याओं का स्वत: ही समाधान हो जाता है।

■ ■ ■

TS & FA - 42

समराङ्गणसूत्रधार में देवप्रासाद निर्माण के पूर्व आधार : वास्तु शास्त्रीय दृष्टिकोण

कामनी शर्मा

'समराङ्गणसूत्रधार' वास्तुशास्त्र का एक अत्यंत प्रमाणिक महत्वपूर्ण एवं अधिकृत ग्रंथ है। इसकी रचना ग्यारहवीं शताब्दी में ओजस्वी राजकुल के वातावरण में संपन्न हुई। समराङ्गणसूत्रधार मध्यकालीन कृति है। इस ग्रंथ में जिस वास्तुविद्या का दर्शन होता है, वह अत्यंत प्रौढ़ एवं समुन्नत है। 88 अध्यायों और लगभग दस हजार पंक्तियों में लिखित यहीं एक ऐसा वास्तु-शास्त्रीय ग्रंथ है, जिसमें वास्तुविद्या के अविकल अंगों का सांगोपांग विवेचन है। पुरनिवेश एवं भवन निवेश के व्यापक सिद्धांतों के साथ इसमें प्रासाद वस्तु पर इतना सुन्दर एवं विस्तृत निरूपण हुआ है जो अत्यन्त दुर्लभ है।

भारतवर्ष की सहस्त्रों वर्ष की संस्कृति में धर्म से जुड़ी धार्मिक भावनाएं प्रमुख स्थान रखती हैं। धार्मिक विचार मानव जीवन के कर्मों का संचालन करते हैं। धर्म से जुड़ी धार्मिक भावनाओं, मूर्तिपूजा, पुनर्जन्म सिद्धान्त, कर्म सिद्धान्त, स्वर्ग प्राप्ति और मोक्ष को देवप्रासाद निर्माण का पूर्व आधार माना गया है। देवप्रासाद निर्माण में मनुष्य का कोई न कोई प्रयोजन अवश्य होता है, क्योंकि बिना प्रयोजन के साधारण बुद्धि वाले मानव भी साधारण कार्य नहीं करते तो मंदिर निर्माण, देवप्रतिष्ठा जैसे महान् कार्य बिना प्रयोजन के कैसे हो सकते हैं। देवप्रासाद के निर्माण से विभिन्न प्रयोजन हो सकते हैं - जैसे धार्मिक चेतना, मोक्षाभिलाषा, पुण्यप्राप्ति इत्यादि।

समराङ्गणसूत्रधार में देवप्रासाद निर्माण हेतु त्याज्य और ग्राह्य भूमि लक्षणों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। समराङ्गणसूत्रधार में निर्दिष्ट देवप्रासाद निर्माण हेतु भूमि चयन, भूमि शोधन, भूमि परीक्षण संबंधी उपर्युक्त सिद्धांतों के विषय में अन्य वास्तुशास्त्रीय आचार्यों यथा – मयमुनि, मानऋषि, विश्वकर्म, भुवनदेवाचार्य, सूत्रधार मंडन, अग्निपुराण, मत्स्यपुराण, वृहत्संहिता, नारदसंहिता आदि ने भी अपने-अपने मतों का प्रतिपादन किया है जिनका विस्तृत विवरण शोधपत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।

■ ■ ■

TS & FA - 43

मयमुनि एवं भोजराज विरचित ग्रंथों में प्रतिमा निर्माण का उद्देश्य : एक शिल्प शास्त्रीय दृष्टिकोण

शालिनी शर्मा

भारतीय स्थापत्य और शिल्पशास्त्र की परंपरा गौरवशाली रही है। प्रतिमा निर्माण के उद्देश्य का अतीत जितना गौरवमंडित रहा है, वर्तमान उतना ही विकासमान और भविष्य उससे कहीं उज्ज्वल है। मंदिर निर्माण कार्य एक पुण्य कार्य बन जाता है यदि किसी भी देवता की प्रतिमा को मंदिर में प्रतिष्ठित किया जाए। कृतयुग, त्रेता व द्वापर युग में व्यक्ति देवताओं को देख एवं वार्तालाप कर सकते थे, परंतु कलियुग में इस शक्ति का उपयोग करना व्यक्ति भूल गया। उसको देवताओं का साक्षात्कार करने के लिए प्रतिमा को आधार बनाकर पूजा करनी होती है। देवताओं की भक्ति करने से विपत्ति दूर होती है तथा वसुन्धरा उस भक्त को महान् संपत्ति प्रदान करती है।

विविध देवताओं की प्रतिमा निर्माण से भिन्न-भिन्न उद्देश्यों की प्राप्ति होती है – सर्वप्रथम हरि-हर-पितामह (त्रिमूर्ति विष्णु-शिव-ब्रह्मा) की प्रतिमा निर्माण से समस्त मनोरथों की सिद्धि होती है। ब्रह्म की प्रतिमा निर्माण से लोकांचल में सर्वत्र कल्याण होता है। विष्णु, केशव, नारायण, माधव, गोविन्द की प्रतिमा स्थापना ब्रह्मणों के लिए सुखदायी है एवं मधुसूदन की क्षत्रियों, त्रिविक्रम और वामन की प्रतिमाएं वैश्यों तथा श्रीधर की शूद्रों के लिए सुखावह मानी गई है। शिव की सोलह प्रतिमाओं के निर्माण के भिन्न-भिन्न उद्देश्यों को कहा गया है यथा – शिव के सुखासन प्रतिमा से मोक्ष, विवाह प्रतिमा से सर्वमङ्गल एवं सोमास्कन्द प्रतिमा से सर्वकामार्थ सिद्धि मानी गई है।

ब्रह्माणी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इंद्राणी तथा काली इन मातृकाओं की प्रतिमा निर्माण से शान्ति, पुष्टि, जय, आरोग्य, भोग, ऐश्वर्य तथा आयु की प्राप्ति मानी गई है।

उपर्युक्त विषय संबंधी सामग्री वास्तु एवं शिल्पशास्त्रीय ग्रंथों यथा - मयमत, समराङ्गणसूत्रधार, विष्णुधर्मोत्तरपुराण, बृहत्संहिता, मत्स्यपुराण, अपराजितपृच्छा, रूपमण्डन, विश्वकर्मवास्तुशास्त्र, देवतामूर्तिप्रकरण इत्यादि में भी उपलब्ध होती है। एतद् विषयक विस्तृत विवरण शोध-पत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।

■ ■ ■

TS & FA - 44

शार्ङ्गधर विरचित संगीतरत्नाकर एवं नाद : एक दृष्टि

अनुराधा शर्मा

मानव जीवन के विकास में संगीत का महत्वपूर्ण योगदान है। संगीतकला मानव के सर्वांगीण विकास के सहायक रही है। संगीतरत्नाकर में नादस्थानश्रुतिस्वर जातिकुलदैवतर्षिच्छन्दोरस आदि विषयों का निरूपण समाहित है। अक्षरों से उत्पन्न होने के कारण अपत्य अर्थ में 'अण' प्रत्यय लगकर वृद्धि होने पर नाद शब्द की व्युत्पत्ति बताई गई है। नाद के श्रुति नामक बाईस भेद और उनका उत्पत्ति प्रकार उस स्थानस्थित नाद के बाईस भेद सुनाई देने के कारण श्रुति माने गए हैं। हृदय, कण्ठ और मूर्धा में भी बाईस श्रुतियाँ मानी गई हैं। स्वर सात हैं- षडज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम धैवत और निषाद। स्वरों के कुल ऋषि-देवता-छन्द और रस-षडज, गान्धार और मध्यम देवकुल से उत्पन्न हैं। पंचम पितृवंश से उत्पन्न और रि और ध ऋषिकुल से उद्भुत हैं। निषाद असुरवंश से उत्थित है। अग्नि ब्रह्म और चन्द्रमा, विष्णु और नारद ऋषियों ने षड्ज आदि पांच स्वरों को देखा और तुम्बरुक ध और नि को देखा। अग्नि, ब्रह्म, सरस्वती, शंकर, विष्णु, गणेश, सूर्य क्रम से षडज आदि (सात स्वरों) के देवता कहे गए हैं। अनुष्टुभ्, गायत्री, त्रिष्टुभ् और बृहती उसके बाद पंक्ति, उष्णिक् और जगती ये 'स' आदि (स्वरों) में छन्द कहे गए हैं। वीर, अद्भुत और रौद्र (रसों) में 'स' और 'रि' वीभत्स और भयानक में 'घ' करुण में तो 'ग' और 'नि' (तथा) हास्य (और) शृंगार में 'म' और 'प' करने चाहिए। संगीत के द्वारा की जाने वाली नादोपासना का आधार स्वर ही है। इस प्रकार नाद हमारे दैहिक, मानसिक, आध्यात्मिक जीवन का एक प्रधान अंग और विवेच्य विषय रहा है।

■ ■ ■

TS & FA - 45

वास्तु एवं शिल्पशास्त्रीय ग्रंथों में चित्रकला के प्रमुख आधारों एवं उनके प्रभेदों का अनुशीलन

अंजु बाला

भारतीय संस्कृति में चित्रकला के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की गई है कि उसे विज्ञानतुल्य माना गया है। उसे सभी शिल्पों का मुख माना गया है तथा लोक में यह विधा अति रुचिकर एवं प्रिय स्वीकार हुई है। 'चित्र' के निर्माण हेतु अनेक आवश्यक आधार या साधन तथा उनके प्रभेदों की आवश्यकता पड़ती है, यथा (1) पट या पट्ट भूमि बन्धन (2) कुड्य या भित्ति भूमि बन्धन (3) वर्तिका लेखनी, खड़िया या चाँक (4) कूँची या रोमकूर्चक (5) वज्रलेप, कल्क आदि। इन आधारों या साधनों के यथोचित प्रयोग हेतु सर्वप्रथम भूमिबन्धन आवश्यक है। चित्रकार को भित्ति या दीवार पर जलयंत्र या अन्य यंत्रों द्वारा निरीक्षण करना चाहिए कि भित्ति समतल है या नहीं। उसके उपरांत ही भूमिबन्धन उचित है।

वास्तु एवं शिल्पशास्त्रीय ग्रंथों के पट्ट पर भूमि बन्धन करने के लिए सबसे पहले नीम के बीजों का संकलन कर या शाली तण्डुल का संग्रह कर उन्हें महीन पीसकर पकाने का कार्य किया जाता है। इसी के साथ कटशर्करा एवं गोद मिलाकर लेप तैयार कर सर्वप्रथम पट्ट को जल से गीला कर नीम या तण्डुल का बन्धन किया जाता है। उसके पश्चात् सुदृढ़ भूमि बन्धन कंकर एवं निर्यास (गोंद) का लेप किया जाता है। इस प्रकार से किया गया भूमि बन्धन कार्य चित्रकर्म के लिए प्रशस्त होता है।

कुड्य भूमि-बन्धन हेतु चिकनी मिट्टी लें जिसमें कंकड़, स्थूल पाषाण नहीं होने चाहिए, उसका न्यास कर तथा बालुकामयी मिट्टी का क्षोदन करना चाहिए। इसी क्रम में ककुभ या अर्जुन, स्कन्द या वट, माष या उड़द, शाल्मली या सेमल, श्रीफल, इनका इस समय को दृष्टिगत रखते हुए दिया जाना चाहिए। चित्रकार को चाहिए कि समस्त द्रव्यों को सिकता या बालू में मिलाकर उस लेप को दीवार पर चढ़ाएँ। उस लेप का प्रमाण हाथी के चमड़े के बराबर होना उचित है ताकि वह करोड़ों वर्षों तक स्थिर रहे। चित्रकार को चित्रकार्य हेतु वर्तिका निर्माण करने के लिए मिट्टी का प्रयोग करने का विधान वर्णित है। विभिन्न वास्तु एवं शिल्प शास्त्रीय ग्रंथों यथा - विष्णुधर्मोत्तरपुराण, मानसोल्लास, अपराजितपृच्छा, शिल्परत्न, वृहत्संहिता एवं मयमत आदि में चित्रकला विषयक उपर्युक्त सामग्री का विस्तृत एवं सूक्ष्म अध्ययन प्रस्तुत किया जाएगा।

■ ■ ■

TS & FA - 46

'अपराजितपृच्छा' में अश्वशाला निर्माण विधि : वास्तुशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य में

महेद्र कुमार

राजमहलों में बनने वाली अश्वशाला संबंधित अश्वविद्या पर विविध ग्रंथों में उल्लेख हुआ है जिनका अध्ययन कर वर्तमान काल में भी विविध अश्वशालाएं बनाई जा रही हैं। सर्वप्रथम 'अपराजितपृच्छा' में तीन प्रकार की अश्वशाला हेतु कहा गया है कि (1) ज्येष्ठ अश्वशाला 64 गज (हाथ) की लंबाई या आयत तथा 15 गज की चौड़ाई वाली होती है तथा (2) मध्यम अश्वशाला 5 गज की लंबाई एवं 13 गज की चौड़ाई वाली होती है तथा (3) कनिष्ठ अश्वशाला 4 गज की लंबाई और 11 गज की चौड़ाई वाली होती है। अश्वशाला के अंतर्गत कुंडियों कूरार्थ का निर्माण भी किया जाता है यह भी तीन प्रकार की कही गई है। (1) ज्येष्ठ (2) मध्यम एवं (3) कनिष्ठ। यह घोड़े के चरने, भोजन करने की सामग्री रखने के लिए बनाई जाती है। इन अश्वशालृाओं में दक्षिणमुखी व उत्तरमुखी अश्वशाला प्रशस्त कही गई है।

समराङ्गणसूत्रधार के अनुसार भी अश्वशाला तीन प्रकार की कही गई है। 'वास्तुरत्नावली' में अश्वशाला घर के बायीं तरफ बनाना निर्दिष्ट हैं। अश्वशाला का प्रमाण अपराजितपृच्छा के अनुसार ही कहा गया है। इसमें वर्णित है कि पूरब या पश्छिम मुख घोड़े को बाँधने से तेज की हानि होती है एवं दक्षिण या उत्तर मुख बाँधने से यश तथा यश से धन की वृद्धि होती है। 'विश्वकर्मवास्तुशास्त्र' में अश्वशाला दो प्रकार की कही गई है- (1) नित्य शाला और (2) नैमित्तका शाला। ये प्रायः पुर के उद्यान के अंत में बाहर या भीतर स्थापित की जाती हैं। दो राजदण्डों के व्याससमान से प्रमाण निर्दिष्ट है। इसी प्रकार 'मयमत' के अनुसार अश्वशाला के पाँच प्रकार के प्रमाण उपलब्ध होते हैं – नौ, आठ, सात , छः या पाँच हाथ तथा इसकी लम्बाई तीन भक्ति (इकाई) से लेकर इक्कीस भक्ति तक होनी चाहिए। अश्वशाला, चार द्वार में चार कक्ष एवं प्रत्येक कक्ष प्रग्रीव से युक्त होना चाहिए।

अश्वशाला से संबंधित सामग्री अन्य अनेक वास्तुशास्त्रीय ग्रंथों में भी उपलब्ध होती है। यथा – नकुल का अश्वशास्त्र, पराशरसंहिता, वररुचिकृत अश्वविद्या, किल्हण का सारसमुच्चय, गणकृत अश्वायुर्वेद, जयदत्तकृत अश्वायुर्वेद ख्यात हैं।

■ ■ ■

TS & FA - 47

संस्कृतसाहित्य में 'मूर्च्छा' का आयुर्वेद की दृष्टि से निरूपण

डॉ. प्रशान्त मिश्र

संस्कृत साहित्य में मूर्च्छा का निरूपण विभिन्न भावों के निरूपण के लिए किया गया है। एक ओर यदि युद्ध भूमि में प्रबल प्रहार के कारण वीरों के मूर्च्छित होने का प्रसंग मिलता है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न अवसरों पर नायक-नायिका आदि भी मूर्च्छित होते हुए देखे जा सकते हैं। इन सबका उद्देश्य काव्य के मूल प्रतिपाद्यवस्तु की दिशा में चलते हुए नायक नायिका आदि के चरित्र की विशेषता के साथ वस्तु का निरूपण है। जैसा कि हम जानते हैं कि मानवीय शरीर का संचालन विभिन्न प्रकार के मस्तिष्क के अंत स्त्रावोद्वारा होता है जिनका कि चिकित्सा विज्ञान में पर्याप्त विश्लेषण किया जा चुका है और आज भी किया जा रहा है।

आयुर्वेद में भी इस प्रकार के अनेक वर्णन प्राप्त होते हैं जिनमें इस प्रकार की मानवीय शरीर क्रियाओं पर प्रकाश डाला गया है। निश्चित रूप से इनके मूल में कफ, वात और पित्त के संतुलन में अकस्मात् परिवर्तन होना कारण है। काव्यों में वर्णित नायक नायिकाओं आदि के मूर्च्छा के प्रसंग में भावों की अचानक उत्पत्ति और उनका घनीभूत हो जाना हुआ करता है। इस प्रकार प्रस्तुत शोधपत्र में काव्यों में वर्णित नायक आदि की मूर्च्छा का आयुर्वेद के दृष्टि से विवेचना करने का प्रयत्न किया गया है।

■ ■ ■

TS & FA - 48

संस्कृत मनोविज्ञान में वैयक्तिक विश्लेषण

पीयूष अग्रवाल

ऋग्वेद के आदेशानुसार समाज में यदि ब्रह्मवर्चस् ब्राह्मण, शूर क्षत्रिय, सभायोग्य युवा, पुरन्ध्रि युवा आदि की अपेक्षा है तो उनमें गुणात्मक योग्यता उत्पन्न करने के कौन से साधन संस्कृत में उपलब्ध हैं या व्यक्तियों में कितनी मात्रा में कम या अधिक गुण हैं, उन गुणों में या उन गुणों के व्यवहार में प्रयोग होने पर व्यक्ति के व्यक्तित्व में क्या वैशिष्ट्य लक्षित होता है -- यह जानने, समझने और प्रयोग करने के लिए संस्कृत मनोविज्ञान नामक इस अविद्या का समाज हित में अध्ययन ब्रह्म-विद्या के समान आवश्यक है। संभवतः इसी कारण रामायण के आरंभ में नारद को, मनोविज्ञान का

समाज में अभूतपूर्व प्रयोग करने वाले ऋषि वाल्मीकि ने संसार में सर्वगुण संपन्न मनुष्य के विषय में पूछा कि कौन व्यक्ति गुणवान्, वीर्यवान्, धर्मज्ञ, कृतज्ञ, सत्यवाक्य, दृढ़व्रत, चारित्रयुक्त, सर्वभूतहितैषी, विद्वान्, समर्थ, प्रियदर्शन, आत्मवान्, जित-क्रोधी, द्युतिमान और अनसूयक है तथा युद्ध में रोष उत्पन्न होने पर देवता भी किससे डरते हैं? निश्चित रूप से ये सभी गुण समाज के किसी भी व्यक्ति में अभीष्ट हैं। परन्तु उन गुणों का स्तरीकरण कैसे किया जाए और यदि किसी गुण की मात्रा कम या अधिक है तो उसे संतुलित करने की क्या प्रक्रिया संस्कृत शास्त्रों में उपलब्ध है? मनोवैज्ञानिक दृष्टि से क्या कोई शास्त्र सम्मत ऐसी व्यवस्था संभव है? जिसके आधार पर मानव जिसे मनुष्य, जीव, प्राणी, क्षेत्रज्ञ आदि कहा जाता है उसे निम्नलिखित रूप से व्यवस्थित किया जा सकता है।

■ ■ ■

TS & FA - 49

संस्कृत विज्ञान व शिक्षा की आधार भित्ति

डॉ. रचना शर्मा

हमारा वर्तमान, वैज्ञानिक ज्ञान और उपलब्धियों से परिपूर्ण है। वैज्ञानिक उपलब्धियों का अधिकांश श्रेय पाश्चात्य देशों को मिल रहा है जबकि हम इसके मूल में जाएं तो हमारे प्राचीन संस्कृत ग्रंथ बहुविध ज्ञान-विज्ञान से भरे हुए हैं जैसे नेत्र-चिकित्सा, शल्य-चिकित्सा आदि। वर्तमान समय में शिक्षा के जितने भी आयाम हैं यथा - आचारशास्त्र, नीतिशास्त्र, जंतुविज्ञान, कृषि, गणित, ज्योतिष, पर्यावरण एवं भू-विज्ञान इन सबकी चर्चा हमें संस्कृत वाङ्मय में उपलब्ध होती है। वेदों के विषय में तो आचार्य मनु का कथन भी है - 'सर्वज्ञानमयो हि सः'। प्रायः अध्यात्म तथा विज्ञान को परस्पर विरोधी समझा जाता है। अध्यात्मवादी जिसे स्वीकार करते हैं भौतिकतावादी उसे अस्वीकार करते हुए अवैज्ञानिक मानते हैं। यह भाव अनुचित है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइन्स्टीन का कहना है कि - "Science Without Religion is lame, Religion Without Science is Blind." आज के भुक्तिवादी मानसिकता के लोग समाज में असंतुलन पैदा कर रहे हैं। इस प्रगाढ़ भौतिकतावादी युग में सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, सन्तोष और विश्वबंधुत्व की भावना को प्रवाहित कर दिया जाए तो हर तकनीकी विकास कल्याणात्मक तथा उत्थानात्मक होगा।

आधुनिक शिक्षा प्रणाली में ज्ञान और विज्ञान का अर्जन करते हुए हम अपनी संस्कृति के मूल तत्वों प्रेम, अहिंसा, मैत्री, सर्वकल्याण को भूलते जा रहे हैं क्योंकि हम अपनी देवभाषा संस्कृत में लिखे ग्रंथों का अध्ययन छोड़ते जा रहे हैं। हमारे इन ग्रंथों में ज्ञान के साथ-साथ वैश्विक उन्नति के मंत्र भी निहित हैं। यदि आधुनिक शिक्षा-प्रणाली में इन जीवन-मूल्यों के अध्ययन-अध्यापन की

भी समुचित व्यवस्था हो तो निश्चित रूप से एक स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। मैं अपने इस शोध-पत्र में इसी तथ्य को स्थापित करने का प्रयास करूँगी किं संस्कृत का अध्ययन किस प्रकार से ज्ञान-विज्ञान को सही दिशा देने और जीवन के उन्नयन में सहायक हो सकता है।

■ ■ ■

TS & FA - 50

राजपूत शैली और हिन्दी रीतिकालीन काव्य की चित्रात्मकता

डॉ. निहार रंजन सिन्हा

भारतीय चित्रकला की राजपूत शैली सुदीर्घ और समृद्ध है। इसमें राजकीय और लोक जीवन के अतिरिक्त महाभारत और रामायण जैसे भारतीय साहित्य के श्रेष्ठ अंशों का चित्रांकन हुआ है। यह महत्वपूर्ण तथ्य है कि हिन्दी क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने के कारण 'बिहारी सतसई' जैसी उत्कृष्ट कृतियाँ भी इसका उपजीव्य बनीं, लेकिन उससे भी ज्यादा विशिष्ट सत्य यह है कि राजपूत शैली के चित्रों ने हिन्दी रीतिकालीन काव्य को गहरे रूप में प्रभावित किया। यह हकीकत कि राजपूत शैली के चित्र साहित्य से नाभिनालबद्ध हैं, उनकी किस्सागोई में स्पष्टतया उद्भासित होती है। दरअसल काव्य की एक अन्यतम कसौटी चित्रात्मकता है और रीतिकालीन कवि बिहारी हों कि चिंतामणि कि मतिराम सबों की कविता चित्रकारों के चित्रफलकों से होड़ लेती नजर आती है। राजपूत शैली के सपाट पृष्ठभूमि वाले व्यक्तिचित्रों, क्षैतिज फलकों पर अंकित प्रेम और शौर्य की अभिव्यंजनाओं, वस्त्राभूषणों की सूक्ष्मताओं और प्राथमिक वर्ण-विन्यासों का सीधा असर तत्कालीन हिन्दी कवियों पर पड़ता दिखाई देता है। जिस तरह राजपूत शैली में प्रेम एवं सौंदर्य के प्रतीक राधा-कृष्ण और सामंती जीवन की सहस्थिति है, वैसी ही अवस्था रीतिकालीन हिन्दी कविता की है। राजपूत शैली के चित्रकार न केवल रीतिकालीन कवियों के एक महत्वपूर्ण प्रेरणास्रोत प्रतीत होते हैं, बल्कि उनकी आँखों से ही इन्हें बहुधा दृष्टि मिलती नजर आती है। यदि इस कथन का कोई अस्तित्व है कि 'कविता एक मुखर चित्र है और चित्र एक मूक कविता' तो राजपूत शैली के चित्र और हिन्दी की रीतिकालीन कविता उसकी महत्ता का सर्वश्रेष्ठ प्रमाण है।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में राजपूत शैली के चित्रों की कतिपय विशिष्टताओं का हिन्दी रीतिकालीन काव्य की चित्रात्मकता पर पड़ने वाले प्रभाव को प्रस्तुत शोध-पत्र में सोदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

■ ■ ■

TS & FA - 51

'कुष्ठरोग' का तुलात्मक अध्ययन

('चरक संहिता' तथा 'सुश्रुत संहिता' और आधुनिक चिकित्साशास्त्र)

राधेश रंगनाथराव कुलकर्णी

चरक संहिता तथा सुश्रुत संहिता में अनेक रोगों का वर्णन मिलता है। 'चरक संहिता' तथा 'सुश्रुत संहिता' के 'निदानस्थानम्' का पाँचवां अध्याय 'कुष्ठनिदान' है। इस अध्याय में कुष्ठ के कारण और निदान के बारे में बताया गया है। इसी प्रकार का वर्णन हमें आधुनिक चिकित्साशास्त्र में भी मिलता है। मैं अपने शोधपत्र में 'चरक संहिता' तथा 'सुश्रुत संहिता' और 'आधुनिक चिकित्साशास्त्र' इनमें कहे गए कुष्ठ रोग के लक्षण, प्रकार, उपचार आदि का तुलात्मक अध्ययन करने वाला हूँ।

■ ■ ■

TS & FA - 52

अथर्ववेद में वर्णित कृषि-विज्ञान : एक अध्ययन

डॉ. मिथिलेश कुमार

आर्थिक विकास समाज की ऐहिक उन्नति का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। भारतीय संस्कृति में मानव जीवन में लक्ष्य के रूप में जिस पुरुषार्थचतुष्टय का प्रतिपादन किया गया है, उसमें भी 'अर्थ' का द्वितीय स्थान है। कृषि, पशुपालन, व्यवसाय, उद्योग और वाणिज्य आदि द्वारा भौतिक उपलब्धियों के निमित्त द्रव्योपार्जन करना ही अर्थ का अभिप्राय है। वैदिक आर्य आर्थिक विकास की उपयोगिता से परिचित थे, एतदर्थ उन्होंने उसके सभी प्रमुख अंगों को अपनाया भी था। वैदिक ग्रंथों में वेदकालीन आर्थिक जीवन से संबद्ध कई तथ्यों के संकेत प्राप्त होते हैं। अथर्ववेद के आधार पर वैदिक कृषि-विज्ञान का विश्लेषण उसके कई पक्षों को प्रकाशित करता है।

ऋग्वैदिक आर्यों की संस्कृति प्रधानतया पशुपालों और ग्रामों की संस्कृति थी। निश्चय ही वे कृषि जानते थे। परंतु कृषि उनकी जीविका का मुख्य नहीं, अपितु गौणसाधन ही प्रतीत होता है, वस्तुतः ऋग्वैदिक आर्यों की कृषि अविकसित अवस्था में थी। कृषि की अपेक्षा पशुपालन जीविका का अधिक महत्वपूर्ण साधन ता तथा मवेशी और बैल उनकी सबसे मूल्यवान् संपत्ति थे। ऋक्संहिता में

कृषि की अप्रधानता का एक दूसरा कारण प्रतीत होता है। तत्कालीन आर्यों में प्रादेशिक भावना का अभाव। अथर्ववेदसंहिता में स्थित और स्थायी राज्यों की स्पष्ट कामनाओं और भूमि के गौरवगान से व्यक्त होता है कि अथर्ववैदिक आर्यों में स्थानीय भावना का पर्याप्त विकास हो गया था और वे आर्थिक विकास में पृथ्वी के साधन-स्रोतों की उपयोगिता से सम्यक्तया परिचित थे। इसीलिए एक स्थान पर स्थायी रूप से निवास करने के कारण उन्होंने खेती के क्षेत्र में भी पहले से अधिक उन्नति की थी। उनके आर्थिक साधनों में कृषि का प्रथम स्थान था। अथर्वसंहिता में सामान्य रूप से अन्न-प्राप्ति के उद्देश्य से की गई अनेकानेक प्रार्थनाएं स्पष्ट करती हैं कि वैदिक समाज में जनसाधारण कृषि से साध्य संपत्ति के प्रति सतत प्रयत्नशील था।

■ ■ ■

TS & FA - 53

वैदिक ग्रंथों में पशु विज्ञान : एक समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. नरेश प्रसाह सिंह

वैदिक आर्य आर्थिक विकास की उपयोगिता से परिचित थे। एतदर्थ उन्होंने उसके सभी प्रमुख अंगों को अपनाया था। किन्तु निश्चित रूप से उनके साम्पत्तिक विकास के विशेष साधन कृषि और पशुपालन ही थे। वैदिक ग्रंथों में वेदकालीन आर्थिक जीवन से संबद्ध कई महत्वपूर्ण तथ्यों के संकेत हैं। इनमें भी विविध विषयों की विवेचना करने वाली अथर्ववेदसंहिता अपेक्षाकृत अधिक सामग्री प्रस्तुत करती है। ऋक्संहिता में प्रतिबिम्बत आर्यों के आर्थिक जीवन का ही अधिक विकसित और व्यवस्थित रूप दिखाई देता है। ऋग्वैदिक आर्यों ने पशुओं को अपना अभीष्ट और परम धन माना था। बार-बार मंत्रों में पशुप्राप्ति की कामनाएं की गई हैं। कृषि उनकी जीविका का गौण साधन था और पशुपालन प्रधान। पशुपालन का स्पष्ट प्रभाव उनके सामाजिक और सैनिक संगठन पर भी पड़ा था और गोधन ही उनके जनजातीय युद्धों का मुख्य कारण हुआ करता था। परंतु अथर्ववेदसंहिता के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि अथर्ववैदिका आर्यों ने एक ओर जहाँ अपने आर्थिक साधनों में कृषि को महत्वपूर्ण और प्रधान स्थान दिया था, वहीं दूसरी ओर उन्होंने पशुपालन को भी सम्पत्ति और समृद्धि के प्रमुख साधन के रूप में अंगीकार किया था। यहाँ अथर्ववेदसंहिता के आधार पर केवल पशुपालन की स्थिति और पशु विज्ञान से संबद्ध तथ्य अध्येय हैं।

■ ■ ■

TS & FA - 54

वाणी शक्ति

डॉ. स्वर्ण रेखा

मानव जीवन का एक अमूल्य निधि है उनकी भाषा (वाणी)। मानव अपने भावों, विचारों का आदान-प्रदान भाषा (वाणी) के ही माध्यम से करते हैं। सृष्टि की शैशवावस्था से ही यह वाणी किसी न किसी रूप में मानवीय भावों एवं विचारों को अपने में समाहित कर उन्हें विकासोन्मुख एवं समृद्धि प्रदान करती आ रही है। हमारे अपौरुषेय एवं देववाणी श्रुति ग्रंथ ऋग्वेद दशम मंडल के नवें सूक्त में वाक्-उत्पत्ति अर्थात् ज्ञान का विशुद्ध उल्लेख किया गया है। मानव के ज्ञान का आविर्भाव और पारस्परिक आदान-प्रदान 'भाषा' (वाणी) के माध्यम से ही संभव है।

वाणी के बिना न मानवी विचार चिंतन ही संभव है, और न ही मानवीय जीवन का कोई अस्तित्व ही। वाणी सतत गतिशील एवं प्रवाहमान तरंग के समान है। इसे न केवल वाणी की सत्ता के रूप में देखते हैं, अपितु संमस्त विश्व के स्थायी मूल के रूप में पाते हैं।

■ ■ ■

TS & FA - 55

अथर्ववेद में वर्णित आकाश एवं पृथ्वी की अवधारणा

डॉ. ज्योतिशंकर सिंह

वेद सर्वज्ञानमय है। उनमें ऋषियों ने विश्व के व्यक्त, अव्यक्त समग्र तत्वों से संबद्ध ज्ञान को अपने प्रातिभ चक्षुओं से साक्षात्कार करके देवताओं के रूप में अभिव्यक्त किया है। इसलिए देवतातत्व ही मंत्र का मुख्य प्रतिपाद्य है। लगभग सभी देवताओं का रूप व्यक्त या प्रत्यक्ष सा प्रतीत होता है। कई विद्वानों द्वारा वे प्राकृतिक या भौतिक पदार्थों, दृश्यों या शक्तियों के वाचक माने भी गए हैं। दूसरी ओर वेद में तत्वज्ञ वैदिक विद्वानों ने उन देवताओं से अभिप्रेत अव्यक्त या परोक्ष तत्वों का सम्यक् रूप से अधिग्रहण भी किया है। देवतातत्व के परोक्ष सांकेतिक अर्थों को गवेषणीय मानते हुए यहाँ द्यावावृथिवी के अथर्ववेदीय मंत्रों के आलोचनात्मक अध्ययन के आधार पर अथर्ववेद में द्यावापृथिवी-विषयक अवधारणा को अपनी दृष्टि से समझने का प्रयास किया जा रहा है।

■ ■ ■

TS & FA - 56

अथर्ववेद में वर्णित मनोविज्ञान : एक समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. विनय कृष्ण तिवारी

उन्नीसवीं शताब्दी तक मनोविज्ञान एक स्वतंत्र विज्ञान न होकर 'दर्शन' का अंग था। भारत में भी मन और मानव-व्यवहार का विज्ञान 'आत्मन्' के दर्शन और विज्ञान का ही आनुषंगिक परिणाम रहा है, इसीलिए प्रायः समस्त मनोवैज्ञानिक तथ्य दार्शनिक सिद्धांतों से ही उद्भूत प्रतीत होते हैं। भारतीय दर्शन के मूल स्रोत उपनिषदों और उनसे विकसित विविध दर्शनों में अनेकानेक मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों की प्राप्ति का भी यही कारण है। रघुनाथ सफाय का मंतव्य है कि उपनिषद् - पूर्व वैदिक ग्रंथों का विषय विशुद्धतः परमार्थ-विद्या, उपासना, धार्मिक कृत, यज्ञ और प्रार्थनाएं इत्यादि है। अतः हमें भारतीयों के इस आद्य वाङ्मय से कुछ भी दार्शनिक या मनोवैज्ञानिक विचारों के संबंध में प्राप्त करने की आशा नहीं करनी चाहिए। उनका विचार है कि उसमें केवल मन, ज्ञान, अंतर्प्रज्ञा और इंद्रियों के विषय में कतिपय निर्देश मिलते हैं। यह सत्य है कि आधुनिक मनोविज्ञान के अंतर्गत मानव-मन और मानव-व्यवहार के जिन विविध पक्षों का वैज्ञानिक विधियों द्वारा अध्ययन किया जाता है, विशेष अर्थों और तत्वों के अभिव्यंजक वैदिक मंत्रों में उनसे संबद्ध आधुनिक निष्कर्षों के अन्वेषण का प्रयत्न करना सर्वथा असंगत है। यहाँ केवल अथर्ववेदसंहिता के आधार पर वैदिक ऋषियों की मनःपरक अंतर्दृष्टि के अवबोधन और उनके द्वारा मान्य मनोवैज्ञानिक तथ्यों की गवेषणा का प्रयास किया जा रहा है।

■ ■ ■

TS & FA - 57

वेदों में नक्षत्रविज्ञान : अथर्ववेद के संदर्भ में

डॉ. गौतम जितेन्द्र

भारतीय नक्षत्र विज्ञान के इतिहास का प्रारंभ वेदों से ही हुआ है। जहाँ ऋग्वेद की संहिता में लगभग दस बार 'नक्षत्र' शब्द का प्रयोग हुआ है, वहीं अथर्ववेद की संहिता में दो संपूर्ण सूक्तों के देवता 'नक्षत्राणि' है। 'नानादेवताः' के एक सूक्त में (शन्ताति) ऋषि ने कतिपय अन्य देवों के साथ नक्षत्रों

के प्रति भी श्रद्धापूर्वक स्वाहा समर्पित किया है। अथर्ववेदीय ऋषि गार्ग्य के द्वारा प्रतिपादित नक्षत्र विद्या अठाईस नक्षत्रों के नामतः उल्लेख के कारण परम प्रामाणिक और श्रुतिसम्मत दृष्टिकोण का उद्भावक है। अनन्तर ज्योतिष वेदांग के अंतर्गत एक स्वतंत्र विज्ञान के रूप में इसको विकसित किया है।

सामान्यतः चंद्रमा के पथ में पड़ने वाले तारों के समूह को 'नक्षत्र' कहते हैं। ये तारे ग्रहों से भिन्न हैं तथा सौर जगत् के भीतर नहीं हैं। ये सूर्य से अत्यंत दूर हैं और सूर्य की परिक्रमा न करने के कारण स्थित जान पड़ते हैं। ज्योतिष में कभी 27 और कभी 28 नक्षत्र कहे जाते हैं। ब्राह्मणग्रंथों में भी इनकी संख्या दोनों तरह की कहीं गई है – ताण्ड्यब्राह्मण और शतपथब्राह्मण यदि 27 नक्षत्र कहते हैं, तो तैत्तिरीयबाह्मण 28। ब्राह्मणग्रंथों में नक्षत्रों को 'ज्योतिरूप' बताया गया है। गोपथ ब्राह्मण की निरुक्ति के अनुसार निवास से रहित होना (न+क्षि) ही नक्षत्रों का 'नक्षत्रत्व' है। ब्राह्मण ग्रंथों के अनुसार नक्षत्र संवत्सर की प्रतिष्ठा है। नक्षत्र ऋतुओं की प्रतिष्ठा है। ये चंद्रमा का आश्रय लेते हैं। ब्राह्मण ग्रंथों में नक्षत्रों के नामों का पृथक्-पृथक् रूप में प्रायः उल्लेख हुआ है, किन्तु अथर्ववेद संहिता के 'नक्षत्राणि' सूक्तद्वय में की गई नक्षत्रस्तुति उनके नाम, स्वरूप और महत्व को साररूप में रोचक ढंग से प्रस्तुत करती है।

■ ■ ■

TS & FA - 58

अर्थवाद और विज्ञापन

नयनिश नामदेव कुचेकर

हमारे वेद मनुष्य के सबसे पहले चिंतन का आइना है। जिसके द्वारा मनुष्य की विकसनशीलता दिखाई देती है। मनुष्य को प्रवृत्त करने हेतु वेदों में कई स्थानों पर स्तुति और निवृत्त करने हेतु निन्दा आती है। ऐसे वाक्यों को मीमांसक अर्थवाद कहते हैं।

आज के विज्ञान युग में हमें यह अर्थवाद विज्ञापन के रूप में दिखाई देता है। विविध उत्पादनों के क्रय प्रवृत्ति निर्माण हेतु विविध विज्ञान हमें दिखाई देते हैं। अर्थवाद को केंद्रस्थान में रखकर विज्ञापनों का पूरा विश्व खड़ा दिखाई देता है। इतना ही नहीं 'सर्व विष्णुमयं जगत्'। इस बात को भूलकर आज 'अर्थवादमयं जगत्' यह सकारीत दिखाई देता है।

■ ■ ■

TS & FA - 59

लोकजीवन में सोलह या चौंसठ कलाओं की उपयोगिता

पूनम शर्मा

संस्कृत वाङ्मय में सोलह कलाओं के साथ-साथ चौंसठ कलाओं का उल्लेख प्राप्त होता है। सोलह कलाओं के अंतर्गत पांच कर्मेन्द्रियों, पांच ज्ञानेंद्रियों, पञ्चमहाभूत एवं मन को परिगणित किया जाता है। चौसठ कलाएँ उपार्जित कलाएँ मानी जाती हैं जिनमें अभ्यास द्वारा दक्षता प्राप्त की जा सकती है। इन चौसठ कलाओं का वर्गीकरण चतुर्विध रूपों कर्माश्रया, द्यूताश्रया, शयनोपचारिका एवं उत्तरकलाओं में किया गया है।

■ ■ ■

TS & FA - 60

वेदोक्त कृषितंत्र तथा अर्थतंत्र का विवेचन

डॉ. शंकर झा

श्रुति में कृषि विषयक विविध मंत्र मिलते हैं। कृष्टपच्या तथा अकृष्टपच्या के रूप में अन्न के दो विभाग किए गए हैं। श्रुति प्रोक्त सीतासूक्त का कृषिपरक अर्थ भी किया जाता है, जिसमें बैल, हलवाहा तथा कृषिकर्म के प्रति मंगल कामना की गई है। ऐसा भी कहा गया है कि बैल की गर्दन में रस्सी सुखपूर्वक बांधी जाय और अष्ट्रा (पैना) उस पर सुखपूर्वक चलाया जाय।

प्रज्ञा तथा पृथिवी का मेल ही अर्थ है। चार पुरुषार्थों में अर्थ का भी उल्लेख है। श्रुति में 'रयिरसि रयिमम धेहि' के रूप में ईश्वर से रयि अर्थात् संपदा की कामना की गई है। त्रिपाद विभूति विष्णु ने ही धर्म को धारण किया है। वही रयि स्वरूप है - ऐसा श्रुति का कथन है। विश्रुत विद्वान् डॉ. कृष्णचन्द्र झा 'मयङ्क' ने विविध श्रुति प्रमाणों के द्वारा अर्थतंत्र को सिद्ध किया है।

■ ■ ■

TS & FA - 61

वृक्षारोपण एवं पर्यावरण

डॉ. कंचन माला

वृक्षारोपण का पर्यावरण से घनिष्ठ संबंध है। वृक्ष मानव जाति के लिए ईश्वर की अनुपम भेंट हैं। वृक्ष से प्राणियों को प्राण वायु अर्थात् ऑक्सीजन एवं शीतलता मिलती है। खाने के लिए फल-फूल, कंद-मूल की प्राप्ति होती है। ये भूमि को क्षरण से रोकते हैं और खाद के लिए शुष्क पत्तियाँ देते हैं।

वृक्ष की देखभाल 5 वर्षों तक करना पड़ता है। फिर वह पर्यावरण एवं प्राणियों को लाभान्वित करने लगता है। कार्बन डाईऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड एवं अन्य जहरीली गैसों का अवशोषण कर वृक्ष सांस लेने योग्य वायु प्रदान करते हैं।

मानव और वृक्षों के बीच भी सह अस्तित्व का भावनात्मक संबंध है। शादी-विवाह, गृह प्रवेश, सत्य नारायण की कथा, कुआँ पूजन, भूमि-पूजन, इन सारे शुभ अवसरों पर आम्र एवं केला के पत्तों को सजाने एवं पूजन के लिए उपयोग में लाते हैं। इस प्रकार देखते हैं कि सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, सांस्कृतिक पहलुओं से भी मनुष्य का जुड़ाव है। वृक्षों के प्रति विशेष लगाव ने प्राचीन भारत के अरण्य संस्कृति को पोषण दिया था।

■ ■ ■

TS & FA - 62

संस्कृत वाङ्मय का प्रत्यक्ष विज्ञान : आयुर्वेद और ज्योतिष

डॉ. श्रीप्रकाश सिंह

ऋग्वेद का उपांग आयुर्वेद एवं वेदांतों में अन्यतम ज्योतिषशास्त्र भिन्न-भिन्न विधियों से मानव-कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आयुर्मान - विधायकशास्त्र आयुर्वेद एवं काल विधानशास्त्र ज्योतिष, मानव जीवन के कल्याण - मार्ग का अन्वेषण करते हैं, अतः ये संस्कृत वाङ्मय का 'प्रत्यक्ष विज्ञान' हैं।

महाकवि कालिदास ने - 'शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्' कहा है। अर्थात् - स्वस्थ शरीर से ही धर्म की सिद्धि की जा सकती है। मोक्ष के रूप में जिन चार पुरुषार्थों का उल्लेख हमारे वाङ्मय में किया गया है, उनमें धर्म को प्रथमस्थानीय माना है और क्रमशः प्रारंभिक तीन के सम्यक् सेवन से ही मोक्ष

या अंतिम लक्ष्य प्राप्त करने का साधन भी कहा गया है। इस रूप में आद्य साधनरूप धर्म की प्राप्ति के लिए शरीर का स्वस्थ होना और मन का संयमित होना आवश्यक है। यह तभी संभव है जब शरीर स्वस्थ हो। आयुर्वेदशास्त्र की वैज्ञानिकता या विज्ञान परकता सिद्ध एवं असंदिग्ध है। समस्त विश्व इस प्राच्य-विज्ञान की ओर आशा भरी दृष्टि रखता है एवं आधुनिक चिकित्सा वैज्ञानिक आज भी इसमें शोध-संभावनाओं की अपेक्षा रखते हैं। इसी तरह संस्कृत वाङ्मय की एक अन्य विद्या 'ज्योतिर्विज्ञान' जिसे ज्योतिष् - शास्त्र कहा जाता है।

ज्योतिष शास्त्र या ज्योर्तिविज्ञान मानवता के इतिहास में ज्ञात एक प्राचीनतम विज्ञान है। इसकी व्युत्पत्ति में 'ज्योतिषां सूर्यदिग्रहाणां बोधकं शास्त्रम्' अर्थात् सूर्यादि ग्रह और काल का बोध कराने वाला शास्त्र ज्योतिष शास्त्र कहा जाता है। यदि पक्षपात छोड़कर विचार किया जाय तो स्पष्ट मालूम हो जाएगा कि अन्य शास्त्रो के समान भारतीय ही इस शास्त्र के आदि आविष्कर्ता हैं। योगविज्ञान, जो कि भारतीय आचार्यों की विभूति माना जाता है, इसका पृष्ठाचार है। यहाँ के ऋषियों ने योगाभ्यास द्वारा अपनी सूक्ष्म प्रज्ञा से शरीर के भीतर ही सौर-मंडल के दर्शन किए और अपना निरीक्षण कर आकाशीय सौर-मंडल की व्यवस्था की। भारत ने अन्य देशवासियों को जो अनेक बातें सिखाईं, उनमें सबसे अधिक महत्व अंक विद्या का है। संसार-भर में गणित, ज्योतिष, विज्ञान आदि की आज जो उन्नति पायी जाती है, उसका मूल कारण वर्तमान अंक-क्रम है, जिसमें 1 से 9 तक के अंक और शून्य, इन 10 चिन्हों से अंक विद्या का सारा काम चल रहा है। यह क्रम भारतवासियों ने ही निकाला और उसे सारें संसार ने अपनाया।

■ ■ ■

TS & FA - 63

संस्कृत अध्ययन की समस्यायें

डॉ. प्रभा किरण

देववाणी संस्कृत कभी भारत की लोकवाणी थी। किन्तु समय में परिवर्तन आया और यह लोक भाषा से हट गयी। इसके विकास में व्याकरण भी बाधक हो गया। संस्कृत में उच्चारण एवं व्याकरणगत-शुद्धाशुद्ध के प्रति विशेष मापदण्ड रखने से इस भाषा के प्रयोग में सामान्य ज्ञान रखने वाले लोगों को कठिनता होती है। वार्तालाप में क्रम में विद्वानों के समक्ष असहज होने की परिस्थिति आ जाती है। इस देवभाषा को लोकभाषा बनाने के लिए हमें अपनी सोच में बदलाव लाना होगा। यदि संस्कृतज्ञ जन अल्पज्ञ के द्वारा प्रयोग में लायी गयी छोटी-छोटी अशुद्धि पर ध्यान न देकर यदि उसे सर्वग्राह्य बना लेंगे तब अवश्य ही इसका वृहत् प्रचार हो सकेगा। वर्तमान भूमंडलीकरण के इस दौड़ में संस्कृताध्ययन, अध्यापन और शोध कार्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों का दिग्दर्शन करना आवश्यक है। यह भी

आवश्यक है कि संस्कृत भाषा का विशेष ज्ञान हो ही किन्तु इसे विकासोन्मुखी एवं रोजगारोन्मुखी बनाना भी समय की मांग है। प्रकृत आलेख में इन्हीं सब विषयों पर ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

TS & FA - 64

अथर्ववेद में आयुर्वेद

प्रो. शोभा रानी

विश्व साहित्य के प्राचीन ग्रंथों में वेदों का स्थान नितांत गौरवपूर्ण है। वेद ज्ञान एवं विज्ञान के भंडार हैं। चारों वेदों में अथर्ववेद का एक विशिष्ट स्थान है। आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपांग माना गया है। कहीं-कहीं आयुर्वेद को ऋग्वेद से भी संबद्ध माना गया है किन्तु विषय की अधिकता से आयुर्वेद अथर्ववेद का ही उपवेद सिद्ध होता है। अथर्ववेद को 'भिषग् वेद' भी कहा गया है। अथर्ववेद में पर्याप्त रूपेण औषधिविषयक ज्ञान प्राप्त होता है। चरक तथा सुश्रुत संहिता आदि ग्रंथों में आयुर्वेद के अष्टांगों का वर्णन है - (1) शल्यचिकित्सा, (2) शालाक्य चिकित्सा, (3) काय चिकित्सा, (4) भूतविद्या, (5) कौमारभृत्य, (6) अगद तंत्र, (7) रसायन तंत्र तथा (8) वाजीकरण तंत्र। उपर्युक्त आठ अंगों का उल्लेख अथर्ववेद के भैषज्य मंत्रों में मिलता है। इनमें से कुछ अंगों का विस्तार से तथा कुछ अंगों का संक्षिप्त वर्णन मिलता है। विभिन्न रोगों के नाम उनकी चिकित्सा तथा अनेक प्रकार की औषधियों का वर्णन अथर्ववेद में प्राप्त होता है। इन सब का वर्णन आयुर्वेदीय ग्रंथों में है। प्रस्तुत शोध पत्र में आयुर्वेद के अंगों तथा विविध विषयों के स्रोत अथर्ववेद में प्राप्त संदर्भों को प्रस्तुत किया गया है।

■ ■ ■

TS & FA - 65

ज्योतिर्विज्ञान में बालारिष्ट : एक अध्ययन

मंजू कुमारी सिंह

ज्योतिष शास्त्र अत्यंत प्राचीन विज्ञान है। यह वेद का प्रधान अंग माना गया है क्योंकि इसका विवेचन वेदों में प्राप्त होने के साथ-साथ इसे वेदांगों के अंतर्गत भी स्वीकार किया जाता है। ऋग्वेद

में यज्ञ के लिए उपयोगी नक्षत्र, पर्व, अयन आदि का विधान मिलता है वहीं अथर्ववेद में अरिष्ट के कारण होने वाली मृत्यु के शमन के लिए मंत्र बताए गए हैं। अथर्ववेद में ही पुतुद्रु नामक औषध का वर्णन किया गया है। यदि किसी शिशु को कष्ट हो तो पुतुद्रु नामक औषध से हवन किए जाए तो बालकों के सभी प्रकार के कष्टों का नाश होता है तथा जातकों को दीर्घायु प्राप्त होती है। वेदों में प्राकृतिक चिकित्सा के संबंध में सामग्री पर्याप्त मात्रा में मिलती है। अथर्ववेद में एक मंत्र में कहा गया है कि उदित होता हुआ सूर्य मृत्यु के सभी कारणों तथा रोगों को नष्ट करता है। अथर्ववेद के नौवें कांड का आठवाँ सूक्त का विशेष महत्व है, जिसमें कहा गया है कि उदित होता हुआ सूर्य सिरदर्द, कानदर्द, रक्त की कमी, सिर के सभी रोग, अंधापन, पिलिया, पेट के रोग, वात रोग, मूत्र रोग, आँख की पीड़ा, यक्ष्मा आदि रोग नष्ट करता है। अथर्ववेद का कथन है कि सूर्य के प्रकाश में रहना अमृत के लोक में रहने के तुल्य है। ऋग्वेद का कथन है कि सूर्य मनुष्य को निरोगता दीर्घायु सभी सुख प्रदान करते हैं।

■ ■ ■

TS & FA - 66

प्राचीन भारत में राजनीतिक चिन्तन : एक समृद्ध परंपरा

डॉ. श्रवण कुमार सिंह

प्राचीन भारतीय राजव्यवस्था को सामान्यतः पाश्चात्य राजनीतिज्ञों ने हिन्दू राजव्यवस्था, कहकर इसके फलक को संकुचित करने का प्रयास किया जबकि सत्य यह है कि भारतीय राजनीतिक चिन्तन परंपरा पश्चिमी राजनीतिक चिन्तन की परंपरा से काफी पुरानी है। आज से सहस्राब्दियों पूर्व जब विश्व के अन्य देशों में राजनीतिक चिन्तन का कोई उल्लेखनीय विकास नहीं हुआ था, उस समय भारतीय राजनीतिक चिन्तन अपने सर्वोच्च शिखर पर था।

भारतीय राजनीतिक दर्शन को समझने के लिए भारतीयों का जीवन के प्रति दृष्टिकोण, भारतीयों की जीवन व्यवस्था तथा उससे उत्पन्न उनके विचारों एवं संस्थागत उपलब्धियों की पूर्व जानकारी होना आवश्यक है। भारतीय राजनीतिक चिन्तन का केंद्र बिन्दु मनुष्य के जीवन का एक भाग न होकर, मनुष्य का संपूर्ण जीवन रहा है। भारतीय ऋषियों, मनीषियों ने राज्य एवं राज्यव्यवस्था को जीवन से पृथक् करके देखने की कोशिश नहीं की बल्कि उनकी दृष्टि में प्रकृति, समाज एवं आध्यात्मिकता संबंधी विचार जीवन की संपूर्णता को अभिव्यक्त करते हैं और राजनीतिक दर्शन भी

इसी में समाहित है। अतः भारतीय राजनीतिक दर्शन की मूल आत्मा को इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है। प्राचीन भारत में राजनीति की चार विचारधाराओं का अस्तित्व था जो मनु, पराशर, वृहस्पति और उष्णा के मानने वाले समूहों में विभाजित थी। शासन पर कम से कम सात ऐसे वृद्ध ग्रंथ थे जिनकी रचना भारद्वाज, विशालाक्ष, पराशर, नारद, भीष्म, वातव्याधि और बहुदन्ति जैसे मनीषियों ने की थी। वस्तुतः भारत में मनु से लेकर गांधी तक चिन्तन की एक अनवरत, दीर्घ, समृद्ध और गौरवशाली परंपरा रही है। राजनीतिक विचारकों को उसके समग्रता में अध्ययन की आवश्यकता है।

* * *

TS & FA - 67

संस्कृत वाङ्मय में योग एवं प्राणायाम विज्ञान

सचिन कुमार

मानव जीवन को स्वस्थ एवं नीरोग रखने के लिए योगसाधना का अत्यन्त महत्व है। शरीर, मन और आत्मा को सुनियन्त्रित रखने के लिए अष्टांग योग की इस अनिवार्यता को महर्षि पतंजलि ने अपने योगदर्शन में विस्तार से वर्णित किया है। योग-साधना से व्यक्ति प्राणवान्, आयुष्मान् और बलशाली बन जाता है। इसके नित्य अभ्यास से व्यक्ति प्रचुर शक्तिशाली एवं शुभज्योत्सना का स्वामी बन जाता है।

योगदर्शन के अनुसार चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग कहलाता है। इस अष्टांग योग में प्राणायाम (चतुर्थ अंग) योग साधना का एक महत्वपूर्ण अंग है। अपनी इच्छा से श्वास, प्रश्वास का संचालन ही प्रणायाम कहलाता है। इस प्राणायाम के निरंतर अभ्यास से चित्त की चंचलता और इंद्रियदोष नष्ट हो जाते हैं। जैसे अग्नि में तपाकर धातु को शुद्ध किया जाता है वैसे ही प्राणायाम से इंद्रियदोषों का दहन होता है। पतंजलि प्राणायाम के चार प्रकार बताते हैं- ब्राह्मवृत्ति, आभ्यन्तरवृत्ति, स्तंभवृत्ति एवं बाह्याभ्यन्तर विषयाक्षेपी। इसी प्रकार हठयोग के अनुसार प्राणायाम के अष्टभेद किए जाते हैं। प्राणायाम शब्द 'प्राण' एवं 'आयाम' इन दोनों शब्दों का योग है। प्राण अर्थात् ऊर्जा अथवा शक्ति एवं आयाम है उसकी स्थिरता अथवा विस्तार।

प्राण के भी दश प्रकार बताए गए हैं- प्राण, अपान, व्यान, समान, उदान, नाग, कूर्म, कृकल, देवदत्त और धनंजय। संस्कृत साहित्य में इन दश-प्राणों के विषय में विशद् विवेचन प्राप्त होता है।

उपनिषद् के अनुसार – प्राण तेज से संयुक्त होकर आत्मा को उसके संकल्पित लोक तक पहुँचाता है। प्राणवेत्ता विद्वान् अमर हो जाता हैं। इन प्राणों के निग्रह से ही मन को एकाग्र करके शांति की प्राप्ति की जा सकती है।

■ ■ ■

TS & FA - 68

सिद्धान्त ज्योतिष में भारतीय वेधशाला की प्रासंगिकता

डॉ. अनिल कुमार पोरवाल

'प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं, चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ' अर्थात् ज्योतिष प्रत्यक्ष शास्त्र है, सूर्य चंद्रमा जिसके साक्षी हैं, इस वाक्य की सार्थकता से समस्त विश्व परिचित है। सभी वैदिक यज्ञों अथवा कार्यों का संपादन समयापेक्ष है, इस काल को बताने वाला कालविधानशास्त्र ज्योतिषशास्त्र है, जिसमें कल्पादि से लेकर वर्तमान दिवसादिक काल तक की गणना करने का विधान सूर्यादिक ग्रह–नक्षत्रों आदि के आधार पर बताया गया है। इस शास्त्र के संपूर्ण विषय को मुख्यत: तीन भागों में विभाजित करते हुए त्रिस्कन्धात्मक ज्योतिष के स्वरूप का वर्णन प्राप्त होता हैं– 1. सिद्धांत, 2. संहिता और 3. होरा।

त्रिस्कन्ध ज्योतिष में, संहिता और होरा इन दोनों ज्योतिष स्कन्धों का मुख्य आधार सिद्धांत–गणित स्कन्ध ही है। गणित स्कन्ध के आधार पर ही पंचांग का निर्माण किया जाता है जिनमें ग्रहगति के आधार पर तिथि, वार, नक्षत्र, मास, पक्ष, योग, करण आदि के मान अंकित होते हैं। जिनसे व्रत, पर्व, महापर्व, जयंती, उत्सव आदि संबंधित काल का निर्णय किया जाता है।

ज्योतिषशास्त्र में पंचांगों का निर्माण, सिद्धांत ज्योतिष के ग्रंथों के आधार पर किया जाता है, इसलिए ग्रंथों में मुख्य रूप से सूर्यसिद्धांत, ग्रहलाघव, मकरन्दसारिणी, करणकुतूहल, भास्वती, ग्रहकौतुक, लघुचिन्तामणि आदि के आधार पर पंचांगों का प्रकाशन होता आ रहा है। पंचांगों की गणितीय प्रक्रिया की शुद्धता की जांच का कार्य भारतीय परंपरागत ज्योतिष के यंत्रों से वेधशाला में किया जाता रहा है। प्राचीन ज्योतिष के आचार्यों ने भी दृग्गणितैक्य मान की प्रशंसा की है और उसे ग्राह्य बताया है। इस प्रकार गणना को शुद्ध तथा सूक्ष्म बनाने के लिए वेधशालाओं का प्रयोग किया जाता है। पंचांग के मान में अशुद्धता का परिमार्जन भी वेधशालाओं के द्वारा ही करणीय है। अत: आज ज्योतिर्गणित के उन्नयन हेतु वेधशालाओं की महती आवश्यकता है और यही उसका परमोद्देश्य है।

■ ■ ■

TS & FA - 69

‘कोकिलसंदेश’ में वर्णित पर्यावरण

कविता चौरसिया

मानव तथा पर्यावरण का घनिष्ठ संबंध रहा है। त्रिगुणात्मिका प्रकृति तथा पाँच भौतिक तत्वों (जल, अग्नि, वायु, भूमि तथा वनस्पति) से निर्मित मानव को सभी दिशाओं से आवृत्त करने वाले तत्वों के सामूहिक रूप को ‘पर्यावरण’ कहा जाता है। संस्कृत में परि + आ +वृङ् + ल्यूट् प्रत्यय से व्युत्पन्न पर्यावरण शब्द का अर्थ है – (परितः आवरणम् – पर्यावरणम्) चारों ओर से आवृत करना। जब प्रकृति की हरीतिमा, पुष्प, पशु–पक्षी, नदी, झरने, उपवन आदि शांत मन को भी उद्वेलित कर देते हैं, तो फिर काव्य जगत् और उसमें भी संदेशकाव्य भला पर्यावरण से अछूता कैसे रह सकता है। यहाँ विप्रलम्भ शृंगारमय वर्णन में विरही जनों के उदास चित्त को संदेश भेजकर प्रफुल्लित करने का यत्न किया जाता है। संस्कृत–गीतिकाव्य–परंपरा में अग्रगण्य महाकवि कालिदास विरचित ‘मेघदूत’ को आदर्श मानकर केरलीय संस्कृत संदेशकाव्य परंपरा के पोषक श्रीमदुद्दण्ड शास्त्री ‘कोकिल संदेश’ में कवि द्वारा कोकिल को संदेशवाहक नियुक्त किया गया है। कोकिल को गंतव्य तक पहुँचने का मार्ग प्रशस्त करते हुए कवि ने केरल एवं तमिलनाडु प्रदेश के विभिन्न नदियों, पर्वतों, उपवनों, जीव-जंतुओं, वृक्षों, देवालयों आदि पर्यावरणीय संघटकों का अतिरमणीय वर्णन प्रस्तुत किया है।

■ ■ ■

TS & FA - 70

संस्कृत वाङ्मय में कतिपय वैज्ञानिक तत्त्व

प्रो. (डॉ.) शशिकांत पाण्डेय

क्या विज्ञान भारत में पश्चिम से आया? क्या आज हम प्रायः विदेशी विचारधारा से प्रभावित नहीं होते? क्या प्राचीन संस्कृत साहित्य में सुरक्षित विचारधारा को इस देश की विश्वविद्यालय शिक्षा में

स्थान मिला है? इन प्रश्नों के उत्तर हेतु अपनी धरोहर को खोज निकालना आवश्यक है। हमारे देश में पूर्वकाल में एक ऐसी विकसित सभ्यता थी जिसने विकास के कई प्रतिमान स्थापित किये थे। कालांतर में विदेशी आक्रान्ताओं के निरन्तर प्रहार से उसकी प्रखर ज्वाला क्षीण होती चली गई और आज हम एक विस्मरण की स्थिति में आ गए हैं। कभी हमारी संस्कृति विज्ञान पर आधारित की गई थी। यहाँ विज्ञान और विकास की परम्परा थी, पर आज यह गलत लगता है। वृक्ष, लता आदि को विज्ञान पहले जड़ मानता था। जगदीश चन्द्र बसु ने वैज्ञानिक परीक्षणों से उनमें जान डाल दी और उनमें प्राणसत्ता सिद्ध कर दिखाई । वेदादि शास्त्र सदा से उन्हें चेतन मानकर जीव की भोग योनि मानते हैं। अथर्ववेद (१.३२१) में प्राणन्ति कहकर वनस्पति आदि में चेतन के अस्तित्व को स्वीकार किया गया है। इंग्लैंड के मनीषी W.D. Brown ने अपनी पुस्तक ''Superiority of Vedic Religion'' में लिखा है- Vedic Religion is thoroughly Scientific where science and religion meet hand in hand. Here theology is based on science and philosophy.

लुई जैकालट नामक विद्वान् ने मत-मतान्तरों के सृष्टिरचना विषयक मन्तव्यों का अनुशीलन करते हुए लिखा है-''Astonishing fact! the Hindu revelation Vedic is of all revelations the only one whose ideas are in perfect harmony with modern science'' वैदिक धर्म के सिद्धान्त और मान्यताओं के वैज्ञानिक आधार के कारण ही भारत में वैसे अत्याचार कभी नहीं हुए, जैसे बाइबल आदि को ईश्वरीय ज्ञान मानने वाले यूरोप में पृथ्वी को गोल कहने और अनेक लोगों की सत्ता मानने वाले गैलिलियो और ब्रुनो आदि पर हुए, जिनका वर्णन डा. विलियम ड्रेयर ने अपनी पुस्तक ''History of the conflict between religion and science'' में किया है। इस लेख में प्राचीन परम्परा से प्राप्त विज्ञान संबंधी चर्चा की जायेगी।

■ ■ ■

TS & FA - 71

Test-Tube Baby and Kālidāsa

Dr. Krishna Dass
Dr. Konkon Mitra

First, we have to know "What is test-tube baby" ... or 'IVF (in vitro ferilisation). If the husband is impotent or wife has some problem with her uterus, then a test-tube baby is developed by mixing an egg-cell of female with sperm-cell of male in a test tube. If the process is successful, zygote begins to grow inside the test tube. After a certain period, the embryo is implanted into the mother. A baby is born after 9 months gestation period.

History of Test-Tube Baby :

There are many examples in *Vedas,* without the use of any advanced sophisticated device, the sages helped in IVF. वेदव्यास who will be remembered till प्रलय, was himself a test-tube baby. His parents पराशर and सत्यवती secreted their fluid of birth and collected in a pot. In due course of time वेदव्यास took birth.

Test -Tube Baby in Different Scriptures :

(1) In ऋग्वेद, there was a very high form of advanced fertilisation. चमस is mentioned which is a 'a fertilised ovum.'

(2) In महाभारत , पाण्डवs were IVF babies. कुंती got some मंत्रs from दुर्वासा, which acted like the password to transfer the chromosomes of sender to ovum of receiver. Her own husband पांडु was impotent. द्रौपदी and धृष्टद्युम्न also were created by यज्ञ. बलराम's birth is also mystic, resembling the modern technology of embryo - implantation.

(3) In रामायण, all the children of दशरथ took birth only by the पायसम् of पुत्रेष्टियज्ञ, a symbolic way of using sperm donor.

(4) In भागवत, twenty-three गुणविधिs are recorded as gametes to form a कीलाल (zygote).

(5) In आयुर्वेद, ancient medical science refers to 'NARAMS' for the infertile couple.

Now in Kālidāsa's Literature :

In रघुवंशम् , Dīlipa's sperm was powerful by गोदुग्घपान (2.69). All the thee queens conceived with the अंश of विष्णु (9.8).

In कुमारसंभवम् and मेघदूतम् , आराध्यैनं शरणभवं ..... /(पूर्वमेघः , 49). The same incident is vividly described in कुमारसंभवम्, which stars from .... संभोगवेश्म ..... (9.1) .... बहिः किल निर्जगाम ..... (9.17) ..... गंगा तद्गच्छ ..... शम्भोरम्भमयी मूर्तिः ... (10.25) .... गर्भत्वमागमत् (10.57)... ततः शरवणे तद् गर्भजात .... (10.60). The sperm of शिव is transfered from अग्नि to गंगा; कृत्तिका to शरवण, there कुमार takes birth.

In विक्रमोर्वशीयम्, नारायणोरुसंभवा ऊरुद्भवा उर्वशी .... (3rd Act). Here birth is not from uterus. It is something like our clone 'Dolly'.

In मालविकाग्निमित्रम् , बडवानल was also ऊरुजन्मा from और्व ऋषि (5.17).

Now we conclude with hats off to those sages and poet कालिदास, who achieved such miraculous microscopic knowledge of sperms, genes and knew how to develop a baby outside the human uterus!!

■ ■ ■

TS & FA - 72

Human Face of Medicine : Spotlight on the *Caraka* and *Suśruta Saṁhitās*

Dr. Sukla Das

Health care has now become a technocracy focussed on dysfunctional organs and patient as an ailing human being is no longer the prime concern of the medical professionals. This global phenomenon has definitely created a multidimensional crisis and demand for health care with a human face is now surfacing rather alarmingly. To overcome this, early Indian medical classics have pertinent lessons based on rational thinking, prolonged observation and experimentation backed by extensive study and knowledge.

In search of a human face in ancient Indian medicine, focus of this study is confined to two outstanding medical texts of ancient India, the *Caraka* and *Suśruta Saṁhitās.* The former is a huge compendium of clinical and applied medicine and the other a colossal work on surgery. They mark the culmination of the creative phase in early Indian medicine. They are neither mere exposition of high intellectualism nor simple moralism, but they include and transcend both, a unique phenomenon in the history of medical thought process of early India.

The texts highlight that the medical system as conceived in early India was not merely a therapeutic technique through medication or surgical intervention. It had also a deep humanistic approach with a high quality rapport of medical professional and the patient. This inner humanism woven in these classical texts give them a spectacular dimension, Their historicity involves the perception not only of the pastness of the past, but also its forceful presence.

■ ■ ■

TS & FA - 73

The Big Bang Theory : As Reflected in Vedas

Anindita Bhattacharjya

जीवनगतिरनुदिनमपरा।
तदेव गगनं सैव धरा॥

अर्थात् जीवनगति प्रतिदिन अलग-अलग है। वही आकाश है, वही धरती है। जीवन सङ्घात ही लोक है, लोक की दैनन्दिन स्थिति विचित्र है, संवेदनशील है। चारों ओर सम्बन्धों के बीच घना अन्धकार छाया हुआ है, लोक चीत्कार कर रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है। विज्ञान नौका को लाया जा रहा है। ज्ञान नौका विलुप्त हो गई है, वह दिखाई नहीं दे रही है। संस्कृत के उद्यान की दूर्वा निर्धन बना दी गई है– राजनीति के श्मशान में किसी के क्रन्दन को सुना नहीं जा रहा है। यथा–

विज्ञाननौका समानीयते।
ज्ञानगङ्गा विलुप्तेति नालोक्यते॥
संस्कृतोद्यानदूर्वा दरिद्रीकृता।
निष्कुटेषु स्वयं कण्टकिन्याहिता॥
पुष्पितानां लतानां न रक्षा कृता।
विस्तृता योजना वाटिका निर्मिता॥

के कुतः कुत्र वा क्रन्दनं कुर्वते।
राजनीतिश्मशानेषु नालोक्यते॥
विज्ञाननौका समानीयते।
ज्ञानगङ्गा विलुप्तेति नालोक्यते॥

गीतिकाव्य में प्रो. रथ ने अन्धकार से पूछा है हे अन्धकार! तुम स्वयं बताओ तुम्हारे आँखों के मार्ग में कब तक कविता के बिछौने बिछाये जाते रहें। ज्ञानान्धकार संवेदना का अन्धकार, जो व्याप्त हो रहा है, वह लोक की सबसे बड़ी व्यथा है। कम्प्यूटर एवं मोबाईल से तो परिचय है, दुनिया का समाचार जानने की इच्छा है, लेकिन अपने पड़ोसी का सुख-दुःख जानने की इच्छा नहीं है। ये पीड़ायें प्रस्तुत गीतिकाव्य में विस्तृत रूप से व्यक्त की गईं हैं। शोधपत्र में इनका व्यापक विवेचन किया गया है।

■ ■ ■

MS - 26

अर्वाचीन संस्कृत साहित्य में डायरी हर्षदेव की लेखनी से

डॉ. सुदेश आहूजा

अर्वाचीन संस्कृत वाङ्मय अपने नवनवोन्मेष के साथ विश्वफलक पर प्रतिष्ठापित है। विश्व साहित्य की नवीन विधाओं को अपने में आत्मसात् करना संस्कृत भाषा की सर्वग्राह्यता का ही परिचायक है। नये बिम्बों, प्रतीकों बहुविध भाषायी छंदों को अपनी कविता में उतारने वाले डॉ. हर्षदेव माधव ने संस्कृत गद्य में डायरी लिखकर सम्पूर्ण जगत् को विस्मित कर दिया है। 'मूको रामगिरिः भूत्वा' संस्कृत में लिखी जाने वाली प्रथम डायरी है। इसका अपर नाम यक्षस्य वासरिका भी है। संस्कृत में डायरी के लिए दैनिकी, दैनंदिनी, वासुरी, वासुरिका आदि पर्यायों का प्रयोग हुआ है।

इस डायरी की विषयवस्तु कालिदास के मेघदूत पर आधारित है। डॉ. हर्षदेव माधव ने यक्ष के शापित जीवन और उसकी वियोगजन्य अनुभूतियों को डायरी के नवीन शिल्प का जामा पहनाया है। यक्ष की यह डायरी श्याम मेघ, अरुण मेघ, रक्त मेघ और सुवर्ण मेघ चार खण्डों में विभक्त है।

कालिदास का यक्ष जहाँ प्रकृति के बाह्य उपादानों में उलझ कर रह जाता है वहाँ हर्षदेव माधव का यक्ष जटिल मानवीय सम्बन्धों और पृथिवी के द्वन्द्वात्मक वैभव का वर्णन करता है। रत्नेश्वर जैसे खलनायक की कल्पना और पार्थिवी के साथ जन्म जन्मान्तर की नवीन सर्जना डॉ. माधव जैसे प्रयोगधर्मी कवि ही कर सकते हैं। यक्ष की इस डायरी की कथ्य कल्पना व शिल्प सौन्दर्य बेजोड़ है, इसका विस्तृत विवेचन शोध पत्र में किया जायेगा।

■ ■ ■

MS - 27

महाकाव्य मूकमाटी में स्त्री के पर्यायवाची प्रमुख शब्दों की चमत्कारिक व्युत्पत्तियाँ

डॉ. सीमा जैन

कलम के धनी, विश्वविख्यात, दिव्य संत आचार्य श्री सृष्टि की आधारभूता नारी के समानार्थक प्राय: सर्वाधिक दयनीय शब्द अबला की व्युत्पत्ति इस प्रकार बताते हैं– बला यानी समस्या संकट है। न बला अबला, समस्या- शून्य-समाधान। अबला के अभाव में सबल पुरुष भी निर्बल बनता है। समस्त संसार ही, फिर समस्या– समूह सिद्ध होता है। इसलिये स्त्रियों का यह 'अबला' नाम सार्थक है। तमोगुण रूपी अन्धकार का छेदन करने वाली, भूत तथा भविष्य के विचारों से मुक्त करके वर्तमान की वास्तविकता में लाने वाली 'अबला' और 'अबला' के अभाव में श्रेष्ठतम पद मोक्ष का अधिकारी कहलाने वाला पुरुष भी शक्तिहीन हो जाता है।

महिला – जो, 'मह' यानी मंगलमय माहौल, महोत्सव जीवन में लाती है वह महिला कहलाती है। अर्थात् स्त्री मनुष्य के जीवन के सभी अमंगलों को नष्ट करके कल्याणकारी वातावरण का महान् अवसर उपस्थित करने के कारण 'मह–ला' महिला कहलाती है। नारी – इनका सार्थक नाम है 'नारी'। यानि 'न अरि' नारी अथवा ये आरी नहीं है। स्त्री के नेत्रों में बिना किसी भेदभाव के सम्पूर्ण विश्व के लिए समान रूप से करुणा, मिलनसारता तथा प्रेम बिना किसी प्रतिदान को लिए तथा शत्रुहीनता ही प्रसारित होती रहती है। इसी कारण किसी की भी शत्रु न होने के कारण ये नारी कहलाती है।

स्त्री – स् यानि सम–शील–संयम। त्री यानि तीन अर्थ–धर्म, अर्थ, काम। स्त्री पुरुष को कुशल संयत बनाती है इसलिए स्त्री कहलाती है। अर्थात् समता श्रेष्ठ चरित्र तथा संयम से समन्वित यह नारी पुरुष को धर्म, अर्थ तथा काम इन तीन पुरुषार्थों को कुशलतापूर्वक साधकर चतुर्थ पुरुषार्थ मोक्ष की ओर अग्रसर करने वाली होने के कारण स्त्री कहलाती है। कुमारी – कु यानी पृथिवी। मा यानी लक्ष्मी। और री यानी देने वाली। इससे यह भाव निकलता है कि यह धरा, सम्पदा–सम्पन्ना तब तक रहेगी, जब तक यहाँ कुमारी रहेगी। यही कारण है कि सन्तों ने इन्हें प्राथमिक मंगल माना है।

■ ■ ■

MS - 28

'कुमारविजयम्' में चरित्रविधान

डॉ. श्याम सुन्दर प्रसाद पाण्डेय

'कुमारविजयम्' संस्कृत नाटक है, जो छः अंकों में विभाजित है। इसके रचयिता प्रो. (डॉ.) रामाशीष पाण्डेय हैं। यह पुस्तक दिल्ली संस्कृत अकादमी के आर्थिक सहयोग से प्रबोध संस्कृत प्रकाशन (विद्यानगर, हरमु) राँची (झारखंड) द्वारा प्रकाशित है। यह नाटक राष्ट्रभक्ति से युक्त वीराग्रगण्य स्वतंत्रता नायक वीर कुमर सिंह के वृत्त पर आधारित है।

कुमारविजयम् नाटक के प्रथम अंक को आंग्लशासन के प्रति द्वेषांकुर प्रस्फुटन नाम दिया गया है। द्वितीय अंक में बुद्धिदास एवं जीवदास के माध्यम से जगदीशपुर में आयोजित अश्वचालन प्रतियोगिता का विवरण उपलब्ध होता है, जिस प्रतियोगिता में कुमार सिंह प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं। तृतीय अंक में चन्द्रक एवं भद्रक के माध्यम से कुमर सिंह के राज्याभिषेक का विवरण मिलता है। चतुर्थ अंक में शाहावाद के जिलाधिकारी वेक कप्तान अनवर के साथ मंत्रणा कर जगदीशपुर पर आक्रमण करने की योजना का वर्णन मिलता है। पंचम अंक में ग्रामीण होली गान के क्रम में कुमार सिंह की वीरता का वर्णन है। अंतिम षष्ठ अंक में कुमर सिंह अपने छोटे भाई अमर सिंह को युद्ध का प्रभारी बनाकर जगदीशपुर पर आक्रमण का आदेश देते हैं तथा विजय श्री की प्राप्ति का वर्णन है। इस नाटक में राष्ट्रीयता कूट-कूट कर भरी है। अंग्रेजों की दमननीति का वर्णन किया गया है एवं तत्कालीन परिस्थितियों का वर्णन है। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से यह नाटककार की सफलतम रचना है।

अतः यह नाटक आज समाज एवं राष्ट्र के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। इसका विशेष विवरण शोध-पत्र में समीक्षीत होगा।

■ ■ ■

MS - 29

'शिखाबन्धनम्' नाटक का वस्तुविधान

डॉ. अर्चना कुमारी

'शिखाबन्धनम्' आधुनिक संस्कृत साहित्य की उत्कृष्ट रचना है। इसके प्रणेता डॉ. रामाशीष पाण्डेय जी हैं। डॉ. पाण्डेय ने संस्कृत साहित्य की संरचना में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। इनके

काव्यों में ऐतिहासिक पात्रों की प्रधानता मिलती है। इन पात्रों के चरित्र द्वारा समाज में शांति, सौहार्द्र एवं नीति की स्थापना करना इनका मुख्य उद्देश्य है। इस नाटक का प्रकाशन प्रबोध संस्कृत प्रकाशन हरमू, रांची द्वारा 1982 ई. में किया गया है।

यह नाटक राष्ट्रीय चिंतन से ओत-प्रोत है जिसमें नाटककार ने एक समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना की है। समृद्ध एवं सशक्त राष्ट्र के लिए जिन गुणों की आवश्यकता होती है, उन गुणों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया है। इस नाटक का नायक स्वयं चाणक्य है तथा सहनायक के रूप में चन्द्रगुप्त को रखा गया है। कथानक में नंद के साम्राज्य का उल्लेख किया गया है, जो भ्रष्टाचार, भोग एवं अनीति के दल-दल में फंसा है।

इस नाटक में छः अंक हैं। क्रमशः कथा को गति एवं रुचिकर बनाने के लिए प्रकृति वर्णन, कथोपकथन एवं चरित्र चित्रण पर बल दिया गया है। चाणक्य ने राष्ट्रनिर्माण में शिक्षा, चरित्र एवं पौरुष की अनिवार्यता को स्वीकार किया है तथा अशिक्षा को राष्ट्र-निर्माण का बाधक तत्त्व माना है।

अतः यह नाटक आज समाज एवं राष्ट्र के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होता है। इसका विशेष विवरण शोधपत्र में समीक्षित होगा।

■ ■ ■

MS - 30

पं. गिरिधरलालशास्त्रीकृत 'कृष्णचरितम्' - परिचय विमर्श

प्रो. हेमलता बोलिया

आधुनिक काव्यशास्त्र, भाषा वैज्ञानिक, आशुकवि, मेवाड़ के माघ पं. गिरिधरलालशास्त्री ने संस्कृत साहित्य की विविध विधाओं में ग्यारह ग्रंथों का प्रणयन कर संस्कृत साहित्य की समृद्धि में अतुलनीय योगदान दिया जिनमें 'कृष्णचरितम्' का विशिष्ट स्थान है। पंडित जी ने इसकी प्रेरणा श्रीमद्भागवत महापुराण से ग्रहण की और इसमें मात्र भगवान् श्रीकृष्ण की ब्रज, मथुरा और द्वारका लीलाओं का 139 श्लोकों में वर्णन किया है जो अपने-आप में अनुपम है। इसका वैशिष्ट्य है कि यह सर्गों में विभक्त न होकर स्थान के आधार पर तीन खण्डों में विभक्त है - ब्रजलीला 1-548, मथुरा लीला 549-738 और द्वारका लीला 739-139 श्लोकों में उपनिबद्ध है।

इसमें रसों का सुंदर परिपाक है। अनुप्रास, उपमा, उत्प्रेक्षा, यमक, अतिशयोक्ति, विरोधादि की छटा दर्शनीय है। भाषा भाव के अनुरूप सहज बोधगम्य और प्रभामयी है। शास्त्रीजी को इस काव्य ग्रंथ पर राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर ने 'माघ' पुरस्कार प्रदान किया है। अद्यावधि यह ग्रंथ अप्रकाशित है।

■ ■ ■

MS - 31

समकालीन संस्कृत साहित्य में नव युगीन चेतना

डॉ. कौसल्या

संस्कृत साहित्य अनेक सहस्राब्दियों से अपनी गौरवमयी यात्रा करता हुआ आज 21वीं श. में अपनी सृजन धर्मिता के कारण फलक पर अपने को प्रतिष्ठित किये हुए है। समकालीन संस्कृत-रचना में कवियों ने राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रभक्ति, परस्पर समन्वय की भावनाओं को उद्दीप्त किया। देश, काल, सीमा से परे सम्पूर्ण मानव के कल्याण की भावना उनके काव्य के विषय रहे।

वैश्वीकरण के कारण नयी सामाजिक, राजनीतिक चेतना ने संस्कृत के सृजन को एक नया आयाम दिया। प्रजातन्त्र की नयी व्यवस्था, बदलते राजनीतिक परिदृश्य, सामाजिक चेतना, वैश्विक घटनाएँ, बढ़ता जनसंख्या घनत्व, आतंकवाद जैसे कारणों ने संस्कृत कवियों की रचना भूमि को एक विस्तृत फलक प्रदान किया। वर्तमान काल की विसंगतियों व पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव से व्यथित हो कर अनेक संस्कृत कवियों ने वर्तमान की तुलना में अतीत का गौरवगान कर उसकी उज्ज्वलता और भव्यता का निरूपण किया। समकालीन संस्कृत कवियों की दृष्टि अन्तर्राष्ट्रीय चेतना की ओर थी। विश्व परिदृश्य की नयी विचारधाराओं पर साम्यवादी विचार धारा की 'लेनिनामृतम्' की रचना की गई। मानव की संवेदन हीनता पर कटाक्ष किया गया। उच्च शिक्षा संस्थानों की दुर्दशा पर रचनाएँ हुई।

समकालीन संस्कृत साहित्य में न केवल वर्ण्यविषय की विविधता है, अपितु शिल्प विधान में भी नये प्रयोग किये गये हैं। विश्व वाङ्मय के लोक प्रिय काव्य प्रकारों के छन्दों का संस्कृत में प्रयोग, नवीन प्रस्तुत विधान, नूतन विम्ब विधान, प्रादेशिक भाषा के लोक छन्दों के आधार पर संस्कृत में नव काव्य की रचना, आधुनिक युग पुरूषों को आधार मानकर महाकाव्यों की रचना, वर्तमान युग के सामाजिक मानवीय समस्याओं को विषय बनाकर नव काव्यों का सृजन, उर्दू गजलों के आधार पर संस्कृत में गजलों की रचना आदि नवयुगीन रचनाएँ हुई हैं और लगातार हो रही हैं। मेरे प्रस्तुत शोध-पत्र में इन्हीं नवीन शिल्प-विधानों, वैश्विक चेतना और मानवीय संवेदनाओं का निरूपण है।

■ ■ ■

MS - 32

गुहिलचरित - परिचय

डॉ. शक्तिकुमार शर्मा

मेदपाट धरा में ई.पू. द्वितीय शताब्दी से प्रारंभ होकर आधुनिक युग तक के इतिहास बोध को सुरक्षित रखने वाली कृतियाँ उपलब्ध होती हैं। इतिहासकार रामकर्ण आसोपा ने अपने समय तक ज्ञात

इतिहास संशोधन को ध्यान में रखते हुए एक ऐतिहासिक काव्य 'गुहिलचरितम्' की रचना संस्कृत छंदों में निबद्ध की है। कवि ने अपने पिता का नाम बलदेव आसोपा बतलाया है तथा 199 विक्रमी में इस काव्य की सामाप्ति की सूचना दी है। इस प्रकार यह रचना आज से लगभग 81 वर्ष पूर्व लिखी गई है। इसकी मूल प्रति मुझे साहित्य संस्थान, उदयपुर के पूर्व कार्यालय अधीक्षक स्वर्गीय भगवती लाल जी संचेती के निजी संग्रह से प्राप्त हुई है। पाण्डुलिपि का प्रथम पत्र अप्राप्त है। इसमें कुल 61 श्लोक हैं। यह कृति अद्यावधि अप्रकाशित है।

इस काव्य में वि. सं. 718 से लेकर मेवाड़ के वर्तमान राजवंश का स्वातंत्र्यपूर्व काल महाराणा भूपालसिंह तक की इतिहास सम्मत वंशावली वर्णित है। इस महाकाव्य में मेदपाट के शिलालेखों के साक्ष्य से प्राप्त वंशावली को संशोधित कर नवीन रूप में काव्य बद्ध किया है। कवि के समय तक 'वीरविनोद' एवं 'उदयपुर राज्य का ओझा कृत इतिहास' सामने आ चुका था। अतः इस वंशावली में उक्त दोनों ग्रंथों का प्रभाव स्पष्टतः परिलक्षित होता है। यह काव्य संस्कृत ऐतिहासिक काव्य परंपरा की एक अगली शुद्ध इतिहाससम्मत श्रृंखला की पूर्ति करता है।

* * *

MS - 33

व्यास जन्म के परिप्रेक्ष्य में कौशाम्बी में पभोसा का यमुना द्वीप

डॉ. राजेन्द्र त्रिपाठी 'रसराज'

महर्षि वेदव्यास का जन्म यमुना द्वीप में हुआ था – यह कथा महाभारत के आदि पर्व में वर्णित व्यास जन्म से जुड़ी चेदिराज उपरिचर वसु के उपाख्यान से स्पष्ट होती है। यह यमुना द्वीप कहाँ था? इसका निराकरण आज तक नहीं हो सका है। इस तथ्य को उद्घाटित करने का अनुसन्धान और प्रथम प्रयास मैंने किया है। उक्त प्रसंग की पुष्टि में उल्लेखनीय है कि चेदिराज उपरिचर वसु ने इन्द्र द्वारा प्रदत्त दिव्य विमान में आकाश से विचरण करते हुये जिस कोलाहल नाम के पर्वत के द्वारा अवरुद्ध की गई शुक्तिमती नदी का उद्धार किया वह यहीं यमुना तट पर पर्वत भी है, वह छोटी नदी भी है जो भदनी नाम से वर्तमान में चर्चित देवरी गॉव के पास से यमुना में मिलती है। उपरिचर के पादप्रहार से दरार पड़ने के कारण यह कोलाहल पर्वत भी वर्तमान में दो हिस्सों में विभक्त दृष्टिगत होता है। अब इसे पभोसा का पहाड़ या प्रभास पर्वत नाम से जाना जाता है।

यह वही कौशाम्बी है जिसे उपरिचर वसु के चार पुत्रों में से कुशाम्ब नाम के पुत्र ने अपने नाम पर इस नगर की स्थापना की थी। महाभारत में जिस अद्रिका नाम की अप्सरा मछली के रूप में यमुना जल में वास कर रही थी उसी के गर्भ से उत्पन्न हुई कन्या मत्स्य गन्धा नाम से सम्बोधित की गयी। यही वह सत्यवती थी जिसके रूप सौन्दर्य से अभिभूत होकर पराशर ऋषि के सम्पर्क से व्यास का उसी

यमुना द्वीप में जन्म हुआ। यह यमुना द्वीप अब भी 'औदर' नाम से यहाँ यमुना के बीच में विद्यमान है। इसे अद्रिका का ही अपभ्रंश माना जा सकता है। यह स्थल प्राचीन काल से ही वत्स देश की राजधानी 'कौशाम्बी' नाम से अत्यन्त महत्वपूर्ण माना गया है। इसका पौराणिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से पुरातन माहात्म्य देखा गया है। संस्कृत के प्राचीनतम ग्रन्थों में कौशाम्बी का उल्लेख मिलता है। अतएव उक्त प्रसंग व्यास जन्म के परिप्रेक्ष्य में अत्यन्त समीचीन जान पड़ता है।

■ ■ ■

MS - 34

महाकविहरिनारायण दीक्षित का जीवन-दर्शन

डॉ. लज्जा पन्त (भट्ट)

संसार में प्रत्येक प्राणी का जीवन समाज, राजनीति, अर्थव्यवस्था, संस्कृति, धर्म तथा दर्शन से प्रभावित होता है। जीवन को प्रभावित करने वाले इन्हीं तत्त्वों के विषय में व्यक्ति की निश्चित धारणा को ही 'जीवनदर्शन' कहा जाता है। उत्तरप्रदेश के जालौन जिले में स्थित पड़कुला नामक ग्राम में जन्मे, पाँच महाकाव्यों सहित लगभग तीस ग्रन्थों की रचना करने वाले डॉ. दीक्षित का जीवन के प्रति क्या दृष्टिकोण है? इसे संक्षेप में प्रस्तुत किया जा रहा है। कवि रचित महाकाव्यों में विविध दार्शनिक सिद्धान्तों का उल्लेख प्राप्त होता है। दीक्षित जी भारतीय संस्कृति के मूलतत्त्वों से युक्त धार्मिक तथा मानवतावादी समाज की कल्पना करते हैं। कवि को धर्मप्रधान समाज, राज्य, अर्थव्यवस्था, संस्कृति प्रिय है। कवि के जीवन में अहिंसा तथा दया का मूल सर्वोपरि है। कवि सत्य, अहिंसा, तपस्या तथा आत्मकर्मविश्लेषण को ही सच्चा यज्ञ मानते हैं। तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथ्यों को उपस्थापित करने में कवि की रचनाएँ महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

■ ■ ■

MS - 35

महर्षि दयानंद सरस्वती के साहित्य में परिलक्षित राजधर्म का स्वरूप

डॉ. अर्चना लाल सिंह

जब जब समाज शनैः शनैः अधोगति की ओर चलते चलते विनष्ट हो जाता है, उसका नैतिक अधःपतन होता है तब तब मानवजाति के कल्याण के लिए मानवता के उन्नयन के लिए महर्षि

दयानंद सरस्वती सदृश क्रांतिकारी समाजसुधारक महापुरुषों का जन्म इस धरातल पर होता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने धर्म, समाज, संस्कृति तथा राष्ट्रीय जीवन इन सभी क्षेत्रों में आर्य समाज की स्थापना करके वैदिक धर्म का प्रचार व प्रसार किया। समग्र भारत के पुनर्जागरण तथा राष्ट्रीय आन्दोलनों के संदर्भ में उनकी गौरवशालिनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

भारतवर्ष में व्याप्त नैराश्य, आत्मविश्वास का अभाव एवं पराधीनता तथा हीन भावना को पूर्णत: नष्ट करके उन्होंने आत्मगौरव, स्वाभिमान तथा राष्ट्रप्रेम को जाग्रत किया। अपनी विशाल अद्वितीय समाजोपयोगी साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना उत्पन्न करते हुए वैदिक धर्म के तत्वों को जनमानस के अंत:करण में समाहित किया।

युग पुरुष महर्षि दयानंद सरस्वती ने ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका, सत्यार्थ प्रकाश, गौ–करुणानिधि, व्यवहार भानु, भ्रांति निवारणम्, अष्टाध्यायी भाष्य, संस्कृत वाक्य प्रबोध इत्यादि ग्रंथों की संरचना करके देश के समक्ष स्वस्थ राजनीति का बीजारोपण किया। सही अर्थों में लोकतंत्र की स्थापना करते हुए राजधर्म के स्वरूप को स्पष्ट किया। इस राजधर्म का मूल आधार वेदों से ही लिया गया है।

धर्मशास्त्र के अंतर्गत नीतिशास्त्र, राज्यशास्त्र, अर्थशास्त्र, आचारशास्त्र, वर्ण संस्कार, आश्रम, यज्ञ, पूजापाठ, योग, उपासना आदि सभी तत्वों का समावेश होता है। राजधर्म, धर्मशास्त्र का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। राजधर्म पूजा के अधिकारों, विशेष अधिकारों एवं उत्तरदायित्वों से संबंधित धर्मशास्त्र का ही अंश है। राजधर्म में हमेशा धर्म और अर्थ का धर्मशास्त्र में पूरी तरह सामंजस्य होना चाहिए। महर्षि दयानंद सरस्वती ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रंथ 'सत्यार्थ प्रकाश' में तथा अन्य ग्रंथों में पदे पदे धर्म और अर्थ का समन्वय किया है। राजधर्म की सफलता के लिए उन्होंने धर्मानुसार अर्जित किए हुए अर्थ को मानव की मूल आवश्यकता मानते हुए राष्ट्रीय चेतना का आधारस्तंभ माना है।

■ ■ ■

MS - 36

डॉ. रामजियावन पाण्डेय कृत विश्व के द्वितीय उपलब्ध डिम 'त्रिपुर-दहन' का अलङ्कार-विधान

आचार्य दुर्गादेवी पाण्डेय

'अलङ्करोति, अलङ क्रियते वाऽनेनेति अलङ्कार:' – इस व्युत्पत्ति से स्पष्ट है कि वस्तु, व्यक्ति या पदार्थ के अलङ्कारक उपकरण या तत्त्व 'अलङ्कार' हैं, लोक में इन्हें 'भूषण, अलङ्करण, आभूषण या अलङ्कार' कहा गया, तो साहित्य/काव्य में इन्हें 'अलङ्कार'– संज्ञा से आचार्यों द्वारा संज्ञित किया

गया। जैसे अत्यन्त लावण्यमयी वनिता आभूषण (अलङ्कार) से और अधिक आकर्षक और चारुतर प्रतीत होने लगती है, वैसे रस-भावगुणवृत्तिभरित चारुपदमयी कविता भी अलङ्कारों के मञ्जुल विधान से और अधिक दृढ़ एवं मनोरम हो जाती है।

मैंने इस शोध-पत्र का शीर्षक डॉ. रामजियावन पाण्डेय कृत विश्व के द्वितीय उपलब्ध 'डिम'-रूपक लक्ष्य ग्रन्थ 'त्रिपुर-दहन' के 'अलङ्कार-विधान' को ही बनाया है। इसमें अलङ्कारदृशा इस आलोच्य डिम का परिशीलन किया गया है।

डॉ. पाण्डेय के अलङ्कार अनायास और सहज हैं। वे उनकी कविता-कामिनी मण्डनार्थ स्वतः समाविष्ट हैं, कथमपि हठात् नहीं। इन्हें प्रायशः अत्यन्त लोकप्रिय सभी अलङ्कारप्रिय हैं। इन्होंने 'त्रिपुर-दहन' के अलङ्करण में कोई कृपणता नहीं की है और इन अलङ्कारों से भाषा का अविरल प्रवाह कथमपि कुत्रापि बाधित नहीं है। यहाँ उनका नामोल्लेख उपमा-रूपक-दीपक अनुप्रास-श्लेष-यमक, अतिशयोक्ति वक्रोक्ति (काकुवक्रोक्ति), समासोक्ति, सन्देह, भ्रान्तिमान, निदर्शना, अपह्नुति, काव्यलिङ्ग, अर्थान्तरन्यास, संसृष्टि और सङ्कर- आदि रूपों में किया जा सकता है।

इनकी प्रमुख विशेषता है, विषयानुरूप 'अलङ्कार-विधान'। इन्होंने 'त्रिपुर-दहन' में अलङ्कारों का प्रयोग रसभावोपकारकत्वेन किया है, हठात् वैदुष्य-प्रदर्शनार्थ नहीं। फलतः भाषा बोझिल और दुरूह नही हुई है और न ही चारुत्व एवं प्रवाह ही कदापि, कुत्रापि बाधित हुआ है।

इस परिशीलन से डॉ. पाण्डेय का डिमकारत्व, अलङ्कार-बैदग्ध्य और उनकी प्रख्यात डिमरचना 'त्रिपुर-दहन' की स्पृहणीयता भी साथ ही साथ सत्यापित हो जा रही है, जिससे समीक्षक उनके प्रशंसार्थ विवश हो जाता है।

■ ■ ■

MS - 37

ईश्वरविलास महाकाव्य में वर्णित अश्वमेध यज्ञ

डॉ. स्मिता श्रीवास्तव

आमेर-जयपुर राज्य ने अनेक शासकों एवं संस्कृतियों को अपने हृदय में स्थान दिया है। यह राज्य लगभग एक सहस्राब्दी तक कछवाहा नरेशों द्वारा शासित रहा। ईश्वरविलास महाकाव्य इसी कछवाहा राजवंश के शासक महाराज पृथ्वीराज सिंह (153-1527 ई.) से सवाई ईश्वर सिंह तक के राजाओं का इतिहास प्रस्तुत करता है।

कविकलानिधि देवर्षि श्रीकृष्णभट्ट द्वारा विरचित ईश्वरविलास महाकाव्य एक ऐतिहासिक महाकाव्य है। इस महाकाव्य में अनेक प्रतापी राजाओं का वर्णन किया गया है। इस महाकाव्य में महाराज मानसिंह के पश्चात् सवाई जयसिंह ही सबसे पराक्रमी राजा हुए। महाराज सवाई मानसिंह की यशोगाथा केवल इसलिए नहीं गायी जाती कि वे एक वीर योद्धा और कुशल शासक थे अपितु उनकी कीर्ति का मूल कारण उनका कर्तृत्व है। उन्होंने प्रजा के हित के लिए और अपनी राजव्यवस्था को उत्तम बनाने के लिए बहुत से निर्माण कार्य कराये, साथ ही तमाम राजाओं के लिए अचिन्त्य अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान किया, जो वर्तमान काल के लिए अद्भुत और अभूतपूर्व ऐतिहासिक घटना थी।

ईश्वरविलासकार ने जयसिंह को पंचाधिकशताश्वमेधयाजी कहा है। जयपुर नरेश सवाई जयसिंह का अश्वमेध उनकी कीर्ति पताका का सुदृढ़ स्तम्भ है। जयसिंह के बाद इतिहास में अश्वमेध यज्ञ करने वाला नरेश नहीं हुआ। यह यज्ञ इस युग का अन्तिम अश्वमेध था। तथापि सम्भवतः पुष्यमित्र और समुद्रगुप्त ने अश्वमेध यज्ञ किया था। महाराज सवाई जयसिंह के इस अश्वमेध का वर्णन ईश्वरविलास महाकाव्य में ही नहीं मिलता अपितु अन्य ग्रन्थों तथा उल्लेखों से भी जयसिंह कृत अश्वमेध यज्ञ प्रमाणित होता है।

वाजपेय यज्ञ की दीक्षा से सम्राट् पद प्राप्त करने के अनन्तर जयसिंह को अश्वमेध यज्ञ करने की इच्छा हुई अतः उसने विद्वत्सभा बुलाई। काशी की महापण्डितसभा से अनुमति पाकर सवाई जयसिंह ने अश्वमेध यज्ञ का अनुष्ठान प्रारम्भ किया। इसमें काशी में उपाध्याय के रूप में प्रसिद्ध रामचन्द्र द्रविड़, व्यास शर्मा, यज्ञकर शर्मा, हरिकृष्ण शर्मा आदि विद्वानों ने भाग लिया जिनका उल्लेख कविकलानिधि ने ईश्वर विलास महाकाव्य में किया है।

■ ■ ■

MS - 38

प्रोफेसर हरिदत्त शर्मा की कृतियों में युगबोध- एक पर्यालोचन

डॉ. विनोद कुमार गुप्त

साहित्य समाज का दर्पण होता है और साहित्यकार समाज का द्रष्टा। यह उक्ति इस ओर संकेत करती है कि साहित्य वह दर्पण है, जिसमें सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक आदि घटनाओं का प्रतिबिम्बन हुआ करता है। वस्तुतः साहित्य अन्तश्चेतना को तदनुकूल जागरित करने वाला वह दस्तावेज है, जिसमें तात्कालिक परिवेश का सम्यक्रूपेण वर्णन होता है। संस्कृत-साहित्यकारों ने भी अपनी लेखनी से तद्युगीन घटनाओं, विसंगतियों को अपनी-अपनी साहित्यकृतियों में उपबृंहित किया

है। संस्कृत–कवियों ने प्रत्येक युग में अपने आपको भ्रष्टाचार, अनैतिक आचरण, अन्याय, असत्य आदि के प्रति मुखरित किया है। आधुनिक संस्कृत–कवियों को भी भ्रष्टाचार, पापाचार, अनाचार, कदाचार आदि ने पीड़ित किया। फलत: उनकी लेखनी से निस्सृत संस्कृतकृतियों में इनका प्रतिच्छवित होना सहज है।

प्रोफेसर हरिदत्त शर्मा आधुनिक संस्कृतसाहित्यगगन के भास्वर्यमाण नक्षत्र हैं, जिन्होंने अपनी कृतियों से संस्कृत–साहित्य को प्रकाशित किया है। आपकी प्रतिभा का परिणाम हैं– उत्कलिका, गीतकन्दलिका, लसल्लतिका, त्रिपथगा एवं आक्रन्दनम्। प्रथम तीन गीतिकाव्य हैं एवं अन्तिम दो नाट्यकृतियाँ। आज का युग विषम विडम्बनाओं से भरा हुआ है। लोग एक दूसरे को नष्ट करने पर तुले हुए हैं। साम्प्रतिक युग में फैले हुए भ्रष्टाचार, आतंकवाद, रिश्वतखोरी आदि के विविध रूपों के विषय में कवि हृदय की प्रतिभा भोगे हुए यथार्थ के रूप में हमारे समक्ष उपस्थित हुई है, जिनका पर्यालोचन प्रकृत शोध पत्र में किया गया है।

■ ■ ■

MS - 39

गिरिधारी लाल वर्मा 'कविकिंकर' का व्यक्तित्व एवं कृतित्व

प्रो. कृष्ण बिहारी भारतीय

राजस्थान के दक्षिणी पूर्वी अंचल में कोटा संभाग के एक जिले के रूप में वर्तमान झालावाड़ स्वतंत्रता से पूर्व झाला राजाओं की एक रियासत रहा है। झालावाड़ राज्य के शासक न केवल शौर्य में अग्रणी थे बल्कि विद्वता के विषय में भी सबसे अधिक थे। झालावाड़ के संस्कृत एवं हिन्दी के श्रेष्ठ कवियों में एक नाम गिरिधारी लाल शर्मा 'कविकिंकर' का है जो संस्कृत के रस सिद्ध कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं।

कविकिंकर जी का जन्म सन्1885 ईस्वीं में हुआ था। यद्यपि राजस्थान के अलवर राज्य में इनका जन्म हुआ था, किन्तु कालान्तर में कविकिंकर जी अलवर से झालावाड़ आ गये और झालावाड़ नरेश भवानी सिंह जी से प्रोत्साहित होकर झालावाड़ में ही स्थायी रूप से रहने लग गये। कविकिंकर जी की कई प्रकाशित एवं अप्रकाशित संस्कृत कृतियाँ हैं। सन् 1926 ईस्वीं में 'सरस्वती संदेश' नामक खण्ड काव्य की आपने रचना की जो दूत काव्य की परम्परा का काव्य है। कालिदास के मेघदूत की तरह यह

खण्ड काव्य भी पूर्व और उत्तर दो भागों में रचा गया है। मरुत् को संदेशवाहक के रूप में इस खण्ड काव्य में दर्शाया गया है। 'गोविन्दगीति' और ऋतुशतकम्, अलवरेन्द्रकीर्तिकल्पलता आदि खण्ड काव्य भी कविकिंकर जी की प्रसिद्ध संस्कृत कृतियाँ हैं। श्री वल्लभाष्टकम्, वेदनावेदनगीति, कलिन्दजानीराजनम्, 'जगदीशस्तुति' मुद्रामाहात्म्यम्, बालकृष्णाष्टकम् इत्यादि अनेक संस्कृत रचनाओं का कविकिंकर जी ने प्रणयन किया है।

विनम्रता की प्रतिमूर्ति होने के कारण वे स्वयं को कवियों का किंकर अर्थात् कविकिंकर (कवियों का सेवक) कहलाने में गर्व महसूस करते थे। अनेकानेक सम्मानों से सम्मानित एवं उपाधियों से अलंकृत गिरिधारी लाल शर्मा कविकिंकर का व्यक्तित्व जितना महान् था उनका कृतित्व भी उतना ही उत्कृष्ट एवं गौरवमय है। वस्तुतः कविकिंकरजी के प्रकाशित-अप्रकाशित संस्कृत साहित्य पर वर्तमान में शोध की अत्यन्त आवश्यकता है। उनका विपुल साहित्य शोध के माध्यम से सबके समक्ष आये और संस्कृत साहित्य का क्षेत्र अधिकाधिक समृद्ध हो ऐसी अपेक्षा है।

■ ■ ■

MS - 40

समकालीन काव्यों में 'शर्मण्यदेशः सुतरां विभाति' का वैशिष्ट्य

डॉ. रेखा शुक्ला

वर्तमान युग में भारतीय संस्कृत विद्वानों ने भारत से बाहर के देशों तथा द्वीपों की यात्राएं की। जर्मनी, फ्राँस, थाईलैण्ड बाली आदि की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक यात्राओं के विविध प्रकार के अनुभवों को इन कवियों ने अपनी कविताओं में रेखांकित किया है। इन रचनाओं में संस्कृत को अन्तर्राष्ट्रीय विषयवस्तु ग्रहण करने के कारण विस्तार मिला तथा आधुनिक काव्य में नवीनता का प्रवर्तन हुआ। इन काव्यों में प्रमुख रूप से हैं-सत्यव्रतशास्त्री कृत 'शर्मण्यदेशः सुतरां विभाति' 'थाईदेशविलासम्' राजेन्द्र मिश्र कृत 'बालीप्रत्यभिज्ञानम्' रमाकान्त शुक्ल कृत 'भाति मौरिशसम्', प्रभाकर नारायण कवठेकर कृत 'भूलोक-विलोकनम्', राधावल्लभ त्रिपाठी कृत 'धरित्रीदर्शनलहरी' तथा 'आल्पसपर्वते मेघदूतम्', हरिदत्त शर्मा कृत 'उत्कलिका' इत्यादि।

डॉ. सत्यव्रत शास्त्री कृत 'शर्मण्यदेशः सुतरां विभाति' (Germany- The Shining Land) भी इसी श्रृंखला में लिखा गया काव्य है, जो अखिल भारतीय संस्कृत परिषद् लखनऊ से 1975 में प्रकाशित है। समस्त देशों में जर्मनी एक ऐसा देश है जिसने संस्कृत भाषा एवं साहित्य के अध्ययन में सर्वाधिक

योगदान किया है। जून 1975 में जर्मन दूतावास नई दिल्ली के सहयोग से डॉ. सत्यव्रत शास्त्री को जर्मनी की यात्रा करने का अवसर प्राप्त हुआ। अल्प समयावधि में जर्मनी की इस यात्रा के अनुभवों तथा जर्मनी देश के वैशिष्ट्य को कवि ने लघुकाव्य के रूप में प्रस्तुत किया है।

■ ■ ■

MS - 41

समीक्षा के निकषग्राव पर 'न केलिनारी सुगृहं हिनस्ति' - शीर्षक खण्डकाव्य

डॉ. पद्मिनी नातू

सद्यः प्रकाशित संस्कृत खण्डकाव्य 'न केलिनारी सुगृहं हिनस्ति' आधुनिक सामाजिक समस्या पर आधारित एक मनोरम रचना है। पति और पत्नी के मध्य जब एक तीसरी नारी, किन्हीं दुर्बलताओं के कारण जब प्रविष्ट हो जाती है, तो दाम्पत्य -जीवन कभी-कभी टूटने के कगार पर पहुँच जाता है। पति उस अन्य नारी के दुनिवार्य आकर्षण में इतना फँस जाता है कि पत्नी और बच्चों का त्याग तक करने के लिए उद्यत हो जाता है। इस स्थिति में पत्नी धैर्य और सहिष्णुता के साथ उस विषम स्थिति का किस प्रकार सामना करती है, इसका इस रचना में वर्णन गृहिणी के विवेक को पुरस्कृत करनेवाला है। साथ ही उस केलिनारी के भी जाग्रत व्विवेक का विवरण आश्चर्यजनक है, जिसके कारण एक हँसता-खेलता परिवार टूटने से बच जाता है। रचना आदि से अन्त तक सहृदय पाठक को बाँधे रखती है। इसके रचयिता हैं डॉ. ओम्प्रकाश पाण्डेय। प्रस्तुत शोध-पत्र में इसी खण्ड-काव्य की विवेचना है।

■ ■ ■

MS - 42

'जीवनपर्वनाटकम्' - एक विवेचन

डॉ. प्रज्ञादीक्षित

यह नाटक ऋग्वेद के सुप्रसिद्ध हरिश्चन्द्रोपाख्यान पर आधारित है। सात अंकों के इस आधुनिक संस्कृत नाटक में ऋषि शुनःशेप, जो ऋषि अजीगर्त का पुत्र था, के बलि-प्रसङ्ग का काव्यात्मक और अभिनयात्मक दृष्टि से निरूपण है। नाटक के रचनाकार डॉ. ओम्प्रकाश पाण्डेय हैं, जिन्होंने एक

वैदिक आख्यान को पूर्णतया नया स्वरूप प्रदान किया है। इसका प्रकाशन दस वर्ष पूर्व पेनमैन पब्लिशर्स, नयी दिल्ली से हुआ। अन्त में बलि नहीं होती है। शुनःशेप अपनी काव्य-प्रतिभा और प्रार्थना के बल पर अपनी जीवन-रक्षा करने में समर्थ हो जाता है। प्रस्तुत शोधपत्र में इसी नाटक की सर्वाङ्गीण विवेचना साररूप में की गई है।

■ ■ ■

MS - 43

आधुनिक संस्कृत काव्य में व्यंग्य

डॉ. निशीथ गौड

संस्कृत में व्यंग्य शब्द अभिधा, लक्षणा, व्यंजना शक्ति द्वारा प्राप्त साधारण से कुछ भिन्न अर्थ में ही प्रयुक्त होता है। व्यंग्य शब्द 'वि' उपसर्गपूर्वक 'अंजुँ' धातु में ण्यत् प्रत्यय जोड़कर निष्पन्न होता है। डॉ. अशोक डबराल विरचित 'धुक्षते हा धरित्री' महाकाव्य अपनी व्यंग्य वाणी से प्रत्यक्ष रूप में वर्तमान दशा पर वार करता है।

आज के गृहस्थाश्रम पर कवि व्यंग्य करते हैं कि धन्य है गृहस्थाश्रम जहाँ न तो घर है, न घर में कोई है क्योंकि किराये के घर से माता-पिता को अलग करके स्त्री-पुरुष कार्यालय जाते हैं और घर की शोभा केवल नौकरानी से है। डॉ. हरिनारायण दीक्षित विरचित 'देशोऽयं कुरुते प्रोन्नतिम्' में कवि ने भारतवर्ष में व्याप्त कमियों को दिखाया है और कहा है कि इतनी बुराइयों के होने पर भी मेरा देश उन्नति कर रहा है। इस मुक्तक काव्य में तत्कालीन समाज का सांगोपांग चित्र उपलब्ध होता है। भारत देश के लोगों में व्याप्त विद्रोह, ईर्ष्या, काम-लिप्सा, धन-लोलुपता, ठगी, तस्करी एवं जघन्य अपराधों की प्रवृत्ति परिव्याप्त होती जा रही है।

कवि कहते हैं कि यहाँ अपने धर्म को तिलांजलि देकर पराए धर्म को परिपुष्ट करता हुआ श्रीमद्भगवदगीता का उल्लंघन करता हुआ यह देश उन्नति कर रहा है। आज समाज में फैली विद्रूपताओं को नष्ट करने के लिए व्यंग्यपूर्ण शैली की ही आवश्यकता है जो कि आधुनिक संस्कृत काव्य में सर्वत्र देखने को मिलती है।

■ ■ ■

MS - 44

समकालीन संस्कृत कविता में आर्थिक अपराध वर्णन

डॉ. सन्तोष कुमार पाण्डेय

समकालीन संस्कृत कविता की एक बड़ी विशेषता यह है कि यह अपने समय में घटने वाली उनं सभी घटनाओं को (चाहे वे राष्ट्रीय हों अथवा अन्तर्राष्ट्रीय) अपना वर्ण्य विषय समझती है। समकालीन संस्कृत कविता ने वर्तमान विश्व को बहुत अच्छी तरह से समझा है और उसकी गतिशीलता पर गहराई से दृष्टि रखते हुये अनेक ऐसी रचनायें की है जो कि राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के युद्ध, आतंकवाद जैसी घटनाओं के साथ-साथ आर्थिक अपराध के रूप में, हवाला के रूप में घटित हुई हैं और हो रही हैं। यह घोटाला न केवल किसी राष्ट्र से राष्ट्र का अपितु सम्पूर्ण विश्व का भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास रोक देने वाली है। प्रस्तुत शोध-पत्र में घोटाला हवाला जैसे आर्थिक अपराध को लेकर लिखे गये संस्कृत रचनाओं के आधार पर घोटाला हवाला रूपी आर्थिक अपराध के वर्णन का विश्लेषण करने का प्रयत्न है।

■ ■ ■

MS - 45

संस्कृत कविताओं में समसामयिकता :

(आधुनिक संस्कृतसाहित्य के परिप्रेक्ष्य में)

डॉ. लालाशंकर गयावाल

काव्य का प्रणेता या रचयिता कवि कहलाता है। संस्कृत साहित्य में कवि को क्रान्तद्रष्टा का अभिधान दिया गया है। काव्य कवि कर्म होता है। किसी वस्तु या घटना के लोकोत्तर चित्रण को ही कविकर्म कहते हैं। 'काव्य' संस्कृत साहित्य का रमणीय एवं परमानन्द दायक तत्त्व है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह परिवेश के इर्द-गिर्द जो देखता है, महसूस करता है, वर्तमान की यह वास्तविकता उसके काव्य/कविता का आधार बन जाती है। इन्हीं घटनाओं का यह चित्रण समसामयिकता है। समसामयिक घटनाओं ने प्रत्येक घटना से आत्मसात् होने के कारण समाज का यथार्थ चित्र अंकित किया है। संस्कृत कवियों ने गहरी संवेदनशीलता, अनुभव की प्रामाणिकता तथा यथार्थानुभूति के आधार पर सार्वकालिक कवितायें लिखीं। अतएव ये समसामयिक कवितायें अधिक मार्मिक, प्रभावी व संवेदन प्रवण रही हैं।

वर्तमान कविवृन्द दैनन्दिन घटित घटनाओं के भावों से उद्वेलित हो अपनी अभिव्यक्ति को वाणी देते हैं। आज का कवि समाज समसामयिक सोच-विचार एवं संवेदना से इस तरह आक्रान्त है कि घटना घटित होते ही कविता सुघटित रूप ले लेती है। समसामयिक अथ च दैनन्दिन घटनाओं पर संस्कृत कवियों की स्वतः स्फूर्त कविताएँ अनेक रूपों में हमारे सामने दृष्टिगोचर होती हैं। फिर वह चाहे स्वतंत्रता संग्राम का हो या फिर करो या मरो का नारा हो, अन्तरिक्ष यात्रा अपोलो यान, बंगलादेश के साथ युद्ध, या खाड़ी युद्ध, भूकम्प, बाढ़, झंझावात, कारगिल युद्ध, संसद पर आक्रमण, सुनामी लहर, मुम्बई पर आक्रमण, अतिवृष्टि तथा आतंकवाद आदि विषयों पर अनेक कवितायें संस्कृत में रचित हैं। इनके प्रसिद्ध कविवृन्द हैं प्रो. रामकरण शर्मा, प्रो. रेवा प्रसाद द्विवेदी, प्रो. जगन्नाथ पाठक, प्रो. हरीराम आचार्य, प्रो. बच्चु लाल अवस्थी, प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र, प्रो. हर्षदेव माधव, प्रो. भास्कराचार्य त्रिपाठी, प्रो. श्रीनिवास रथ, प्रो. पुष्पादीक्षित, प्रो. केशव चन्द्र दास, प्रो. प्रफुल्ल कु. मिश्र, प्रो. रमाकान्त शुक्ल, ओमप्रकाश ठक्कुर, हरीश्चन्द्र रेणापुरकर, इच्छाराम द्विवेदी, डॉ. रवीन्द्र कु. पण्डा, डॉ. बनमाली विश्वाल, जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' आदि। इनकी कवितायें विभिन्न प्रकाशित कविता संग्रह ग्रन्थों तथा संस्कृत की विभिन्न पत्रिकाओं से संग्रहीत कर उनकी विवेचना प्रस्तुत की जाएगी। समसामयिकता के सन्दर्भ में इनकी कविताओं की विवेचना प्रस्तुत करना इस शोधपत्र का मुख्य ध्येय है।

■ ■ ■

MS - 46

कृष्णकथाश्रित आधुनिक संस्कृत महाकाव्यों में 'कृष्णोदयम्'- एक समीक्षण

डॉ. मञ्जु कुमारी पाण्डेय

संस्कृत का आधुनिक काल मतभिन्नताओं से युक्त है। पं. राहुल सांकृत्यायन 16 ई. से ही संस्कृत के आधुनिक काल के पक्षपाती हैं लेकिन समान्यतया 19वीं शताब्दी से संस्कृत का आधुनिक काल माना जाता है। इस काल में संस्कृत की अनेक विधाओं की रचना हुई। अनेक महाकाव्य लिखे गए। रामकथाश्रित एवं कृष्णकथाश्रित भी अनेक महाकाव्य ग्रथित हुए जिनका उत्स रामायण या महाभारत रहा है। कृष्णकथाश्रित अनेक महाकाव्य इस काल में प्रणीत हुए। प्रसिद्ध कृष्णकथाश्रित महाकाव्यों में

वाराणसी के श्री उमापति द्विवेदी का पारिजातहरण महाकाव्य, वाराणसी के ही स्व. काशीनाथ द्विवेदी का रूक्मिणीहरणम् महाकाव्य, बिहार के पं. बदरीनाथ झा का राधापरिणयम्, दिल्ली के डॉ. रमेश चन्द्र शुक्ल का कृष्णचरितम्, मथुरा के डॉ. वासुदेव कृष्ण चतुर्वेदी का द्वारकाधीश महाकाव्य, राँची के डॉ. रामाशीष पाण्डेय का कृष्णोदयम् महाकाव्य उल्लेखनीय हैं। 'कृष्णोदयम्' महाकाव्य 15 सर्गों में विरचित कृष्ण कथा पर आधारित है। डॉ. पाण्डेय के शिखाबन्धनम्, कर्णार्जुनीयम् तथा कुमारविजयम् तीन संस्कृत नाटक प्रसिद्ध हैं। इसके अतिरिक्त इन्होंने अनेक स्तोत्र, शतक एवं खण्डकाव्यों का भी प्रणयन किया है।

कृष्णोदयम् महाकाव्य के नायक भगवान् श्रीकृष्ण हैं तथा प्रतिनायक अधर्म का प्रतिरूप कंस है। कंस के अत्याचार से पीड़ित मानवता की रक्षा के लिए ही श्रीकृष्ण का आविर्भाव होता है। आज भी कंस सदृश अनेक अत्याचारी इस पृथिवी पर मानवता को कष्ट दे रहे हैं। इस महाकाव्य की प्राचीन कथा में आधुनिक विचार धारा का सहज सन्निवेश हुआ है जिसके चलते वर्तमान समय में भी इसकी बहुविध उपयोगिता सिद्ध है। मूलशोध पत्र में इसकी कथावस्तु, रसयोजना, नायकत्व, शब्दार्थ योजना आदि पर विशेष समीक्षण प्रस्तुत होगा।

■ ■ ■

MS - 47

डॉ. विष्णुदत्त शर्मा विरचित 'श्री हरिश्चन्द्रचरितम्' महाकाव्य में अलंकार-योजना

विशम्बर दास

संस्कृतवाङ्मय का इतिहास बहुत विशाल है। प्राचीन काल से ही अनेक कवियों ने इसे समृद्ध बनाया है। कुछ आधुनिक कवि और लेखक भी हुए हैं, जिनकी रचना एवं ग्रन्थ संसार में विख्यात हुए हैं। संस्कृत भाषा के मर्मज्ञ साहित्य जगत् के मनीषी, भाषा के उद्‌भट विद्वान् डॉ. विष्णुदत्त शर्मा जी का जन्म प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य श्री रामस्वरूप शर्मा के यहाँ मेरठ में हुआ था। इन्होंने अपने जीवन-काल मं अनेक रचनाएँ की, जो विभिन्न क्षेत्रों में आज भी प्रसिद्ध हैं। 'श्री हरिश्चन्द्रचरितम्' डॉ. विष्णुदत्त शर्मा जी द्वारा विरचित पच्चीस सर्गों में निबद्ध एक प्रौढ़ महाकाव्य है जिसमें कवि जी ने आदर्श राजा हरिश्चन्द्र के जीवन-चरित का वर्णन बड़े रोचक ढंग से किया है। काव्य की शोभा को

बढ़ाने के लिए विष्णुदत्त शर्मा जी ने शब्दालंकारों व अर्थालंकारों का समुचित ढंग से प्रयोग किया है। शब्दालंकारों में अनुप्रास व उसके भेद और श्लेष अलंकार का प्रयोग किया है। अर्थालंकारों में कवि ने उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, समासोक्ति, प्रतिवस्तूपमा, स्वाभावोक्ति आदि अलंकारों का प्रयोग किया है। अलंकारों के प्रयोग में डॉ. विष्णुदत्त शर्मा जी का अनुपम कौशल लक्षित होता है। इस शोधनिबन्ध में श्री 'हरिश्चन्द्रचरितम्' महाकाव्य में वर्णित विभिन्न अलंकारों का विवेचन किया जाएगा।

■ ■ ■

MS - 48

रामशास्त्री प्रणीत 'सीता-रावण-संवादझरी': एक मर्मोद्घाटन

डॉ. वत्सला

संस्कृत साहित्य में आनन्द निस्यन्दनी कई विधाएँ युगों-युगों से अपने ज्ञान-विज्ञान, वैचित्र्य, चमत्कार, काव्यत्व, अध्यात्म से सहृदयहृदयाह्लादक रही हैं। ऐसे ही वैचित्र्य, चमत्कृति और आनन्द का अजस्र स्रोत है शब्दालंकारों में अन्यतम 'चित्रालंकार' और 'चित्रालंकार' का एक विशिष्ट प्रकार है 'प्रहेलिका'। प्रस्तुत ग्रंथ 'सीतारावणसंवादझरी' आदर्शभूता सीता के पातिव्रत्य का आश्रयण कर विचित्रचित्रचातुरी से चमत्कृत संस्कृत वाङ्मय का विशिष्ट अद्वितीय अलंकरण है। संस्कृत साहित्य में मुक्तक काव्य प्रकार के रूप में प्रहेलिका प्रकारों का उल्लेख बहुत से ग्रंथों में दिखायी देता है किन्तु प्रहेलिका की विच्छित्ति से विलसित तथा प्रहेलिका प्रकारों को लेकर इदम्प्रथमतया प्रणीत प्रबन्ध काव्य 'सीतारावणसंवादझरी' है जो कि मैसूर राज्य के चामराजनगर के रामशास्त्री द्वारा प्रणीत है। रामशास्त्री ने 'सीतारावणसंवादझरी' की सर्जना 195 में 18 पद्यों में की थी। जिनमें से 59 पद्य प्रहेलिका के चमत्कार से युक्त हैं तथा 49 पद्य प्रहेलिका चमत्कार से रहित हैं।

श्रीचामराज रामशास्त्री ने प्रहेलिकामय सीतारावण संवाद की प्रस्तुति के प्रसंग में एक विशिष्ट चमत्कार का सन्निवेश किया है जो अन्यत्र प्रहेलिका साहित्य में अनुपलब्ध है। प्रस्तुत ग्रंथ के प्रहेलिका पद्यों के चतुर्थ पाद में स्थित सीता प्रत्युक्ति विशिष्ट वर्ण योजनावती है। इस वर्ण योजना द्वारा आपाततः रावणोक्ति का प्रत्याख्यान एवं रावण का तिरस्कार मात्र बोधित होता है किन्तु प्रहेलिका विज्ञ सीता प्रत्युक्ति के विश्लेषण से वर्णलोप, वर्ण स्थापन एवं वर्ण परिवर्तन विषयक निगूढ़ निर्देश के अनुसार वर्ण लोपादि कर रावणोक्ति का पुनः विवेचन करते हैं तो राम प्रशंसात्मक तथा रावण निन्दात्मक सीता के अभिप्रेत अर्थ को जान कर आस्वाद विशेष का अनुभव करते हैं।

निष्कर्ष रूप से कह सकते हैं कि प्रहेलिका काव्यों की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। 'चमत्कार – कारित्वं काव्यत्वम्' की दृष्टि से चमत्कार युक्त होने के कारण प्रहेलिका में काव्यत्व अवश्य स्वीकार्य है। सीतारावणसंवादझरी प्रहेलिकात्मक काव्य सहृदयजनों के लिये अत्यन्त आनन्दजनक और चमत्काराधायक है।

■ ■ ■

MS - 49

'पर्यन्त-पञ्चाशिका': मत आलोचन

सुरेश कुमार ठाकुर

'पर्यन्त-पञ्चाशिका' शिवाद्वयनय के सिद्धान्तों की संक्षिप्त सूत्ररूप संग्रहात्मक कृति है। आचार्य अभिनवगुप्त तन्त्रशास्त्र तथा काश्मीर शैवागम के दिग्गज आचार्य हैं। भारतीय दर्शनशास्त्र में आचार्य अभिनवगुप्त का अविस्मरणीय व अतुलनीय योगदान है। 'पर्यन्त-पञ्चाशिका' आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा रचित है। आचार्य अभिनवगुप्त ने 'पर्यन्त-पञ्चाशिका' में जिस शिवाद्वयनय की अभिव्यञ्जना की है, वह उसे प्रत्यभिज्ञादि प्रस्थानों से किञ्चित् भिन्नता लक्षित करता है, परन्तु कई स्थानों पर साम्यता भी देखने को मिलती है। इस पर्यन्त-पञ्चाशिका की कौलिकपरकता की पुष्टि शिवसूत्र व शिवसूत्रविमर्शिनी से भी होती है। परमानन्दस्वरूप पराशक्ति के अनुसन्धान से मन्त्रवीर्य का अनुभव होता है। पराभट्टारिका परावाक् संवित् ही अपनी इच्छा शक्ति की प्रमुखता से स्थूल पदार्थ पर्यन्त विश्व को रचती है। इसी के समान 'पर्यन्त-पञ्चाशिका' में भी आचार्य ने जिसे मन्त्रोवाक्, एकवारवहा, परावाक्, चितिपरा, शुद्धकर्तृता कहा जाता है, जिसने अनन्त अर्थों को अपनी आत्मा में छिपा रखा है, वही उक्त 'अहम्' इस पद के द्वारा अनुसन्धान करने योग्य है, ऐसा कहकर स्पष्ट किया है। आचार्य अभिनवगुप्त ने इसी तथ्य को परात्रिंशिका विवरण में भी संकलित किया है कि जो अपने आत्म स्वरूप का आमर्शन या अनुसन्धान है, वह परावाक् का शरीर है। 'पर्यन्त-पञ्चाशिका' में आचार्य अभिनवगुप्त द्वारा पराभगवती के प्रयुक्त पारिभाषिक शब्द त्रिवहा, त्रिपथ, त्रिस्था, आदि कालकार्षिणी कुलमत को दर्शाते हैं। अतः इससे यह सिद्ध होता है कि 'पर्यन्त-पञ्चाशिका' कुलमत की पोषिका कृति है। प्रस्तुत शोधपत्र में पर्यन्त-पञ्चाशिका में निहित कौलमत के प्रतिपादन के साथ ही प्रत्यभिज्ञा तथा क्रम प्रस्थानों से कतिपय भेद व साम्य का दिग्दर्शन भी प्रासंगिक स्थलों पर स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

■ ■ ■

MS - 50

'पूर्णं सप्तर्षिमण्डलम्' तथा 'मेनकाविश्वामित्रम्' रूपक का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ. नयना कल्पेश नायक

देवगिरा संस्कृत की धारा आज भी अस्खलित रूप से समाज को प्लावित कर रही है। आधुनिक युग के संस्कृत साहित्यकारों ने समकालीन युगबोध के साथ पुरातन कथानक को एवं अस्पृश्य पात्रों को दृश्यकाव्य के माध्यम से समाज को अवगत कराया है।

'पूर्णं सप्तर्षिमण्डलम्' के रचयिता जनकशंकर दवे ने विश्वामित्र द्वारा प्राप्त किये गये ब्रह्मर्षिपद की कथा के द्वारा तात्त्विक दर्शन प्रस्तुत किया है। 'दृश्य' में निबद्ध प्रस्तुत एकांकी में तथा श्री हरिनारायण दीक्षित कृत अष्ट अंकीय 'मेनकाविश्वामित्रम्' रूपक में तप द्वारा इन्द्रपद प्राप्त कर लेने के डर से देवराज इंद्र विश्वामित्र के तपोभंग उपायरूप मेनका को विश्वामित्र के पास भेजते हैं। दोनों कृतियों में निबद्ध कथानक का विकास अलग ही दिखाई देता है। ब्रह्मत्वपदप्राप्ति के साथ शकुंतला के जन्म की कथा इन नाटकों में प्राप्त होती है। यह ऐसा काव्यसंवाद है जिसमें कतिपय प्रसंग समानरूप से प्राप्त होते हैं परंतु उसकी अभिव्यक्ति एवं गुम्फनशैली में अनोखापन दिखाई देता है। पूर्णं सप्तर्षिमण्डलम् में ब्रह्मर्षिपदप्राप्ति को ही महत्व दिया गया है। मेनकाविश्वामित्रम् में शकुंतला के जन्म के पश्चात् मेनका को किस प्रकार देवलोक में इंद्र खींच ले जाता है यह दिखा कर नारीमन की विवशता तथा व्यथाकथा को प्रस्तुत किया गया है। पौराणिक कथानक पसंद करके दोनों नाट्यकारों ने अलग तरीके से कथानक को न्याय दिया है। लेखकों की दृष्टि में कितना पार्थक्य है यह दिखाने का यहाँ प्रयास किया गया है। रचयिता चाहे भारत के किसी भी कोने का हो उसके कर्तृत्व में अवश्य नयापन दिखाई देता है।

■ ■ ■

MS - 51

राधानयनद्विशती में अलङ्कारयोजना

राम ईश्वर सहनी

अठारहवीं सदी में आविर्भूत मिथिला के गौरवभूत महामहोपाध्याय पं. मोहनमिश्रकृत 'राधानयनद्विशती' नामक काव्यग्रन्थ गीतिकाव्य की परम्परा में गणनीय महनीय ग्रन्थ है। यद्यपि काव्यों में नायिका के एक-एक अंग का वर्णन यत्र-तत्र उपलब्ध होता है किन्तु नायिका (भगवती

राधारानी) के एक अंग और वह भी 'नयनमात्र' को अभिलक्षित कर दो सौ सोलह श्लोकों में उपनिबद्ध 'राधानयनद्विशती' काव्य को सम्भवतः आपवादिक गौरव प्राप्त है। इस कृति का साहित्यशास्त्रीय दृष्टि से समग्र मूल्यांकन मेरी दृष्टि में अब तक नहीं हो सका है।

काव्य में गुण, अलंकार और रसादि की विद्यमानता और उनकी ध्वनिमान्यता से ही काव्य की उत्तमता ज्ञापित होती है। अलंकारों की अलंकारता रस-गुणादि से उत्पन्न शोभा की अभिवृद्धि में निहित होती है। प्रसाद और माधुर्य गुणों से मण्डित दिव्योदात्त श्रृंगाररस की इस काव्य रचना में अनुप्रास, यमक, रूपक और उपमादि अलंकार इसकी चारुता में चार चाँद लगाते हैं। ये अलंकार अनायास संयोजित हुए प्रतीत होते हैं। प्रथम श्लोक में ही रूपक की छटा द्रष्टव्य है-

सुदति ! सुन्दरि ! तावकलोचनं
प्रबलकालमहाभयमोचनम्।
लुलितवालजनाशयशोचनम्।
वसतु मे हृदि मानसरोचनम्।।

उपमा का उदाहरण- 'रसिकसर्वमनोरथकारिके? ठकपुरीसदृशे तव लोचने'। इत्यादि स्थलों में द्रष्टव्य है। इसी प्रकार प्रकृत काव्य में प्रयुक्त अलङ्कारों का विवेचन प्रस्तुत शोध आलेख में किया गया है।

■ ■ ■

MS - 52

आधुनिक संस्कृत-लघुकथाओं में स्त्रीविमर्श

वन्दना रावल

भारतीय संस्कृति सभ्यता के अनुसार सृष्टि निर्माण में स्त्री का स्थान महत्त्वपूर्ण है। आधुनिक संस्कृत लघुकथाओं के द्वारा स्त्री के प्रति भेदभाव को समाप्त कर समानाधिकारों एवं उसके प्रति पुरुष की विक्षिप्त एवं कुण्ठित मानसिकता के त्याग को पुरजोर समर्थन मिला है।

आधुनिक संस्कृत लघु कथाओं में स्त्री के दमन व सशक्तिकरण दोनों ही प्रश्नों को यथार्थ धरातल पर उकेरा गया है। आज नारी-सशक्तिकरण के युग में नारी अपने अस्तित्व की रक्षक स्वयं बन कर उभरी है। समाज में अपना स्थान व मान स्वयं प्राप्त करने के लिए संघर्षरत है। वही कहीं कुछ कथाओं में 21वीं सदी में जीने वाले स्वयं को आधुनिक कहने वाले समाज का यथार्थ भी प्रकट किया गया जो आज भी स्त्री के प्रति संकुचित व हीन भावना रखता है।

लघु कथा 'आधार' में 'अनसूया' तथा उसकी अन्धी माता जीवन के अन्तिम आशाबन्ध के टूट जाने पर भी संघर्षरत रहने का निर्णय लेती है। नारी के जीवन का आधार पिता, भाई, पति पुत्र से ही है, वह इस धारणा का स्पष्ट विरोध करती है, पुरुष-प्रधान समाज का खण्डन करती है, भले ही उसे बड़े से बड़ा दु:ख क्यों न सहना पड़े। लघुकथा 'सभाजनम्' की 'यशोमती' दुर्घटना में पति की मतिविनष्ट होने पर दोनों बच्चों व पति के उपचार हेतु लघु उद्योग आरम्भ करती है तथा एक दिन सर्वश्रेष्ठ उद्योगिनी का सम्मान प्राप्त करती है।

'कालारात्रि: समाप्ता खलु' की 'रश्मि' के युवावस्था में कॉलेज के दिनों में कुछ मनचले छेड़छाड़ करते हैं। उसका साथी मित्र ऐसी स्थिति देख भाग जाता है। पुलिस और मीडिया उसे इतना प्रसारित कर देते हैं कि रश्मि और उसके परिवार का समाज में जीना मुश्किल हो जाता है। वर्षों तक रश्मि इस अपमान की अग्नि में जलती रहती है। किन्तु एक दिन उसे वार्षिकोत्सव में उसका कॉलेज मित्र जो उसके निरपराध व पवित्र होने का एकमात्र गवाह था, मिलता है, भरी सभा में वह उसे अपमानित कर अपनी हृदयवेदना को शान्त करती है। संस्कृत साहित्य में वर्णित स्त्री-विमर्श के द्वारा संस्कृत जगत् में भी स्त्री विषयक नवीन चिंतन का सूत्रपात हुआ है। लघुकथाओं के द्वारा रोमाञ्चक शैली में स्त्री विमर्श का उदय संस्कृत-साहित्य में नारी सशक्तिकरण के लिए नूतन क्रांति का उद्भव है।

■ ■ ■

MS - 53

अभिराजराजेन्द्र मिश्र के अनुसार काव्य की नूतन विधाएं

नीमा रानी

संस्कृतवाङ्मय का इतिहास बहुल विशाल है। इसमें अनेक काव्यशास्त्रीय एवं साहित्यिक ग्रन्थों की रचना होती रही है। दण्डी, मम्मट, विश्वनाथ, पंडित जगन्नाथ आदि ऐसे अनेक प्राचीन आचार्य हुए हैं, जिन्होंने काव्यशास्त्रीय परम्परा को बरकरार रखा। इसी परम्परा के अन्तर्गत कुछ आधुनिक काल के भी आचार्य हैं जो काव्यशास्त्रीय-परम्परा को गतिशीलता प्रदान कर रहें हैं, जैसे -पी.वी. काणे, एस. के. डे, गणेश त्र्यम्बक पाण्डे, आचार्य चण्डिका प्रसाद शुक्ल, आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी एवं प्रो. अभिराजराजेन्द्र मिश्र जी। संस्कृत भाषा के मर्मज्ञ काव्यशास्त्रीय-जगत् के मनीषी, भाषा के उद्भट विद्वान् डॉ. अभिराजराजेन्द्र मिश्र का जन्म 2 जनवरी 1943 में ग्राम द्रोणीपुर, जनपद जौनपुर

उत्तरप्रदेश में हुआ। इन्होंने अपने जीवन-काल में अनेक रचनाएं की और भिन्न-भिन्न प्रदेशों से सम्मान प्राप्त किया। 'अभिराजयशोभूषणम्' इनकी एक काव्यशास्त्रीय रचना है जिसमें इन्होंने अनेक प्रकार के काव्यशास्त्रीय सिद्धान्तों को प्रस्तुत किया है। इस रचना में अभिराज जी ने काव्य की नूतन विधाएं, जैसे- लहरी काव्य, शास्त्रीय गीत, लोकगीत, राग, कजरी, रसिक, फाल्गुनिक, चैत्रक, वटुक, गलज्जलिकाप्रकरण, छन्दोमुक्तकाव्यादि को प्रस्तुत किया है। मेरे इस शोधनिबन्ध में अभिराजराजेन्द्र की उक्त इन नूतन विधाओं का विवेचन किया जाएगा।

■ ■ ■

MS - 54

'श्रीरामचरिताब्धिरत्नम्' महाकाव्य में भाव-ध्वनि

हरीश दास

श्रीरामचरिताब्धिरत्नम् संस्कृत महाकाव्य परम्परा की उत्तरवर्तिनी धारा में विलसित राजस्थान के मूर्धन्य विद्वान् पण्डित नित्यानन्द शास्त्री विचरित 2वीं सदी का उत्कृष्ट ग्रन्थ-रत्न है। इसमें चतुर्दश सर्ग हैं जो एक ओर तो समुद्र-मन्थन से निकलें 14 रत्नों के प्रतीक हैं तो दूसरी ओर भगवान् राम के चौदह वर्षों के वनवास का भी स्मरण कराते हैं। कवि ने इस महाकाव्य को समस्त काव्य-शास्त्रीय लक्षणों से समन्वित करने का प्रयास किया है। प्रस्तुत महाकाव्य का प्रमुख रामकथा स्रोत वाल्मीकीय रामायण है। इसके राम भगवान् विष्णु के अवतार परब्रह्म हैं, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और दुष्टों के संहारकर्त्ता भी हैं। चित्रकाव्य होते हुए भी यह प्रवाही शैली से युक्त महाकाव्य है तथा इसमें प्रकृति के हृदयग्राही वर्णन, मानवीय सम्बन्धों का हृदयावर्जक निरूपण, चरित्रांकन, व्यापक कथा-फलक, छन्दों का वैविध्य एवं अलंकारों का प्रसंगानुसार नियोजन तो है ही रसानुभूति के साथ विविध भाव-ध्वनियों की भी सुन्दर योजना है।

जो अपरिपक्व भावों से संवलित होते हैं, उनका परिगणन नवरसात्मक आनन्द की श्रेणी में न होकर भावध्वनि की कोटि में किया जाना ही सर्वथा उचित होता है। प्रस्तुत महाकाव्य में देवादिविषयक, नीतिपरक तथा विविध प्रसंगों के अनेक पद्य विभिन्न संचारी-भावों की ध्वनि के उदाहरण हैं। रस-वैविध्य की अपेक्षा भाववैविध्य के स्थल इसमें अधिक हैं। देव, मुनि, भातृ एवं राज-विषयक, भावध्वनियाँ तो विविध प्रसंगों में द्रष्टव्य हैं ही हर्ष, स्मृति, मोह, गर्व, धृति, ग्लानि, मति, अवहित्या एवं औत्सुक्य संचारी भावों के रूप में भावध्वनियाँ भी इस महाकाव्य में यत्र-तत्र विद्यमान हैं। इस

प्रकार प्रस्तुत महाकाव्य के विविध कथाप्रसंगों में समस्त रसों की सार्थक अनुभूति तो होती ही है, साथ ही यह भी निष्कर्ष प्राप्त होता है कि रसवैविध्य की अपेक्षा भावध्वनियों के स्थल इसमें अधिक हैं। निःसन्देह प्रस्तुत महाकाव्य के पद्यों की भावात्मक आह्लाद प्रदायक क्षमता अविस्मरणीय है।

■ ■ ■

MS - 55

समकालीन संस्कृत–साहित्य में स्त्री का स्वरूप

संध्या

समकालीन संस्कृत साहित्य केवल भारतीय अपितु वैश्विक परिवेश को परिभाषित करता हुआ आज हमारे समक्ष है। पिछली शताब्दी की अपेक्षा इस शताब्दी के संस्कृत साहित्य के गद्य–पद्य नाटकादि में स्त्रियों का बदलता हुआ रूप भी अत्यन्त कुशलतापूर्वक चित्रित किया जा रहा है। जैसा कि हम अनुभव करते हैं। आज की स्त्री इससे पूर्व की स्त्रियों की अपेक्षा बिल्कुल बदले हुए रूप में अर्थात् जिस प्रकार से पुरुष वर्ग राजनीति, सामाजिक, जीवन, उद्योग, खेलकूद आदि क्षेत्रों में संलग्न हैं, उसी प्रकार स्त्रियां भी समान रूप से इन कार्यों में व्यावृत हैं। अनेक ऐसे समकालीन कवि, उपन्यासकार हुए हैं, जिन्होंने अपनी रचनाओं में आज की उद्यमशीला नारी को उसके अनेक छवियों के साथ उपस्थित किया है। प्रस्तुत शोध पत्र इसी दृष्टि से लिखा गया है।

■ ■ ■

MS - 56

'विश्वसंवर्धन' काव्य में वैश्विक चेतना

रूबी साहू

'विश्वसंवर्धन' काव्य के रचयिता प्रो. कौशलेन्द्र पाण्डेय हैं। इस काव्य में पाँच सर्ग हैं, जिनके नाम क्रमशः सृष्टिसर्ग, ईशसर्ग, रतिसर्ग, प्रपञ्चसर्ग तथा आनन्दसर्ग हैं। कवि समकालीन विश्व की असंतुलित स्थिति को देखकर उसके समाधान की दिशा में इस काव्य के द्वारा पूरे विश्व को संदेश देना चाहता है। वर्तमान विश्व में व्याप्त आतंकवाद, अलगाववाद, परस्पर दूषित प्रतिस्पर्द्धा, राष्ट्रों का आपसी द्वन्द्व आदि अनेक समस्याओं का इस काव्य में वस्तुतत्त्व के रूप में प्रतिपादन कहीं पद्यों से तो कहीं

छन्दरहित पंक्तियों से किया गया है। इस प्रकार इसमें कहीं वैदिक परम्परा का भी अनुकरण हुआ सा प्रतीत होता है। वर्तमान विश्व की निरन्तर बिगड़ती स्थिति और उससे मुक्ति पाने का उपाय इस काव्य का मुख्य प्रतिपाद्य कहा जा सकता है। आरम्भिक सर्गों में सृष्ट्यारम्भ से वर्तमान तक की यात्रा का संकेत है जिसके नायक और नायिका काल और उसकी गति है। काल पुरुष रूप में और गति स्त्री रूप में है। इनके बीच की रति या प्रेम ही सृष्टि का कारण है और उसके सम्भरण तथा संवर्धन का भी उपाय है। प्रेम के अभाव में न केवल समाज की गति ठहर जाती है अपितु विश्व भी भ्रमित होकर दिशाहीन हो जाता है। प्रेम का विस्तार ही परदुःखकातरता, संवेदनशीलता, दया, सहिष्णुता प्रभृति श्रेष्ठ मानवीय गुणों में होता है। इन्हीं से सारा संसार परस्पर बँधा रहता है। विश्व के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इसी प्रकार के संदेश की स्थापना प्रस्तुत काव्य में है, जिसका सम्यक् विवेचन इस शोधपत्र में किया गया है।

▪ ▪ ▪

MS - 57

'मुद्गरदूत' पर मेघदूत का प्रभाव

सत्येन्द्र नाथ शुक्ल

भारतीय साहित्य में दूत काव्य को स्वतन्त्र काव्य विधा के रूप में प्राचीन काल से ही महत्ता प्राप्त है। संस्कृत में अनेक दूतकाव्यों का प्रणयन हुआ। इनमें प्रमुख हैं- हंसदूत, शुकदूत, मुद्गरदूत, हनुमद्दूत, वचनदूत, पत्रदूत, पुत्रदूत, रेडियोदूत, मयूखदूत, मयूरदूत, मित्रदूत, दूतप्रतिवचनम्, मृगाङ्कदूत आदि। इन दूत काव्यों की मूल सरणि का प्रारम्भ मेघदूत से माना जा सकता है जो महाकवि कालिदास की विलक्षण प्रतिभा का अनन्य रत्न है।

दूत काव्यों की यह लेखन परम्परा प्राचीनकाल से लेकर अद्यावधि पर्यन्त प्रवर्तमान है। बीसवीं शताब्दी में दूत काव्यों के प्रणयन ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस काल में ऐतिहासिक भौगोलिक एवं सामाजिक परिवर्तनों के फलस्वरूप उत्पन्न विभिन्न विषयों का चित्रण इन दूत काव्यों की कथावस्तु के रूप में परिलक्षित होता है। इसी क्रम में महामहोपाध्याय पं. रामावतार शर्मा द्वारा विरचित 'मुद्गरदूत' एक सुन्दर व्यंग्य रचना है जो कि कालिदास द्वारा प्रवर्तित दूत काव्य परम्परा का अभिनव प्रयोग है। यह दूत काव्य परम्परा का अंग होने पर भी श्रृंगारिक या वियोग परक नहीं है अपितु यह सर्वथा नवीन हास्य रचना है जो समाज की बुराइयों पर व्यङ्ग्यमुखेन मार्मिक प्रहार करती है।

इसके तीन भाग हैं– पूर्व मुद्गर (श्लोक संख्या 64), मध्य मुद्गर (श्लोक संख्या 33) और उत्तर मुद्गर (श्लोक संख्या 51)। इस प्रकार 148 मन्दाक्रान्ता वृत्तों में उपनिबद्ध यह एक दूत काव्य है। इसमें आलोचना के माध्यम से मुद्गरानन्द सरस्वती नामक किसी पात्र को कल्पित किया गया है। इसका नायक मूर्खदेव है जो यूरोप अमेरिका आदि का भ्रमण करके स्वयं को धन्य मानता है तथा अन्त में व्लाकटानन्द देव की शरण में अमेरिका चला जाता है। मूर्खदेव, मुद्गरानन्द सरस्वती, व्लाकटानन्द देव तथा सखी सम्प्रदाय एवं कथित योगियों के दम्भ के माध्यम से कवि ने साहित्यिक, धार्मिक एवं सामाजिक सभी प्रकार के दम्भों पर तीक्ष्ण प्रहार किया है। इस प्रकार मुद्गरदूत आचार्य की लोकातीत कल्पना, अनुपम व्यङ्ग्यकथा, नवीन शब्द–रचना एवं भौगोलिक विवरण के लिए जितना महत्वपूर्ण है उतना ही समाज की रूढ़ियों पर कुठाराघात के लिए भी स्मरणीय है। कवि ने पदे–पदे मेघदूत के छन्दों की अनुकृति की है। प्रस्तुत शोधलेख में मुद्गरदूत पर मेघदूत के प्रभाव को रेखांकित किया गया है।

■ ■ ■

MS - 58

अनन्तदेव कृत 'मनोऽनुरञ्जन' नाटक में स्त्री पात्रों का संस्कृत–संवाद

अरुण कुमार त्यागी

संस्कृत साहित्य हमारी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता का आगार है एवं नाटक संस्कृत साहित्य के गौरवपूर्ण अङ्ग के रूप में स्वीकार किये जाते हैं। नाटकों ने इस साहित्य को वह महत्त्व प्रदान किया है, जिससे इसकी कीर्तिकौमुदी सम्पूर्ण संसार में चमकने लगी है। काव्य की अपेक्षा नाटक की प्रतिष्ठा सदा अधिक रही है, किन्तु नाट्यशास्त्र का अवलोकन करते समय कुछ द्वन्द्वात्मक प्रश्न इसकी व्यवस्था के प्रति अपने स्वर को मुखर करते हैं। जिनमें मुख्य रूप से नाट्य में स्त्री पात्रों को संस्कृत सम्भाषण से वञ्चित करना है। कुलीन स्त्रियों से क्यों अशिक्षित ग्रामजन की भाषा में सम्भाषण कराया गया है? नाट्यशास्त्र की रचना के समय भरतमुनि ने इसका स्रोत वेदों को स्वीकार किया, लेकिन वैदिक स्त्री पात्रों को संस्कृत संवाद से वञ्चित कर उत्तरवर्ती संस्कृत कवियों के लिए इसका नियमन भी कर दिया।

पट्टमहिषी पद पर अभिषिक्त, ऋषि पत्नियों से लेकर ग्राम्य समाज में निवास करने वाली जनसामान्य स्त्री को संस्कृत संवाद से विहीन देखकर महद् आश्चर्य होता है। साहित्य समाज का दर्पण होता है। न जाने किस विवशता के कारण इस सत्य से विमुख होकर स्त्री पात्रों को उत्साह से पृथक् कर इस प्रकार के नियमन किये गये। परम्परा में मंत्रद्रष्टा ऋषिकाएं देखी जाती हैं। अत्रि की पत्नी पत्नी–धर्म पर

व्याख्यान देते समय घण्टों पाण्डित्य प्रकट करे, गार्गी बड़े-बड़े ब्रह्मवादियों को परास्त कर दे, मण्डनमिश्र की सहधर्मचारिणी आदिशंकराचार्य के पाण्डित्य रथ के मार्ग को अवरुद्ध कर दे, उसके बाद भी स्त्री पात्र संस्कृत संवाद से वञ्चित है। क्या यह विकृत मानसिकता नहीं है? कालिदास की पत्नी स्वयं शास्त्र मर्मज्ञ सुनी जाती है किन्तु महाकवि कालिदास भी मेनका व विश्वामित्र की पुत्री शकुन्तला से एक भी श्लोक संस्कृत में उद्घाटित नहीं करवाते देखे जाते हैं।

भारतवर्ष के सिरमौर कश्मीर का हस्तलिखित ग्रंथों के रूप में विशिष्ट योगदान रहा है। कश्मीर आदिकाल से विद्या एवं दर्शन की भूमि रही है। कश्मीर के बारे में कवि बिल्हण ने कहा है कि 'मैंने कुमकुम (केसर) और कविता सहोदर बनकर केवल शारदा देश (कश्मीर) में पैदा होते देखे है अन्यत्र नहीं, निश्चय ही कश्मीर न केवल पृथ्वी का स्वर्ग है अपितु यहाँ की प्राकृतिक सुषमा के साथ विद्या का प्राचीनतम केंद्र होने के कारण देश के विभिन्न प्रांतों के अतिरिक्त चीन से भी विद्वानों एवं ज्ञानार्जन के पिपासुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है।

मध्यकाल में फारसी के अध्ययन का कश्मीर प्रमुख केंद्र रहा है। इरानी विद्वानों द्वारा चर्चित व प्रशंसित बहर-इ-तवील के रचयिता सुप्रसिद्ध कश्मीरी कवयित्री अरनिमाल के पति मुंशी भवानी दास काचरू कश्मीर में ही पैदा हुए थे। कुछ प्रसिद्ध विद्वानों ने कश्मीर के उपलब्ध एवं अनुपलब्ध साहित्य पर पर्याप्त प्रकाश डाला है। इन विद्वानों में सर्वश्री कान्तिचन्द्र पाण्डेय, एस०के० डे, पी०बी० काणे,

एस०सी० बनर्जी, के०एस० नागराजन के नाम उल्लेखनीय हैं। जब हम कश्मीर की बात करते हैं तो यहाँ कश्मीर से तात्पर्य आज के सीमित क्षेत्र से न होकर प्राचीन कश्मीर से है, जो कंधार तक फैला हुआ था। प्राचीन कश्मीर में गिलगित हुंजा, मुज्जफराबाद और कृष्णगंगा का क्षेत्र भी आता था जो आजकल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में है। कृष्णगंगा को वर्तमान में नीलम नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र में कभी शारदा देवी का भव्य मंदिर स्थित था तथा वहाँ एक विख्यात विश्वविद्यालय भी था। कहा जाता है कि शास्त्रार्थ में सफलता पाने के बाद ही विश्वविद्यालय में विद्वानों को आने की अनुमति दी जाती थी। मात्र दक्षिण भारत से आदिशंकराचार्य पहले विद्वान् थे जो शास्त्रार्थ में सफल हो पाए और उन्हें विश्वविद्यालय में आने की अनुमति दी गई। 11वीं, 12वीं सदी में दक्षिण से रामानुजाचार्य ब्राह्म सूत्रों पर लिखे भाष्य को लेकर वहाँ आए और विद्वानों से अपने भाष्य पर स्वीकृति पाने के बाद ही उन्होंने इस भाष्य का नाम 'श्रीभाष्य' रख दिया।

प्राचीन भारतीय लिपियों में शारदा लिपि का महत्वपूर्ण स्थान है। शारदा लिपि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और चम्बा में सर्वप्रथम प्राप्त हुई। इस लिपि का विकास मुख्यत: अफगानिस्तान, गंधार, पाकिस्तान का उत्तरी पश्चिमी भाग, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली के क्षेत्रों में हुआ है। लगभग इन क्षेत्रों से शारदा के शिलालेख मिले हैं। कश्मीर में प्राय: समस्त संस्कृतवाङ्मय शारदा लिपि में लिखा गया है। इस लिपि का उद्भव 8वीं सदी में ब्राह्मी लिपि के उत्तर पश्चिमी धारा से हुआ। कश्मीर के निवासी शारदा अर्थात् सरस्वती को कुल देवी के नाम से जानते हैं।

■ ■ ■

MSS - 4

रजा लाइब्रेरी रामपुर में संस्कृत साहित्य की पाण्डुलिपियाँ

प्रभात पाण्डेय

पाण्डुलिपियाँ सदा से ही विश्व समाज की एक अमूल्य धरोहर रही हैं। पाण्डुलिपि वह सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा अतीत हमारे समक्ष जीवन्त रूप में प्रकट हो जाता है। जिसके प्रमाणों पर अवलम्बित होकर इतिहासकार सटीक तथ्यों का प्रतिपादन करते हैं। इस दृष्टि से भारत में इस संपदा के संरक्षण के निमित्त अनेक केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय संस्थाएं स्थापित हैं। न केवल भारत अपितु विश्व के विभिन्न भूभागों में विभिन्न भाषाओं एवं विभिन्न लिपियों में लिखी हुई पाण्डुलिपियाँ प्रकीर्ण रूप में प्राप्त होती हैं। अश्वघोष विरचित शारिपुत्रप्रकरण एवं अन्य नाटकद्वय की भोजपत्र पाण्डुलिपियाँ प्रो० ल्यूडर्स को मंगोलिया के तुर्फान नामक स्थान से प्राप्त हुई। चीनी तुर्किस्तान एवं रूसी तुर्किस्तान के

काशान, काशगर, कूच, नौविहार, काबुल, लाहौर, कश्मीर, ढाका इत्यादि क्षेत्रों से संस्कृत एवं पालि, प्राकृत की पाण्डुलिपियाँ निरंतर प्राप्त हो रही हैं। पण्डित हरप्रसादशास्त्री ने सौन्दरानन्द की पाण्डुलिपि नेपाल राजमहल से प्राप्त की जो आज संस्कृत साहित्य की संपदा है।

भारत में पाण्डुलिपियों का एक विशाल एवं व्यक्तिगत संग्रह उपलब्ध है जिसके राजकीय संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। भारत में पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए विभिन्न संस्थाएं सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, जिनमें मुख्य रूप से नेशनल मेन्युस्क्रिप्ट मिशन दिल्ली, रॉयल एशियांटिक सोसायटी कोलकाता, सिंधिया ओरियन्टल इंस्टीट्यूट ग्वालियर, कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सरस्वती भवन संपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, खुदा बख्श लाइब्रेरी पटना, इकबाल लाइब्रेरी श्रीनगर, ब्रजप्राच्य शोध संस्थान वृन्दावन, तंजौर लाइब्रेरी तमिलनाडु, अड्यार लाइब्रेरी मद्रास, अनूप लाइब्रेरी बीकानेर आदि।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश में स्थित रामपुर रजा लाइब्रेरी एक प्रसिद्ध नाम है। यद्यपि यह संस्था अरबी फारसी के ग्रन्थागार के रूप में प्रसिद्ध है तथापि इसमें अनेक संस्कृत पाण्डुलिपियाँ भी हैं। जिनमें सर्वाधिक संख्या स्त्रोत्रों की है। इसके अतिरिक्त ज्योतिष, तन्त्र, साहित्य, दर्शन, धर्मशास्त्र, कोष, व्याकरण, अलंकारशास्त्र की पाण्डुलिपियाँ भी उपलब्ध हैं। यहाँ पर सचित्र पाण्डुलिपियाँ, संस्कृत ग्रंथों की फारसी अनुदित पाण्डुलिपियाँ भी उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ पाण्डुलिपियाँ काल प्रभाव से उचितानुचित दशा में उपलब्ध होती हैं। उन संस्कृत साहित्य की पाण्डुलिपियों को सूचीबद्ध करते हुए इन पर शोध परख तथ्य प्रस्तुत करना मेरे इस शोध पत्र का मुख्य विषय है।

■ ■ ■

MSS - 5

सुदामा–शतकम् : पाण्डुलिपि की समीक्षा

डॉ. सुरेश पाण्डेय

'सुदामा–शतकम्' नामक हस्तलेख राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के गंगानाथ झा परिसर, इलाहाबाद में उपलब्ध है। यह 27 पत्रों में कुल 100 श्लोकोंवाला खण्डकाव्य है। इस काव्य में लेखक श्रीशिवनाम ने सान्दीपनि–शिष्य सुदामा को नायक बनाकर उनके चरित्रों का मनोहर शैली में वर्णन किया है। प्रस्तुत काव्य के रचयिता का समय 1776 शाके (1854 ई.) सिद्ध होता है। प्रस्तुत शोध–प्रबंध में हमने इस काव्य के गुण–दोष समन्वित समीक्षा प्रस्तुत कर कवि का परिचय भी यथायोग्य दिया है।

■ ■ ■

MSS - 6

झारखंड के अभिलेखों का सांस्कृतिक अध्ययन

डॉ. शत्रुघ्न कुमार पाण्डेय

झारखंड का उदय 15 नवंबर 2000 को भारतीय गणराज्य के 28वें राज्य के रूप में हुआ, परन्तु इस राज्य की विरासत काफी प्राचीन है। सभ्यता के विकास का जो क्रम भारत की संस्कृति की मुख्य धारा में दिखता है, वही क्रम झारखंड में भी दृष्टिगोचर होता है। इसका प्रमाण यहाँ से प्राप्त 60 से अधिक अभिलेखों में मिलता है। इन अभिलेखों में से 13 प्राचीन काल से, 18 मध्यकाल से तथा 30 आधुनिक काल से संबद्ध हैं। ये अभिलेख तीसरी सदी ई० पू० से लेकर 19वीं सदी के झारखंड के ऐतिहासिक दस्तावेज हैं, जिनके सहारे अतीत से प्रत्यक्ष संवाद कर यहाँ के इतिहास को नई रोशनी दी जा सकती है। अधिकतर अभिलेखों की भाषा संस्कृत और लिपि गुप्त कालीन ब्राह्मी, नागरी और बांगला है। इन अभिलेखों में विक्रम, शक तथा ई० सन् का प्रयोग हुआ है। अधिकतर अभिलेख शिलापट्ट और मूर्तियों पर लिखे हैं। ताम्रपत्र पर उत्कीर्ण लेख दान और उसके दाता से संबंधित हैं। 5वीं सदी का वेणीसागर मुहर अभिलेख यहाँ वैदिक विश्वविद्यालय होने का प्रमाण देता है। गुप्त शासक विष्णुगुप्त का कोल्हुआ पहाड़ी शिलालेख शासन के जनहित कार्य की ओर ध्यान दिलाता है। ईटखोरी से मिला गुर्जर प्रतिहार शासक महेन्द्रपाल का शिलालेख छोटानागपुर के सीमावर्ती क्षेत्र पर प्रतिहारों के प्रभाव को दर्शाता है और बताता है कि महेन्द्रपाल बौद्ध धर्म की ओर उन्मुख था। 11वीं सदी के घोड़मारा अभिलेख की मान्यता सेनवंशी अभिलेख देवपाड़ा से मिलती है, जो झारखंड पर बंगाल के प्रभाव को दिखाता है। प्रताप धवल का ताराचंडी शिलालेख उनके पलामू पर शासन को स्थापित करता है। तपोवन का गुफा अभिलेख पाल शासक रामपाल के शासन की सूचना देता है।

■ ■ ■

MSS - 7

अभिज्ञानशाकुन्तल के पाठविचलन की आनुक्रमिकता

वसन्त कुमार म. भट्ट

इस नाटक की पञ्चविध वाचनाओं की पृथक्-पृथक् समीक्षित आवृत्ति तैयार करने से इसके मौलिक पाठ की गवेषणा का लक्ष्य सिद्ध नहीं होगा। किन्तु सभी वाचनाओं में जो जो पाठभेद दिख रहे हैं, उसमें सबसे पहले पाठविचलन का क्रम निर्धारित करने से प्राचीनतम पाठ निर्विवाद रूप से निश्चित हो सकेगा। तत्पश्चात् ही मौलिक पाठ के अनुमान का मार्ग प्रशस्त होगा। कश्मीर की शारदा पाण्डुलिपियों में सुरक्षित रहे कुछ संकेत देखना आवश्यक है। क्योंकि उसी से ही इस नाटक के पाठ विचलन का क्रम सुनिश्चित किया जा सकता है। इन शारदा पाण्डुलियों से स्पष्ट होता है कि इस नाटक के मौलिक पाठ

में प्रक्षेप एवं पाठविचलन शुरू होने का प्रथम केंद्रबिन्दु तृतीयांक का कुसुमशयना शकुन्तलावाला दृश्य है। कविसंकल्पित इस दृश्य की मूलयोजना में नायिका को लंबे समय तक रंगमंच पर सुलाना था। इसी योजना के कारण मूलपाठ में तीन अश्लील संवादों का प्रक्षेप हुआ। दूसरे स्तर में, नायिका को मदनलेख लिखते समय ही 'आसीना चिन्तयति' जैसी रंगसूचना से बिठाई जाती है, और राजा के आने पर उसे खड़ी की जाती है। इसका प्रमाण आज भी सभी वाचनाओं में होते हुए भी किसी ने उसे पहचाना नहीं है। तृतीय स्तर पर, अन्यान्य श्लोकों के साथ 'गान्धर्वेण विवाहेन' वाला श्लोक प्रथम बार मैथिली पाठ में प्रक्षिप्त हुआ। चतुर्थ स्तर में, बंगालीपाठ में कुछ नए श्लोकों का प्रक्षेप हुआ, जिससे वह वृहत्तम पाठ बना। इस तरह मूल नाटक की तीन रंगावृत्तियाँ बनीं। इनका पौर्वापर्य क्रम रेखांकित किया जाय तो प्राचीनतम कश्मीरी से मैथिली और मैथिली से बंगाली रंगावृत्ति बनाई गई है। पञ्चम स्तर पर, मूल वृहत्पाठ में कटौती करके संक्षिप्त देवनागरी रंगावृत्ति बनाई गई है, जिसमें कुत्रचित् कश्मीरी एवं बंगाली पाठभेदों को स्वीकार किया गया है, और अन्त में, दाक्षिणात्य रंगावृत्ति का अवतार हुआ है। लगता है कि एक ही वाचना की पांच रंगावृत्तियाँ ही होंगी।

■ ■ ■

MSS - 8

सचित्र आदिपुराण का कलात्मक अध्ययन

प्रो. रागिनी राय

यह महापुराण महाकवि पुष्पदंत रचित ग्रंथ दो भागों में विभक्त है। आदिपुराण और उत्तरपुराण। इसमें 102 संधियाँ हैं। आदिपुराण प्रथम भाग है, जिसमें प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव एवं उनके पुत्रों के जीवन चरित का सचित्र वर्णन किया गया है। ग्रंथ के प्रारंभ में 14 कुलकरों तथा नारायण व प्रतिनारायण का वर्णन किया गया है। ग्रंथ में संधि 5 में आदिनाथ भगवान् के 101 पुत्र भरत व बाहुबली के जन्म का सचित्र वर्णन है एवं संधि 6 में आदिनाथ भगवान् का वैराग्यमय दृश्य दिखाया गया है, जिसमें स्वर्ग के देवों द्वारा भेजी गई अप्सरा नीलांजना की नृत्य के दौरान मृत्यु हो जाती है। उसी समय देव वैक्रियक रिद्धी से कृत्रिम नीलांजना को उनके समक्ष प्रस्तुत करते हैं। यह देख आदिनाथ को वैराग्य उत्पन्न होता है। वे जैनेश्वरी दीक्षा धारण करते हैं।

कलात्मक अध्ययन के अंतर्गत मैंने यह पाया है कि सभी चित्र द्विआयामी हैं। चित्र संयोजन सपाट पृष्ठभूमि पर है। चित्र अपभ्रंश शैली के बहुत निकट है। अन्तर केवल इतना है कि अपभ्रंश शैली में दूसरी आँख को भी गा़ल से बाहर निकलते हुए चित्रित किया है। आकृतियाँ नाटी तथा बौनी हैं, वस्त्रों को कोणीय ढंग से चित्रित किया है। रंग संयोजन में लाल (गेरु), पीला (रामराज), हरा (हिरोंजी), नीला (टेरावर्ट) तथा काला (स्याही) खनिज रंगों का प्रयोग किया गया है। यह ग्रंथ वर्तमान में अत्यंत जीर्ण अवस्था में है तथा तेरापंथियान जैन बड़ा मंदिर जयपुर में स्थित है।

■ ■ ■

MSS - 9

A Manuscript of *Sandhikārikā* : Some Observations

Prof. Nabanarayan Bandyopadhyay

There is a vast ancillary Vedic literature called *Vedalakṣaṇa*. The term *lakṣaṇa* is appropriate in the sense that these texts define the characteristics and describe the special features of the Vedas. *Prātiśākhyas, Anukramaṇīs,* works on accentuation *(svara)* and on different forms of the modified recitation *(vikṛti),* and various kinds of indexes are included in this supplementary literature under general category of *Vedāṅga*. Prof. K. Parameswara Aithal has prepared a descriptive bibliography of these texts (*Vedalakṣaṇa: Vedic Ancillary Literature*. Stuttgart : Steiner, 1991). *Sandhikārikā* is an important text of this category.

A manuscript of *Sandhikārikā* is preserved in the Asiatic Society of Kolkata under the Govt. collection. The name of the author is Gaṇeśadatta. It is a work on *sandhi* in 31 verses with a commentary entitled *Dīpakalikā.* The examples of *sandhi* have been given from the *Vājasaneyisaṁhitā* of the *Śuklayajurveda.* It is complete, written in *Devanāgarī* script of 19th century, and the material is handmade paper. The condition of the manuscript is fair.

Actually speaking, the rules relating to euphonic combination found in the *Saṁhitā* texts are difficult to comprehend at places. Various *Prātiśākhyas* throw light on these rules. Still writing of the texts of ancillary character was felt necessary for easy understanding and memorization of the rules by the students of the Vedas. If the text with commentary is critically edited on the basis of the available manuscript, it will be of much help to the learners of the Vedic Grammar . Here lies the prime importance of this single manuscript and the text along with commentary. Some observations on the manuscript and the text will be presented in the proposed paper.

■ ■ ■

MSS - 10

A Brief Appraisal of a Few Manuscripts of Jorhat, Majuli, Dergaon and Bardowa

Dr. Punya Baruah

The term "Manuscript" in medieval Latin language denotes documents written by hand.

The manuscripts of Caryāpadas are the oldest specimen of literature. This manuscript was written on *sāñcipāt.*

There are a large number of manuscripts preserved in the *nāmghars* and *satras* of

Assam. These manuscripts were written and illustrated in *sāñci* bark (Agaru bark), *tulāpāt* (handmade cotton) and paper.

Some of the manuscripts were very much popular and some are very rare. It will be very interesting to know the journey of some rare manuscripts from Jorhat to Bardowa where they were the prized collection of manuscripts. In this paper appraisal of some painted and unpainted manuscripts preserved in the *nāmghars* of Jorhat, Majuli, Dergaon and Bardowa will be given.

■ ■ ■

MSS - 11

History and Development of Telugu Script

Dr. A.V. Kiran

Telugu is a South-Central Dravidian language. It is primarily spoken in the state of Andhra Pradesh, India, where it is an official language. It is also spoken in some neighboring states. Telugu is the language with the third largest number of native speakers in India (74 million). Telugu is thought to have been derived from *Triliṅga,* as in Triliṅga Deśa, "the country of the three *liṅgas*". According to a Hindu legend, Śiva descended as a *liṅga* on three mountains, Kāleśwara, Śrīśaila, and Bhīmeśwara, which marked the boundaries of the Telugu country.

The evolution of the alphabet in the Telugu land can be traced over the centuries. Telugu script, which evolved from the Brāhmic family of scripts, is used to write the Telugu language, a language found in the South Indian states of Andhra Pradesh, Telangana as well as several other neighboring states. It gained prominence during Vengi Chalukyan era. It shares high similarity with its sibling Kannada script. The Kannada and Telugu alphabets are essentially regional calligraphic variants of a single script. The Muslim historian and scholar Al-Biruni called the Telugu language and script *Andhrī.*

Telugu uses sixteen vowels, each of which has both an independent form and a diacritic form used with consonants to create syllables. The language makes a distinction between short and long vowels.

The present article will focus on history and development of Telugu script.

■ ■ ■

MSS - 12

Revenue Administration of Medieval Assam : A Study on the Basis of Inscriptions

Dr. Gitanjali Thakuria

The Inscriptions which are generally engraved or incised on some permanent or semi-permanent materials are regarded as the most valuable source of information for reconstruction of the past history of any country or nation. They exhibit the progress and level of human culture in any given time and clime. Assam is the hub of many races and tribes since time immemorial, having their own religious beliefs and practices. In medieval period, Assam was a conglomeration of kingdoms like the Ahom kingdom, the Chutia kingdom, the Jayantiya kingdom, the Kachari kingdom, the Koch kingdom etc. All these powerhouses whether big or small also left their marks. Their records, written in both Assamese and Sanskrit languages provide sufficient information of immense value bearing on matters relating to all the aspects such as political, social, economic, religious, cultural etc. In the present paper, a study on the revenue administration of medieval Assam in the light of various epigraphic records will be highilighted. Like *dharma* and *kāma, artha* is also very much essential for the development of any region, without which it cannot be run. So, revenue is always regarded as the most important aspect for the development of any country. Likewise, during the medieval period, revenue was considered as the most dependable source of income in Assam. Here, in the present paper, an attempt is made to make a brief study on this aspect by analysing various epigraphic records of the concerned period.

■ ■ ■

MSS - 13

Colophons of the *Maitrāyaṇī* Manuscripts

Nirmala Ravindra Kulkarni

An attempt has been made in the present paper to analyze colophons of the manuscripts belonging to the *Maitrāyaṇī Śākhā.* Manuscripts deposited in the private as well as public libraries of Nasik, Pune and Baroda have been taken into consideration. Analysis of these colophons speaks out the localization of the *Maitrāyaṇī Śākhā* and the followers of the same. If viewed in the continuity of inscriptions the analysis throws more light on the transmission of the *Maitrāyaṇī Śākhā.*

■ ■ ■

MSS - 14

Factors for Damage of Manuscripts and Their Care and Maintainance

Maitreyee Goswami

For centuries, the knowledge system in India passed down from generation to generation through *gurukulas* and transmitted entirely from mouth to ear. Gradually they came to be written down on different materials such as stones, copper-plates, birch- barks, *sāñcipāts*, parchment and papers etc. for the need of a better preservation.These treasure of wisdom containing the ancient consciousness has come down to us in the form of manuscripts. At the initial stage all these documents were in a strong position but as time passes on, on account of different factors their properties undergo change and they start to deteriorate and get damaged.

There are several causes for which manuscripts get easily damaged. Some of them are- i) dust and dirt present in the surface of the manuscripts, ii) various kinds of insects and fungi

But the main factors of deterioration of these documents are- i) biological factors, ii) physical factors, iii) chemical factors

All these factors act upon the manuscripts simultaneously and not individually. Besides three main factors, the natural causes like climate, flood, fire, and other man-made factors like improper storage and mishandling are the most devastating factors of the manuscripts.

■ ■ ■

MSS - 15

Document Imaging System (DIS) : As a Facilitator for Presentation and Conservation of Manuscripts : A Case Study of VVBIS & IS, Hoshiarpur

Shiv Kumar Verma

Millions of documents in Indian Archives and approximately five millions Manuscripts written on various forms of writing materials scattered throughout India are in urgent need of digital preservation. Paper manuscripts with the passage of time are getting fragile and brittle because of various reasons. Lamination or encapsulation does not seem to be a permanent solution of preserving the cultural heritage for the prosperity. Advent of Information Technology and Telecommunication (ICT) have changed the scenario of preservation as well as dissemination of information of manuscripts throughout the world. Computerization brings about a revolutionary metamorphosis in the way information is being created, managed accessed. The ability to generate, easily amend and copy information in digital form has led to a dramatic growth in the application of digital technology i.e. digitization.

In the area of Manuscripts, Department of Culture, Govt. of India made an ambitious plan in 2003 to preserve, conserve and possibly upgrade the same to the level of electronic access through its digitization and digital preservation. To achieve the above objective, National Manuscripts Mission was constituted in 2003 to accomplish the desired objective. In this paper, effort has been made to capture the NMM guidelines and how our institute VVBIS & IS, Hoshiarpur is utilizing the same to digitize its manuscripts and rare literature. The paper starts with standard definition of digitization and based on the constraints, particularly to Indian scenario, it has focused upon the policy frame which came out with the findings of the National Manuscripts Mission (NMM).

■ ■ ■

MSS - 16

Unpublished Manuscripts on Commentaries of *Meghadūtam* Available in Odisha

Nivedita Pati

The thrust of this paper intends to highlight the unpublished commentaries of *Meghadūtam* which are now kept in manuscript (ms) form in Odisha. Odisha State Museum (OSM) collection, manuscript section of Utkal University Library and Sambalpur University Library especially draw the attention of the scholars where curiously many new commentaries are available. It is found that among 806 manuscripts (MSS), only 114 MSS are preserved in Odisha and 39 MSS are catalogued in Odisha State Museum (source - NMM).

Besides the commentary of Mallinātha, some of the important and unique commentaries are available. There are two MSS on Raṅgadāsa's commentary (L/371 & L/671) and one commentary of Ragunātha Dāsa, who is the famous rhetorician of *Śāhityabhūṣaṇa* and *Madanakelitaraṅginī* (L/732b). There are another four commentaries called *Ṭīppaṇī* showing the nos. L/249, L/679, L/701C and L/768. Besides, other manuscripts are not identified due to their bad conditions. They are L/1-A/19, 2, 99, 101, 104, 143A, 242a, 244b, 273a, 234a, 275a, 371a, 419a, 450a, 449b, 531, 537, 627b, 668c, 675a, 702, 713b, 738a, 743-c, 780 and 848a (OSM).

Taking the case of Utkal University Library, there are thirteen MSS where twelve are in palm-leaf form and one is in paper-form. Narahari has attempted to write *Brahmaprakāśikāṭīkā* which is an explanation of car festival of Śrī Jagannātha. *Rasavatī* is an unknown and complete ms bearing the no. 669. The nos. of other MSS are as follows: 459, 508, 1900/1, 479/2, 566/1, 2158, 2965, 1526/3, 1655/4, 1544, 1900 and Cy/231.

There is also one commentary of Jagadisha Tripathy (no. 1715) which is preserved in Sambalpur University library (NMM). The commentator Jagadisha Tripathy only commented on Uttaramegha and it is complete in form.

A brief discussion on those MSS and authors are intended to bring those unpublished commentaries of *Meghadūtam* to limelight.

■ ■ ■

MSS - 17

A Glimpse of the Āyurvedic Manuscripts of Assam

Dr. Jadumoni Saikia

The history of Āyurvedic manuscripts in Assam is very ancient. Many years ago the people of Assam used some indigenous methods to cure the various types of diseases. The system of treatment was of two types. First one is based on the *Āyurveda,* where names of some medicines had been written and second one is the *Mantra* system. Both the things were found in written form which could be called as *sāñcipāt* or *tulāpāt.* Nowadays, all the manuscripts were found in various Satras, temples and in custody of some people. Some important manuscripts are like *Mādhava Nidāna* (which is found in *sāñcipāt*in Bengena-ati Satra, Majuli), *Hastīvidyārṇava, Gajendracintāmaṇi* etc. On the other hand, various manuscripts are found in the form of *Mantras* like *Karati Mantra, Saguni Mantra* etc. this paper will highlights on the various Āyurvedic manuscripts found in Assam.

■ ■ ■

MSS - 18

A Study of Assamese Script as a Part of Indian *Brāhmī*

Dr. Kanak Chandra Saharia

The Indian *Brāhmī* script is the mother of many Indian scripts. It is the origin of Assamese scripts also. The history of the Assamese script may be broadly divided into three periods— i) from the 4th-5th century to 13th century, ii) from the 13th century to 19th century and iii) from the 19th century to present time. We know the script of Assam from 4th - 5th to 13th century as *Kāmarūpī* script, because at that time Assam was known as Kāmarūpa. From 13th century to present time it is known as Assamese script. We have divided this period into two parts; from 13th to 19th century's script known as early Assamese script and from 19th to present time, it is known as modern Assamese script.

In this paper I would like to discuss these three major sections of Assamese scripts with their characteristics. In this discussion I shall also try to prove with some similarities that *Brāhmī* script is the origin of Assamese script.

■ ■ ■

Section - 19

EPICS & PURĀṆAS

EP - 1

पुराणेषु कालमानविमर्शः

डॉ. अशोकथपलियालः

भारतीयसाहित्ये पुराणानां प्राचीनता वैदिककालादेव स्वीकृताऽस्ति। वेदब्राह्मणारण्यकोपनिषदादयः पुराणानां प्राचीनतां प्रदर्शयन्ति। वेदांगेषु ज्योतिषस्य स्थानं चक्षुरूपे वर्तते। अस्य शास्त्रस्य व्यवहारोपयोगत्वात् पुराणेषु प्रायः कथादिप्रसंगवशादेव ज्योतिषविषये चर्चा प्राप्यते, यतः पुराणानि ज्योतिषविषयकग्रन्थाः न सन्ति। परन्तु तत्र यत्किंचिज्ज्योतिषविषयकी चर्चा समुपलभ्यते। तद्दृष्ट्वा एव ज्योतिषशास्त्रस्य तस्मिन् काले महत्त्वं दरीदृश्यते। अष्टादशपुराणेषु विष्णुधर्मोत्तरपुराणे नारदपुराणे चान्येषां पुराणानामपेक्षया ज्योतिषस्य विकसितं शास्त्रीयस्वरूपं संदृश्यते। अग्निपुराण-विष्णुपुराणप्रभृतिष्वन्येषु पुराणेष्वपि ज्योतिषविषयकी चर्चा न्यूनाधिकरूपेण संप्राप्यते। तत्र पुराणेषु मुख्यतया कालमानस्य सूर्यादिनवग्रहाणां तेषां रथानां गतीनां नक्षत्रवीथीनां प्रवाहादिवायूनां चैत्रादिमासादिकानां च सामान्यतया वर्णनं लभ्यते।

तत्र कालमानेषु निमेषादारभ्य ब्रह्मणः आयुःपर्यन्तं कालविभागाः वर्णिताः दृश्यन्ते। सिद्धान्तज्योतिषग्रन्थोक्तकल्पयुगमन्वन्तरादिमानं समुपलभ्यते। ब्रह्माण्डपुराणे 'कलियुगस्यार्थे, तिष्यशब्दस्य प्रयोगः विलक्षणं दृश्यते। पुराणेषु यद्यपि मनुस्मृत्युक्तयुगपद्धतिरेव प्रचलिता दृश्यते किन्तु वेदांगज्योतिषोक्तस्य 'पंचसंवत्सरात्मक'-युगपद्धतेः चर्चापि तत्र लभ्यते। संवत्सराणामधिपतयः क्रमशः अग्निसूर्यचन्द्रवायुरुद्राश्च निगदिताः सन्ति। पुराणेषु अहोरात्रार्द्धमास-कला-काष्ठा-क्षण-पौर्णमास्य-मावस्या-सिनीवाली-कुहू-राकाऽनुमति-लव-मुहूर्त-सन्धि-रात्रि-दिवसायनाब्द-युगादिप्रभृतीनां प्रचलितकालमानानामुल्लेखः संप्राप्यते।

श्रीमद्भागवतमहापुराणस्यानुसारं जगतश्चरमोंऽशोऽन्येनाऽसंयुक्तोऽव्यक्तः परमाणुः कथ्यते। तदग्रे अणु-त्रसरेणु-त्रुटि-वेध-लव-निमेषादयः कलना भवन्ति। स्कन्दपुराणे लोकव्यवहारार्थं सौरसावन-चान्द्रार्क्षमानैः कालस्य चतुर्धा विभाजनं दृश्यते। विष्णुधर्मोत्तरादिषु सप्तविंशतिनक्षत्राणामेव नववीथीषु विभाजनं प्राप्यते। कालस्य सृष्ट्यादौ प्रवृत्तिर्विषये विष्णुधर्मोत्तरपुराणे ज्ञानमप्यनुमीयते। व्यतीपातादियोगानां चर्चाऽपि तत्र प्राप्यते। पंचांगसाधनस्य प्रविधिरपि तत्रोपवर्णितोऽस्ति। भारतीयपंचांगनिर्माणस्य मुख्यतया त्रिपक्षाः - सौरब्राह्मार्याः सन्ति। तेषां मूलस्त्रोतः तु पुराणानि सन्ति। तस्मिन्काले प्रत्यक्षवेधपरिलेख-

निर्माणादिप्रक्रियया ज्योतिश्शास्त्रस्य समृद्धपरीक्षणपरम्परायाः परिचयः लभ्यते। प्रस्तुतशोधपत्रे ज्योतिषशास्त्रदृष्ट्या पुराणेषु वर्णितकालमानानामनुशीलनमभीष्टम्।

■ ■ ■

EP - 2

श्रीमद्भागवते सृष्टितत्त्वम्

डॉ. सञ्जयकुमार मण्डलः

भारतीयसभ्यताचारविचाराणां जनतायां येन साहित्येन प्रचारणं कृतं तत् पौराणिकं साहित्यमस्ति। अस्मिन्नपि युगे भारतीयधर्मस्य मूलाधार इदमेव पुराणसाहित्यं वर्त्तते। भारतीयसाहित्यं प्रति पुराणानां यद् दानमस्ति तद् वस्तुतो नितरामेवोपादेयं महत्त्वयुक्तञ्च विद्यते। अखिले पुराणसाहित्ये न तथा पावनं मधुरं चेतः प्रसादजननं विवेकालोकप्रसारकं पुराणमन्यद् यथा श्रीमद्भागवतम्। श्रीमद्भागवते कथाख्यायिकादिकमाश्रित्य क्वचिद् दर्शनं क्वचिद् वेदतत्त्वं क्वचित् सांख्ययोगसिद्धान्ताः क्वचिद् उपनिषत्-तत्त्वं क्वचिद् आत्मतज्ज्ञानम् क्वचिच्च परमाभक्तिः वर्ण्यते। भागवतकर्त्तुः सर्वविषयावगाहिज्ञानसम्पन्नत्वाद् विविधकलानिष्णातत्वात् आख्यानप्रवणत्वात् ऐतिह्यविदग्धत्वात् तथाविधं मनोज्ञं वचो यथा न केवलं कोविदजनानामेव हृदयान्यावर्जयति अपितु तद्वचोमाधुरी अल्पधियामपि मनांसि अपूर्वया संगीतात्मकतया रञ्जयति। पुराणलक्षणानुसारं पुराणेषु पञ्चानां सर्गप्रतिसर्गवंशानुचरितानां मुख्यतया वर्णनं विद्यते। तत्र कः सर्गः इति जिज्ञासायां साम्यावस्थापन्नस्य त्रिगुणात्मकस्य प्रधानतत्त्वस्य गुणस्य क्षोभान्महत्तत्त्वं ततोऽहंकार जायते तत एकादशेन्द्रियपञ्चतन्मात्रा–पञ्चमहाभूतानां सृष्टिः सर्गो निगद्यते।

श्रीमद्भागवतस्य तृतीयाध्यायस्य दशमेऽध्याये मुख्यरूपेण त्रिविधः सर्गःप्रोक्तोऽस्ति–प्राकृतसर्गो वैकृतसर्ग उभयात्मकसर्गश्च। तत्र प्रकृत्या स्वाभावेनोत्पन्नः सर्गः प्रोच्यते। विकृत्या समष्टिस्वरूपात्मकब्रह्मण उत्पद्यमानः सर्गो वैकृतसर्गः कथ्यते। यश्च द्वाभ्यां प्रकृतिविकृतिभ्यामुत्पद्यते स उभयात्मकः सर्गो निगद्यते। तत्र प्राकृतः सर्गः षड्विधो भवति। वैकृतः सर्गः त्रिविधो जायते। उभयात्मकसर्ग एकविध एव भवति। अस्यां सृष्ट्यां प्रथमः सर्गो महत्तत्त्वस्यास्ति यः सृष्ट्यादौ भगवतः प्रेरणाया प्रकृतिस्थेषु सत्त्वादिगुणेषु क्षोभाद् विषमतया उत्पद्यते। अयं दृश्यमानः प्रपञ्चः कैः कैः तत्वैर्निर्मितः वर्तते, एषां तत्त्वानां किमस्ति पौर्वापर्यं, सृष्टेरारम्भः कदाऽभूत् कथमभूत्, तत्सर्वमस्मिन् निबन्धे श्रीमद्भागवतानुसारेणालोचयिष्यते।

■ ■ ■

EP - 3

शिवपुराणे प्रतिफलितमुपनिषत्तत्त्वम्

महादेवः दासः वैराग्यः

प्राचीनभारतीयशास्त्रपरम्परा वैदिकसाहित्यादारभ्य उत्तरोत्तरशास्त्रेषु प्रवाहिता। अखिलवाङ्मयवेदशास्त्रं संस्कृतेः धारकं वाहकञ्च। अतिनिगूढ़तत्त्वानां विचार-विवेचनद्वारा विश्ववाङ्मये तस्यानवद्यं स्थानञ्च विद्यते। वेदोत्तरसाहित्येषु वहुविधत्वेन वेदतत्त्वं निविष्टमस्ति। वेदार्थविस्ताराय सर्वेषां कृते विज्ञापनाय च संस्कृतवाङ्मये पुराणानामुद्भवः। पुराणद्वारैव वेदार्थोपवृंहणत्त्वं व्याख्यानञ्च सम्पादितम्।

अष्टादशमहापुराणेषु शिवपुराणमन्यतमत्त्वं भजते। वायुपुराणमपि तस्य नामान्तरमिति केचिन्मन्यन्ते। सृष्ट्यादिप्रतिस्विकविषयालोचनया शिवपुराणे यथा पुराणपञ्चलक्षणं स्वीकृतमस्ति तद्वत् वेदान्तादिभारतीयदर्शनतत्त्वानां विशदीकरणमपि कृतमिति। पुराणकारेण महामतिना व्यासदेवेन ज्ञानादिसंहितासु जीव-शिवैक्यमेव प्रमेयत्वेनावगृह्यते।

शिवतत्त्वोपपादनकाले चराचरविश्वस्य उत्पत्ति - प्रक्रिया, शिवब्रह्मणोः स्वरूपम्, शिवमयं जगत्, जीव-शिवैक्यम्, शिवाद्वैततत्त्वम्, शिवप्राप्तेरुपाय इत्यादीनां तत्त्वानां सविस्तरं व्याख्यानं प्रतिपादितमस्ति शिवपुराणे। शिवस्तु ब्रह्मसदृशः परमपुरुषविशेषः। अद्वैतवेदान्ते प्रतिपादितं निर्विकारं निर्विशेषं चित्स्वरूपं ब्रह्मैव अत्र न केवलं ज्ञेयं, शिवपुरुषस्तु निर्गुणस्वभावात् गुणमयप्रत्यक्षविषय उपास्यः, सर्वासु अवस्थासु आश्रयणीयः, कल्याणगुणसम्पन्नः मोक्षप्रदायकश्च।

सृष्टिकर्मणि माया परमात्मनः सहकारिणी। शिवश्चापि शक्तिसम्बद्धः। इच्छा-ज्ञान-क्रियादयः शिवपुरुषस्य शक्तयः। शक्त्या शिवस्य जगदाकारेण प्रकाशः। शक्तिः चेतनात्मिका नित्यस्वरूपा च। उपनिषत्साहित्ये माया नित्या जड़रूपा। उपनिषदां विवर्त्तवादः शिवपुराणे तु आभासवादरूपेण पर्यालोचितः। ब्रह्ममयं जगत् इति उपनिषदः मूलतत्त्वम्। जगत् च ब्रह्मणि अध्यस्तम्। ब्रह्मैव पारमार्थिकं सत् तदन्यत् सर्वमनित्यम्। शिवपुराणेऽपि अनुरूपं तत्त्वं प्रतिफलितम्। शिवः सर्वमयः सर्वकार्यद्रव्येषु शिवस्यैव प्रकाशः व्याप्तिश्चानुमीयेते। अर्थात् शिवपुरुषस्य स्वरूपालोचनायाम् उत्पत्तिवर्णनायां शिवाद्वैतभावनायां परमप्राप्तेः साधनाद्यालोचनायां च सर्वत्र उपनिषत्तत्त्वानां प्रतिफलनमस्ति। तत्तु विशदीकरणाय अपेक्षते।

■ ■ ■

EP - 4

पौराणिको योगविमर्शः

प्रो. (डॉ.) प्रेमलालः शर्मा

इतिहास-पुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेदिति सूक्तितात्पर्यार्थ इतिहास-पुराणयोर्माहात्म्ये पर्यवसति। अपि च वर्तमानकाले मनुष्यसमाजो बहुभिः रोगैः पीड़ित इति कृत्वा योगस्य महात्म्यमपि वरीवर्ति। पुराणसाहित्यं निखिलविद्याभण्डार इति कथने नातिशयोक्तिः। यतो हि आवैदिकयुगात् पुराणकालिक-युगपर्यन्तं या याः समस्या मानवेन साक्षात्कृताः आसन् तासां सर्वासां निदानं तत्रोपलभ्यते। यतो हि वेदब्राह्मणारण्यकोपनिषत्सु या या विद्यास्तस्मिन् तस्मिन् कालेऽथवा समाजोपकारार्थं या ज्ञानराशिस्तस्मिन् काले सुव्याख्याता आसन् तत् सर्वं सूत्रेषु निबद्धं कालान्तरेषु मुनिभिः। अनन्तरञ्च यदा सूत्रनिबद्धं ज्ञानं युगान्तरप्रवाहेण लोपप्रायं जातमिति विचिन्त्य शास्त्रज्ञैरनन्तरं तदुद्घाटनाय सामाजिकानां कल्याणाय पौराणिकपद्धत्तिरनुसृता। अनया पद्धत्या निगूढ़ं ज्ञानं यत् पूर्वं सुव्याख्यातम् आसीत्, पौराणिकैः सरलेन मार्गेण तज्ज्ञानं समाजस्य पुरस्सरं प्रस्तुतम्। कथनस्यायं तात्पर्यार्थो यत् योगसम्बद्धं ज्ञानं यत् किल लुप्तप्रायमथवा कालातिक्रमेण निगूढ़ं सूत्रबद्धमासीत् तत्सर्वं पौराणिकैः समाजस्य पुरस्सरं साङ्गोपाङ्गमुद्घाटितमिति।

पातञ्जलयोगदर्शने च यत् योगस्य स्वारस्यं विद्यते तत्सर्वं हि पुराणेषूपनिबद्धं प्राप्यते। क्लेशोच्छेदनाय पुराणेषु विस्तरेण अष्टाङ्गयोगेन सह भक्तियोगस्यापि समधिकं माहात्म्यं प्राप्यते। एवमेव तत्र योगविघ्नानि न केवलं पञ्चापि तु तेषां संख्या दश अपि प्रदर्शिता अस्ति। षट्चक्रसाधना, योगमुद्रा, नाडीविज्ञानं, कुण्डलिनी-जागरण-प्रक्रिया एवंविधा बहवो विषयास्तत्र त्रिविधदुःखनिवारणाय वर्णिताः सन्ति। यत्र पातञ्जलयोगदर्शने आत्मसाक्षात्कारः कैवल्यमुच्यते तत्र पुराणेषु जीवात्मपरमात्मनोरेकीकरणं मोक्षोऽभिधीयते।

■ ■ ■

EP - 5

पुराणेषु पर्यावरणम्

शेषनाथ तिवारी

यद्यपि पुराणशब्दस्य पर्यायवाचिनः प्रत्न-प्रतन-पुरातन- चिरन्तनादयः सन्ति तथापि अत्र पुराणशब्देन प्राचीनाख्यायिकादियुक्ता महर्षिव्यास द्वारा निर्मिता अष्टादशग्रन्थविशेषा एव ज्ञायन्ते। यदि पुराणं किंचिद् नवीनं कथयति तर्हि कथयितुमुद्यतो भविष्यति, यस्य पूर्वोक्तानां व्युत्पत्तीनां ज्ञानं नास्ति। विचारशीलास्तु व्युत्पत्ति-मात्रमिव पुराणं प्राचीनतमं ग्रन्थविशेषं मन्यन्ते। संस्कृतसाहित्यस्य सर्वे ग्रन्थकारा इममेवार्थं स्वीकुर्वन्ति तथा स्वयं पुराणान्यपि अस्यैवार्थाय मान्यतां प्रददति।

पर्यावृत्तिः पर्यावरणम्, यत् परितः आवृणोति आच्छादयति तत् पर्यावरणम्। ये मानवं परितः आच्छादयन्ति, मानवजीवनं च प्रभावयन्ति, ते पर्यावरण-शब्देन गृह्यन्ते। तेषु वायुमण्डलं, जलमण्डलं, तथा रासायनिकतत्त्वानां च संग्रहो वर्तते। एवं पर्यावरणं भौतिकतत्त्वानां संकलनेन भवति। भौतिकतत्त्वेषु मृत्तिका, जलं, वायुः प्रकाशश्च सन्ति। जैविक-तत्त्वेषु समस्तं जीवजगत् वृक्षवनस्पतयश्च सन्ति।

पद्मपुराणे क्रियायोगखण्डे निर्दिश्यते यत् गंगादीनां नदीनां प्रदूषणं महत् पातकम् आवहति। अतो गंगादि-जलेषु मूत्रं पुरीषं निष्ठीवनं कफादिकम् उच्छिष्टं वा न त्यजेत्।

मूत्रं वाऽथ पुरीषं वा गंगातीरे करोति यः।
न दृष्टा निष्कृतिस्तस्य कल्पकोटिशतैरपि॥

इदं सर्वं प्रतिपाद्य पुराणानि पर्यावरणस्य संरक्षणार्थं कार्यं कुर्वन्ति। पुराणानामालोके मानवाः पर्यावरणस्य स्वरूपं विज्ञाय तदनुसारेण स्वीयजीवनस्य मार्गं प्रशस्तं कुर्वन्ति।

■ ■ ■

EP - 6

पुराणसाहित्ये श्रीकृष्णचरित्रस्य क्रमविकाशः

पापिया पाल

महाभारतस्य सर्वेभ्यः चरित्रेभ्यः कृष्णचरित्रमेव अतीव जटिलम्। महाभारतकारेण वेदव्यासमहाभागेन कृष्णो न केवलमादर्शमानवरूपेण चिह्नितः, अपि तु परमपुरुषभगवद्रूपेण स्वीकृतः। महाभारतमहाकाव्यादारभ्य ब्रह्म-पद्म-विष्णु-वायु-भागवत-ब्रह्मवैवर्त्य-स्कन्द-वामन-कूर्म्मपुराणेषु

श्रीकृष्णचरित्रं तत्कालीनसामाजिकदृष्ट्या केन प्रकारेणालोचितं तस्य गुरुत्त्वमस्ति। यदुवंशस्य शुरसेनोऽर्थात् वसुदेवः पिता माता च देवकी। भागवतादिग्रन्थे तस्याविर्भावविषये अप्राकृतघटनानां वर्णनमस्ति, किन्तु महाभारते तस्य बाल्यलीला उपेक्ष्यते। केवलं भगवता व्यासदेवेन केशावतारस्योल्लेखः कृतः। तत्रैवमुच्यते यत् नारायणः केशमेकं देवकीगर्भे स्थापयामास, ततः कृष्णोऽजायत। विष्णुपुराणे श्रीमद्भागवते च तस्योल्लेखो वर्तते। वेदव्यासेन कृष्णो भगवान् इत्युच्यते।

ब्रह्मपुराणे स एव कृष्णोऽक्षरः शाश्वतोऽनन्तः क्षयवृद्धिविवर्जितो निर्गुणः सूक्ष्मो निरञ्जनः सर्वोपाधिविनिर्मुक्तोऽधिकारी विभुर्नित्यश्च। अद्वैतवोन्तशास्त्रस्य मूलीभूतं तत्त्वमत्र प्रकटितम्।

पुराणग्रन्थेऽस्मिन् कृष्णेन पूतनावधः, शकटपरिवर्तनम्, कालियदमनम्, गोपरमणीभिः सह रासक्रीडोपाख्यानम्, द्वारकानिर्माणम्, मुचुकुन्दवधः, रुक्मिणीहरणमित्यादीनां घटनानां समावेशो दृश्यते। ब्रह्मवैवर्त्यपुराणमन्यतमं महापुराणम्। पुराणस्यास्यय वक्ता सुतपुत्रः सौतिर्वेदव्यासशिष्यः शौनकमुनिश्च श्रोता नैमिष्यारण्यमस्य प्रकाशक्षेत्रम्। ब्रह्मखण्ड- प्रकृतिखण्ड-गणेशखण्ड-श्रीकृष्णजन्मखण्डैर्विभक्तमिदं पुराणम्। श्रीकृष्णस्य परमब्रह्मस्वरूपताप्रतिपादनमस्य पुराणस्य विषयवस्तु। अत्र श्रीकृष्ण एव परमं ब्रह्मेति प्रतिपादितम्। पुराणेषु पद्मपुराणमन्यतम-प्रधानपुराणरूपेण स्वीकृतम्। अस्य पुराणस्य पातालखण्डे अष्टत्रिंशेऽध्याये रामचन्द्रस्य अश्वमेधयज्ञविवरणानन्तरं श्रीकृष्णस्य चरित्रं वर्णितम्। अत्र श्रीकृष्णस्य लीलाक्षेत्रं वृन्दावनं जन्मस्थानं मथुरा च प्रशंसिते।

विष्णुपुराणे, वामनपुराणे, देवीपुराणे च कृष्णामाहात्म्यं वर्णितम्। इत्थं पुराणसाहित्ये श्रीकृष्णो महामानवरूपेण कुत्रापि बालकरूपेण कुत्रापि निर्विकल्प - परमब्रह्मरूपेण कुत्रापि वा संहाररूपेण कुत्रापि वा निर्गुण-निरालम्बपरब्रह्मरूपेण परिचीयते। तस्य मानवत्त्वमीश्वरत्त्वञ्च युगपदेव स्वीकृतम्। एवं पुराणसाहित्ये श्रीकृष्णचरित्रस्य क्रमविकाशः परिलक्ष्यते।

■ ■ ■

EP - 7

भविष्यपुराणस्य सुभाषितेषु मानविकमूल्यबोधः

सूर्यकान्तिः प्रधानः

खैस्तीय-पञ्चशतके विरचितं भविष्यपुराणं अष्टादशपुराणेषु तथा षड्राजसिक - पुराणेषु स्वतन्त्रस्थानमधिकरोति। पुराणमिदं ब्राह्म-मध्यम-प्रतिसर्गो-उत्तरभेदेन प्रमुखपर्वचतुष्टयेन विभक्तम्। मानवस्य व्यक्तिगतहितकरणाय गोष्ठीगतहितकरणाय च निहितस्याधारभूतं तत्त्वं मानविकपदेन व्यवह्रियते। मानवं रक्षतीति मानविकः। रक्षति (पा. 4.4.33) इति पाणिनीयसूत्रेण मानवशब्दात् ठक्प्रत्ययः सन् मानविकशब्दस्य निष्पत्तिर्भवति।

एकस्मिन् सुस्थसमाजेऽवस्थितानां मनुष्याणां नीतिशास्त्रानुमोदिताः सदाचाराः सद्‌गुणाः सम्यग्व्यवहारश्च मानविकमूल्यबोधनाम्ना व्यवह्रियन्ते। मानविकमूल्यबोधवृद्ध्यर्थं भविष्यपुराणे यानि यानि साधनानि सन्ति, तानि भवन्ति-सुभाषितानि, आख्यानानि, व्रतानि, दानानि, वन्दनानि, उत्तमचरित्राणि, फलश्रुतयः, देवाश्च। भविष्यपुराणे स्थितेषु सुभाषितेषु भक्ति-दान-मधुरवाण्य-अहिंसा-सत्य-धर्मार्थ-काम-मोक्षो-पकारिताप्रभृतयः मानविकमूल्यबोधाः परिदृश्यन्ते।

साम्प्रतिकयुगं वैज्ञानिकयुगम् आधुनिकयुगञ्चेति नाम्ना उच्यते। साम्प्रतिकयुगस्य मानवानाम् आर्थिकक्षेत्रे यथा अभ्युदयः भवति, नैतिकक्षेत्रे तथा अधोगतिरपि भवति। प्रायशः लोभग्रस्ताः स्वार्थपरायणाः कामनावासनाप्रियाः भोगासक्ताः जनाः सम्प्रति मानविकगुणविहीनाः सन्तः निरन्तरम् आमानविककार्य्याणि कुर्वन्ति। अधुना समाजे नानाप्रकारकाः मानविकमूल्यबोधरहिताः क्रियाकलापाः दृश्यन्ते। पुत्रः पितरं हन्ति, कनिष्ठभ्राता ज्येष्ठभ्रातुः हन्ता भवति, कन्याः गुरुजनानाम् आज्ञां न पालयन्ति, नारीणामुपरि जनाः कुदृष्टिं निक्षिपन्ति। नारीहत्या नारीधर्षणं गणधर्षणं नारीनिर्य्यातना कन्याभ्रूणहत्या चानुदिनं वर्द्धते। दुर्नीतिः, दुराचारः, हत्या, चौर्यवृत्तिः, प्रतारणा, प्रियाप्रीतिपोषणं, मिथ्याप्रमाणपत्रं दत्त्वा नामलेखनं, कर्मचारिनियुक्तिं विना कर्मचारिणः नाम्ना अर्थाहरणं, धनापहरणं, परीक्षायाम् असदुपायावलम्बनं, कार्यसिद्ध्यर्थमुत्कोचग्रहणञ्च अहरहः प्रचलन्ति। धर्मार्थकाममोक्षेषु जनाः अर्थमेव प्राधान्यं मन्यन्ते। बलेन कौशलेन च येन केन प्रकारेण ते प्रभूतमर्थमुपार्जयितुम् इच्छन्ति। एतेषां दूरीकरणाय स्वस्थसमाजनिर्माणाय च भविष्यपुराणे स्थितेषु सुभाषितादिषु मानविकमूल्यबोधानां प्रामुख्येनावश्यकता वर्त्तते इति कथनेन न कापि द्विरुक्तिः स्यात्।

* * *

EP - 8

रास पञ्चाध्यायी में मधुरोपासना का महत्त्व

डॉ. सच्चिदानन्द पाठक

श्रीमद्‌भागवत के दशम स्कन्ध के पञ्च अध्यायों में रासलीला का आनन्द प्रथित हुआ है, जिसके द्वारा तन्मयाशक्ति की चारुता द्रष्टव्य है। रासलीला प्रकृति की लीलावैचित्री को प्रकट करती है। पिण्ड और ब्रह्माण्ड की यह लीला परम शाश्वत है। पिण्ड में समस्त इन्द्रियाँ प्राणों का ही परिभ्रमण करती हैं और ब्रह्माण्ड में परम प्राण और आत्मस्वरूप सूर्य का परिभ्रमण ग्रहनक्षत्रादि करते हैं। मधुरोपासना में रसब्रह्म पुरुषोत्तम के आलम्बनत्त्व में परमानन्द प्रकट होता है। वेदान्त में सर्वोपरि

आनन्द ब्रह्मानन्द को कहा गया है। मधुरोपासना का आनन्द ब्रह्मानन्द से भी परे है। मधुरोपासना का रस-रहस्य चिन्मयी काया से अनुस्यूत है। श्रीकृष्ण सबकी आत्मा के एकमात्र पति हैं। जीवमात्र स्त्री भावापन्न है। शरीरत्याग के पश्चात् जीव की छह स्त्री-सुलभ दशाएं प्रकट होती हैं-अनन्यशरणत्व, अनन्यार्हत्व, अनन्यशेषत्त्व, संश्लेषण में विश्लेषण की धारणा, समर्पण तथा मिलनाकांक्षा। रास पञ्चाध्यायी में भगवान् के दिव्य विहार को सिद्ध करते हुए काम-विजय की गाथा के रूप में इसे प्रस्तुत किया है। भगवान् श्रीकृष्ण आत्मा है। आत्माकार वृत्ति श्रीराधा है और शेष आत्माभिमुख वृत्तियाँ गोपियाँ हैं। उनका धाराप्रवाह रूप से निरन्तर आत्मरमण ही रास है। तनवृन्दावन, मनवृन्दावन तथा वनवृन्दावन में उस लीला का अनुसंधान किया जा सकता है।

■ ■ ■

EP - 9

अग्निपुराण में क्रियायोग निरूपण

डॉ. सन्दीप कुमार

पौराणिक वाङ्मय में योग दर्शन की महत्ता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। विभिन्न पुराणों में योग दर्शन को न केवल चित्तवृत्ति निरोध रूप में अपितु भिन्न-भिन्न परिभाषाओं व अर्थों से उपस्थित किया गया है। अग्निपुराण में योग शब्द को निरूपित करते हुए कहा है कि आत्मप्रयत्नसापेक्ष जो मन की विशिष्टगति होती है उसका ब्रह्मा से संयोग होने पर योग कहा जाता है। अन्यत्र एक स्थान पर कहा है- ''चित्तवृत्तिनिरोधश्च जीवब्रह्मात्मनो पर:'' अर्थात् चित्तवृत्तियों का निरोध ही योग है जो कि जीवात्मा और ब्रह्मात्मा के ज्ञान से परे रहा करता है। चित्त को योग साधना के अनुकूल बनाने के लिए पतञ्जलि ने तीन सोपानों का प्रतिपादन किया है- अभ्यास-वैराग्य, क्रियायोग तथा अष्टाङ्ग योग। इनमें क्रियायोग एक महत्त्वपूर्ण सोपान है जिसके अन्तर्गत तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान ये तीन अंग समाहित हैं- 'तप: स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि क्रियायोग:'। अग्निपुराण में मन तथा इन्द्रियों की एकाग्रता को तप, पुरुष सूक्त, रूद्र सूक्त मन्त्रों तथा भगवत् नाम आदि का जप एवं वेद, उपनिषद, पुराणादि शास्त्रों का अध्ययन करना स्वाध्याय तथा ओंकार तुरीय नाम से प्रसिद्ध परब्रह्म, ज्योतिर्मय ईश्वर का चिन्तन प्रणिधान है। इस प्रकार अग्निपुराण में वर्णित क्रियायोग का निरूपण इस शोध-पत्र का मुख्य विषय है जिसका विस्तार से वर्णन शोध-पत्र में किया गया है।

■ ■ ■

EP - 10

'हरिवंश' में कृषि एवं पशुपालन

डॉ. रणवीरसिंह

हरिवंश-पुराण परम्परया 'महाभारत' का खिलपर्व माना जाता है। भण्डारकर प्राच्यविद्या मंदिर, पुणे के तत्त्वावधान में परशुराम लक्ष्मण वैद्य ने 1969 ई. में 'हरिवंश-पाठ' का आलोचनात्मक संस्करण सम्पादित एवं प्रकाशित करवाया। हरिवंश के पूर्व प्रचलित लोकप्रिय संस्करण (Vulgate Edition) के पाठ में लगभग 16 श्लोक हैं जबकि आलोचनात्मक पाठ में 673 श्लोक सम्मिलित किए गए हैं। श्रीकृष्ण के अद्भुत जीवन-चरित्र का वर्णन करने के कारण 'हरिवंश-पर्व' को 'आश्चर्य-पर्व' के नाम से भी जाना जाता है। हरिवंश मे 'वृष्णि' और 'अन्धकों' के जन्म, जीवन व इतिहास का वर्णन किया गया है। आलोचनात्मक-संस्करण के मूल पाठ में इसके दो उपपर्व- 'विष्णुपर्व' (अध्याय 46-113) एवं 'भविष्य-पर्व' (114-118) भी सम्मिलित हैं।

हरिवंश में कृषि एवं पशुपालन, विशेषत: 'गोपालन' का वर्णन प्रचुर मात्रा में प्राप्त होता है। पुराणों की प्रकृति के अनुसार इसमें कुछ वर्णन पराभौमिक तथा देवशास्त्रात्मक भी हैं परन्तु अधिकांशत: कृषि एवं पशुपालन का स्वाभाविक वर्णन प्राप्त होता है। हरिवंश 5.31 में उल्लेख मिलता है कि धर्माचरण में रत राजा पृथु वैन्य के शासन-काल में आनन्द का साम्राज्य था। पृथिवी बिना कृषिकर्म के ही अन्न उपलब्ध करवा देती थी। गउएँ आवश्कतानुसार दुग्ध प्रदान करती थीं तथा दोने मधु से परिपूर्ण रहते थे।

गोव्रज का पूरा वर्णन पशुपालन के सन्दर्भों से परिपूर्ण है। नन्दगोप ने मथुरा से आकर इसी प्रदेश को अपना आश्रयस्थल चुना था। यह प्रदेश यमुना के किनारे, बहूदक मार्ग से गोवर्धन के समीप, लता-वल्ली, महाद्रुमों तथा वृक्षों से भरा हुआ था। सम-प्रचार, सम-तीर्थ जलाशय, गऊओं की रुत से शिवकारी, गोपनारियों से पूर्ण, शकटों के समूहों से युक्त, करीषों से भरी हुई वसुधा वाला था। यहाँ पर तक्र का बाहुल्य तथा दधि और मण्ड से वसुधा आर्द्र थी। इस प्रकार प्रस्तुत पत्र में हरिवंश में उपलब्ध कृषि एवं पशुपालन सम्बन्धी संदर्भों का आलोडन करके तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया है।

■ ■ ■

EP - 11

पुराणों में निरूपित विधाएं

डॉ. गोविन्द ऐन. चौधरी

लोकोपयोगी अनेक विधाओं का वर्णन पुराणों में, विशेषतः विश्वकोशीय अग्निपुराण, गरुड़ तथा नारदपुराण में प्रचुरता से उपलब्ध होता है। इन विधाओं का वर्णन इनके प्रतिपादक मौलिक ग्रन्थों के आधार पर किया गया है। वर्णन है तो संक्षिप्त ही, परन्तु पर्याप्त प्रामाणिक हैं। लोकव्यवहार के लिए इतनी भी जानकारी कम नहीं है। पुराणों ने इन विधाओं के नाम तथा मत खोजें हैं, जो अज्ञात या अल्पज्ञात हैं। इस दृष्टि से भी पुराणों का अध्ययन लोकोपयोगी तथा कल्याणकारी है।

अश्वशास्त्र-यह प्राचीनविद्या है। अश्वों के चलाने के प्रकार, उनके रोग और उपचार आदि की सम्यक् जानकारी हमें हो सकती है।

आयुर्वेद - एक लोकोपयोगी जनजीवन से नित्यप्रति सम्बद्ध शास्त्र है। अग्नि तथा गरुड़ - दोनों पुराणों में यह विषय विशदरूप से चर्चित है।

रत्नपरीक्षा - रत्नों की परीक्षा का विषय भी किन्हीं पुराणों में वर्णित है। इसे गरुड़पुराण के बारह अध्यायों में काफी विस्तार के साथ प्रस्तुत किया गया है।

वास्तुविद्या - मन्दिर तथा राजप्रसाद की निर्माणविधि को वास्तुशास्त्र के नाम से पुकारते हैं। मत्स्यपुराण ने इस विषय का बड़ा ही विस्तृत वर्णन अठारह अध्यायों में दिया है।

ज्योतिष - खगोल तो भूगोल के साथ संवलित होकर अनेक पुराणों में अपना स्थान रखता है। यथा भागवत पुराण, देवी भागवत, गरुड़पुराण जिनमें मुख्यतया विवरण है। नक्षत्र देवता कथन, योगिनी स्थिति का वर्णन, सिद्धियोग, अमृतयोग, राशियों का परिणाम इन पुराणों में दिया गया है।

सामुद्रिक शास्त्र - स्त्री-पुरुषों के शारीरिक लक्षणों के विषय में किसी समुद्र नामक प्राचीन आचार्य का ग्रन्थ था। आज भी सामुद्रिक शास्त्र के नाम से एक ग्रन्थ उपलब्ध है, परन्तु यह इतना प्राचीन प्राप्त नहीं होता। पुराणों ने अङ्गविधा का भी संकलन अपने अध्यायों में किया है। प्रस्तुत शोधपत्र में उक्त पुराण निरूपित विधाओं के साथ अन्यान्य विधाओं का वर्णन अभीष्ट है।

■ ■ ■

EP - 12

पुराणों में वर्णित सप्तर्षिवंश

कौशलेन्द्र त्रिपाठी

पुराणों में सप्तर्षियों की उत्पत्ति एवं सृष्टि के स्थावर जंगमात्मक रूप का क्रम सविस्तार प्रतिपादित है। ये सप्तर्षि हैं- भृगु, अंगिरा, अत्रि, मरीचि, पुलह, पुलस्त्य और वसु। 'ऋषि' शब्द की व्युत्पत्ति 'ऋषी गतौ' धातु से मानी जाती है। यहाँ गति को सामान्य गमन के अर्थ में न लेकर विशिष्ट गति या ज्ञान के अर्थ में लेना ही स्वीकृत है – 'ऋषति प्राप्नोति सर्वान् मन्त्रान्, ज्ञानेन पश्यति संसारपारं वा'। ब्रह्माण्डपुराण एवं वायु पुराण में भी ऋषि शब्द की व्युत्पत्ति प्राप्त होती है।

ऋष् धातु गमन, मोक्ष-प्राप्ति, ज्ञान, श्रुति, सत्य एवं तपस्या इन अर्थों में प्रयुक्त होती है, जो इन अर्थों से समन्वित होकर परब्रह्म में निरत रहता है, वह ऋषि कहा जाता है। 'ऋषिर्दर्शनात्' इस निरुक्त वचन के अनुसार दर्शन करने वाला, तत्वों की साक्षात् अनुभूति करने वाला ऋषि है। तैत्तिरीय आरण्यक के द्वितीय प्रपाठक नवम अनुवाक् में कहा गया है कि- अजान ह वै पृश्नीस्तप्यमानान् ब्रह्म स्वयंभ्वभ्यानार्षात् ऋषयोऽभवन्, तद् ऋषीणामृषित्वम्। अर्थात् सृष्टि के आरम्भ में तपस्या करने वाले व्यक्तियों के पास स्वयंभू ब्रह्म (वेद ब्रह्म) – स्वयं प्राप्त हो गये। वेद की इस स्वतः प्राप्ति के कारण स्वयमेव आविर्भाव होने के कारण ही ऋषि का ऋषित्व है। पुराणों के अनुसार ऋषियों की उत्पत्ति मन्वन्तरों में होती है। तत्तद् मन्वन्तरों में ऋषिगण अधिकारी के रूप में उत्पन्न होते हैं और स्थावर-जंगम संसार की उत्पत्ति करते हैं।

पुराणों में प्राप्त वंशानुक्रम और वर्ण्य विषय के सन्दर्भ में विचारकों की अपनी मान्यताएं हैं। कुछ तो इन कथाओं में स्पष्टतः परोक्षवाद, प्रतीकवाद और रहस्यवाद के तत्व निहित मानते हैं, जबकि कुछ इन्हें सामान्य रूप में लेते हैं। विचारकों की इन द्विविध विचारधारा के अनुसार विचार करें तो पुराणों के अध्ययन के समय वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक इन दोनों दृष्टिकोण से अधिगम करना उचित प्रतीत होता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में इन समस्त विचारधाराओं के परिप्रेक्ष्य में सप्तर्षिवंश की उत्पत्ति एवं विस्तार का वर्णनक्रम प्रस्तुत करने का प्रयास है।

■ ■ ■

EP - 13

श्रीमद्‌भागवत महापुराण में कर्मवाद

आकाश

श्रीमद्‌भागवत महापुराण का साध्य तत्त्व भक्ति तत्त्व है। किन्तु भागवत भक्ति प्राप्त करने के लिए कर्म एक अनिवार्य अंग है। श्रीमद्‌भागवत महापुराण में कर्म का सविस्तार उल्लेख प्राप्त होता है। मनुष्य मन, वचन, कर्म, इन्द्रिय और बुद्धि आदि प्राकृतिक स्वभाव से कर्म करता है, इन सभी का सम्बन्ध कर्म से है, कर्म फल की प्राप्ति से नहीं होता है। स्वर्ग आदि फल प्राप्ति का उद्‌देश्य सकाम पुरुष के लिए होता है, निष्काम पुरुष के लिए नहीं। उसका तात्पर्य स्वर्ग आदि की प्राप्ति से न होकर अपितु आत्मशुद्धि हेतु कर्मानुष्ठान से है। ''जीवनस्य तत्त्व-जिज्ञासा नार्थो यश्चेह कर्मभिः''।

इसका अभिप्राय निष्काम भाव द्वारा कर्म करना है। जिससे कर्म कारक पुरुष अन्त में निष्क्रिय होकर कर्मों से अवकाश प्राप्त कर लेता है। अतः सर्वशक्तिमान् भगवान् भी कर्म करते हैं, किन्तु वह आत्मलाभपूर्ण कर्मों को करते हुए भी उनकी कर्मों के प्रति आसक्ति नहीं होती है। उसी प्रकार वह अनासक्त भाव से कर्म करते हुए भी कर्म बंधनों से मुक्त रहते हैं। फिर बिना फल की आकांक्षा के कर्मों में प्रवृत्ति कहाँ संभव है? इस विष्य में भागवतकार का कथन है कि कर्मों की संसिद्धि से भगवान् संतुष्ट रहते हैं।

■ ■ ■

EP - 14

श्रीमद्‌भागवत पुराण में जम्बूद्वीप की अवधारणा

दीप्ति शर्मा

पुराणों में जम्बूद्वीप का विस्तृत वर्णन उपलब्ध होता है। प्रायः इस द्वीप का वर्णन पुराणों के अतिरिक्त महाभारत, वाल्मीकि रामायण, शतपथ ब्राह्मण, जैनग्रन्थों में, बौद्धग्रन्थों, धम्मपिटटक, निकाय जातक तथा विदेशी यात्रियों मेगस्थनीज, फाह्यान, ह्वेनसांग आदि के द्वारा लिखित ग्रन्थों एवं मौर्य एवं गुप्तकालीन प्रमुख साहित्यिक रचनाओं में विस्तृत रूप से दिखाई देता है। इसके इतर जम्बूद्वीप का वर्णन वेदों एवं उत्तर वैदिक कालीन ग्रंथों में भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पृथ्वी

7 भागों में विभक्त है, यही 7 भाग इसके सात द्वीप हैं। सप्तमहाद्वीपों में जम्बूद्वीप प्रथम द्वीप है।

कुछ आधुनिक भौगोलिक विचारक पौराणिक जम्बूद्वीप को ''यूरेशिया'' महाद्वीप संज्ञा देते हैं परन्तु पौराणिक भूगोल एवं ज्योतिष शास्त्र के मर्मज्ञ आचार्य भास्कर (द्वितीय) जम्बूद्वीप को उत्तरी गोलार्ध कहते हैं। भागवत के मत में पृथ्वी कुंभकार के चाक की भाँति चपटी है, गोल है, उसके बीचोंबीच जम्बूद्वीप है और उसके बीच में एक लाख योजन ऊँचा सोने का सुमेरु पर्वत है।

आदर्शोदरसन्निभा भगवती विश्वंभरा कीर्तिता।
केश्चित् कैश्चन कूर्मपृष्ठसदृशी केश्चित् सरोजाकृतिः॥

श्रीमद्भागवत में जम्बूद्वीप के ज्ञान विवरण से हम कह सकते हैं कि उस समय की भौगोलिक संरचना और परिस्थिति आज की भौगोलिक संरचना और परिस्थिति से कुछ भिन्नात्मक है। जिनका उल्लेख यथासंभव शोधपत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।

■ ■ ■

EP - 15

पौराणिक सारगर्भिता एवं ब्रह्माण्ड महापुराण

प्रो. दलवीर सिंह चौहान

मैंने पावन पुराणों में अठारहवें महापुराण ब्रह्माण्डपुराण का सम्पादन एवं हिंदी अनुवाद किया है जो चौखम्बा संस्कृत सीरीज वाराणसी से प्रकाशित है, जिसकी भूमिका के कतिपय अंश मेरे इस 'पौराणिक सारगर्भिता एवं ब्रह्माण्ड महापुराण' शीर्षक में प्रस्तुत है। इस लेख में पुराणों में वर्णित अंशों की प्रामाणिकता और उनकी समाजोपयोगिता पर प्रकाश डाला गया है। वैदिक साहित्य,पुराण साहित्य एवं सभी धर्मों के धर्मग्रंथों की ईश्वरनिर्मितता का क्या रहस्य है, यह स्पष्ट करते हुए धर्म के वास्तविक अर्थ पर सूक्ष्म विवेचन है। वेद, पुराण, कुरान, बाइबिल आदि ग्रन्थों को ईश्वर के सन्देश क्यों कहा गया तथा लेखक का इस विषय में क्या उद्देश्य है? यह तर्कपूर्ण ढंग से स्पष्ट किया गया है। जैसा कि पुराणों को पाखण्डियों के ग्रन्थ कहा गया, इस विषयक कथन का खण्डन करते हुए पुराणों के अध्ययन को आज समाज के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध करते हुए पुराणों में वैज्ञानिक रहस्य का पटाक्षेप किया गया है।

तदुपरान्त पुराणों के अध्ययन की उपयोगिता तथा उनकी सारगर्भिता के प्रकाशन क्रम में पुराणों की

संख्या, उनके रचयिता और रचनाकाल का संक्षिप्त परिचय देते हुए ब्रह्माण्डपुराण के रचयिता रचना काल तथा उसके संक्षिप्त वर्ण्यविषयों का उल्लेख प्रस्तुत किया गया है। इस पुराण की समस्त विशेषताओं पर एक निबन्ध में प्रकाश डालना असम्भव समझते हुए उसके वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक रहस्य पर सूक्ष्म प्रकाश डाला गया है।

निष्कर्षत: यह कहना अनिवार्य होगा कि मैंने इस निबन्ध में ''अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्'' अर्थात् मनुष्य को अपने शुभ एवं अशुभ कर्म का फल अवश्य भोगना है-, इस कथन की अवश्यम्भाविता को सिद्ध किया है। साथ ही ब्रह्माण्डपुराण में क्या असंगत है-, इसका भी वर्णन करते हुए समुचित समालोचना की है।

■ ■ ■

EP - 16

वाल्मीकि रामायण में मत्स्यांकन

डॉ. उर्मिला श्रीवास्तव

प्राचीन भारत की प्राकृतिक सुषमा की पृष्ठभूमि में घटित राम के जीवन सम्बन्धी वृत्तांतों के निर्वाह में वाल्मीकि ने मानवपात्रों के साथ ही मानवेतर पात्रों का भी सहयोग लिया है। रामकथा के विकास में न केवल मनुष्य अपितु जलजीव, स्थल जीव तथा आकाशीय जीवों का भी योगदान है। आर्यावर्त का यह सौभाग्य है कि अयोध्या के राजकुमार राम और राजवधू सीता अपार प्राकृतिक सम्पदा से भरपूर भूभाग के वैभव के स्वामी बन कर आए थे। सम्पूर्ण धरा का एक-एक कण, एक-एक तत्त्व, मानव अथवा मानवेतर प्राणी पशु-पक्षी आतुर थे राम-सीता की जीवन गाथाओं से जुड़ने को। वाल्मीकि प्राणियों, पशुओं, पक्षियों के प्रति नितान्त संवेदनशील रहकर उनकी गतिविधियों, उनके स्वभाव, उनकी विभिन्न मुद्राओं का ऐसा सजीव वर्णन करते हैं कि वह दृश्य नेत्रों के सामने चित्रित सा हो जाता है।

भारतीय संस्कृति में शिव और सौन्दर्य के प्रतीकों में से एक कोमल-मोहक मत्स्य की विविध प्रजातियाँ और विविध रूप वाल्मीकि की लेखनी से यथोचित रूप में प्रस्तुत हुए हैं। शुभ दृष्टि से देखी जाने वाली सृष्टि की आकर्षण रचना है जल की साम्राज्ञी। भारत की पवित्रतम नदियों के जल में मत्स्य

संस्कृतसाहित्ये अलङ्कारतत्त्वं वाहिकमिति धिया पण्डिताः रसधनादिविषयेषु अधिकं लग्ना भवन्ति। किन्तु कवेः कल्पनायाः उच्चता तेन प्रयुक्तानाम् अलङ्काराणां विश्लेषणेन ज्ञायते। कल्पनां त्यक्त्वा कवित्वं प्रतिष्ठितं न भवति। अलङ्कारं त्यक्त्वा कविकल्पनायाः पल्लवनं न भवति। अतः अलङ्काराणां तात्त्विकमनुशीलनं कतिपयैः आलङ्कारिकैः विहितमस्ति। अप्पयदीक्षितस्य चित्रमीमांसायाम् एतादृशं तात्त्विकमनुशीलनं प्राप्यते। यस्याध्ययनेन ज्ञायते यत् केवलं लक्षणोदाहरणमाध्यमेन अलङ्कारभेदानां ज्ञानं काव्यतत्त्वस्य गभीरतां न प्रदर्शयति। प्रत्येकम् अलङ्कारस्य स्वतंत्रता स्थितिर्वर्तते। तस्य प्रयोजनं

प्रयोगः तस्मिन् च कवीनां दक्षता अवश्यं विश्लेषणीया। एकस्य अलङ्कारस्य अन्येभ्योऽलङ्कारेभ्य यत् सूक्ष्मं पार्थक्यं भवेत् तस्यापि पर्यालोचना कर्तव्या इति अस्माभिरनुभूतम्। अलङ्काराणां तात्त्विकमध्ययनं काव्यशास्त्रस्य गभीरतां प्रतिपादयिष्यति। अतएव बहुभिः आलङ्कारिकैः केवलम् अलङ्कारविषयमाधारीकृत्य ग्रन्थः लिखितः। चित्रमीमांसाखण्डने पण्डितराजजगन्नाथः अप्ययदीक्षितस्य अलङ्कारदर्शनम् अनुशीलनपूर्वकं खण्डयति। तस्याध्ययनेन आलङ्कारिकद्वयस्य अलङ्कारतत्त्वं स्पष्टतरं भविष्यति इति चिन्तयित्वा मया विषयोऽयं गृहीतः।

अप्ययदीक्षितस्य चित्रमीमांसा – अलङ्कारशास्त्रस्य प्रमुखाचार्यस्य अप्ययदीक्षितस्य ''चित्रमीमांसा'' विद्वत्तोषिणी प्रौढा कृतिर्विद्यते। स्वपूर्ववर्त्तिषु अलङ्कारग्रन्थेषु एतेषां समये यस्य यथार्थविमर्शस्यावश्यकताऽऽसीत् तस्य बहुलेषु अंशेषु एतैः मनोयोगेन पूरितम्। दीक्षिताः संग्राहका एव न हि प्रवीणविवेचका अपि आसन्। यदि सत्यतथ्यस्यान्वेषणं भवेत् तदा आनन्दवर्धनस्य विचारगाम्भीर्यम्, महिमभट्टस्य शास्त्रनिदर्शिकां शैलीम्, आचार्यविश्वनाथस्य चाभिव्यक्तिसमन्वयमादायैवाप्ययदीक्षितः अलङ्कारशास्त्रस्य धरातले उदितो वभूव। दीक्षितिस्य चित्रमीमांसायाः खण्डनात्मिकाऽऽलोचना साहित्यजगति न किमपि न्यूनोपादेयत्वं धारयति। आलङ्कारिकेषु श्रीमदप्ययदीक्षितस्य कियद्वैशिष्ट्ययुक्तं स्थानमिति सुतरां सुस्पष्टं भवति।

पण्डितराजजगन्नाथस्य चित्रमीमांसाखण्डनम् – संस्कृतसाहित्याकाशस्यान्तिमः देदीप्यमानज्योतिष्कस्वरूपः पण्डितराजजगन्नाथः। अयं पण्डितराजजगन्नाथः श्रीमदप्ययदीक्षितस्य प्रायः समकालिकः पण्डितः। फलतः उभयोः प्रतिद्वन्द्विमनोभावः रसगङ्गाधरे चित्रमीमांसाखण्डने च स्पष्टतया परिलक्ष्यते। श्रीमदप्ययदीक्षितविरचितायां चित्रमीमांसायां ग्रन्थारम्भप्रकरणं विहाय उपमोपमेयोपमाऽनन्वय-स्मरण-रूपक-परिणाम-सन्देह-भ्रन्तिमदुल्लेखाऽपह्नुत्युत्प्रेक्षा-ऽतिशयोक्तीत्येतेषां द्वादशालङ्काराणां निरूपणं विद्यते। महता परिश्रमेण अलङ्काराणां पर्याप्तं निर्वाचनं दीक्षितेन कृतम्। किन्तु पण्डितराजेन क्वचित् खण्डयित्वा क्वचित् स्वमतं मण्डयित्वा क्वचित् समन्वयभावं स्थापयित्वा तदनुसारं स्वप्रतिस्पर्धिनोऽप्ययदीक्षितस्य चित्रमीमांसायाः खण्डनं विहितम्।

■ ■ ■

IA&P - 14

मम्मटजगन्नाथमतयोः काव्यकारणविमर्शः

झरणा राणी त्रिपाठी

संस्कृतकाव्यवाङ्मये अलङ्कारशास्त्रस्य मूर्द्धन्यग्रन्थप्रणेता मम्मटाचार्यः आसाधारणं स्थानमलङ्करोति। कवेः कर्म काव्यमिति स्मृतम्। तत्र किं नाम कवित्वं काव्यत्त्वं चेति मम्मटवचनमेव प्रमाणम्।

अलौकिकवस्तुविशेषं वर्णयितुं प्रवीणजनः कविरिति प्रशंस्यते। या नवनवोन्मूलनशक्तिः प्रतिभाख्या यस्मिन्पुरुषे वर्त्तते, स एव उत्तमकविः भवति। यः कवनं करोति सः कविः। कवयति वा वर्णयति इति कविः। तत्र काव्यस्योद्देश्यं तावत् पापाद् विमुक्ति अमितानन्दप्राप्तिः। काव्यशास्त्रं तावत् चर्तुवर्गप्राप्तिसाधनं ब्रह्मानन्दसहोदरं रसम् आस्वादयति। काव्यं हि यशसे, अर्थलाभाय, व्यवहारज्ञानाय पापविनाशाय परमानन्दलाभाय कान्तासम्मिततया कर्त्तव्योपदेशाय च बहुलं प्रशंस्यते।

ध्यातव्यमस्ति मम्मटानुसारेण काव्यनिर्माणार्थं प्रतिभाव्युत्पत्यभ्यासाः तु काव्यस्य हेतु-रूपेण स्वीक्रियन्ते न तु पृथक् रूपेण। परन्तु प्रतिभाव्युत्पत्त्यरूपः हेतुः तु काव्यस्य लौकिककारणरूपेण परिज्ञायते। यतोऽहि पण्डितराजजगन्नाथानुसारेण काव्यस्यकारणं तु कविता केवला प्रतिभा एव वर्तते। प्रतिभायाः कारणं तु लौकिक- कारणं अपि वर्त्तते अलौकिकारणं अपि वर्तते। लौकिककारणरूपेण तु व्युत्पत्यभ्यासरूपेण परिज्ञायते। अलौकिकारणं तु महापुरुषप्रसादादिजन्यम् अदृष्टरूपेण परिज्ञायते। अतएव काव्यप्रकाशकारः काव्येषु कारणं तु लौकिक - कारणं एव स्वीकरोति न तु अदृष्टरूपेण अलौकिककारणं स्वीकरोति। एतस्मिन् सन्दर्भे पण्डितराजः काव्यप्रकाशकारात् किंचिद् भिन्नः परिदृश्यते।

■ ■ ■

IA&P - 15

क्षेमेन्द्रस्य औचित्यविचारचर्चा इति ग्रन्थम् अधिकृत्य रघुवंशस्य औचित्यचिन्तनम्

स्वराज गणेश सलास्कर

संस्कृतसाहित्यविचारेषु षट्सम्प्रदायाः सन्ति। यथा रसः, रीतिः, ध्वनिः, अलङ्कारः, वक्रोक्तिः, औचित्यम्। तेषु एकादशतमे ख्रिस्ताब्दे जातः क्षेमेन्द्रः औचित्यसम्प्रदायस्य प्रणेता अस्ति। अनेन शास्त्रविवेचनम् अतीव रमणीयतया कृतम्। कविहृदयः असौ। यद्यपि पूर्वसूरिभिः औचित्यस्य चर्चा कृता तथापि क्षेमेन्द्रः एव काव्यस्य आत्मा औचित्यम् इति वदति। औचित्यविचारचर्चा इत्यस्मिन् ग्रन्थे तेन औचित्यम् एव महत्त्वपूर्णम् इति उक्तम्। एवमेव काव्यनिर्माणे अपि औचित्यं महत्त्वपूर्णम् इति तस्य प्रथमः सिद्धान्तः। सः साहित्ये औचित्यं प्राणत्वेन स्वीकरोति। केन वस्तुना सह वर्णिते सति रसार्थं अनुकूलं भवेत् इति विचिन्त्य रचितं काव्यम् उचितम्।

क्षेमेन्द्रः समग्रस्य काव्यशरीरस्य जीवितत्वेन स्वीकृतस्य औचित्यस्य सप्तविंशतिः मर्मस्थानानि प्रदर्शयति। यथा शरीरस्थेषु मर्मस्थानेषु आघाते जाते शरीरं विकलाङ्गं भवति तथैव काव्यशरीरे विद्यमानेषु

मर्मस्थानेषु अनौचित्येन आहतेषु काव्यशरीरं विकलतां याति। रघुवंशं प्रथमं महाकाव्यम्। तत्रत्यम् औचित्यम् आनन्द्रप्रदं वर्तते। क्षेमेन्द्रस्य विचारधारायाः प्रतिबिंबं मया रघुवंशे दृष्टम्। अतः विशेषतः क्षेमेन्द्रस्य सिद्धांतानुसारेण रघुवंशस्य षष्ठाष्टचतुर्दश- सर्गाणां केषुचित् श्लोकेषु विद्यमानम् अनौचित्यमौचित्यं वा मल्लिनाथस्य टिप्पण्याः साहाय्येन च चिन्तयिष्यते। यथा शक्यम् अनौचित्यशंङ्कायाः परिहारश्च कर्तुं प्रयासः क्रियते।

■ ■ ■

IA&P - 16

काव्यप्रकाशगतदोषनिरूपणम्

सुरेश स्वामी

काव्यशास्त्रस्य विषयेषु दोषनिरूपणमपि प्रमुखविषयोऽस्ति। अस्य मुख्यकारणमस्ति यत्–आचार्यैः काव्यस्य निर्दोषतायां बलं दत्तम्। तेषां मतमस्ति यत्- काव्यस्य रचना दोषैः रहिता स्यात्। काव्यस्य दोषाणां सर्वप्रथमम् उल्लेखः भरतमुनिना कृतः। तेन नाट्यशास्त्रे दशदोषाणाम् उल्लेखः कृतः।

आचार्यभरतमुनिः काव्यदोषाणां विस्तृतव्याख्यां न करोति। भामहः काव्यालङ्कारे एकादशदोषाणाम् उल्लेखं करोति। आचार्यदण्डिनः मतमस्ति यत्–काव्ये लघु लघु दोषाः अपि अक्षम्याः भवन्ति। काव्यस्य लघुदोषोऽपि शरीरस्य विकारवत् भवति। अतः तेन काव्यादर्शे दशदोषाणां वर्णनं कृतम्।

इत्थं भरतमुनेः आरभ्य विश्वनाथपर्यन्तम् अनेकैः आचार्यैः दोषाणां स्वरूपवर्णनं तद्भेदानां विवेचनं कृतम्। परं दोषाणां सम्यक् विवेचनम् आचार्यमम्मटेन काव्यप्रकाशे कृतम्। मम्मटः दोषनिरूपणप्रसङ्गे सर्वेषां दोषाणां समावेशं करोति येन अन्याचार्यैः प्रतिपादितदोषाणामपि समाहारः जायते।

पददोषः – मम्मटेन पदगतदोषाणां षोडशभेदाः प्रस्तुताः। श्रुतिकटुच्युतसंस्कारादीनां षोडशभेदानां निरूपणं शोधपत्रे प्रस्तोष्यते।

पदांशदोषः – पदगतदोषेषु केचन दोषाः पदांशगतदोषेषु अन्तर्भवन्ति। तदर्थं मम्मटेन उक्तम् - पदस्यांशेऽपि केचन। श्रुतिकटुत्वनिहितार्थत्वादीनां दोषाणां विवेचनं शोधपत्रे भविष्यति।

वाक्यदोषः – वाक्यगतदोषाः द्विधाः भवन्ति। एतेषु केचन तु पदगतदोषेषु प्रदर्शिताः, परं केचन केवलं वाक्येषु एव तिष्ठन्ति। षोडशपदगतदोषाः भवन्ति, तेषु च्यतुसंस्कृतिं, असमर्थं निरर्थकञ्च अतिरिच्य अवशिष्टाः त्रयोदशदोषाः वाक्यगतदोषेषु अन्तर्भवन्ति। श्रुतिकटु–अप्रयुक्तादयः त्रयोदशदोषाः वाक्यगतदोषेषु अन्तर्भवन्ति।

अर्थदोषः – यत्र काव्येषु वाच्यार्थः दोषयुक्तः स्यात् तत्र अर्थगतदोषः भवति। मम्मटेन त्रयोविंशतेः अर्थगतदोषाणां निरूपणं कृतम्। अपुष्टार्थ–कष्टार्थादीनां त्रयोविंशतिदोषाणां निरूपणं शोधपत्रे प्रस्तोष्यते।

रसदोषः – मम्मटेन रसदोषाणां व्यवस्थितं तर्कसंगतञ्च विवेचनं क्रियते। व्यभिचारिभावानां स्वशब्दवाच्यता– रस–स्वशब्दवाच्यतादीनां त्रयोदशरसदोषाणां सोदाहरणं विवेचनं शोधपत्रे भविष्यति।

■ ■ ■

IA&P - 17

प्रबोधचन्द्रोदये रसपरिपाकः

तपन कुमार शर्मा

कवि श्रीकृष्णमिश्रप्रणीतं प्रबोधचन्द्रोदयप्रकरणं जगति प्रसिद्धम्। षष्ठाङ्कविशिष्टेऽस्मिन् प्रकरणे नायकोऽस्ति विवेकः तथा नायिका उपनिषद्देवी। तत्र प्रतिनायकरूपेण महामोहः तिष्ठति। प्रबोधचन्द्रोदयमेकं प्रतीकात्मकं प्रकरणम् अस्ति। अस्मिन् दृश्यकाव्ये स्थितानि चरित्राणि प्रतीकात्मकानि। अतः आङ्गलभाषायां प्रकरणमिदं Allegorical Drama इत्युच्यते। अस्मिन् प्रकरणे नाट्यकारः भारतीयदर्शनानां प्रयोगं अति सूक्ष्मरूपेण कृत्वा स्वीयां दार्शनिकप्रतिभां प्रकटीकरोति। प्रबोधचन्द्रोदयस्य रसविवेचने कवेः विलक्षणता दृश्यते। प्रकरणस्यास्य अङ्गीरसोऽस्ति शान्तरसः। यद्यपि दृश्यकाव्ये शान्तरसस्य प्रयोगः न भवति तथापि असौ दार्शनिककविः शान्तरसमेव अङ्गीरसरूपेण व्यवहरति।

शान्तरसः विरोधरहितः विरोधयुक्तः न भवति अतः सः रसः दृश्यकाव्ये न प्रयुज्यते। परन्तु कविश्रीकृष्णमिश्रः स्वस्य विचक्षणतायाः हेतोः प्रबोधचन्द्रोदये शान्तररसं अङ्गीकरोति। सः अलंकारशास्त्र – साहित्यदर्पणादौ स्थितं नाटकस्य प्रकरणस्य वा रसप्रयोगनियमान् नानुसरति। दर्पणकारेण नाटकस्य अङ्गीरसरूपेण शृंङ्गाररसः वीर वा स्वीकृतः। तथाहि प्रकरणस्यापि अङ्गीरसः केवलं शृंङ्गाररसः भवितुमर्हति। परन्तु प्रबोधचन्द्रोदये एते नियमाः नानुपालिताः सन्ति। अत एव एतत् विचार्यं भवेत्।

यद्यपि प्रकरणेऽस्मिन् शान्तरसः अङ्गी रसोऽस्ति तथापि अत्र शृङ्गारादयः रसाः अङ्गरसरूपेण तिष्ठन्ति। अत्र विविधरसानां प्रयोगेण कविः रसवैचित्र्यतायाः प्रयोगं करोति। अस्माकं संगोष्ठीपत्रस्य विषयः भवति प्रबोधचन्द्रोदये रसानां सम्यगालोचना इति शम्।

■ ■ ■

IA&P - 18

आनन्दवर्धनस्य मते व्यञ्जकत्वम्

श्रीदेवी

ध्वनिसिद्धान्तस्य स्थापनावसरे आनन्दवर्धनाचार्येण अभिधा लक्षणा व्यञ्जना इति त्रयः व्यापाराः निरूपिताः। अभिधा लक्षणा च अन्येषु न्यायव्याकरणादिषु शास्त्रेषु सम्मत एव। ताभ्यां व्यतिरिक्तः अन्यः कश्चिद् व्यञ्जनाख्यो व्यापारः शब्दस्यास्तीति आनन्दवर्धनेन प्रतिपादितम्। किन्तु व्यापारोऽयं सर्वैः शास्त्रैः नाङ्गीकृतः। शब्दस्य व्यञ्जकत्वे पण्डितेषु विमतिर्वर्तते। अतः व्यञ्जकत्वं नाम किमिति ध्वनिकारः पूर्वपक्षखण्डनपूर्वकं ध्वन्यालोके न्यरूपयत्। तत्रैव व्यञ्जनास्वरूपस्य अभिधालक्षणाभ्याम् अन्यत्वम्, न्यायमीमांसादिशास्त्राणां मतखण्डनञ्च आनन्दवर्धनेन विहितम्। निरूपणेऽस्मिन् कुत्रचित् स्वमतविरोधोऽपि दृश्यते। महिमभट्टादिभिः परवर्तिभिराचार्यैस्तु अत्र कतिपयाः विप्रतिपत्तयः दर्शिताः। अमुष्मिन् प्रबन्धे ध्वन्यालोके प्रतिपादितस्य व्यञ्जकत्वसंकल्पस्य परिशोधनं क्रियते तथा तत्र प्रतीयमानाः विप्रतिपत्तयः वैरुद्ध्यानि च सूक्ष्मतया विविच्यन्ते।

■ ■ ■

IA&P - 19

साहित्यशास्त्रे रसविचारः

लीनाचन्द्रा का

भारतीयकाव्यप्रसङ्गे रसस्य सर्वातिशायिमहत्वं गीयते। परिणतप्रज्ञानां कवीनां प्रवृत्ती रसेनैव परिचालिता भवति, रस एव पर्यवसिता भवति। भरतमुनिः सर्वानुभवसम्मतपाकरसस्य दृष्टान्तेन रसास्वादं विश्लेषयति। आलोच्यकाले रसवादस्य प्रतिपादकः प्रथमग्रन्थोऽग्निपुराणमस्ति। 'वाग्वैदग्ध्यप्रधानेऽपि रस एवात्र जीवितम्'। इति अग्निपुराणकारो रसं काव्यजीवितं मन्यते। रसवादस्य द्वितीयः ग्रन्थः भवति रामचन्द्रगुणचन्द्रस्य नाट्यदर्पणम्। शारदातनयस्य भावप्रकाशने रसं प्रति प्रबलग्रहो विद्यते। अयं महाप्रभवः प्रबलो रसवादी विद्यते। अयं भट्टनायकेनाधिकः प्रभावितो वर्तते, परन्तु चतुर्दशशताब्द्या विश्वनाथकविराजो रसस्य माहात्म्यं सुविशदं वर्णयामास। भानुदत्तस्य रसतरङ्गिणी रसमञ्जरी च द्वे अपि ग्रन्थरत्ने रसशास्त्रस्यैव विद्येते।

भरतः मूलतो रसस्वरूपस्य व्याख्यानं नाकरोदपि तु रसनिष्पत्तेरेव व्याख्यानमकरोत्। विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः। भरतो रसनिष्पत्तेर्व्याख्यानमित्थं कृतवान् – यथा हि नानाव्यञ्जनौषधिद्रव्यसंयोगाद्रसनिष्पत्तिर्भवति, यथा हि गुडादिभिर्द्रव्यैर्व्यञ्जनैरोषधिभिश्च रसाः निर्वर्त्यन्ते, तथा नानभावोपगता अपि स्थायिनो भावा रसत्वमाप्नुवन्ति। भरतस्य उपर्युक्त–मौलिकसूत्ररूपव्याख्यानं परवर्तिकाले अनेकधाऽभवत्। व्याख्यानकर्तृषु प्रथमं नाम भट्टलोल्लटस्यायाति। परं तेषां पुस्तकं न किमपि लभ्यते। केवलमभिनवगुप्तस्य विवेचने भट्टलोल्लटस्यापि मतस्य चर्चा विद्यते। एवं प्रकारेण बहूनां रसविमर्शविचारः अस्मिन् पत्रे भविष्यति।

■ ■ ■

IA&P - 20

रसो वै सः

कमलेश कुमार पाठक

साहित्यशास्त्रस्य प्रवर्तकः भरत एव रससम्प्रदायस्य संस्थापकश्च मन्यते। अस्मात्पूर्वं नन्दिकेश्वरः रससिद्धांतस्य प्रतिष्ठापकः इति स्मर्यते, परञ्च सम्प्रति तस्य कश्चिद् ग्रन्थः नोपलभ्यते।

लोके यथा नानाव्यञ्जनसंस्कृतमन्नं भुञ्जाना रसास्वादयन्ति सुमनसः पुरुषा हर्षादींश्चाधिगच्छन्ति तथैव नानाभावाभिनयव्यञ्जितान् सत्वोपेतान् स्थायिभावानास्वादयन्ति सुमनसः प्रेक्षकाः हर्षादींश्चाधिगच्छन्ति। तस्मान्नाट्यरसा इत्यभिव्याख्याताः इति। अतः परं पूर्वाचार्याणां मतम् उद्घाट्यते। यथा प्रथमः भट्टलोल्लटस्य रसोत्पत्तिवादः। तन्मतानुसारं विभावादिभिः संयोगोऽर्थात् स्थायिनस्ततः कारणैः रत्यादिकभावस्य उत्पत्तिः भवति। द्वितीयः शङ्कुकस्यानुमितिवादः यस्मिन् सः न्यायसम्मतमनुमितिवादं प्रस्तौति। तत्र चित्रतुरगन्यायेन रसानुभूतिः भवति।

भट्टनायकस्य भुक्तिवादे संयोगस्याभिप्रायो भोज्यभोजकः भावोऽस्ति। निष्पत्तेः तात्पर्यं 'भुक्तिः' वर्तते। ततः चतुर्थः अभिनवगुप्तस्याभिव्यक्तिवादः अस्ति। भट्टनायकाभिमतं भावकत्व–भोजकत्व –व्यापारद्वयं निषिध्याभिव्यञ्जनावादं प्रतिपादयन्ति। स च ''रस निष्पत्तिः'' इत्यस्य रसाभिव्यक्तिः इत्यर्थं स्वीकुरुते। एतन्मतं चाचार्यभरतस्य मतेऽपि संगच्छते इति तु पूर्वाचार्याणां मतं मया संक्षेपेणोक्तम्।

एतदतिरिक्तानि अनेकानि मतानि सन्ति, अस्मिन् रसव्याख्याप्रसङ्गे । तत्तत्प्रसङ्गस्य व्याख्या शोधपत्रे भविष्यतीति।

■ ■ ■

IA&P - 21

वाल्मीकीय रामायण में स्फोटमूलक बिम्ब

डॉ. गीता अग्रवाल

'स्फोट' शब्द कर्णगोचर होते ही अनायस ही हमारे मनो-मस्तिष्क में विध्वंस की छवि दृष्टिगोचर होने लगती है। यों तो विध्वंस नाश का ही सूचक होता है परंतु कुछ परिस्थितियों में स्फोट या विध्वंस शब्द हर्षातिरेक का प्रतीक बन जाता है। सभी पराक्रमी राजाओं के द्वारा धनुर्भंग नहीं होने के उपरांत राजा जनक अत्यंत विषाद मुद्रा में थे, परंतु अचानक राम के द्वारा धनु भंग को देखकर राजा जनक ही नहीं, संपूर्ण प्रजावर्ग तथा उपस्थित दर्शकगण हर्ष के सागर में गोते लगाने लगते हैं। 'आरोपियत्वा' और 'बभञ्ज' शब्द हमारे ध्यान को सद्यः ही आकृष्ट करते हैं। स्फोटातमक हर्ष के बिमब तो वाल्मीकीय रामायण में नगण्य हैं परंतु हनुमान्, अंगद, वानर सेना, सुग्रीव, लक्ष्मण आदि के द्वारा जो विध्वंस किया गया है, उस में विध्वंस सूचक स्फोटमूलक बिम्ब की ही अधिकता है।

■ ■ ■

IA&P - 22

देवी-स्तवनों में प्रतिबिम्बित आचार्य शंकर की सौंदर्य-दृष्टि

प्रो. मनुलता शर्मा

सौंदर्य एक ऐसा विषय है जो शताब्दियों से कलासाधकों एवं सौंदर्य समुपासकों के चिंतन का केंद्र रहा है। 'सुष्ठु उनत्ति चित्तं द्रवीकरोति इति सौंदर्यम्' इस व्युत्पत्ति के अनुसार 'सु' उपसर्ग पूर्वक 'उन्दी क्लेदने' धातु से भाव अर्थ में 'ष्यञ्' प्रत्यय लगा कर निष्पन्न सौंदर्य शब्द का अर्थ है, ऐसा तत्त्व विशेष जिसके चिंतन, दर्शन एवं अनुशीलन से चित्त द्रवीभूत हो भाव-विगलित हो जाए, आनंदातिरेक में निमज्जित हो जाए। सौंदर्य के व्यापक आयाम हैं। शिल्पकारों, चित्रकारों, मूर्तिकारों, मञ्चकारों, साहित्यकारों, साहित्य-समीक्षकों, संगीतकारों, गायकों, वादकों, नर्तकों, प्रसाधकों सबने अपनी-अपनी कला साधनाओं में यथाशक्ति सौंदर्य समावेश के प्रयास किए हैं। सौंदर्य का अधिष्ठान शरीराकृति, भावभंगिमाएँ, गतिप्रचारण, मुद्राएँ, वचनविन्यास, आचरण, वस्तुसंयोजन, निर्मितिविधान आदि हुआ करते हैं। जहाँ तक साहित्यानुशीलन की सौंदर्यशास्त्रीय दृष्टि है तो सौंदर्य विषयवस्तु के

प्रस्तुतीकरण भावोन्मीलन एवं भावाभिव्यक्ति के साधनों, गुण, अलंकार रस, ध्वनन, रीति, औचित्य, वक्रोक्ति समस्त काव्यतत्वों में व्याप्त रहता है। इनमें से यदि किसी एक पक्ष का भी अभाव हो तो सौंदर्य अपने व्युत्पत्तिपरक अर्थ को ही सिद्ध न कर सकेगा।

जहाँ तक देवीस्तोत्रों में प्रतिबिम्बित आचार्य शंकर की सौंदर्यदृष्टि का प्रश्न है, तो यह स्पष्टरूप से स्वीकरणीय तथ्य है कि आचार्य शंकर उच्चकोटि के दार्शनिक, प्रस्थानत्रयी के अद्वितीय भाष्यकार, अद्वैत वेदांत दर्शन के प्रतिष्ठापक, उन्नतकोटि के साधक तथा अप्रतिम मेधावान् होने पर भी व्यावहारिक धरातल पर भगवती महात्रिपुरसुंदरी के भाव विगलित समाराधक हैं। उनका हृदय पराम्बा भगवती के उस रूप का स्तवनकर्ता है, जिसे वे कभी मीनाक्षी, कभी ललिता, कभी पराम्बा, कभी शारदा, कभी अन्नपूर्णा, कभी त्रिपुरसुन्दरी व कभी राजराजेश्वरी अभिधान से संबोधित करते हैं। वीतराग सन्यासी होने पर भी वे भगवद्राग से अनुरंजित हैं। सांसारिक आकर्षण से पराङ्मुख होने पर भी वे आकर्षणबद्ध हैं, अपनी आराध्या भगवती ललिता के भक्तिभाव में। भगवती की आराधना करते उन्होंने न केवल उनके रूप लावण्य का नखशिख चित्रण किया है अपितु इस चित्रण में भावाभिव्यक्ति के समस्त पक्षों का रमणीयतम सन्निवेश किया है। उनकी अन्त्यानुप्रासमयी वैदर्भी एवं पाञ्चाली जहाँ उनके भावों हेतु ललित पदशय्या का विधान करती है वहीं उनकी कल्पनाएँ अनेक रमणीय अलंकारों का सर्जन करती हैं। भावध्वनि एवं वस्तुध्वनि की विच्छित्ति उनके वर्णनों को और मनोरम बनाती है। प्रस्तुत शोधपत्र में आचार्यशंकर कृत देवीस्तोत्रों में उनकी सौंदर्यशास्त्रीय समीक्षिका दृष्टि के समुन्मीलन का प्रयास है।

■ ■ ■

IA&P - 23

शांतरस की अभिनेयता

डॉ. ताराकान्त शुक्ल

शांतरस की अभिनेयता पर सदा प्रश्नचिन्ह खड़ा होता रहा है। आदिनाट्याचार्य आचार्य भरत ने अपने नाट्यग्रंथ नाट्यशास्त्र में नाट्य के तीन तत्वों वस्तु, नेता और रस के आस्वादन को ही प्रमुख माना। भरत ने नाट्यशास्त्र में शांतरहित आठ रसों की गणना की है। आगे चलकर 'शांतोऽपि नवमो रस:' कहकर आधे-मन से ही सही शांत को भी रस के रूप में मान्यता मिली। काव्य में तो शांत की स्थिति को प्राय: सभी स्वीकार करने लगे हैं, परंतु नाट्य में इसकी स्थिति से सभी सहमत नहीं हैं। अवस्था का अनुकरण नाट्य है। ईर्ष्या, राग, द्वेष आदि संसार की गति के अभिन्न अंग हैं, जबकि शांतरस में इनका पूर्ण अभाव होता है। इस प्रकार शांतरस अभिनेय नहीं हो सकता।

परंतु नाट्यशास्त्र के महान् टीकाकार अभिनवगुप्त ने अपनी अभिनवभारती में न केवल शांत सहित नौ रसों को मान्यता दी अपितु उसे भरत सम्मत भी स्वीकार किया और इसकी अभिनेयता पर प्रश्नचिन्ह लगानेवालों को मुँहतोड़ उत्तर भी दिया। 'नागानंद' नाटक शांतरस का एक प्रमुख नाटक है। हालांकि कुछ विद्वान् नागानंद को वीररस का नाटक मानते हैं। इसके अतिरिक्त संकल्पसूर्योदय, प्रबोधचन्द्रोदय आदि प्रतीक नाटक पूर्णरूपेण शांतरस के नाटक है, जो रंगमंच की दृष्टि से पूर्णतः उपयुक्त हैं। इस प्रकार शांतरस एक अभिनेय रस है तथा इसकी गति काव्य की सबी विधाओं में वर्तमान है।

■ ■ ■

IA&P - 24

काव्य-सौंदर्य के संदर्भ में कुन्तक की समन्वयात्मक दृष्टि

डॉ. निरूपमा त्रिपाठी

'सौंदर्य' के संदर्भ में विचार-विमर्श करते हुए स्वाभाविक प्रश्न उपस्थित होता है कि सौंदर्य वस्तुनिष्ठ है अथवा व्यक्तिनिष्ठ? सौंदर्य -चिंतकों की दोनों ही पक्षों पर पृथक्-पृथक् धारणाएँ हैं। वस्तुतः सौंदर्य के दो पक्ष हैं- उसका दृग्गोचर होना तथा उसकी प्रतीति होना। यह प्रतीति ही सौंदर्य-दृष्टि है तथा इसी प्रक्रिया में होनेवाले सौंदर्यबोध के अवसर पर प्रमाता की स्व, पर भावना समाप्त हो जाती है तथा बाह्य संबंधों से मुक्त सौंदर्यानुभूति होती है।

कुन्तक ने सौंदर्य की मात्र वस्तुनिष्ठता अथवा व्यक्तिनिष्ठता के स्थान पर इसकी उभयनिष्ठता को प्रतिष्ठित किया है। प्रमाता और प्रमेय में कुन्तक ने अभेद-संबंध स्थापित किया है। प्रमाता के अंतश्चमत्कार तथा शब्दार्थरूप वस्तु के संश्लेषण से ही काव्यसौष्ठवरूप वक्रता की निष्पत्ति होती है। इनके अनुसार वक्रता ही काव्य का सौंदर्य है। शब्दार्थरूप काव्य इसी से शोभित होता है। वक्रता को ही ये विच्छित्ति, शोभा, चारुता, चमत्कार आदि शब्दों से अभिहित करते हैं। काव्यो की यही वक्रता सहृदय के हृदय में चमत्कार का विस्तार करती है तथा चमत्कार चतुवर्ग में फलास्वाद का भी अतिक्रमण करनेवाला आनंद होता है। इस प्रकार वक्रतापूर्ण कथन ही शब्द और अर्थ दोनों में शोभाधिक्य उत्पन्न करता है। यही सौंदर्य की वस्तुनिष्ठता है। यह कवि की शक्ति अर्थात् प्रतिभा के सामर्थ्य से ही उत्पन्न होता है और एक अनिर्वचनीय सौंदर्य आनंद के रूप में सहृदयहृदय द्वारा अनुभूत

होता हुआ आत्मनिष्ठ हो जाता है। भरतीय सौंदय-दर्शन के अत्याधुनिक चिन्तक आचार्य गोविन्दचद्रपांडे जी ने भी अपने सौंदर्य- दर्शन- विमर्श नामक ग्रंथ में सौंदर्य के उभयनिष्ठ स्वरूप का ही समर्थन करते हुए विषयगत सौंदर्य को सर्वथा विषयि- निरपेक्ष मानने का निषेध किया है। विषयी भाव में विषय निर्मित्त होता है ऐसा कहना अनुचित है। स्वतः स्फुरित बुद्धि से दृश्यमान विषय विकल्पित होते हैं तब बाह्य रूप में स्थित सौंदर्य की अंतर्मन में प्रतीति होती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि कुन्तक की समन्वयात्मक दृष्टि भरतीय काव्यशास्त्रीय सौंदर्य को चिन्तन की एक नवीन विधा प्रदान करती है। यह भरतीय सौंदर्यशास्त्र को कुन्तक का महत्वपूर्ण अवदान है।

■ ■ ■

IA&P - 25

ध्वनिव्याख्याः-

(हालकृत मूर्धन्य गाथाओं के आलोक में)

डॉ. अभिमन्यु सिंह

आनन्दवर्धन ने काव्य का आत्मा ध्वनि कहा, जिसका निरूपण महाभाष्यकार पतञ्जलि तथा भर्तृहरि आदि वैयाकरणों ने स्फोट के रूप में बहुत पहले किया था। इसे काव्यतत्त्वमर्मज्ञों ने व्यंग्यव्यंजकभाव वाले 'ध्वनि' शब्द से प्रकट किया।

यह ध्वनि- परम्परा आनन्दवर्धन के पश्चात् प्रमुख रूप से अभिनवगुप्त, महिमभट्ट, रुय्यक तथा मम्मक की खंडन और मण्डन की परम्पराओं के आश्रित मुख्यतया प्राकृत गाथाओं के माध्यम से परिपुष्ट होती दिखाई पड़ती है। उक्त आचार्यों के द्वारा विरचित कतिपय गाथाओं के अनुशीलन से संबंधित इस शोधपत्र का प्रमुख आधार काव्यप्रकाशकार की पद्धति ही हो सकती है।

मम्मट ने अपने काव्यप्रकाश के मुख्यतया तीन उल्लासों (तृतीय, चतुर्थ एवं पञ्चम) में महत्वपूर्ण गाथाओं का संग्रह हालकृत 'गाहासत्तसई' को उत्तमर्ण के रूप में स्वीकार किया है। यहाँ आधारभूत विचार इन्हीं गाथाओं से संबंधित है। किन्तु कालिदास के पूर्ववर्ती आनन्दवर्धन, भट्टनायक, महिमभट्ट एवं रुय्यक कृत खण्डन-मण्डन जोड़ देने पर प्रस्तुत शोध पत्र का महत्व और भी बढ़ जाता है।

■ ■ ■

IA&P - 26

बृहत्त्रयी में चित्रित चित्रकाव्य : एक विवेचन

डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा
डॉ. लालाशंकर गयावाल

संस्कृत वाङ्मय की अनेकानेक विधाओं में संस्कृत काव्यशास्त्र का विशिष्ट स्थान है। मूल रूप से लोकोत्तर वर्णनानिपुण कवि का कर्म काव्य है, तथा उसी काव्य के गूढ तत्वों को प्रतिपादित करने वाला अथवा काव्यसौंदर्य की परख करनेवाला ग्रंथ काव्यशास्त्र है। काव्यशास्त्र में काव्य विभाजन का वर्गीकरण अत्यंत वैज्ञानिक ढंग से किया गया है। काव्य विभाजन को दो भागों में बाँटा गया है-

1. ध्वनिसिद्धांत की स्थापना से पूर्व का काव्य विभाजन।
2. ध्वनिसिद्धांत की स्थापना के पश्चात् का काव्य विभाजन।

इन दोनों विभाजनों में जहाँ ध्वनि- सिद्धांत की स्थापना से पूर्व के काव्य-विभाजन में भाषा शैली, छन्दोबद्धता, प्रतिपाद्य विषय, स्वरूपविधान या विधा, बन्धाबन्ध, इंद्रियों की ग्राहकता आदि कई आधार रहे, वहीं ध्वनि-सिद्धांत की स्थापना के पश्चात् हुए काव्य- विभाजन का एक मात्र आधार व्यंग्य रहा। व्यंग्याधारित काव्य विभाजन के अंतर्गत व्यंग्य की प्रधानता से युक्त काव्य उत्तम काव्य (ध्वनि काव्य), व्यंग्य की अप्रधानता, अथवा गौणभाव से युक्त काव्य मध्यम काव्य (गुणीभूतव्यंग्य काव्य), तथा व्यंग्य के अभाव से युक्त काव्य अधम काव्य (चित्रकाव्य) के रूप में स्वीकार किया गया ।

इनमें से शब्दवैचित्र्य एवं अर्थवैचित्र्य से गुम्फित चित्रकाव्य रसभावादि तात्पर्य से रहित, व्यंग्यार्थ विशेष के प्रकाशन की शक्ति से शून्य चित्र के समान प्रतीत होता है। चित्रकाव्य में कवि का ध्येय रसादि की विवक्षा करना न होकर आलंकारिक चमत्कार उत्पन्न करते हुए शब्दवैचित्र्य एवं अर्थवैचित्र्य का उननिबंधन करना होता है। सर्वसम्मत रूप से चित्र काव्य के पाँच मुख्य भेद तथा सात गौण भेद प्राप्त होते हैं। संस्कृत बृहत्त्रयी के अंतर्गत कलापक्ष की प्रचुरता के मंजुल समावेश से युक्त अलंकृत शैली के त्रिविध महाकाव्यों का ग्रहण किया जाता है- 1. महाकवि भारवि विरचित किरातार्जुनीयम् महाकाव्य 2. महाकवि माघ विचरित शिशुपालवधम् महाकाव्य तथा 3. महाकवि श्रीहर्ष विरचित नैषधीयचरितम् महाकाव्य। इन तीनों महाकाव्यों में व्याप्त चित्रकाव्यपरक श्लोकों का संकलन कर उनका चित्रकाव्य के पाँच मुख्य भेदों एवं सात गौण भेदों के परिप्रेक्ष्य में चित्रात्मक विश्लेषण करना ही इस शोध प्रपत्र का प्रमुख प्रतिपाद्य रहेगा।

■ ■ ■

IA&P - 27

औचित्य संप्रदाय का औचित्य

डॉ. नन्द किशोर चौधरी

आनन्दवर्द्धन एवं अभिनवगुप्त प्रभृति मान्य आचार्यों ने पूर्वप्राप्त 'औचित्य' के सद्भाव को रसानुकूल प्रयोग में अपरिहार्य माना है साथ ही अनौचित्य को काव्यीय दोष की श्रेणी में परिगणित किया है। इन उपलब्ध विपुल विवेचनोपरांत भी आचार्य अभिनवगुप्त के शिष्य आचार्य क्षेमेन्द्र ने औचित्य विधान संबंधी एक स्वतंत्र समीक्षा प्रस्तुत की जिसमें औचित्य को जीवित (प्राण) कहा है। पूर्वाचार्यों की भाँति 'आत्मा' शब्द का अभिधान नहीं दिखता। क्या प्राणतत्त्व एवं आत्मतत्त्व समानार्थी हैं? निश्चित रूप से नहीं। जिस गुरुपाद ने ध्वनितत्त्व की काव्यात्मता स्थापित करने में अपनी संपूर्ण काव्य प्रतिभा प्रदर्शित कर दी हो उसी गुरु के सिद्धांत का अपलाप 'काव्यस्यात्मा औचित्यम्' कहना साहस प्रदर्शन होता। अतः प्राण की उत्क्रामिता ही स्वीकरणीय रही। औचित्य रूप प्राण से ही रसध्वनिरूप आत्मा की सत्ता होती है। औचित्य शक्ति है तो रसध्वनि शक्तिमान्। अतः तारतम्य स्पष्ट सुविदित है। औचित्य को यदि काव्यात्मा मान भी ली जाय तो प्रचलित काव्य भेद निर्धारण संदिग्ध रह जाता है। पुनः साधुकाव्यनिषेवण का उद्देश्य आनंदानुभूति है औचित्य नहीं। हाँ औचित्यविधान से रसमयता की वृद्धि होती है। इस प्रकार रस की साध्यता एवं औचित्य की साधनता कही जाएगी। आचार्य क्षेमेन्द्र ने औचित्य को जिस-जिस रूप में वर्गीकृत किया है वे भी तर्क को सह्य नहीं है।

आचार्य क्षेमेन्द्र ने औचित्यप्रदर्शनपूर्वक काव्याङ्गशिक्षयाभ्यास की महत्ता को अवश्य उद्घाटित किया है। निर्माता को रचना एवं भावपक्ष को पौनः पुन्येन अनुशीलन की अवश्य सलाह दी है, क्योंकि भारतीय काव्यसमीक्षा दो दृष्टिकोण पर आश्रित है। रूपपक्ष के रूप में अलंकार, गुण, रीति एवं वक्रोक्ति तथा भावपक्ष के रूप में रस एवं ध्वनि का स्थान है। इन उभयविध पक्षों का औचित्य में समावेश कर काव्यसमीक्षा प्रस्तुत करना क्षेमेन्द्र की विशेषता मानी जाती है।

■ ■ ■

IA&P - 28

भारतीय साहित्यशास्त्र में सहृदय की अवधारण

डॉ. शैलेश कुमार मिश्र

भारतीय साहित्यशास्त्र में 'सहृदय' की चर्चा सूत्र रूप में आचार्यों ने अपने ग्रंथों में यत्र तत्र की है। सहृदय रचनाकार की तरह संस्कार वाला, तत्समान हृदय वाला होता है। वह रचनाकार के हृदय से संवाद करने वाला व्यक्ति है। वह सुमनस्, सचेतस्, प्रेक्षक, रसिक और सामाजिक है। रसज्ञता ही सहृदय की पहचान है। काव्य की सत्ता सहृदय की सत्ता पर आधारित है। सहृदय के अस्तित्त्व के बिना काव्य का अस्तित्त्व निर्मूल हो जाता है। सहृदय के समक्ष ही कवि का समस्त अभिप्रेत उम्मीलित होता है। अतः वह कवि की समान प्रतिभा वाला व्यक्ति है। राजशेखर ने कहा है कि कबि कारयित्री प्रतिभा से युक्त होता है और भावक या सहृदय भावयित्री प्रतिभा से।

सहृदय का स्वरूप उकेरने के लिए आचार्यों ने रचनाकार और आस्वादक के पारस्परिक संबंधों का अन्वेषण करते हुए साधारणीकरण का सिद्धांत प्रतिपादित किया। साधारणीकरण के अंतर्गत परिकल्पित तन्मयीभवन या तादात्म्य सहृदय का विशिष्ट गुण है। वह अपनी सत्ता को विस्मृत कर वर्णनीय वस्तु से तादात्म्य स्थापित कर लेता है। सहृदय की अवधारणा को रेखांकित करने में अभिनव गुप्त अधिक सफल हैं। उनका मानना है कि बार-बार काव्यों के अनुशीलन के अभ्यास से जिनका मनोदर्पण निर्मल हो जाता है और जो उस मनोदर्पण में वर्णनीय वस्तु के साथ तन्मय हो जाने की योग्यता रखते हैं, हृदय से संवाद करने की क्षमता को प्राप्त वे ही सहृदय कहलाते हैं। निश्चय ही सहृदयता परहृदय प्रवेश की प्रातिभ साधना है, जिसके फलस्वरूप ही हम काव्य के चरम अभिप्रेत को आत्मसात् कर सकते हैं, ब्रह्मानंद सहोदर का साक्षात्कार कर सकते हैं।

■ ■ ■

IA&P - 29

रूपको में शब्दालंकार संयोजन का महत्त्व

डॉ. मनोज कुमार

संपूर्ण काव्य सम्पदा के दृश्य और श्रव्य नाम से दो भेद किए गए हैं। दृश्य काव्य उसमें प्रथम है। नाट्य शास्त्र इस भेद का विवेचन शास्त्र है और उसमें इस भेद के रचना विधान पर विस्तार से विचार

किया गया है। यह केवल पद्याश्रित न होकर 'गद्य –पद्य मिश्रित होता है अतः इसे मिश्र काव्य का एक भेद भी कहा जाता है।'

प्रारंभ में अलंकार शब्द व्यापक अर्थ में प्रयुक्त होता था और यही कारण था दृश्य काव्य सहृदयनिष्ठ होते हुए भी अलंकार से युक्त कहा जाता था, किन्तु रसवादियों ने अलंकार शब्द के अर्थ को संकुचित बनाकर केवल शब्दार्थ का विभूषक धर्म मानते हुए रस को ही दृश्य काव्य का अनिवार्य तत्त्व स्वीकार किया और अलंकारों को अनित्य रूप से रस का उत्कर्षक घोषित किया। अनित्य इसलिए कि जैसे अलंकार कभी तो कामिनी के शरीर के उत्कर्ष शोभा वर्धन के कारण बनते हैं और उसकी मनः स्थिति के अनुसार आत्मा का उत्कर्ष करते हैं और कभी नहीं करते, तथा कभी अपकर्ष भी कर देते हैं। उसी प्रकार ये अलंकार भी कभी काव्य का शोभा वर्धन करते हैं और कभी नहीं करते हैं। कभी अति प्रयोग के कारण अपकर्ष भी कर बैठते हैं।

■ ■ ■

IA&P - 30

प्राचीन-अर्वाचीन संस्कृतकाव्य और शब्दार्थसौष्ठव

डॉ. अभिषेक कुमार त्रिपाठी

निखिल विश्वभाषाओं में सर्वप्राचीन भाषा के रूप में प्रतिष्ठित संस्कृत भाषा अपने विशालतर साहित्य के कारण आज भी महनीय है। इसमें वैदिक वाङ्मय से व्यतिरिक्त लौकिक साहित्य के अंतर्गत लक्ष्य और लक्षण दोनों प्रकार के सहस्रों ग्रन्थ लिपिबद्ध किए गए। संस्कृत का लौकिक साहित्य विविध प्रकार की विधाओं में अनुस्यूत किया गया है। अनेक प्रकार के गद्यकाव्य, पद्यकाव्य, नाट्यकाव्य, चम्पूकाव्य आदि विधाओं में संस्कृत के प्राक् कवियों की विशिष्ट काव्यधारा का प्रस्फुरण दिखाई पड़ता है तथा उनमें व्यंग्यात्मकता के अप्रतिम निदर्शन अवलोकित किए जाते हैं। आधुनिक काल में भी संस्कृत की प्राचीन विधाओं के साथ ही अनेक नवीन विधाओं में काव्य-रचनाएं की जा रही हैं। अनेक प्रकार के आधुनिक संस्कृत उपन्यास, गीति-काव्य, मुक्तक-काव्य प्रभृति विधाओं में विशेष साहित्य सर्जन हो रहा है। प्राचीनकालिक काव्यों में शब्दार्थसौष्ठव की क्या स्थिति अवलोकित की जाती थी और वर्तमान काल में उसके संदर्भ में क्या परिवर्तन परिलक्षित किया जा रहा है, क्या दोनों प्रयोगों में कोई मौलिक वैषम्य निहित है, इन सब तथ्यों का एक संक्षिप्त समीक्षण प्रस्तुत शोध- पत्र का विषय है।

■ ■ ■

IA&P - 31

काव्यदोष - एक पुनर्मूल्यांकन

डॉ. नीरज शर्मा

महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य में यह कहा कि शब्द तभी कामधुक् होता है जब उसका सुप्रयोग किया जाए। कवि से बढ़कर शब्द का सुन्दर प्रयोग और कौन कर सकता है, काव्य में यह सौंदर्य गुण तथा अलंकार के आधान से निष्पन्न होता है, परंतु इससे भी पूर्व दोषहीनता सौंदर्यनिष्पत्ति के लिए अनिवार्य है। इस शाश्वत सत्य को भारतीय मनीषा ने काव्य-चिंतन की प्रारंभिक अवस्था में ही पहचान लिया था।

इस संदर्भ में प्रसिद्ध टीकाकार गोपेन्द्रत्रिपुरहरभूपाल ने एक पंक्ति उद्धृत की है 'इष्टानुवर्तनात्कुर्यात्प्रागनिष्टनिवर्त्तनम्' विशेष रूप से काव्यसमीक्षा के प्रारंभिक आचार्य दोषहीनता को लेकर अपेक्षाकृत अधिक गंभीर रहे हैं। भामह और दण्डी को इस दृष्टि से विशेष रूप से उद्धृत किया जाता है। ये दोनों आचार्य काव्यशास्त्र की अलग-अलग धाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। दण्डी का यह कथन है कि छोटा-सा दोष भी कोढ के दाग के समान है, जो जो सारे शरीर के सौंदर्य को दुर्भग बना देता है। 'स्याद्वपुः सुन्दरमपि श्वित्रेणैकेन दुर्भगम्', भामह ने तो दोषयुक्त काव्य से मिलनेवाले अपयश को मृत्यु के समान दुःखदायी कहा था 'कुकवित्वं पुनः साक्षान्मृतिमाहुर्मनीषिणः'।

पद प्राप्त होता है। ऋग्वेद के उषस् सूक्त में सौंदर्य में विरूपता लनेवाले परिधान को त्याज्य बताया गया है। इस स्थान में हम काव्यदोषों के स्वरूप एवं लक्षण की साम्यता को देख सकते हैं। परवर्ती काव्य में भी काव्यसौंदर्य में विरूपता लानेवाले तत्त्व को ही दोष स्वीकार किया गया है। ब्राह्मणाकालीन वाग्दोषचेतना संहिताकालीन धारणाओं की अपेक्षा अधिक विकसित दिखलाई देती है। ताण्ड्यब्राह्मण में असत्य भाषण को वाणी का छिद्र कहा गया है।

परंतु यह केवल एक सैद्धान्तिक वक्तव्य है। एक आचार्य के रूप में शास्त्रीय व्यवस्था प्रदान करता हुआ कोई सिद्धांतकार सदोष पद के प्रयोग का समर्थन नहीं कर सकता था। चिंतन परम्परा में भीतर ही भीतर एक ऐसी धारा भी बहती हुई दिखाई देती है, जहाँ यह दबे स्वर से ही स्वीकार किया गया कि एकाध सदोष पद के प्रयोग से पूरा काव्यत्व दूषित नहीं हो जाता। विश्वनाथ कविराज ने इस बात की पुष्टि अग्निपुराण को साक्षी मानकर उपस्थित की। कालिदास ने 'एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीन्दोः किरणेष्ववाङ्कः' के रूप में यही बात कही थी। संस्कृत विद्वानों की यह परम्परा रही

है कि वे सभी विद्याओं के उद्गम स्रोत को वेदों में ढूढ़ने का प्रयास करते हैं। यद्यपि ऋक्संहिता में काव्य दोषों का पारिभाषिक रूप में उल्लेख अप्राप्य है तथापि वहाँ दोषरूप की स्वीकृति एवं दोष अर्थ में अनेक वाग्दोषधारणा का यह स्वरूप काव्यदोषों के अधिक समीप है।

■ ■ ■

IA&P - 32

संस्कृत भाण-एक यात्रा

डॉ. शालिमा तबस्सुम

संस्कृत साहित्य में रूपक के अंतर्गत भाण रूपक विधा का एक प्रकार है जो प्राचीनता की दृष्टि से अपना अलग एवं विशेष महत्व रखता है। भाण शब्द की व्युत्पत्ति भण् धातु से हुई है। भण् का अर्थ कहना अथवा वर्णन करना होता है। स्पष्टत: भाण का अर्थ कथा अथवा पाठ होता है। नैषधकार ने वर्णन के अर्थ में भण् शब्द का प्रयोग किया है। बौद्ध ग्रंथों में भण् शब्द का अर्थ पढ़ने के संदर्भ में प्रयुक्त हुआ है। अर्थात् बौद्ध धर्म के ग्रंथों का पाठ करना। विश्वनाथ के अनुसार धूर्तों एवं विटों के चरित्रों से युक्त अनेक अवस्थाओं को लिए हुए निपुण विट जो स्वानुभूत अथवा परानुभूत वार्त्ताओं को रंगभूमि पर प्रकाशित करता है, संबोधन इत्यादि, उक्ति या प्रत्युक्ति एवं आकाशभाषित द्वारा विज्ञप्ति, जिसमें वीर तथा श्रृंगार रस की प्रधानता होती हो, मुख्य कथा कल्पित हो, भारती या कैशिकी वृत्ति से युक्त हो तथा जिसमें मुख एवं निवर्हण संधियाँ उपस्थित हों वह भाण रचना कहलाती है। भाण लिखे जाने की परंपरा प्राचीन है। वैदिक समय से भाण किसी ने किसी रूप में विद्यमान थे। यद्यपि संस्कृत में अनेक भाण परवर्ती युग में लिखे गए फिर भी प्राचीन भाणों में चतुर्भाणी प्रसिद्ध भाण माने जाते हैं और सांस्कृतिक दृष्टि से उन सबका महत्व भी है। चतुर्भाणी के अंतर्गत 3 ई. पूर्व के लगभग वररुचि का उभयसारिका, 500 ई. में शूद्रक का पद्मप्राभृतक , 800 ई. में श्यामलिक का पादताड़ितक और 1100 ई. में ईश्वरदत्त का धूर्तविटसंवाद नामक भाणों की रचना हुई। इसके पश्चात् भाणों की परंपरा निरंतर गतिमान रही है। प्रत्येक शताब्दी में भाण विद्या का अपना महत्व रहा है। 12वीं शताब्दी में वत्सराजद्वारा कर्पूरचरित नामक भाण लिखा गया। 13 वीं शताब्दी में काशीपति कविराज ने मुकुंदानंद की रचना की। 18वीं के समस्त भाणों में प्रमुख रूप से वेश्याओं और कुलटाओं के चरित्र का वर्णन किया गया है। वेश्याओं एवं कुलटाओं की प्राप्ति के लिए धूर्त परस्पर कलह करते हैं। अत: इन भाणों में श्रृंगार एवं

वीर रस की प्रधानता है। आधुनिक समय में जीवन्यायतीर्थ का पुरुषपुंगव, महालिंग शास्त्री का मर्कटमार्दलिक, मंगलगिरि कृष्ण द्वैपायनाचार्य का वसंतमित्र, राजेंद्र मिश्र का फण्टूस चरित भाण इत्यादि अनेक भाण लिखे गए और निरंतर लिखे जा रहे हैं। मिश्र जी का यह भाण नाट्यपंचगव्यम् संग्रह में संकलित है। इसमें आधुनिक समाज में व्याप्त दुर्नीति एवं विशृंखलता के ऊपर व्यंग्य किया गया है। इस प्रकार इन भाणों में अप्रत्यक्ष रूप से सामाजिक सदाचार की आवश्यकताओं पर बल दिया गया है।

■ ■ ■

IA&P - 33

स्वप्नवासवदत्तम् में शब्दालंकार योजना

डॉ. ललिता कुमारी

कविता कामिनी के मधुमय हास महाकवि भास की कृतियों में उदयन- वासवदत्ता प्रणय कथाश्रित स्वप्नवासवदत्तम् सर्वोत्कृष्ट है। उन्होंने अपनी इस कालजयी कृति में जीवन, धर्म, दर्शन आदि पक्षों का सुन्दर आलंकारिक विवेचन प्रस्तुत किया है। इस नाटक में शब्दगत एवं अर्थगत अलंकारों की छटा मोनहारिणी है। प्रसंगानुकूल उन्होंने अनुप्रास और यमकादि शब्दालंकारों का सुन्दर निदर्शन कराया गया है। यथा- प्रथम अंक में ब्रह्मचारी के मुख से वासवदत्ता के शोक में निमग्न राजा के धीरज बंधाने में प्रयत्नशील अमात्य रूमण्वान की निष्ठा और श्रम के विषय में यौगन्धरायण की प्रशंसापरक चिंता का वर्णन करने में अनुप्रासालंकार द्रष्टव्य है-

सविश्रमो ह्यं भारः प्रसक्तस्तस्य तु श्रम :।
तस्मिन् सर्वमधीनं हि यत्राधीनो नराधिप :।।

'हारादिवदलंकारास्तेऽनुप्रासोपमादय :' के अनुसार अलंकार काव्यात्मभूत रस की शोभा के अभिवर्धक होते हैं। अतः स्वप्नवासवदत्तम् नाटक में रसपरिपाक में अलंकार- योजना का योगदान और महत्व का अध्ययन समीचीन विषय है। इस प्रकार स्वप्नवासवदत्तम् नाटक में शब्दालंकारों की योजना का अध्ययन प्रकृत आलेख में प्रस्तुत किया गया है।

■ ■ ■

IA&P - 34

अलंकार विवेचन में नव्य समिधाएँ: एक पुनर्मूल्यांकन

डॉ. विनोद कुमार

भारतीय काव्यशास्त्र की आचार्य परम्परा में अंतिम कड़ी के रूप में आचार्य जगन्नाथ का नाम ही मान्य रहा है। गुरुत्व, गहन एवं गंभीर मौलिक तत्वविवेचन के संदर्भ में यदि देखा जाए तो यह उचित भी कहा जा सकता है, क्योंकि यह निर्विवाद है कि आचार्य जगन्नाथ काव्य-विवेचन में नवोन्मेषशालिनी प्रतिभा के अंतिम आचार्यपद के अधिकारी निःसंदेह हैं, किंतु साहित्य की निरंतरता, परिवर्तनशीलता एवं नित्यनवीनता के सिद्धांत को यदि सामने रखा जाए तो काव्यशास्त्रीय यज्ञ में अनेकविध नव्य समिधाएँ निवेदित करनेवाले कुछ नए नाम भी सम्मुख सहज ही उभरकर आते हैं।

यह पूर्णतया सत्य है कि प्रत्येक लेखक अपने पूर्ववर्ती विद्वानों से कुछ ग्रहण अवश्य करता है। आचार्यों की परंपरा में झाँककर देखें तो ज्ञात हो जाता है कि प्रत्येक आचार्य ने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों से बहुत कुछ ग्रहण कर उसे अपनी प्रतिभा से विश्लेषित एवं विवेचित करने का प्रयास किया है। पंडितराज जगन्नाथ के उपरांत भी यदि लेखकों ने इस परिपाटी का पालन किया है तो क्यों उन पर यह आक्षेप हो कि उनमें मौलिकता नहीं है, उन्होंने प्राचीन का ही अनुकरण अथवा अनुसरण किया है। अलंकार-विवेचन में नव्य-समिधाएँ प्रस्तुत करनेवाले विद्वज्जनों में वेणीदत्त शर्मन् का कार्य महत्वपूर्ण है। चिरंजीव रामदेव भट्टाचार्य, श्री कृष्ण कवि एवं विद्याराम भी भामह की पीढ़ी के हैं। विश्वनाथ देव, नरसिंह कवि, आचार्य अच्युत राय, आचार्य रेवाप्रसाद द्विवेदी , आचार्य ब्रह्मानंद शर्मा, आचार्य वैद्यनाथ आदि विद्वानों की विशद परंपरा निरंतर गतिमान है, जो काव्यशास्त्रीय परंपरा में नव्य समिधाएँ प्रस्तुत कर रहे हैं।

■ ■ ■

IA&P - 35

नाट्यशास्त्रीय निषेधों की वर्तमानकालीन प्रासङ्गिकता

विश्वजीत विद्यालङ्कार

नाट्य का उद्देश्य समाज को मनोरंजन के साथ-साथ लोकोपदेश प्रदान करना भी होता है। संभवतः इसी कारण सभी नाट्यशास्त्रीय ग्रंथों में अभिनय के सभी भेंदों में अभिनीतार्ह कथावस्तु का एक निश्चित

स्वरूप निर्धारित किया गया है। इसका प्रमुख कारण नाट्य द्वारा समाज के चरित्र की रक्षा करना एवं सामाजिकों में सदाचार, कर्तव्यनिष्ठता, सत्य, अहिंसा, न्याय, परोपकार, सेवा और त्याग की भावना का पोषण करना था। मानव-स्वभाव की चंचल मनोवृत्ति से भिज्ञ आद्याचार्य भरतमुनि ने नाट्य में अनभिनीत दृश्यों का भी निर्धारण किया था। लोक में सामान्यजनों द्वारा प्रयुक्त शब्दों को ही कवि कुछ इस प्रकार प्रयुक्त करता है कि वह विशिष्ट स्वरूप ग्रहण कर लेता है। कवि अपनी इस निर्मिति में हमेशा ही स्वतंत्र रहा है। किंतु भरतमुनि ने कवि की स्वतंत्रता को नियंत्रित कर लोकमर्यादा को अक्षुण्ण बनाये रखने का प्रशंसनीय प्रयास किया था। निःसंदेह नाट्यशास्त्र का प्रधान लक्ष्य केवल अभिनय से संबंधित क्रियाकलापों का प्रतिपादन करना है। अतः रङ्गमञ्च के लिए त्याज्य दृश्यों के विषय में आचार्य भरत स्थान- स्थान पर चेतावनी देते प्रतीत होते हैं। कवि को नाटक की रचना करते समय इसका ध्यान रखना अनिवार्य होता था। कविशिक्षा-विषयक ग्रंथों का प्रणयन इसी का परिणाम रहा होगा।

वर्तमान युग में 'सेंसर-बोर्ड, की स्थापना भी इन्हीं उद्देश्यों के निहितार्थ की गई थी, किंतु तथाकथित मानव स्वतंत्रता के आवरण में आधुनिक फिल्म निर्माता, निर्देशक एवं कलाकार समाज के समक्ष विभेदकारी, विषप्रदायिनी, वीभत्स वातावरण का निर्माण कर रहेहैं। वर्तमान पीढ़ियों पर इसका कुप्रभाव स्पष्टरूप से दृष्टिगोचर हो रहा है। आज नित्य-प्रतिदिन एवं निरंतर घटित होती जघन्य और हिंसक घटनाओं से व्यथित मानव अपने समाज की रक्षा करने में असहाय है। अश्लीलता, अनैतिकता, अनाचार और आसुरी प्रवृत्तियाँ सामाजिक संरचना को चुनौती देती प्रतीत हो रही हैं। इन्हीं सामाजिक विसङ्गतियों के परिप्रेक्ष्य में सांसारिक संस्कृतियों के लिए सर्वदा संजीवनी प्रदान करनेवाली संस्कृतसाहित्य की शास्त्रीय कृति 'नाट्यशास्त्र' में निरूपित निषेधों की समसामयिक प्रासङ्गिकता की समीक्षा की जाएगी।

■ ■ ■

IA&P - 36

नाट्यार्थ निष्पत्ति में वृत्तियों की भूमिका

सुरभि सिंह

सर्वेषामेव काव्यानां मातृका वृत्तयः स्मृतः।
आभ्यो विनिस्सृतं ह्येतद् दृश्यरूपं प्रयोगतः॥

संपूर्ण रूपक रस, भाव और अभिनय पर आश्रित होता है और ये तीनों वृत्तियों से ही जन्य है अर्थात् वृत्तियाँ नाट्य प्रयोग के उपयोगार्थ अनेक भावों और रसों से पूर्ण होती हैं। जिस प्रकार माता

संतति को जन्म देती है उसे समाज के अनुकूल बनाती है, उसी प्रकार वृत्तियाँ भी नाट्य को जन्म देती है। विचार अर्थात् भाव का प्रदर्शन ही वृत्ति है। नाट्यार्थ को मुख्यार्थ से रस तक समझा जाता है अर्थात कहीं नाट्यार्थ सर्वथा वाच्यार्थ के ही रूप में संक्रमित हो जाता है तो कहीं रस के रूप में अनुभूति का विषय बनता है। लेकिन यहाँ चतुर्विध अभिनय की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रस्तुत शोध पत्र में नाट्यार्थ की निष्पति में वृत्तियों की भूमिका पर विचार किया गया है।

■ ■ ■

IA&P - 37

संस्कृत नाट्यकृतियों का सौंदर्यशास्त्रीय अध्यनन

अनीता कुमारी

प्रतिष्ठित नाट्यकृतियों में शास्त्रीय पक्ष के साथ-साथ सांस्कृतिक पक्ष का भी समावेश हुआ है। सार्वभौतिक पक्ष के प्रतिविम्बन हेतु कवि पृथक् रूप से प्रयास नहीं करता अपितु परिस्थितिवश संस्कृति स्वयमेव कृति में अपना प्रभाव प्रदर्शित करती हैं। यह बहुत कुछ नाट्य के कथानक की प्रकृति पर निर्भर करता है कि उसमें तत्कालीन संस्कृति का किस सीमा तक प्रतिबिम्बन हुआ है।

क्षेमीश्वर विरचित 'चण्डकौशिकम्' की कथावस्तु पुराणों उपनिषदों के आधार पर ऐतिहासिक है किन्तु यह कथा सतयुग की है। इस युग में शिक्षा धर्म और सामाजिक परम्पराओं की बहुत अधिक मान्यता थी। लोग शिक्षित थे, धार्मिकता चरम सीमा पर थी तथ सामाजिकों को राजा पर अटूट श्रद्धा और विश्वास एवं सहानुभूति थी। वह इसलिए कि तत्कालीन सम्राट् महाराजा हरीश्चन्द्र सत्यवादी धार्मिक और ज्ञानी तथा प्रजा के प्रति अत्यंत सहानुभूति रखनेवाले थे। उस समय सामाजिक रीतिरिवाज जाति परम्परा कर्मानुसार कार्यरत थे। ब्राह्मण यज्ञ जप तप तथा शिक्षक के रूप में व्यस्त रहते थे, वणिक जन शंका रहित होकर व्यापार में व्यस्त रहते थे तथा शूद्र जाति के लोग त्रिवर्ण की सेवा में व्यस्त रहते थे। समाज के प्रति रिवाजों पर अन्य कोई प्रभाव नहीं था।

अतएव नाटककार क्षेमीश्वर नेन चाहते हुए भी संस्कृत साहित्य के अन्य नाटकों के सामान 'चण्डकौशिकम्' नाटक के 'सत्य की परीक्षा' के मार्मिक स्थलों को बड़ा ही हृदयग्राही विधि से प्रस्तुत किया है, जिससे सामाजिक अश्रुपूर्ण नेत्रों से आत्मवित हो द्रवित हो जाता है। इसी प्रस्तुतीकरण के कारण तत्कालीन सामाजिक पृष्ठभूमि की रूपरेखा भी दृष्टिगत होती है।

■ ■ ■

IA&P - 38

कालिदास के रूपकों में अन्तःप्रविष्ट उपरूपकों के तत्त्व

प्रो. कुसुम भूरिया दत्ता

महाकवि कालिदास ने तीन रूपकों की रचना की है-मालविकाग्निमित्रम्, विक्रमोर्वशीयम् तथा अभिज्ञानशाकुन्तलम्। इन रूपकों में उपरूपकों अथवा लोकनाट्यों के तत्त्व भी अन्तःप्रविष्ट है। इसी का विवेचन प्रस्तुत आलेख में है।

सबसे पहले रूपक और उपरूपक अथवा नाट्य एवं लोकनाट्य के संबंध में विवेचन आवश्यक है। भरत मुनि ने 10 रूपकों का विवेचन किया है। इन्हीं क़ी परम्परा में नाट्यशास्त्र के प्रायः सभी आचार्यों ने भी ऐसा ही उल्लेख किया है। इन रूपकों के अतिरिक्त भरत मुनि ने नाटक और प्रकरण के योग से निर्मित 'नाटिका ' का उल्लेख किया है, जिसे अभिनवगुप्त ने 'संकीर्ण रूपकों' के अंतर्गत परिगणित किया है। नाट्यशास्त्र के आचार्यों के अनुसार 10 रूपक रसाश्रित होते हैं। इनमें वाक्यार्थ का अभिनय होता है। अत: मनोरंजन की दृष्टि से ये उत्कृष्ट कोटि के रूपक कहे जाते हैं। इन दस के अतिरिक्त छोटे मोटे मनोरंजन के लिए लिखे गए अन्य रूपकों को 'नृत्य' नाम से आचार्यों ने अभिहित किया है। इनमें पदार्थ का अभिनय होता है और ये भावाश्रित होते हैं। प्रधान रूपकों की अपेक्षा कम महत्वपूर्ण होने के कारण सम्भवत: इन्हें 'उपरूपक' कहा जाता है।

कविकुलगुरु कालिदास की प्रथम नाट्यकृति मालविकाग्निमित्रम् है। कवि ने इसे नाटक कहा है, परंतु इसकी कथा नाटिका की कथा से भिन्न नहीं है। यथा- इसमें स्त्री पात्रों का अधिक्य है, नायिका मालविका अंत: पुर में नृत्य की शिक्षा ले रही है। राजा उस पर अनुरक्त होता है तथा अन्त में उससे विवाह करने में भी सफल होता है। द्वितीय नाट्यकृति विक्रमोर्वशीयम् है जिसे त्रोटक कहा गया है। त्रोटक उपरूपक ही होता है। तृतीय कृति अभिज्ञानशाकुन्तलम् नाटक है, जिसमें धीवर का प्रसंग एक लोकनाट्य जैसा है। इन सभी का विस्तृत विवरण आलेख में प्रस्तुत है।

■ ■ ■

IA&P - 39

आचार्य जगन्नाथ पाठक की सौंदर्य-चेतना

आशीष कुमार राय

संस्कृत साहित्य की सतत प्रवाहमान धारा सदैव भारतीय संस्कृति को प्रतिबिम्बित करती रही है। इस साहित्य को अपनी तुलिका से समृद्ध बनानेवाले आधुनिक रचनाकारों में जगन्नाथ पाठक का नाम सर्वोपरि है। आधुनिक सामाजिक समस्याओं के अतिरिक्त पाठक जी ने अपनी दृष्टि सौंदर्यान्वेषण पर भी केंद्रीभूत की है।

सौंदर्य के सभी उपदानों का वर्णन इन्होंने अपनी रचनाओं में किया है। 'श्रीकृष्णभावनाशतकम्' में ईश्वर के बाल-सुलभ सौंदर्य को आपने लेखनीबद्ध किया है। 'सौंदर्यकारिका' में आपकी सौंदर्य दृष्टि उत्कर्ष को प्राप्त होती है। 'स्त्रीशतकम्' रचना में आपने नारी-सौंदर्य का जो सहज चित्र उकेरा है वह नितान्त श्लाघनीय है। जो सत्य से युक्त है एवं सौंदर्य जिसके मूल में है ऐसे शिव का स्वरूप नारी शक्ति के बिना संभव नहीं है। शिव में शिवत्व का आधान करने में शक्ति ही समर्थ है अन्य नहीं। इस प्रकार से इन्होंने नारी सौंदर्य की सार्थकता को सिद्ध किया है।

प्रकृति के विभिन्न अवयवों का आश्रय लेकर कवि ने अत्यन्त ही सहज भाव से अपने मनोभावों को व्यक्त किया है। उनके द्वारा निर्मित्त प्राकृतिक चित्र कहीं से अस्वाभाविक नहीं लगते हैं, अपितु उनमें एक स्वाभाविक आकर्षण विद्यमान है। ऋतु वर्णन के प्रसंग में कवि ने वसंत ऋतु का सजीव चित्रण किया है। इस समय मंजरी से परिपूरित रसालवृक्ष अतुलनीय शोभा को प्राप्त होता है। सुरभि से आप्लावित मंजरी के सौंदर्य से विभूषित रसालवृक्ष किसी सुन्दर वपु के स्वामी के समान प्रतीत हो रहा है। प्रस्तुत विषय पर शोधार्थी सौंदर्य के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए आचार्य जगन्नाथपाठक की सौंदर्य- दृष्टि को स्पष्ट करेगा।

■ ■ ■

IA&P - 40

शिवराजविजय में अलंकार -विधान

कला जोशी

संस्कृत वाङ्मय मानव जाति की वह प्राचीन संपत्ति है, जिसमें हमारे भारतीय साम्राज्य के अधिकांश प्रजानन हिंदुओं की भाषाएँ, धार्मिक एवं बौद्धिक जीवन तथा विचार अथवा समग्र सभ्यता

का मूल ही निहित है। आचार्य श्री दण्डी ने भाषा की इस प्रकाशशीलता को ध्यान रखते हुए कहा है कि– 'यदि शब्द रूपी ज्योति संसार में न जलती तो संसार में चारों ओर अंधेरा ही रहता।'

संस्कृत वाङ्मय में एक महान् साहित्यचार्य पं. अम्बिकादत्त व्यास जी हुए जो उन्नसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में अपनी बहुमुखी प्रतिभा से साहित्य को चमत्कृत करनेवाले थे। संस्कृत काव्यजगत् में इनका महत्व अप्रतिम है।

व्यास जी का जन्म 1859 ई. में तथा मृत्यु 191 ई. में हुई थी। व्यास जी ने संस्कृत वाङ्मय में शिवराजविजय नामक ऐतिहासिक उपन्यास की रचना की । संस्कृत वाङ्मय के प्रथम ऐतिहासिक उपन्यास का सौभाग्य व्यास जी की रचना शिवराजविजय को प्राप्त है। शिवराजविजय में तीन विराम हैं। प्रत्येक विराम का विभाजन चार–चार निश्वासों में किया गया है। शिवराजविजय में व्यास जी ने काव्य की सौंदर्यता को ध्यान में रखते हुए अलंकारों के प्रयोग में विशेष बल दिया है। व्यास जी ने अपनी कल्पना शक्ति को जोड़कर अपने काव्य शिवराजविजय को सजीवता देते हुए सुन्दर बनाया है। इनके उपन्यास में समस्त अलंकारों का सजीवता पूरक वर्णन किया गया है। अलंकार शब्द अलम् अव्यय पूर्वक कृ धातु से घञ् प्रत्यय से निष्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ सजावट, सजाने या अलंकृत करने की क्रिया से है।

■ ■ ■

IA&P - 41

अप्पयदीक्षित एवं पण्डितराज जगन्नाथ के विचारों में उल्लेख अलंकार समीक्षण

कुलदीपक शुक्ल

संस्कृत वाङ्मय जितना समृद्ध है उतना ही समृद्ध है संस्कृत समीक्षण। संस्कृत समीक्षकों ने बहुत ही विस्तार से तथा गहराई में जाकर काव्य, नाट्य व अलंकार का विवेचन किया है। साहित्य जीवन का भाष्य होता है व समीक्षा साहित्य का भाष्य होती है। भामह, दण्डी, उद्भट, वामन, रुद्रट, आनन्दवर्धन, अभिनवगुप्त, महिमभट्ट, विश्वनाथ, जगन्नाथ आदि समीक्षकों ने संस्कृत समीक्षाशास्त्र के क्षेत्र में महनीय योगदान दिया है। इन्होंने संस्कृत के काव्यशास्त्र, नाट्यशास्त्र और अलंकारशास्त्र को विकसित करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इसी शृंखला को सुदृढ़ करनेवाली दक्षिण भारत की दो प्रातिभ मूर्तियाँ अप्पयदीक्षित एवं पण्डितराज जगन्नाथ जी हैं, जिन्होंने अपनी खण्डायमान मेधा का प्रयोग कर अलंकारशास्त्र को मुखरित किया।

दीक्षित जी ने चित्रमीमांसा ग्रंथ की रचना की तथा उसमें अलंकार प्रधान वर्णनात्मक चित्रकाव्य को उत्कृष्ट स्थान दिया। इनकी यही धारणा अन्य परंपरावादी आचार्यों से सर्वथा भिन्न है। पं. राज की जहाँ तक बात है उन्होंने अपनी उत्कृष्ट मेधा से सबका खण्डन मात्र ही नहीं किया अपितु नवीन सिद्धांतों को भी उपस्थापित किया है। पं. राज के शास्त्रीय ग्रंथों का गहन चिंतन करने पर उनकी शैली की कतिपय विशिष्टताएं दृष्टिगोचर होती है जिनका उन्होंने अवलम्बन किया- न्यायप्रधान लक्षण, मीमांसा प्रधान, वेदान्त प्रधान, शास्त्रीयपीठिका प्रधान तथा कहीँ कही पर खण्डायमान शैली में किया गया लक्षण इनके शास्त्रीय ग्रंथ की विलक्षणता है, जिसमें ये अन्य विद्वानों से पृथक् हैं। इसी खण्डायमान प्रज्ञा के माध्यम से चित्रमीमांसा ग्रंथ का खण्डन रसगंगाधर में एवं चित्रमीमांसाखण्डन के रूप में किया, जिसमें अप्पयदीक्षित के अलंकार लक्षणों एवं उदाहरणों में दोषारोपण किया है। इसी प्रकारण में उल्लेख अलंकार भी है जो कि कवि कल्पना का चरमोत्कर्ष है। इसके प्रयोग से कवि को न मात्र आत्मबल प्राप्त होता है अपितु उसे अप्रस्तुत योजना करने की शक्ति का भी ज्ञान होता है। इसी उल्लेख अलंकार का दोनों प्रबुद्ध समालोचकों के विचारों में समीक्षण ही इस शोधपत्र का विषय होगा।

■ ■ ■

IA&P - 42

रसानुभूति और औचित्य

दीपेन्द्र किशोर आर्य

रस और औचित्य का संबंध पूरक और निर्भरता वाला है। रस का महत्व औचित्यपूर्ण होने से बढ़ जाता है तथा अनौचित्यपूर्ण होने से घट जाता है। रस काव्य की आत्मा है। इसके बिना काव्य गंधयुक्त शरीर के समान त्याज्य है। औचित्य काव्य का प्राण है। इसके बिना रस का पता नहीं चलता। डा. राघवन ने औचित्य को रसाभिव्यक्ति का साधन स्वीकार किया है। इनके अनुसार 'कलात्मक अभिव्यक्ति के अनौचित्य का परिहार करते हुए रसोपयुक्त वस्तुओं का उचित विन्यास ही औचित्य है।

कृष्णदेव झारी ने औचित्य के विषय में कहा है कि औचित्य वह विवेक है, वह दृष्टि है जो वस्तुओं तथा काव्यांगों के उचित-अनुचित का परिज्ञान कराती है। औचित्य रस के साथ सम्मिलित होकर सामाजिक को आह्लाददायक आनंद प्रदान करता है। काव्यशास्त्र की परंपरा में जहाँ रुद्रट से पूर्ववर्ती भामह, दण्डी आदि अलंकारशास्त्रीयों ने औचित्य को रस-दोष परिहार के उपाय के रूप में स्पष्ट किया वहीं आनंदवर्धन आदि आचार्यों ने रसभंग का एकमात्र कारण अनौचित्य को स्वीकार किया है। डॉ. राघवन आदि आचार्य औचित्य को रस से भी महत्वपूर्ण तत्त्व मानते हैं। इनका मानना है

कि यदि कोई ऐसा तत्त्व है जो भाव और भाषा रूप और रस, रीति और नीति सब पर समान प्रभाव डालता है तो वह औचित्य है। औचित्य काव्य का एक ऐसा तत्व है जो अन्य सभी अलंकारादि तत्वों को अपने अंदर समाहित कर लेता है। यह वह दृष्टि है जो रसानुभूति में स्वत: विद्यमान रहती है।

भरत मुनि से लेकर जगन्नाथ तक प्राय: सभी रसवादी आचार्यों ने रस तथा औचित्य को प्रत्यक्ष या परोक्षरूप में एक दूसरे से संबद्ध बताया है। औचित्य संपूर्ण काव्य-सौंदर्य को प्रतिष्ठा प्रदान करता है तथा रस को आत्मसात् करने का सामर्थ्य प्रदान करता है। इस प्रकार स्पष्ट है रस तथा औचित्य में अत्यंत घनिष्ठ संबंध है। इस संबंध के कारण ही रसानुभूति के लिए औचित्य का महत्व अत्यन्त ही स्पष्ट है।

■ ■ ■

IA&P - 43

शारीरकभाष्य का उपमा वैशिष्ट्य

मुकेश कुमार गुप्ता

शारीरकभाष्य अद्वैतवेदान्त के प्रतिनिधि ग्रंथ के रूप में प्रतिष्ठित है। यह भाष्य न केवल अद्वैतवाद के समस्त सिद्धांतों का सांगोपांग रूप से प्रतिपादन करता है अपितु वेदान्तजिज्ञासुओं की पिपासा को भी शान्त करता है। यह भाष्य विषयवस्तु की दृष्टि से चार अध्यायों तथा सोलह पादों में विभक्त है। शंकराचार्य जी द्वारा इसमें अद्वैत के विभिन्न गूढ़ विषयों को यथेष्ट सरल रूप में समझाने का प्रयास किया गया है। भाष्यकार ने प्रतिपाद्य विषय की बोधसहजता के लिए लौकिक उपमानों का प्रयोग किया है। जिसके फलस्वरूप शारीरकभाष्य में यत्र-तत्र अनेक उपमाएँ दृष्टिगोचर होती हैं। इन उपमाओं की तत्स्थान अपनी सार्थकता एवं वैशिष्ट्य है। निवृत्यात्मक कार्य को अभाव का बोधक तथा ज्ञान को कर्ता के लिए उदासीन भाव का जनक बदलाते हुए अग्नि का उपमान द्रष्टव्य है-

अभावबुद्धिश्चौदासीन्यकारणम्।
सा च दग्धेन्धनाग्निवत्स्वयमेवोपशाम्यति।

इसी प्रकार भाष्य में आगे चलकर -एक आत्मवित् के जीवित रहते हुए उसकी क्या स्थिति होती है? इस तथ्य को भी उपमायुक्त उद्धरण द्वारा समझाया गया है। इस प्रकार के अनेक उपमायुक्त उदाहरण शारीरकभाष्य में देखने को मिलते हैं। अद्वैतवाद की गूढ़ ग्रंथियों को खोलना ही इन उपमाओं का औचित्य एवं वैशिष्ट्य प्रतीत होता है।

■ ■ ■

IA&P - 44

राजीमतीप्रबोधनाटक में अलंकार-योजना

वेदकुमारी

धर्कटवंश भूषण के धनदेव नामक मंत्री के पौत्र कवि पद्मचन्द्र के पुत्र कविवर यशश्चन्द्र द्वारा नाट्यकृति 'राजीमती प्रबोध' है। कृति का नाम ही यह सूचित करता है कि इसमें राजीमती के प्रबोध का वर्ण्य विषय है।

इस नाटक में संगुम्फित अलंकारों ने यशश्चन्द्र के उत्कृष्ट कवित्व को द्योतित किया है। प्रस्तुत नाटक के पद्यों में अनेक शब्दालंकारों व अर्थालंकारों में उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, और दृष्टान्त आदि अलंकारों का प्रयोग प्रचुर मात्रा में हुआ है। प्रस्तुत नाटक में रूपक अलंकार का प्रयोग प्रथम अंक के श्लोक सं.- 1,3,9 आदि में तीसरे अंक में 39 आदि तथा पंचम अंक के 89 व 91 आदि श्लोक में हुआ है तथा उपमा अलंकार का प्रयोग प्रथम अंक के श्लोक संख्या- 616, 23 आदि द्वितीय अंक के 25वें श्लोक, तृतीय अंक की गद्यात्मक भाषा में उपमा प्रयोग है तथा पंचम अंक के 83वें श्लोक आदि में है, उत्प्रेक्षा अलंकार का प्रयोग प्रथम अंक के 23वें आदि श्लोक में, चतुर्थ अंक के 55, 57वें आदि श्लोक में तथा पंचम अंक के 78वें आदि श्लोक में उत्प्रेक्षा अलंकार की छटा दर्शनीय है तथा दृष्टात अलंकार का प्रयोग भी जगह-जगह दृष्टिगोचर होता है। अर्थालंकार तथा शब्दालंकार में यशश्चन्द्र सिद्धहस्त कवि हैं। अलंकारों की संपदा की दृष्टि से राजीमती के अध्ययन से अवगत होता है कि यशश्चंद्र अलंकार योजना में निपुण कवि है।

■ ■ ■

IA&P - 45

मेघदूत में प्रयुक्त मेघार्थक शब्दों के प्रसंग में शब्दार्थसौंदर्य

रचना त्रिपाठी

संस्कृत वाङ्मय के मूर्धन्य महाकवि कालिदास का सुप्रसिद्ध भावप्रधान गीतिकाव्य ग्रन्थ मेघदूतम् है। महाकवि ने मध्यभारत से स्थित रामगिरि पर्वत से अलकानगरी तक के मेघमार्ग का वर्णन किया है। अत: विलक्षणप्रतिभासम्पन्न महाकवि कालिदास के मेघदूतम् में मेघविषयक शब्दार्थसौंदर्य अत्यन्त दर्शनीय है।

